The monotony with which the traditional details of the lives of Sixty-three Great Men of Jain Mythology are given and a hint by Vimalasūri in his Paumacariya quoted on page xi above suggested to me the idea of tabulating the information under suitable heads. I have therefore appended to this Volume Five Tables. Appendix I gives the iconographical information about the images of the Tīrthaṃkaras according to the school of the Digambaras. I have taken this Appendix from Mr. G. H. Khare's Mūrtivijñāna, a very valuable book in Marathi on Iconography. I have made slight modifications in Mr. Khare's Table so that the information in my Table should agree with the same as supplied in the works of Puṣpadanta and Guṇabhadra. Appendix II gives details about the Tīrthaṃkaras such as their previous lives, place of birth, parents etc. Appendix III supplies the number of Gaṇadharas of different Tīrthaṃkaras. Appendix IV supplies some information about the Twelve Cakravartins or sovereign rulers of the Jain Mythology. Appendix V gives information about the eight out of nine sets of Baladevas,

Vāsudevas and Prati-Vāsudevas. The sources of my information are of course the Ādipurāṇa of Jinasena, the Uttarapurāṇa Guṇabhadra and the Mahāpurāṇa of Puṣpadanta, which works, I hope, represent one of the best, if not the best, of the Digambara tradition. At one or two places I used Śvetāmbara sources as my texts failed to give, or I failed to trace therein the material. I shall be greatly obliged to scholars if they bring to my notice inaccuracies or deficiencies in them which I shall most thankfully consider.

Nowrosjee Wadia College, Poona
August 1940

P. L. Vaidya

भूमिका

पुष्पदन्तके महापुराणकी पहली जिल्दमें, कुल एक सौ दो सन्धियोंमें-से सैंतीस सन्धियाँ हैं, जो १९३७ में, ग्रन्थमालाके न्यासधारियोंके सदय संरक्षणमें, माणिकचन्द ग्रन्थमाला बम्बईके ३७वें क्रमांकके रूपमें प्रकाशित हुई थीं। अब मैं दूसरी जिल्द, जिसमें अगली तैंतालीस सन्धियाँ हैं उसी ग्रन्थमालाके ग्रन्थ क्रमांक इकतालीसवेंके रूपमें प्रकाशित कर रहा हूँ, वह भी, उक्त न्यासधारियों और बम्बई विश्वविद्यालयके संरक्षणमें। मैं सोचता हूँ कि अबसे एक सालके भीतर महापुराणकी तीसरी और अन्तिम जिल्द प्रकाशित कर दी जाये।

यह मेरा सुखद कर्तव्य है कि मैं उन सबके बारेमें सोचूँ कि जिन्होंने इस दूसरी जिल्दके प्रकाशनमें मेरी सहायता की। सबसे पहले मैं माणिकचन्द दिगम्बर ग्रन्थमालाके कार्यकारी न्यासधारी श्री ठाकुरदास भगवानदास जवेरीको धन्यवाद देना चाहूँगा कि जिन्होंने ग्रन्थमालाकी धनराशि कम होते हुए भी, इसके प्रकाशनमें आर्थिक सहायता दी। ग्रन्थमालाके मन्त्री, पण्डित नाथूराम प्रेमी और हीरालाल जैन, प्रोफेसर किंग एडवर्ड कॉलेज अमरावतीके प्रति मैं अपनी विशेष हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ, पहली जिल्दके प्रकाशनके समय 'माला'की धनराशि लगभग समाप्त हो चुकी थी, और डर था कि शायद मुझे तीसरी जिल्दका, जो अधूरी है, काम छोड़ना पड़ेगा, परन्तु इन विद्वानोंने धन प्राप्त करनेके लिए आकाश-पाताल एक कर दिया, कि जो इसके प्रकाशनमें लगता। विशेषरूपसे मैं प्रोफेसर हीरालाल जैनको धन्यवाद देता हूँ कि जिन्होंने मेरे उपयोगके लिए उत्तरपुराणकी पाण्डुलिपि (जिसे आलोचनात्मक सामग्रीमें 'ए' प्रति कहा गया है।) और मास्टर मोतीलाल संघवी जैनके सन्मति पुस्तकालयसे, प्रभाचन्द्रके टिप्पण उपलब्ध कराये, उन्होंने कृपाकर तबतकके लिए मेरे अधिकारमें उसे दे दिया कि जबतक मैं मिलानके लिए उनका उपयोग करना चाहूँ। मैं मास्टर मोतीलालको धन्यवाद देता हूँ उनकी इस उदारताके लिए। श्री आर. जी. मराठे, एम. ए. ने जो मेरे भूतपूर्व शिष्य और इस समय विलिंगडन कॉलेज सांगलीमें अर्द्धमागधीके प्रोफेसर हैं, इस जिल्दके मिलानकार्यमें मेरी मदद की। उन्होंने जो सहायता की, उसके लिए वे धन्यवादके पात्र हैं। न्यू भारत प्रिंटिंग प्रेस बम्बईके श्री देसाई और उनके प्रूफरीडरोंके, इच्छासे काम करनेवाले स्टाफको मैं नहीं भूल सकता, कि जो इसकी शानदार साज-सज्जा और इसके निर्दोष प्रकाशनके लिए उत्तरदायी हैं। मुझे इस बातका उल्लेख विशेष रूपसे करना है कि इस जिल्दके अन्तमें जो गलतियोंकी सूची है वह उनकी उपेक्षाका परिणाम नहीं है, बल्कि वह उनका मेरी दृष्टिसे ओझल हो जानेका परिणाम है।

अन्तमें सम्पादक और प्रकाशक, विश्वविद्यालय बम्बईके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं, जिसने प्रतीक रूपमें ६५७) रु. मूलभूत सहायता की।

—पी. एल. वैद्य

नार्वस वाडिय कॉलेज
अगस्त १९४०

परिचयात्मिका भूमिका

आलोचनात्मक सामग्री

पुष्पदन्तका 'महापुराण' अथवा त्रिषष्टिपुरुषगुणालंकार, जो इस जिल्दमें है, के., ए. और पी. पाण्डुलिपियोंपर आधारित है। इनका पूर्णरूपसे मिलान किया गया है। कभी-कभी पाठोंको निश्चित करनेके लिए, प्रभाचन्द्रके टिप्पणसे सहायता ली गयी है, मैं नीचे इस सामग्रीका सम्पूर्ण विवरण दे रहा हूँ।

१. 'के' इस पाण्डुलिपिका मेरी पहली जिल्दके ७-८ पृष्ठोंपर पूरा विवरण है। उत्तरपुराणका हिस्सा पत्र क्रमांक २८९ से प्रारम्भ होता है, चूँकि आदिपुराणके दो पाठोंकी तुलनामें यह पाण्डुलिपि निश्चित रूपसे पुरानी है, अतः इस जिल्दके पाठोंकी रचनामें मैं इसपर 'निर्भर' रहा हूँ। यह खेदकी बात है कि आदिपुराण-की 'जी' पाण्डुलिपिसे मिलती-जुलती पाण्डुलिपि इस जिल्दके लिए प्राप्त नहीं की जा सकी। मैं यहाँ यह कह सकता हूँ कि उत्तरपुराणकी जो पाण्डुलिपियाँ मुझे ज्ञात हैं, बहुत थोड़ी हैं, आदिपुराणकी पाण्डुलिपियोंकी तुलनामें।

२. 'ए' यह पाण्डुलिपि मुझे प्रोफेसर हीरालाल जैन, किंग एडवर्ड कॉलेज अमरावतीने, मास्टर मोतीलाल संघवी जैन सन्मति पुस्तकालय जयपुरसे उपलब्ध करायी। इसमें ४२३ पन्ने हैं, जो १३ इंच लम्बे और ५ इंच चौड़े हैं। प्रत्येक पृष्ठपर ११ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ३६ अक्षर हैं। इस पाण्डुलिपिमें अपने मूलरूपमें वही पाठ हैं, जो 'पी' मे हैं, परन्तु फिर भी किसी दूसरी पाण्डुलिपिके आधारपर पाठोंमें सुधार किया गया है, परन्तु वह मुझे उपलब्ध नही, इसका परिणाम यह है कि जो विभिन्न पाठ अंकित किये गये हैं वे संशोधित पाठोंके आधारपर हैं। आगे यह पाण्डुलिपि, (a) मूल पाण्डुलिपिके पन्नोंसे बनी है कि जिसके कुछ पन्ने खो गये हैं, और (b) कुछ उन पन्नोंसे बनी है, जो भिन्न-भिन्न हाथोंसे लिखित नये पन्नोंसे बनी है, जो खोये हुए पन्नोंके स्थानपर जोड़े गये हैं। मेरा यह अनुमान, ३८३-३८४ के पत्रांकके सन्दर्भसे समर्थित है जिसमें आधा पृष्ठ खाली है कि जिससे मैटर मूलभागके अगले पृष्ठ ३८५ के अक्षरसे प्रारम्भ किया जा सके। इस प्रकार जोड़े गये पृष्ठोंमे प्रति पृष्ठपर नौ पंक्तियाँ हैं, प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ३८ अक्षर हैं। इस पाण्डुलिपिके पाठ, 'के और पी' प्रतियोंके पाठोंसे भिन्न हैं, यह इस तथ्यसे स्पष्ट है कि इसमें ४६,४७,४८ (पहली जिल्दकी भूमिका पृ. २७ देखिए) प्रशस्तिछेद हैं, जो उत्तरपुराणकी किसी भी पाण्डुलिपिसे नहीं मिलते। यह पाण्डुलिपि इस प्रकार प्रारम्भ होती है : ओं नमः वीतरागाय, बभहो बंभालयसामिहो; और अन्त इस प्रकार है : 'इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरुसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंत-विरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए, महाकव्वे दुउत्तरसयमो परिच्छेओ समत्तो। संधि १०२। इति उत्तरपुराण समाप्ता। शुभमस्तु। कल्याणमस्तु। संवत् १६१५ वर्षे, माघादि ६ सुक्रवासरे उत्तरपुराणं समर्स। बाईहठो पठनार्थं ज्ञानावरणी कम्म क्षयार्थं ग्रंथ संख्या ॥१२०००॥

यद्यपि, यह अन्तिम पृष्ठ मूल पाण्डुलिपिका मूल पृष्ठ नहीं है, बल्कि नया लिखा गया है। इस पुष्पिकाके अनुसार पाण्डुलिपिकी तिथि माघकी छठ है, वि. संवत् १६१५ की, जो १५५८, ईसवीके लगभग है।

(पी) दक्खन कालेजके संग्रहकी इस पाण्डुलिपिका क्रमांक ११०६–१८८४–८७ है, जो अब भाण्डारकर संस्थान पूनामें जमा है। इसमें ६८१ पन्ने हैं, जो ११ + ४½ इंच हैं, प्रत्येकमें आठ पंक्तियाँ

और प्रत्येक पंक्तिमें ३३ अक्षर हैं। इसकी तिथि भाद्रपदकी पूर्णिमा है (अगस्त–सितम्बर); वि. स. १६३०, ई. १५७३ के लगभग। इस पाण्डुलिपिका अन्तिम पृष्ठ क्षतिग्रस्त है और इसलिए फिरसे लिखा गया, आषाढ़ शुक्ल छठीको (जुलाई) वि. सं. १९३४. ई. स. १८७७ के लगभग। इसमें पार्श्वभागमें संक्षिप्त टीका है। यह इस प्रकार प्रारम्भ होता है; ओं नमः वीतरागाय। बभहो। बंभालयसमियहो। मूल पृष्ठका अन्त इस प्रकार है इय महापुराणे—दुइत्तरसमो परिच्छेओ समत्तो। दूसरे रूपमें पाठ इस प्रकार है : संवत् १६३० वर्षे भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे पूर्णिमातिथौ, के (वि वासरे उत्त), रा भाद्रपदा नक्षत्रे, नेमिनाथ चैत्यालये, श्रीमूलसंघे—बलात्कार छे कुंदकुंदान्वये—स्थापन्न पृष्ठका अन्त इस प्रकार होता है। बलदेवदास टौंग्याका कारज, मीती अषाढ़ सुदी ६ समत १९३४ का सालम, श्री घीया मंडीका मंदिर पंचाइतो मंदरने छडायो ॥ छ ॥ छ । छ ॥ इन बलदेवदासके पास क्षतिग्रस्त पन्ना दो हिस्सोंमें था, जिसका पहला हिस्सा, अभी भी, मूल पाण्डुलिपिके साथ संस्थानमें सुरक्षित है; मूल पृष्ठपर १६३० अंकित है, और मूल पृष्ठपर पट्टावलीवाला हिस्सा, किसी दूसरे हाथसे लिखा हुआ प्रतीत होता है।

उक्त तीन पाण्डुलिपियोंके सम्पूर्ण मिलानके अतिरिक्त प्रभाचन्द्रके टिप्पणका पूरा उपयोग किया गया है। इसकी पाण्डुलिपि, प्रोफेसर हीरालाल जैन ने, श्री मोतीलाल संघी जैन, जयपुरसे प्राप्त करायी। टिप्पणकी इस पाण्डुलिपिमे ५७ पृष्ठ हैं। जो लम्बाई-चौड़ाईमे १२×५ इंच हैं; प्रत्येक पृष्ठमे १३ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्तिमें ३१ अक्षर हैं। यह प्रारम्भ होता है—ओं नमः सिद्धेभ्यः, बंभहो परमात्मनो। अन्त इस प्रकार होता है—श्रीविक्रमादित्य संवत्सरे वर्षाणामशीत्यधिक सहस्रे, महापुराण-विषम-पद विवरणं सागरसेन सैद्धान्तात् परिज्ञाय, मूल टिप्पणकां चालोक्य कृतमिदं समुच्चयटिप्पणं। अज्ञपातभीतेन श्रीमद्बलात्कार गण श्रीसंघाचार्य सत्कवि शिष्येण श्रीचन्द्रमुनिना निजदोर्दण्डाभिभूतरिपुराज्यविजयिनः श्रीभोजदेवस्य ॥१०२॥ इति उत्तर पुराण टिप्पणकं प्रभाचन्द्राचार्यविरचितं समाप्तं छे ॥ अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्रीनृपविक्रमादित्यगताब्दा संवत् १५७५ वर्षे भाद्रवा सुदि। बुद्धि दिने। कुरुजांगल देसे। सुलितान सिकन्दर पुत्र सुलितानाब्राहीम सुरताज प्रवर्तमाने श्रीकाष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे भट्टारक श्रीगुणभद्रसूरिदेवाः। तदाम्नाये जैसवाल्ल चौ. टोडरमल्लु। इदं उत्तर पुराण टीका लिखापितं। सुभं भवतु। मांगल्यं ददाति, लेखकपाठकयोः।

ओम् सिद्धोंको नमस्कार, ब्रह्म और परमात्माको नमस्कार। श्री विक्रम संवत्के एक हजार अस्सी अधिक होने पर, महापुराणके विषम पदोंका विवरण, सागरसेन सैद्धान्तसे (?) को ज्ञातकर और मूलटिप्पणियाँ देखकर, यह समूचा टिप्पण किया गया। अज्ञपात भीत श्रीमत् बलात्कार गणके श्रीसंघाचार्य सत्कवि शिष्य चन्द्रमुनिने, अपने बाहुदण्डसे अभिभूत शत्रुके राज्यको जीतनेवाले श्रीभोजदेवके। प्रभाचन्द्राचार्य द्वारा विरचित उत्तरपुराण टिप्पण समाप्त हुआ। अथ इस संवत्सर नृप विक्रमादित्य गत १५७५ वर्ष भादों सुदी, बुधवार। कुरुजांगल देशमें सुलतान सिकन्दरके पुत्र सुलतान इब्राहीमके द्वारा सुराज्य स्थापित होने पर, श्रीकाष्ठासंघ, माथुरान्वय, पुष्करगण। भट्टारक श्रीगुणभद्र सूरीदेव, उनके आम्नायमे जैसवाल चौ. टोडरमल। यह उत्तरपुराण टीका लिखवाई। शुभ हो। मांगल्य देता है—लेखक और पाठकको।

इस पाण्डुलिपिकी पुष्पिका कुछ दिलचस्प समस्याएँ खड़ी करती हैं ? जिनका मैंने प्रथम जिल्दके पृ. छह पर विस्तारसे विचार किया है। इसलिए यहाँ उनका फिरसे कथन और परीक्षण जरूरी नहीं है। मुझे यहाँ केवल यह कहना जरूरी है कि मैंने 'टी' का पूरा उपयोग किया है, और के. और पी. के हाशियों पर अंकित टीकाओंका भी, पाद-टिप्पणियोंकी रचनामें।

उत्तर पुराणकी एक और पाण्डुलिपि मुझे ज्ञात है। यह कारंजा (बरार) के बलात्कार गण जैन मन्दिरमें सुरक्षित है। सी. पी. एण्ड बरारके संस्कृत-प्राकृत कैटलागमें इसका क्रमांक ७०२९ है। यह क्रमांक

स्व. रायबहादुर हीरालालने दिया है। इस पाण्डुलिपिकी तिथि, संवत् १६०६, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अष्टमी, जो १५४९ ई. है। १९२७–१९२९ में मैंने व्यक्तिगत रूपसे कारंजा जाकर इस पाण्डुलिपिका परीक्षण किया है, और जाँचके तौर पर कुछ मिलान किया है। मुझे मन्दिरके न्यासधारियोंने यह वचन दिया था पाण्डुलिपि मुझे उधार दे दी जायेगी। लेकिन जब मुझे वास्तविक रूपसे इसकी जरूरत पड़ी, तो मैं न्यासधारियोंकी विचित्र मनोवृत्तिके कारण उसे प्राप्त नहीं कर सका। अपने जाँच मिलानसे, लगता है कि यह पाण्डुलिपि 'पी' पाण्डुलिपिके बहुत निकट है, जिसका कि इस संस्करणमें पूरा मिलान किया गया है।

इस जिल्दमें, मैंने अपने मूल पाठकी रचना ऊपर लिखित सामग्रीके आधारपर की है। ऐसे करते हुए मैं 'के' में सुरक्षित पाठोंपर अधिकतर निर्भर रहा हूँ जो उत्तरपुराणकी तीनों पाण्डुलिपियोंमें सबसे पुरानी है।

विषयसामग्रीकी संक्षेपिका

२. महापुराणकी इस दूसरी जिल्दमें महापुराण महाकाव्यकी ३७ से ८०—कुल चवालीस सन्धियाँ हैं, और बीस तीर्थंकरोंकी जीवनियोंका वर्णन करती हैं। अजितनाथसे प्रारम्भ होकर नमिनाथ तक, जो २१वें तीर्थंकर हैं। नौमें-से आठ बलदेवों, वासुदेवों और प्रतिवासुदेवोंका वर्णन है। और बारह चक्रवर्तियोंमें-से दस चक्रवर्तियोंका, सगरसे लेकर जयसेन तक। इन जीवनियोंके वर्णनमें कविने परम्परासे प्राप्त सूचनाओं-से काम लिया है, वह अधिकतर गुणभद्रके संस्कृत उत्तरपुराणसे प्रभावित है, ऐसा प्रतीत होता है कि इन महापुरुषोंकी जीवनियोंका विस्तार, पुराने साधुओंने वर्गीकृत कर दिया था। परन्तु विषयवस्तुका उपयोग करते हुए व्यक्तिगत रूपसे कवि, विस्तृत वर्णनमें अपनी काव्य-प्रतिभाके उपयोगमें स्वतन्त्र थे। विमलसूरिने 'पउमचरिउ' में कहा है—

'नामावलिय निबद्धं आयरियपरम्परागयं सव्वं।
वोच्छामि पउमचरियं अहाणुपुव्वि समासेण॥

ऐसा लगता है कि यद्यपि, जैनोंके दोनों सम्प्रदायोंमें जानकारी अधिकतर वर्गीकृत और तालिकाबद्ध रूपमें परम्परासे प्राप्त है, और विषयवस्तुमें काफी समानता है। मैंने स्वयं कुछ तालिकाएँ बनायी हैं और उन्हें इस जिल्दके परिशिष्टमें दिया गया है। अब मैं सन्धियोंका संक्षेप देना शुरू करता हूँ कि जहाँ सन्धियोंका संक्षेप तालिकाके रूपमें देना सम्भव नहीं है।

XXXVIII—कवि प्रारम्भमें पाँच परमेष्ठियोंकी वन्दना करता है और दूसरे तीर्थंकर, अजितनाथ की जीवनीका वर्णन करते हुए, पाठकोंको काव्यरचना जारी रखनेका आश्वासन देता है। प्रारम्भ करनेके पहले, वह कहता है कि कुछ कारणोंसे उसका मन उदास था और इसलिए उसने कुछ समयके लिए काव्य रचना बन्द कर दी थी। एक दिन विद्याकी देवी सरस्वती उसके सामने स्वप्नमें प्रकट हुई और बोली, 'तुम अर्हत्‌को नमस्कार करो। कवि जाग पड़ा पर उसे कोई भी दिखाई नहीं दिया। संकटके इस क्षणमें आश्रय-दाता भरत उसके घर आया और बोला कि क्या मैंने उसके प्रति कोई अपराध किया है कि जिसके कारण वह काव्यरचना जारी नहीं रख सका। भरतने उसे स्मरण दिलाया कि जीवन क्षणभंगुर है, और उसे अपनी काव्यप्रतिभाका पूरा-पूरा उपयोग करना चाहिए। तब कवि ने आश्रयदाता भरतसे कहा कि मैं अपने मनमें दुःखी हूँ, क्योंकि यह दुनिया दुष्टोंसे भरी है। और इसलिए काव्यरचना जारी रखनेकी रुचि उसमें नहीं है। लेकिन अब वह उसकी प्रार्थनापर फिर काव्यरचना शुरू करेगा क्योंकि वह उसे इनकार नहीं कर सकता। कवि काव्यरचना प्रारम्भ करता है और अजितके जीवनका वर्णन करता है, विस्तारके लिए देखिए टिप्पण और तालिका। परिशिष्ट I, II, III में देखिए।

XXXIX—पृथ्वीपुरमें राजा जयसेन था, पूर्व विदेहमें वत्सावती उसकी राजधानी थी। उसके रतिसेन और धृतिसेन—दो सुन्दर पुत्र थे। रतिसेन जल्दी मर गया। उसके पिता बहुत दुःखी हुए। वह सांसारिक जीवनसे विरक्त हो गये। पुत्रको राज्य देकर, मन्त्री महारुतके साथ मुनि बन गये। जयसेन और महारुत दोनोंने तपस्या की। मृत्युके बाद वे स्वर्गमें महाबल और मणिकेतु नामक देव हुए। इन दो देवोंने आपसमें यह प्रतिज्ञा की कि जो पहले धरतीपर उत्पन्न होगा, उसे दूसरा उच्चधर्मकी शिक्षा देगा। इनमें-से महाबल पहले धरतीपर सगर नामका राजा हुआ साकेतमें। और समयके दौरान चक्रवर्ती राजा बन गया। एक बार चतुर्मुख मुनिको केवलज्ञान प्राप्त हुआ, उस अवसरपर देव वहाँ आये। सगर भी वहाँ मुनिके प्रति अपनी श्रद्धा समर्पित करनेके लिए गया। मणिकेतुने राजा सगरको देखा। उस देव महाबलको दिया गया अपना वचन याद आया। इसपर मणिकेतुने सगरको संसारकी क्षणभंगुरता बतानेका प्रयास किया परन्तु उसने उसकी बातपर ध्यान नहीं दिया। मणिकेतु एक बार, सगरके प्रासादपर उसे समझाने आया, परन्तु इस बार भी वह असफल रहा। ठीक इसी समय, सगरके साठ हजार पुत्र, अपने पिताके पास आये, और उनसे कुछ काम बतानेके लिए कहा—क्योंकि वे आलस्यमे रहनेसे थक चुके हैं। सगरने पहले तो यह कहा कि ऐसा कोई काम करनेके लिए नही है। क्योंकि चक्र ने प्रत्येक चीज उनके लिये उपलब्ध कर दी है। लेकिन तब भी पुत्रोंने आग्रह किया—तो सगरने उनसे मन्दराचल जाने और प्रथम चक्रवर्ती भरत द्वारा निर्मित चौबीस तीर्थंकरोंके मन्दिरोंकी सुरक्षाका प्रबन्ध करनेके लिए कहा। तब सगरके साठ हजार पुत्र अपने लक्ष्यपर गये। उन्होंने बहुत बड़ी खाई खोदी मन्दराचलके चारों ओर, और उसे गंगाके पानीसे भर दिया, जो नागलोकमें पहुँच गया। इस अवसरपर मणिकेतुने नई शैलीसे सगरको समझानेकी बात सोची। वह बहुत बड़ा नाग बन गया। उसने सगरके हजारों पुत्रोंको क्रुद्ध दृष्टिसे देखा, और उन्हें भस्मीभूत कर दिया; केवल भीम और भगीरथ जीवित बच सके। सगरको विनाशकी सूचना दी गयी, ब्राह्मणने उसे संसारकी क्षणभंगुरताके बारेमे बताया। सगरने भगीरथको गद्दी दी, और वह अपने पुत्र भीमके साथ मुनि हो गया। यह देखकर मणिकेतु बहुत प्रसन्न हुआ और उसने सगरको बताया कि किस प्रकार उसने विद्याके बलसे उसके पुत्रोंको मृत कर दिया था, तब सब पुत्र जीवित कर दिये गये परन्तु उन्होंने भी अपने पिताका अनुगमन किया—और मुनि बन गये। काफी समय बीतनेपर भगीरथ भी मुनि बन गया, और मुक्त हुआ।

XL, XLI, XLII, XLIII, और XLIV—सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ और सुपार्श्वकी जीवनियोंके लिये, तालिका देखिए।

XLV—यह सन्धि, आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभके पूर्वभवोंका वर्णन करती है। अपने इन पूर्वभवोंमे चन्द्रप्रभकी आत्मा, पश्चिमी विदेहके सुगन्धदेशमें श्रीषेणराजा और रानी श्रीकान्ताके दम्पतिका पुत्र हुई। पवित्र जीवन बिताते हुए, वह अगले जन्ममें श्रीधरदेव, फिर अजितसेन नामसे, अलकादेशकी अयोध्यानगरीमे राजा अजितंजय और रानी अजितसेना दम्पति की सन्तान (पुत्र) हुई। यह अजितसेन चक्रवर्ती बना। उसका जीवन पवित्र था। अगले जन्ममें अच्युत स्वर्गमें अहमेन्द्र हुई। अगले जन्ममें वह पद्मनाभ, यह पद्मप्रभ-के रूपमे उत्पन्न हुई, कनकप्रभ और कनकमालाके पुत्रके रूपमें, मंगलावती क्षेत्रके वस्तुसंचय नगरमें। अगले जन्ममें उसका जन्म वैजयन्त स्वर्गमें अहमेन्द्रके रूपमें हुआ।

XLVI—चन्द्रप्रभके जीवनके लिए तालिका देखिए।

XLVII—सुविधि तीर्थंकरके जीवनके लिए तालिका देखिए।

XLVIII—दसवें तीर्थंकर शीतल, अपने पूर्व जीवनमें, सुसीमाके राजा पृथ्वीपाल थे। उसकी पत्नीका नाम वसन्तलक्ष्मी था, जो यौवनकी प्राथमिकतामें ही मर गयी। उसकी मृत्युसे प्रभावित हुए राजाने संन्यास ग्रहण कर लिया। अगले जन्ममें वह अरुण स्वर्गमे देव हुआ। अगले जन्ममें वह शीतलके नामसे राजा

दृढ़रथ और रानी सुनन्दाका पुत्र हुआ राजभद्र नगरमें। कमलमें मरे हुए भौंरेको देखकर, उसके मनमें सांसारिक जीवनके प्रति घृणा हो गयी, उसने संन्यास ग्रहण कर लिया। तीर्थंकरकी सामान्य जीवन प्रक्रियामें गुजरते हुए उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। उनके निर्वाणके बाद, उपदेश देने और आचरण करने-वालोंके अभावमें जैनधर्मको बुरे दिन देखने पड़े। इस अवसरपर भद्रिलपुण्णमें मेघरथ नामका राजा था। वह उपयुक्त आदमियोंके लिए अपने धनका दान करना चाहता था, उसने मन्त्रियोंसे सलाह माँगी कि सबसे अच्छा दान क्या होगा। मन्त्रीने शास्त्रदानको दानका सर्वश्रेष्ठ रूप बताया। परन्तु राजाको यह सलाह पसन्द नहीं आयी। उसने मुण्डशालायन मन्त्रीसे पूछा, उसने राजासे कहा कि उसे ब्राह्मणोंको हाथी, गाय आदि दानमें देने चाहिए। राजाने सलाह मान ली जिसने केवल ब्राह्मणोंको सम्पन्न बनाया परन्तु उससे अच्छा नहीं हुआ।

IL—श्रेयांसकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

L, LI, LII—ये तीन सन्धियाँ प्रथम बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका वर्णन करती हैं। श्रेयांसके तीर्थकालमें राजगृहमें राजा वसुभूति और रानी जैनी थे। राजाका विशाखभूति नामका छोटा भाई था, उसकी पत्नीका नाम लक्ष्मणा था। जैनीने वसुनन्दी पुत्रको जन्म दिया और लक्ष्मणाने विशाखनन्दीको। एक दिन राजाने शरद्के बादल आकाशमें विलीन होते हुए देखे, इससे राजाको संसारसे विरक्ति हो गयी। अपने छोटे भाई विशाखभूतिको राज्य देकर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। जब विशाखभूति राजा हुआ, तो विश्वनन्दी युवराज बन गया। एक दिन वह अपने प्रमद-उद्यान नन्दनवनमें गया। वह वहाँ स्त्रियोंके साथ आनन्द कर रहा था, विशाखनन्दीने उसे देख लिया। उसके मनमें उस उद्यानपर अधिकार करनेकी कल्पना आयी। वह अपने पिताके पास गया और उसने वह उद्यान उसे देनेके लिए उनपर दबाव डाला। राजाने ऐसा करना स्वीकार कर लिया। उसने विश्वनन्दीको बुलाया और उससे राज्यका भार लेनेके लिए कहा, उसने आगे बताया कि वह विद्रोह करनेवाली जातियोंके दमनके लिए सीमान्त प्रदेशपर जाना चाहता है। विश्वनन्दीको यह विचार अच्छा नहीं लगा कि उसके चाचा लड़ने जायें, उसने उनसे कहा कि वह खुद इस कार्यके लिए जाना पसन्द करेगा। विशाखभूतिने विश्वनन्दीकी यह बात मान ली। विश्वनन्दी चला गया। विश्वनन्दीकी अनुपस्थितिमें विशाखभूतिने नन्दनवन अपने पुत्र विशाखनन्दीके लिए दे दिया। जब विश्वनन्दी लौटा तो उसने पाया कि उद्यान विशाखनन्दीके अधिकारमें है। विश्वनन्दी अपने चाचा और चचेरे भाईपर क्रुद्ध हो उठा। उसने भाई पर आक्रमण करना चाहा, परन्तु वह वृक्षपर चढ़ गया, विश्वनन्दीने उसे विशाखनन्दी सहित उखाड़ दिया। उसने दोनोंको नष्ट करना चाहा, परन्तु विशाखनन्दी पत्थरके खम्भेपर चढ़ गया, विश्वनन्दीने उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये। तब विशाखनन्दी अपना जीवन बचानेके लिए भागा। इस बीच विश्वनन्दीको तरस आया कि उसने अपने भाईपर आक्रमण किया, उसने जैनमुनि बननेका निश्चय कर लिया। विशाखभूतिने भी विश्वनन्दीका अनुकरण करनेका निश्चय कर लिया। विशाखनन्दीको गद्दीपर स्थापित कर दिया। वनमें जाकर उसने तप किया। मरनेके बाद महाशुक्र स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। अब विशाखनन्दी एक शक्तिशाली शत्रुसे पराजित होकर राजधानीसे भागकर मथुरा गया और वहाँके राजाका मन्त्री बन गया। एक दिन, मुनि विश्वनन्दी (चचेरे भाई) चर्याके लिए सड़कपर जा रहे थे। हाल ही में ब्यानेवाली जवान गायने उन्हें मार दिया जिससे वह गिर पड़े। महलकी छतसे विशाखनन्दीने यह देखा और उसने मुनिका अपमान किया। मुनि इसे सहन नहीं कर सके, उन्होंने संकल्प किया कि अगले जन्ममें मैं इस अपमानका बदला लूँगा। मरकर वह महाशुक्र स्वर्गमें देव हुए जहाँ उसके चाचा विशाखभूति थे। कुछ समय बाद विशाखनन्दी घृणासे अभिभूत हो उठा। उसने तप किया और वह भी महाशुक्र स्वर्गमें देव हुआ। अलका नगरीमें राजा मयूरग्रीव और उसकी पत्नी नीलांजनप्रभा रहती थी। अगले जन्ममें विशाखनन्दी उसका पुत्र हुआ—अश्वग्रीवके नाम से। अपने दुश्मनोंका सफाया कर, वह प्रतिवासुदेव तीन खण्ड धरतीका सम्राट्

अर्धचक्रवर्ती बन बैठा। पोदनपुरके राजाकी दो रानियाँ थीं—जयावती और मृगावती। जयावतीने जिस पुत्रको जन्म दिया, उसका नाम विजय था जो कि पूर्वजन्ममें विशाखभूति था। यह विजय, जैन पुराणविद्याके प्रथम बलदेव थे, उनका रंग गोरा था। मृगावतीने जिस बालकको जन्म दिया, उसका नाम त्रिपृष्ठ था जो कि अपने पूर्वजन्ममें विशाखनन्दी था। यह पहले वासुदेव थे, और इनका वर्ण काला था। ये दोनों सौतेले भाई एक दूसरेके प्रति प्रगाढ़ प्रेम रखते थे।

LI एक बार राजा प्रजापतिके पास यह समाचार आया कि एक भयंकर सिंह प्रजामें आतंक मचा रहा है। प्रजाने उससे इस अनर्थको हटानेकी प्रार्थना की। तत्पश्चात् राजा स्वयं जाकर सिंहको मारनेके लिए तैयार हो गया, जब कि विजयने उससे प्रार्थना की कि उसे इस कार्यके लिए जाने दिया जाये। पिताने उसे जानेकी अनुमति दे दी, उसका छोटा भाई भी उसके पीछे गया। दोनों सिंहकी गुफामें पहुँचे, योद्धाओंके शोरगुल और चिल्लाहटसे भड़ककर सिंह बाहर आया। वह विजयपर झपटनेवाला था कि त्रिपृष्ठने अपने दोनों बाहुओंमें सिंहके पंजे पकड़ लिये और उसके मुँहपर आघात किया। सिंह मरकर गिर गया।

एक दिन द्वारपाल पहुँचा और राजासे निवेदन करने लगा—कि द्वारपर एक विद्याधर है जो आपसे मिलना चाहता है। उसे राजाके सम्मुख उपस्थित किया गया। विद्याधरने राजा प्रजापतिसे कहा कि उसका नाम इन्द्र है और वह राजा ज्वलनजटीका दूत बनकर आया है। वह राजा और विजय तथा त्रिपृष्ठको विद्याधर-क्षेत्रके लिए निमन्त्रित करने आया है ताकि त्रिपृष्ठ पत्थरकी शिला उठाये, जिसका नाम कोटिशिला है, तथा अश्वग्रीव को मारे और उसकी कन्या स्वयंप्रभासे शादी करे, वह तीनखण्ड धरतीका राजा बने और राजा ज्वलनजटीको विजयार्ध पर्वतकी दोनों श्रेणियोंका राजा बनाये। प्रजापतिने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया। वह विद्याधर क्षेत्रमें गया। ज्वलनजटीने उनका अच्छी तरह स्वागत किया। उससे अपने पुत्र अर्ककीर्तिसे परिचय कराया। बातचीतके दौरान यह तय किया गया कि सबसे पहले त्रिपृष्ठ शिला उठाये जिससे उन्हें विश्वास हो सके कि वह अश्वग्रीवको मार सकता है। तत्पश्चात् वे सब उस जंगलमें गये, जहाँ कोटिशिला रखी हुई थी। उन्होंने त्रिपृष्ठसे शिला उठानेके लिए कहा। उसने आसानीसे उसे उठा दिया। ज्वलनजटी और दूसरोंने इतनी शक्तिके लिए उसकी प्रशंसा की। उसके बाद वे सब पोदनपुर लौट आये और उन्होंने त्रिपृष्ठ और स्वयंप्रभाके विवाहका उत्सव मनाया। विवाहका समाचार अश्वग्रीवके कानोंमें पड़ा, वह ज्वलनजटीके कार्यसे क्रुद्ध गया, कि उसने अपनी कन्याका विवाह जातिके बाहर किया—अर्थात् उसने एक मनुष्य त्रिपृष्ठको अपनी कन्या विवाह दी, बजाय विद्याधर अश्वग्रीवके। उसने मन्त्रियोंकी रायके विरुद्ध ज्वलनजटी और प्रजापतिपर चढ़ाई करनेके लिए कूच किया।

LII—चरोंने राजाको सेना और अश्वग्रीवके पोदनपुरके प्रवेशद्वार तक पहुँचनेकी सूचना दी। इसपर प्रजापतिने ज्वलनजटीसे परामर्श किया कि उन्हें किस प्रकार स्थितिका सामना करना चाहिए, जबकि विजयने कहा—मुझे विश्वास है कि त्रिपृष्ठ निश्चित रूपसे अश्वग्रीवको मार डालेगा। लड़ाई शुरू होनेके पहले अश्वग्रीवने दूत भेजा, त्रिपृष्ठके पास यह जाननेके लिए कि क्या वह अश्वग्रीवके साथ सन्धि करने और स्वयंप्रभा वापस करनेके लिए तैयार है। त्रिपृष्ठने प्रस्ताव ठुकरा दिया। युद्ध शुरू हो गया। देवीने त्रिपृष्ठको सारंग नामका धनुष, पांचजन्य नामका शंख, कौस्तुभ मणि और कुमुदनी गदा और विजयके लिए हल, मूसल और गदा दिया। सेनाएँ भिड़ीं और उनमें भयंकर युद्ध हुआ। युद्धके दौरान अश्वग्रीवने अपना चक्र त्रिपृष्ठपर फेंका, पर वह उनकी हानि नहीं कर सका, वह उसके हाथ में स्थित हो गया। उसने तब इसी चक्रका उपयोग अश्वग्रीवके विरुद्ध किया जिससे वह मारा गया। उसकी मृत्युके बाद त्रिपृष्ठ अर्धचक्रवर्ती बन गया। उसके शीघ्र बाद ज्वलनजटी अपनी राजधानी रथनूपुर नगर आ गया और लम्बे अरसे तक विजयार्ध पर्वतकी दोनों श्रेणियोंके ऊपर प्रभुसत्ताका भोग करता रहा, फिर साधु हो गया। राजा प्रजापतिने भी ऐसा ही किया। अब त्रिपृष्ठ सदैव आनन्दसे अतृप्त रहा। वह मरकर सातवें नरकमें गया। उसकी मृत्युके

बाद विजयने अपनी राजधानी श्रीविजय को सौंप दी और तपस्या कर मुक्ति प्राप्त की। स्वयंप्रभाने भी यही किया।

LIII—वासुपूज्यकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LIV—यह सन्धि बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवके दूसरे समूहका वर्णन करती है। विन्ध्यपुरमें विन्ध्यशक्ति राज्य करता था। कनकपुरका राजा सुषेण उसका मित्र था। सुषेणके पास गुणमंजरी नामकी सुन्दर वेश्या थी। विन्ध्यशक्तिने उसके पास दूत भेजा कि वेश्या उसे दे दी जाये। सुषेणने प्रार्थना ठुकरा दी। दोनों मित्रोंमें युद्ध छिड़ गया। सुषेण पराजित हुआ। मित्रकी पराजय सुनकर महापुरके वायुरथ सांसारिक जीवनसे विरक्त हो गया। वह मुनि बन गया। सुषेणने भी मुनिव्रतकी दीक्षा ले ली। उसने मरते समय अपने वैरका बदला लेनेका निदान बाँधा। वायुरथ और सुषेण दोनों प्राणत स्वर्गमें देव हुए। राजा विन्ध्यशक्ति भी किसी एक स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। अगले जन्ममें विन्ध्यशक्ति भोगवर्धनपुरके राजा श्रीधर और रानी श्रीमतीका पुत्र उत्पन्न हुआ। उसका नाम तारक था। समयकी अवधिमें वह अर्धचक्रवर्ती बन गया। वायुरथ और सुषेण राजा ब्रह्मा एवं रानी सुभद्रा और उषादेवीके पुत्र हुए। अचल और द्विपृष्ठ उनके नाम थे जो बलदेव और वासुदेव थे। उनके पास श्रेष्ठ हाथी था। तारक उस हाथीको अपने पास रखना चाहता था और उसने द्विपृष्ठके पास हाथी देनेके लिए दूत भेजा। अचलने मना कर दिया। तारक और द्विपृष्ठमें संघर्ष हुआ, जिसमें तारक मारा गया। द्विपृष्ठ अर्धचक्रवर्ती बन गया। मृत्युके बाद तारक और द्विपृष्ठ नरक गये। अपने भाईकी मृत्यु देखकर अचलने जैन-दीक्षा ग्रहण कर ली और उसने संसारसे मुक्ति प्राप्त कर ली।

LV—तेरहवें तीर्थंकर विमलकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LVI—पश्चिमी विदेहके श्रीपुरमें राजा नन्दिमित्र था। एक दिन उसे संसारकी क्षण-भंगुरताका ज्ञान हो गया, सुखभोग छोड़कर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। मृत्युके अनन्तर वह अनुत्तर विमानमें देव हुआ। श्रावस्तीमें सुकेतु नामका राजा था। उसी नगरमें दूसरा राजा बली था। वे एक दिन जुआ खेले जिसमें सुकेतु सब कुछ हार गया। निराशामें वह मुनि बन गया। परन्तु तपस्या करते हुए उसने यह निदान बाँधा कि उसे बलीसे अगले जन्ममें बदला लेना चाहिए। मृत्युके बाद सुकेतु लान्तव स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। बली भी स्वर्गमें देव उत्पन्न हुआ। अपने अगले जन्मोंमें बली रत्नपुरके राजा समरकेशरी और रानी सुन्दरीका पुत्र हुआ। उसको मधु कहा गया। वह प्रतिवासुदेव और अर्धचक्रवर्ती था। नन्दिमित्र और सुकेतु द्वारावतीके राजा रुद्रकी पत्नियों सुभद्रा और पृथ्वीसे उत्पन्न हुए। उनके नाम थे धर्म (बलदेव) और स्वयम्भू (वासुदेव)। एक दिन स्वयम्भूने जब अपने महलकी छतपर बैठा हुआ था, शहरके बाहर सैनिक-शिविरको ठहरा हुआ देखा। उसने मन्त्रीसे पूछा कि यह सेना किसकी है। मन्त्रीने उससे कहा कि सामन्त शशिसोमने राजा मधुको उपहार भेजा है जिसमें हाथी-घोड़ा आदि हैं। स्वयम्भूने इसकी अनुमति नहीं दी। उसने शशिसोमको हरा दिया और उपहार छीन लिया। यह खबर मधुके कानों तक पहुँची। उसके बाद उसने स्वयम्भूपर हमला बोल दिया। बादमें जो लड़ाई हुई उसमें स्वयम्भू ने मधुका काम तमाम कर दिया। वह अर्धचक्रवर्ती हो गया। राज्यका उपभोग करते हुए स्वयम्भू भी मरकर नरकमें गया। धर्मने मुनिधर्मकी दीक्षा ली और निर्वाण प्राप्त किया।

LVII—यह सन्धि संजयन्त, मेरु और मन्दरकी कहानीका वर्णन करती है। इनमें-से दो बादमें विमलवाहनके गणधर हुए, जो तेरहवें तीर्थंकर थे। दो और आदमी थे जो इस कहानीसे सम्बन्धित हैं—मन्त्री श्रीभूति और व्यापारी भद्रमित्र। इनमें-से श्रीभूति सत्यघोषसे संलग्न है। पहले तीन व्यक्तियोंके सात भवोंका कवि वर्णन करता है जब कि अन्तिम दोके कुछ ही भवोंका वर्णन करता है। इस सन्धिके टिप्पणमें इनकी सूचीपर दृष्टिपात किया गया है जिससे पाठकोंको समझनेमें सुविधा होगी।

वीतशोकनगरमें वैजयन्त नामका राजा था। उसकी रानीका नाम सर्वश्री था। उसने दो पुत्रोंको जन्म दिया—संजयन्त और जयन्त। एक दिन जैन मुनिका प्रवचन सुनकर उन सबने संसारका परित्याग कर दिया। समयके दौरान वैजयन्तने निर्वाण प्राप्त किया। इस अवसरपर जो देव उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करने आये, उनमें नागोंका देव भी था जो अत्यन्त सुन्दर था। जयन्तने यह निदान बाँधा कि अगले जन्ममें उसका वैसा ही सुन्दर शरीर हो जैसा कि नागोंके स्वामीका है। वह नागलोकमें नागोंका देवता हुआ। एक दिन जब संजयन्त प्रतिमाओंकी साधना कर रहा था, विद्युद्दंष्ट्र विद्याधरने उसे देखा, उसे उठाया और पाँच नदियोंके संगमक्षेत्रमें फेंक दिया तथा लोगोंसे कह दिया कि मुनि शैतान है। इसपर लोगोंने मुनिको पीटा, परन्तु वह अविचलित रहे। वह यातनाओंको सहते हुए निर्वाणको प्राप्त हुए। इस अवसरपर जयन्त सहित, जो नागोंका देवता था, सब देव आये। अपने भाईकी स्थिति देखकर नागने लोगोंपर हमला शुरू कर दिया। वे बोले कि हमने इसलिए साधुको विद्याधर विद्युद्दंष्ट्रकी सूचनापर पीटा। तब नागदेवताने विद्याधर विद्युद्दंष्ट्रको पकड़ा, और जब कि पहला दूसरेको समुद्रमें फेंकनेवाला था, आदित्यप्रभ देवने बीच-बचाव किया और उसने उन सबके पूर्वभवोंका वर्णन किया। सिंहपुरमें वहाँ सिंहसेन नामका राजा था। रामदत्ता उसकी रानी थी। श्रीभूति और सत्यघोष उसके मन्त्री थे। नगरमें भद्रमित्र नामक व्यापारी था, जो पद्मखण्डपुरके सुदत्त और सुमित्राका पुत्र था। यात्रा करते हुए भद्रमित्रको कीमती मणि मिले जिन्हें उसने अश्वघोषके पास धरोहरके रूपमें रख दिया। (बादमें सत्यघोष और श्रीभूतिमें भ्रम है) कुछ समय बाद भद्रमित्रने अश्वघोषसे रत्न लौटानेको कहा, परन्तु उसने रत्नोंकी जानकारीके बारेमें साफ मना कर दिया, यहाँ तक राजाके पूछनेपर भी। भद्रमित्र पागल हो गया और राजमहलके पड़ोसमें एक पेड़पर चढ़कर चिल्लाकर मन्त्रीकी इज्जत घटाने लगा। रानी रामदत्ता मन्त्रीसे चिढ़ गयी और उसने उसके साथ एक चाल चली। उसने सत्यघोषके साथ जुएका खेल खेला जिसमें वह पहचानवाली अँगूठी और पवित्र जनेऊ रानीसे हार गया। उसने अपनी दासीके माध्यमसे मन्त्रीके खजांचीके पास अँगूठी भेजी और उससे रत्न प्राप्त कर लिये। इस बातकी परीक्षाके लिए कि भद्रमित्रने जो कुछ कहा है, वह सत्य है, राजाने उन रत्नोंमें मिला दिये जो भद्रमित्रके थे। वे रत्न भद्रमित्रको दिखाये गये। उसने केवल अपने रत्न उठाये यह कहते हुए कि वे उसके नहीं हैं। तब राजा उसपर प्रसन्न हो गया। राजाने मन्त्रीको सजा दी और वही बर्ताव किया जो एक चोरके साथ किया जाता है। मन्त्रीने इसके लिए राजाके प्रति अपने मनमें गाँठ बाँध ली। अगले जन्ममें वह अगन्धन नाग बना और राजाके खजानेमें खड़े होकर राजाको काट खाया। अगले जन्ममें भद्रमित्र रामदत्ताके पुत्रके रूपमें जन्मा उसका नाम सिंहचन्द्र रखा गया। उसका छोटा भाई पूर्णचन्द्र था। और यह इस विस्तारमें है कि तीनों व्यक्तियोंकी पूर्वभवकी जीवनियाँ इस सन्धिके प्रारम्भमें वर्णित की गयी हैं।

LVII'—अनन्तकी जीवनीके लिए (१४वें तीर्थंकर) तालिका देखिए। उनके तीर्थकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका चौथा समूह उत्पन्न हुआ। नन्दपुरमें राजा महाबल था। वह मुनि हो गये और मरकर सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुए। उस समय पोदनपुरमें राजा वसुसेन राज्य करता था। उसकी रानी नन्दा बहुत सुन्दर थी। उसका मित्र चन्द्रशासन उसके पास रहने आया। उसने नन्दाको देखा, वह उसके प्रेममें पड गया और वसुसेनसे कहा कि वह उसे दे दे। उसने ऐसा करनेसे मना कर दिया। परन्तु चन्द्रशासन उसे जबरदस्ती ले गया। इसके बाद वसुसेन मुनि बन गया और मृत्युके बाद उसी स्वर्गमें उत्पन्न हुआ, जिसमें महाबल उत्पन्न हुआ था। चन्द्रशासन अगले जन्ममें वाराणसीके राजा विलास और रानी गुणवतीका पुत्र हुआ। महाबल और वसुसेन, राजा सोमप्रभकी रानियों (जयावती और सीता) से क्रमशः उत्पन्न हुए और क्रमशः उनके नाम सुप्रभ और पुरुषोत्तम रखे गये। मधुसूदनने उनसे उपहारकी माँग की, और चूँकि उन्होंने ऐसा करनेसे मना कर दिया, इसलिए मधुसूदन और पुरुषोत्तममें संघर्ष हुआ जिसमें मधुसूदन मारा गया। पुरुषोत्तम अर्धचक्रवर्ती बन गया।

LIX—पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथकी जीवनीके लिए तालिका देखिए। इनके तीर्थकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका पाँचवाँ समूह हुआ। वीतशोकनगरमें नरवृषभ राजा हुआ। उसने तपस्या की और मरकर वह सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। राजगृहमे राजा सुमित्र था। वह राजसिंहसे लड़ाईमें मारा गया। सुमित्रने तपस्या की और मरते समय यह निदान बाँधा कि मैं अगले जन्ममें राजसिंहको पराजित करूँ। मृत्युके बाद वह महेन्द्र स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। राजसिंह अगले जन्ममें हस्तिनापुरका राजा मधुक्रीड़ हुआ। राजा नरवृषभ और सुमित्र राजा सिंहसेनको रानियों विजया और अम्बिकासे उसके पुत्र हुए, उनके नाम सुदर्शन और पुरुषोत्तम थे, जो पाँचवें बलदेव और वासुदेव थे। राजा मधुक्रीडने दूत भेजकर सुदर्शनसे कर माँगा जिसे उसने अस्वीकार कर दिया। उनमें युद्ध हुआ। पुरुषोत्तमने मधुक्रीड़को मार डाला और अर्धचक्रवर्ती सम्राट् बन गया। उसी राज्यमे साकेतमें राजा सुमित्र था। उसकी रानी भद्रा थी। उसने एक पुत्रको जन्म दिया, उसका नाम मघवन था। उसने समस्त छह खण्ड धरती जीत ली और जैनपुराण-विद्याके अनुसार तीसरा सार्वभौम चक्रवर्ती सम्राट् बन गया। बहुत समय तक धरतीका उपभोग करनेके बाद उसने संसारका परित्याग कर मोक्ष प्राप्त किया। थोड़े समयके बाद उसी शासनकालमें चौथा चक्रवर्ती हुआ, उसका नाम सनत्कुमार था। वह विनीतपुरके राजा अनन्तवीर्य और रानी महादेवीका पुत्र था। वह अत्यन्त सुन्दर था। इन्द्रके द्वारा प्रेषित दो देव उसका सौन्दर्य देखने आये। उन्होंने राजासे कहा कि कुमारका सौन्दर्य शाश्वत रहेगा यदि उसे बुढ़ापे और मौतने नहीं घेरा। बुढ़ापे और मृत्युका नाम सुनकर सनत्कुमारने संसारका परित्याग कर दिया और निर्वाणलाभ किया।

LX—अमोघजीह्व नामके ब्राह्मणने भविष्यवाणी की कि छह महीने बाद राजा श्रीजीवके सिरपर बिजली गिरेगी, जो वासुदेव त्रिपृष्ठका पुत्र है और उसके सिरपर रत्नोंकी वर्षा होगी। जब ब्राह्मणसे यह पूछा गया कि वह इस प्रकारका भविष्यकथन कैसे कर सकता है तो उसने कहा कि मैंने प्रसिद्ध शिक्षकसे यह विद्या पढ़ी है। एक दिन जब उसने अपनी पत्नीसे भोजनके लिए कहा तो उसने थालीमें खाली कौड़ियाँ परोस दीं, क्योंकि गरीबीके कारण उसके घरमे कुछ और था ही नहीं। पत्नीने उसे झिड़का कि तुम कुछ काम करके धन नहीं कमाते। ठीक इसी समय आगकी चिनगारी उसकी थालीमें गिरी, ठीक इसी समय पानीका घड़ा उसकी पत्नीने उसके सिरपर डाल दिया। यह इस घटनाके कारण था कि ब्राह्मणने यह भविष्यवाणी को थी कि राजाके सिरपर बिजली गिरेगी और उसके सिरपर रत्नोंकी वर्षा होगी। तत्पश्चात् मन्त्रियोंने राजाको सलाह दी कि दैवी विपत्तिको टालनेके लिए कुछ समयके लिए राज्य छोड़ दिया जाये और तबतक के लिए किसी दूसरेको गद्दीपर बैठा दिया जाये। इसके बादकी सन्धि श्रीविजय और अमिततेज विद्याधरके बीच हुई शत्रुता और संघर्षका वर्णन करती है। एक मुनि हस्तक्षेप करते हैं और उन्हें जैनसिद्धान्तोंका उपदेश देते हैं; इसके परिणामस्वरूप वे दोनों दीक्षा ग्रहण कर लेते हैं।

LXI—अगले जन्ममे श्रीविजय और अमिततेज स्वर्गमे देव हुए, मणिचूल और रविचूलके नामसे। अगले जन्ममे प्रभावती नगरके राजा स्मितसागरके रानी वसुन्धरा और अपराजितासे पुत्र हुए। उनके दरबारमें दो सुन्दर नृत्यांगनाएँ थीं, जिनकी विद्याधर राजा दमितारिने माँग की।

LX-LXIII—ये चार सन्धियाँ तीर्थंकर शान्तिनाथ और उनके पूर्वभवोंका, विशेषरूप और खासकर चक्रायुधकी, जीवनी विस्तारसे (LXIII) जिसका टिप्पणमें विस्तार है।

LXIV—कुन्थुकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LXV—अर्हके जीवनके लिए तालिका देखिए। अर्हके शासनकालमें आठवें चक्रवर्ती सुभौम हुए। सहस्रबाहु नामका राजा था। उसकी पत्नी विचित्रमतीने कृतवीर पुत्रको जन्म दिया। विचित्रमतीकी बहन श्रीमतीका विवाह शतबिन्दुसे हुआ था। उनसे जो पुत्र हुआ उसका नाम जमदग्नि रखा गया। बचपनमें माताकी मृत्युके कारण जमदग्नि तापसमुनि बन गया। शतबिन्दु और उसका मन्त्री हरिशर्मा भी क्रमशः जैन

और हिन्दू मुनि बन गये। कुछ समयके बाद शतबिन्दु मरकर सौधर्म स्वर्गमें देवता हुआ तथा हरिशर्मा ज्योतिष देव हुआ। वे दोनों जमदग्निकी पवित्रताकी परीक्षा करना चाहते थे। उन्होंने चिड़ी-चिड़ाका रूप धारण कर जमदग्निके बालोंमें घोंसला बना लिया। और कुछ उसके प्रति अपमानजनक बातें करने लगे। वह पक्षियोंपर नाराज हो गये और उन्हें मारनेको धमकी दी। उन पक्षियोंमें-से एकने कहा कि उसे नहीं मालूम कि वह (जमदग्नि) इसलिए स्वर्ग न पा सका क्योंकि उसके पुत्र नहीं है। जमदग्निने इसपर विचार किया और मामाके पास जाकर उसने उसकी कन्यासे विवाह करनेका प्रस्ताव किया। बुढ़ापा होनेसे कन्या उससे विवाह नहीं करना चाहती थी। इसपर क्रुद्ध होकर उसने नगरकी सब कन्याओंको बौना होनेका शाप दे दिया। तबसे उस नगरका नाम कान्यकुब्ज पड़ गया (आधुनिक कन्नौज)। उसे किसी प्रकार मामाकी लड़की मिल गयी, उसका नाम रेणुका (धूलभरी) मिल गयी। उसे केला दिखाकर आकर्षित किया और अपनी गोदमें बैठा लिया। उससे विवाह कर लिया। चूँकि उसने कहा कि वह उसे चाहती थी। समय बीतनेपर उसने दो पुत्रोंको जन्म दिया—इन्द्रराम और श्वेतराम। उसके भाइयोंने उसे दानमें एक गाय दी थी जो सब मनोकामनाएँ पूरी करती थी, और मन्त्र फरशा दिया। रेणुका और जमदग्नि सुखपूर्वक रहते थे। एक दिन राजा सहस्रबाहु अपने पुत्र कृतवीरके साथ मुनिकी कुटियापर आया। रेणुकाने उन्हें राजकीय भोज दिया। पिता-पुत्र भोजनकी श्रेष्ठतासे प्रभावित हुए और उन्होंने पूछा कि मुनिकी पत्नी होते हुए रेणुकाने उनको इतना व्ययसाध्य भोजन कैसे दिया। रेणुका बोली कि उसके भाइयोंने गाय दी है वह मनचाही चीजें देती है। कृतवीरने वह गाय चाही और रेणुकाके विरोधके बावजूद वह उसे ले गया। कृतवीर और जमदग्निकी जो लड़ाई हुई उसमें सहस्रबाहुने जमदग्निको मार डाला। उसके पुत्र इन्द्रराम और श्वेतराम बाहर थे। जब वे लौटे तो उन्हें अपनी माँसे पता चला कि उनके पिताको सहस्रबाहु और उसके पुत्रने मार डाला है और वे उनकी गाय ले गये हैं। वे क्रुद्ध हुए। रेणुकाने उन्हें परशुमन्त्र पढ़ाया। तब वे साकेत गये और सहस्रबाहु तथा कृतवीर तथा घरके दूसरे सदस्योंको तथा क्षत्रियजातिको इक्कीस बार हत्या की। समस्त क्षत्रियोंके विनाशके बाद उन्होंने सारी धरती ब्राह्मणोंको दे दी जिसपर उन्होंने बादमें शासन किया। सहस्रबाहुकी रानी विचित्रमति उस समय गर्भवती थी, उसके गर्भसे पूर्वजन्मकी आत्मा भूपालके नामसे पैदा हुई, जिसकी नियति आगे चक्रवर्ती होनेकी थी। वह जीवनकी सुरक्षाके लिए जंगलमें भाग गयी। शाण्डिल्य मुनिने उसे संरक्षण दिया। उसकी कुटियामें उसने बच्चेको जन्म दिया, जिसका नाम सुभौम रखा गया।

LXVI—सुभौमने अपना बचपन जंगलमें शाण्डिल्य मुनिकी कुटियामें बिताया। वह एक शक्तिशाली दृढ़ युवक बन गया। एक दिन उसने अपनी माँसे पूछा कि उसने अपने पिताको नहीं देखा और उनके बारेमें बतानेके लिए आग्रह किया। तब माँने सारी कहानी सुनायी कि किस प्रकार सहस्रबाहु परशुरामके द्वारा मारे गये। इसी बीच एक ज्योतिषी परशुरामके घर आया और उसने बताया कि उसकी मृत्यु किस प्रकार होगी। उसने कहा कि उसके शत्रुओं (सहस्रबाहु और कृतवीर) के दाँतोंसे भरी थाली, जिसके दृष्टिपातसे चावलोंकी थालमें बदल जायेगी, वह उसका वध करनेवाला होगा। इसपर परशुरामने नगरके मध्य एक दानशाला खुलवायी जहाँ ब्राह्मणोंको मुफ्त भोजन दिया जाता और उन्हें दाँतोंकी थाली दिखाई जाती। सुभौमसे भी दानशालेकी भेंट करनेके लिए कहा गया, यह जाननेके लिए कि क्या यही वह व्यक्ति है जिसके हाथों परशुरामकी मौत होगी। तब सुभौम दानशालामें गया, उसने थाली देखी जो पके हुए चावलोंके रूपमें बदल गयी। रक्षकोंने फौरन हमला कर दिया जब कि वह निहत्था था। परन्तु वह थाली ही तत्काल चक्रमें बदल गयी जिससे उसने उनका और परशुरामका अन्त कर दिया। उसके बाद वह चक्रवर्ती हो गया। एक बार सुभौमको उसके रसोइएने विका फल परोसा। वह क्रुद्ध हो उठा और उसने इस अपराधके लिए रसोइएको मार डाला। रसोइया ज्योतिष देव उत्पन्न हुआ। वह व्यापारीका रूप धारण करके आया और राजाको कुछ सुन्दर फल दिये। राजाने उन फलोंको खूब पसन्द किया और व्यापारीसे और फल लानेका आग्रह

किया। व्यापारीने कहा कि देवने जो फल दिये थे वे समाप्त हो गये हैं। चूंकि राजा अपनी मांगके लिए आग्रह करता रहा, तो ज्योतिषीने कहा कि राजा उन फलोंको पा सकता है यदि वह उसके साथ एक द्वीपके लिए चलता है। राजाने मंजूर कर लिया। वह व्यापारीके साथ गया, उसने उसे चट्टानपर रखा और मार डाला। मृत्युके बाद सुभौम नरक गया। अरके शासनकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका छठा दल उत्पन्न हुआ। उनके नाम थे नन्दीसेन, पुण्डरीक और निशुम्भ। विस्तारके लिए तालिका देखिए।

LXVII—मल्लिकी जीवनीके लिए तालिका देखिए। इनके शासनकालमें नौवें चक्रवर्ती पद्म हुए। विस्तृत जीवनीके लिए तालिका देखिए। यह मल्लिनाथके शासनकालमें हुआ कि बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका सातवाँ दल उत्पन्न हुआ। जिनके नाम हैं नन्दिमित्र, दत्त और बलि। विस्तारके लिए तालिका देखिए।

परिशिष्ट

जैनपुराणोंमें त्रेसठ शलाका पुरुषोंकी जीवनियोंके परम्परागत विस्तारमें जो एकरूपता दे दी गयी है, और विमलसूरिने अपने 'पउमचरिउ'में जो संकेत दिया है (पृ. ११ पर उद्धृत है) ने मुझे यह विचार दिया कि मैं सुविधाजनक शीर्षकोंके रूपमें सभीकी मुख्य बातोंको अंकित कर दूं। इसलिए मैं इस जिल्दमें पाँच तालिकाएँ दे रहा हूँ। तालिका एकमें, दिगम्बरोंकी परम्पराके अनुसार तीर्थंकरोंकी प्रतिमाओंके चिह्नोंको दिया गया है। मैंने यह तालिका, श्री जी. एच. खरेकी मराठी पुस्तकसे जो बहुत मूल्यवान् है, ली है, इसलिए कि मेरी तालिकामें जानकारी है, वह गुणभद्र और पुष्पदन्तके उस जानकारीसे मिलनी चाहिए, जो उन्होंने अपने पुराणोंमें दी है, इसके लिए मैंने श्री खरेकी तालिकामें थोड़ा फेर-बदल किया है। दूसरी तालिका, तीर्थंकरोंके पूर्वजन्म, जन्मस्थान आदिका विवरण देती है। तीसरी तालिकामें विभिन्न तीर्थंकरोंके गणधरोंकी सूची है। चौथीमें चक्रवर्तियोंके बारेमें सूचनाएँ हैं। पाँचवीं तालिकामें बलदेवों, वासुदेवों, प्रति-वासुदेवोंके बारेमें जानकारी है। दरअसल मेरी जानकारीका स्रोत जिनसेनका आदिपुराण, गुणभद्रका उत्तर-पुराण और पुष्पदन्तका महापुराण है। ये रचनाएँ, मैं आशा करता हूँ कि दिगम्बर परम्पराका प्रतिनिधित्व करनेवाले सर्वोत्तम स्रोतोंमें-से एक हैं, यदि वे सर्वोत्तम नहीं हैं तो एक या दो स्थानोंपर मैंने श्वेताम्बर पर-म्पराका उपयोग किया है, क्योंकि उनकी जानकारी देनेमें महापुराण समर्थ नहीं था या फिर मैं उसमें सामग्री ढूंढ़नेमें समर्थ नहीं हो सका। मैं पाठकोंके प्रति अत्यन्त कृतज्ञ होऊँगा यदि वे अनुपयुक्तताओं और कमियोंको ध्यानमें ला सकें, मैं धन्यवादके साथ उनपर विचार करूँगा।

नौरोजी वाडिया कालेज
पूना
अगस्त १९४०

—पी. एल. वैद्य

विषयानुक्रमणिका

दृढ़रथ, रानी सुषेणा, स्वप्न दर्शन (४५), इन्द्रका कुबेरको आदेश, सम्भवनाथका जन्म, रत्न वर्षा (४६), जिनेन्द्र सम्भवनाथका अभिषेक और अलंकरण (४७-५१), सम्भवनाथका तपश्चरण, केवलज्ञानकी प्राप्ति, देवताओं द्वारा स्तुति और समवसरण (५२-५४) गणधरोंकी संख्या और मोक्ष (५५-५७)।

अभिनन्दनकी स्तुति (५८-५९), मंगलावती देश, रत्नसंचय नगर, राजा महाबल, रानी लक्ष्मीकान्ता, राजाकी विरक्ति और तपश्चरण, अनुत्तरविमानमें जन्म (६०-६१), इन्द्रके आदेशसे कुबेर द्वारा कौशलपुरीकी रचना, स्वप्नकथन, राजा स्वयंवरका भविष्यकथन; अहमेन्द्रका अभिनन्दनके रूपमें जन्म, इन्द्रके द्वारा अभिषेक (६२-६४), अभिषेकमें विशेष देवताओंका आह्वान (६६-६७), अभिनन्दनके यौवनका वर्णन, राज्याभिषेक (६८-६९), विरक्ति, लौकान्तिक देवोंका सम्बोधन, पारणा, केवलज्ञान, देवेन्द्र द्वारा स्तुति, निर्वाण (७०-७५)।

सुमतिनाथकी वन्दना (७६-७७), पुण्डरीकिणी नगरीका वर्णन (७७), राजा रतिसेन अपने पुत्र अर्हन्नन्दनको राज्य देकर दीक्षा ग्रहण करता है (७८), अहमेन्द्र स्वर्गमें उत्पन्न होना, इन्द्रका कुबेरको आदेश कि वह जाकर अयोध्यामें भावी तीर्थंकरके जन्मकी व्यवस्था करे, मेघरथकी पत्नी मंगलाका स्वप्न देखना (७९), राजा द्वारा तीर्थंकरके जन्मका भविष्यकथन, कुबेर द्वारा स्वर्णवृष्टि (८०), जिनके जन्मपर देवेन्द्र द्वारा वन्दना (८१), जिनेन्द्रका अभिषेक (८२), सुमतिनाथकी बालक्रीड़ा, राज्याभिषेक, राज्य करते हुए जिनेन्द्रका आत्मचिन्तन (८३), लौकान्तिक देवोंका आगमन और उद्बोधन, दीक्षाग्रहण (८४), केवलज्ञानकी प्राप्ति, देवेन्द्र द्वारा स्तुति (८५), स्तुति जारी (८६), समवसरणकी रचना, उसका वर्णन, गणधरोंका उल्लेख (८७), गणधरोंका उल्लेख, निर्वाण (८८)।

पद्मप्रभुकी वन्दना (८९), वत्स देशका वर्णन, सुसीमा नगरी, अपराजित राजा (९०), राजाका आत्मचिन्तन, दीक्षा ग्रहण करना (९१), तपस्याका वर्णन; मृत्युके बाद प्रीतंकर विमानमें जन्म, छह माह शेष रहनेपर इन्द्रके आदेशसे कौशाम्बी नगरीकी रचना और स्वर्णप्रासादकी रचना (९२), रानीका स्वप्नदर्शन (९३), स्वप्नफल कथन, जिनेन्द्रकी उत्पत्तिकी भविष्यवाणी, जिनका गर्भमें आना (९४), जिनका जन्म अभिषेक, बालक्रीड़ा (९५), महागजकी मृत्यु, पद्मप्रभकी विरक्ति (९६), दीक्षाभिषेक और तपश्चरण (९७), सोमदत्त द्वारा आहारदान, तपश्चरण, केवलज्ञानकी उत्पत्ति, देवों द्वारा स्तुति (९८), स्तुति (९९), समवसरणकी रचना (१००), निर्वाणलाभ (१०१)।

सुपार्श्वनाथकी वन्दना (१०३), कच्छ देशका वर्णन, क्षेमपुरी राजाकी विरक्ति, तपश्चरण, शरीर त्यागकर भद्रामर विमानमें अहमेन्द्र (१०४), छह माह शेष रहनेपर इन्द्रके आदेशसे कुबेर द्वारा काशीकी वाराणसीकी पुनर्रचना, पृथ्वीसेनाका स्वप्नदर्शन (१०५-१०६),

महापुराण

भाग ३

महाकवि पुष्पदन्त विरचित

महापुराण

संधि ३८

बंभहु बंभालयसामियहु ईसहु ईसरवंदहु ॥
अजियहु जियकामहु कामयहु पणविवि परमजिणिंदहु ॥ ध्रुवकं ॥

१

सुहयरुओहं सुहयरुमेहं ।
वीरमघोरं वयविहिघोरं ।
उवसमणिलयं पसमियणिलयं ।
कंदरवालं कंदरणीलं ।
मंदरसित्तं मंदरसित्तं ।
रामारमणे रामारमणे ।
विणयजणाणं विणयजणाणं ।
जेण कयं तं जे ण कयंतं ।
आलोयंते आलोयंते ।
भमइ जसोहो भवइजसोहो ।
णाहो ताणं जो भत्ताणं ।

सन्धि ३८

ब्रह्मा (परमात्मा) मोक्षालयके स्वामी, ईश्वरोंके द्वारा वन्दनीय, ईश, जिन्होंने कामको जीत लिया है, जो कामनाओंको पूरा करनेवाले हैं, ऐसे परम जिनेन्द्र अजितनाथको मैं प्रणाम कर।

१

जिन्होंने रोगों (काम-क्रोधादि) के समूहका नाश कर दिया है, जो पुण्यरूपी वृक्षके लिए मेघके समान हैं, जो वीर और सौम्य हैं, जो व्रतोंके आचरणमें कठोर हैं, जो उपशम (शान्तभाव) के घर हैं, जिन्होंने मनुष्योंके विनाशको शान्त कर दिया है, जिनकी ध्वनि (दिव्य ध्वनि) मेघकी ध्वनिके समान है, गुफा ही जिनका घर है, जिनका सुमेर पर्वतपर अभिषेक हुआ है, जिसमें धन और कामका मन्थन है ऐसे स्त्रीरमणमें जिनकी मन्दरसता है, जिन्होंने विनत जनोंके लिए विनयजज्ञान (श्रुतज्ञान) दिया है, जो यमको नहीं देखते, जिनका यश-समूह चन्द्रमाकी किरणोंके समान शोभावाला है, तथा लोकपर्यन्त परिभ्रमण करता है, जो भक्तोंका त्राण करने-

---

१. १. A भवइ । २. A भमइ ।

जो भयवंतो जो भयवंतो ।
जमकरणवहं जमकरणवहं ।
अण्णाणमहं सण्णाणमहं ।
णि[3]द्दारहियं णिद्दारहियं ।
अवसावसणं आसावसणं ।
आसासमणं आसासमणं ।
वररमणीसं वररमणीसं ।
णीसंसालं णीसंसालं ।
परसमयंतं परसमयंतं ।
अहिवंदिययं सुहमिंदिययं ।
जे[4]णं ण कहियं तेलोकहियं ।
णिरुवमदेहं तं वंदे हं ।

घत्ता—पुणु पणविवि पंच वि परमगुरु णियजसु तिजगि पयासे[5]वि ॥
घणदुरियपडलणिण्णासयरु अजियहु चरिउ समासे[6]वि ॥१॥

२

मणि जाएण किं पि अमणोज्जें कइव[1]यदियहइं केण वि कज्जें ।
णिव्विण्णउ[2] थिउ जाम महाकइ ता सिविणंतरि पत्त सरासइ ।
भणइ भडारी सुहयरुओहं पणम[3]ह अरुहं सुहय[4]रुमेहं ।

वाले स्वामी हैं, जो ज्ञानवान् और सात भयोंका नाश करनेवाले हैं, जो रोगादिका विनाश करनेवाले यमों और व्रतोंका अनुष्ठान करनेवाले हैं, जो अज्ञानका नाश करनेवाले ज्ञानको धारण करते हैं, जो निद्रा और कलत्रसे रहित हैं, जो शापसे शून्य और दिशारूपी वस्त्रोंको धारण करते हैं, जो सब ओर त्रैलोक्यरूपी लक्ष्मीसे विलसित हैं, जो आशाके शामक और मुक्तिरूपी रमणीके ईश हैं, जिनकी बुद्धि वर देनेवाली है, जो मनुष्योंकी प्रशंसासे युक्त हैं, जो संसारका परित्याग कर चुके हैं, जो पर सिद्धान्तोंका अन्त करनेवाले हैं, जो श्रेष्ठ शान्तिसे रमणीय, और नागराजके द्वारा अभिनन्दनीय हैं, जिन्होंने इन्द्रियजन्य सुखको सुख नहीं माना, तथा जो अनुपम और अशरीरी हैं, ऐसे अजितनाथकी मैं वन्दना करता हूँ।

घत्ता—पाँचों परमगुरुओं (पाँच परमेष्ठियों) को प्रणाम कर तथा अपने यशको तीनों लोकोंमें प्रकाशित कर घन पाप पटल के नाशक श्री अजितनाथके चरितका संक्षेपमें कथन करता हूँ।

२

कई दिनों तक किसी कारण, मन में कुछ असुन्दर बात हो जानेसे जब कवि उदासीन था तो उसे सपनेमें सरस्वती प्राप्त हुईं। आदरणीया वह कहती हैं—"संसारके रोगसमूह-का नाश करनेवाले तथा पुण्यरूपी वृक्षके मेघ श्री अरहन्तको तुम नमस्कार करो।"

३. A णिदारहियं । ४. P जेण णं । ५. AP पयासमि । ६. AP समासमि ।

२. १. A कइवयदियहें; P कइवयइ दियहें । २. K णिव्विणोउ थिउ but gloss निर्विण्णः; P णिव्विणु उट्ठिउ । ३. A पणमहु; P पणवह । ४. A सुहयरमेहं but gloss in K शुभतरुमेघम् ।

इय णिसुणेवि विउद्धउ कइवरु　　सयलकलायरु णं छणससहरु ।
दिसउ णिहालइ किं पि ण पेच्छइ　　जा विम्हियमइ णियघरि अच्छइ ।
ताम पराइएण णयवंतें　　　मउलियकरयलेण पणवंतें ।
दसदिसिपसरियजसतरुकंदें　　वरमहमत्तवंसणहयंदें ।
छणससिमंडलसंणिहवयणें　　णवकुवलयदलदीहरणयणें ।

घत्ता—खलसंकुलि कालि कुसीलमइ विणउ करेप्पिणु संवरिय ॥
वच्चंति वि [10]सुण्णसुसुण्णवहि जेण सरासइ [11]उद्धरिय ॥२॥

३

अइयणदेवियव्वतणुजाएं[1]　　जयदुंदुहिसरगहिरणिणाएं ।
जिणवरसमयणिहेलणखंभे　　दुत्थियमित्तें ववगयडंभें[2] ।
मइं[3] उवयारभावु[4] णिव्वहणें　　विउसविहुरसयभयणिम्महणें[5] ।
तेओहामियपवरक्करहें　　तेण विगव्वें भव्वें भरहें ।
बोल्लाविउ कइ कव्वपिसल्लउ　　किं तुहुं सच्चउ बप्प गहिल्लउ ।
किं दीसहि विच्छायउ दुम्मणु　　गंथकरणि किं ण करहि णियमणु ।

यह सुनकर महाकवि जाग उठा मानो समस्त कलाओंको धारण करनेवाला पूर्णिमाका चन्द्र हो। वह दिशाओंको देखता है, परन्तु वहां कुछ भी नहीं देखता, विस्मित बुद्धि जब वह अपने घरमें स्थित था, तब जो न्यायशील है, जिसने दोनों करतल जोड़ रखे हैं, जो प्रणाम कर रहा है, जिसके यशरूपी वृक्षकी जड़ें दसों दिशाओंमें फैल रही हैं, जो श्रेष्ठ माहामात्यके वंशरूपी आकाशका चन्द्रमा हैं, जिसका मुख पूर्णिमाके चन्द्रमाके समान है, जिनके नेत्र दीर्घ कुवलयदलके समान हैं, ऐसे आये हुए भरतने—

घत्ता—खलोंसे व्याप्त समयमें विनय करके कुशीलमतिको रोका। जिसके द्वारा आकाशके सूने पथमें जाती हुई सरस्वतीका उद्धार किया गया ॥२॥

३

जो अइयण (एयण या देवीयव्वा) देवीका पुत्र है, जिसका स्वर विजयकी दुंदुभिके स्वरकी तरह गम्भीर है, जो जिनवरके सिद्धांतरूपी भवनका आधार स्तम्भ है, जो दुःस्थित लोगोंका मित्र है, दम्भसे रहित है, मुझमें उपकार भावका निर्वाह करनेवाला है, जो विद्वानोंके संकटों और सैकड़ों भयोंका नाश करनेवाला है, जिसने अपने तेजसे सूर्यके रथको निष्प्रभ कर दिया है, ऐसे उस गर्वरहित भव्य भरतने कहा—"हे काव्य-पण्डित कवि, क्या तुम बेचारे ग्रहगृहीत हो (तुम्हें भूत लग गया है), तुम कान्तिहीन और उदासीन क्यों दिखाई देते हो, ग्रन्थ-रचनामें

५. A विबुद्धउ । ६. AP विंभियमइ । ७. P दसदिस° । ८. AP °णहचंदें । ९. P संवरिइ । १०. A विसण्ण सुसुण्ण° । ११. P उद्धरिइ ।

३. १. A अइयणदेविअंव्व.; P इयणुदेवियव्व° । २. A ववगयडिंभें । ३. AP परउवयार° । ४. A °भार°; P °हार° । ५. A °रुय° ।

किं किउ काइं वि मइं अवराहउ अवरु को वि किं विरसुम्माहउ।
भणु भणु भणियउं सयलु पडिच्छेवि हउं कयँपंजलियरु ओहच्छेवि।

घत्ता—अथिरेण असारें जीविएण किं अप्पउ संमोहहि॥
तुहुँ सिद्धहि वाणीधेणुयहि णवरसखीरु ण दोहहि॥३॥

४

तं णिसुणेप्पिणु दरविहसंतें मित्तमुहारविंदु जोयंतें।
कसणसरीरें सुद्दुकुरूवें मुद्धाएविगब्भसंभूवें।
कासवगोत्तें केसवपुत्तें कइकुलतिलएं सरँसइणिलँएं।
पुप्फयंतकइणा पडिउत्तउ भो भो भरह णिसुणि णिक्खुत्तउ।
कलिमलमलिणु कालु विवरेरउ णिग्घिणु णिग्गुणु दुण्णयगारउ।
जो जो दीसइ सो सो दुज्जणु णिप्फलु णीरसु णं सुक्कउ वणु।
राउ राउ णं संझहि केरउ अत्थि पयट्टइ मणु ण महारउ।
उव्वेउ जि वित्थरइ णिरारिउ एक्कु वि पउ वि रएंवउ भारिउ।

घत्ता—दोसेण होउ तं णंउ भणमि चोज्जु अवरु मणि थक्कउ॥
जगु एउ चडावियउं चाउं जिह तिह गुणेण सहुं वंकउं॥४॥

अपना मन क्यों नहीं लगाते? क्या मुझसे कोई अपराध हो गया है, या कोई दूसरी, उदासीनता उत्पन्न करनेवाली बात हो गयी है। कहो कहो, मैं कहा हुआ सबको स्वीकार करता हूँ। लो, यह हाथ जोड़कर तुम्हारी बात सुननेके लिए मैं बैठा हूँ।

घत्ता—अस्थिर और असार जीवनसे तुम अपनेको सम्मोहित क्यों करते हो, तुम सिद्ध वाणोरूपी धेनुसे नव (नौ / नया) रस रूपी दूध क्यों नहीं दुहते॥३॥

४

यह सुनकर थोड़ा हँसते हुए मित्रका मुखकमल देखते हुए, कृश शरीर और अत्यन्त कुरूप मुग्धादेवीके गर्भसे उत्पन्न कश्यपगोत्री केशवपुत्र, कविकुल तिलक और सरस्वतीके पुत्र पुष्पदन्त कविने प्रत्युत्तर दिया—हे भरत, तुम निश्चितरूपसे सुनो। कलिके मलसे मैला यह समय विपरीत निर्घृण निर्गुण और दुर्नयकारक है, जो-जो दीखता है, वह दुर्जन है, वह निष्फल नीरस है, मानो शुष्कवन हो। (लोगोंका) राग सन्ध्याके रागकी तरह है, मेरा मन किसी अर्थमें प्रवृत्त नहीं होता, अत्यन्त उद्वेग बढ़ रहा है, एक भी पदकी रचना करना भारी जान पड़ रहा है।

घत्ता—दोष होगा इसलिए नहीं कहता, मेरे मनमें दूसरा कुतूहल यह है कि यह विश्व गुणके साथ उसी प्रकार टेढ़ा है जिस तरह डोरी पर चढ़ा हुआ धनुष टेढ़ा होता है॥४॥

---

६. AP पडिच्छमि। ७. A कयपंजलि अरुहहुं अच्छमि। ८. PT ओहच्छमि। ९. AP तुहु।

४. १. A सुट्ठुसुरूवें; P सुद्धकुरूवें। २. P कयकुल°। ३. A omits सरसइणिलएं and reads उत्तमसत्तें in its place; P सरसय°। ४. P adds after this। उत्तमसत्तें जिणपयभत्तें। ५. A रएंतउ। ६. A णव।

५

जंइ[1] वि तो वि जिणगुणगणु वण्णेवि[2] किह पइं अब्भत्थिउ अवगण्णवि[3] ।
चायभोयभोउग्गमसत्तिइ पइं अणवरयरइयकइमेत्तिइ ।
राउ सालवाहणु[4] वि विसेसिउ पइं णियजसु भुवणयलि पयासिउ ।
कालिदासु जें खंधें णीयउ तहु सिरिहरिसहु तुहुं जगि बीयउ ।
तुहुं कइकामधेणु कइवच्छलु तुहुं कइकप्परुक्खु ढोइयफलु ।
तुहुं कइसुरवरकीलागिरिवरु तुहुं कइरायहंसमाणससरु ।
मंदु मयालसु मयणुम्मत्तउ लोउ असेसु वि तिट्ठइ भुत्तउ ।
केण वि कव्वपिसल्लउ मण्णउ[5] केण वि थंद्धु[6] भणिवि अवगण्णिउ ।
णिच्चमेव सब्भाउँ[7] पउंजिउ पइं पुणु विणउ करिवि हउं रंजिउ ।
घत्ता—धणु तणु[8] समु मज्झु ण तं गहणु णेहु णिकारिमु इच्छेंवि[9] ॥
देवीसुय सुहणिहि तेण हउं णिलइ तुहारइ अच्छवि[10] ॥५॥

६

महुसमयागमि जायहि ललियहि बोल्लइ कोइल अंबयकलियहि ।
काणणि चंचरीउ रुणुरुंटइ कीरु किं ण हरिसेण विसट्टइ ।
मज्झु कइत्तणु जिणपयभत्तिहि पसरइ णउ णियजीवियवित्तिहि ।

५

यद्यपि, तब भी जिनवरके गुणोंका वर्णन करता हूँ। तुमने अभ्यर्थना की है किस प्रकार उपेक्षा करूँ? तुमने त्याग भोगकी उद्दाम (उद्‌गम) शक्ति, और निरन्तर की गयी कविकी मित्रता द्वारा, राजा शालिवाहनसे भी विशेषता प्राप्त की है। तुमने अपना यश भुवनतल पर प्रकाशित किया है, जिसने कालिदासको अपने कन्धे पर बैठाया है उस श्रीहर्षसे तुम जगमें द्वितीय हो, तुम कवियोंके लिए कामधेनु और कवि वत्सल हो, तुम कवियोंके लिए फल उपहारमें देनेवाले कल्पवृक्ष हो। तुम कवियोंके लिए (कपियोंके लिए), देवोंके क्रीड़ा पर्वत (सुमेरु पर्वत) हो। तुम कविराज रूपी हंसके लिए मानसरोवर हो। लोग, मन्द मदालस, कामसे उन्मत्त और तृष्णासे भुक्त हैं। किसीके द्वारा कामपण्डित माना गया, और किसीके द्वारा मूर्ख कहकर मेरी अवहेलना की गयी। लेकिन तुमने हमेशा सद्‌भावका प्रयोग किया और विनय करके मुझे प्रसन्न रखा।

घत्ता—धन मेरे लिए तिनकेके समान है, मैं उसे नहीं लेता। मैं अकारण स्नेहका भूखा हूँ। हे देवीपुत्र शुभनिधि भरत, इसीलिए मैं तुम्हारे घरमें रहता हूँ ॥५॥

६

वसन्तका समय आने पर सुन्दर हुई आम्रमञ्जरी पर कोयल बोलती है, काननमें भ्रमर रुनझुन करता है, फिर तोता हर्षसे विशिष्ट क्यों नहीं होता, मेरा कवित्व जिनवरके चरणोंकी भक्तिसे प्रसरित होता है अपनी आजीविकाकी वृत्तिसे नहीं।

---

५. १. P जय वि । २. A वणम्मि; P वण्णमि । ३. AP अवगण्णमि । ४. AP सालिवाहणु । ५. APT मण्णिउ । ६. A मंदु; P थड्ढु; T वंठ जडः । ७. AP सब्भाव । ८. A तिणु । ९. AP इच्छमि । १०. AP अच्छमि ।

विमलगुणाहरणंकियदेहउ एउ[1] भरह णिसुणइ पइं जेहउ।
कमलगंधु घेप्पइ[2] सारंगें णउ सालूरें णीसारंगें।
गमणलील जा कय सारंगें सा किं णासिज्जइ सारंगें।
सज्जणदूसियदूसणवसणें[3] सुकइकित्ति[4] किं हम्मइ पिसुणें।
कहमि कव्वु वम्महसंघारणु अजियपुराणु भवण्णवतारणु।
घत्ता—जिणगुणरयणावलिवेयडिउ सद्दसुवण्णसमुज्जलु[5]॥
आहासइ गणहरु सेणियहु करहु कण्णि कहकोंडलु[6]॥६॥

७

सरपंकयरयरत्तविदेहइ जंबूदीवहु पुव्वविदेहइ।
सीयहि दाहिणकूलि[1] रवण्णउ वच्छउ णाम देसु विच्छिण्णउ।
सहलारामहिं गामहिं घोसहिं दहियविरोलणमंथणिघोसहिं।
पविउलपक्ककलमवकेयारहिं[2][3] कणिसु चुणंतहिं जंपिरकीरहिं।
घणकणगुरुभरणवियहिं धण्णहिं[4] हंसहिं णवबंभहरणिसण्णहिं।
चंपयदेवदारुसाहारहिं[5] कुसुमालीणभमरझंकारहिं[6]।
णच्चिरमुक्कमोरकेकारहिं[7][8] पबलबलालवसहढेक्कारहिं।
महिसमेसजुज्झुच्छवमिलियहिं[9] जो[10] सोहइ[11] णंदंतहिं हलियहिं।

हे भरत, जिसने शरीर पर विमल गुणरूपी आभरण धारण किये हैं ऐसा तुम जैसा व्यक्ति उसे सुनता है, कमलकी गन्ध भ्रमरके द्वारा ग्रहण की जाती है सारहीन मेंढकके द्वारा नही। हरिणके द्वारा जो गमनलीला की जाती है, क्या वह धनुषके द्वारा नष्ट की जा सकती है। जिनका स्वभाव सज्जनोंको दूषित करना है ऐसे दुष्टके द्वारा क्या सुकविकी कीर्ति नष्ट की जा सकती है। मैं कामदेवका संहार करनेवाले और संसार रूपी समुद्रसे सन्तरण करनेवाले अजित पुराण काव्यको कहता हूँ।

घत्ता—गौतम गणधर कहते हैं, "हे गौतम, तुम जिनवरके गुणोंकी रत्नावलीसे विजड़ित शब्दरूपी स्वर्णसे समुज्ज्वल यह कथा रूपी कुण्डल अपने कानोंमें धारण करो" ॥६॥

७

जहाँ सरोवरोंके कमलरजसे पक्षियोंके शरीर धूसरित हैं जम्बूद्वीपके ऐसे पूर्व विदेहमें, सीता नदीके दक्षिण तट पर, सुन्दर वत्स नामका विशाल देश है, जो फल सहित उद्यानों, ग्रामों, दही बिलोनेकी मथानियोंके घोषवाले गोकुलों, पके हुए प्रचुर धान्यके खेतों, कण चुगते बोलते हुए शुकों, सघन दानोंसे भरे हुए नये धान्यों, नवकमलों पर बैठे हुए हंसों, चम्पक देवदारु और आम्र वृक्षों, पुष्पोंमें लीन भ्रमरोंकी झंकारों, नृत्य करते हुए मुक्त मयूरोंकी ध्वनियों, प्रबल बलयुक्त बैलोंके ढेक्कार शब्दों तथा भैंसाओं और मेढ़ोंके युद्धोत्सवमें इकट्ठे हुए प्रसन्न हलवाहोंसे शोभित है।

६. १. P एह। २. AP घिप्पइ। ३. AP वड्ढियसज्जणदूसण°। ४. P सुकय। ५. AP °सुवण्णु। ६. AP कहकुंडलु।

७. १. उत्तर°; K उत्तर but corrects it to दाहिण°। २. A° पिक्क°। ३. AP° कलम°। ४. AP अण्णहि; K घण्णहि and gloss धान्यैः। ५. A °देवदार°। ६. AP कुसुमालीण°। ७. AP णच्चिरमोरमुक्क°। ८. P °केक्कारहि। ९. AP महिसहि मेसहि जुज्झित्ति मिलियहि। १०. P omits जो। ११. P adds णिरु after णंदंतहि।

घत्ता—तहिं अत्थि सुसीमा णाम पुरि सररुहछण्णमहासर[12] ॥
[13]णंदणवणसंठियदेवसिरमउडरयणकर[14] सियघर[15] ॥७॥

८

परिहाजलपरिघोलिररसणहिं　　हिमपंडुरपायारणिवसणहिं ।
विविहदुवारंतरवरवयणहिं　　गेहगवक्खुग्घाडियणयणहिं ।
धूव[1]धूमधम्मेल्ल[2]यकसणहिं　　तोरणमोत्तियमालादसणहिं ।
लंबियचलचिंधावलिवत्थहिं　　ठाण[3]माणलक्खणहिं पसत्थहिं ।
मंदिरकंचणकलसयथणियहि　　किं वण्णिज्जइ सीमंतिणियहि ।
जं वण्णहुं भेसइ वि ण सक्कइ　　सुरवइ फणिवइ अवरु वि सक्कइ ।
अत्थि विमलवाहणु तहिं राणउ　　जसु[4] विहवेण ण सक्कु समाणउ ।
जसु सोहग्गें वम्महु भज्जइ　　तेण अणंगत्तणु पडिवज्जइ ।
जसु वइवसु[5]वसु दंडहु संकइ　　तेयहु तरणि तवंतु चवक्कइ[6] ।
पडिगयभड[7]थड भड भंजंतहु　　तासु णरिंदलच्छि भुंजंतहु ।
जाणियसारासारविवेयउ　　एक्कहिं दिणि जायउ णिव्वेयउ ।

घत्ता—पुरु परियणु हय गय रह सधय अंतेउरु अवगण्णिवि ॥
सीहासण[8]छत्तइं चामरइं गउ सयलइं[9] तणु मण्णिवि ॥८॥

घत्ता—उसमें सुसीमा नामकी नगरी है जिसके सरोवर कमलोंसे आच्छन्न हैं, तथा लक्ष्मीगृह नन्दनवनोंमें बैठे हुए देवोंके सिरोंके मुकुटोंकी किरणोंसे युक्त हैं ॥७॥

८

परिखाके जलोंकी शब्द करनेवाली करधनियों, हिमकी तरह स्वच्छ प्राकार रूपी वस्त्रों, विविध द्वारोंके अन्तररूपी मुखों, घरोंके झरोखों रूपी उघड़े हुए नेत्रों, धूपके धुओं रूपी केशपाशोंसे काले तोरणोंकी मुक्तामालाओंके दाँतों, लम्बे चंचल ध्वजोंकी आवलियोंके वस्त्रों, स्थान और मानके प्रशस्त लक्षणों, मन्दिरोंके स्वर्णकलशोंके स्तनों वाली उस नगरी रूपी सीमंतिनी (नारी)का क्या वर्णन किया जाये, जिसका वर्णन बृहस्पति भी नहीं कर सकता, देवेन्द्र नागराज और दूसरा कोई भी वर्णन नहीं कर सकता। उस नगरीमें विमलवाहन नामका राजा है, इन्द्र भी उसके वैभवके समान नहीं है, जिसके सौभाग्यसे कामदेव भग्न हो जाता है इसीलिए उसके द्वारा अंगहीनत्व धारण किया जाता है, जिसके दण्डसे यमकी सेना डर जाती है, जिसके तेजसे सूर्य चमकता रहता है, शत्रुओंके हाथियों और योद्धाओंके समूहको नष्ट करते हुए तथा राजलक्ष्मीका भोग करते हुए उसे जिसमें सार और असारका विवेक जान लिया गया है, ऐसा वैराग्य एक दिन हो गया।

घत्ता—पुर परिजन अश्व गज ध्वज सहित रथ और अन्तःपुरकी उपेक्षाकर, तथा समस्त सिंहासनों छत्रों चामरोंको तिनकेके बराबर समझकर चला गया ॥८॥

१२. P महासरि । १३. P °वणमंडिय° कसणहिं । १४. AP °देवसिरि मउड° । १५. P सियघरि ।
८. १. P धूप° । २. AP °धम्मेल्लहिं । ३. P रायमाण° । ४. A जसु विहवें सक्कु वि ण समाणउ । ५. PT वइवसुपसु । ६. A चमक्कइ; P चमुक्कइ । ७. P °घडथड° । ८. A सिंहासण°; P सिंघासण । ९. AP सयलु वि तिणु ।

९

गुरुचरणारविंदु सेवेप्पिणु जायउ परमभिक्खु तउ लेप्पिणु ।
वीयरायवयणेण विणायउ[1] पालइ पंचमहव्वयमायउ ।
अप्पाणउं तिहिं गुत्तिहिं भावइ[2] णीरसु जेंवइ[3] णिसिहि ण सोवइ ।
वेज्जावच्चु[4] करइ मुणिणाहहं बालहं वुड्ढहं रुयहयदेहहं ।
धम्मु अहिंसालक्खणु अक्खइ मित्तु वि सत्तु वि सम[5] जि णिरिक्खइ ।
आगच्छंतुवसग्गु समिच्छइ लंबियकरु उब्भुब्भउ[6] अच्छइ ।
दंसमसय सुडसंत ण साडइ[7] सप्प वि लग्ग देहि णउ फेडइ ।
दंसणसुद्धिविणउ आराहइ सहइ परीसह इंदिय साहइ ।
विकहउ[8] ण कहइ ण रूसइ ण हसइ भीसणि णिज्जणि काणणि णिवसइ ।
णाणु णिरंतरु तेणब्भसियउ कम्मु अहम्मकारि संपुसियउ ।
एम घोरु तवचरणु चरेप्पिणु तित्थयरत्तु णाउं बंधेप्पिणु ।

घत्ता—तेलोक्कचक्कसंखोहणइं सुहकम्माइं समज्जिवि ।।
मुउ मुणिवरु णिरसणविहि[9] करिवि चित्तु समत्ति णिउंजिवि ।।९।।

१०

तेत्तीसंबुहि[1]आउपमाणइ पंचाणुत्तर[2]विजयविमाणइ ।
किं वण्णवि[3] पुण्णेणुप्पण्णउ[4] हत्थमेत्त[5]तणु ससहरवण्णउ ।

९

गुरुके चरण-कमलोंकी सेवा कर वह तप ग्रहण कर परम भिक्षु हो गया। वह वीतरागके वचनोंसे ज्ञात, पाँच महाव्रतोंकी पाँच-पाँच भावनाओंका पालन करता है, वह स्वयंको तीन गुप्तियोंसे भावित करता है, नीरस भोजन करता है, रातमें नहीं सोता है। रोगसे जिनका शरीर आहत है ऐसे बाल और वृद्ध मुनिस्वामियोंकी वैयावृत्य (सेवा) करता है, अहिंसा लक्षणवाले धर्मकी व्याख्या करता है, जो मित्र और शत्रुको समानरूपसे देखता है, आते हुए उपसर्गको सहन करता है, हाथ ऊपर कर खड्गासनमें स्थित रहता है। काटते हुए डांस और मच्छरोंको नहीं भगाता, शरीर पर लगे हुए साँपको भी नहीं हटाता, दर्शनविशुद्धि और विनयकी आराधना करता है, परीषहोंको सहन करता है, और इन्द्रियोंको सिद्ध करता है, विकथा नहीं कहता, न क्रोध करता है और न हँसता है, भीषण और निर्जन काननमें निवास करता है। इस प्रकार उसने निरन्तर ज्ञानका अभ्यास किया, और अधर्म करने वाले कर्मको नाश कर दिया इस प्रकार घोर तपश्चरण कर तीर्थंकर प्रकृतिका बँधकर।

घत्ता—त्रिलोकचक्रको क्षुब्ध करनेवाले शुभ कर्मोंका अर्जनकर, अनशन विधिकर और चित्तको सम्यक्त्वमें नियोजित कर वह मृत्युको प्राप्त हुए ।।९।।

१०

तैंतीस सागर आयु प्रमाणवाले पाँचवें विजयनामक अनुत्तर विमानमें वह उत्पन्न हुए। पुण्यसे उत्पन्न उनका क्या वर्णन करूँ, उनका एक हाथ प्रमाण शरीर चन्द्रमाके रंगका प्रतिकार-

९. १. P विण्णायउ। २. A गोवइ। ३. AP जेमइ। ४. AP विज्जावच्चु। ५. AP समु। ६. P उब्भउब्भउ। ७. AP झाडइ। ८. A विकहउ कहइ ण हसइ ण रुसइ। ९. AP अणसण°।
१०. १. A तेतीसंबुहि°। २. AP पंचाणुत्तरि। ३. AP वण्णमि। ४. A पुण्णेण पउण्णउ; P पुण्णेणु पउण्णउ। ५. AP हत्थमेत्तु तणु।

णिप्पडियारउ णिरहंकारउ　　भूसणहरु अहमिंद[6]भडारउ।
णियवासहु वासंतरु ण सरइ　　उत्तरवेउव्विउ वउ ण करइ।
सीहासणि सुणिसण्णउ अच्छइ　　ओहिइ तिजगणाडि संपेच्छइ।
लेइ मणेण भक्खु[7] छुह णासहि　　सो तेत्तीस[8]हिं वरिससहासहिं।
णिग्गयदइयं[9]धवणणिहदुक्खहिं　　णीस[10]सेइ तेत्तियहिं जि पक्खहिं।
छम्मासाउसु वट्टइ[11] जइयहु　　सोहम्मिंदें जाणिउ तइयहु।
सो अह[12]मेमराहिउ आवेसइ[13]　　जियसत्तुहि घरि जिणवरु होसइ।
इम चिंतेवि भणिउ जक्खाहिउ　　धरणीगयणिहाणलक्खाहिउ।
जंबूदीवभरह[14]उज्झाउरि　　धणय कणयमयणिलयें[15]ण लहु करि।

घत्ता—ता णयरि कुबेरें णिम्मविय कंचणभवणविसेसहिं॥
सरिसरवरउ[16]ववणजिणहरहिं [17]पहचच्चरविण्णासहिं॥१०॥

११

आयउ[1] देविउ इंदाएसें　　पुरवरु माणवमाणिणिवेसें।
सिरिहिरिदिहिमइकंतीकित्तिउ　　विजयादेविहि सेव करंतिउ।
तणुसंसोहणगुणसंजोयें[2]हिं　　थक्कउ णाणा[3]विहिहिं विणोयहिं।
गब्भि ण थं[4]तहु अमरवरिट्ठउ　　वसुधारहिं वइसवणु वरिट्ठउ।

से रहित और निरहंकार, भूषण धारण करनेवाला आदरणीय अहमेन्द्र। वह अपने निवासविमानसे दूसरे विमानमें नहीं जाता। उसका शरीर प्रतिशरीर उत्पन्न नहीं करता। वह अपने सिंहासन-पर स्थित रहता। अवधिज्ञानसे वह तीनों लोकोंकी नाड़ीको देखता, वह भूख नष्ट करनेके लिए तैंतीस हजार वर्षमें मनसे आहार ग्रहण करता और धमनीके समान दुःखसे रहित तैंतीस पक्षमें एक बार श्वास लेता। जब उसकी छह माह आयु शेष रह जाती है तब सौधर्म स्वर्गके इन्द्रके द्वारा जान ली गयी। वह अहमेन्द्रराज आयेगा और जितशत्रुके घर जिनवर होगा। यह विचार-कर (इन्द्रने) धरतीपर स्थित लाखों निधानोंके स्वामी कुबेरसे कहा, 'हे धनद, जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रकी अयोध्यानगरीमें स्वर्णमय प्रासादका निर्माण करो।'

घत्ता—तब कुबेरने नगरीका विशेष कंचन भवनों, नदियों, सरोवरों, उपवनों, जिनघरों, पथों और चत्वरोंकी रचनाओंसे निर्माण कर दिया॥१०॥

११

इन्द्रके आदेशसे मानवोंकी मानवियोंके वेश देवियाँ नगरवरमें आयीं। श्री, ह्री, धृति, कान्ति, कीर्ति और विजयदेवी सेवा करने लगीं। शरीरके संशोधनों और गुणोंके उत्पादनों और नाना प्रकारके विनोदोंके साथ वे स्थित हो गयीं। उनके गर्भमें स्थित नहीं होते हुए भी अमर श्रेष्ठ

६. AP अहमिंदु। ७. P भिक्खु। ८. A तेतीसहिं। ९. P °दयियधवण°। १०. P adds वि after णीससेइ। ११. A P वड्ढइ। १२ A P सो लहु अमराहिउ। १३. A P आएसइ। १४. A जंबूदीवे भरहे उज्झा°; P जंबूभरहदीउ उज्झा°। १५. P °णिलयहु लहु। १६. P °जिणहरउववणेहिं। १७. A अइरमणीयपएसहिं।

११. १. P आइउ। २. P °संजोवहिं। ३. P णाणविहिहिं। ४. A गब्भेच्छंतहु; P गब्भि ण छंतउ।

सुहदंसणि णियमणि संतुट्ठउ   जा छम्मासहिं ता परिवट्ठउ।
पल्हत्थंतु णिहाणइं दिट्ठउ।
णरवइँपंगणि दविणु ण माइउं   सयलइं दीणाणाहहं ढोइउं।
पवरिक्खाउवंससंभूयहु   वम्महरूवपरज्जियरूवहु।
विजयदेवि णं चंदहु रोहिणि   जियसत्तुहि णरणाहहु गेहिणि।
अहिणवसयदलकोमलगत्ती   हंसवण्णि पल्लंकि पसुत्ती।

घत्ता—परमेसरि णिसि पच्छिमपहरि एक्केक्कउ जि समिच्छइ॥
णिद्दालसवस मउलियणयण सोलह सिविणय पेच्छइ॥११॥

१२

मउल्लल्लगंडं   पमत्तं पयंडं।
गिरिंदप्पमाणं   गयं गज्जमाणं।
धरित्ती खणंतं   विसं ढेक्करंतं।
हयारिंदपक्खं   हरिं तिक्खणक्खं।
करिंदाहिसित्तं   सिरिं पोमवत्तं।
सयामोयधामं   णवं पुप्फदामं।
सुहं सेयभाणुं   दिसुब्भासिभाणुं।
सिणिद्धं समाणं   दहे कीलमाणं।
रईलीलयाणं   जुयं मीणयाणं।
वरं वारिपुण्णं   सियंभोयछण्णं।

कुबेर धनकी धाराओंमें बरस गया। शुभदर्शनसे अपने मनमें सन्तुष्ट जब छह माह हो गये, तब वह परितुष्ट हो गया। निधान फैलता हुआ दिखाई दिया। राजाके आँगनमें धन नहीं समाया, समस्त धन दीनों और अनाथोंके लिए दे दिया गया। महान् इक्ष्वाकु कुलमें उत्पन्न कामदेवके रूपको अपने रूपसे पराजित करनेवाले राजा जितशत्रुकी गृहिणी विजयादेवी उसी प्रकार थी जिस प्रकार चन्द्रमाकी रोहिणी, जो अभिनव शतदलके समान कोमल शरीरवाली थी। हंसके रंगकी वह पलंगपर सो रही थी।

घत्ता—रातके अन्तिम प्रहरमें नींदसे अलसायी आँखें बन्द किये हुए वह परमेश्वरी सोलह सपने देखती है और एक-एकको समीक्षा करती है॥११॥

१२

मदसे गीले गण्डस्थलवाला प्रमत्त प्रचण्ड पहाड़ जैसा गरजता हुआ महागज, धरती खोदता हुआ, तथा फेक्कार करता हुआ वृषभ, शत्रुपक्षको नष्ट करनेवाला, तीखे नखोंवाला सिंह, गजेन्द्रोंके द्वारा अभिषिक्त कमलपत्रोंवाली लक्ष्मी, सदैव आमोद प्रदान करनेवाली नव पुष्पमाला, शुभ्र चन्द्र, दिशाओंको उद्भासित करनेवाला सूर्य, सरोवरमें क्रीड़ा करता हुआ रति-क्रीड़ासे युक्त मत्स्योंका स्निग्ध जोड़ा, जलसे भरित और श्वेत कमलोंसे आच्छादित घड़ोंकी शोभा

---

५. A परिवुट्ठउ but corrects it to परितुट्ठउ; P परिवुट्ठउ; T परिउट्ठउ। ६. A P add after this : घणु जिह पुणु वरिसंतु अणिट्ठउ। ७. A P °पंगणि। ८. A सविणय; P सिविणइं।
१२. १. P पोम्मवत्तं।

रमारामरम्मं घडाणं च जुम्मं ।
लयापत्तणीलं वि[२]उद्धारणालं ।
मरालालिरोलं सरं सारसालं ।
जलुल्लोलमालं महामच्छबालं ।
गहीरं रवालं समुद्दं विसालं ।
पहारिद्धिरूढं मइंदूढपीढं ।
णहे धावमाणं सुराणं विमाणं ।
धरारंधणि[३]त्तं पसत्थं पवित्तं ।
जसेणुण्णयाणं घरं पण्णयाणं ।
गयासामऊहं मणीणं समूहं ।
सिहालीच[४]लंतं हुयासं जलंतं ।

घत्ता—इय सिविणयपंति मणोहरिय जोइवि सीलविसुद्धइ ॥
सुविहाणइ रायहु पजरिय सुत्तवि[५]उद्धइ मुद्धइ ॥१२॥

१३

पहुणा विहसिवि गुणगणवंतहि सिविणयफलु विण्णासिउ कंतहि ।
होही तुह सुउ जियवम्मीसरु तिहुयणगुरु तिणाणजोईसरु ।[१]
तासु विमलवाहणअहमिंदहु आउ पउण्णउ बुहयणचंदहु ।
कुंजरवेसें नृ[२]वरामाणणि झत्ति पइट्ठउ णं दिणयरु घणि ।
गब्भि परिट्ठिउ जिणु जगमंगलु उट्ठिउ घरि सुरसंथुइकलयलु ।

समूहसे युक्त जोड़ा, लतापत्रोंसे हरा, खिले हुए कमलोंसे युक्त, सारसोंका घर सरोवर, उछलती हुई, जलतरंगोंसे सहित महामत्स्योंका पालक शब्दमय विमल शरीर समुद्र, प्रभाके वैभवसे भरपूर सिंहासनपीठ, आकाशमें दौड़ता हुआ देवताओंका विमान, धरतीके बिलसे निकलता हुआ पवित्र प्रशस्त तथा यशसे उन्नत नागोंका समूह, दिशाओंमें फैली हुई किरणोंवाला मणिसमूह, तथा ज्वालाओंमें जलती हुई आग।

घत्ता—इस प्रकार स्वप्नावली देखकर, शीलसे विशुद्ध सुन्दर मुग्धा विजयादेवी सबेरे सोकर उठी। उसने राजासे कहा। ॥१२॥

१३

राजाने हँसकर गुणगणसे युक्त कान्ताको स्वप्नोंका फल बताया—"तुम्हारा कामदेवको जीतनेवाला त्रिभुवनका गुरु तीन ज्ञानोंका धारक योगीश्वर पुत्र होगा।" बुधजनोंके चन्द्र उस विमलवाहन अहमेन्द्रकी आयु पूर्ण हो गयी। वह शीघ्र गजरूपमें रानीके मुखमें इस प्रकार प्रवेश कर गया मानो सूर्यने बादलोंमें प्रवेश किया हो। विश्वका कल्याण करनेवाले जिन गर्भमें आये

२. A P विबुद्धा° । ३. P °णेत्तं । ४. A सिहालीपलित्तं; P सिहालीवलत्तं, but T सिहालीचलंतं ।
५. P °विउट्ठइ ।

१३. १. A P add after this : जेट्ठहु मासहु पक्खि अधंदणि (P पक्खियचंदिणि), मावसदिणि ससहरि थियरोहिणि । २. A P णिव° ।

णच्चिउ णवरसालु तियसेसरु अहिणंदिउ जियसत्तु णरेसरु।
तासु घरंगणि वण्णविचित्तइं रयणइं पुणु णवमास णिहित्तइं।
धणयाएसें जक्खकुमारिहिं[3] घोसियसुमहुरसाहुक्कारिहिं[4]।
कामकोहमयमोहविहंजणि णिव्वुइ रिसहजिणिंदे णिरंजणि।
जलणिहिसमहं कालपरिवाडिहिं जा पण्णासलक्खु[5] गय कोडिहिं।
घत्ता—ता माहमासं[6]सियदसमिदिणि बीयउ सिवं[7]पयगामिउ॥
तित्थंकरु[8] णाणत्तयसहिउ उप्पण्णउ जगसामिउ॥१३॥

१४

उप्पण्णइ जिणि आऊरिय धर कहिं[1] वि समुग्गय जयघंटारव।
कहिं वि मइंदणिणाय सुभइरव कहिं वि समुग्गय जयघंटारव।
आसणकंपें विम्हावियमइ[2] कंपिउ अहिवइ महिवइ सुरवइ।
दसणकमलसरणच्चियसुरवरि मयजलमिलियघुलियबहुमहुयरि।
सयमहु मुणिमहसयणिव्वूढउ अइरावणि वारणि आरूढउ।
भंभा[3]भूरिभेरिसंघायहिं वज्जंतहिं वाइत्त[4]णिणायहिं।
जिणकमकमलजुयलसंगयमणु सवहु सवाहणु सधउ सपहरणु।
सोमभीमभूसाभाभासुर चलिय हरि सरसरसिर सुरासुर।
कोसलणयरि झड त्ति पराइय परियंचेवि तिवार घरु आइय।

और घरमें देवताओंकी स्तुतिका कल-कल शब्द होने लगा। इन्द्रने अत्यन्त मधुर नृत्य किया, उसने राजा जितशत्रुका अभिनन्दन किया। नौ माह तक उसके घरमें रत्नोंकी वर्षा होती रही। जिन्होंने साधुकारकी घोषणा की है ऐसी यक्ष-कुमारियोंने रंगबिरंगे रत्नोंकी वर्षा कुबेरके आदेशसे की। काम, क्रोध, मद और मोहका नाश करनेवाले ऋषभ जिनेन्द्रके निर्वाणको प्राप्त होनेके बाद, पाँच लाख करोड़ वर्ष बीत जाने पर—

घत्ता—माघ माहके शुक्लपक्षकी दसमीके दिन शिवपदगामी तीन ज्ञानके धारी विश्वके स्वामी द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथका जन्म हुआ॥१३॥

१४

अजितनाथ जिनके उत्पन्न होनेपर धरती आपूरित हो उठी। कहींपर जय-जय और घण्टों-के शब्द होने लगे, कहीं भयंकर सिंहनाद शब्द हो रहा था, कहीं जयघण्टारव उठा, आसनके कम्पायमान होनेसे जिसकी बुद्धि विस्मित है ऐसे नागराज, पृथ्वीराज और देवराज काँप उठे, जिसके दाँतोंपर स्थित सरोवरके कमलपर देववर नृत्य कर रहे हैं, जिसके मदजलसे आकृष्ट होकर अनेक भ्रमर गुनगुना रहे हैं, ऐसे ऐरावत महागजपर, तीर्थंकरोंके अभिषेकका निर्वाह करनेवाला इन्द्र आरूढ़ हो गया। भम्भा और प्रचुर भेरियोंके समूहों, बजते हुए वाद्योंके निनादों-के साथ, जिनवरके चरणकमल युगलमें संगतमन अपनी वधू, वाहन, ध्वज और अस्त्रोंके साथ, सौम्य विशाल भूषाकी आभासे भास्वर, प्रेमसे शब्द करते हुए इन्द्र, सुर और असुर चले। वे शीघ्र ही अयोध्या नगरी पहुँचे, तीन परिअर्चनाएँ कर वे घरमें आये।

३. A °कुमारहिं। ४. A °साहुक्कारहिं। ५. A °लक्ख। ६. A °मासि। ७. A सिवपुर°। ८. A तित्थंकर।

१४. १. A P कहिं मि। २. A विभाविय°। ३. P भंभाभेरिपडह°। ४. P वायत्त°।

घत्ता—पणवेप्पिणु पियरइं आयरेण सहसा चिंत्ति वियप्पिउ[5] ॥
जिणमायहि मायइ सुरवरहिं मायाबालु समप्पिउ[6] ॥१४॥

१५

जगगुरु लेवि देव गय तेत्तहि सुरगिरिपंडुसिलायलु जेत्तहि ।
तहिं सीहासणि[1] णिहिउ भडारउ मयणबाणसंताणें[2]णिवारउ ।
इंदजलणजमणेरियवरुणहं पवणधणयभवससिखरकिरणहं ।
आवाहणु करेवि पोमाइवि जण्णभाउ सब्भावें ढोइवि ।
अमरपंति अवितुट्टं[3] करेप्पिणु णीरु खीरें[4]मयरहरि भरेप्पिणु ।
किसलयछण्ण कलस उच्चाइवि मंतु पणवसाहा संजोइवि ।
देविंदहिं जिणिंदु अहिसिंचिउ कुवलयकमलकयंबहिं अंचिउ ।
देवंगइं वत्थइं परिहाविउ देउँ[5] दिव्वगंधेहिं विलेविउ ।
भूसिउ भूसणेहिं साणंदें णामकरणु विरइउं देविंदें ।
घत्ता—जाएण जेण जसु बंधुयणु कीलासु वि अविसंकिउ ॥
बहिरंतरंगवइरिहिं ण जिउ अजिउ तेण सो कोक्किउ ॥१५॥

१६

णमो जिणा कयंतपासणासणा णमो विसुद्ध बुद्ध[1] सिद्धसासणा ।
णमो कसायसोयरोयवज्जिया णमो फणिंद[2]चंदविंदपुज्जिया ।

घत्ता—माता-पिताको आदरसे प्रणाम कर सहसा देवेन्द्रने अपने मनमें विचार किया और मायासे निर्मित कृत्रिम बालक जिनवरकी माताको दे दिया ॥१४॥

१५

विश्वगुरुको लेकर देवता वहाँ गये, जहाँ सुमेरु पर्वतपर पाण्डुक शिला थी, वहाँ कामदेवके बाणोंका सन्ताप दूर करनेवाले भट्टारक जिनवरको रख दिया। इन्द्र, अग्नि, यम, नैऋत्य, वरुण, पवन, धनद, शंकर, चन्द्र और सूर्यका आह्वान कर संस्तुति की और सद्भावसे यज्ञ पूरा कर अविच्छिन्न देवपंक्ति निर्मित कर, क्षीरसागरसे जल भरकर, किसलयोंसे आच्छादित कलशोंको ऊपर कर, 'ओम् स्वाहा' कहकर, नीलकमलोंसे युक्त जलसे देवेन्द्रोंने जिनेन्द्रदेवका अभिषेक किया तथा उन्हें दिव्य वस्त्र पहनाये। दिव्य गन्धोंसे लेप किया, देवेन्द्रने आनन्दपूर्वक अलंकारोंसे उन्हें भूषित किया, तथा उनका नामकरण संस्कार किया।

घत्ता—जिसके उत्पन्न होनेसे जिसके बन्धुजन क्रीड़ाओंमें शंकाविहीन हो उठे, और जो बहिरंग तथा अन्तरंग शत्रुओंसे नहीं जीते जा सके इसलिए उन्हें 'अजित' कहकर पुकारा गया ॥१५॥

१६

यमके पाशको काटनेवाले हे जिन आपको नमस्कार हो, हे सिद्धबुद्ध और सिद्धशासन आपको नमस्कार हो, कषाय समूह और रोनासे रहित आपको नमस्कार हो; नागेशों चन्द्रोंके समूहसे

---

५. P वियप्पियउ। ६. P समप्पियउ।

१५. १. A'P सिंहासणि। २. A °संताव°। ३. P अविरुद्ध। ४. P खीरु। ५. A देव।

१६. १. A P विसुद्धबुद्धिसिद्धसासणा। २. A P फणिवइंदचंदपुज्जिया।

णमो अदीणकामबाणवारणा णमो महाभवंबुरासितारणा।
णमो विसालमोहजालछिंदणा णमो जियारिरायरायणंदणा।
णमो णिहित्तसुण्णवाइवासणा णमो अणेयभेयभावभासणा।
णमो गयालसालसीलभूसणा णमो पसण्ण दिण्णरोसदूसणा।
णमो विमुक्कदिव्वघोसणीसणा णमो रिसी तवोविहीपयासणा।
णमो अणंतसंतसम्मभावणा णमोरहंत मोक्खमग्गदावणा।

घत्ता—इय वंदिवि अमराणंदियहिं णंदणवणसुच्छायहिं॥
आणेप्पिणु उज्झहिं परमजिणु इंदें अप्पिउ मायहिं॥१६॥

१७

कालें जंतें जायउ पोढउ जयवइ णवजोव्वणि आरूढउ।
का वि णारि आलिंगणु मग्गइ क वि कामाउर पायहिं लग्गइ।
का वि कुमारि भणइ मइं परिणहि विरहु भडारा किं तुहुं ण मुणहि।
एक्कसु देहि दिट्ठि सुहगारी जा जीवमि ता दासि तुहारी।
इय णारीयणु होंतु रसिल्लउ कामासत्तउ कामगहिल्लउ।
रक्खहि देवदेव णियसंगें मारिज्जंतु वराउ अणंगें।
पिउणा सुरवइणा घरु गंपिणु पत्थिउ जिणकुमारु पणवेप्पिणु।

पूज्य आपको नमस्कार हो, अदीन काम बाणोंका ध्वंस करनेवाले आपको नमस्कार हो, हे निर्भय आपको नमस्कार, महासंसाररूपी समुद्रसे तरनेवाले आपको नमस्कार, विशाल मोहरूपी जालका छेदन करनेवाले आपको नमस्कार, जितशत्रुके पुत्र आपको नमस्कार; शून्यवादी विचारधाराको समाप्त करनेवाले आपको नमस्कार, अनेक भेदों और भावोंका कथन करनेवाले आपको नमस्कार, आलस्यसे रहित, और शीलसे भूषित आपको नमस्कार, प्रसन्न और क्रोधरूपी दूषणको दूर करनेवाले आपको नमस्कार, दिव्यध्वनिका शब्द करनेवाले आपको नमस्कार, तपकी विधिके प्रकाशक आपको नमस्कार, अनन्त शान्त और समभाववाले आपको नमस्कार; मोक्षमार्गके अर्हन्त आपको नमस्कार।

घत्ता—इस प्रकार वन्दनाकर, इन्द्रने, नन्दनवनके समान शोभा धारण करनेवाली अयोध्यामें आकर जिनेन्द्रदेवको उनकी माताके लिए अर्पित कर दिया॥१६॥

१७

समय बीतनेपर वे प्रौढ़ हो गये। विश्वपति अजितनाथ नवयौवनमें स्थित हो गये। कोई नारी आलिंगन माँगती है, कोई कामातुर होकर पैरोंसे लगती है, कोई कुमारी कहती है कि "मुझसे विवाह करो। हे आदरणीय क्या आप विरहको नहीं समझते। एक सौभाग्यशाली दृष्टि दीजिए, मैं जीवित नहीं रहूँगी, तुम्हारी दासी हूँ। इस प्रकार रसमय कामसे आसक्त और कामसे गृहीत होते हुए, कामदेवसे मारे जाते हुए नारीजनकी हे देवदेव अपने संगसे रक्षा कीजिए" इस प्रकार पिता और इन्द्रने घर जाकर जिनकुमार अजितको प्रमाणकर निवेदन किया। किसी

३. A P °दिण्णदोस°। ४. A P °संतसोमभावणा। ५. A णमो अरहंत।

१७. १. A एक्क सुदिट्ठि देहि सुहगारी; P एक्क सदिट्ठि देहि सुहगारी। २. A P add after this:; कुमरत्तें (P कुमरत्ति) पुणु कालु सुहासिउ, पुव्व अट्ठदहलक्ख पणासिउ।

कह व कह व मइइ[3] इच्छाविउ कण्णासहसहिं पँहु[4] परिणाविउ ।
सुसिरु तंति घणु पुक्खरु वज्जइ जहिं तुंबुरुणा सुसरउ गिज्जइ ।
जहिं उव्वसिरंभहिं णच्चिज्जइ अणवैमरसविसेसु[5] संचिज्जइ ।

घत्ता—जहिं मंगलदव्वविहत्थियहिं उरघोलिरहारमणिहिं ॥
आवंतिहिं जंतिहिं सुललियहिं छेउ णत्थि सुररमणिहिं ॥१७॥

१८

जहिं उवमाणउ किं पि ण दिज्जइ तं उच्छउ मइं किं वण्णिज्जइ ।
सव्वतित्थपरिपुण्णहिं कलसहिं मुणिवैयणहिं[1] णं वियलियकलुसहिं ।
खीरतुसारतारणित्तारहिं जित्तं[2]विलासिणिमोत्तियहारहिं ।
कोमैल[3]किसलयछाइयवत्तहिं विसहरसुरणरखयरुक्खित्तहिं ।
मंगलघोसविलासविसेसहिं तियसिंदहिं मिलेवि पुहईसहिं ।
किउ रज्जाहिसेउ सूयँसेवहु[4] बद्धु णिलाडि पट्टु तहु देवहु ।
महि भुंजंतहु पीणियभव्वहुं एक्कुणवीसँ[5] लक्ख गय पुव्वहं ।
एक्कहिं दिणि णरणियरणिरंतरि अँच्छंतें[6] अत्थाणब्भंतरि ।
वसुवइवसुमइकंताकंतें रयणिहि गयणभाउ जोयंतें ।

प्रकार बलपूर्वक इच्छा उत्पन्न करके प्रभुका एक हजार कन्याओंसे विवाह कर दिया गया जहां सुषिर, तन्त्री, घन और पुष्कर वाद्य बजाये जाते हैं और तुम्बिरके द्वारा सुसरस गान किया जाता है, जहां उर्वशी और रम्भाके द्वारा नृत्य किया जाता है। इस प्रकार बिना नौवें रस (शान्त) के बिना रस विशेष संचित किया जाता है।

घत्ता—जहां, जिनके हाथमें मंगल द्रव्य हैं और वक्षपर हारमणि हिलडुल रहे हैं ऐसी आती जाती हुई सुन्दर सुर रमणियोंका अन्त नहीं है ॥१७॥

१८

जिसका कोई भी उपमान नहीं दिया जा सकता, ऐसे उस उत्सवका मेरे द्वारा क्या वर्णन किया जा सकता है? मुनि वचनोंके समान कालुष्य (पाप—कलुषता) से रहित, क्षीरकी तरह हिमकणोंसे निरन्तर भरपूर, विलासिनियोंके मोतियोंके हारको जीतनेवाले, कोमल किसलयवाले, पत्तोंसे आच्छादित, नागों, देवों और मनुष्यों एवं विद्याधरोंके द्वारा उठाये गये, सब तीर्थोंसे परिपूर्ण कलशोंसे, मंगलघोषों और विलासोंसे विशिष्ट, देवों देवेन्द्रों और पृथ्वीशोंने, लक्ष्मीके द्वारा सेवित देवका राज्याभिषेक किया और उनके ललाटपर पट्ट बांध दिया। भव्योंको प्रसन्न करनेवाले और धरतीका भोग करनेवाले उन्नीस लाख पूर्व समय बीत गया। एक दिन मनुष्य-समूहसे भरपूर दरबारके मध्य बैठे हुए धरती और लक्ष्मीके स्वामी रात्रिमें आकाश मार्गमें,

---

३. A मंडइ; P मडइ। ४. P सहु। ५. A P अणुवम°; T अणुवम° but the meaning given is शान्तरसरहितः।

१८. १. A P णं मुणि°। २. P जिणिवि विला°। ३. A कमलकिसलयच्छाइय°; P कमलहिं किसलयछाइय°। ४. A सुरसेवहु; P सियसेवहु। ५. A एक्कुणलक्खवीस गय; P तयपंचास लक्ख गय। ६. P अच्छइ जा अत्थाण°।

घत्ता—ताँ तेण दीह ससहरधवल उक्क पडंती दिट्ठिय ॥
णं णहसिरिकंठहु परियलिय चलमुत्ताहलकंठिय ॥१८॥

१९

पेच्छंतहु सा तहिं जि विलीणी ईसमणीस समासमलीणी ।
गयणुम्मुक्क उक्क गय जेही अथिर णरेसरसंपय तेही ।
लग्गमि णिरवज्जहि मुणिविज्जहिं पभणइ सामि जामि पावेज्जहि[1] ।
छणि छणि जडयणु किं हरिसिज्जहि आउ वरिसवरिसेणं[2] जि खिज्जइ ।
जीय भणंतहं विहसइ तूसइ मँरु पभणंतहं[3] रुंजइ रूसइ ।
ण सहइ मरणह केरउ णाउं वि पहरणु धरइ फुरइ णित्थाउ वि ।
कालि महाकालिहिं घरु ढुक्कइ मज्जु मासु ढोवंतु ण थक्कइ ।
जोइणीहिं को किरें[4] रक्खिज्जइ पीडिवि मोडिवि कालें खज्जइ ।
खयकालहु रक्खंति ण किंकर मय मायंग तुरंगम रहवर ।
खयकालहु रक्खंति ण केसव चक्कवट्टि विज्जाहर वासव ।
होइ विसूई सप्पें[5] घेप्पइ[6] दाढिविसाणिमृँगहिं[7] दारिज्जइ[8] ।
जलि जलयर थलि थलयर वइरिय णहि णहयर भक्खंति अवारिय ।
तो वि जीउ जीवेवइं[9] वंछइ लोहें मोहें मोहिउ अच्छइ ।

घत्ता—चन्द्रमाके समान धवल लम्बी उल्का गिरते हुए देखी मानो आकाशरूपी लक्ष्मीकी मोतियोंकी चंचल कण्ठी गिर गयी हो ॥१८॥

१९

देखते-देखते वह उल्का वहीं विलीन हो गयी। भगवान् की बुद्धि उपशमको प्राप्त हुई। वह विचार करने लगे कि जिस प्रकार आकाशसे च्युत उल्का चली गयी, उसी प्रकार नरेश्वरकी सम्पत्ति अस्थिर है। मैं निरवद्य मुनिविद्यामें लगूँगा। स्वामीने कहा कि मैं प्रव्रज्याके लिए जाता हूँ। मूर्खजन क्षण-क्षणमें क्यों प्रसन्न होता है? आयु साल-सालमें क्षीण-क्षीण होती है। 'जियो' कहने वालों पर (जीव) हँसता है और सन्तुष्ट होता है, मरो कहने वालों पर गर्जता है और रुष्ट होता है? वह मरणका नाम भी सहन नहीं करता। दुर्बल होते हुए भी प्रहरण धारण करता है, स्फुरित होता है। काली और महाकालीके घर पहुँचता है। और मद्य मांस ले जाते हुए नहीं थकता। योगिनियोंके द्वारा किसकी रक्षा की जाती है, कालके द्वारा पीडित कर और तोड़कर खा लिया जाता है। अनुचर क्षयकालसे नहीं बचा सकते। मत्तमातंग तुरंग और रथवर भी। क्षयकालसे केशव चक्रवर्ती विद्याधर इन्द्र भी रक्षा नहीं करते। विशूचिका होता है और सांपके द्वारा ग्रहण किया जाता है। दाढ़ी और सींगवाले पशुओंके द्वारा विदीर्ण कर दिया जाता है। जलमें जलचर और थलमें थलचर उसके दुश्मन हैं, आकाशमें आकाशचर जीव खा लेते हैं बिना किसी देरके। तब भी जीव जीनेकी इच्छा रखता है, और लोभ तथा मोहसे मोहित रहता है।

७. A तो।

१९. १. P पव्वज्जहि। २. A P वरिसु वरिसेण। ३. A मरणु भणंतहं; P मरु पभणंतहं। ४. A किर को रक्खिज्जइ; P किं किर। ५. A संपेसिज्जइ। ६. A P add after this : दहि बुड्डइ जलणेण पलिप्पइ। ७. A P °मिगहिं। ८. A P add after this : विसविवक्खसत्थहिं मारिज्जइ। ९. A जीवेवउ; P जीवेव्वउ।

घत्ता—सुहुं वंछइ पर[10] तं णउ लहइ मरणहु तसइ ण चुक्कइ ॥
[11]इच्छाभयपरवसु एहु जणु जममुहकुहरहु ढुक्कइ ॥१९॥

२०

[1]तांवाइय लोयंतिय सुरवर   ते भणंति जय जगगुरु सुरवर ।
[2]चंगउ चित्तडिंभु संथवियउ   णाणणिहेलणि पइं संथवियउ ।
[3]छंडहि पणइणि कंचणगोरी   [5]धरेहि भुवणसंबोहणगोरी ।
गइदुच्चरित्तकम्मसंताणइ   अजियसेणु णिहियउ संताणइ ।
पभणिउ पुत्त [6]घरेसु संताणइ   सयलमहीयलकयसंताणइ ।
तहिं अवसरि णहु छण्णु विमाणहिं   पत्तहिं गिव्वाणेहिं विमाणिहिं ।
किउ दिक्खाहिसेउ तियसेसहिं   अंचिउ पहु पसत्थतियसेसहिं ।
गय खग सुर णियँसिवियाजाणें   फलतरुणविएं पवरुज्जाणें ।
[8]णावइ णविउ [9]सहेउवणामें   सो सोहंतु सुद्धपरिणामें ।
णिच्च करंति पणयकलहं सइं   जहिं सरि सरु मुयंति कलहंसइं ।
[10]तडगंधव्वगीयकलहंसइं   ताहं चलणि रसियइं कलहंसइं ।
तहिं सत्तच्छयतलि सुणिसण्णउ   जिणु जिणंतु चत्तारि वि सण्णउ ।

घत्ता—सुखकी इच्छा करता है परन्तु उसे नहीं पाता, मौतसे डरता है (त्रस्त होता है) परन्तु चूकता नहीं, इस प्रकार इच्छा और भयके अधीन यह जीव उन यमके मुख रूपी कुहरमें प्रवेश करता है ॥१९॥

२०

इतनेमें लौकान्तिक देववर आये। वे देववर कहते हैं कि हे विश्वगुरु आपकी जय हो, आपने चित्तरूपी बालकको धैर्य बँधाया, और उसे ज्ञानरूपी घरमें स्थापित किया। स्वर्गकी तरह गोरी कामिनीको आप छोड़ते हैं, और भुवनको सम्बोधित करनेवाली गोरी (सरस्वती) को धारण करते हैं। दुश्चरित कर्मकी सन्तान परम्परा चले जाने पर उन्होंने अजितसेनको कुल-परम्परामें स्थापित किया और कहा—हे पुत्र, तुम कुल-परम्परामें चलना, और समस्त विश्वको निज सन्तान समान मानना। उस अवसरपर आकाश विमानोंसे आच्छादित हो गया। आये हुए असंख्य देवेन्द्रोंके द्वारा दीक्षाभिषेक किया गया। प्रशस्त स्त्रियोंके द्वारा अर्चा की गयी। विद्याधर और देव अपने-अपने शिविकायानसे चले गये। वह अपने शुद्ध धारणाओंसे इस प्रकार शोभित है, जिस प्रकार, फलसे यौवनको प्राप्त, सहेतुक नामका विशाल उद्यान जैसे झुक गया हो। जहाँ कलहंस स्वयं नित्य प्रणयकलह करते हैं और जहाँ नदीमें वे सुन्दर स्वर करते हैं। जहाँ नट गन्धर्वोंके गीतोंकी सुन्दरताको नष्ट करनेवाले उनके पैरोंमें सुन्दर नूपुर बज रहे थे, ऐसे उद्यानमें सप्तपर्णी वृक्षके नीचे बैठे हुए, चार संज्ञाओं (आहार, निद्रा, भय और मैथुन) को जीतते हुए, आशा रहित परमेश जिनवर ने।

---

१०. P तं पर णउ। ११. A इच्छाहय परवसु; P मिच्छाभयपरवसु।

२०. १. A P तावाइय। २. चित्तडंभु but gloss बालकः। ३. A छंडिवि; P छड्डुहि। ४. A P चंपय°। ५. P धरहि। ६. P घरसु। ७. A णर; P णिव। ८. A तावइ णमिउ। ९. A P सहेउअणामें; K सहेउवणामें but gloss and T सहेउवणामें सहेतुकनाम्नोद्यानम्। १०. A णडगंधव्व°। P तडि गंधव्व°।

घत्ता—[11]माहे मासे सियणवमिदिणे रोहिणिरिक्खि गयासें ॥
अवरण्हइ केसलोउ करिवि लइय दिक्ख परमेसें ॥२०॥

२१

जे धम्मेल्ल विमुक्क सुवत्तें[1] ते सुरणाहें मणिमयपत्तें ।
लेवि घित्त खीरण्णवणीरइ को णउ करइ भत्ति जइ णीरइ ।
विसयपरीसहरिउहु[2] ण संकिउ णृवसहासु[3] तें सहुं दिक्खंकिउ ।
णाणु चउत्थउ खणि उप्पण्णउं छट्ठववासें व्रउ[4] पडिवण्णउं ।
उज्झाणयरिहिं बीयइं[5] वासरि किउं पारणउं बंभरायहु घरि ।
कुसुमवरिसु सुरवडहणिणायइं[6] पंचच्छरियइं तहिं संजायइं ।
गेहणेहबंधणु[7] विच्छिण्णउं बारहवरिसइं तउ संचिण्णउं ।
पूसहु सुक्कपक्खि संपत्तइ एयारसि रोहिणिणक्खत्तइ ।
भावाभावालोयविराइउ[8] केवलणाणु तेण उप्पाइउ ।
हय दुंदुहि णं गज्जिउ सग्गें आय देव दिसिविदिसहुं[9] मग्गें ।

घत्ता—चत्तारि सयाइं सरासणहं सड्ढइं देहु जिणिंदहो ॥
अमरिंदें दूरासंकिएण मण्णिउ सरिसु गिरिंदहो ॥२१॥

घत्ता—माघ, माहके शुक्लपक्षकी नवमीके दिन रोहिणीनक्षत्रके अपराह्णके समय केश लोंचकर दीक्षा ग्रहण कर ली ॥२०॥

२१

सुन्दर मुखवाले उन्होंने जो बाल छोड़े उन्हें देवेन्द्रने मणिमय पात्रमें लेकर क्षीर समुद्रके पानीमें डाल दिया, नीरज (रजरहित निष्पाप) मुनिकी भक्ति कौन नहीं करता। विषयरूपी परीसहके शत्रुसे शंका नहीं करते हुए, एक हजार राजाओंने उनके साथ दीक्षा ग्रहण कर ली। एक क्षणमें चौथा ज्ञान उन्हें उत्पन्न हो गया, छठे उपवाससे उनका व्रत सम्पन्न हुआ, दूसरे दिन, अयोध्यानगरीमें उन्होंने ब्रह्मराजाके यहाँ पारणा की। कुसुम वर्षा, देवनगाड़ोंका निनाद और पाँच महाश्चर्य वहाँ हुए, घरके स्नेहका बन्धन छिन्न-भिन्न हो गया, बारह वर्ष तक उन्होंने तपश्चरण किया। पूष माहका शुक्लपक्ष आनेपर ग्यारस रोहिणी नक्षत्रमें विश्वके समस्त पदार्थोंको प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान उन्हें उत्पन्न हो गया। देव दुन्दुभियाँ आहत हो उठीं, मानो स्वर्ग गरज उठा हो, देवता दिशा और विदिशाके रास्ते आये।

घत्ता—जिनेन्द्रके साढ़े चार सौ धनुष ऊँचे शरीरको देखकर दूरसे आशंकाको प्राप्त इन्द्रने उन्हें सुमेरु पर्वतके समान समझा ॥२१॥

११. A P माहहो मासहो।
२१. १. A P °वत्तें। २. A P विसहपरीसह°। ३. A P णिव°। ४. A P वउ। ५. A तीयइ। ६. A P °पडह°। ७. P गेहि णेह°। ८. A P भावाभावलोएं पविरायउ। ९. A °विदिसहं मग्गे; P °विदिसि णहग्गें।

२२

णवकणयवण्णु खमभावु पुण्णु ।
संथुउ अणेण अमराहिवेण ।
जय भव भवंत जय दाणवंत ।
जय भूयणाह[1] विरइयविवाह ।
जय गोरिरमण जय सुविसगमण ।
जय तिउरडहण जय मयणमहण ।
जय मोक्खमग्ग णिग्गंथ णग्ग ।
जय सोमसीस जय तिहुवणीस ।
जय णायहार- भूसियसरीर ।
सुतिलोयणास- हर हरविलास ।
सुरयंतवित्त- पब्भाररत्त ।
णीसरियविमल चउवयणकमल ।
जय वेयभासि पसुवहपयासि ।
णिदड्ढडंभ[2] जय परमबंभ ।
कंपावियक्क कयधम्मचक्क ।

२२

इन्द्रने उनकी स्तुति शुरू की—"आप नवस्वर्णवर्णके समान हैं, आपका क्षमाभाव पूर्ण हो चुका है, भवका अन्त करनेवाले हे शंकर आपकी जय हो। दानशील आपकी जय हो। हे भूतनाथ (सकल प्राणियोंके स्वामी), आपकी जय हो। विवाहसे विरक्त आपकी जय हो। गौरीरमण (पार्वती सरस्वतीसे रमण करनेवाले) आपकी जय हो, सुवृषगमन (धर्मका प्रवर्तन करनेवाले, बैलपर गमन करनेवाले) आपकी जय हो। त्रिपुर दहन (त्रिपुरराक्षसका दहन करनेवाले और जन्म जरा और मरणका नाश करनेवाले) आपकी जय हो, मोक्षमार्ग (मोक्षमार्ग स्वरूप, बाण छोड़नेवाले) आपकी जय हो, हे निर्ग्रन्थनग्न आपकी जय हो। हे सोमशिष्य (शान्तशिष्य, चन्द्रमस्तक) आपकी जय हो। त्रिभुवनस्वामी (त्रिलोकस्वामी, त्रिपथगा स्वामी) आपकी जय हो। हे नायधार (सन्मार्ग धारण करनेवाले और नागोंको धारण करनेवाले) आपकी जय हो। भूषित शरीर (अलंकृत शरीर, भभूतसे अलंकृत शरीर) आपकी जय हो। हे सुतिलोयनाश (त्रिलोकका नाश करनेवाले, तीन नेत्रोंको धारण करनेवाले) हे हर (शिव, धर्मधर) आपकी जय हो, हरविलास (क्रीड़ा रहित विशिष्ट क्रीड़ावाले) आपकी जय हो। सुरयंतवित्त प्राग्भाररक्त (सुरतिका अन्त करनेवाले, चरितके व्रतमें लीन रहनेवाले, सुरतिमें अन्ततक प्रयत्नशील रहनेवाले) णीसरियविमल (जिससे विशिष्ट मल अलग हो चुके हैं, ऐसे जो चार मुख रूपी कमलवाले हैं।

वेदभाषी (ज्ञानको प्रकाशित करनेवाले, वेदको प्रकाशित करनेवाले) आपकी जय हो। पसुवह पयासी (पशुवध करनेवाले, पशुओंके लिए भी पथ प्रकाशक) आपकी जय हो। निर्दग्धदम्भ (दम्भको जलानेवाले, निकृष्ट दम्भवाले) आपकी जय हो। हे परम ब्रह्म (परमात्मस्वरूप, ब्रह्मा, विष्णु, और महेश स्वरूप) आपकी जय हो, अर्कको कम्पित करनेवाले हे धर्मचक्र

---

२२. १. P भूवणाह। २. A णिद्दंदडंभ।

जय चक्कपाणि जय दिव्वणाणि[3] ।
बहुसोक्खहेउ जय गरुलकेउ ।

घत्ता—तुह गब्भणिवासि हिरण्णमयविट्ठिइ सुट्ठु पसिद्धउ ॥
तुहुं तेण हिरण्णगब्भ[4] भणिउ अण्णहु एँउ णिसिद्धउ[5] ॥२२॥

२३

वंदिवि एम सुरिंदें सत्तिइ विरइउ समवसरणु जिणभत्तिइ ।
माणखंभसरवरसरपरिहहिं सकुसुम[1]वेल्लिहिं मरगयफलिहहिं ।
णिम्मियपायारेहिं विचित्तिहिं थूहहिं सूरयंतमणिदित्तिहिं ।
कप्पद्दुमचेईहरचिंधहिं धूवहडेहिं सुधूवसुगंधहिं[2] ।
णडसालाहिं णट्टतंडवियहिं[3] थामि थामि मणिमयमंडवियहिं ।
तोरणरयणालंकियदामहिं[4] कणयदंडवरफणिपडिहारहिं[5][6] ।
जं एँहउं तहिं मोक्खहु पंथिउ[7] अजियणाहु सीहासणि संठिउ ।
पुव्वासासंमुहुं आसीणउ[8] किं वण्णमि तेल्लोक्कपहाणउ ।

(धर्मचक्र, चक्राकार धनुषवाले) आपकी जय हो। हे चक्रपाणि (हाथमें चक्रका लांछनवाले, चक्रवाले) आपकी जय हो। हे दिव्यज्ञान आपकी जय हो। बहुसोक्खहेउ (बहुत लोगोंके सुखके कारण, वधुओंके सुखके कारण) हे गरुडध्वज आपकी जय हो।

घत्ता—गर्भमें स्थित रहनेपर हिरण्यमय वृष्टिसे आप बहुत प्रसिद्ध हुए इसी कारण आप हिरण्यगर्भ कहे गये, दूसरेके लिए, यह नाम निषिद्ध है ॥२२॥

२३

इस प्रकार देवेन्द्रने वन्दना कर, मानस्तम्भों, सरोवरों, सरों और परिखाओं, पुष्प सहित लताओं, मरकत और स्फटिक मणियों, बनाये गये विचित्र परकोटों, सूर्यकान्तमणियोंसे दीप्त थूनियों, कल्पवृक्षों, चैत्यगृहों और चिह्नों, सुन्दर धूप से सुगन्धित धूपघटों, जिनमें ताण्डव नाट्य किया जा रहा है, ऐसी नाट्यशालाओं, स्थान-स्थानपर मणिमय मण्डपों तोरणों, रत्नों से अलंकृत मालाओं, स्वर्णदण्ड धारण करनेवाले श्रेष्ठ ....? प्रतिहारोंसे, उसने (देवेन्द्रने) शक्ति और भक्तिके साथ जब ऐसे समवशरणकी रचना की, तो मोक्षके पथिक अजितनाथ सिंहासनपर स्थित हो गये। पूर्व दिशा के सम्मुख बैठे हुए उन त्रिलोक श्रेष्ठ का मैं क्या वर्णन करूँ ?

---

३. A P दिव्ववाणि । ४. A P °गब्भु । ५. A एउ ण सिद्धउ ।
२३. १. P सुकुसुम° । २. P सुयंधसुयंधहिं । ३. A णट्टमंडवियहिं । ४. A P रयणतोरणालं° । ५. A P °दारहिं । ६ A P °दंडधर° । ७. P जं एहउ तं सक्कें पत्थिउ, जगकारुण्णें आवेप्पिणु थिउ । ८. P पुव्वासामुहुं तेण आसीणउ ।

घत्ता—चउतीसातिसयविसेसधरु जिणु हरिवीढि वइट्ठउ ॥
उययइरिसिहरि उययंतु रवि छुडु णं[1] लोएं दिट्ठउ ॥२३॥

२४

सव्वभद्दु तं तहु सीहासणु   कुसुमवासु भसलावलिपोसणु ।
णवकंकेल्लिरुक्खु कोमलदलु   भामंडलु णं दिणयरमंडलु ।
छत्तइं तिण्णि चंदसंकासइं   चमरइं हिमगोखीराभासइं ।
वज्जइ दुंदुहि भुवणाणंदणु   विरइयरिद्धिउ सइं सक्कंदणु ।
णिग्गय दिव्वभास[1] सच्चुंणणय[2]   तं णिसुणंति अमर णर पणणय ।
अक्खइ जिणु सत्त वि पायालइं   णरयलक्खदुक्खग्गिविसालइं ।
अक्खइ जिणु भावणसंपत्तिउ   वेंतरजोइससग्गुप्पत्तिउ ।
अक्खइ जिणु अहमिंद वि सुरवर   बहुविह णर तिरिक्ख तस थावर ।
अक्खइ जीवकम्मभेयंतरु[3]   अक्खइ पेक्खइ तिजगु[4] णिरंतरु ।
सीहसेणरायाइय गणहर   जाया णउइ[5] तासु सम्मयधर[6] ।

घत्ता—सहसाइं तिण्णि पण्णासियइं सयइं सत्त भयवंतहं ॥
पुव्वंगधरहं तहिं मुणिवरहं जायइं संतहं दंतहं ॥२४॥

घत्ता—चौंतीस अतिशय विशेषोंको धारण करनेवाले जिनेन्द्र भगवान् सिंहासनपर बैठ गये मानो लोगोंने उदयाचलके शिरपर उगता हुआ सूर्य शीघ्र देखा हो ॥२३॥

२४

उनका वह सर्वभद्र सिंहासन था, जिसमें कुसुमोंकी गन्ध है, और जो भ्रमरावलीका पोषण करनेवाला है, ऐसा कोमलदलवाला नव अशोकवृक्ष, भामण्डल, (मानो दिनकरका मण्डल हो) चन्द्रमाके समान तीन छत्र, चन्द्रमा और दूधकी आभाके समान चमर, भुवनको आनन्द देनेवाली दुन्दुभि बजती है। ऋद्धियोंको उत्पन्न करनेवाला इन्द्र स्वयं (कहता है); भगवान्‌की सत्यसे उन्नत दिव्यभाषा निकलती है उसे अमर नर और नाग सुनते हैं। जिन भगवान् नरककी लाखों दुःखरूपी अग्नियोंसे विशाल सात पातालों (सातों नरकों) का कथन करते हैं। जिनवर, भवनवासी देवोंकी सम्पत्तिका कथन करते हैं। व्यन्तर ज्योतिष स्वर्गोंकी उत्पत्तिका कथन करते हैं। जिन, अहमेन्द्र सुरवर बहुविध मनुष्य तिर्यंच त्रस और स्थावरका कथन करते हैं। जीव और कर्मके भेदोंका कथन करते हैं। त्रिजगको निरन्तर देखते हैं और उसका कथन करते हैं। सम्यग्दर्शन धारण करनेवाले सिंहसेनादि उनके नब्बे गणधर थे।

घत्ता—तीन हजार सात सौ पचास ज्ञानवान पूर्वांगके धारी शान्त और दांत मुनिवर हुए ॥२४॥

१. A णं तइलोएं दिट्ठउ।

२४. १. P दिव्ववाणि। २. A सव्वुणणय; P सव्वण्णुय; but K सच्चुण्णय and gloss सत्योन्नता। ३. P °कम्महो यंतरु। ४. A तिजयब्भंतरु। ५. A P णवइ; K णउवि and gloss नवतिः। ६. A सम्मइधर।

२५

छहुसयाइं इगिवीससहासइं सिक्खुयरिसिहिं विमुक्कधणासइं ।
चउसयाइं णवसहसइं सिट्ठइं णाणत्तयसंजुत्तइं[1] दिट्ठइं ।
केवलणाणिहिं वीससहासइं जाइं अणंगसंगणिण्णासइं ।
ताइं जि पुणु चउसयहिं समेयइं विक्किरियारिद्धिहरहं णेयइं ।
तवसमसहसइं पुणरवि उत्तइं चउसयाइं पण्णासइ जुत्तइं[2] ।
सग्गारोहण[3]सुहयणिसेणिहिं संभूयइं[4] मणपज्जवणाणिहिं ।
तेत्तियइं जि पण्णासइ रहियइं[5] दिण्णुत्तरहं विवाइहिं विहियइं ।
एंव[6] गणंतगणंतहुं आयउ एक्कु लक्खु भिक्खुहुं संजायउ ।
अज्जहं लक्खइं तिण्णि समासेंवि[7] उप्परि सहसइं वीस णिवेसंवि[8] ।
तेत्तिय हउं सावय आहासवि[9] पंचलक्ख अणुवइयहिं घोसवि[10] ।
संखारहिय देव णिद्देसवि[11] देविहिं किह[12] परिमाणु[13] गवेसवि ।

घत्ता—इय एत्तियसंघें परियरिउ पुव्वहं विरइयपरहिय[14] ॥
[15]तेपण्णलक्खु महियलि भमिवि बारहवरिसहिं विरहिय ॥२५॥

२६

सिहरिहिं दरिसियदरिमयवेयहु[1] पुणु अवसाणि गंपि संमेयहु ।
मासमेत्तु थिउ पडिमाजोएं जाणमि णाहु विमुक्कउ जोएं ।

२५

धनकी आशासे रहित इक्कीस हजार सातसौ शिक्षक मुनि थे। नौ हजार चार सौ, तीन ज्ञानोंसे युक्त (अवधिज्ञानी) कहे गये हैं। कामके संगका नाश करनेवाले बीस हजार केवलज्ञानी। इतने ही अर्थात् बीस हजार और चार सौ विक्रिया ऋद्धिवालोंको जानना चाहिए। स्वर्गारोहणकी सुखद नसैनी मनःपर्यय ज्ञानी बारह हजार चार सौ पचास। पचास रहित इतने ही अर्थात् बारह हजार चारसौ उत्तर देनेवाले अनुत्तरवादी। इस प्रकार गिनते-गिनते एक लाख भिक्षु हो जाते हैं, संक्षेपमें तीन लाख बीस हजार आर्यिकाएं और इतने ही मैं श्रावक कहता हूँ। मैं पाँच लाख अणुव्रतियों (श्राविकाओं) की घोषणा करता हूँ। मैं देवोंका संख्यारहित निर्देश करता हूँ। देवियोंके परिमाणकी मैं क्या खोज करूँ ?

घत्ता—इस प्रकार इतने संघसे घिरे हुए, बारह वर्ष कम त्रेपन लाख पूर्वतक, दूसरोंका हित करते हुए उन्होंने धरतीपर परिभ्रमण किया ॥२५॥

२६

जिसकी घाटियोंमें हरिणोंका वेग दिखाई देता है, ऐसे सम्मेदशिखरपर वह अन्तमें गये। एक माह तक प्रतिमायोगमें स्थित रहे। मैं जानता हूँ फिर स्वामी योगसे विमुक्त हो गये। इस

२५. १. A P °संजुत्तइं। २. P °उत्तइं। ३. A P सुहणिस्सेणिहिं, but T सुहय° सुखद°। ४. P संभूयहिं। ५. P वहियइं। ६. A P एम। ७. A P समासमि। ८. A P णिवेसमि। ९. A P सावइ आहासमि। १०. A P घोसमि। ११. A P णिद्देसमि। १२. A P कहिं। १३. A P गवेसमि। १४. A P विहरइ परहिय। १५. A तेवण्ण लक्ख; P सो एक्कु लक्खु।

२६. १. A दावियदरिसरिवेयहु; P दरिसियदरिसरिवेयहु।

एक्कपिंड बाहत्तरिलक्खइं जीवेप्पिणु पुव्वहं कय[3]सोक्खइं ।
मासि चइत्ति पक्खि ससिजोण्हइ पंचमिदिवसि जाइ पुव्वण्हइ ।
रोहिणिरिक्खि कम्मसंघारणु दंड[4]कवाडुरुजगजगपूरणु ।
अंतिमझाणु झत्ति विरएप्पिणु तिण्णि वि तणुबंधणइं मुएप्पिणु ।
भुवण[5]त्तयसिहरहु सुहठाणहु अजिउ भडारउ गउ णिव्वाणहु ।
कय णिव्वाणपुज्ज सुरसारहिं तणु संपूइ[6]उ अग्गिकुमारहिं ।
गउ सुरवइ जिणगुणरंजियमणु अवरु वि जहिं आयउ तहिं गउ जणु ।

घत्ता—जिह रिसहें भरहहु वज्जरिउं तिह हउं तुह सूयमा[7]णण ॥
आहासमि सयररायचरिउ कुंदपुप्फदंताणण ॥२६॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे अजियणिव्वाणगमणं णाम अट्ठतीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥३८॥

॥ [8]अजियचरियं समत्तं ॥

प्रकार बहत्तर लाख पूर्व वर्ष सुख पूर्वक जीकर चरमशरीरी, चैत्रशुक्ल पंचमीके दिन पूर्वाह्णमें (जब कि रोहिणी नक्षत्र था) कर्मका संहारक दण्डप्रतर आदि लोकपूरण-समुद्घात क्रिया कर तथा अन्तिम ध्यान कर तीन शरीर बन्धनों (औदारिक तैजस और कार्मण) को छोड़कर, आदरणीय अजितनाथ भुवनत्रयके शिखर शुभस्थान निर्वाणके लिए चले गये। सुरश्रेष्ठोंने उनकी निर्वाण-पूजा की। अग्निकुमार देवोंने उनके शरीरका संस्कार किया। इन गुणोंसे रंजित मन होनेवाला इन्द्र चला गया। और भी लोग जहाँसे आये थे वहाँ चले गये।

घत्ता—कुन्द पुष्पके समान मुखवाले हे श्रेणिक, सगर राजाका जैसा चरित ऋषभ नाथने भरतसे कहा था वैसा मैं तुमसे कहता हूँ ॥२६॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका अड़तीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३८॥

२. AP जाणिवि । ३. A P कयसंखहं । ४. A दंडु कवाड पयरजयपूरणु; P दंडु कवाडु पयरु जयपूरणु । ५. A भुवणंतय°; P भुवणत्तइ । ६. A P संकारिउ । ७. A P T सियमाणण । ८. A P omit अजियचरियं समत्तं ।

संधि ३९

गुणगणहरु भासइ गणहरु बहुरसभावणिरंतरु ॥
मगहाहिव णिसुणि महाहिव सयरणरिंदकहंतरु ॥ ध्रुवकं ॥

१

इह जंबुदीवि खरयरकराहि मंदरगिरिपुव्विल्लइ विदेहि ।
सीयहि दाहिणयलि संणिसण्णु उद्दामगामसीमापवण्णु ।
णं धरणिइ दाविउ सुहपएसु वच्छावइ णामें अत्थि देसु ।
मायंदणवदलुक्कंठियाउ जहिं कलयलंति कलयंठियाउ ।
कमलायर धरियसुपुंडरीय णं णरवइ धरियसुपुंडरीय ।
उववणइं विविहवच्छंकियाइं गोउलइं धवलवच्छंकियाइं ।

सन्धि ३९

गुणोंके समूहको धारण करनेवाले गौतम गणधर कहते हैं—"हे महाधिप मगधराज, अनेक रसभावोंसे परिपूर्ण राजा सगरका कथान्तर सुनो ।"

१

सूर्यके तेजसे युक्त इस जम्बूद्वीपमें मन्दराचलके पूर्व विदेहमें सीता नदीके दक्षिण तटपर स्थित वत्सावती नामका देश है । उत्कट ग्रामों और सीमाओंसे परिपूर्ण जो मानो धरतीके द्वारा सुप्रदेशके रूपमें दिखाया गया हो । जहाँ आम्रवृक्षोंके नवदलोंके लिए उत्कण्ठित कोयलें कलकल ध्वनि करती हैं, कमलोंको धारण करनेवाले सरोवर ऐसे हैं मानो राजाने सुपुण्डरीक (छत्र और कमल) धारण कर रखा हो । जहाँ विविध वृक्षोंसे अंकित उपवन हैं, और धवल बछड़ोंसे अंकित

Mss. A and P have the following stanza at the beginning of this Saṃdhi :—

शशधरबिम्बात्कान्ति (न्ति ?) स्तेजस्तपनाद्गभीरतामुदधेः ।
इति गुणसमुच्चयेन प्रायो भरतः कृतो विधिना ॥१॥

This stanza is also found at the beginning of Saṃdhi XVIII of this Work in certain Mss. of the Mahāpurāṇa. For details see Introduction to Vol. I. pp. xvi–xxvii and also foot-note on page 295 of the same Vol. K does not give it there or here.

१. १. A P महाणिव । २. A उत्तरयलि; K उत्तरयलि but corrects it to दाहिणयलि । ३. A कलियंठियाउ ।

जहिं मंडव दक्खाहल[4] वहंति घरि घरि करिसणियहं[5] हल वहंति ।
जहिं णिच्चु जि [6]सुट्ठ [7]सुहिक्खु खेउं कामिणिउ देंति कामुयहं खेउं ।

घत्ता—विम्हिय[8]सुरु तहिं पुहईपुरु पविमलमणिमयमहियलु[9] ॥
सरयामलु चंदयरुज्जलु [10]घरचूलाहयणहयलें[11] ॥१॥

२

तहिं णिवसइ सिरिजयसेणु राउ जिणसेणापणइणिजणियराउ ।
रइसेणु पुत्तु पररमणिअवरु उप्पण्णु ताहं दिहिसेणु अवरु ।
ते विण्णि वि जण पच्चक्खकाम ते बिण्णि वि जण संपण्ण[1]काम ।
ते बिण्णि वि जण ससिसूरधाम ते बिण्णि वि जण जयलच्छिधाम ।
ते बिण्णि वि जण परहियविवेय[2] ते बिण्णि वि जण जणणहु विहेय ।
गुरुदेवमित्तबंधवविणीउ रइसेणु णवर कालेण णीउ ।
करपल्लवग्गताडियउराइं पडियइं पियरइं सोयाउराइं ।
अप्पउ ण मुणंति ण घरु[3] दुवारु सिसुमोहणीउ मुणिहिं वि दुवारु ।

घत्ता—णिवडंतहं बिहिं वि रडंतहं उवसमभाउप्पायणु ॥
कयसंतिहिं दिण्णउं मंतिहिं[4] जिणवरवयणु[5] रसायणु ॥२॥

गोकुल हैं। जहां मण्डप द्राक्षाफलों (अंगूरों) को धारण करते हैं, जहां घर-घरमें किसानोंके हल चलते हैं। जहां क्षेत्र नित्य सुन्दर और सुभक्ष्य रहते हैं, जहां कामिनियां कामुकोंको आलिंगन देती हैं।

घत्ता—उसमें देवोंको विस्मित करनेवाला और स्वच्छ मणिमय महीतलवाला पृथ्वीपुर नामका नगर है, जो शरद्‌की तरह निर्मल, चन्द्रकिरणोंकी तरह उज्ज्वल और अपने गृहशिखरोंसे आकाशको आहत करनेवाला है ॥१॥

२

उसमें श्री जितसेन नामका, अपनी प्रणयिनी जितसेनाके लिए राग उत्पन्न करनेवाला राजा निवास करता था। उसका परस्त्रियोंसे दूर रहनेवाला रतिसेन नामका पुत्र हुआ, एक और दूसरा धृतिसेन नामका। वे दोनों ही जन जैसे साक्षात् कामदेव थे। वे दोनों ही पूर्ण कामनावाले थे। वे दोनों ही सूर्य और चन्द्रमाके आश्रय थे। वे दोनों ही विजयलक्ष्मीके घर थे। वे दोनों ही दूसरोंके कल्याणका विवेक रखते थे, वे दोनों ही लोगोंके प्रति विनयशील थे। गुरुदेव, मित्रों और बन्धुजनोंके लिए विनीत रतिसेनको कालने उठा लिया। माता-पिता, करपल्लवोंके अग्रभागसे (हथेलियोंसे) अपने उर पीटते हुए शोकसे व्याकुल होकर मूर्च्छित हो गये। वे स्वयंको, घर और द्वारको कुछ भी नहीं समझते। पुत्रका स्नेह मुनियोंके लिए भी दुर्निवार होता है।

घत्ता—शान्ति करनेवाले मन्त्रियोंने मूर्च्छित और पड़े हुए तथा रोते हुए उन दोनोंको जिनवर-वचनरूपी रसायन दिया ॥२॥

---

४. A P दक्खारसु। ५. A करसणियहं। ६. A P सुत्थ। ७. A P सुभिक्खु। ८. A P विंभिय°। ९. A P °महियलु। १०. °चूडाहय°। ११. A P °णहयलु।

२. १. A संपुण्णकाम। २. A °विहेय but gloss °विवेक:। ३. AP घर दुवारु। ४. A P कुलमंतिहिं। ५. A °वयणरसायणु।

३

कुलकंचुईहिं संबोहियाइं कह[1] कह व ताइं उम्मोहियाइं।
जणमयगल[2]मूलालाणरज्जु तक्खणि दिहिसेणहु देवि रज्जु।
जयसेणें णासियरइरुएण सामंतें समउं महारुएण।
णियदेविइ सहुं रय[3]विहुणएहिं अण्णेहिं मि बहुणरमिहुणएहिं।
दुज्जयदुण्णयदुज्जसहरासु[4] वउ[5] लइयउ पणविवि जसहरासु।
परिसेसेप्पिणु णीसेसु संगु तउ चिण्णउं तेहिं दुवालसंगु।
वोलीणइ गुरुसेवाइ कालि पच्छा संपत्तइ मरणकालि।
मणि तिहुयणलच्छीवइ सरेवि वरपर[6]गणचरियइं पइसरेवि।
मुणिवरहिं मयणघणमारुएहिं दोहिं मि जयसेणमहारुएहिं।

घत्ता—दुरियल्लइं तिण्णि वि सल्लइं हिययहु कड्ढिवि घित्तइं।
किउ अणसणु दूसहु भीसणु पंच वि करणइं जित्तइं॥३॥

४

जयसेणु मरेवि महाबलक्खु संजायउ सुरवरु जसवलक्खु।
वेउव्विउ जहिं णीरोउ काउ बावीसजलहिसमपरिमियाउ।
इयरु वि सुहकम्में तहिं जि धामि[1] सोलहमइ अच्चुयकप्पणामि।
तणु मुइवि महारुउ[2] पवरतेउ संभूयउ सिरिमणिकेउ देउ।

३

कुलके प्रतिहारियों द्वारा सम्बोधित होनेपर किसी प्रकार बड़ी कठिनाईसे उनका मोह दूर हुआ। उसने शीघ्र धृतिषेणको जनरूपी मदगजोंको बाँधनेके लिए रस्सीके समान राज्य देकर रतिके आकर्षणको नष्ट करनेवाले जयसेन नामक सामन्त महारुत और अपनी देवीके साथ, तथा रागको नष्ट करनेवाले, दूसरे नर जोड़ोंके साथ दुर्जय, दुर्नय और अपयशका हरण करनेवाले यशोधर मुनिको प्रणाम कर व्रत ग्रहण कर लिये। समस्त परिग्रहको छोड़कर उन दोनोंने दुष्काल-का साथी तप ग्रहण कर लिया। गुरुकी सेवा आदिमें समय बीतनेपर और बादमें मरणकाल आने पर अपने मनमें त्रिभुवन-लक्ष्मीपति जिनेन्द्रकी याद कर, उत्तम और श्रेष्ठ चर्यामें प्रवेश करते हुए, कामरूपी मेघके लिए पवनके समान उन दोनों—जयसेन और महारुत मुनिवरोंने—

घत्ता—अपने हृदयसे पापमयी तीनों शल्योंको उखाड़कर फेंक दिया। उन्होंने दुःसह्य और भीषण अनशन किया और पाँचों इन्द्रियोंको जीत लिया॥३॥

४

जयसेन मरकर महाबल नामका यशसे उज्ज्वल देववर हुआ। जहाँ उसका नीरोग वैक्रियिक शरीर था और बाईस सागर प्रमाण आयु थी। दूसरा भी (महारुत) शरीर छोड़कर अच्युतकल्प नामक सोलहवें स्वर्गमें प्रवर तेजस्वी श्री मणिकेतु नामका देव हुआ। सज्जन लोग अपने स्नेहका बन्ध नहीं छोड़ते। उन दोनोंने एक दूसरेको प्रतिबोधित करनेका यह वचन दिया

३. १. P कह व कहव। २ A णं मयगलथूणा°; P णं मयगलाथूला°। ३. A P रइविहुणएहिं। ४. A दुक्कियदुण्णयदुज्जसहरासु; P दुक्कियदुण्णयदुज्जयहरासु। ५. A P वउ। ६. A P परपरगण°।
४. १. A P थामि। २. A महारुइ।

ण मुयंति सयणँ ससणेहबंधु किउ दोहिँ मि पडिबोहणणिबंधु ।
जो पावइ अग्गइ मणुयजम्मु तहु अमरु समासइ परमधम्मु ।
बिण्णि वि ते दिवि णिवसंति जांव कालेण महाबलु ढलिउ तांव ।
कोसलपुरि राउ समुद्दविजउ जसु घरि घोसिज्जइ णिच्चविजउ ।
विजया णामें तहु अत्थि घरिणि परमेसरि णाइं अणंगधरणि ।
सो तियसु सग्गसिहराउ ल्हसिउ तहि केरइ गब्भणिवासि वसिउ ।

घत्ता—हरिकंधरु बहुलक्खणधरु छणससहरमंडलमुहु ॥
कणयच्छवि णावइ णवरवि जाणियउ जणणिइ तणुरुहु ॥४॥

५

संगामसमुद्दरउद्दमयरु कोक्किउ कुमारु ताएण सयरु ।
णं केसरि दरदीसंतदाढु दुव्वारवेरिसंगामसोढु ।
कालेण गलंतें जाउ पोढु पलयक्कु व तिव्वपयावरूढु ।
तणु तासु जोहकरभूसणाहं चउरद्धसयाइं सरासणाहं ।
मंदरभित्ति व उत्तुँगिमाइँ छज्जइ गोरी सेविय रमाइ ।
तहु णिवकुमारकीलाइ ललिय पुव्वहं अट्ठारहलक्ख गलिय ।
तेत्तिय जि महामंडलवइत्तु पालंतहु पत्थिवपय पयत्तु ।
गय जइयहुं तइयहुं सुकियसारु उप्पण्णउ चक्कु फुरंतधारु ।

कि जो पहले मनुष्य-जन्म प्राप्त करेगा, देव उसे परमधर्मका कथन करेगा। इस प्रकार जब वे दोनों स्वर्गमें निवास कर रहे थे तब समयके साथ महाबल देव स्वर्गसे च्युत हुआ। कोशलपुरमें राजा समुद्रविजय था। उसके घरमें नित्य विजय घोषित की जाती थी, उसकी विजया नामकी गृहिणी थी। वह परमेश्वरी जैसे कामदेवकी भूमि थी। वह देव स्वर्गशिखरसे च्युत होकर, उसके गर्भनिवासमें आकर बस गया।

घत्ता—सिंहके समान कन्धोंवाले, अनेक लक्षणोंके धारक और पूर्णिमाके चन्द्रके समान मुखवाले उस बालकको माताने जन्म दिया, जैसे स्वर्णच्छविने नवसूर्यको जन्म दिया हो ॥४॥

५

संग्रामरूपी समुद्रके भयंकर मगर उस कुमारको पिताने सगर कहकर पुकारा। दुर्वार वैरियोंके संग्राममें समर्थ वह मानो सिंह था कि जिसकी थोड़ी-थोड़ी डाढ़ें दिखाई दे रही थीं। समय बीतनेपर वह प्रौढ़ हो गया। वह प्रलय-सूर्यके समान अपने तीव्र प्रतापसे प्रसिद्ध था। उसका शरीर योद्धाओंके हाथोंके आभूषण स्वरूप साढ़े चार सौ धनुषके बराबर था। ऊँचाईमें वह मन्दराचलकी भित्तिके समान था। लक्ष्मी और सरस्वतीसे सेवित वह शोभित था। पत्नीकी सुन्दर क्रीड़ामें अठारह लाख पूर्व वर्ष बीत गये, और जब इतने ही वर्ष महामण्डलाध्यक्षके रूपमें पार्थिवप्रजाका प्रयत्नपूर्वक पालन करते हुए हो गये तो उसे पुण्यका सारभूत चमकती धारवाला

३. A सयणि । ४. A P पवरु धम्मु ।
५. १. A °पयायरूढु । २. P उत्तंगिमाइ । ३. P कुमारलीलाइ ।

असि चम्मं[4] छत्तु गहवइ[5] पुरोहु   करि[6] हरि कागणि मणि सेण्णणाहु।
वरजुवइ थवइ[7] वरकुलिसदंडु[8]   परपहरणगणणिद्दलणचंडु[9]।
चोद्दह[10] रयणइं महियलु छखंडु   महाकालु कालु पिंगलु[11] पयंडु।
दुइ[12] पोम संख दुइ अवरु[13] दिव्वु   माणव इय णव णिहि देंति सव्वु।

घत्ता—महि हिंडिवि समरु[14] समोड्डिवि दुज्जण[15] दुट्ठ दुसाहिय॥
जलथलवइ णहयर णरवइ देव वि तेण पसाहिय॥५॥

६

वरवसुमइ असिणा वसि करेवि   णीसेसणरेसहं कप्पु लेवि।
आवेप्पिणु कउ उज्झहि णिवासु   एत्तिय संपय भुवणयलि कासु।
जिवं[1] भरहहु तिवं[2] सयरहु जि होइ   तं वण्णहुं ण वि सक्कंति जोइ।
णामेण चउम्मुहु देउ संतु   उप्पण्णउं तहु केवलु अणंतु।
आसीणु भडारउ णिलइ जेत्थु   संजायउ देवागमणु तेत्थु।
किंकरकरवालकरालधारु   अण्णहिं दिणि सुंदरु सपरिवारु।
गउ वंदणहत्तिइ[3] सयरु[4] राउ   अवयरिउ तहिं जि मणिकेउ देउ।
अवलोइउ[5] जिणपयणिहियचित्तु   बोल्लाविउ तियसें परममित्तु।
भो देव महाबल णिव्वियप्प   ओलक्खहि किं मइं णाहिं बप्प।

चक्ररत्न प्राप्त हुआ। असि, चर्म, छत्र, गृहपति, पुरोहित, हाथी, अश्व, काकणीमणि, सेनापति, वरकामिनी, स्थपति, शत्रुओंके शस्त्रसमूहको नष्ट करनेवाला श्रेष्ठ वज्रदण्ड, ये चौदह रत्न और छह खण्ड धरती महाकाल, काल, पिंगल, पद्म, महापद्म, प्रचण्ड दो और शंख (शंख, महाशंख), और मानव, ये नौ निधियां उसको सब कुछ देती थीं।

घत्ता—धरतीपर घूमकर युद्ध कर उसने दुःसाध्य दुष्ट, दुर्जन, जलस्थलपति, विद्याधर, राजा और देव सभीको सिद्ध कर लिया॥५॥

६

अपनी श्रेष्ठ तलवारसे श्रेष्ठ धरतीको जीतकर, समस्त राजाओंसे कर लेकर और आकर उसने अयोध्यामें निवास किया। भुवनतलमें इतनी सम्पत्ति किसकी है? जिस प्रकार भरतके पास सम्पत्ति थी, उतनी ही सगर चक्रवर्तीकी थी, योगी भी उसका वर्णन नहीं कर सकता। चतुर्मुख नामक एक मुनिको अनन्त केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। वह आदरणीय मुनि जिस स्थानपर विराजमान थे, वहाँ देवोंका आगमन हुआ। दूसरे दिन अनुचर और भयंकर तलवार धारण करनेवाला वह राजा सगर अपने परिवारके साथ वन्दनाभक्तिके लिए गया। वहींपर मणिकेतु देव भी आया। उस देवने जिनके चरणोंमें अपना मन लगाये हुए अपने मित्र सगरको देखा। उसने कहा—"हे विकल्पहीन महाबल देव! हे सुभट, क्या तुम मुझे नहीं पहचानते। पृथ्वीपुरमें

४. A P चम्मु। ५. A P गिहवइ। ६. A P हरि करि। ७. K omits थवइ। ८. A P दढ°। ९. A °णिद्दहणचंडु; P °णिव्वहणचंडु। १०. A चउदह। ११. A P पचंडु। १२. A तह पोम संख णेसप्पु सव्वु। १३. P पवरभव्वु। १४. A P सुमंडिवि। १५. P दुजअस।

६. १. A P जिम। २. A P तिम। ३. P वंदणभत्तिइ। ४. A P सयरराउ। ५. P अवलोयउ।

पुहईपुरि णरवरसंथुएहिं हो‌इवि जयसेणमहारुएहिं ।
चिरु चिण्णउ तउ जइणिंदमग्गि जाया बिण्णि वि सोलहमि सग्गि ।

घत्ता—तुहुं सुहमइ हूयउ णरवइ हउं ओहँच्छवि सुरवरु ॥
जं जंपिउ आसि वियप्पिउं तं हियउल्लइ संभरु ॥६॥

७

जे गय ते मयमउलवियेणयण जे हरिवर ते चल वंकवयण ।
संदण ण मुणंति विइण्णु णेहु किंकर णियकज्जहिं देंति देहु ।
रायहं हियवइ धम्मु जि ण थाइ चामरपवणें उड्डुवि जाइ ।
अंतरि छत्तइं छत्तहर देंतु तं तइ वि बप्प पेक्खइ कयंतु ।
अंगइं लच्छिहि दोसंकियाइं भुजंतइं केवं ण संकियाइं ।
रायउलइं पहु पइं जेरिसाइं पंचिंदियसुहविसरसवसाइं ।
णिवडंति णरइ घोरंधयारि ण विरप्पइ किं तुहुं भोयभारि ।
किं रक्खइ तेरउ विजयचक्कु सिरि पडइ भयंकरु कालचक्कु ।
तहु वयणहु तेण ण दिण्णु कण्णु गउ सुरवरु सुरहरु मणि विसण्णु ।
पुणु अण्णहिं वासरि रयणकेउ णियरूवोहामियमयरकेउ ।
मुणिवरु होइवि कयधम्मसवणि आइउ थिउ सयरजिणिंदभवणि ।
तं पेच्छिवि पुरु जंपइ असेसु एहउं ण रूवु पावइ सुरेसु ।

लोगोंके द्वारा संस्तुत जयसेन और महारुत होते हुए, प्राचीन समयमें हम दोनोंने जैनमार्गका तप ग्रहण किया था, और हम सोलहवें स्वर्गमें देव उत्पन्न हुए थे ।

घत्ता—तुम, अब शुभमतिवाले राजा हुए हो, और मैं सुरवर ही हूँ । जो विचार तुमने कहा था, उसे अब याद करो ॥६॥

७

जो गज हैं वे आँखें बन्द कर मर जाते हैं, जो अश्व हैं वे चंचल और वक्रनेत्र हैं । रथ कुछ भी विचार नहीं करते । स्नेह विदीर्ण (नष्ट) हो जाता है । अनुचर अपने स्वार्थसे शरीर देते हैं । राजाओंके हृदयमें धर्म नहीं ठहरता है, चमरके पवनसे वह उड़ जाता है । छत्रधर भीतर छत्र लगा देते हैं परन्तु उसे (जीवको) कृतान्त वहाँ देख लेता है । लक्ष्मीके दोषोंसे अंकित अंगोंका (सप्तांग राज्य) का भोग करते हुए राजा लोग आशंकित क्यों नहीं होते ? पाँच इन्द्रियोंके सुख रूपी विषरसके वशीभूत होकर हे प्रभु, तुम्हारे जैसे राजकुल, घोर अन्धकारपूर्ण नरकमें गिरते हैं । तुम भोगके भारसे विरक्त क्यों नहीं होते ? क्या तेरा विजयचक्र तेरी रक्षा कर लेगा ? सिरपर भयंकर कालचक्र पड़ेगा । परन्तु राजाने उसके वचनोंपर कान नहीं दिया । सुरवर अपने मनमें दुखी होकर स्वर्ग चला गया । एक दूसरे दिन, अपने रूपसे कामदेवको तिरस्कृत करनेवाला मणिकेतु देव मुनिवर होकर, जिसमें धर्मश्रवण किया जाता है ऐसे जिन-मन्दिरमें सगर आकर बैठ गया । उसे देखकर, सारे नगरने कहा कि ऐसा रूप इन्द्र भी नहीं पा सकता ।

६. A P णरवइ° । ७. A P सो अच्छमि ।

७. १. P मउलेवि णयण । २. P वियण्णु । ३. A के णउ संकियाइं; P केम ण संकियाइं । ४. P omits पुणु । ५. A P आइवि । ६. P एहउ णरु ण अच्चुयसुरेसु ।

घत्ता—जणणेत्तइं जहिं जि णिहित्तइं तहिं जि णिरारिउ लग्गइं ॥
बुहयंदहु तासु मुणिंदहु को वण्णइ तणुअंगइं ॥७॥

८

तं वंदिवि चिंतइ सयरु एंव कि एहा होंति ण होंति देव ।
एहउ सुरूवु[1] णउ वम्महासु पुणु चवइ णिवइ दरवियसियासु[2] ।
मुणि[3] किं तुह किर वेरग्गु[4] थियउ भणु किं जोव्वणु वणजोग्गु[5] कियउ ।
तं सुणिवि भणइ मायारिसिंदु झिज्जंतु ण पेक्खहि पुण्णिमिंदु ।
भरियउ पुणु रित्तउ होइ राय सासय किं चिंतहि अब्भछाय ।
तणु धणु परियणु सिविणयसमाणु तसथावरजीवहुं अभयदाणु ।
किज्जइ तरुणत्तणि तवपवित्ति वुड्ढत्तणि पुणु परियलइ सत्ति ।
जर पसरइ विहडइ देहबंधु लोयणजुयलुल्लउ होइ अंधु ।
पब्भट्ठचेट्ठु गयरमणराउ तरुणिहिं कोकिज्जइ हसिवि ताउ ।
डड्ढु थेरु सो वि किं णिव्वियारि दइवेण जि पंडउ बंभयारि ।
जीविज्जइ जहिं सो णिययदेसु तं भोयणु जं मुणिभुत्तसेसु ।

घत्ता—किं भव्वें पंडियगव्वें लोउ असेसु णडिज्जइ ॥
विउसत्तणु तं सुंकइत्तणु[6] जेण ण णरइ पडिज्जइ ॥८॥

घत्ता—लोगोंके नेत्र जहाँ भी पड़ते वे वहीं लगकर रह जाते। बुध-चन्द्र उस मुनीन्द्रके शरीरके अंगोंका वर्णन कौन कर सकता है? ॥७॥

८

६. १. P डंडेण । २. A चंदसुहासिइ । ३. A जेट्ठपभूसिइ । ४. सवाहणु । ५. A P संपाइउ । ६. P सणिकेवहु ।

घत्ता—जे[7] णाहतणुत्तणु गय दिव्वत्तणु ते[8] तेत्तिय परिमाणु भणु ॥
जें तेणे समाणउं रूवपहाणउ अण्णु ण दीसइ को वि जणु ॥६॥

७

खेलंतहु दरिसियसिसुलीलहु पंचलक्ख पुव्वहं गय बालहु ।
णाहु सुणासीरें खीरोहें पुणु ण्हवियउ पुव्वुत्तपवाहें ।
रायलच्छिदेविइ अवरुंडिउ थिउ णरवइ णयसत्तिइ मंडिउ ।
तित्ति ण पूरइ भोयहं दिव्वहं चउदहलक्ख जांव गय पुव्वहं ।
तावेक्कहिं दिणि उडुपल्लट्टउ पेच्छिवि णाहु समग्गि पयट्टउ ।
कालें कालु वि जेण गिलिज्जइ तेण किं ण माणुसु कवलिज्जइ ।
जांवि थांवि पावज्ज लएप्पिणु तो भणंति सुर रिसि पणवेप्पिणु ।
एमं बुहाहिव तुज्झु जि छज्जइ अण्णु ण एहउ जगि पडिवज्जइ ।
घत्ता—जणु तिट्ठइ छित्तउ भमइ पमत्तउ पावइ जम्मि जम्मि मरणु ॥
पइं मुइवि भडारा तिहुयणसारा एंव हणइ को जमकरणु ॥७॥

८

पुणु पाईणबरिहि संपत्तउ जिणु कल्लाणण्हाणि अहिसित्तउ ।
विहिउ तेणे लहुं सिवियारोहणु ढुक्कु सहेउयंकु णामें वणु ।

घत्ता—स्वामीके शरीरमें जितने परमाणु थे वे उतने ही थे इसीलिए उनके-जैसा रूपप्रधान कोई दूसरा आदमी नहीं था ॥ ६ ॥

७

खेलते और शिशु-क्रीड़ाओंका प्रदर्शन करते हुए शिशुके पाँच लाख वर्ष बीत गये। स्वामीका इन्द्रने फिरसे पूर्वोक्त जलप्रवाह और दूधसे अभिषेक किया, राज्यलक्ष्मी देवीने आलिंगन किया, न्यायकी शक्तिसे अलंकृत यह राजा बने। चौदह लाख वर्ष पूर्व समय बीतनेपर भी जब भोगोंसे तृप्ति नहीं हुई, तब एक दिन टूटता तारा देखकर, स्वामी अपने मार्गमें प्रवृत्त हुए, जिस कालके द्वारा काल (नक्षत्र जो समयका प्रतीक है) नष्ट होता है, तो क्या उससे मनुष्य कवलित नहीं होगा। लो मैं जाता हूँ और प्रव्रज्या लेकर स्थित होता हूँ। इतनेमें लौकान्तिक देवोंने आकर प्रणाम किया और कहा—'हे पण्डितोंमें श्रेष्ठ, यह तुम्हें ही शोभा देता है। विश्वमें दूसरा व्यक्ति इसे स्वीकार नहीं कर सकता।'

घत्ता—मनुष्य तृष्णासे व्याकुल और प्रमत्त होकर घूमता है, और जन्म-जन्ममें मृत्युको प्राप्त होता है। हे त्रिभुवनश्रेष्ठ आदरणीय, तुम्हें छोड़कर दूसरा कौन यमकरणका नाश कर सकता है ? ॥ ७ ॥

८

इन्द्र फिरसे आया और दीक्षाकल्याण-स्नानमें उनका अभिषेक किया। शीघ्र उन्होंने

---

७. A जो णाह° । ८. A तो तेत्तिय°; P तेत्तिओ जि । ९. A जेणु समाणउ; P तं तेण समाणउं ।
७. १. खेल्लंतहु । २. P सुणासिरेंहिं । ३. A ण्हावियउ । ४. A णिवसत्तिइ । ५. P ताम भणहिं सुर ।
६. A एहु । ७. A तेहउ । ८. A P जम्मजरामरणु । ९. P सुरवरसारा ।
८. १. T records a *p* : दाणवरिउवइ इति पाठेऽपि इन्द्रः । २. A तेहिं ।

जेट्ठहु मासहु पक्खि वलक्खइ　　　वा[3]रसिदिवसि स[4]संभवरिक्खइ ।
खत्तियदहसएहिं संजुत्तें　　　लइय दिक्ख भुवणुत्तमसत्तें ।
छट्ठववासु करिवि कयकिरियहु　　　सोमखेडपुरवरु गउ चरियहु ।
तेत्थु महिंददत्तणरराएं　　　पाराविउ णवेवि अणुराएं ।
तहु घरि तिय[5]सणिघोसणिणायइं　　　पंचच्छेर[6]याइं संजायइं ।
णववरिसइं छउम[7]त्थु हवेप्पिणु　　　अच्छिउ जिणु जिणकप्पु च[8]रेप्पिणु[9] ।
पुणु सहेउवणि मूलि सरीसहु[10]　　　पंचमु हुयउ णाणु तिजगीसहु ।
णाणावाहणवलइयपायउ　　　देवलोउ णीसेसु वि आयउ ।

घत्ता—उट्ठंतपडंतहिं पुरउ णडंतहिं णविउ णाहु पंजलिय[11]रेहिं ॥
दहविहअट्ठविहहिं पुणु पंचविहहिं सोलह[12]विहहिं वि सुरवरहिं ॥८॥

९

प[1]इं थुणंति रिसि अमर सविसहर　　　माणुस अम्हारिस वि णिरक्खर ।
एक्कु जि फलु जइ भत्ति समुज्जल　　　लइ[2] पुणु हियवइ सा णउ णिम्मल ।
ता[3] अच्छउ पढंतु थुइलक्खइं　　　पावउ मुहवायामें दुक्खइं ।
क[4]हउ सक्कु फणिराउ सरासइ　　　तुह गुणरासिहि छेउ ण दीसइ ।
जइ तो किं वायइ वण्णइ जडु　　　जलहि[5]माणि किं आणिज्जइ घडु ।

शिविकामें आरोहण किया, और वह सहेतुक नामके वनमें पहुँचे। ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशीके दिन विशाखा नक्षत्रमें, भुवनमें सर्वश्रेष्ठ सत्त्ववाले उन्होंने एक हजार क्षत्रियोंके साथ दीक्षा ग्रहण कर ली। छठा उपवास कर कृतक्रिया चर्याके लिए वह सोमखेट नगरमें गये। वहाँ राजा महेन्द्रदत्तने प्रेमसे प्रणाम कर उन्हें आहार कराया। उसके घरमें देवोंके द्वारा किये गये घोष-निनादोंके साथ पांच आश्चर्य उत्पन्न हुए। नौ वर्ष तक वह छद्मस्थ अवस्थामें रहे। जिनचर्याका आचरण जिन भगवान्ने किया। फिर सहेतुक वनमें शिरीष वृक्षके नीचे त्रिजगके स्वामीको पाँचवाँ ज्ञान (केवलज्ञान) उत्पन्न हुआ। नाना वाहनोंपर अपने पैरोंको मोड़ते हुए समस्त देवलोक वहाँ आया।

घत्ता—इस प्रकार आठ प्रकार, पांच प्रकार और सोलह प्रकारके उठते-पड़ते और नाट्य करते हुए देवोंने अंजलियोंसे सामनेसे देवको नमस्कार किया ॥ ८ ॥

९

ऋषि, अमर, नाग और हम-जैसे भी निरक्षर मनुष्य आपकी जो स्तुति करते हैं, इसका एक ही फल है कि यदि समुज्ज्वल भक्ति उत्पन्न हो, यदि वह निर्मल भक्ति हृदयमें नहीं आती, तो तुम लाखों स्तुतियाँ पढ़ते रहो, मुखके व्यायामसे केवल कष्ट ही प्राप्त करोगे। इन्द्र, नागराज और सरस्वती कहे, फिर तुम्हारी गुणराशिका यदि अन्त नहीं दीखता, तो जड़ कवि क्या बांचता और

३. P बारिसिदिवसि । ४. A संभवरिक्खइ; P सुसंभवरिक्खइ । ५. A णिग्घोसणिणाएं । ६. A पंचच्छरियइं ता संजायइं । ७. A P छम्मत्थु । ८. A वहेप्पिणु । ९. P adds after this: फग्गुणि किण्हि पक्खि छट्ठियदिणि, *भे विसाहि पच्छिमसमुहइ दिणि । १०. A P सिरीसहु । ११. P अंजलिकरेहिं । १२. A °विहहिं सुरवरहिं; P °विहहिं वि सुरवरेहिं ।

९. १. A संथुणंति । २. A P जइ । ३. A तो । ४. AP कहइ । ५. A P जलहिमाणु ।

देव तुहारी हयदुहवेल्लिहि [6]आसिद्धि सुहेल्लिहि भत्ति मूलु [6]आसिद्धि सुहेल्लिहि ।
अट्ठ वि पाडिहेर थिय जांवहि समवसरणि आसीणउ तांवहि ।
भासइ धम्मु भडारउ जेहउ भासहुं सक्कइ को वि ण तेहउ ।
पालइ को[7] वि कहिं मि जइ सूरउ णासइ णिट्ठहि जणु विवरेरउ ।

घत्ता—पाणिवह[8] पमेल्लह अलिउं म बोल्लह दव्वु परायउ मा हरह ॥
परदार[9] म माणह धणु परिमाणहं[10] रयणिहि भोयणु परिहरह ॥९॥

१०

एंव भणिवि संबोहिय मणहर पंचणवइ संजाया गणहर ।
[1]बिण्णि सहस भासिय तीसुत्तर अंगसपुव्व[2]धारि तहु मुणिवर ।
[3]बिण्णि लक्ख चालीससहासइं चउसहसइं णवसयइं विमीसइं ।
अवर वि वीस जि सिक्खुय साहिय जे णीरंजणेण णिव्वाहिय ।
णव जि सहासइं ओहिविबोहहं[3] सहसेयारह पंचमबोहहं ।
सयइं[4] तिण्णि सहसइं पण्णारह विक्किरियालहं रिसिहि सुहीरहं[5] ।
सोत्तसमाण[6]सहासपमाणहं पण्णासुत्तरु सउ मणजाणहं ।
वसुसहसइं रिदुसयइं विवाइहि सुद्धसुरूवदेसकुलजाइहिं ।
लक्खइं तिण्णि तीससहसालइं विरयहं[7] णारिहिं लुंचियवालइं[8] ।
सागारहं वि लक्खु गुणगुत्तिहि वयगुणियाइं[9] ताइं तप्पत्तिहिं ।

वर्णन करता है ? समुद्र मापनेके लिए क्या घड़ा लाया जाता है ? हे देव, दुःखरूपी लताका हनन करनेवाली सुखरूपी लताका, सिद्धिपर्यन्त मूल तुम्हारी भक्ति ही है। जैसे ही आठ प्रातिहार्योंकी स्थापना हुई वैसे ही, वह समवसरणमें विराजमान हो गये। आदरणीय वह जिस प्रकार धर्मका कथन करते हैं, उस प्रकारका कथन दूसरा कोई नहीं कर सकता। कहीं यदि कोई सूर हो तो वह पालन कर सकता है ? निष्ठासे विपरीत मनुष्य नाशको प्राप्त होता है।

घत्ता—प्राणियोंका वध छोड़ो, झूठ मत बोलो, दूसरेके धनका अपहरण मत करो, परस्त्रीको मत मानो, धनका परिसीमन करो, रात्रिमें भोजनका परिहार करो ॥ ९ ॥

१०

इस प्रकार कहकर उन्होंने सम्बोधित किया। उनके पंचानवें सुन्दर गणधर हुए। अंगधारी मुनिवर दो हजार तीस थे। शिक्षक दो लाख चौवालीस हजार नौ सौ बीस कि जिनका निरंजन (तीर्थंकर) ने संसारसे उद्धार किया। अवधिज्ञानी नौ हजार; केवलज्ञानी; पन्द्रह हजार तीन सौ सुधीर, विक्रिया-ऋद्धिके धारक थे। मनःपर्ययज्ञानी नौ हजार एक सौ पचास। शुद्ध स्वरूप, देशकालमें उत्पन्न हुए वादी मुनि आठ हजार छह सौ। तीन लाख तीस हजार केश लोंच करनेवाली आर्यिकाएँ थीं। तीन लाख श्रावक और पाँच लाख श्राविकाएँ।

---

६. A आसुद्धि। ७. A कहिं मि को वि। ८. AP पाणिवहु। ९. P परदारु। १०. P परियाणहु।

१०. १. A दोण्णि। २. A अंगसुपुव्वधारि; P अंगपुव्वधारिय। ३. A ओहिविमोहहं। ४. P सयाइं। ५. P सुधीरहं। ६. P °समारण°। ७. A विरइयणारिहिं। ८. P लुंचियकुरुलहिं। ९. A वयगण्णियाइं।

घत्ता—तियसेहिं असंखहिं संखतिरिक्खहिं सहुं दुच्चरियइं खंडिवि ॥
णववरिसविहीणउ जयविजयाणउ पुव्वलक्ख महि हिंडिवि[10] ॥१०॥

११

महियमहिउ महमहियाणंगउ सहुं सीसेहिं समाहिवसंगउ ।
संमेयहु जाइवि गिरिधीरउ तीस दियेह[1] थिउ मुक्कसरीरउ ।
फग्गुणमासि कालपक्खंतरि[2] साणुराहि सुहसत्तमिवासरि ।
सूरुग्गमि बुहदेवहं देवें णिक्किरियत्तु पत्तु विणु खेवें ।
णिट्ठिउ अट्ठमवसुह[3] पढुक्कउ गउ सुपासु पासेहिं विमुक्कउ ।
चंदणकद्दमेण पव्वालिय पउलोमीसें[4] मालहिं मालिय[5] ।
दिण्णी[6] मउडाणलजालोलिय चिच्चिकुमारें[7] तणु पज्जालिय ।
वंदिवि भप्प[8] पावणिण्णासउ णायणाहु गउ णायावासउ ।
णायारूढउ कहइ णयंगहं पवणवरुणवइसवणपयंगहं ।
घत्ता—जहिं भरहजिणेसहु णाणु सुपासहु पसरइ देवहु केवलिहिं ॥
तहिं वाइ ण वायउ ण तमु ण तेयउ पुप्फदंत[9]किरणावलिहिं ॥११॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे[10] सुपासणिव्वाणगमणं णाम चउयालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४४॥

॥ [11] सुपासचरियं समत्तं ॥

घत्ता—असंख्यात देवों और संख्यात तिर्यंचोंके साथ दुश्चरितोंका खण्डन कर, नौ वर्ष कम, जय-विजय करनेवाले एक लाख पूर्व वर्ष धरतीपर विहार कर ॥१०॥

११

पूज्योंके पूज्य, तेजसे कामका मथन करनेवाले, समाधिमें लीन, शिष्योंके साथ, पहाड़की तरह धीर सम्मेद शिखरपर जाकर वह तीस दिन तक मुक्त शरीर रहकर फागुन माहके कृष्णपक्षमें शुभ सप्तमीके दिन अनुराधा नक्षत्रमें सूर्योदय वेलामें अनेक देवोंके देवने बिना किसी विलम्बके निष्क्रियत्व (मुक्ति) को प्राप्त कर लिया। निष्ठावान् वह आठवीं भूमिमें पहुँच गये, सुपार्श्व पाशके बन्धनोंसे मुक्त हो गये। उनके शरीरको चन्दनसे प्रलिप्त किया गया, इन्द्रके द्वारा मालाओंसे लपेटा गया, अग्निकुमार देवने मुकुटानल ज्वाला दी और शरीर प्रज्वलित कर दिया गया। उनकी, पापका नाश करनेवाली भस्मकी वन्दनाकर इन्द्र अपने निवासके लिए चला गया। अपने ऐरावत नागपर आरूढ़ वह नत शरीर पवन, वरुण, वैश्रवण और सूर्य आदि देवोंसे कहता है—

घत्ता—कि जहाँ सूर्य-चन्द्रके समान किरणावलिवाले भरतजिनेश और केवली देव सुपार्श्वका ज्ञान प्रसरित होता है वहाँ न वादी है और न प्रतिवादी, न तम है और न तेज ॥११॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका सुपार्श्व निर्वाणगमन नामका चवालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४४॥

---

१०. P मंडिवि ।

११. १. A P दिवह । २. P कालि पक्खंतरि । ३. A अट्ठमिवसुह । ४. A P पोलोमीसें । ५. A मालइ-मालिय । ६. P मणिमउडाणलेण जालोलिय । ७. P चच्चिकुमारिहिं । ८. A भव्व । ९. AP पुप्फयंत° । १०. A सुपासजिणणिव्वाण° । ११. A P omit this line.

संधि ४९

णित्तेइयअ[१]रिविंदहु वयणचंदजियचंदहु ॥
पणविवि कुवलयचंदहु चंदप्पहहु जिणिंदहु ॥ध्रुवकं॥

१

णियंगरस्सीहिं तमं विणीयं सुयंगउत्तीहिं जयं विणीयं
कयं कयत्थं किर जेण णिच्चं णमंति जं देववई वि णिच्चं ।
अतुच्छलच्छीहलकप्पभूयं उदारचित्तं गुणपत्तभूयं ।
द[२]यावरं पालियसव्वभूयं गिराहिं संबोहियर[३]क्खभूयं ।
ण जं पियालीविरहे विसण्णं मु[४]णिं महंतं विमलं विसण्णं ।
विसुद्धभावं विगयप्पमायं परं परेसं प[५]रिक्खीणमायं ।
णिहीसरं जं महियंतरायं परज्जियाणंतदुरंतरायं ।
पवुद्धदुक्कम्मविवायवीलं विइण्णदुव्वा[६]इविवायवीलं ।

सन्धि ४९

शत्रुसमूहको निस्तेज करनेवाले तथा मुखचन्द्रसे चन्द्रमाको पराजित करनेवाले पृथ्वी-मण्डलके चन्द्रप्रभु जिनेन्द्रको मैं प्रणाम करता हूँ ।

१

जिन्होंने अपने शरीरकी किरणोंसे अन्धकारका विनाश किया है, और शोभन द्वादशांग श्रुत की उक्तियोंसे जगको विनीत और कृतार्थ किया है, जिन्हें देवेन्द्र प्रतिदिन नमस्कार करते हैं, जो महान् लक्ष्मीरूपी फलके लिए कल्पवृक्षके समान हैं, जो उदारचित्त और गुणोंके पात्रीभूत हैं, दयावर सब प्राणियोंके पालनकर्ता, अपनी वाणीसे भूतपिशाचोंको सम्बोधित करनेवाले जो प्रिय सखीके विरहमें विषण्ण नहीं होते, जो पवित्र संज्ञाशून्य महान् मुनि हैं, जो विशुद्धभाव और प्रमाद रहित हैं, जो श्रेष्ठ विश्वस्वामी और माया रहित हैं, निधियोंके ईश्वर, अन्तरायोंका नाश करने-वाले, अनन्त दुरन्त रागोंको जीतनेवाले, दुष्पाक कर्मकी संवेदनासे सजग, जो दुष्ट वादियोंको

A has, at the beginning of this Samdhi, the following stanza:—

वापीकूपतडागजैनवसतीस्त्यक्त्वेह यत्कारितं
भव्यश्रीभरतेन सुन्दरधिया जैनं सुराणां (पुराणं) महत् ।
तत्कृत्वा प्लवमुत्तमं रविकृतिः (?) संसारवार्धेः सुखं
कोन्यत् (?) स्तसहसो (?) स्ति कस्य हृदयं तं वन्दितुं नेहते ॥ १ ॥

This stanza is not found in any other known MS. of the work.

१. १. A अरविंदहु; P अरिविंदहु । २. A दयायरं । ३. A संबोहियसव्वभूयं; T records a *p* सव्व-भूयमिति पाठे सर्वभूकं सर्वभूमिकम् । ४. P मुणीमहंतं । ५. A P परिखीण° । ६. A दुव्वायविवाय° ।

सुसच्चतच्चंगवियारणासं अणंगसिंगारवियारणासं ।
सदित्तियाभक्खरभावहारं[7] भवोहसंभूइभयावहारं[8] ।
पुरंदरालोयणजोग्गगत्तं[9] समुज्झियाहम्मदुपंकगत्तं ।
णिवारियप्पऽवहसेलपायं फणिंदचूडामणिघट्टपायं[10] ।
खगिंददेविंदमुणिंदधेयं णमामि चंदप्पहणामधेयं ।
भणामि तस्सेव पुणो पुराणं गणेसगीयं पवरं पुरा णं ।

घत्ता—अमलइ अत्थरसालइ वयणणवुप्पलमालइ ॥
अट्ठमु जिणवरु पुज्जमि पउरु[11] पुण्णु आवज्जमि ॥१॥

२

मणुउत्तरोइल्लि[1] भूभाइ सुसहिल्लि ।
दीवे पसिद्धम्मि पुक्खरवरद्धम्मि ।
जलभरियकंदरहु पुव्विल्लमंदरहु ।
सुरलोयसोहम्मि पच्छिमविदेहम्मि ।
धणकणसमिद्धम्मि देसे सुगंधम्मि ।
छक्खंडधरणिवइ सिरिपुरवरे णिवइ ।
उद्धूयरिउरेणु णामेण सिरिसेणु ।
सिरिकंत तहु घरिणि करिवरहु णं करिणि ।
सुयरहिउ णरणाहु चिंतवइ थिरबाहु ।
किं करमि कहिं चरमि को देउ संभरमि ।

विशेष पीड़ा देनेवाले हैं, जिनका मुख सुसत्य और तत्त्वसे उपलक्षित है, जो कामश्रृंगारके विचारोंका नाश करनेवाले हैं, जो अपनी दीप्तिसे सूर्यप्रभाका अपहरण करनेवाले हैं, जिनका शरीर इन्द्रके लिए दर्शनीय है, जिन्होंने अधर्मके दुष्पंकका गर्त छोड़ दिया है, जिन्होंने आत्मज्ञानके लिए पर्वतसे नीचे गिरनेका विरोध किया है, जिनके चरण नागराजके चूड़ामणिसे घिसे जाते हैं, जो खगेन्द्रों, देवेन्द्रों और मानवेन्द्रोंके द्वारा ध्येय हैं—मैं ऐसे चन्द्रप्रभ स्वामीको नमस्कार करता हूँ और फिर उन्हींका पुराण कहता हूँ जो कि पहले गणधरोंके द्वारा कहा गया था।

घत्ता—स्वच्छ अर्थोंसे रसाल वचनरूपी नवकमलोंकी मालासे आठवें जिनवरकी मैं पूजा करता हूँ और प्रचुर पुण्यका उपार्जन करता हूँ ॥१॥

२

मानुषोत्तर पर्वतसे सुशोभित सुखद भूभागवाले प्रसिद्ध पुष्कर द्वीपमें, जिसकी गुफाएँ जलसे पूरित हैं ऐसे पूर्व मन्दराचलके पश्चिम विदेहमें धनकणसे समृद्ध सुगन्धि देशके श्रीपुर नगरमें छह खण्ड धरतीका अधिपति, शत्रुओंकी धूल उड़ानेवाला राजा श्रीषेण था। श्रीकान्ता उसकी गृहिणी थी, मानो करिवरकी हथिनी हो। पुत्रसे हीन स्थिरबाहु राजा विचार

७. A T °भाविहारं। ८. A °संभूइयभावहारं। ९. A पुरंदरोलोयणजोगगत्तं; P पुरंदरालोयणजोयगत्तं। १०. A °घिट्ठपायं। ११. A P पवरं।

२. १. A P मणसुत्तरोइल्लि।

को देइ महु पुत्तु गुणरयणसंजुत्तु ।
ता भणइ सुपुरोहु जइ महसि सुयलाहु ।
तो कुणसु सहहेउ जिणणाहअहिसेउ ।
धम्माणुराएण तं सुणिवि राएण ।
जरमरणभयहरहं पडिमाउ जिणवरहं ।
रयणेहिं रइयाउ कलहोयमइयाउ ।
मंतेहिं थवियाउ खीरेहिं ण्हवियाउ ।
स[2]सुहं सुयंतीइ महिरायपत्तीइ ।
सिविणम्मि सुहईइ[3] छेयम्मि[4] राईइ ।
करि सीहु सिरि चंदु[5] दिट्ठो विहारुंदु[6] ।

घत्ता—वरपुत्तासइ लइयहु अक्खिउ जाइवि दइयहु ॥
तेण वि तहु परियाणिउं दंसणँफलु[7] वक्खाणिउं ॥२॥

३

सज्जण[1]गणमणपयणियपणउ तुह सुंदरि[2] होसइ पियतणउ ।
कइवयदियहहिं वेल्लि व लंछिउ[3] लायण्णबहलजलविच्छुलिउ[4] ।
वउ देविहि गब्भालंकरिउं ओलक्खिवि देहचिंधु[5] तुरिउं ।
कंचुइहिं णरिंदहु वज्जरिउ तहु हियवउं हरिसें विप्फुरिउं ।
संतोसें देविहि पासि[6] गउ णं वणगणियारिहि मत्तगउ ।

करता है—क्या करूँ, कहाँ जाऊँ ? किस देव की आराधना करूँ, कौन मुझे गुणरत्नसे युक्त पुत्र देगा ? तब सुपुरोहितने कहा कि यदि तुम पुत्र-लाभ चाहते हो तो शुभके हेतु जिननाथका अभिषेक करो। यह सुनकर राजाने धर्मके अनुरागसे जरा और मरणके भयका अपहरण करनेवाले जिनवरोंकी रत्नोंसे रचित स्वर्णमयी प्रतिमाएँ बनवायीं। मन्त्रोंसे उनकी स्थापना की और दूधसे अभिषेक कराया। महीराजकी सुभगा पत्नीने सुखपूर्वक सोते हुए, रात्रिके अन्तिम भागमें हाथी सिंह, लक्ष्मी और प्रभासे बहुल चन्द्रमा देखा।

घत्ता—उसने जाकर श्रेष्ठ पुत्रकी आशासे पतिसे कहा। उसने भी उसे बताया और स्वप्न-दर्शनके फलकी व्याख्या की ॥२॥

३

हे सुन्दरी, तुम्हारे सज्जनसमूहके मनमें प्रणय उत्पन्न करनेवाला प्रिय पुत्र होगा। कुछ ही दिनोंमें देवीका लताके समान सुन्दर लावण्यके अत्यधिक जलसे विच्छुरित शरीर, गर्भसे अलंकृत हो गया। शरीरके चिह्नको देखकर कंचुकीने जाकर राजासे कहा। उसका हृदय हर्षसे विस्फुरित हो गया। सन्तोषके साथ वह देवीके पास गया, मानो वनहथिनीके पास मतवाला गज गया हो। उसके

२. AP सुसुहं सुवंतीइ । ३. A सुसईइ । ४. P पच्छम्मि । ५. A चंडु and gloss सूर्यः । ६. A विहोरुंडु and gloss चन्द्रः । ७. A सिविणयफलु ।

३. १. A सज्जणगुणगणपयणियपणउ; P सज्जणजणमणपयणिउ पणउ । २. AP होसइ सुदरि । ३. A ललिय । ४. A °विच्छुलिय । ५. P देहि चिंधु । ६. A पासु ।

पेच्छिवि कसणाणणु थणजुयलु पेच्छिवि मुहमंडलु दरधवलु[7]।
सालसुयंगउ गयगइपसरु[8] पेच्छिवि पिय संभासिवि सुसरु[9]।
णरवइ[10] णियमंदिरि गंपि थिउ णवमासहिं जणियउ[11] प्राणप्रिउ।
सुउ[12] दुल्लहु वल्लहु सज्जणहं कुलमंडणु खंडणु दुज्जणहं।
णच्चिज्जइ गिज्जइ महुरसरु[13] घंडु[14] वज्जइ दिज्जइ धणणियरु।
काणीणहुं दीणहुं दुत्थियहं णिद्दविणहु किविणहु पंथियहं[15]।

घत्ता—तूररवें[16] दिस हम्मइ कण्णि वि पडिउ[17] ण सुम्मइ॥
णारीणच्चणपेल्लिय[18] वसुमइ णावइ हल्लिय॥३॥

४

विण्णाणें सण्णाणें घडियउ हियजणमणि णवजोव्वणि चडियउ।
ससिवयणहं सयणहं आवडिउ सो[1] इंदु व चंदु व णहि वडिउ।
जणणीजणणइं[2] जोयंति मुहुं अच्छंति तेण सहुं जांव सुहुं।
ता इट्ठउं दिट्ठउं णउ रहिउं सुइसीलें वणवालें कहिउं।
अरहंतहु संतहु आगमणु कयतावहु पावहु णिग्गमणु।
मयभावु गावु खणि परियलिउ लहुं णरवइ सुरवइ जिह चलिउ।
समसरणु समवसरणंतु गउ पहु विविहधउ[3] जियमयरधउ।

स्तनयुगलको श्याममुख देखकर और मुखमण्डलको कुछ सफेद देखकर, अलसाये अंगों और गजगतिका प्रसार देखकर, प्रियासे सुन्दर स्वरमे बात कर राजा अपने प्रासादमें जाकर स्थित हो गया। नौ माहमें प्रणयिनीने प्राणप्रिय पुत्रको जन्म दिया। वह दुर्लभ पुत्र सज्जनोंका वल्लभ (प्रिय) था, कुलमण्डन और दुर्जनोंका खण्डन करनेवाला था। मधुर स्वरमें गाया-नाचा जाने लगा। घण्टा बजने लगा, धनसमूह दिया जाने लगा—कानीनों, दीनों, दुःखितों, धनरहितों, कृपणों और पथिकोंको।

घत्ता—तूर्योंके शब्दोंसे दिशाएँ आहत हो उठीं। कानमें पड़ा हुआ भी शब्द सुनाई नहीं देता। नारियोंके नृत्यसे प्रेरित जैसे धरती हिल उठी॥३॥

४

विज्ञान और सम्यक्ज्ञानसे रचित, जनमनका हरण करनेवाला वह नवयौवनमें आरूढ़ हो गया। चन्द्रमाके समान मुखवाले अपने लोगोंमें आकर वह ऐसा लगता था जैसे इन्द्र या चन्द्रमा आकाशमें चढ़ गया हो। माता-पिता जबतक सुखसे उसका मुख देखते हुए रहते हैं तबतक वनपालने जो इष्ट दर्शन किया था, उससे वह रह नहीं सका। उस सुविशील नामक वनपालने वह कह दिया—अरहन्त सन्तका आगमन और सन्तापदायक पापका निर्गमन। एक क्षणमें राजाका मदभाव और गर्व चला गया। शीघ्र ही वह राजा इन्द्रकी तरह चला। उपशमके स्थानपर

७. A वरधवलु; P छुहधवलु। ८ A गइगयपसरु; P गउ गयपसरु। ९. A समुरु। १०. A मंदिरु। ११. AP पाण पिउ। १२. AP सो दुल्लहु। १३. P महुरयरु। १४. AP पडु। १५. P पत्थियहं। P adds after this: सिरिसम्मणिरूविउ णामु तसु, सुहलक्खणु जणवइ लद्धजसु। १६. A तूररवहं। १७. P वडिउ। १८. K °णच्चणपडिपेल्लिय।

४. १. P सो इंदु चंदु णं वडिउ। २. P °जणणु वि। ३. K विवहधउ।

जिणु वंदिवि णिंदिवि अप्पणउं तें पिसुणिउं णिसुणिउं तिहुयणउं।
सिरिसेणें सेणं[4] पमेल्लविय सिरिसम्मइ[5] सिरिसम्मइ थविय।
महियासि[6] णिवासि सिरिप्पहहु णियरुइगइछाइयरविरहहु।
तवु गहियउं महियउं[7] दुच्चरिउं [8]चेट्ठिउं चिरु णिरु णिम्मच्छरउ।
एत्तहि णंदणु णंदणु जणहु पउणंतु अंतु दुक्कियरिणहु।
आसाढि रूढि णंदीसरइ छणससिहरि[9] [10]मणहरि वासरइ।
उववासिउ तोसिउ सुयसुइहिं सहुं सदिहिहिं [11]ससुहिहिं सुहमइहिं।

घत्ता—अट्टरउद्दहिं चत्तउ धम्मझाणसंजुत्तउ॥
थिउ [12]अत्थाणि णराहिउ णं णहयलि ताराहिउ॥४॥

५

जावच्छइ[1] पेच्छइ जलियदिस[2] ता कामिणिचूडामणिसरिस।
विहिविरलिय[3] वियलिय उक्क किह सुहरुहसररुहमयरंदु जिह।
तं पेच्छिवि परिहच्छिवि[4] सयलु संचियमलु चंचलु भुवणयलु।
णियतणयहु पणयहु लच्छिसहि अहिअल्लिय घल्लिय दिण्ण महि।
पिउगुरुहि पुरेहि[5] थिरु लइउ वउ[6] सिरु मुंडिउं दंडिउं तेण वउ।

समवसरणके लिए चला। विविध ध्वजवाले राजाने मकरध्वज (कामदेव) को जीतनेवाले जिनकी वन्दना कर अपनी निन्दा की। उसने जो कहा वह त्रिभुवनने सुना। श्रीषेणने सेना छोड़ दी और लक्ष्मी श्रीशर्मा पुत्रको सौंप दी। अपनी कान्ति और गतिसे जिन्होंने सूर्यके रथको आच्छादित कर लिया है ऐसे श्रीप्रभ (श्रीपद्म) के आशाओंका नाश करनेवाले निवासपर जाकर उसने तप ग्रहण कर लिया और दुश्चरितका नाश किया। उसकी पुरानी चेष्टाएँ मत्सरभावसे बिलकुल रहित हो गयीं। यहाँ लोगोंकी वृद्धि करनेवाले उस पुत्रने पापोंका अन्त करते हुए, आषाढ़ माहके प्रसिद्ध नन्दीश्वरमें पूर्णिमाके सुन्दर दिन, धैर्य सम्पन्न और शुभमतिवाले सुहृदोंके साथ उपवास किया और सन्तुष्ट हुआ।

घत्ता—आठ रौद्रध्यानोंसे दूर और धर्मध्यानसे संयुक्त वह राजा दरबारमें बैठा हुआ ऐसा मालूम होता मानो नभतलमें चन्द्रमा हो॥४॥

५

जब वह बैठा हुआ था तो जलती हुई दिशा देखता है। कामिनीके चूड़ामणिकी तरह आकाशमें फेंकी गयी उल्का उसे ऐसी दिखाई दी जैसे चन्द्ररूपी कमलका पराग हो। उसे देखकर संचित मल चंचल समस्त भुवनतलको छोड़कर अपने प्रणत पुत्रको अहित करनेवाली लक्ष्मीरूपी सखी त्याग दी और धरती दे दी। अपने पिताके गुरु नगरमें स्थिर व्रत लिया, सिर मुड़ा लिया,

४. A सेणय मेल्लविय। ५. A सिरिसमइ सिरिवम्मइ। ६. P reads *a* as *b* and *b* as *a*। ७. P महिउं। ८. उव्वेढिउ चिरु णिम्मच्छरिउ। ९. AP छणससहरि। १०. A मणहरवासरइ। ११. A सुमु हि हि सुहमईहिं; P मंतिहिं सुहमइहिं। १२. P अत्थाणेण।

५. १ A जामच्छइ; P जावच्छइ। २. A जडिय। ३. P °वियलिय विरलिय। ४. P परियच्छिवि। ५. A पुरहिं; P गुरुहि। ६. A बउ; P तउ।

सहरिहि सिरिसिहँ[7]रिहि हरिवि रइ   कयकलुसणास संणासगइ।
सवियप्पि कप्पि सोहम्मवरि   एक्को[8]वहिसुहणिहिआउधरि।
सिरिवहि सिरि[9]वहि विलुलियचमरु   सिरिहरु मणहरु[10] जायउ अमरु।
[11]एसज्जु पुज्जु तहु अट्ठगुणु   सुहवत्त सत्तकरमवियतणु।
विहवइहं अइहं सहस दुइ   वट्टंति जंति जइ भुत्ति तइ।
णीसासु मासु पूरिवि मुयइ   भावइ सेवइ काएं[12] जुयइ।

घत्ता—तहु तहिं पंकयत्तहु   कीलंतहु[13] कीलंतहु ॥
आउ पईहु वि पयँ[14]लिउ   कालें को व[15] ण कवलिउ ॥५॥

६

अवरें[1] वि णररविपहवत्ति जहिं   बहुजीवइ बीयइ[2] दीवि तहिं।
मोरयभीमोरयसंगरहु   इसुकारहु[3] सारहु गिरिवरहु।
पुव्वासइ वासइ भारहइ   सियभाणुभाणुकरभारहइ।
णंदंतपँ[4]गामगामगहिरि   इलतिलइ अलयइ विसयवरि।
संपयहि पयहि णिच्चु जि पियहि   णिदुगे[5]ज्झहि उज्झहि णयरियहि।
णिव्वट्टिउ लोट्टिउ कूरमइ   अँजियंजउ[6] दुज्जउ मणुयमइ।

और शरीरको दण्डित किया। सिहों सहित श्रीपर्वत शिखरपर रतिका नाश कर, जिसमें कालुष्य-का नाश कर दिया गया है, ऐसी संन्यास गति रचकर वह एक सागर आयु और सुखकी निधि धारण करनेवाले सौधर्म स्वर्गके श्रीसम्पन्न श्रीप्रभ विमानमें, जिसपर चमर ढोरे जा रहे हैं, ऐसा श्रीधर नामका सुन्दर देव हुआ। उसका आठ गुना पूज्य ऐश्वर्य था। उसका सात हाथोंसे मापा गया शरीर सुखका पात्र था। वैभवसे गीले दो हजार वर्ष जब बीत जाते हैं, तब उसका भोजन होता है, एक माहमें सांस लेकर छोड़ता है। उसे स्त्री अच्छी लगती है, और शरीरसे उसका सेवन करता है?

घत्ता—वहाँ क्रीड़ा करते-करते कमलनेत्र उसका लम्बा समय निकल गया। समयके द्वारा कौन कवलित नहीं होता? ॥५॥

६

मनुष्य रूपी सूर्यकी प्रभावाले अनेक जीवोंसे युक्त दूसरे धातकीखण्ड द्वीपमें जिसमें मयूर और भयंकर साँपोंका युद्ध होता है, ऐसे श्रेष्ठ इष्वाकार पर्वतकी पूर्व दिशामें सूर्य और चन्द्रमाकी किरणोंसे आलोकित भारतवर्षके आनन्द करते हुए प्रचुर गांवोंसे गम्भीर पृथ्वीमें श्रेष्ठ अलका क्षेत्रमें सम्पत्तियों और प्रजाओंसे प्रिय मनुष्योंके द्वारा अग्राह्य अयोध्या नगरीमें अत्यन्त भ्रष्ट

---

७. AP सुरसिहरिहे। ८. A जुम्मोवहिं°। ९. A सुरगिहि। १०. A सिरिहरु। ११. A एसज्ज पुज्ज। १२. A कायवि जुवइ। १३. P सहुं अच्छर। १४. A पयडिउ। १५. A कालें को वि ण कवलिउ; P कालें को णउ कउलिउ।

६. १. A अवर वि णर रवि पवहंति जहिं; P अमर वि णरवर विहरंति जहिं। २. A दीवइ बीइ। ३. A सुइकारहु। ४. AP °पगामगाम°। ५. A णिरु गिज्झहि but णिदुगेज्झहि in margin। ६. AP अजयंजउ।

तहु मंदिरि[7] णंदिरि णिम्मलिणि सुंदरि इंदिंदिरि णं णलिणि।
मुक्क[8]मलकमलदलणयणजुय सुह[9]जलरहल्लि णववेल्लिभुय।
[10]तृयसिरमणि गुणमणिणिवहखणि सरसेणाजियसेणा रमणि।
सुपसुत्त पुत्तसंणिहियमइ सा सिविणय[11] सुविणिय णियइ सइ।

घत्ता—सीहु हत्थि ससि दिणयरु पुण्णकलसु पंकयसरु॥
सिरि वसहिंदु पमत्तउ [12]संखु दाहिणावत्तउ ॥६॥

७

दिट्ठउ सिट्ठउ सुहि[1]माणियइ णियकंतहु कंतहु राणियइ।
फलु विलसिउं भासिउं तेण तहि दिसवलए[2] विमलइ थियइ णहि।
तहि गब्भि अब्भि णं चंदमउ थिउ[3] सिरिहरु सिरिहरु सच्चमउ।
उप्पण्णउ[4] धण्णउ पुण्णणिहि तरु धरणिहि अरणिहि णाइं सिहि।
जं जाणिउं भाणिउं जेण जहिं वड्ढंतें संतें तेण तहिं।
णयरिद्धिइ बुद्धिइ लक्खियउं णिहिलत्थु वि सत्थु वि सिक्खियउं।
मायइ पियवायइ गुणसहिउं णियणामु सधामु तासु णिहिउं।
सवियक्कउ थक्कउ तरुणिरउ[5] णवजोव्वणि णं[6] वणि महुसमउ।

क्रूरमति अजितंजय नामका दुर्जेय (मनुजमति) राजा था। आनन्द देनेवाले उसके घरमें निर्मल सुन्दरी गृहिणी थी मानो कमलिनीमें लक्ष्मी हो। वह निर्मल कमलके समान आंखों वाली सौन्दर्यके जलकी लहर नवलताके समान बाहुबली, स्त्रियोंमें शिरोमणि, गुणरूपी मणिसमूहकी खदान, और कामदेवकी सेना अजितसेना नामकी स्त्री थी। पुत्रमें अत्यन्त बुद्धि रखनेवाली, अत्यन्त प्रगाढ़ रूपसे सोयी हुई, सुविनीता वह सती स्वप्न देखती है।

घत्ता—सिंह, हाथी, चन्द्रमा, दिनकर, पूर्णकलश, कमल, सरोवर, लक्ष्मी, प्रमत्त वृषभेन्द्र और दक्षिणावर्त शंख ॥६॥

७

सुधियोंके द्वारा मान्य रानीने जो देखा, वह अपने प्रिय पतिसे कहा। उसने उससे उसका विलसित फल कहा। दिशा मण्डल और आकाशके निर्मल होनेपर उसके गर्भमें, बादलोंमें चन्द्रमा के समान, लक्ष्मीधारक श्रीधर स्थित हो गया। पुण्य निधि और धन्य वह इस प्रकार उससे उत्पन्न हुआ जैसे धरती पर वृक्ष और लकड़ीसे आग उत्पन्न हुई हो। वृद्धिको प्राप्त होते हुए उसने जहां जो जाना वह कहा। नय-ऋद्धि और बुद्धिसे वह उपलक्षित हो गया, निखिलार्थ शास्त्र भी उसने सीख लिये। प्रिय बोलनेवाली मां ने गुण सहित अपना नाम और घर उसे सौंप दिया (अजितसेन उसका नाम था) नवयौवनमें वह विचारग्रस्त और तरुणीरत हो गया मानो वनमें

७. A णंदिरि मंदिरि। ८. A सुक्क.°। ९. A सुयजलहरणि णिववेल्लिभुय; P सुहजलवहुल्लि। १०. AP तियसिर°। ११. A सविणय सिविणय; P सुविणय सिविणय। १२. AP संखु वि दाहिणवत्तउ।

७. १ सुहमाणियइ। २. A दिसिवलयइ विमलि थियम्मि णहि; P दिसवलइ विमलि थियम्मि णहि। ३. AP omit थिउ। ४. A उप्पण्णउ वण्णउ सच्चणिहि; P उप्पण्णहु धण्णहु पुण्णणिहि। ५. A तरुणियउ। ६. AP वणि णं।

ता राएं तांएं तालघणु　　गंपिणु गयसोउ असोयवणु।
दुहहरु सिरिहरु जिणु सेवियउ　　भवंपासु सुदूरु[९] विहावियउ।

घत्ता—चिंतइ महिपरमेसरु एंवहिं धम्महु अवसरु॥
कण्णहु णियडइ धुलियइं मरणु कहंति व पलियइं॥७॥

८

सो अजियसेणु वेणु[१] व धरहि　　अहिथविउ ण्हविउ ढोइयकरेहि[२]।
रिसिसिक्खहि दिक्खहि लग्गु किह　　पिउ हयकलि केवलि हुयउ जिह।
एत्तहि जयजत्तहि जोत्तियहु　　णिक्खत्तियखत्तियसोत्तियहु।
तसियक्क चक्क तहु हुयउ घरि　　रुइपुंजु कंजु ण कंजसरि[३]।
जणजोणिहि खोणिहि साहियइं　　चडइं छक्खंडइं साहियइं।
णवणिहि मणदिहिउप्पायणइं　　रयणइं चेयणइं अचेयणइं।
चउदह दहंगभोएंण[४] सहुं　　घरु एंति देंति चिंतविउं लहु।
कयदमु अरिदमु णामें समणु　　मासोववासि धणरासितणु[५]।
जो मण्णइ वण्णइ जिणचरिउं　　जें सुत्तु सुजुत्तु[६] समुद्धरिउ।
घरु पत्तु पत्तु तें जोइयउ　　अणवज्जु भोज्जु संप्राइयउ[७]।
णवंपुण्णइं[८] णवणवभावणइ　　तें बद्धइं णिद्धइं कयंपणइ[९]।

वसन्तका समय हो। तब पिता राजाने शोकसे रहित होकर ताल वृक्षोंसे सघन अशोक वनमें जाकर दुःखका हरण करनेवाले श्रीधर जिनकी सेवा की और अत्यन्त दूरवर्ती भवरूपी बन्धनको देख लिया।

घत्ता—धरतीका वह राजा विचार करता है कि इस समय, अब धर्मका अवसर है। कानोंके निकट व्याप्त सफेदी मानो मृत्युका कथन कर रही है॥७॥

८

उसने उस अजितसेनको कर देनेवाली धरती पर वेणुके समान स्थापित कर दिया और अभिषेक किया और मुनिकी शिक्षासे युक्त दीक्षामें वह इस प्रकार लग गया कि पापको नष्ट करनेवाले पिता केवलज्ञानी हो गये। इधर विजय-यात्रामें लगे हुए तथा जिसने क्षत्रियों और ब्राह्मणोंको क्षत्र रहित कर दिया है ऐसे उस राजा अजितसेनको सूर्यको त्रस्त करनेवाला चक्र, इस प्रकार उत्पन्न हुआ मानो कमलोंके सरोवरमें कान्तिका समूह उत्पन्न हुआ हो। उसने मनुष्यों-की योनि प्रचण्ड छह खण्ड भूमि सिद्ध कर ली। नव निधियाँ, मनके भाग्यको उत्पन्न करनेवाले चेतन अचेतन चौदह रत्न, दशांगभोगोंके साथ घर आते हैं और वह जिसकी चिन्ता करता है, वे वह शीघ्र प्रदान करते हैं। शान्तमन एक मासका उपवास करनेवाले और तृणके समान शरीरवाले अरिंदम नामक श्रमण, जो जिनचरितको मानते हैं और उसका वर्णन करते हैं, तथा जिन्होंने युक्तियुक्त सूत्रोंका उद्धार किया है घर आये। राजाने उन्हें देखा और उन्हें अनवद्य आहार दिया। प्रणतिपूर्वक नव-नव भावनासे उसने स्निग्ध नये-नये पुण्योंका बंध किया। जिन्होंने शुभ दिशा

---

७. A तालहिं तालघणु। ८. AP भवयासु। ९. A सदूरु।

८. १. A वेणु व धरहु। २. A °करहु। ३. P रुजसरि। ४. P °भोएहिं। ५. A गुणरासितणु। ६. P सजुत्तु। ७. A P संपाइउ। ८. P णवपुण्णय। ९. P कयविणइ।

गुणवंतहं संतहं महरिसिहिं आदंसियसंसियसुहदिसिहिं ।
[10]महिवंटयणिक्कंटयवइहि पंचब्भुय तहु हुय णरवइहि[11] ।
घत्ता—चक्कवट्टिसिरिलीलइ एंव तासु गयकालइ ॥
दिट्ठउ जिणु तरु[12]णीलइ मणहरणामवणालइ ॥८॥

९

सुहावहं गईवहं ।
रविप्पहं गुणप्पहं ।
थिरं पियं सुवं सुयं ।
णिवाइणा सराइणा ।
महाणिणा पुणो तिणा ।
मुएवि सं रईविसं ।
कयं तवं गयासवं ।
णिरासयं अहिंसयं[1] ।
अदोसयं अमोसयं ।
अरोसयं अतोसयं[2] ।
विहट्टियं पलोट्टियं ।
[3]चलं खलं मणोमलं ।
[4]मओ मुणी [5]हुओ गुणी ।
अणप्पए सुकप्पए ।
बुहत्थुए स[6] अच्चुए ।
विहंकरे सुहंकरे ।
समाणए विमाणए ।

दिखायी और सूचित की है, ऐसे गुणवान् और सन्त महर्षियोंके द्वारा मही और पत्तनोंके निष्कंटक स्वामी उस राजाके लिए पाँच आश्चर्य उत्पन्न किये गये ।

घत्ता—इस प्रकार चक्रवर्तीकी श्रीलीलासे उसका समय निकलता चला गया । उसने वृक्षोंसे हरेभरे मनहर वनालयमें जिनके दर्शन किये ॥८॥

९

सुख प्राप्त करानेवाले, गतियोंके नाशक, सूर्यके समान प्रभावाले गुणोंके मार्ग, स्थिर स्थित, उन्हें राजाने प्रेमके साथ सुना और फिर चक्रवर्तीने गतिके अधीन सुख छोड़कर आस्रव रहित, आश्रयहीन अहिंसक अदोष मृषा शून्य अक्रोध, दोष रहित तप किया और चंचल दुष्ट मनोबल को नष्ट कर दिया । वह मुनि मर गये और वह गुणी महान् विभासे युक्त शुभंकर सम्माननीय अच्युत विमानमें अच्युतेन्द्र हुआ ।

१०. A महिवट्टयणिक्कंटयवइहो; P महिवट्टयणिक्कंटियमहिहि । ११. A णरवइहो । १२. P तरुलीलइ ।

९. १. A omits अहिंसयं । २. A सतोसयं । ३. A वलं । ४. A मुओ । ५. P हओ । ६. A P सुअच्चुए ।

घत्ता—आउमाणु हयणिद्दइं　तहु बावीससमुद्दइं ॥
तेत्तियवाससहासहिं　भुंजइ मणविण्णासहिं ॥९॥

१०

ससेइ सो पमत्तए　दुवीसपक्खमेत्तए ।
सहंतकंठरेहओ　तिहत्थमेत्तदेहओ ।
अमस्सरोमकेसओ　ससंकसुक्कलेसओ ।
अमोहबोहसंणिही　पहू तमप्पभावही ।
किरीडकोडिमंडिओ　अपाढओ वि पंडिओ ।
अधूविओ सुगंधओ　अण्हायओ सिणिद्धओ ।
सहावजायभूसणो　कणंतिकिंकिणीसओ ।
विचित्तचारुचेलओ　ललंतफुल्लमालओ ।
जहिं जहिं विजोइओ　तहिं तहिं विराइओ ।
गुणेहिं सो अदुज्जसो　अणालसो अतामसो ।
मणेण चिंतियं जहिं　खणेण गच्छए तहिं ।
कवाडवेइअंतरे　असंखदीवसायरे ।
कुलायलावलीवणे　रमेइ गंधमायणे ।
जलंतरयणपावए　दुइज्जयम्मि दीवए ।
तहिं पि सीयतीरिणी　णिदाहडाहहारिणी ।
गइंदघट्टचंदणे　तडम्मि तीइ दाहिणे ।

घत्ता—उसकी आयु, निद्रासे रहित बाईस सागर प्रमाण थी। उतने ही हजार वर्षों (बाईस हजार वर्षों) में वह मनसे कल्पित आहार ग्रहण करता ॥९॥

१०

बाईस पक्षोंकी यात्रावाले समयमें वह साँस लेता। उसके कण्ठकी रेखा शोभित थी। उसका शरीर तीन हाथ प्रमाण था। मूँछ और केशोंसे रहित वह चन्द्रमाके समान निर्मल शुक्ल लेश्यावाला था। तमप्रभा नामक नरक तक अवधिज्ञानसे युक्त था। जो किरीटकोटिसे मण्डित था, बिना पढ़ाये हुए भी पण्डित था। बिना धूपके ही जो सुगन्धित था। बिना स्नानके भी स्निग्ध था, स्वभाव ही से उसे आभूषण उत्पन्न हुए थे, जो किंकिणियोंके मधुर स्वरसे युक्त था, विचित्र सुन्दर वस्त्रोंसे सहित था, झूलती हुई सुन्दर मालाओंसे युक्त था, वह जहाँ-जहाँ भी देखा गया, वहाँ-वहाँ सुन्दर था। गुणोंके कारण अपयशसे रहित, अनालस और तामसिक प्रवृत्तिसे रहित था। मनसे जहाँ चाहता था, वहाँ एक क्षणमें पहुँच जाता था। वह कपाटवेदी और वेदीवाले असंख्य द्वीप सागरों, कुलाचलोंके पंक्तिवनों और गन्धमादन पर्वतपर रमण करता। जिसमें रत्नोंकी ज्वाला प्रज्वलित है, ऐसे दूसरे द्वीपमें ग्रीष्मकी जलनका हरण करनेवाली सीता नदी है, जिसमें

१०. १. A P पमेत्तए। २. A P अमंसु°। ३. P पहुत्तमप्पहा°। ४. A किरीडकोडि°। ५. A P अण्हाणिओ। ६. A P कणंत। ७. AP °डाहघारिणी। ८. P गयंद°।

विलासवाससंतई धरित्ति मंगलावई ।
पुरं तहिं घरुच्चयं विहाइ वत्थुसंचयं ।

घत्ता—सूहउ कामसमाणउ कणयप्पहु तहिं राणउ ॥
कणयमाल तहु गेहिणि णं जलहिहि[9] जलवाहिणि ॥१०॥

११

तओ सो सुवत्तो जिणिंदस्स भत्तो ।
चुओ देवणाहो हुओ पोमणाहो[1] ।
सुओ तीइ[2] दिव्वो अगव्वो सुभव्वो ।
सरूवेण[3] मारो बलेणं समीरो ।
पयावेण सूरो धणेणं कुबेरो ।
गईए विसिंदो जुईए[4] णिसिंदो ।
मईए महल्लो गुणीणं पहिल्लो ।
रमाए सुरिंदो खमाए मुणिंदो ।
पिऊ तुट्ठचित्तो स पुत्तेण जुत्तो ।
गओ रिद्धरुक्खं[5] सरुद्दक्खदक्खं[6] ।
णहालग्गतालं फलालं लयालं ।
भमंतालिसामं[7] मणोहारिणामं ।
वणं तं पइट्ठो सयासिट्ठणिट्ठो[8] ।
तहिं तेण दिट्ठो मुणीणं वरिट्ठो ।

गजों द्वारा चन्दन घर्षित है उसके ऐसे तटपर विलासपूर्ण गृहोंकी पंक्तिवाली मंगलावती नामकी भूमि है। उसमें घरोंसे ऊँचा वस्तु संचय नामका नगर शोभित है।

घत्ता—उसमें सुन्दर कामदेवके समान कनकप्रभ नामका राजा था। कनकमाला उसकी गृहिणी थी, मानो समुद्रकी नदी हो ॥१०॥

११

तब वह सुमुख जिनभक्त देवेन्द्रनाथ च्युत होकर उससे पद्मनाथ नामक पुत्र हुआ जो दिव्य गर्वरहित, सुन्दर और भव्य था। जो स्वरूपमें कामदेव, बलमें समीर, प्रतापमें शूर, धनमें कुबेर, गतिमें वृषभराज, ज्योतिमें चन्द्रमा, मतिमें श्रेष्ठ, गुणियोंमें पहला, लक्ष्मीमें देवेश, और क्षमामें मुनीन्द्र था। सन्तुष्ट चित्त पिता पुत्रके साथ मनोहर नामके वनमें गया, जिसमें समृद्ध वृक्ष थे, जो रुद्राक्ष और द्राक्षा वृक्षोंसे युक्त था। जिसमें ताल वृक्ष आकाशको छू रहे थे। जो फलों और लताओंसे युक्त था और भ्रमण करते हुए भ्रमरोंसे श्यामल था। उसने वनमें प्रवेश किया। वहाँ उसने श्रेष्ठ अनुष्ठानसे युक्त तथा मुनियोंमें वरिष्ठ एक मुनिको देखा।

९. A जलणिहि ।

११. १. P पउमणाहो । २. A तेए दिव्वो । ३. AP सुरूवेण । ४. P रुईणं सुचंदो । ५. A रिद्धिरुक्खं । ६. A सुरो दक्खदक्खं । ७. P भमंतालिमालं; P adds after this : मरालीमरालं, सुच्छाइसामं । ८. T सिद्धणिट्ठो उत्तमानुष्ठानः ।

घत्ता—तहु धुवसिव[9]पुरगामिहि णरवइ सिरिहरसामिहि ॥
जम्मभव[10]णसमभग्गउ दिढु कमकमले[11]हिं लग्गउ ॥११॥

१२

णिवदारणि[1] मारणि[2] साइणि[3]य णियतणयहु पणयहु मेइणिय ।
लहु ढोयवि जोयवि सुयमइउ कणयप्पहु दप्पहु पावइउ ।
पडिवण्णउं सुण्णउं तेण वणु चलसंदणु णंदणु गउ भवणु ।
सोमप्पह सुप्पह तासु पूयँ[4] किं अक्खमि पेक्खमि णाइं सूयँ[5] ।
णिरवण्णु सुवण्णु ताहं[6] तणउ लद्धुण्णइ भण्णइ किं मणुँउ[7] ।
ससिअक्कचक्कचंचलपयहिं दियँहेहिं रहेहिं व संगयहिं ।
सइं सासणि आसणि थियउ जहिं पहसियमुहु तणुरुहु थविउ[8] तहिं ।
विण्णविवि णविवि[9] ओलग्गियउ वउँ[10] सिरियरु सिरिहरु मग्गियउ ।
णिग्गंथहु पंथहु खणु[11] ण चुउ सो पोमप्पहु[12] रिसिणाहु हुउ ।
घत्ता—सयलहं जीवहं मित्तउ हेमधूलिसमचित्तउ ॥
णियदेहे वि णिरीहउ वणि णिवसइ मुणिसीहउ ॥१२॥

घत्ता—जन्मभवके श्रमको नष्ट करनेवाला वह राजा शाश्वत शिवपुरके गामी उन श्रीधर स्वामीके चरणोंमें पूरी दृढ़तासे लग गया ॥११॥

१२

नृपदारिणी, मारिणी, शाकिनी, भेदिनी आदि विद्याएँ और धरती अपने प्रिय पुत्रको देकर, शुभमति दर्पको आहत करनेवाला वह कनकप्रभ प्रव्रजित हो गया। उसने शून्य वन स्वीकार कर लिया। चंचल है रथ जिसका ऐसा पुत्र अपने घर गया। चन्द्रमाके समान कान्तिवाली सुप्रभा उसकी प्रिया थी। उसका क्या वर्णन करूँ। मैं उसे पुष्पमालाके समान देखता हूँ। स्वर्णनाभ उन दोनोंका पुत्र था जो मनुष्योंमें सुन्दर था। उन्नति प्राप्त करनेपर (बड़े होनेपर) उसे मनुष्य क्या कहा जाये? जिनके चन्द्रमा और सूर्यरूपी चक्र पैर हैं ऐसे दिनरूपी रथोंके निकल जानेपर, जहाँ राजा स्वयं शासन और सिंहासनपर स्थित था, वहाँ उसने प्रहसित मुख अपने पुत्रको स्थापित कर दिया। विनय और प्रणाम कर उसने सेवा की, श्रीलक्ष्मीके कर्ता पद्मनाभ श्रीधरसे व्रतकी याचना की। निर्ग्रन्थ पथसे वह एक क्षण च्युत नहीं हुआ। इस प्रकार वह पद्मनाभ मुनि हो गये।

घत्ता—वह समस्त जीवोंके मित्र थे, स्वर्ण और धूलमें समान चित्त रखनेवाले थे। अपने ही शरीरके प्रति निरीह वह मुनिसिंह वनमें निवास करने लगे ॥१२॥

---

९. P °पुरिगामिहि। १० P जम्ममरणसम°। ११. A °कमलहो लग्गउ।

१२. १. P णिवमारणि। २. मारणि। ३. A सइरिणिय। ४. AP पिय। ५. AP सिय। ६. A णाहतणउ। ७. P मणउ। ८. A थियउ; P णिहिउ। ९. A णविउ। १०. AP वउ सिरिहरु। ११. P खणिण कउ। १२. A पोमणाहु; P पउमणाहु।

१३

एयारह मणहरकहियाइं[1] अविहंगइं अंगइं गहियाइं।
मयदवणें तवणें तवियाइं तुंगइं अट्ठंगइं खवियाइं।
उद्दामकामविद्दावणउ[2] सुहसीलहं[3] सोलहहं भावणउं[4]।
तहु लीणउ[5] झीणउ रयपसरु[6] लइ लद्धउं बद्धउं तित्थयरु।
णामल्लउं भल्लउं जाणियउ परिछेयहु छेयहु आणियउ।
आराहिवि साहिवि संतमइ जीविउं संप्राविउं[7] दिव्वगइ।
अववग्गहु सग्गहु मज्झि जइ णिव्वाणठाणसंबद्धरइ।
उच्छण्णछिण्णमिच्छत्तगहि[8][9] संपुण्णपुण्णफलभुत्तिवहि।
तिगुणियदहतिजलहिआउहरि तइसंखपक्खणीसासयरि।
तेत्तीसवाससहसंतरिउ आहारु चारु जहिं अवयरिउ।
करमेत्तु गत्तु विच्छुरियदिसु[10] जहिं णिहिलु धवलु जणु णं सुजसु[11]।

घत्ता—तहिं सियंगु सुच्छायउ वइजयंति सो जायउ॥
जं पेक्खिवि पहहीणी[12] भरह पुप्फदंताणी॥१३॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे पउमणाहवइजयंतसंभवो णाम [13]पंचचालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४५॥

१३

केवलज्ञानियों द्वारा प्रतिपादित अविकल ग्यारह अंग उसने स्वीकार कर लिये। मदको सन्तप्त करनेवाले तपमें उन्होंने उसके ऊँचे आठों अंगोंको नष्ट कर दिया। उद्दाम कामको नष्ट करनेवाली शुभशील सोलह कारण भावनाओंका ध्यान किया। उनका रतिप्रसार लीन और क्षीण हो गया, तो उन्होंने तीर्थंकरत्वका बन्ध कर लिया और उसे पा लिया। श्रेष्ठ नामप्रकृतिको जान लिया और उत्तम पुरुषकी आयुका बन्ध कर लिया। शान्तमति वह आराधना और साधना कर दिव्यगति और जीवनको प्राप्त हुआ। जिसने निर्वाणके स्थानमें अपनी रति बांधी है ऐसे वह मुनि अवग्रह स्वर्गमे (वैजयन्त विमानमें) उत्पन्न हुए। जहाँ मिथ्यात्वरूप ग्रह नष्ट हो गया है और जो सम्पूर्ण पुण्यफलकी भुक्तिको वहन करता है, जहाँ तैंतीस सागर प्रमाण आयु होती है, तैंतीस पक्षोंमें श्वास लिया जाता है, और तैंतीस हजार वर्षमें जहाँ सुन्दर आहार किया जाता है। जहाँ दिशाओंको विच्छुरित करनेवाला एक हाथ प्रमाण शरीर होता है और जहाँ मनुष्य मानो यशके समान सब ओरसे धवल होता है।

घत्ता—वहाँ उस वैजयन्त विमानमें सुन्दर कान्तिवाला वह श्वेतांग देव हुआ, जिसे देखकर पुष्पदन्त (सूर्य-चन्द्र) की भार्या (प्रभा) प्रभासे हीन हो गयी ॥१३॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका पद्मनाभ-वैजयन्त-उत्पत्ति नाम का पैंतालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४५॥

१३. १. A T मणहरणिहियाइं। २. P omits this foot.। ३. A °सीलउ। ४. A P add after this : भावेप्पिणु सिवपहदावणउ। ५. P झीणउ लीणउ। ६. P रइपसरु। ७. A P संपाविउ। ८. A P उच्छिण्ण°। ९. A °गिहे but gloss ग्रहे। १०. A P वित्थरियदिसु। ११. A णंदजसु। १२. A पहहाणी। १३. P पंचालीसमो।

संधि ४६

तहु देवहु तेत्तीसंबुणिहिपरिमियाउ पुणु णिट्ठिउ ॥
कालें कलियंउ[1] तं तेत्तिउ वि छम्मासंतु परिट्ठिउ ॥ध्रुवकं॥

१

तइयहुं सहसे[2]च्छि सहासबाहु अक्खइ जक्खहु सोहम्मणाहु ।
भो जक्ख जक्ख सयदलदलक्ख परिपालियवसुहणिहाणलक्ख ।
इह जंबुदीवि भरहंतरालि चंदउरि पउरि धणकं[3]णजणालि ।
धर[4]सेणु महासेणक्खु णिवइ जं लंघिवि उवरि ण रवि वि तवइ ।
सोहग्गें तिहुयणहियलीण गमणेण हंसि घोसेण वीण ।
सियसरलतरलणयणहिं कुरंगि लक्खण णामें लक्खणहरंगि ।
तहु पणइणि णं ससहरहु कंति णं मुणिवरणाहहु लग्ग खंति ।
अट्ठमउ दयासरिमहिहरिंदु एयहु घरि होसइ जिणवरिंदु ।
सयणासणु भूसणु असणु वसणु कुरि पुरवरु सुंदरु[5] दलहि वसणु ।

घत्ता—ता [6]भूरिचंदमउ चंदउरु चंदमुहिण[7] तं विरइयउ ॥
धणदेवीभत्तारेण खणि मोत्तियरयणहिं खइयउ ॥१॥

सन्धि ४६

उस देवकी तेंतीस सागर परिमित आयु फिर समाप्त हो गयी। वह उतनी आयु भी कालके द्वारा कवलित कर ली गयी। केवल छह माह आयु शेष रही।

१

तब हजार आंखों और बाहुओंवाला सौधर्मेन्द्र यक्षसे कहता है—"कमलके समान आंखोंवाले, और जिसने वसुधाके लाखों खजानोंकी रक्षा की है ऐसे हे यक्ष, इस जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रके भीतर धन-जन और अन्नसे परिपूर्ण प्रवर चन्द्रपुरमें सेनाको धारण करनेवाला महासेन नामका राजा है, उसे लाँघकर; उसके ऊपर सूर्य भी नहीं तपता। उसकी लक्षणोंको धारण करनेवाली लक्ष्मणा नामकी पत्नी है, जो सौभाग्यसे त्रिभुवनके हृदयोंमें लीन है, जो गमनमें हंस और बोलनेमें वीणा के समान है, जो अपने श्वेत और चंचल नयनोंसे हरिणी है। उसकी वह प्रणयिनी ऐसी थी मानो चन्द्रमाकी कान्ति हो, या मानो मुनिवरके लिए क्षांति लगी हो। दयारूपी नदीके लिए महीधरेन्द्रके समान आठवें जिनेन्द्र इनके घर जन्म लेंगे। इसलिए शयनासन, भूषण, अशन, वसन और नगरको सुन्दर बनाओ, सब कष्टोंको दूर कर दो।"

घत्ता—तब चन्द्रमुख और लक्ष्मी देवीके स्वामी कुबेरने शीघ्र ही स्वर्णमय नगरकी रचना की और उसे एक क्षणमें मोतियों तथा रत्नोंसे विजड़ित कर दिया ॥१॥

---

१. १. A P कवलिउ। २. A सहसत्ति but gloss सहस्रपाक इन्द्रः। ३. A घणकयजणालि। ४. A वरसेणु। ५. A P सुंदरु दलियवसणु। ६. P भूरिचंदसुहचंदउ। ७. A चंदमुहेणं विरयउ।

२

समं[1]विउलवाहियालीणिवेसु अवितुट्टहट्टटिंटा[2]पएसु ।
वियसियवणपरिमलमहमहंतु चलचंचरीयकुलगुमुगुमंतु ।
जिणवरघरघंटाटणटणंतु कामिणिकरकंकणखणखणंतु ।
माणिक्ककरावलिजलजलंतु सिहरग्गधयावलिललललंतु ।
ससिमणिणिज्झरजलझलझलंतु मग्गावलग्गहरिहिलिहिलंतु ।
करिचरण[3]संखलाखलखलंतु [4]रवियंतहुयासणधगधगंतु ।
बहुमंदिरमंडियं[5]जिगिजिगंतु सद्दलदलतोरणचलचलंतु ।
गंभीरतूररवरसम[6]संतु तरुगयवसंतु णिच्चु जि वसंतु ।
कालायरुधूवियणायरंगु णाणारंगावलिलिहियरंगु ।

घत्ता—सा सुंदरि पियमणहारिणिय सुरहिय[7]गंधइं मालइ ॥
[8]सुहं सुत्त विरामि विहावरिहि सिविणयमाल णिहालइ ॥२॥

३

गलियदाणचलजलललवलोलिरभिंगयं
पेच्छइ विसालच्छि पमत्तमयंगयं ।
इट्ठगिट्ठितणुफंसणकंटइयंगयं
वसहममलथलकमलपसाहियसिंगयं ।

२

जिसमें अश्वोंके सम और विस्तीर्ण क्रीड़ाप्रदेश हैं, तथा सम्पुष्ट बाजार और द्यूतप्रदेश हैं। जो विकसित वनके परिमलोंसे महक रहा है और चंचल भ्रमरोंके कुलसे गुनगुना रहा है। जिसमें जिनवरके मन्दिरोंके घण्टोंकी टन-टन ध्वनि तथा कामिनियोंके कंगनोंकी खन-खन ध्वनि हो रही है, जो माणिक्योंकी किरणावलीसे प्रज्वलित है और शिखरोंके अग्रभागकी ध्वजाओंसे चंचल है। जो चन्द्रकान्त मणियोंके निर्झरोंके जलसे चमक रहा है। मार्गपर चलते हुए अश्वोंसे आन्दोलित है तथा हाथियोंके पैरोंकी शृंखलाओंसे झूल-सा रहा है, सूर्यकान्त मणियोंकी ज्वालासे धकधक करता हुआ, अनेक प्रासादोंकी शोभासे चमकता हुआ जो गीले पत्तोंके तोरणोंसे चंचल है, गम्भीर तूर्योंसे शब्द करता हुआ जो तरुणजनोंसे अधिष्ठित है और जिसमें वृक्षोंमें नित्य वसन्त स्थित रहता है। जिसके प्रांगण कालागुरुके धुएँसे युक्त तथा नाना प्रकारकी रांगोलियोंसे लिखित हैं।

घत्ता—सुरभित गन्धसे मालतीके समान अपने प्रियके मनका हरण करनेवाली, सुखसे सोती हुई वह रात्रिका अन्त होने पर स्वप्नावली देखती है ॥२॥

३

वह विशालाक्षी स्वयं देखती है—जिसके झरते हुए चंचल मदजलके कक्षोंपर चंचल भ्रमर मँडरा रहे हैं ऐसे प्रमत्त महागजको; जिसका शरीर प्रिय गौके शरीरके संस्पर्शसे रोमांचित है,

२. १. P समु जेत्थु वाहिं° । २. °टेंटापवेसु । ३. P °चरणह संखला° । ४. AP रविभंत । ५. A °मंडण° । ६. A समसमंतु । ७. A सुरहिगंध णं मालइ; P सुरहियगंध स मालइ । ८. A सुहसुत्ति; P सुहें सुत्त ।

तिक्खणक्खणिद्दा[1]रियमारियकुंजरं
रत्तलित्तमुत्ताहल[2]मंडियकेसरं।
सीहयं मुहा[3]वालुयणिग्गयदाढयं
गोमिणिं च दिसकुंजरसिंचणरूढयं।
इट्ठगंधसेलिंधकरंबय[4]कोसयं
दामजमलमलिमालासहपरिपोसयं।
पुण्णयं विहुं जामिणिकामिणिदप्पणं
उग्गयं इणं पीणियपंकइणीवणं।
मीणमिहुणमणिहणजलकीलणलंपडं
चारुहारिकल्लाणघरं घडसंपुडं[5]।
हंसचंचुपुड[6]खुडियभिसं भिसिणीहरं
सेयसलिलवेलागहिरं रयणायरं।
कुलिसणहरकेसरिकिसोरधरियासणं
अवि य पायसासणजसस्स णं सासणं।
इंदधाम[7]महिविंदवइस्स णिहेलणं
रयणपुंजमरुणंसुसिहातम[8]हालणं।
झत्ति दित्तजा[9]लासयछित्तणहंगणं
हुयवहं च सई[10] पेच्छइ जालियकाणणं।

और जिसके सींग स्थलकमलों (गुलाबपुष्पों) से प्रसाधित हैं, ऐसे वृषभको; जिसने अपने तीखे नखोंसे हाथियोंको फाड़कर मार डाला है; जिसकी अयाल रक्तसे रंजित मोतियोंसे शोभित है, जिसकी लम्बी दाढ़ें निकली हुई हैं ऐसे सिंहको; दिग्गजोंके द्वारा किये गये अभिषेकसे प्रसिद्ध लक्ष्मीको; प्रिय गन्धवाले शैलिन्ध्र पुष्पोंके समूहको जिसमें स्थान है, और जो भ्रमरमालाकी सभासे परिपोषित हैं ऐसे पुष्पमाला युग्मको; भामिनीरूपी कामिनीके लिए दर्पणके समान पूर्णचन्द्र को कमलिनी वनको प्रसन्न करनेवाले उगते हुए सूर्यको, प्रचुर जलक्रीड़ाके लम्पट मीन युगलको, सुन्दरताको धारण करनेवाले और कल्याणके घर कलशयुगलको; जिसमें हंसिनियोंके चंचुपुटोंसे कमलिनियाँ काटी गयी हैं, ऐसा कमलिनीगृह अर्थात् सरोवरको; श्वेत सलिलके तटोंसे गम्भीर समुद्रको; वज्रके समान नखोंवाले किशोरसिंहके द्वारा धारण किये गये आसन (सिंहासन) को; और भी जो इन्द्रके यशके मानो शासन हो, ऐसे इन्द्रके विमानको; नागराजके भवनको; अपनी अरुण किरणोंकी ज्वालासे अन्धकारका प्रक्षालन करनेवाले रत्नसमूहको; और शीघ्र ही अपनी सैकड़ों प्रदीप्त ज्वालाओंसे आकाशके आँगनको आच्छादित करनेवाली और वनोंको भस्म करनेवाली आग को।

३. १. P °विद्दारिय° । २. P °मुत्ताहलमालामंडिय° । ३. AP सुहावालुय° । ४. AP °करंबिय° । ५. AT घडसंघडं । ६. A °फुडखुडिय° । ७. A इंदधामं वरउरवइणिहेलणं । ८. A °तमहारणं । ९. P °दित्ति-जाला° । १०. A हुयवहस्स जं सा पेच्छइ; P हुयवहं च सा पेच्छइ ।

घत्ता—इय पेक्खिवि रायहु राणियइ संतोसें आहासिउ ॥
तेण वि तहु मंगलदंसणहु फलु पणइणिहि[11] पयासिउ ॥३॥

४

सुओ देवि होही तुहं तित्थणाहो असामण्ण[1]संपत्तिवित्तीसणाहो ।
दिही आगया देवया पंकयच्छी हिरी कंति कित्ति सिरी बुद्धि लच्छी ।
णिहीसेण गेहम्मि छम्मासकालं णिहित्तं[2] सुवण्णं सुवण्णं पहालं ।
चइत्तस्स पक्खंतरे चंदिमिल्ले[3] सुहोहायरे वासरे पंचमिल्ले ।
रिसी पोमणाहो चुओ सोहमिंदो थिओ गब्भवासे पुलोमारिवंदो[4] ।
सुपासाहिवे[5] णिव्वुए संगएहिं समुद्दाणहो रंधकोडीसएहिं ।
णहाजक्खणिक्खित्तमाणिक्कएहिं पउण्णेहिं मासेहिं रामंकएहिं ।
तओ पूसमासे पढंतम्मि सीए सुहे सक्कजोयम्मि एयारसीए ।
पहूओ पहू पुण्ण[6]पाहोहमेहो जगाणं[7] गुरू लक्खणुप्पत्तिगेहो ।
सपायालमग्गं सतारकसक्कं[8] खणे कंपियं झत्ति तेलोक्कचक्कं ।
घत्ता—परतेउ ण कत्थइ विप्फुरइ अंधारउ णउ रेहइ ॥
जम्मणु उग्गमणु वि भुवणयलि जिणदिणणाहहं सोहइ ॥४॥

घत्ता—यह देखकर रानीने राजासे सन्तोषपूर्वक कहा। उसने भी अपनी प्रणयिनीसे मंगल स्वप्न देखनेके फलका कथन किया ॥३॥

४

हे देवी, तुम्हारा असामान्य सम्पत्तियों और प्रवृत्तियोंका स्वामी तीर्थंकर पुत्र होगा। कमल नेत्रोंवाली धृति, ह्री, कान्ति, कीर्ति, श्री, वृद्धि और लक्ष्मी देवियाँ आ गयीं। कुबेरने उसके घरमें छह माह तक प्रभासे युक्त सुन्दर रंगके स्वर्णकी वर्षा की। चैत्रशुक्ल शुभयोगोंके आकर, पाँचवींके दिन ऋषि पद्मनाथ सौधर्म इन्द्रच्युत हुआ और इन्द्रके द्वारा संस्तुत वह गर्भवासमें आकर स्थित हो गया। सुपार्श्वनाथके निर्वाण प्राप्त करनेके नौ करोड़ सागर समय बीतनेपर, जिनमें यक्षके द्वारा आकाशसे रत्नोंकी वर्षा की गयी है ऐसे नौ माह सम्पूर्ण होनेपर, पूष माहमें शुक्लपक्षकी एकादशीके दिन शुभ इन्द्रयोग और ज्येष्ठा नक्षत्रमें पुण्यरूपी जलोंके मेघ, विश्वगुरु लक्षणोंकी उत्पत्तिके घर प्रभु उत्पन्न हुए। पातालमार्गसे लेकर तारों, सूर्य और इन्द्रके साथ एक क्षणमें त्रिलोकचक्र काँप उठा।

घत्ता—कहीं पर भी दूसरेका तेज नहीं चमकता था और न अन्धकार ही कहीं शोभित था; जिनरूपी दिननाथ (सूर्य) का जन्म और उदय शोभित होता है ॥४॥

---

११. पणइणिहो।

४. १. P असावण्ण°। २. A णिहत्तं। ३. A चंदमिल्ले। ४. A पुणोमारिवंदो। ५. A सुपसाहिए। ६. P पुण्णयंभोहमेहो। ७. P जयाणं। ८. P सपायालसग्गं सतारं ससक्कं।

५

सहसा जायउ सुरलोय[1]खोहु वीणारवु चल्लिउ किंणरोहु ।
उच्छाहें रक्खस किलिकिलंति व[2]ड्ढंतइं भूयइं णहि मिलंति ।
किंपुरिस के वि किं किं भणंति सद्दिट्ठिदेव पुच्छिवि मुणंति ।
रयवंत महोरय फुप्फु[3]यंति गंधव्व गेयसरु स[4]इं मुयंति ।
अणिबद्धु पिसायउ लइ चवंति दसदिसइं जक्ख रयणइं घिवंति ।
ससहररवितेएं[5] महि ण्हवंति तारउ[6] तारत्तणु पक्खवंति ।
दुग्गह गहचरियइं णिक्खवंति जय णंद व[7]ड्ढ सामिय चवंति ।
णक्खत्तइं णवणक्खत्तमहिउ वंदहुं चलियाइं वियाररहिउ ।
दाविय णियपंति पइण्णएहिं सासेहि व[8] चासपइण्णएहिं ।
णहवडणविवरमुहणिग्ग[9]मेहिं दिसिविदिसामग्गसमागमेहिं ।
संगलियइं[10] मिलियइं सुरउलाइं भावणं[11]माभरियइं जलथलाइं ।

घत्ता—अइरावयकुंभविइण्णकरु पत्तउ जियपरसेणहु ॥
पुरुहूयउ पुरपासहिं भमिवि घरि पइट्ठु महसेणहु ॥५॥

५

शीघ्र ही देवलोकमें क्षोभ मच गया। वीणाके स्वरवाला किन्नर लोक चला। उत्साहसे राक्षस किलकारियाँ भरते हैं, बढ़ते हुए भूत आकाशमें मिलते हैं। कितने ही किंपुरुष किं किं का उच्चारण करते हैं, अच्छी दृष्टिवाले देव पूछकर विचार करते हैं, वेगशील महोरग फूत्कार करते हैं, गन्धर्व अपने गीत स्वर स्वयं छेड़ने लगते हैं? पिशाच अनिबद्ध बोलते हैं, दसों दिशाओंमें यक्ष रत्नोंकी वर्षा करते हैं। चन्द्रमा और सूर्यकी प्रभासे पृथ्वी अभिषेक करती है, तारागण भी अपना तारापन प्रदर्शित करते है? खोटे ग्रह अपनी गृहचर्याका त्याग कर देते हैं, और वे 'हे स्वामी, जय हो, आप वृद्धिको प्राप्त हों, आप प्रसन्न हों,' यह कहते हैं। नक्षत्र भी नव नक्षत्रोंसे पूजित और विकार रहित की वन्दना करनेके लिए चले। नागोंने अपनी पंक्तिका प्रदर्शन किया, जैसे क्षेत्र हल रेखासे निबद्ध धान्योंकी पंक्ति हो, आकाश पतनके विवर मुखोंके निर्गमों और दिशा विदिशा मार्गों के समागमनोंसे देवकुल मिलकर चले। भवनवासी देवोंकी आभासे जल और स्थल आलोकित हो उठे।

घत्ता—जिसने ऐरावतके गण्डस्थलपर हाथ फैला रखा है ऐसा इन्द्र, वहाँ आया और नगर की चारों ओर परिक्रमा देकर, शत्रुसेना को जीतनेवाले राजा महासेनके घरमें उसने प्रवेश किया ॥५॥

५. १. सुरलोइ खोहु। २. A वग्गंतइ। ३. P पुप्फुयंति। ४. P सयं। ५. A °तेय महि; P तेयइं महि। ६. P ताराउ। ७. AP वद्ध। ८. A व वासपइण्णएहि; P व वण्णपयण्णएहि। ९. A °णिग्गएहि। १०. संवलियइं। ११. P °भाभारिय जल°।

६

तओ तेण छम्मेण णिच्छम्मयाए परं डिभयं दिण्णयं अम्मयाए।
तडालग्गतारावलीमेहलालं ससिंगप्पहापिंगदिच्चक्ककूलं।
रमंतच्छराणेउरारावरम्मं दिसादीसमाणुद्धजेणिंदहम्मं।
फणिंदाणियापायरायावलित्तं अदिट्ठेक्कलंबंतकिंकिल्लिवत्तं।
लयामंडवासीणविज्जाहरिंदं तुरंगासणासत्तकीलापुलिंदं।
दरीचंदणामोयलग्गाहिकण्णं मओमत्तमायंगदंतग्गभिण्णं।
गुहाकिंणरीकिंणरालत्तगेयं सपायंतणिक्खित्तचंदक्कतेयं।
णिओ सुंदरं मंदरं देवदेवो तहिं तेहिं सो णाणणिक्कंपभावो।
पविच्छिण्णकुंभेहिं कुंभीसगामी तिलोयंतवासीहिं तेलोक्कसामी।
गुणुप्पण्णणेहेहि णिण्णट्ठणेहो अकूवारखीरेहि खीराहदेहो।
जिणिंदो जियारी जयंभोयमित्तो फणिंदेहिं इंदेहिं चंदेहिं सित्तो।

घत्ता—तं दुद्धु पडंतउ जिणतणुहि कंतिइ पयडु ण होंतउ॥
णं अमिउं ससंकहु वियलियउं दिट्ठु महिहि धावंतउं॥६॥

६

उस अवसरपर उस मायावी इन्द्रने (भगवान् की) निष्कपट माँके लिए दूसरा बालक दिया और वह ज्ञानभावसे निष्कम्प उस देवदेवको सुन्दर मन्दराचल पर्वत पर ले गया, जो (मन्दराचल) तटपर लगी हुई तारावलीसे युक्त है, अपने ही शिखरोंकी प्रभासे जिसके दिग्मण्डलोंके तट पीले हैं, जो रमण करती हुई अप्सराओंके शब्दसे रमणीय हैं, जिसकी दिशाओंमें ऊँचे-ऊँचे जिन मन्दिर दिखाई देते हैं, जो पद्मावतीके चरणरागसे (चरण लालिमासे) लिप्त हैं, जो अदृष्ट और एक पर एक अवलम्बित अशोकपत्रोंसे युक्त हैं, जिसके लता मण्डपों में विद्याधरेन्द्र बैठे हुए हैं, जिसमें घोड़ोंके उरासनोंपर आसक्त क्रीड़ा-पुलिन्द हैं। जिसमें नागकन्याएँ घाटोके चन्दनोंके आमोदमें लगी हुई हैं, जो मतवाले गजोंके दाँतोंके अग्रभागोंसे विदीर्ण हैं, जिसमें किन्नर और किन्नरियाँ गीतोंका आलाप कर रहे हैं, जिसने सूर्य और चन्द्रमाको अपने चरणोंके नीचे डाल रखा है। कुंभीसगामी (गजगामी) का अविच्छिन्न कुम्भों (घड़ों) के द्वारा, त्रिलोक स्वामीका त्रिलोकके अन्तमें निवास करनेवाले देवोंके द्वारा स्नेहका नाश करनेवालेका गुणोंमें उत्पन्न स्नेह करनेवालोंके द्वारा दूधकी आभाके समान देहवाले जिनेन्द्रका, समुद्रक्षीरोंके द्वारा, शत्रुओंको जीतनेवाले विजयरूपी कमलके सूर्य श्री जिनेन्द्रका, नागेन्द्रों, इन्द्रों और चन्द्रोंके द्वारा, अभिषेक किया गया।

घत्ता—गिरता हुआ वह दूध जिनवरके शरीरकी कान्तिसे प्रगट नहीं होता हुआ, ऐसा मालूम हो रहा था मानो चन्द्रमासे विगलित अमृत धरतीपर दौड़ रहा हो॥६॥

६. १. P अंबयाए। २. A °मेहलीलं; P मेहजालं। ३. AP दिच्चक्कवालं। ४. AP °कंकेल्लि°। ५. A °णासंत°। ६. A °लग्गाहिकिण्णं। ७. P मयमत्त°। ८. P कंति। ९. P वियलिउं।

७

दिव्वं गंधं पुप्फं धूवं   वासं भूसं चरु[1]यं दीवं ।
दाउं सव्वं स[2]व्वाणिट्ठं   काउं पुज्जं सत्थे दिट्ठं ।
णाणत्तयघणपुप्फसमुद्दं   तं गहिऊणं भय[3]वं भद्दं ।
तं पेच्छंता तं पणवंता   तं गायंता तं णच्चंता ।
चंदउरं मणितोर[4]णदारं   आया देवा रायागारं ।
उव[5]समवेल्लीवासारत्तं   जणणीहत्थे दाऊणं तं ।
सोहम्मीसाणा देवेसा   पत्ता सग्गं णाणावेसा ।
बाणासणदिवड्ढसय[6]तुंगो   सेयंगो णं सेयपयंगो ।
उप्पाइयखाइयसम्मत्तो   इक्खाऊ कासवणिवगोत्तो ।
दो लक्खा पुव्वाणं छिण्णा   पण्णास[7]ड्ढसहासाउण्णा ।
एस तस्स तरुणत्तणकालो   पच्छा हू[8]ओ मेइणिवालो ।
तत्थ वि जायं देवागमणं   पारा[9]वारवारिघडण्हवणं ।
वइसवणाणियवसुसंदोहे[10]   भोए भुजंतस्स [11]ससोहे ।
छड्ढ लक्ख पुव्वाणं झीणा   अरिहसंखपुव्वंगविलीणा ।
घत्ता—अण्णहिं दिणि दप्पणयलि वयणु जोयंतें तें दिट्ठउं ।।
जेणेत्थ[12] दड्ढसंसारसुहि हियउल्लउं उव्विट्ठउं ।।७।।

७

इष्ट दिव्य गन्ध पुष्प धूप वस्त्र भूषा चरु और दीप सबके लिए इष्ट जिन भगवान्‌को देकर और शास्त्रमें निर्दिष्ट पूजा कर, और ज्ञानत्रयरूपी सघन जलके समुद्र सबके लिए भद्र उन्हें लेकर, उनको देखते हुए उनको प्रणाम करते हुए, उनको गाते हुए और नृत्य करते हुए देवता लोग, मणियोंके तोरणद्वारवाले चन्द्रपुरमें राज्य-प्रासादमें आये। उपशमरूपी लताके लिए वर्षा ऋतुके समान उन्हें माताके हाथमें देकर सौधर्म ईशान स्वर्गोंके नाना वेशवाले देवेश अपने-अपने स्वर्ग चले गये। उनका शरीर डेढ़ सौ धनुष ऊँचा था मानो श्वेत अंगोंवाला चन्द्रमा हो। उन्हें क्षायिक सम्यक्त्व उत्पन्न हो गया है, ऐसे वह इक्ष्वाकुवंशीय और कश्यपगोत्रीय थे। जब उनकी दो लाख और पच्चीस हजार पूर्व आयु बीत गयी, तो यह उनका यौवनकाल था। इसके बाद वह पृथ्वीके राजा बने। वहाँपर भी देवोंका आगमन हुआ और समुद्रके जलघटोंसे अभिषेक किया गया। जिसमें कुबेरके द्वारा धनसमूह लाया गया है ऐसे शोभायुक्त भोगको भोगते हुए उनका छह लाख पचास हजार चौबीस पूर्व समय बीत गया।

घत्ता—एक दूसरे दिन, "दर्पणतलमें मुखको देखते हुए उन्होंने ऐसा कुछ देखा कि जिससे दग्ध संसार सुखोंमें उनका मन विरक्त हो गया ।।७।।

७. १. AP चरुवं। २. A इट्ठं सिट्ठं; P णिट्ठं सिट्ठं। ३. A सव्वं भद्दं। ४. A °तोरणवारं। ५. P तवसम°। ६. P सउतुंगो.। ७. AP पण्णासहसहासा। ८. AP हूयउ। ९. P पारावारि वारि। १०. P °संदोहं। ११. P ससोहं। १२. A जेणित्थु दट्ठु संसारसुहि।

८

आवेप्पिणु पंजलिहत्थएहिं दूराउ पणा[1]मियमत्थएहिं ।
पंचमगइसंमुहुं मउज्झुणीहिं पडिसा[2]रिउ आहंडलमुणीहिं ।
मुहपयलमाणधारासिवेहिं अहिसिंचिउ विहु अज्जुणणिवेहिं ।
कल्लाणाहरणविहूसियंगु प[3]रदिण्णदाणु णं वरमयंगु ।
वरचंदु सणंदणु णिहिउ रज्जि तहिं कालइ सुरहयविविहवज्जि ।
सिवकंखइ पहु सिवियहि च[4]डिण्णु सं[5]वत्तुवणंतरि सम[6]वइण्णु ।
दयविच्छिण्णीगरुईणिसीहि पूसम्मि कसणएयारसीहि ।
अणुराहाणक्खत्तावयारि णिण्णेहत्तणु जुंजिउ सरीरि ।
णिल्लूरियि मंदिरमोह[7]वासु लुंचिवि घल्लिउ सिरकेस[8]वासु ।
णिक्खंतु लेवि छट्ठोववासु सु[9]हुं पावइयउ रायहं सहासु ।
त[10]हुं को वि ण मित्तु ण को वि वेसु मज्झत्थु महत्थु विसुद्धलेसु ।
दंडग्गविलंबियचेलमयरि अवरहिं दिणि पइसइ णलिणणयरि ।

घत्ता—ण[11]उ करयलि पत्तलि पत्तु ण वि णउ पइ णेउरघोसणु ॥
णउ भूरिभूइ मु[12]रकुंडियउ णउ [13]मसिरेहाभूसणु ॥८॥

८

हाथ जोड़े हुए दूरसे प्रणामके लिए मस्तिष्कको झुकाते हुए, कोमल स्वरवाले श्रेष्ठ इन्द्रोंने उन्हें प्रोत्साहन दिया। जिनके मुखसे धाराजल निकल रहे हैं ऐसे धारा कलशोंसे अभिषेक किया गया। कल्याणके आभूषणोंसे विभूषित-अंग वह ऐसे मालूम होते थे मानो परदिण्णदान (दूसरोंको जिसने दान, या मदजल दिया हो ऐसा) मातंग (महागज) हो। उसने अपने पुत्र वरचन्द्रको राज्यमें स्थापित किया। देवों द्वारा बजाये गये विविध वाद्योंके उस कालमें मोक्षकी आकांक्षासे प्रभु शिविकापर चढ़े और सर्वर्तु वनके भीतर अवतीर्ण हुए। पूस माहकी, दया (कल्याण दीक्षा) से विस्तीर्ण, कृष्ण एकादशी की रात्रिमें अनुराधा नक्षत्रका अवतार होनेपर, वह शरीरसे स्नेहहीन हो गये, अर्थात् उन्होंने दीक्षा ग्रहण कर ली। घरके मोह और वर्षोंको दूर कर तथा सिरके बालोंको उखाड़कर फेंक दिया। छठा उपवास करते हुए और संन्यास लेते हुए एक हजार राजा भी सुखपूर्वक संन्यासी हो गये। उनका न तो कोई मित्र था और न कोई द्वेष्य। वह मध्यस्थ महार्थ और विशुद्ध लेश्यावाले थे। दूसरे दिन, जिसमें दण्डोंके अग्रभागमें वस्त्रध्वज लगे हुए हैं, ऐसे नलिन नामक नगरमें वह प्रवेश करते हैं।

घत्ता—न करतलमें पत्तल, न पात्र है और न पैरोंमें घुंघरुओंकी ध्वनि है, न प्रचुर भस्म है और न अकुटिल भौंहें हैं और न श्मश्रुरेखाका भूषण है ॥८॥

---

८. १. A पणाविय° । २. A पडिवारिउ । ३. P परिदिण्ण° । ४. P चडंतु । ५. A संपत्तु । ६. P समयवंतु । ७. P मोहपासु । ८. AP सिरि केसपासु । ९. A सहुं । १०. P तहु मित्तु अमित्तु ण को वि वेसु । ११. P ण वि । १२. AP णउ कुंडियउ । १३. A ससिरेहा ।

९

हुंकारु ण मुयइ ण देहि भणइ णउ सण्णइ णउ गंधव्वु झुणइ ।
परमेसरु पंचायारसारु दक्खवइ वीर भिक्खावयारु ।
जा छुड्डु जि भवणप्रंगणु[2] पइट्ठु ता सोमयत्तराएण दिट्ठु[3] ।
कर[4] मउलिवि करेवि उरुत्तरीउ संचिउ[5] पुण्णंकुर[6]पवरबीउ ।
काएं वयणें सुद्धें मणेण आहारदाणु तहु दिण्णु तेण ।
दुंदुहिसरु सुरसर पुप्फविट्ठि घणु वरिसिउ[7] हूई रयणविट्ठि ।
तहिं चोज्जइं पंच समुग्गयाइं पालंतु संतु संतइं वयाइं ।
थिउ तिण्ण मास छम्मत्थु तांव णायावणिरुहतलु पत्तु जांव ।
फग्गुणि दिणि सत्तमि किण्हवक्खि अवरण्हइ तहिं णिक्खवणरिक्खि ।
छट्ठेणुववासें केवलक्खु उप्पाइउं[8] णाणु विवज्जियक्खु ।

घत्ता—कल्लाणि चउत्थइ जइवइहि सुरयणु दिसहिं ण माइउ ॥
अहिरामें अहिणवभत्तिवसु अहिहु[9] अहीसरु आइउ ॥९॥

१०

लोयालोयविलोयणणाणं सिरिणाहं थुणइ मियंको अक्को सक्को मुणिणाहं ।
ससहरकंतं पयडियदंतं कंकालं हत्थे[1] सूलं खंडकवालं करवालं ।

९

न हुंकार करते हैं, और न यह कहते हैं कि 'दो'। न क्लान्त होते हैं, न गन्धर्व गाते हैं, फिर भी पाँच प्रकारके आचारोंमें श्रेष्ठ वीर परमेश्वर (चन्द्रप्रभु) भिक्षाके अवतारको दिखाते हैं। जैसे ही वह शीघ्र घरके आँगनमें प्रवेश करते हैं, वैसे ही राजा सोमदत्तने उन्हें देख लिया, हाथ जोड़कर और उत्तरीयको उरपर करते हुए उसने पुण्यरूपी अंकुरोंके प्रवर बीज इकट्ठे कर लिये। शुद्ध मन-वचन-कायसे उनके लिए उसने आहार दान दिया। दुन्दुभिस्वर, देवोंका साधुवाद, पुष्प-वृष्टि घन बरसा और रत्नोंकी वर्षा हुई। इस प्रकार वहाँ पाँच आश्चर्य प्रकट हुए। शान्त व्रतोंका परिपालन करते हुए जब वह छद्मस्थ तीन माह स्थित रहे तो वह नागवृक्षकी तलभूमिपर पहुँचे। फागुन माहके कृष्णपक्षकी सप्तमीके दिन, अपराह्णमें अनुराधा नक्षत्रमें छठे उपवासके द्वारा उन्हें इन्द्रियोंसे रहित केवल नामका ज्ञान केवलज्ञान प्राप्त हो गया।

घत्ता—उन यतिवरके चौथे कल्याणमें देवता लोग दिशाओंमें नहीं समा सके। सौन्दर्यसे अभिनव भक्तिके वशीभूत होकर नागराज भी पृथ्वीको लक्ष्य करके आया ॥९॥

१०

चन्द्र, सूर्य और इन्द्र लोकालोकका अवलोकन करनेवाले ज्ञानसे युक्त लक्ष्मीके पति मुनिनाथ (तीर्थंकर) की स्तुति करते हैं, 'जो चन्द्रमाके समान कान्तिवाले हैं, जिनके दांत प्रकट हैं, जो

९. १. A reads a as b and b as a. । २. AP पंगणु । ३. A सोमदत्त° । ४. A करु मउलि करेविणु रंतरिउ; P कर मउलिकरेविणु उत्तरीउ । ५. A सिंचिउ । ६. AP पुण्णंकुरु । ७. AP वरिसिवि । ८. A उप्पायउं; P उप्पण्णउं । ९. A अहहु ।

१०. १ A हत्थे संडं फूलकवंडं करवालं ।

कडिहि रवाला किंकिणिमाला [2]झणंझणिया पासे रामा [3]मुद्धा सामा घणथणिया।
[4]मइरावाणं मिट्ठं खाणं [5]मृगमासं दाढाचंडं कुद्धं तोंडं जणतासं।
पेयावासो रक्खसभीसो णियठाणं चित्तविचित्तं रम्मं चम्मं परिहाणं।
एसो वेसो देवे जाणं धम्माणं [6]हाणी उज्झियसुत्तो हिंसाजुत्तो [7]रयखाणी।
जे [8]सरगायणवायणणच्चणलद्धरसा वामच्छीणं रत्ता मत्ता कामवसा।
कट्ठा [9]दुट्ठा [10]णिट्ठाणट्ठा णायचुया मइमिच्छेणं मइतुच्छेण ते वि थुया।
संसरमाणो [11]भवभमभग्गो मुत्तदुहो भो चंदप्पह दरिसियसु[12]प्पहे तुह विमुहो।
पइं ण मुणंतो पइं ण थुणंतो कयमाओ आसो मेसो [13]महिसो हंसो हं जाओ।
छिंदण भिंदण कप्पण पउलण घयतलणं पत्तो तिरिए पुणरवि णरए णिद्दलणं।
परघरवासं [14]परकयगासं कंखंतो णीरसपिंडं तिल[15]खलखंडं भक्खंतो।
परलच्छीओ धवलच्छीओ सलहंतो अलहंतो णियहंतो दीणो हं होंतो।
कउलवियक्के जोइणिचक्के [16]रइधरणी लोयणगामिय हा मइं रमिया परघरिणी।

घत्ता—मइं [17]विप्पें होइवि आसि भवि पसु मारिवि पलु भुत्तउं॥
गंडयहु [18]हड्डु हरिणयहु अइणु देव पवित्तु पवुत्तउं॥१०॥

अस्थियोंसे युक्त हैं, जिनके हाथमें त्रिशूल है, खण्डित कपाल और तलवार है, कमरमें शब्दयुक्त झनझन करती हुई किंकिणीमाला है, पासमें सघन स्तनों की मुग्धा श्यामा है, मदिरापान है, पशुमांसका मीठा खाना है, जो दाढ़ोंसे प्रचण्ड, क्रुद्ध भूखवाले और जनोंको त्रस्त करनेवाले हैं, राक्षसोंसे भयंकर मरघट जिनका अपना निवास है। चित्र-विचित्र सुन्दर चर्म जिनका परिधान है। जिनका इस प्रकारका रूप है, ऐसे देवके ज्ञानमें धर्मकी हानि है। शास्त्रविहीन, हिंसासे सहित वह पापकी खान हैं। जो स्वरोंके गाने-बजाने और नाचनेमें रस प्राप्त करते हैं और कामके वशीभूत होकर सुन्दरियोंमें रत और मत्त हैं, जो कठोर दुष्ट, निष्ठासे भ्रष्ट न्यायसे च्युत हैं, बुद्धिहीन मिथ्यादृष्टिके द्वारा उनकी भी स्तुति की जाती है। संसारमें परिभ्रमण करनेवाला भवभ्रमणसे भग्न, दुःखको भोगनेवाला वह, सुपथके प्रदर्शक हे चन्द्रप्रभ, तुमसे विमुख है। वह तुम्हें नहीं मानता है, तुम्हारी स्तुति नहीं करता है, माया करनेवाला वह, मैं अश्व-मेष-महिष और हंस हुआ हूँ। छेदा जाना, भेदा जाना, काटा जाना, पकाया जाना, घीमें तला जाना (इन्हें) तिर्यंचगतिमें प्राप्त करता है, फिर नरकमें वह दला जाता है। दूसरेके घरमें निवास, दूसरेका दिया भोजन चाहता हुआ, नीरस आहार तिलखलके खण्डोंको खाता हुआ दूसरेकी धवल आँखोंवाली स्त्रीकी प्रशंसा करता हुआ, नहीं पाकर अपनी हत्या करता हुआ मैं दीन हुआ हूँ। चार्वाकोंके एक भेद योगिनीचक्रमें अफसोस है कि मैंने रतिकी भूमि देखी और परस्त्रीका रमण किया।

घत्ता—मैंने विप्र होकर, जन्ममें पशु मारकर मांसका भक्षण किया हुआ है। गेंडे की हड्डियों और हरिणोंके चर्मको हे देव, मैंने पवित्र कहा है॥१०॥

२. A झणिझणिया। ३. A मुद्धा। ४. P मइरापाणं। ५. AP मिगमासं। ६. AP omit हाणी। ७. AP रयखाणं। ८. AP सुरगायण°। ९. AP तुट्ठा। १०. A णिट्ठाणट्ठा। ११. AP भवभय°। १२. A °सुहपय; P °सुहपह। १३. AP हंसो महिसो। १४. P कयपरगासं। १५. A °खडखंडं। १६. A रइघरिणी। १७. विप्पहु होइवि। १८. AP हड्डु हरिणहु अयणु।

११

णिद्धम्महं मं[1]साहारियाहं　　रसलोलहं णियपरवइ[2]रियाहं ।
तुहुं देव ण होसि सुसामि जाहं　　अजिणु वि अजिणहं चुक्कइ ण ताहं ।
महयालइ गाइ वि जासु वज्झ　　हो हो किं वेएं तेण मज्झ ।
एंवहि सुदया[3]वर तुहुं जि सरणु　　तुह पायमूलि महुं होउ मरणु ।
बलदेवहं अग्गइ देहि तिण्णि　　तहु गणहर सु[4]यहर सहस दोण्णि ।
जे परमविराय वसंति रण्णि　　ते तहु मुणिसिक्खुव लक्ख दोण्णि ।
णे[5]हु सहसइं पुणु चउरो सयाइं　　सिक्खंति सत्थु गुरुसम्मयाइं[6] ।
अट्ठ[7]सहसइं सावहिलोयणाहं　　अट्ठारहस[8]हस णिरंजणाहं ।
ते चोद्द[9]स [10]विक्किरियागुणीहिं　　वसुसहसइं मणपज्जवमुणीहिं ।

घत्ता—पिंडीदुमु चमरइं दिव्वझुणि कुसुमवरिसु सियछत्तइं ॥
भामंडलु दुंदुहि सुरवरहिं जिणचिंधाइं णिउत्तइं ॥११॥

१२

भयसहसइं छ[1]सय विवाइयाहं　　छलहेउजो[2]इकुलघाइयाहं ।
भणु अ[3]सीयसहासइं तिण्णि लक्ख　　संजमधारिणिहिं वहंति दिक्ख ।
सावयहं लक्ख गुत्तीसमाण　　ते अ[4]णुवयणारिहिं वयपमाण ।

११

हे देव, जो धर्महीन, मांसाहारी, रसलोलुप स्वपरके शत्रु हैं, आप उनके स्वामी नहीं हैं। जिन भगवान्‌से रहित जिन्होंने मृगचर्म नहीं छोड़ा, उनके आप स्वामी नहीं हैं। यज्ञमें जिसके लिए गाय वध्य है, हो-हो ! उस वेदसे मुझे क्या करना। हे सुदयावर, इस समय तुम्हीं मेरीशरण हो, तुम्हारे चरणोंके मूलमें मेरी मृत्यु हो। उनके तेरानबे गणधर थे, दो हजार पूर्वधारी थे, जो परम विरक्त और वनमें निवास करते थे, ऐसे उनके दो लाख चार सौ शिक्षक मुनि थे जो गुरुसम्मत शास्त्रोंकी शिक्षा देते थे। आठ हजार अवधिज्ञानी थे। निर्विकार केवलज्ञानी (आठ हजार सहित अट्ठारह हजार अर्थात् १० हजार) दस हजार, विक्रिया-ऋद्धिके धारक मुनि चौदह हजार, और मनःपर्यय-ज्ञानी आठ हजार थे।

घत्ता—अशोक वृक्ष, चामर, दिव्यध्वनि, पुष्पवर्षा, श्वेतछत्र, भामण्डल, दुन्दुभि जिनवरके ये चिह्न देवताओं द्वारा कहे गये हैं ॥११॥

१२

छल जाति हेतु समूह का खण्डन करनेवाले सात हजार छह सौ वादी मुनि थे। तीन लाख अस्सी हजार संयम को धारण करनेवाली आर्यिकाएँ दीक्षाको धारण करती हैं, तीन लाख श्रावक

११. १. P मंसाहारि° । २. P परवेरियाहं । ३. AP सुदयावह । ४. A omits portion from सुयधर down to मुणि in 6 *b*; K writes it in marg । ५. A दहसहसइं । ६. A adds after this; चउसहस ताह पुव्वंधराहं । ७. A दोसहसइं । ८. P जाणिय दहसहस । ९. P ते चउदस । १०. A रिद्धिसयइ सुविक्किरिया ।

१२. १ A तासु; K तासु but corrects it to छसय । २. P जाउ । ३. A चउरासीसहसइं । ४. P तेहिं अणुवय° ।

देवहं देविहिं[5] णउ छेउ अत्थि तेलोक्कसूरु केवलगभत्थि।
चउवीसहं[6] पुव्वंगहं विहीणु अण्णु वि मासहिं तिहिं मुणहि झीणु।
वसुमइ विहरिवि तेणेक्कु पुव्वु संबोहिवि मणुयसमूहु भव्वु।
संमेयहु सिहरु समारुहेवि थिउ जोउ मासु पेरंतु लेवि।
णामइं गोत्तइं वेयणिययाइं आउट्ठिदिसरिसइं लहु कयाइं।
कम्मइयतेयअउयारियाइं[7] तिण्णि वि अंगइं ओसारियाइं।
घत्ता—सियपक्खहु फग्गुणसत्तमिहि परमविसुद्धिइ[8] रिद्धउ॥
जेट्ठहि णिट्ठियमलु[9] बहुरिसिहिं सहुं चंदप्पहु सिद्धउ॥१२॥

१३

णाहस्स[1] णिव्वाणि पंचमइ कल्लाणि।
तूराइं वज्जंति मंगलइं गिज्जंति।
थोत्ताइं किज्जंति दाणाइं दिज्जंति।
दीणाइं सं[2]जंति दुरियाइं खिज्जंति।
चंदणइं सीयलइं[3] सुरहियइं[4] परिमलइं।
जिणतणुहि[5] घिप्पंति घुसिणेण[6] सिप्पंति।
अग्गिंद पणमंति मउडोह[7] दिप्पंति।
दीवोहं[8] दिज्जंति।

थे। अणुव्रतों का पालन करनेवाली नारियाँ (आर्यिकाएँ) पाँच लाख थीं। देवों और देवियोंका अन्त नहीं था। केवलज्ञानरूपी किरणवाले त्रैलोक्य सूर्य जिन चौबीस पूर्वांगोंसे रहित और भी उनमें तीन माह कम समझो। एक पूर्व तक धरतीपर विहार कर और भव्य मनुष्यसमूहको-सम्बोधित कर सम्मेदशिखरपर आरोहण कर एक माह पर्यन्तका योग लेकर, नाम-गोत्र वन्दनीय को आयुके समान स्थितिवाला कर, औदारिक-तैजस और कार्मण तीनों शरीरोंको उन्होंने हटा दिया।

घत्ता—फागुन माह के शुक्लपक्षकी सप्तमीके दिन परम विशुद्ध ज्येष्ठा नक्षत्रमें मलको नाश करनेवाले चन्द्रप्रभु अनेक मुनियोंके साथ सिद्ध हो गये॥१२॥

१३

स्वामीके पाँचवें कल्याण निर्वाण होनेपर नगाड़े बजते हैं। मंगल गीत गाये जाते हैं, स्तोत्र रचे जाते हैं, दान दिया जाता है, दीन सुखको प्राप्त हो जाते हैं, दुरित नष्ट हो जाते हैं, शीतल चन्दन और सुरभित परिमल जिनके शरीरपर डाले जाते हैं, केशरसे उसका लेप किया जाता है, अग्नीन्द्र

५. AP देविउ। ६. AP चउवीसइं पुव्वंगहं। P °अउदारियाइं। ८. विसिद्धिइ। ९. A णिट्ठिवि।

१३. १. A णाणस्स णिव्वाण। २. AP सज्जंति। ३. वंदणइं। ४. A सुरहीअइंधणइं; P सुरहियइं इंधणइं। ५. A खोणियहि घिप्पंति। ६. AP लिप्पंति। ७. A मुणि हुववहं देंति; P मणिहुयवहं देंति। ८. AP omit दीवोह दिज्जंति।

धूवोहधूमेण [10]णाणाविहोएण[11] ।
महुयररविल्लाइं पंजलिहिं फुल्लाइं ।
घल्लंति देविंद वण्णंति णाइंद ।
जीहासहासेहिं विब्भमविलासेहिं ।
देवीउ णच्चंति सिद्धं समच्चंति ।
[12]णविऊण तं तित्थु सो सयलु सुरसत्थु ।
जिह[13] गुणकहाकारि पत्तो पुलोमारि ।
सग्गं सलीलेण करिणा मयालेण ।
[14]ससिकंतिदंतेण धीरं[15] रसंतेण ।

घत्ता—इय[16] भरहखेत्तणरयदियहु[17] जगचंदुज्जयचंदहु ॥
किं[18] पुप्फवंतु हउं जडु करमि चंदप्पहहु जिणिंदहु ॥१३॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे चंदप्पहणिव्वाणगमणं णाम छायालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४६॥

॥ चंदप्पहचरियं[19] समत्तं ॥

प्रणाम करते हैं, उनके मुकुटसमूह प्रज्वलित होते हैं, दीपके समूह दिये जाते हैं, धूप समूहके धुएँ और विशिष्ट भोगोंके साथ देवेन्द्र अपने हाथोंकी अंजलियोंसे, भ्रमरके शब्दोंसे युक्त पुष्प बरसाते हैं। नागेन्द्र अपनी हजारों जीभोंसे स्तुति करते हैं, देवियाँ विभ्रम विलासोंके साथ नृत्य करती हैं तथा देवकी समर्चा करती हैं। वह समस्त सुरसमूह उस तीर्थको वन्दना कर उसी प्रकार स्वर्गको गया जिस प्रकार इन्द्र लीलावाले मदालस चन्द्रकान्तिके समान दाँतवाले धीरे-धीरे गरजते हुए हाथीके साथ स्वर्ग गया।

घत्ता—जो यहाँ भरतक्षेत्रके लोगोंके लिए दिवस और विश्वरूपी कुमुदके लिए चन्द्र हैं ऐसे चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रके वर्णनमें जड़ कवि पुष्पदन्त क्या करे ? ॥१३॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका चन्द्रप्रभ निर्वाणगमन नामक छियालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४६॥

९. A धूमोहणीलाउ। ११. AP णिग्गंति जालाउ। ११. AP add aftar this : णिरसियअणंगाइं, डज्झंति अंगाइं। १२. AP णमिऊण तं तेत्थु। १३. AP जिण°। १४. A ससिकंतदंतेण। १५. A वीरं। १६. A इह। १७. AP भरहखेत्ति णर°। १८. किम। १९. AP omit this line।

संधि ४७

सुविहिं सुविहिपयासणं   सयमहवंदियसासणं ॥
भुवणणलिणवणदिणयरं   वंदे[2] णवमं जिणवरं ॥ध्रुवकं॥

१

णहा[3]खित्ततारं   सवण्णेण तारं ।
सुहामोयसासं   सया जस्स सासं ।
पदिट्ठं दिसासुं   रिसिं रक्खियासुं ।
अरीणं अगम्मं   पमोत्तूण गं मं ।
हयं जेण कम्मं   जगे जस्स कम्मं ।
गयासाविहाणं   णिहाणं विहाणं ।
सुरिंदद्दिधीरो   सभत्ताण धीरो ।
पयोहीगहीरो   अकंतंगहीरो ।
दिहीगाइगोवो   अमोहो विगोवो[4] ।
सकारुण्णभावो   जणुग्घुट्ठभावो ।
कुसिद्धंतवारो   सुदिट्ठंतवा[5]रो ।
ण जो मोहभंतो   ण जम्मोहवंतो ।

संधि ४७

सुविधिका प्रकाशन करनेवाले, इन्द्रके द्वारा जिनका शासन वन्दनोय है ऐसे भुवनरूपी कमलवनके लिए दिवाकर नौवें तीर्थंकर सुविधि (पुष्पदन्त) को मैं नमस्कार करता हूँ।

१

जिन्होंने अपने नखोंसे आकाशके तारोंको तिरस्कृत कर दिया है, जो अपने वर्णसे स्वच्छ हैं, जिनके श्वास सुख और आमोदमय हैं, जिनका मुख सदैव शोभामय है, जिन्होंने दिशामुखोंको उपदिष्ट किया है, जो प्राणियोंके प्राणोंको रक्षा करनेवाले हैं, जिन्होंने शत्रुओंके लिए अगम्य भूमि और लक्ष्मी छोड़कर कर्मोंका नाश किया है, विश्वमें जिनका काम (नाम) है। जिनका विधान और धर्मोपदेश विधान फल की इच्छासे रहित है। जो सुमेरुपर्वतकी तरह गम्भीर हैं, जो अपने भक्तोंके लिए बुद्धि देते हैं, जो समुद्रकी तरह गम्भीर हैं, जो शरीरसे स्त्रीका त्याग कर देनेवाले महादेव हैं। जो धृतिरूपी गायकी रक्षा करनेवाले गोप (विष्णु) हैं। मोह और गर्वसे रहित हैं; जो कारुण्य भावसे युक्त हैं, जो लोगोंको पदार्थका स्वरूप बतानेवाले हैं, खोटे सिद्धान्तोंका निवारण करनेवाले और अनन्त स्वरूपोंका अन्त देखनेवाले हैं। जो मोहसे भ्रान्त नहीं हैं और न जन्मके

P gives, at the beginning of this Samdhi, the stanza: वरमकरोदपार° for which see note on page 45 A and K do not give it.

१. १. PT सुविहियसासणं। २. P वंदिवि। ३. A णहुक्खित्ततारं। ४. A अगोवो। ५. P सुसिद्धंतपारो।

णमामो अणंतं   रईमोयणं तं।
जिणं पुप्फयंतं   जिणा पुप्फयं तं।
ण हत्थेण छित्तं[6]   दयाधम्म[7]छित्तं।
सया जस्स सीलं   बुहाणं सुसीलं।
पयासेइ संतो   खणेणं इसंतो।
महीदिण्णमारो   कओ जेण मारो।

घत्ता—तहु वरचरियविसेसयं   आयण्णह महिमासयं॥
मेल्लह मोहविडंबणं   अथिरं घर घ[8]रिणी धणं॥१॥

२

दीवि खरंसुदीवि कुसुमियतरु   पुक्खरद्धि पुव्वामरमहिहरु।
पुव्वविदेहि तासु मंथरगइ   णीरगहिर सीयं[1] सीयाणइ।
णवलवंगपल्लवसुरहियजले[2]   मज्जमाणगज्जिर[3]वरमयं[4]गल।
खयरीसिहिणघुसिणरसपीयल   गुरुतरंगघोलिरमहुलिहचल।
तडवरविडविपडियणो[5]णाहल   कीलियमहिसं[6]वंदहयणाहल।
देहँ[7]णिलोलमाणसूयरउल   पक्खितुंडपविहंडियसयदल।
जिणपडिमा इव साव[8]यसंगिणि   किं वण्णिज्जइ दिव्वतरंगिणि।
उत्तरि तीरि[9] ताहि हयखलवइ   अत्थि भूमि णामे पुक्खलवइ।

युक्त हैं, ऐसे रतिका मोचन करनेवाले अनन्त जिन पुष्पदन्तको मैं नमस्कार करता हूँ। जिन्होंने कामदेवको अपने हाथसे नहीं छुआ। जिनका शील सदैव दयाभावसे स्पृष्ट है और पण्डितोंके लिए सुशील (व्रतों) का प्रकाशन करनेवाला है। धरतीपर प्राणियोंको मृत्यु देनेवाले विद्यमान कामदेव-को जिन्होंने एक क्षणमें नष्ट बाणोंवाला बना दिया।

घत्ता—ऐसे उन पुष्पदन्तके सैकड़ों महिमावाले श्रेष्ठ चरित्र विशेषको सुनो। मोहकी विडम्बना अस्थिर घर-गृहिणी और धरको छोड़ो॥१॥

२

सूर्यकी तीव्र किरणोंसे दीप्त पुष्करार्ध द्वीपमें कुसुमित वृक्षोंवाला पूर्व सुमेरुपर्वत है। उसके पूर्व-विदेहमें मन्थरगतिवाली जलसे गम्भीर शीतल शीतोदा नदी है। जिसका जल नवलवंगोंके पल्लवों-से सुरभित है, जिसमें नहाते हुए और गर्जित शब्दवाले मैगल हाथी हैं, जो विद्याधरियोंके स्तनोंके केशररससे पीली है, जो बड़ी-बड़ी लहरोंपर व्याप्त भ्रमरोंसे चंचल है, जिसमें तटवर्ती वृक्षोंके नाना फल गिरे हुए हैं, जिसमें भैंससमूह, अश्व और भील क्रीड़ा कर रहे हैं, जिसमें शूकर-कुल कीचड़से खेल रहा है, जिसमें पक्षिसमूहके द्वारा कमल खण्डित कर दिये गये हैं, जो जिन प्रतिमा-के समान सावयसंगिनी (श्रावक संगिनी, श्वापद संगिनी) है, ऐसी उस दिव्य नदीका क्या वर्णन किया जाये। उसके उत्तर तटपर खल-राजाओंका नाश करनेवाली पुष्कलावती नामकी भूमि है।

---

६. A छिण्णं। ७. छिण्णं। ८. A धरणी।

२. १. AP सीयल। २. A °जले; P °जलु। ३. P °गज्जिय°। ४. A °मयगले; P °मयगलु। ५. A °पलिय°। ६. AP महिसविंद°। ७. A दहिणीलोल°। ८. °सिंगिणि। ९. A उत्तरतीरे।

पुरि णहसिरि व भमालाकंतिहि　　पंडु [10]पुंडरिंकिणि घरपंतिहि ।
राउ महापउमउ पउमाणणु　　पउमविलोयणु पउमामाणणु ।
घत्ता—करतरवारिवियारिया　　जेण रिऊ संघारिया ।
णिवडिय सूर वणंगया　　णासिवि भीरु वणं गया ॥२॥

३

परियाणिय णिव अत्थाणत्थहु　　एक्कहिं दिणि तहु अत्थाणत्थहु ।
आवेप्पिणु अक्खिउ वणवालें　　नृव वणु भूसिउं तिहुवणवालें ।
तं णिसुणिवि[2] सो रइयरहंतहु　　वंदणहत्तिइ गउ अरहंतहु ।
वंदिउ वंदणिज्जु जो वंदहुं　　इंदचंदणाइंदणरिंदहुं ।
जिह जिह तेणें[4] देउ णिज्झाइउ　　तिह तिह सो णिव्वेउ पराइउ ।
भिच्चलोउ दूसणु परलोयहु　　भोउ गणिउ सरिसउ फणिभोयहु ।
णारि मारि भीसण तें दिट्ठी　　हियवइ विसयविरत्ति पइट्ठी ।
पुत्तहु बालकमलदलणेत्तहु　　देवि धरत्ति[5] झत्ति धणयत्तहु ।
मुक्कउं घरु बहुदुक्खहं भंडउं　　लइयउं व्रउ[6] संसारतरंडउं ।
घत्ता—सुयरंतो[7] जिणपुंगमं　　इसि प्राणिंदिय[8]संजमं ॥
पालइ मुक्कणियंगउ　　सुयएयारहअंगउ ॥३॥

उसमें गृहपंक्तियोंसे सफेद पुण्डरीकिणी पुरी नक्षत्रमाला की कान्तिसे आकाशलक्ष्मीकी तरह जान पड़ती है, उसमें कमलके समान आंख, हाथ और मुखवाला महापद्म नामका राजा था।

घत्ता—जिसके द्वारा हाथकी तलवारसे विदारित और संहारित शूरवीर शत्रु घायल होकर गिर पड़े और भागकर वनमें चले गये ॥२॥

३

अर्थ-अनर्थको जाननेवाले उस राजाके दरबारमें आकर एक दिन वनपालने कहा, "हे राजन्, वन तीन कालकी शोभासे विभूषित हो गया है।" यह सुनकर वह कामदेवका अन्त करनेवाले अरहन्तकी वन्दनाभक्ति करनेके लिए गया। इन्द्र, चन्द्र, नागेन्द्र और नरेन्द्रोंके समूहके द्वारा वन्दनीय उनकी उसने वन्दना की। जैसे-जैसे उस राजाने देवका ध्यान किया, वैसे-वैसे वह निर्वेदको प्राप्त हो गया। (उसने सोचा) कि भृत्यलोग परलोकके लिए दूषण हैं, उसने भोगोंको नागके फनकी तरह समझा, उसने नारीको भीषण मारीके रूपमें देखा, उसके हृदयमें विषयोंके प्रति विरक्ति प्रवेश कर गयी। बालकमलके समान आंखोंवाले अपने पुत्र धनदत्तको शीघ्र धरती देकर अनेक दुःखोंके पात्र घरका परित्याग कर दिया, और संसारसे तारनेवाले व्रतको स्वीकार कर लिया।

घत्ता—जिनश्रेष्ठका स्मरण करते हुए वह मुनि प्राण और इन्द्रियोंके संयम और कामदेवसे रहित एकादश श्रुतांगोंका पालन करते हैं ॥३॥

१०. A पुंडरिगिणि ।

३. १. AP णिव । २. AP तं णिसुणेवि रइय° । ३. A वंदणभत्तिइ । ४. P देउ तेण । ५. P धरित्ति उत्ति । ६. AP वउ । ७. A सुमरंतो जिणपुंगवं; P सुमरंतहो जिणपुंगमं । ८. AP पाणिंदिय° ।

४

णारीचिंतणु णे करइ दंसणु   णउ संभासणु णउ करफंसणु ।
गंधु मल्लु सरु राउप्पायणु   णउ अइमत्तपाणेरसभोयणु ।
तं परिहरइ वत्थु जहिं रोसहु   होइ सूइ माणाइयदोसहु ।
भाविवि भावणाउ णयजुत्तिउ   दंसणसुद्धिविणयसंपत्तिउ ।
कम्मु अहम्मु णियाणु णिसिद्धउं   तित्थयरत्तगोत्तु तें बद्धउं ।
मुउ संणासणेण जोईसरु   जायउ प्राणयकप्पि सुरेसरु ।
अड्ढाइज्जहत्थतणु सुंदरु   वीससमुद्दमाणजीवियधरु ।
मुयइ सासु सुहणिहि दहमासहिं   मुंजइ वीसहिं वरिससहासहिं ।
ओहिणामणाणेण[10] परिक्खइ   धूमप्पह महि जाव णिरिक्खइ ।
कालें कालाणणु संप्राविइ[11]   थिइ छम्माससेसि तहु जीविइ ।

घत्ता—दिण्णविवक्खासंकयं   मुहसोहाजियपंकयं ॥
सुहलियसुहमाणियसिवं   भणइ कुलिसि दविणाहिवं ॥४॥

५

जंबुदीवि रविदीवयदरिसइ   भरहें भुत्तइ भारहवरिसइ ।
मंडुधरियपरमहिवइबंदिहि   णरभरियहि णयरिहिं काकंदिहि ।
कासवगोत्तहु गुत्तससंकहु   वइरिरणंगणि वज्जियसंकहु ।

४

वह न तो नारीका चिन्तन करते और न दर्शन । न भाषण और न हाथ से संस्पर्श, न राग को उत्पन्न करनेवाले गन्ध-माल्य और स्वर, और न प्राणोंको अत्यन्त मत्त बनानेवाले रसभोजन । उस वस्तुका परित्याग कर देते, जिससे मानादि दोषों और क्रोधकी उत्पत्ति होती । दर्शनविशुद्धि, विनय-सम्पन्नता आदि नययुक्त भावनाओंका चिन्तन कर, कर्म-अधर्म और निदानका निषेध कर उन्होंने तीर्थंकर गोत्रका बन्ध कर लिया । संन्यासमरणसे मरकर वह योगीश्वर प्राणतस्वर्गमें सुरेश्वर हुए । साढ़े तीन हाथका सुन्दर शरीर । बीस सागर प्रमाण जीवको धारण करनेवाला, सुखनिधि वह दस माहमें साँस छोड़ता और बीस हजार वर्षमें भोजन करता । वह अवधिज्ञानके द्वारा धूमप्रभ नरक पर्यन्त भूमिको जानता । समयके साथ कालकी अवधि समाप्त होनेपर तथा उसका जीवन छह माह शेष रह जानेपर ।

घत्ता—शत्रुपक्षको शंका उत्पन्न करनेवाले, तथा अपने मुखकमलोंको जीतनेवाले सुफलित सुख और शिवको माननेवाले कुबेरसे इन्द्रने कहा—॥४॥

५

जिसमें सूर्यरूपी दीपक दिखाई देता है ऐसे जम्बूद्वीपमें भरतके द्वारा भुक्त भारतवर्षमें, जहाँ बलपूर्वक राजारूपी वन्दियोंको पकड़ रखा है, ऐसी आदमियोंसे संकुल काकन्दी नगरीका,

४. १. P करइ ण । २. A °पाणु रस° । ३. P वासु । ४. A णियाणि । ५. AP पाणयकप्पि । ६. A अड्ढाहियतिहत्थ°; P आहुट्ठ जि हत्थ° । ७. P °माणु । ८. P सुहीणिहि । ९. A दसमासहिं । १०. P ओहिणाणमाणेण । ११. AP संपाविइ ।
५. १. P मंड° ।

मुत्ताहलमंडियसुग्गीवहु इक्खाउहु रायहु सुग्गीवहु ।
वासवकुलिसु व मज्झे खामहि जसरामहि देविहि[2] जयरामहि ।
विद्धंसियदुद्धरमणसियसरु होसइ देउ णवमतित्थंकरु ।
जाहि ताइं तुहुं दुज्जण[3] जूरहि चिंतियँ सयल मणोरह पूरहि ।
करि चंगउं पुरु[5] घरु सुहदंसणु ता जक्खेण दुक्खविद्धंसणु ।
णिम्मिउ णयरु[6] काइं वण्णिज्जइ जहिं मँणिकिरणविरोहें[7] भिज्जइ ।
भाणुबिंबु तहिं परु किं सीसइ तेएं रयणि ण वासरु दीसइ ।
घत्ता—पयगयरंगविहंतियं[8] पोमरायमणिपंतियं ।।
ढंकइ जत्थ वहुल्लिया किं सा चंदगहिल्लिया ।।५।।

६

कज्जलु णयणि देंति हरिणीलहु आरूसइ किरणावलि कालहु ।
दंतपंति ससियंतकरोहें[1] दप्पणयलि ण णियंति समोहें ।
भणइ घरिणि सहियउ सरलच्छउ एंवहि दसण ण धोयवि णिच्छउ ।
जोयवि घरि मोत्तियरंगावलि अवर ण बंधेइ[2] गलि हारावलि ।
णीलउं[3] णेत्तु ण णिहिउं णियच्छइ मरगयदित्ति मयच्छि दुगुंछइ ।

कश्यपगोत्रीय शशांकगुप्त नामक, शत्रुओंके प्रांगणमें आशंकाओंसे रहित, गुप्तशशांक, जिसका कण्ठ मुक्तामालाओंसे शोभित है, ऐसे इक्ष्वाकुवंशके राजा सुग्रीवकी वज्रायुधकी तरह मध्यमें क्षीण तथा यशसे रमणीय जयरामा नामकी देवीसे, कामदेवके दुर्धर्ष बाणोंको नष्ट करनेवाले नौवें तीर्थंकरका जन्म होगा। जाओ तुम शीघ्र दुश्मनोंको सताओ और चिन्तित समस्त मनोरथोंको पूरा करो। देखनेमें शुभ सुन्दर नगर बनाओ। तब कुबेरने दुखोंका नाश करनेवाले नगरकी रचना की। उसका क्या वर्णन किया जाये? जहाँ मणिकिरणोंके विरोधसे सूर्यबिम्बका तिरस्कार किया जाता है वहाँ दूसरेके विषयमें क्या कहा जाये? तेजके द्वारा वहाँ न रात जान पड़ती है, और न दिन।

घत्ता—चरणोंमें लगे हुए राग (लालिमा) को नष्ट करनेवाली पद्मरागमणियोंकी पंक्तिको जहाँ वधू आच्छादित कर देती है, क्या वह चन्द्रमाके द्वारा अभिभूत है? (क्या चन्द्रमारूपी ग्रह उसे लग गया है?) ।।५।।

६

कोई आँखोंमें काजल लगाती हुई, हरिनील और काले मणियोंकी किरणावलीपर क्रुद्ध हो उठती है। वह चन्द्रकान्तमणिके किरणसमूह से दन्तपंक्तिको दर्पणतलमें अपनी भ्रान्तिके कारण नहीं देखती। वह गृहिणी, सरल आँखोंवाली सखीसे कहती है कि इस समय मैं निश्चयपूर्वक दाँत नहीं धोऊँगी। एक ओर नारी घरमें मोतियोंकी रंगावली देखकर अपने गलेमें हारावली नहीं बाँधती। अपने स्थापित नीले नेत्रोंको नहीं देख पाती और वह मृगनयनी मरकतमणिकी

२. A णवमु । ३. P दूरहि । ४. P तहु धरि घणय मणोरह । ५. A पुरवरु । ६. P काइं णयरु ।
७. A माणिक्ककिरणविहि । ८. AP °विहत्तियं ।
६. १. A ससिअंत°; P ससिकंत° । २. P. बद्धइ । ३. A णीलणेत्तु णं ।

कक्केयणकुड्डयलइ पेच्छिवि　　भुंज भुंज णियभासइ पुच्छिवि ।
दिण्णउ मुहबिंबाहरतंबइ　　सिसुणा कूरकवलु पडिबिंबइ ।
अण्णु वि रंगंतउ सुत्तुट्ठिउ　　थणइ थणरसगहणुक्कंठिउ ।
मणिमहियलगयतणु पडिमुल्लउ　　दोमायउं चिंतइ डिंभुल्लउ ।
जं घरसिहराहयणहभायउ　　कणयघडिउ पुरु पीयलछायउ ।
णिच्चु जि अमुणियसंझारायउ　　सुरहिसुसीयलदाहिणवायउ ।
घत्ता—तहिं रयणंसुकरालइ　　सोवंती सयणालइ ॥
अम्माएवि महासइ　　पेच्छइ सिविणयमंतइ ॥६॥

७

णायं णाइल्लं णायारिं　　णारायणियं णरमणहारिं ।
णाणाफुल्लं मालाजमलं　　णिसियरयं णेसरयं विमलं ।
जायंयजुम्मं सिरिणिवजुम्मं　　पोमसरं पोमासियपोमं ।
पालंतुग्गयवेलावारं　　पारं पंडुरपाणियफारं ।
पीढं चामीयरसेहीरं　　णाइहरं णाइंदागारं ।
दीहमऊहं रयणसमूहं　　णिद्धं णिद्धूमं हुयवाहं ।

दोसिकी निन्दा करती है । नीलरत्नकी भित्तिको देखकर अपनी भाषा (शिशुभाषा) में 'खाओ खाओ' पूछकर बच्चेने मुखके बिम्बाधरसे ताम्र प्रतिबिम्बको भातका कौर दे दिया । एक और सोकर उठा हुआ बालक, खेलते-खेलते माँ का दूध पीनेकी उत्कण्ठासे चिल्लाता है । लेकिन मणि-महीतलमें प्रतिबिम्बित तनुको देखकर भूल गया, और बालक सोचता है कि दो माताएँ हैं । जो अपने गृहशिखरोंसे आकाशभागको आहत करता है, स्वर्णनिर्मित और पीली कान्तिवाला है, जो प्रतिदिन सन्ध्यारागको नहीं जानता, और जिसमें सुरभित शीतल और दक्षिण पवन बहता है ।

घत्ता—ऐसे उस नगरमें रत्नकिरणोंसे मिश्रित शयनतलमें सोती हुई महासती अम्बादेवी स्वप्न-परम्पराको देखती है ॥६॥

७

गज, बैल, मनुष्योंके लिए सुन्दर लक्ष्मी, नाना पुष्पोंकी दो मालाएँ, विमल चन्द्रमा और सूर्य, मत्स्ययुग, लक्ष्मीसे युक्त कुम्भयुगल, लक्ष्मीसे अधिष्ठित कमलोंका सरोवर—जिसका तट-समूह बाँधोंके बाहर निकला हुआ है और जिसके पानीका विस्तार सफेद है, ऐसा समुद्र; सोनेके सिंहोंका पीठ (सिंहासन); स्वर्गविमान और नागभवन, लम्बी किरणोंवाला रत्नसमूह, स्निग्ध और निर्धूम अग्नि ।

४. P परिबिंबइ । ५. A मणिमहिगयतणु णिरु पडिभुल्लउ; P मणिमहिगयतणु परिबिंबुल्लउ । ६. AP सुसीयलु । ७. AP रम्माए वि ।

७. १. P णायल्लं । २. A °जुवलं । ३. AT जलयरजुम्मं । ४. AP पालंतुंगयवेलावारं (P धारं) । ५. P णायहरं । ६. A adds after this : ऊइयपंचवीयं एवहं । ७. A adds after this : जालामालाजडियदिसोहं ।

घत्ता—इय वर[8]सिविणयमालियं जयरामाइ णिहालियं ॥
पइणो तीए सिट्ठ[9]यं तेण वि फलमु[10]वँदिट्ठयं ॥७॥

८

दयाभावजुत्तो [1]तुमं चारुपुत्तो ।
हले होहि दीसो अणीसो मुणीसो ।
परस्सोवयारी जिणो णिज्जियारी ।
तओ तम्मि काले महातूर[2]रोले ।
तिलोयस्स पुज्जा स[3]ई का वि लज्जा ।
मई कंति बुद्धी सिरी संति सिद्धी ।
ससिंगारभारा पघोलंतहारा ।
गुणुत्तालभावा सकंचीकलावा ।
तुलाकोडिपाया विइण्णंगराया ।
दिही दीहरच्छी परा का वि लच्छी ।
पवण्णा णिवासं जिणं[4]बाह पासं ।
कया गब्भसुद्धी इमीहिं महिद्धी ।
धणेसो पहिट्ठो हि[5]रण्णं पवुट्ठो ।
रिऊमाससमेरं धरेउं[6] समेरं ।
अमंदो णिवंदो[7] चुओ प्रा[8]णइंदो ।

घत्ता—फग्गुणमासे पत्तए पक्खे ससियरदित्तए ॥
णवमीदियहि पवित्तए दे[9]वें मूलणक्खत्तए ॥८॥

घत्ता—इस प्रकार जयरामाने स्वप्नमालिका देखी। उसने पतिसे कहा। उन्होंने भी उसके फलका कथन किया ॥७॥

८

कि तुम्हारा दयासे युक्त सुन्दर पुत्र होगा। हे हला, अनीश, मुनीश, दूसरोंका कल्याणकारी, शत्रुओंका नाश करनेवाले जिन; तब उस समय कि जब महातूर्य बज रहा था, त्रिलोककी पूजनीय सती कोई लज्जा, (ह्री), कान्ति, मति (बुद्धि), सिद्ध होती हुई श्री, शृंगारके भारसे दबी हुई, हारको आन्दोलित करती हुई लक्ष्मी, गुणोंसे ऊँचे भाववाली कांची कलापसे युक्त, पैरोंसे घुँघरू पहने हुए अंगराग विकीर्ण करती हुई लम्बी आँखोंवाली कोई श्रेष्ठ लक्ष्मी जिननाथके निवासस्थान पर पहुँचीं। इनके द्वारा महान् ऋद्धिवाली गर्भशुद्धि की गयी। छह माहकी अपनी मर्यादा तक कुबेरने प्रसन्नतासे धनकी वर्षा की। अमन्द मनवन्दनीय प्राणत इन्द्र-च्युत हुआ और।

घत्ता—फागुन माहके कृष्णपक्षकी नवमीके दिन मूलनक्षत्रमें ॥८॥

---

८. A वरि। ९. A सिट्ठियं। १०. A °दिट्ठियं।
८. १. AP तुहं। २. तूरराले। ३. A सुई काचि; P सयं काचि। ४. P जिणंबाय। ५. P सुवण्णेण वुट्ठो।
६. A रमंतो समेरं। ७. P णिमंदो। ८. AP पाणइंदो। ९. A देउ।

९

जिणो णारिदेहे थिओ दिव्वणाणो　सुरिंदाण वंदेहिं वंदिज्जमाणो ।
णिहीकुंभहत्था पणच्चंति जक्खा　वरिट्ठा सुवण्णं दहट्ठेव पक्खा ।
पमोत्तूण संसारवित्थारदुग्गं　पवण्णम्मि चंदप्पहे मोक्खमग्गं ।
समुद्दाण कोडीण सीरीसमाणं　[1]सुसुण्णं गयं एत्तियं कालमाणं ।
तओ मग्गसीसे णिसीसंसुसेएं[2]　पहिल्ले दिणे जायओ जायसेएं[3] ।
जिणिंदस्स जम्मे जियाराइवग्गो　ससक्को असेसो वि सोहम्मसग्गो ।
ण सामाइ[4] खे खीणपावो महप्पो　विमाणेहिं जाणेहिं ईसाणकप्पो ।
सणाईकुमारो[5] स माहिंदणामो　वि[6]लंबंतसोहंतमंदारदामो ।
समं बंभणाहेण बंभुत्तरेसो　णहुड्डीणगिव्वाणसोहाविसेसो ।
चलो चल्लिओ लंतवो लच्छिधामो　असट्ठेण काविट्ठवो तुट्ठिकामो ।
ससुक्को महासुक्कदेवग्गगामी[7]　सयारो सहारो सहस्सारसामी ।
समुद्धाइओ आणओ प्राणइंदो[8]　जगुद्धारणो आरणो अच्चुइंदो ।
ससी वासरीसो[9] रहुब्बद्धकेऊ　बुहो अंगिरारो सणी राहु केऊ ।
दियंतं गयाणंदभेरीणिणाया　पुरिं [10]पाइया सामराणं णिहाया ।
णिवो वंदिओ तेहिं काकंदिवालो[11]　करे ढोइओ कित्तिमो को वि बालो ।

९

देवेन्द्रोंके समूहके द्वारा वन्दनीय देव जिन नारीदेहमें आकर स्थित हुए। निधिकलश अपने हाथमें लेकर यक्ष नृत्य किया और अठारह पक्षों तक धनकी वर्षा की। संसारके विस्तार दुर्गको छोड़कर चन्द्रप्रभ स्वामीके मोक्षमार्गमें प्रवृत्त होनेपर, नब्बे करोड़ सागर पर्यन्त समय बीतनेपर मार्गशीर्ष शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन जिनेन्द्रके जन्ममें, शत्रुवर्गका विजेता, इन्द्र सहित समस्त सौधर्म स्वर्ग आकाशमें नहीं समा सका। निष्पाप और माहात्म्यवाला ईशान स्वर्ग विमानों और यानोंसे, जो लटकती हुई मन्दारपुष्प मालाओंसे शोभित है, ऐसे सानत्कुमार और महेन्द्र स्वर्ग, ब्रह्म स्वर्गके इन्द्रके साथ ब्रह्मोत्तर स्वर्गका इन्द्र (कि जिसकी आकाशमें उड़ते हुए देवोंसे शोभा विशेष है) लक्ष्मीसे युक्त चंचल लान्तव स्वर्ग तथा बिना किसी कपट भावसे सन्तुष्ट काम कापिष्ट स्वर्ग चल पड़ा। शुक्र वर्गके साथ महाशुक्र स्वर्गका अग्रगामी देव (इन्द्र), सतार स्वर्ग और हारसहित सहस्रार स्वर्गका स्वामी आनत और प्राणत स्वर्ग दौड़ पड़ा, विश्वको धारण करनेवाला आरण और अच्युत स्वर्ग भी। चन्द्रमा, सूर्य, जिसके रथ पर पताका बँधी हुई है ऐसा बुध, बृहस्पति, शनि, राहु और केतु आये। आनन्दभेरीके निनाद दिशाओंमें फैल गये। लोकपालों-के समूह उस नगरीमें पहुँचे। उन्होंने काकन्दी नगरका पालन करनेवाले उस राजाको नमस्कार

---

९. १. AP ससुण्णं। २. A सुसेओ। ३. A जायसेओ। ४. AP संमाइ। ५. P सणाइंकुमारो। ६. AP विलोलंतसोहंत°। ७. AP °देवक्क°। ८. AP पाणइंदो। ९. P वासरेसो। १०. AP पाइया। ११. AP काकिंदिवालो।

[12]असामण्णलायण्णभारम्मयाए जणेऊण भंतिं[13] मणे अम्मयाए ।
[14]तिण्णाणी तिसुद्धो सुलेसासहावो णिओ मंदरं देवदेवेहिं देवो ।

घत्ता—पंडुसिलोवरि ण्हाणियं पूयाविहिसंमाणियं ॥
[15]णविऊणं अरहंतयं [16]पुप्फदंतभयवंतयं ॥९॥

१०

ते सुरवर लंघिवि गयणंतरु ते लेप्पिणु पडिआया तं पुरु ।
जणणिहि करयलि णिहियउ [1]जइवइ गउ आणंदु पणच्चिवि सुरवइ ।
कालें जंतें वड्ढिउ सायरु वड्ढिउ णं [2]सियपक्खइ सायरु ।
वड्ढिउ सुकइहि कव्वालाउ व वड्ढिउ सुमुणिहिं णाणसहाउ व ।
वड्ढिउ उवसमवेल्लिहि कंदु व वड्ढिउ [3]अमयकलहिं [4]णवयंदु व ।
वड्ढिउ [5]धम्मदिवोडहु तेउ व वड्ढिउ भवमयरहरहु सेउ व ।
कुंदुज्जलतणु [6]अइसयभूयउ बाणासणसउ तुंगु पहूयउ ।
सिसुलीलाइ पओसियदिव्वहं गय पण्णाससहस तहु पुव्वहं ।
पच्छइ पत्तु पायसासणु सइं उच्छउ किं सीसइ मणुएं मइं ।
जं चिंतंतउ सुरगुरु गुप्पइ तहिं महुं मइ णउ किं पि विसप्पइ ।
लक्खणलक्खिय[7]वरतणुलट्ठिहि पट्टबंधु [8]जाइउ परमेट्ठिहि ।

किया, और उसके हाथमें कोई भी कृत्रिम बालक दे दिया। असामान्य लावण्यके भारसे युक्त माताके मनमें भ्रान्ति उत्पन्न कर तीन ज्ञानधारी तथा मन-वचन-कायसे शुद्ध शुभलेश्याके स्वभाववाले देवदेवको देवेन्द्रोंके द्वारा मन्दराचल ले जाया गया।

घत्ता—पाण्डुकशिलाके ऊपर अभिषिक्त पूजाविधिसे सम्मानित सूर्य और चन्द्रमाकी आभावाले अरहन्तको नमस्कार कर—॥९॥

१०

सुरवर आकाशको पार करते हुए उन्हें वापस लेकर उस नगर आये। यतिपति जननिधि जिनको हथेलीपर रखकर तथा आनन्दसे नृत्य कर इन्द्र वापस चला गया। समय बीतनेपर वह आदरपूर्वक बढ़ने लगे मानो शुक्ल पक्षमें सागर बढ़ रहा हो। वह सुकविके काव्यालापकी तरह बड़े हो गये, सुमुनिके ज्ञानस्वभावकी तरह बड़े हो गये, उपशमकी लताके अंकुरकी तरह बड़े हो गये, अमलकलाओंसे चन्द्रमाके समान बड़े हो गये। सूर्यके तेजके समान वह बड़े हो गये, संसार-रूपी समुद्रके सेतुके समान बड़े हो गये, स्वर्णकी तरह अत्यन्त उज्ज्वल, उनका शरीर सौ धनुष प्रमाण ऊँचा और प्रचुर था। इस प्रकार बालक्रीड़ामें उनके देवोंको सन्तुष्ट करनेवाले पचास हजार पूर्व वर्ष बीत गये। उसके बाद इन्द्र स्वयं आया। उस उत्सवका मुझ मनुष्यके द्वारा क्या वर्णन किया जाये। जिसके वर्णनमें स्वयं बृहस्पति व्याकुल हो उठता है, उसमें मेरी मति बिलकुल भी नहीं चलती। लाखों लक्षणोंसे युक्त शरीरलतावाले परमेष्ठीके लिए पट्ट बाँध दिया गया।

---

१२. P असावाण° । १३. A भंती । १४. A तिणाणी तिलेसो तिसुद्धो सुहावो । १५. AP णमिऊणं । १६. AP पुप्फयंत° ।

१०. १. P जयवइ । २. AP सियवक्खइ । ३. A अमयकलिहिं । ४. P णवचंदु व । ५. A धम्मु दयादह-भेउ व; P धम्मदिवायरतेउ व । ६. P अइसंभूयउ । ७. P °परतणु° । ८. AP जायउ ।

घत्ता—माणंतहु सिरियंगइं[9] अट्ठवीसपुव्वंगइं[10] ॥
पुव्वहुं पुणु सविलासइं पण्णासेव सहासइं[11] ॥१०॥

११

तेत्थु तासु वोलीणइं जइयहुं　　उक्क पडंती दिट्ठी तइयहुं ।
तं जोइवि जिणणाहु वियक्कइ　　कालहु[1] कलिहि ण कोइ वि चुक्कइ ।
जणणमरण[2]परिवट्टणलक्खणु　　एउ तिजगु परिणवइ पडिक्खणु[3] ।
जं जं काइं[4] वि णयणहिं दीसइ　　उक्का इव तं तं खणि णासइ ।
अथिरु सव्वु भणु कहिं रइ कीरइ　　तो वि चित्तु विसयासइ हीरइ ।
वइसाणरु इंधणतणपवणें　　ण समइ कंडु णक्खकंडुयणें[5] ।
भोएं इंदियतित्ति ण पूरइ　　वड्ढइ दुट्ठ तिट्ठ मइ जूरइ ।
इय चिंतंतु णाहु संभाविउ　　अमरमुणीसरेहिं बोल्लाविउ[6] ।
चारु चारु पइं जिणवर जाणिउं　　सासयवित्तिहिं हियवउ आणिउं ।
घत्ता—ता धयवीईराइयं　　विउलपत्तपच्छाइयं ॥
पुंडरीयमालाधरं　　सोहइ गयणंगणसरं ॥११॥

घत्ता—राज्यश्रीके अंगोंको मानते हुए उनके पचास हजार पूर्व और अट्ठाईस पूर्वांग समय विलासपूर्वक बीत गया ॥१०॥

११

जब उनका इतना समय बीत गया, तो उन्होंने एक उल्काको गिरते हुए देखा। उसे देखकर जिननाथ विचार करते हैं—यमसे युद्ध करते हुए कोई नहीं बचता, जनन-मरण और परिवर्तनके लक्षणवाला यह त्रिलोक प्रतिक्षण बदलता रहता है। नेत्रोंसे जो-जो कुछ भी दिखाई देता है, उल्काके समान वह एक क्षणमें नष्ट हो जाता है, जहाँ सब कुछ अस्थिर है, बताओ वहाँ कहाँ रति की जाये। फिर हृदय विषयकी आशाके द्वारा अपहृत किया जाता है। आग ईन्धन-स्वरूप शरीर और हवासे, और खाज नाखूनोंसे खुजलानेसे नष्ट नहीं होती। भोगसे इन्द्रिय तृप्ति नहीं होती। दुष्ट तृष्णा बढ़ती है और मति पीड़ित होती है। इस प्रकार विचार करते हुए स्वामीकी सम्भावना कर अमरमुनीश्वरों (लौकान्तिक देवों) ने आकर कहा—हे जिनवर! आपने सुन्दर जाना और शाश्वत वृत्तियोंसे अपनेको अनुशासित किया।

घत्ता—तब इतनेमें ध्वजरूपी तरंगोंसे शोभित, विपुल पात्रों (पत्तों वाहनों) से आच्छादित पुण्डरीकों (कमलों और छत्रों) की माला धारण करनेवाला आकाश प्रांगणरूपी सरोवर शोभित हो उठा ॥११॥

---

९. A सिरिअंगयं । १०. A °पुव्वंगयं । ११. A सहस्सई ।

११. १. A कालहु कालि ण वि को चुक्कइ । २. A °मरणु परि° । ३. A परिक्खणु । ४. A कायमि णयणहं । ५. A °कंडमणें । ६. A बोल्लाविउ ।

१२

सुरवरकरयलपहयइं तूरइं खीरमहण्णवि भरियइं खीरइं।
णविउ ण्हविउ भावें तित्थंकरु घणवाहें घणेण णं महिहरु।
दिव्वदुगुल्लयाइं परिहेप्पिणु परमसिद्धसंतइहि णवेप्पिणु।
सुमइहि रज्जु समप्पिवि राणउ सूरप्पहसिवियहि आसीणउ।
गउ णडंतणाणाखयरामर वियसियपुप्फइ पुप्फवणंतरि।
तहिं मायसिरि मासि सिसिरहु भरि सियपाडिवइ वरुणदिसि दिणयरि।
कुडिलकेस णिक्कुडिलें लुंचिवि घल्लिय ते तियसिंदें अंचिवि।
जाइवि अमर पवरमयरालइ जयकारिउ विज्जाहरमालइ।
छट्ठुववासु पयासु करेप्पिणु थिउ नृवसहसें सहुं तउ लेप्पिणु।

घत्ता—वित्थारियतवसिहिसिहं ससरीरे वि हु णिप्पिहं॥
उज्झियरइसंकप्पयं पडिवण्णं जिणकप्पयं॥१२॥

१३

अवरहिं वासरि संतकसायउ हासकासजससिसुच्छायउ।
सइलणयरु मुणिभिक्खहि ढुक्कउ पुप्फमित्तरायहु घरि थक्कउ।
तहु तहिं उप्पण्णउं अच्छेरउ पंचपयारु मणोरहगारउ।

१२

देववरोंके हाथोंसे नगाड़े बज उठे। क्षीर समुद्रसे जल भरा जाने लगा। इन्द्रने नमन किया, तीर्थंकरका भावसे अभिषेक किया, मानो मेघने महीधरका अभिषेक किया हो। दिवा वस्त्र पहनाकर, परम सिद्ध सन्ततिको प्रणाम कर, सुमतिको राज्य समर्पित कर राजा सूर्यप्रभा शिविकामें बैठ गये। नृत्य करते हुए नाना विद्याधर और देव विकसित पुष्पोंसे युक्त पुष्पवनमें पहुँचे। वहाँ मार्गशीर्ष शुक्लपक्षकी प्रतिपदाके दिन, सूर्यके पश्चिम दिशामें पहुँचनेपर अपने घुँघराले बालोंको उन्होंने निष्कपट भावोंसे उखाड़ डाला। इन्द्रने पूजा कर उन्हें क्षीरसागरमें फेंक दिया। विद्याधर समूहने जय-जयकार किया। छठा उपवास कर, एक हजार राजाओंके साथ तप ग्रहण कर स्थित हो गये।

घत्ता—जिसमें तपरूपी अग्नि विस्तारित की गयी है, जो अपने ही शरीरमें निष्प्रभ है, जिसमें रतिकी संरचनाका परित्याग कर दिया गया है, ऐसे जिनाचरणको उन्होंने स्वीकार कर लिया॥१२॥

१३

एक दूसरे दिन हास्य, काश, यश और चन्द्रमाके समान कान्तिवाले शान्तकषाय वह शैलनगरमें मुनिचर्याके लिए पहुँचे। वहाँ पुष्यमित्र राजाके घर ठहर गये। वहाँ उसे पाँच सुन्दर

---

१२. १. A महण्णव°। २. APT °दुगूलयाइं। ३. A मायसिरमासि; P मागसिरि मासि। ४. A पडिवए; P पडिवाए। ५. P णिकुडिल्लें। ६. AP णिवसहसें।

१३. १. P °ससिजस°। २. AP सयलणयरु। ३. P मणोहर°।

चउवरिसइं गलियइं छम्मत्थहु णायरुक्खतलि मुणियपयत्थहु ।
कत्तियमासि विसुद्धहि बीयहि दिवसक्खइ गिव्वाणपगीयहि ।
लोयालोयपलोयणदीवउ जायउ देवहु अप्पसहावउ ।
केवलणाणु सो ज्जि लइ भण्णइ अण्णें जीवहु कहिं परमुण्णइ ।
जं बुद्धें सुण्णउं जि पयासिउं जं विप्पेण बंभु णिद्देसिउं ।
जं कउलें अंबरु आहासिउं जं सइवेण सिवत्तु समासिउं ।
जं कविलें णिक्किरिउं णिउत्तउ णिग्गुणु णिच्चविसुद्धु अकत्तउं ।
जं सुरगुरुणा णत्थि पउत्तउं जं अणंतु अच्छइ अविहत्तउं ।
तं खं देवें सुसिरु विसिट्ठउ अप्पाणाउ विहिण्णउं दिट्ठउ ।
घत्ता—एयाणेयविवाइणा पुप्फदंतजिणजोइणा ॥
जेउं कुसुमपिसक्कयं पेहि णिहियं तेलोक्कयं ॥१३॥

१४

इंदेण जलणेण वरुणेण पवणेण ।
फणिणा कुबेरेण चंदेण सूरेण ।
दसदिसिहिं आएण सुरवरणिहाएण ।
थोत्तं पढंतेण थुउ जिणवरो तेण ।
तुहुं धोयरइरेणु तुहुं कामदुहधेणु ।
तुहुं बंधु हयदप्पु तुहुं माय तुहुं बप्पु ।
जे दुट्ठ पाविट्ठ णिक्किट्ठ जेड धिट्ठ ।

आश्चर्य उत्पन्न हुए। जब चार वर्ष बीत गये, तो नागवृक्षके नीचे, पदार्थोंको जाननेवाले छद्मस्थ देवको कार्तिक मासकी देवोंके द्वारा प्रगीत द्वितीयाके दिनका अन्त होनेपर लोकालोकके अवलोकनका दीप आत्मस्वभाव प्राप्त हो गया। लो, उसीको केवलज्ञान कहा जाता है, किसी दूसरे ज्ञानके द्वारा परम उन्नति कहाँ? जिसे बुद्धने शून्य प्रकाशित किया है, जिसे ब्राह्मणने ब्रह्मके रूपमें विशेष कथन किया है, जिस कौलने (मीमांसक) स्वर्ग कहा है, जिसे शैवने शिवत्व कहा है, जिसे कपिल (सांख्य) ने निष्क्रिय, निर्गुण, नित्य विशुद्ध और अकर्ता कहा है, जिसे चार्वाकने नास्ति (नहीं है) कहा है, और जो अनन्त और अविभक्त (अखण्डित) है, देवने उस अन्तःशून्य विशिष्ट अपनेको पृथक् करके देख लिया।

घत्ता—एकानेक विवादी पुष्पदन्त जिनयोगीने (इस प्रकार) सारे संसारको कामरूपी पिशाचको जीतनेके लिए रास्तेपर लगा दिया ॥१३॥

१४

इन्द्र, अग्नि, वरुण, पवन, नागराज, कुबेर, चन्द्र, सूर्य और दसों दिशाओंसे आये सुरवर-समूहने स्तोत्र पढ़ते हुए जिनवरकी स्तुति की—"तुमने रतिरूपी रेणुको धो लिया है, तुम कामरूपी धनु हो, तुम हतदर्प बन्धु हो, तुम माँ हो, तुम बाप हो। जो दुष्ट, पापिष्ठ, निकृष्ट, जड़ और ढीठ

४. AP कवलें। ५. A संखें। ६. P अक्कत्तउं। ७. A अप्पाणाउ विभिण्णउं; P अप्पसहावें जाएं।
८. AP पुप्फयंत°। ९. P पहि णीयं।
१४. १. P adds after This : जमदिसिकुमारेण; णेरइयभावेण। २. P जण धेट्ठु।

उम्मग्गि वट्टंति   महु मज्जु घोट्टंति ।
अलियं पयंपंति   कामेण कंपंति ।
परवहु णिहालंति   पारद्धि खेलंति[3] ।
लोहेण[4] भज्जंति   परहणु ण वज्जंति ।
रोसेस वड्ढंति   खग्गाइं कड्ढंति ।
जे मासु भक्खंति   ते पइं ण पेक्खंति ।
मूढा ण वंदंति   णिच्चं पि णिंदंति ।
संचरइ जणु[5] छम्मु   पइं मुइवि कहिं धम्मु ।
बहुजणणजलसेउ   पइं मुइवि को देउ ।

घत्ता—मिच्छापरिणामग्गहे   लग्गं घणतमदुव्वहे[6] ।
णिवडंतं[7] ण उवेक्खियं   जगडिंभं पइं रक्खियं ॥१४॥

१५

समवसरणि जिणु संठिउ जावहिं[1]   अट्ठासी[2] हुय गणहर तावहिं ।
पण्णारहसय वज्जियसंगहं   परमरिसिहिं जाणियपुव्वंगहं ।
एक्कलक्खु सहुं पंचावण्णहिं   सहसहिं पंचसईसंपण्णहिं ।
सिक्खुयाहिं[3] णिम्महियरईसहं   अट्ठसहस चउसय ओहीसहं ।
सत्तसहस केवलणाणालहं   तेरहसहसइं विक्किरियालहं ।
भयसहास वयसय मणपज्जय   णाणधारि दोसासय दुज्जय ।
वइंतंडियपच्चुत्तरदाइहिं[4]   रिदुसहसइं रिदुसयइं विवाइहिं ।

उन्मार्गपर चलते हैं, मधु और मद्य खाते हैं, झूठ बोलते हैं, कामसे कांपते हैं, परवधूको देखते हैं, शिकार खेलते हैं, लोभसे भग्न होते हैं, परधनको नहीं छोड़ते, क्रोधसे भड़कते हैं, तलवारें निकाल लेते हैं और जो मांस खाते हैं वे तुम्हें नहीं देख सकते। मूर्ख तुम्हारी वन्दना नहीं करते, नित्य तुम्हारी निन्दा करते हैं, जन क्षमा धारण करता है, आपको छोड़कर कहाँ धर्म है, संसाररूपी जलके लिए सेतु हो, तुम्हें छोड़कर कौन देव हो ?

घत्ता—मिथ्या परिणामका जिसमें आग्रह है ऐसे घनतमरूपी दुष्पथमें लगे हुए, गिरते हुए विश्वरूपी बालकको तुमने उपेक्षा नहीं की, उसको रक्षा की ॥१४॥

१५

जैसे ही जिनवर समवसरणमें विराजमान हुए, तो उनके अठासी गणधर हुए। परिग्रहसे रहित पूर्वांगोंको जाननेवाले पन्द्रह सौ परममुनि, एक लाख पचपन हजार पाँच सौ शिक्षक थे। कामदेवको नष्ट करनेवाले आठ हजार चार सौ अवधिज्ञानी थे। केवलज्ञानके धारी सात हजार थे, विक्रियाऋद्धिके धारक तेरह हजार थे, सात हजार पाँच सौ मनःपर्ययज्ञानके धारक थे।

३. P खेल्लंति। ४. P reads *a* as *b* and *b* as *a*। ५. A जणछम्मु; P जहिं छम्मु। ६. P °दुप्पहे। ७. A णिवडंतउ।

१५. १. P adds after this : एए मुणि संजाया तावहिं, इंदचंदबिसहरमणहर। २. P अट्ठासीस जाया गणधर। ३. AP सिक्खुवाहं। ४. AP बयतंडिय [illegible]

सहुं असीइसहसइं णिरवज्जहं　　लक्खइं तिण्णि पउत्तइं अज्जहं ।
दोण्णि लक्ख पालियघरधम्महं　　मणुयहं मणुइहिं पंच सुसोम्महं ।
अमरच्छरउलाइं गयसंखइं　　तिरियइं पुणु कहियाइं ससंखइं ।
इय एत्तियलोएं संजुत्तहु　　भुवणत्तयराईवयमित्तहु ।
महि विहरंतहु धम्मु कहंतहु[5]　　पुप्फदंतदेवहु[6] अरहंतहु ।
अट्ठवीसपुव्वंगविहीणउ　　पुव्वहं एक्कु लक्खु तेहिं[7] झीणउं ।
घत्ता—मासमेत्तु[8] मुणिगणजुओ　　फणिदेवासुरणरथुओ ॥
लंबियपाणि मणोहरे　　थिउ संमेयमहीहरे ॥१५॥

१६

आउसमाणइं णामइं[1] गोत्तइं　　करिवि वेयणीयाइं णिहित्तइं ।
दंडकवाडरुजगजगपूरइं[2]　　विरइवि मुक्कइं तिण्णि सरीरइं ।
तेजइओरालियकम्मइयइं[3]　　जोइं[4] विमुक्कइं पुणु वि ण लइयइं ।
उव्वेल्लिवि कड्ढिवि आउंचिवि　　जीवपएस सयलघण संचिवि ।
चउसमयंतयालु थिउ देहइ　　भद्दवए सुक्कट्ठमिदियहइ ।
अवरण्हइ सहुं मुणिहिं सहासें　　सिद्धउ जिणु जणजयजयघोसें ।
पुज्जिय तणु चउविहहिं[5] सुरिंदहिं　　वंदिउ इंदपडिंदणरिंदहिं ।
गइ देवाहिदेवि अववग्गहु　　गउ सुरयणु णीसेसु वि सग्गहु ।

वितण्डावादियोंको प्रत्युत्तर देनेवाले वादी मुनि छह हजार छह सौ, तीन लाख अस्सी हजार निरवद्य आर्यिकाएँ थीं, दो लाख गृहस्थ धर्मका पालन करनेवाले श्रावक थे और सुसौम्या पाँच लाख श्राविकाएँ थीं। अमरों और अप्सराओंका कुल असंख्यात था परन्तु तिर्यंच ससंख्य कहे गये हैं। इस प्रकार इन लोगोंसे संयुक्त तथा भुवनत्रयरूपी कमलके लिए सूर्यके समान अरहन्त पुष्पदन्तकी धरतीपर विहार और धर्मोपदेशका कथन करते हुए अट्ठाईस पूर्वांग रहित एक लाख पूर्व समय बीत गया।

घत्ता—मुनिसमूहसे सहित, नागदेव और असुरोंसे संस्तुत हाथ ऊँचा किये हुए वह सुन्दर सम्मेद शिखर पर्वतपर स्थित हो गये ॥१५॥

१६

आयुकर्म, नाम, गोत्र और वेदनीय कर्मका उन्होंने नाश कर दिया और दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरणकी रचना कर उन्होंने तीनों शरीर छोड़ दिये। जब उन्होंने तैजस, औदारिक और कार्मण शरीरको छोड़ दिया तो उन्हें दुबारा ग्रहण नहीं किया। एकत्रित, आकर्षित और संकोचित कर समस्त सघन जीवप्रदेशोंको संचित कर चार समयके अन्तराल (दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण) तक, देहमें स्थित रहकर, भाद्रपदके शुक्लपक्षके उत्कृष्ट अष्टमीके दिन अपराह्णमें एक हजार मुनियोंके साथ, लोगोंके जयघोषके साथ जिन सिद्ध हो गये। चार प्रकारके देवेन्द्रोंने उनके शरीरकी पूजा की। इन्द्र-प्रतीन्द्र-नरेन्द्रोंने वन्दना की। देवाधिदेवके मोक्ष जानेपर समस्त देवसमूह भी स्वर्ग चला गया।

५. A करंतहुं । ६. AP पुप्फयंत° । ७. A तहो झीणउं; P परिखीणउं । ८. A मासमेत्त° ।
१६. १. P णामयं । २. A दंडकवालरुजगजग°; P दंडकवाडपयरजग° । ३. P तेजोरालियअरुकम्म° ।
४. A जोयविमुक्कइं; P जाएवि मुक्कइं । ५. AP सिहि दिण्ण सिहिंदहिं ।

घत्ता—जिह भरहस्स समीरिओ रिसहेणंगयवयरिओ ॥
तिह मइं तुह कहिओ इमो पुप्फँदंतजिणपुंगमो ॥१६॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे पुप्फँदंतणिव्वाणगमणो णाम सत्तचालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४७॥

॥ जिणपुप्फयंतचरियं समत्तं ॥

घत्ता—जिस प्रकार ऋषभनाथने कामके शत्रु भरतसे कहा था, उसी प्रकार जिनवर श्रेष्ठ पुष्पदन्तका यह चरित मैंने तुमसे कहा ॥१६॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका पुष्पदन्त निर्वाणगमन नामका सैंतालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४७॥

६. P भरहहो। ७. A पुप्फयंत°। ८. P सत्तयालीसमो। ९. AP omit the line।

संधि ४८

आउच्छणदच्छ सेच्छिणियच्छियधम्मपह ॥
सुणि सेणियराय सीयलणाहहु तणिय कह ॥ ध्रुवकं ॥

१

जो परिपालियतिरयणो पयजुयपाडियसुरयणो।
तिक्खं वारियदुक्खहं जस्स वयं परदुक्खहं।
बुहतोसो परमागमो जेण कओ परमागमो।
कणयकमलकोसाहओ[2] अविणस्सरसिरिसाहओ।
जो पिहियासवदारओ णग्गो णिग्घरदारओ।
णासियणिच्चायारओ पोसियपंचायारओ।
अमुणियवणियायल्लओ[3] जो दयाइ अल्लल्लओ।
जस्स पहासइ[4] जइयणो वसहएहिं णिज्जइ[5] यणो।
जेव तेव रुग्गयगयं धरियं जीवेणंगयं।
तं वीहच्छं पूइयं गंधमल्लविहिपूइयं।
तइ वि खलं खइ तावयं होइ ण हो चत्तावयं।
एत्थ सणेहं सीसया जस्स[6] कुणंति ण सीसया।

सन्धि ४८

श्री गौतम स्वामी कहते हैं—पूछनेमें चतुर तथा धर्मकी प्रभाको अपनी आँखोंसे देखनेवाले हे श्रेणिकराजा, तुम शीतलनाथकी कथा सुनो।

१

जो तीन रत्नों (सम्यक् दर्शन, ज्ञान और चारित्र) का पालन करनेवाले हैं, जिनके चरणोंमें सुर समूह प्रणत है, जिनका व्रत तीव्र तथा दुष्पापका निवारण करनेवाला है, तथा दूसरोंके लिए कठिन है, जो अत्यन्त सन्तुष्ट हैं, और श्रेष्ठ लक्ष्मीके कारण हैं, जिन्होंने परमागमोंकी रचना की है, जो स्वर्णकमलकी कर्णिकाके समान हैं, जो अविनश्वर श्रीकी साधना करनेवाले हैं, जिन्होंने आस्रवके द्वारको ढक दिया है, जो वस्त्रहीन और गृहद्वारसे रहित हैं, जिन्होंने नीच आचरणका नाश कर दिया है, जिन्होंने पाँच आचारोंका परिपालन किया है, जिन्होंने स्त्रियोंके कटाक्षोंकी उपेक्षा की है, तथा जो दयासे अत्यन्त आर्द्र हैं, जिनसे यति जन अत्यन्त आलोकित होते हैं, जिस प्रकार वृषभेन्द्रों द्वारा शकट ढोया जाता है, उसी प्रकार जीवोंके द्वारा रोगोंसे युक्त शरीर ढोया जाता है, जो बीभत्स और दुर्गन्धयुक्त है, गन्धमाल्य विधिसे पवित्र होते हुए भी जो दुष्ट, नश्वर और सन्तापदायक है, जो आपत्तियोंसे रहित नहीं है ऐसे शरीरमें जिसके शिष्य रति नहीं करते,

१. १. AP सच्छणियच्छिय° । A °पालिय° । २. A कणयकलस° । ३. वणियापल्लओ । ४. A पयासइ; P य भासइ । ५. A णिज्जियणो; P णिज्जइअणो । ६. A जत्थ ।

जं दट्ठुं सक्काणणं महुसमयम्मि व काणणं।
वियँसइ ससहररायं कमलं पिव रविभाहयं।
जो वणवासि वसी यलं वयणं चंदणसीयलं।
जस्स पसाया सीयलं हवइ णविवि तं सीयलं।
घत्ता—गुणभद्दगुणेहिं जो संथुउ गुणगरुयगइ॥
दहमउ जिणणाहु हउं वि थुणवि सो दिव्वजइ॥१॥

२

उत्तुंगकोलखंडियकसेरु पुक्खरवरदीवइ पुव्वमेरु।
तहु पुव्वविदेहइ वहइ विमल णइ कीलमाणकारंडजुयल।
खरदंडसंडदलछइयणीर डिंडीरपिंडपंडुरियतीर।
दरिसियपयंडसोंडाललील लोलंतथूलकल्लोलमाल।
जुज्झंतचडुलकरिमयरणिलय परिभमियगहीरावत्तवलय।
जलपक्खालिय[2]तंडसाहिसाह णामेण सीय सीयल सगाह।
दाहिणइ धण्ण[3]संछण्णसीम उवयंठि ताहि संठिय सुसीम।
जससिसधवलियदिक्कवालु तहि णयरिहि णरवइ पुहइपालु।

जिन्हें देखकर देवेन्द्रका मुख उसी प्रकार विकसित हो जाता है, जिस प्रकार वसन्तकालके आनेपर कानन, और सूर्यकी प्रभासे आहत होकर कमल खिल जाता है, जो वनमें निवास करते हैं, आत्माके वशीभूत हैं, जिनके वचन चन्द्रमाके समान शीतल हैं, जिन्हें नमस्कार कर मनुष्य शान्त हो जाता है—

घत्ता—गुणभद्र जो आचार्यके गुणसे संस्तुत हैं, जो गुणोंसे महान् गतिशील हैं, ऐसे उन दसवें जिननाथ दिव्ययति शीतलनाथको मैं प्रणाम करता हूँ॥१॥

२

जहाँ उन्नत सुअर जड़ोंको खण्डित करते हैं, पुष्करद्वीपमें ऐसा पूर्व सुमेरु पर्वत है। उसके पूर्वविदेहमें पवित्र सीता नामकी नदी बहती है, जिसमें हंसयुगल क्रीड़ा करता है, जिसका जल कमलसमूहसे आच्छादित है, फेनोंके समूहसे जिसके तट धवल हैं, जिसमें प्रचण्ड जलगजोंकी क्रीड़ा दिखाई देती है, जिसमें चंचल स्थूल लहरोंकी माला है, जो लड़ते हुए गजों और मगरोंका घर है, जिसमें गम्भीर जलावर्तोंके समूह परिभ्रमित हैं, जिसके तटवर्ती वृक्षोंकी शाखाओंको जलों-से प्रक्षालित कर दिया है, और जो ग्राहोंसे युक्त है, ऐसी उस सीता नदीके दक्षिण तटपर धान्योंसे आच्छादित ऐसी सुसीमा नामको नगरी स्थित है। उस नगरीका यशरूपी चन्द्रसे

---

७. A विहसइ। ८. AP गुणगरुवमइ। ९. P हउं थुणामि सो।
२. १. A उत्तंग°; P उत्तुंगु। २. P °तडि साहिसाह। ३. A °सच्छण्ण°।

[4]परिहातियतिवलिइ जणियसोह दावियरोमावलिअंकुरोह[5]।
घणथणहल कोंतल[6]भसलसाम कयपत्तावलि[7] अहिजणियराम।
पियविडविवेढणु[8]ब्भासकाम कोमलिय सरस संदिण्णकाम।
णं पवरअणंगहु तणिय वेल्लि णं तासु जि केरी हत्थमल्लि।
सूहव सारंगसिलिंबयच्छि तहु वल्लह देवि वसंतलच्छि।
सा सुललियंगि पंचत्तु पत्त णीसासविवज्जिय पिहियणेत्त।
अवलोयवि चिंतइ सामिसालु णिप्फलु मोहंधहुं मोहजालु।
मुय मेरी पिय पयडीकएहिं[9] हसइ व दसणेहिं णिसिक्किएहिं।
तोडेप्पिणु णिब्भरु णेहवासु अकहंति ढुक्क परजम्मवासु।
अप्पणिय एह मइं भणिय काइं इह परियणसयणइं जाइं जाइं।
संचियणिय[10]कम्मवसंगयाइं जाहिंति एंव सव्वाइं ताइं।
एक्कें मइं जाएवउं णियाणि तो वरमइ जुंजमि अरुहणाणि।
जं अच्छिवि पुणु वि विणासभाउ[11] तं मुच्चइ एंव भणेवि राउ।
घत्ता—करु देंति विहेय कुंभिणि व्व तोसियजणहु॥
कुंभिणि ढोएवि चंदणणामहु[12] णंदणहु ॥२॥

दिग्मण्डलको आलोकित करनेवाला पृथ्वीपाल नामका राजा था। उसकी मृगशावककी आँखोंके समान आँखोंवाली वसन्तलक्ष्मी नामकी प्रिया थी, जो परिखात्रय (तीन खाइयों) के समान त्रिवलिसे शोभावाली थी, जो रोमावलीके अंकुरसमूहवाली थी, जो सघन स्थनरूपी फलोंसे युक्त थी, जो कुन्तलरूपी भ्रमरोंसे सुन्दर थी, की गयी पत्र-रचनावलीसे जो अत्यन्त सौन्दर्य उत्पन्न करनेवाली थी। जिसमें प्रियरूपी वृक्षको घेरनेकी उत्कृष्ट शोभा और इच्छा थी, जो अत्यन्त कोमल, सरस और कामनाओंकी पूर्ति करनेवाली थी ऐसी जो मानो प्रवर कामदेवकी लता है, जो मानो उसीके हाथकी मल्लिका है, लेकिन सुन्दर अंगोंवाली वह मृत्युको प्राप्त हो गयी, निःश्वाससे रहित उसकी आँखें बन्द हो गयीं। उसे देखकर वह स्वामीश्रेष्ठ विचार करता है कि मोहसे अन्धोंका मोहजाल व्यर्थ है, मेरी मरी हुई प्रिया क्रीड़ाशून्य निकले हुए दाँतोंसे जैसे हँस रही है, अपने परिपूर्ण स्नेहपाशको तोड़कर जैसे वह कुछ भी नहीं कहती हुई दूसरे जन्मवासमें पहुँच गयी है। मैंने इसे अपनी क्यों कहा? यहाँ जितने भी स्वजन और परिजन हैं, वे सब अपने संचित कर्मके वशीभूत होकर जायेंगे। जब अन्तमें मैं अकेला जाऊँगा, तो अच्छा है कि मैं अरहन्तके श्रेष्ठज्ञानमें अपनेको नियुक्त करूँ। और जो विनाशभाव है उसे छोड़ देना चाहिए, यह कहकर वह राजा—

घत्ता—कर (सूँड़ और कर) देती हुई हथिनीके समान पृथ्वी लोगोंको सन्तुष्ट करनेवाले अपने चन्दन नामक पुत्रको देकर (वह)—॥२॥

---

४. A विरइयणायरणरमणणिरोहु। ५. A °अंकुरोहु। ६. P °कुंतल°। ७. P कयवत्तावलि। ८. A वेढणब्भास°; P °वेडढणु°;। ९. A पयडीकिएहि। १०. A °णियकम्म°। ११. A विणासु भाउ; P विणासिभाउ। १२. चंदणणामें।

३

मुणिवरु जायउ संसारकूलि आणंदमहामुणिपायमूलि ।
सीउ[1]द्धरोमु गयसीहरोलि णिवसइ गिरिवरकुहरंतरालि ।
गुलु[2] सप्पि दुद्धु तेरंगु[3] तेल्लु वियडीउ ण भुंजइ जइ व[4]सिल्लु ।
पाल[5]इ पारत्तिउ मेरुधीरु णवकोडिविसुद्धउ बंभचेरु ।
उवयरणग[6]हणि णिक्खेवणेसु परिहरइ दोसु रिसि भोयणेसु ।
जोयइ तसथावर मग्गचरणि उच्चारखेलपस्सा[7]वकरणि ।
तं जंपइ जेण ण पावबंधु संजमभारालंकरियखंधु ।
तवु करिवि तिव्वु[8] णिम्मुक्कका[9]मु बंधेप्पिणु तं तित्थयर[10]णामु ।
आराहण भयवइ संभरेवि सो अवसणु कयणिरसणु मरेवि ।
माणिक्ककडयचेंचइयबाहु संजायउ आरणि अमरणाहु ।
वावीससमुद्द[11]पमाणियाउ तिरयणिसरीरु[12] वण्णेण सेउ ।

घत्ता—तहु पक्ख दुवीस अवहियं[13] सासहु परिगणिय ॥
तइवरिससहास आहारंतरु मुणिभणिय ॥३॥

३

संसारके तटस्वरूप आनन्द महामुनिके चरणमूलमें जाकर मुनि हो गया। ठण्डसे जिसके रोम खड़े हो गये हैं ऐसा वह गज और सिंहोंके शब्दोंवाले गिरिवरके कुहरोंके भीतर निवास करता है, गुड़-घी-दूध-दही-तेल तथा विकृतियां, मधु-मांस मद्य और नवनीत आदि वस्तुओंको आत्मवशी वह यति नहीं खाता। मोक्षार्थी और सुमेरुपर्वतके समान धीर वह नौ प्रकारसे विशुद्ध ब्रह्मचर्यका पालन करता है। उपकरणोंके ग्रहण करने और निक्षेपण तथा भोजनमें वह मुनि दोषोंका परिहार करता है। मार्गकी चर्यामें बोलने, थूकने और प्रस्रवण करनेमें त्रस-स्थावरको देखकर चलता है, इस प्रकार बोलता है जिससे पापबन्ध नहीं होता। संयमके भारके लिए जो समर्थ आधारस्तम्भ है। कामसे मुक्त वह तीव्र तप तपकर, तीर्थंकर नामप्रकृतिका बन्ध कर भगवती अराधना कर दिगम्बर वह निराहार मरकर, जिसके बाहु माणिक्यके केयूरोंसे शोभित हैं ऐसा आरण स्वर्ग ऐसा इन्द्र हुआ। उसकी आयु बाईस सागर प्रमाण थी, तीन हाथ उसका शरीर था, और उसका वर्ण श्वेत था।

घत्ता—बाईस पक्षमें वह श्वास लेता था और बाईस हजार वर्षमें आहार ग्रहण करता था जैसा मुनियोंके द्वारा कहा गया है ॥३॥

---

३. १. A सीहु व्व रोमगय° । २. P गुडु । ३. A नेरंगु and gloss दधि; T णेरंगु दधि । ४. रसल्लु । ५. A पारइ पारत्तउ । ६. A °गहण° । ७. P °पस्सवणकरणि । ८. A तित्थु णिम्मुक्कं । ९. AP °काउं । १०. AP °णाउं । ११. P °पमाणुआउ । १२. A °सरीर । १३. AP अविहिय ।

४

णिरुवमसुहसंपावणखणेण रमणीरमणु[1] वि सारइ मणेण।
सो कहिं वि ण मेल्लइ सुक्कलेस जिणु पणवइ गेण्हइ चरणसेस।
परियाणइ पेच्छइ तमपहंतु अट्ठगुणसारु महिमा महंतु।
उदुमास[2]सेसि जीवियपमाणि आघोसइ सयमहु उदुविमाणि[3]।
भो गुज्झय बुज्झहि भमियसरहि किं बहुएं जंबूदीवें[4]भरहि।
मलयय[5]दुमसुरहिउ मलयदेसु जहिं णरहिं परिट्ठिउ अमरवेसु।
रइकइयवकीलाकोच्छराउ जहिं कामिणीउ णं अच्छराउ।
जहिं कामधेणुणिह गोहणाइं जहिं कप्परुक्खें[6]रिद्धइं वणाइं।
जहिं णिच्चमेव मंगलणिणद्दु तहिं पुरवरु णामें रायभद्दु।
रणरंगतुंगमायंगसीहु दढरहु णरिंदु जयजयसिरीहु।
मुहँयंदो[7]हामियरुंदचंद महएवि तासु णामें सुणंद।
विसहरवंदारयवंदवंदु एयहं[8] णंदणु होसइ जिणिंदु।
जज्जाहि तांव तुहुं करहि तेंव संभवइ णयरु[9] घरु दिव्वु जेंव।
घत्ता—ता वइसवणेण तं पट्टणु कंचणु[10] घडिउं॥
मणिकिरणकरालु सग्गखंडु णावइ पडिउं॥४॥

४

अनुपम सुखकी संप्राप्तिके क्षणवाले मनसे वह स्त्रीरमण करता है, वह अपनी शुक्ल-लेश्याका कभीका परित्याग कर चुका है, जिनको प्रणाम करता है और उनके चरणरूपी अक्षतोंको ग्रहण करता है। तमप्रभा नरक तक वह देखता है और जानता है, आठ गुणोंसे युक्त और महिमामें महान्। उसके जीवन प्राणके छह माह शेष रहनेपर इन्द्र अपने ऋतु विमानमें कहता है—"हे कुबेर, जिसमें श्वापद परिभ्रमण करते हैं ऐसे जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमे मलयवृक्षोंसे सुरभित मलय-देश है। जहां मनुष्योंने अमररूप बना रखा है। रतिकी कैतवक्रीड़ामें दक्ष स्त्रियाँ ऐसी मालूम होती हैं, मानो अप्सराएँ हों। जहाँ गोधन कामधेनुके समान हैं। जहां वन कल्पवृक्षोंसे सम्पन्न हैं। जहाँ मंगल शब्द प्रतिदिन होते है, वहाँ राजभद्र नामका नगर है। उसमें युद्धके रंगमें ऊँचे गज और सिंहोंके समान तथा विजयलक्ष्मीके इच्छुक दृढ़रथ नामका राजा था। उसकी अपने मुखचन्द्रसे विशालचन्द्रको तिरस्कृत करनेवाली सुनन्दा नामकी महादेवी थी। नागराजों और देवोंके समूहके द्वारा वन्दनीय जिनेन्द्र, इनके पुत्र होंगे। तुम जाओ और वहाँ इस प्रकार करो कि जिससे दिव्य घर और नगर उत्पन्न हो जायें।

घत्ता—तब कुबेरने स्वर्णमय नगरकी रचना की, जैसे मणिकिरणोंसे उन्नत स्वर्गखण्ड गिर पड़ा हो ॥४॥

४. १. A °रमण। २. AP उडुमास°। ३. AP उडुविमाणि। ४. P जंबूदीवि भरहि। ५. AP मलयद्दुम°। ६. A कप्परुक्खणिद्धइं। ७. मुहइंदो। ८. P ताहं। ९. A णवरु। १०. AP कंचणघडिउं।

५

जहिं दीसइ तहिं सोवण्णभवणु जहिं दीसइ तहिं वणसुरहिपवणु।
जहिं दीसइ तहिं हरिणीलणीलु जहिं दीसइ तहिं वररमणिलीलु।
जहिं दीसइ तहिं मंडवु विचित्तु जहिं दीसइ तहिं घुसिणावलित्तु।
जहिं दीसइ तहिं मुत्तावलिल्लु जहिं दीसइ तहिं णवतोरणिल्लु।
जहिं दीसइ तहिं कप्पूररेणु जहिं दीसइ तहिं गज्जियकरेणु।
जहिं दीसइ तहिं थियकामधेणु जहिं दीसइ तहिं वज्जंतवेणु।
जहिं दीसइ तहिं वीणारवालु जहिं दीसइ तहिं अलिउलवमालु।
जहिं दीसइ तहिं चलचिंधचवलु जहिं दीसइ तहिं ससियंतधवलु।
जहिं दीसइ तहिं विविहुच्छवोहु जहिं दीसइ तहिं कयरच्छसोहु।
जहिं दीसइ तहिं णच्चियमऊरु जहिं दीसइ तहिं सिरिविहवफारु।

घत्ता—जहिं दीसइ तेत्थु पुरवरु जणमणु रावइ॥
पिययमहि सरीरु जिह तिह चंगउं भावइ॥५॥

६

तहिं विजयणंदिरे णिवणिहेलणे सुंदरे।
णयंगि सियणेत्तिया रयणमंचए सुत्तिया।
णिएइ छेउओयरी सिविणए इमे सुंदरी।

५

जहां दिखाई देता है वहां स्वर्णभवन है, जहां दिखाई देता है वहां वनका सुरभित पवन है। जहां दिखाई देता है हरे और नील मणियोंसे नील है, जहां दिखाई देता है वहां उत्तमस्त्रियोंकी लीला है, जहां दिखाई देता है वहां विचित्र मण्डप है, जहां दिखाई देता है वहीं केशरसे विलिप्त है, जहां दिखाई देता है, वहां मुक्तावलियां हैं, जहां दिखाई देता है वहां नव तोरण हैं, जहां दिखाई देता है कपूर की धूल है, जहां दिखाई देता है गरजते हुए हाथी हैं, जहां दिखाई देता है, वहां स्थित कामधेनुएँ हैं। जहां दिखाई देता है वहां बजते हुए वेणु हैं, जहां दिखाई देता है वीणाके शब्दका निनाद है, जहां दिखाई देता है वहां भ्रमरकुल कलकल है, जहां दिखाई देता है वहां चंचल चिधोंसे चपल है। जहां दिखाई देता है, वहां चन्द्रकान्तकी धवलता है। जहां दिखाई देता है वहां विविध उत्सवोंका समूह है। जहां दिखाई देता है, वहां की गयी रथ्या शोभा (मार्ग शोभा) है। जहां दिखाई देता है, वहां नाचते हुए मयूर हैं। जहां दिखाई देता है, वहां श्री और वैभवका विस्तार है।

घत्ता—जहां दिखाई देता है, वहां वह नगर जनमन-रंजन करता है। जिस प्रकार प्रियतमाका शरीर अच्छा लगता है, उसी प्रकार वह नगर अच्छा लगता है॥५॥

६

वहां विजयसे आनन्दित होनेवाले राजाके सुन्दर भवनमें रत्नमंचपर सोती हुई, नतांगी और श्वेतनेत्रवाली कृशोदरी वह सुन्दरी स्वप्नमें यह देखती है, जो मदजल झर रहा है और जिसपर

५. १. AP णव॰। २. P adds after this: जहिं दीसइ तहिं खेयरहं कीलु, जहिं दीसइ तहिं सुरवरहिं मेलु। ३. A मंडव। ४. P चलचिंधु चवलु। ५. AP सिरिविविहफारु।

६. १. AP विजयमंदिरे। २. A छउओवरी; P तुच्छओयरी। ३. AP इमं।

गयं गलियमयजलं भमियभिंगकोलाहलं ।
विसं रसियपेसलं खरखुरग्गखयभूयलं ।
करालणहभइरवं कयरवं च कंठीरवं ।
कुसेसयणिवा[4]सिणिं [5]सिरिमुविंदसीमंतिणिं[6] ।
पसूयसयमालियं भमर[7]पंतियाकालियं ।
विहुं विहियजामिणिं खरयरं खचूडामणिं ।
झसाण जुयलं चलं कुडजुयं ससंकामलं ।
सरोरुहसरोवरं मयरमंदिरं गज्जिरं ।
मइंदप[8]वरूढयं रयण[9]चित्तियं पीढयं ।
पुरंदरणिहेलणं भवणमुज्जलं भावणं ।
महारयणरासियं सिहिणमुरुसिहुब्भासियं ।

घत्ता—इय पेच्छिवि ताए रायहु गंपि [10]समासियउं ॥
सिविणियफलु[11] तेण कंतहि कंतें भासिउं ॥६॥

७

जस्स छत्तत्तयं जस्स लोयत्तयं ।
वहइ दासित्तणं कुणइ गुणकित्तणं ।
मणिमयरकुंडलो जस्स आहंडलो ।
घिविवि णवकुवलयं णवइ कमकमलयं ।
सो तुहं तणुरुहो चंडि होही सुहो ।
देवदेवो जिणो खंतिपोमिणिइणो ।

मँडराते हुए भ्रमरोंका कोलाहल हो रहा है, ऐसा मदगज, गर्जनामें बड़ा चतुर और तीव्र खुरोंके अग्रभागसे भूतल खोदता वृषभ, विशाल नखोंसे भयंकर, शब्द करता हुआ सिंह, विष्णुकी पत्नी और कमलमें निवास करनेवाली लक्ष्मी, भ्रमरपंक्तिसे शोभित पुष्पमालाएँ, रात्रिको करनेवाला चन्द्रमा, आकाशका चूड़ामणि सूर्य, मत्स्योंका चंचल युग्म; चन्द्रमाकी तरह स्वच्छ कुम्भयुग्म, कमलोंका सरोवर, गरजता हुआ समुद्र; सिंहोंपर आरूढ़, रत्ननिर्मित आसन (सिंहासन), इन्द्रका निकेतन, उज्ज्वल भावन-भवन ? (यहाँ नाग लोकका उल्लेख नहीं है); महारत्नराशि और प्रचुर ज्वालाओंसे भास्वर अग्नि ।

घत्ता—यह देखकर उसने जाकर राजासे निवेदन किया । उसने भी अपनी कान्ताको स्वप्नोंका फल बताया ॥६॥

७

हे सुन्दरी, जिनके तीन छत्र हैं, तथा त्रिलोक जिनका दासत्व वहन करता है और गुण कीर्तन करता है, मणिमय मकराकृति कुण्डलोंवाला इन्द्र, नवकमल अर्पित कर जिनके चरणकमलों की वन्दना करता है, ऐसे वह शुभ देव देव, शान्तिरूपी कमलिनीके लिए सूर्य, जिन तुम्हारे पुत्र होंगे । बुद्धि कान्ति श्री लक्ष्मो कीर्ति ह्री, गर्भशोधन करनेवाली देवांगनाएँ आयीं, मत्तगजगामिनी

४. P °णवासिणी । ५. A सिरि उविंद° । ६. P °सीमंतिणी । ७. AP भवर° । ८. A मयंदसुर°; P मइंदसिर° । ९. AP रयणणिम्मियं । १०. P समासिउं । ११. AP सिविणय° ।

बुद्धि [1]कंती सिरी लच्छि [2]कित्ती [3]हिरी ।
गब्भसुद्धीयरी अमरवरसुंदरी ।
मत्तगयगामिणी राइणो [4]सामिणी ।
ताहिं संसेविया तित्थणाहंबिया ।
दुक्खपक्खक्खया हेमवुट्ठी कया ।
वित्तएणं सयं जाव छम्मासयं ।
आइमासंतरे [5]किण्हपक्खंतरे ।
अट्ठमीवासरे रविकिरणभासुरे ।
रिक्खए रूढए उत्तरासाढए ।
माउयासंगओ गब्भवासं गओ ।
तत्थ जंभारिणा वेरिसंघारिणा ।
मण्णिऊणं [6]पइं [7]पुंज्जियं दंपइं ।
सोत्तकोडीसमे वारिहीणं गमे ।
णाणविद्धं[8]सयं पल्लचोत्थंसयं ।
सं[9]जमे संमए णट्ठए धम्मए ।
पुप्फदंतंतरे माहमासे वरे ।
छीण[10]मालंछणे बारसिल्ले दिणे ।
णंददेवीसुओ विस्सजोए हुओ ।
तांव संतोसिओ आगओ कोसिओ ।
अग्गि वाऊ [11]सही दंडधारोवही[12] ।
रिंछवाहो परो [13]वारुणासामरो ।
पोमसंखाहिवो सूलपाणी भवो ।
चमर वइरोयणो भाणु मयलंछणो ।
सयल देवा खणे तूसमाणा मणे ।
[14]आगया तं पुरं राइणो मंदिरं ।

राजाकी स्वामिनी तीर्थंकरकी माताकी उन्होंने सेवा की। कुबेरने स्वयं दुखपक्षका नाश करनेवाली स्वर्णवृष्टि छह माह तक की। चैत्र माहके कृष्णपक्षके सूर्यकी किरणोंसे आलोकित अष्टमीके दिन उत्तराषाढ़ नक्षत्रके रूढ़ होनेपर, वह माताके उदरमें गर्भवासको प्राप्त हुए। उस अवसरपर शत्रुओंका संहार करनेवाले इन्द्रने स्वामीको मानकर दृढ़रथ दपतिकी पूजा की। नौ करोड़ प्रमाण सागर, समय बीतनेपर, तथा पल्यके चौथाई भाग तक (जन्मके पूर्व) ज्ञानका विध्वंस, संयम और सम्यक्त्व और धर्मका नाश होनेपर पुष्पदन्तके बाद माघ कृष्ण द्वादशीके दिन उत्तराषाढ़ नक्षत्रके विश्वयोगमें नन्दादेवीको पुत्रकी उत्पत्ति हुई। इन्द्र अत्यन्त सन्तुष्ट होकर आया, अग्नि वायु और इन्द्रसे भयभीत यम रीछपर सवार एक और देव, वारुण सामर कुबेर शूलपाणि शिव चामर वैरोचन सूर्य और चन्द्र आदि सभी देवता मनमें सन्तुष्ट होकर, राजाके उस घर आये।

७. १. A कित्ति। २. A कंति। ३. AP हिरी। ४. P भामिणी। ५. A कण्हपक्खंतरे। ६. AP पई। ७. AP पुज्जिओ दंपई। ८. A °विद्धंसियं। ९. A संयमे। १०. A छीलमालंछणे but records a *p* in second hand : झीणमयलं छणं इति वा पाठः। ११. सिहो। १२. A विही। १३. A वारुणो सामरो। १४. A आगयं तं पुरं।

घत्ता—उत्तुंगु सुवंसु कणयच्छवि गहमालियउ ॥
जिणमेरु सुरेहिं मेरुगिरिहि संचालियउ ॥७॥

८

तम्मि सेलसिंगए पंडुपत्थरं[1]ग्गए।
वंदिओ[2] जसंसिओ वज्जिणा णिवेसिओ।
धम्मतित्थरायओ दुक्खतोयपोयओ।
सीयलेण सीयलो वारिणा गुणामलो।
सिंचिओ महुच्छवे देवदुंदुहीरवे।
देहदित्तिपिंगलं सव्वलोयमंगलं।
णीयबालकंदलं चारु सच्छविच्छुलं[3]।
रायहंसमाणियं जाइ ण्हाणवाणियं[4]।
दिव्ववाससुंदरे मंदरस्स कंदरे।
कक्करे विलंबियं चंचरीयचुंबियं।
किंणरेहिं वंदियं दाणवाहिणंदियं।
संचुयं[5] लयाहरे णायसुंदरीसिरे।
भग्गतोंडमंडणं पावपंकखंडणं।
झत्ति धावमाणयं धोयदंतिदाणयं।
सित्तखेयरीवरं अक्खे[6]कीलियाहरं।

घत्ता—जं एंव वहंतु भरइ सिहरिविवरंतरइं ॥
तं जिणण्हाणंबु[7] हणउ भवियजम्मंतरइं ॥८॥

घत्ता—जो ऊँचा है, सुवंशवाला और स्वर्ण आभावाला है, ग्रहोंसे घिरा हुआ है, ऐसे जिनश्रेष्ठको देवेन्द्रोंने सुमेरुपर्वतके लिए संचालित किया ॥७॥

८

वहाँ शैल शिखरके पाण्डुकशिलाके अग्रभागपर, यशसे अंकित वन्दनीय जिनवरको इन्द्रने स्थापित कर दिया। देवताओंके नगाड़ोंकी ध्वनियोंसे युक्त महोत्सवमें धर्म तीर्थराज दुखरूपी जलके लिए जहाज स्वरूप शीतलनाथका शीतलजलसे अभिषेक किया गया। शरीरकी कान्तिसे पीला, सब लोगोंके लिए मंगलप्रद, जिसके द्वारा, नव अंकुर ले जा रहे हैं, ऐसा सुन्दर स्वच्छ और विच्छुरित तथा राजहंसोंसे सम्मानित, दिव्यवासोंसे सुन्दर, ऐसा महाभिषेकजल गिरि कन्दराओंमें विलीन हो गया। भ्रमरोंके द्वारा चुम्बित, किन्नरोंके द्वारा वन्दनीय दानवोंके द्वारा अभिनन्दनीय लतागृहोंमें नागसुन्दरियोंके सिरोंपर च्युत, भग्नमुखोंके लिए अलंकार स्वरूप, पापरूपी कीचड़को काटनेवाला, शीघ्र दौड़ता हुआ, हाथियोंके मदजलोंको धोनेवाला, विद्याधरियोंके वरोंको अभिषिक्त करनेवाला इन्द्रियोंका क्रीड़ा घर।

घत्ता—जब इस प्रकार वह अभिषेक जल भरत क्षेत्र और पहाड़ोंके विवरोंमें बहता है तो वह सैकड़ों होनेवाले जन्मान्तरोंको नष्ट कर देता है ॥८॥

---

८. १. A पत्थरंगए। २. P वंदिउं। ३. A °भविच्छलं। ४. A ण्हवणपाणियं; P ण्हवणवाणियं। ५. A संथुयं। ६. A जक्खि°; P जक्ख°; T अक्ख°। ७. A जिणवरण्हाणंबु।

९

तं सइं हेट्ठामुहुं जइ वि जाइ उद्धुद्धु तो वि भव्वाइं[1] णेइ ।
सक्केण करिवि अहिसेयभद्दु आणिउ जिणपुंगमु[2] रायभद्दु ।
णिहियउ महएविहि पाणिपोमि णं इंदिंदिरु पप्फुल्लपोमि ।
वंदिवि कुमारु भावें तिणाणि गउ सग्गावासहु कुलिसपाणि ।
जायउ जुवाणु देवाहिदेउ किं वण्णमि रूवें मयरकेउ ।
जसु एक्कु वि देहावयउ णत्थि मेसहु[3] उवमिज्जइ केंव हत्थि ।
किं जिणहु अण्णु उवमाणु को वि कइयणु जंपइ धिट्ठिमइ तो वि ।
हेमच्छवि संगरभीसणाइं तणुमाणें णवइ सरासणाइं ।
पुव्वहं तरुणत्तें परिवड्ढंति जा पंचवीससहसाइं[4] जंति ।
करिवसहविमाणावाहणेण[5] तावावेप्पिणु हरिवाहणेण ।
अहिसिंचिवि देवहु पट्टु बद्धु णारीयणणेहें सो वि बद्धु ।
महि माणंतहु[6] पुव्वहं गयाइं[7] पण्णाससहासइं णिग्गयाइं ।
तेणेक्कहिं[8] दिणि कीलावणंति कीलंतें णवकमलोयरंति ।

घत्ता—खरदंडकरंडि पिंडियतणु करलालियउ ।
[9]णं सिरितावेच्छु मुउ छप्परणु णिहालियउ ॥९॥

९

यद्यपि वह स्वयं नीचा मुख करके जाता है, फिर भी भव्योंको ऊपरसे ऊपर ले जाता है। अभिषेक कल्याण करनेके बाद इन्द्र उन्हें राजभद्र नगर ले आया। उन्हें महादेवीके करकमलमें इस प्रकार दे दिया, मानो खिले हुए कमलपर भ्रमर हो। तीन ज्ञानके धारी कुमारकी वन्दना कर इन्द्र अपने निवास स्वर्ग चला गया। देवाधिदेव युवक हो गये, रूपमें कामदेवके समान उनका क्या वर्णन करूँ परन्तु कामको एक भी शरीरावयव नहीं है। मेषसे हाथीकी तुलना किस प्रकार की जाये? क्या जिनका कोई दूसरा उपमान है? फिर भी धृष्टमति कविजन तब भी उपमान कहता है, स्वर्णके समान कान्तिवाले वह शरीरके मानसे युद्धमें भयंकर नब्बे धनुषके बराबर थे। तरुणाईमें जब पच्चीस हजार पूर्व वर्ष बीत गये, तो हाथी, बैल और विमानोंको वाहन बनानेवाले इन्द्रने आकर—अभिषेक कर उन्हें राजपट्ट बाँध दिया। वह स्वयं भी भारी स्नेहमें बँध गये। इस प्रकार धरतीका उपभोग करते हुए उनके पचास हजार वर्ष बीत गये। एक दिन क्रीड़ावनमें क्रीड़ा करते हुए कमलके भीतर उन्होंने—

घत्ता—कमल कोशमें करसे लालित और गोल शरीर मरा हुआ भ्रमर देखा मानो तमाल वृक्षका पुष्प हो ॥९॥

९. १. AP भवियाइं। २. P °पुंगवु। ३. A मसयहु। ४. A °सहसाइं होंति। ५. A °विवाणावाहणेण। ६. A माणंतहु। ७. A हुयाइं। ८. P ताणेक्कहिं। ९. A तं सिरि°।

१०

जं दिट्ठु[1] मओ महुयरु सणालि मयरंदालुद्धउ आरणालि।
ता चिंतइ जिणु सिरिरसवसाहं अलिविहि होसइ अम्हारिसाहं।
हो धिगिधिगत्थु धणु घरु कलत्तु जणु सयल मोहमइराइ मत्तु।
खणि णच्चइ खणि गायइ सरेहिं खणि रोवइ उरु ताडइ करेहिं।
खणि णिद्धणु खणि विहवत्ति थाइ उत्ताणाणणु[2] गव्वेण जाइ।
हउं सुकइ सुहडु हउं चाइ भोइ हउं सूहउ हउं णिप्फण्णजोइ[3]।
हउं चंगउ एंव भणंतु[4] मरइ जोणीमुहेसु संसरइ सरइ।
जहिं जहिं उप्पज्जइ तहिं जि बंधु अण्णाणछण्णु णउ णियइ अंधु।
सहुं जाइ ण परियणसयणसत्थु संसारि ण[5] कासु वि को वि एत्थु।
भासंतइं संजयसम्मयाइं[6] ता पत्तइं सुरवरगुरुसयाइं।
अणुकूलिउ तेहिं तिलोयणाहु तावाइउ सामरु अमरणाहु।
तें ण्हवणु करिवि पहु महिउ जेंव हउं जडु कइ किंकिर[7] कहमि तेंव।

घत्ता—णियगोत्तहियत्तु पुणु पुणु हियवइ भावियउ॥
संताणि सडिंभु णरणाहेण णिरूवियउ॥१०॥

१०

जब उन्होंने नाल सहित कमलमें मकरन्द (पराग) के लोभी भ्रमरको मरा हुआ देखा तो जिन सोचने लगे, लक्ष्मीरूपी रसके लोभी हम लोगोंकी भी भ्रमर जैसी हालत होगी। हो-हो, धन, स्त्री और घरको धिक्कार, समस्तजन मोहरूपी मदिरासे मतवाला हो रहा है। वह (जन-समूह) क्षणमें नाचने लगता है, क्षणमें स्वरोंसे गाने लगता है, क्षणमें रोता है और हाथोंसे अपने उरको पीटने लगता है। क्षणमें दरिद्र हो जाता है, और क्षणमें वैभवमें स्थित होकर अपने सिर ऊँचा कर गर्वसे चलता है। मैं सुकवि हूँ, मैं सुभट हूँ, मैं त्यागी हूँ, मैं भोगी हूँ। मैं सुभग हूँ, मैं योगी हूँ। मैं अच्छा हूँ, यह कहता हुआ मृत्युको प्राप्त होता है, और योनिके मुखोंमें रतिपूर्वक भ्रमण करता है। जहाँ-जहाँ उत्पन्न होता है, वहाँ-वहाँ बन्धको प्राप्त होता है, अज्ञानसे आच्छादित वह अन्धा कुछ नहीं देखता। परिजन और स्वजनका समूह साथ नहीं जाता। संसारमें यहाँ कोई किसीका नहीं है। तब संयम और सम्यक्त्वकी घोषणा करते हुए लौकान्तिक देव वहाँ आये। उन्होंने त्रिलोकनाथको तपके लिए अनुकूलित किया। इतनेमें देवोंके साथ देवेन्द्र आ गया। उसने अभिषेक कर प्रभुकी जिस प्रकार पूजा की मैं जड़कवि उसका किस प्रकार वर्णन करूँ।

घत्ता—अपने गोत्रके हितका उन्होंने मनमें बार-बार विचार किया, और नरनाथने कुल-परम्परामें अपने पुत्रको स्थापित कर दिया ॥१०॥

१०. १. A दिट्ठउ महुयरु मउ सणालि; P मुउ सुणालि। २. A उत्ताणणु जणु गव्वेण जाइ; P खणि उत्ताणणाणु गव्वेण। ३. AP णिप्पण्णु। ४. Aभणंति। ५. AP ण कोइ वि कासु एत्थु। ६. A संजयसंयमाइं; P संजयसंगमाइं। ७. A किर कह कहमि।

११

सुं[1]कंकहि सिवियहि चडिवि चलिउ सुरयणु जयजय पभणंतु मिलिउ ।
ओइं[2]ण्णु सहेउयवणि महंतु चरियावरणइं कम्मइं खवंतु ।
माहम्मि मासि तिमिरेण कालि बारं[3]हमइ दिणि जायें[4]इ वियालि ।
छट्ठोववासु सं[5]द्धइ करेवि सहुं रायसहासें दिक्ख लेवि ।
अवरहि दिणि णहयललग्गसिहरु भिक्खाइ पइट्ठु अरिट्ठणयरु ।
णउ एयहु हियवउ सुण्णघडिउ णउ भक्खइ पलुं[6] णियपं[7]त्तपडिउ ।
णउ परिहइ चीवरु रंगरिद्धुं[8] वहु का वि भणइ णउ देहि णारि ।
घत्ता—णउ धरइ पिणाउ णउ फणिकंकणु फुरियकरु ॥
हुंकारु ण देइ णउ उच्चारइ गेयसरु ॥११॥

१२

णच णडइ ण दावइ ढक्कसद्दु वहु का वि भणइ णउं[1] एहु रुद्दु ।
सुरवहुरएण रइयाइं जाइं वयणाइं णत्थि चत्तारि ताइं ।
णउ कहइ वेउ पसुहणणडंभु वहु का वि भणइ णउं एहु बंभु ।
वहु का वि भणइ णउं चक्कपाणि ण पउंजइ दाणवप्राणं[2]हाणि ।
णारायणु एहु ण होइ माइ जाणं[3]मि विक्खायउ भुवणभाइ ।

११

शुक नामकी शिविकामें चढ़कर वह चले। सुरजन जय-जय कहते हुए इकट्ठे हो गये। चारित्रावरणी कर्मोंका नाश करते हुए वह महान् सहेतुक उद्यानमें उतरे। माघ कृष्ण द्वादशीके दिन, सन्ध्याकालमें श्रद्धासे छठा उपवास कर एक हजार राजाओंके साथ दीक्षा लेकर दूसरे दिन जिसके अग्र शिखर आकाशसे लगे हुए हैं, ऐसे अरिष्टनगरमें भिक्षाके लिए गये। (उन्हें देखकर कोई वधू कहती है)—कि इनका हृदय शून्यसे निर्मित नहीं है, (यह शून्यवादी नहीं हैं), यह अपने पात्रमें पड़े हुए पल (मांस) को नहीं खाते। रंगसे समृद्ध यह चीवर नहीं पहनते हैं? कोई वधू कहती है कि यह बुद्ध नहीं हैं। इनके पास तलवार नहीं है, यह कंकाल धारण करनेवाले नहीं हैं, न इनके हाथमें कपाल है और न शरीरमें स्त्री है।

घत्ता—यह पिनाक धारण नहीं करते, न नागोंका कंकण और स्फुरित हाथ है? यह न हुंकार देते हैं और न गीतस्वरका उच्चारण करते हैं? ॥११॥

१२

न नृत्य करते हैं और ढक्का शब्दका प्रदर्शन करते हैं। कोई वधू कहती है कि यह रुद्र नहीं है। सुरवधू (तिलोत्तमा अप्सरा)के द्वारा जिनकी रचना की गयी है, ऐसे वे चार मुख इनके नहीं हैं, पशुवधके अहंकारवाले वेदोंका कथन भी यह नहीं करते। कोई वधू कहती है कि यह ब्रह्मा नहीं हैं। कोई वधू कहती है कि यह चक्रपाणि (विष्णु) नहीं हैं—क्योंकि यह दानवोंके प्राणोंकी हानिका प्रयोग नहीं करते हैं, हे माँ, यह नारायण नहीं हैं, मैं इन्हें विख्यात विश्वबन्धु जानती

११. १. AP सुक्ककक्कइ । २. A ओयण्णु; P अवइण्णु । ३. P बारहुवइ । ४. A जायउ । ५. P सद्धइ । ६. P फलु । ७. A णियपत्ति पडिउ । ८. A °रिद्दु ।

१२. १. P णहु । २. AP पाणहाणि । ३. AP जाणिवि ।

अरहंतु भडारउ दोसमुक्कु　　घर[४]प्रंगणि प्रंगणि जाव ढुक्कु ।
अब्भागयवित्तिवियाणएण　　ता णविवि पुणव्वसुराणएण ।
तहु किउ भोयणु [५]पासुयविहीइ　　[६]णिव संपीणिउ अक्खयणिहीइ ।
[७]णिवसिरि कुसुमाइं णिवाइयाइं　　सुरणि[८]यरहिं तूरइं वाइयाइं ।
घत्ता—संवच्छर तिण्णि छम्मत्थु जें महि हिंडियउ ॥
[९]विल्लहुं तलि देउ घाइचउक्कें छड्डियउ ॥१२॥

१३

तां[१]वायउ सुरयणु करइ थोत्तु　　संभरइ विरुद्धउ जिणचरित्तु ।
जइ तुहुं गो[२]वालु णियारिचंडु　　तो काइं णत्थि करि तुज्झ दंडु ।
जइ पइं कुडिलत्तणु मुक्कु ईस　　तो काइं तुहारा कुडिल केस ।
जइ तुहुं संसारहु णिरु विरत्तु　　तो कि तेर[३]उ इहु अहरु रत्तु ।
जइ तुहुं मुक्कउ संगग्गहेण　　तो कि तुह तिजगपरिग्गहेण ।
जइ [४]तइं विद्धंसिउ सयलु कामु　　तो किं [५]तुहुं पुणु संप[६]ण्णकामु ।
जइ तुहुं सामिय संजमपयासि　　तो किं [७]कमु कमलहु उवरि देसि ।
तुह णाहासियइं ण जइ पडंति　　तो किं एयइं चमरइं पडंति ।

हूँ। इतनेमें दोषोंसे मुक्त भट्टारक अरहन्त घरोंके आँगन-आँगनमें पहुँचे। तब अभ्यागतकी वृत्तिके जानकार राजा पुनर्वसुने प्रणाम कर प्रासुक विधिसे उन्हें भोजन कराया। राजा अक्षय निधिसे प्रसन्न हो गया। राजाके सिरपर कुसुम गिर गये। देवोंके द्वारा तूर्य (नगाड़े) बजाये गये।

घत्ता—तीन वर्ष तक वह छद्मस्थ भावसे धरती पर घूमे फिर बेल वृक्षके नीचे स्वामी वह चार घातिया कर्मोंके द्वारा छोड़ दिये गये ॥१२॥

१३

तब देवसमूह आकर स्तुति करता है और विरुद्धरूपमें (विरोधाभास शैली) जिनचरित्रका स्मरण करता है, "यदि तुम अपने शत्रुके लिए प्रचण्ड (कर्मरूपी शत्रुके लिए प्रचण्ड) गोपाल (ग्वाला, इन्द्रियोंके संयमके पालक) हो, तो तुम्हारे हाथमें दण्ड क्यों नहीं है ? हे ईश, यदि तुमने कुटिलताको छोड़ दिया है, तो तुम्हारे केश कुटिल क्यों हैं। यदि तुम संसारसे एकदम विरक्त हो, तो तुम्हारे अधर अधिक रक्त क्यों हैं ? यदि तुम परिग्रहके आग्रहसे मुक्त हो तो तुम्हें तीनों लोकोंके परिग्रहसे क्या ? यदि तुमने समस्त कामको ध्वस्त कर दिया है, तो तुम सम्पन्न काम क्यों हो ? हे स्वामी, यदि तुम संयमका प्रकाशन करनेवाले हो तो कमलोंके ऊपर अपने पैर क्यों रखते हो ? हे नाथ, यदि तुम्हारे आश्रित लोगोंका पतन नहीं होता है, तो ये चमर तुम्हारे ऊपर क्यों

---

४. AP रायहु घरपंगणि जाव ढुक्कु। ५. AP फासुय°। ६. AP णिव। ७. AP णिव°। ८. A °णियरें। ९. A वेल्लिहि तलि।

१३. १. P has before it : उप्पायउ केवलु जयपयक्खि, पूसहु चउदसि पढमिल्लपक्खि। २. A गोवाल। ३. A P तेरउ अहरग्गु रत्तु। ४. A P पइं। ५. A तो पुणु कि तुह। ६. A P संपुण्णकामु। ७. A कम।

जें[8] पइं जि रउद्दइं दूसियाइं तो आसणि किं सीहइं थियाइं ।
जइ रयणइं तुह तिण्णि वि पियाइं तो तुहुं किर णिरलंकारु काइं ।

घत्ता—थेणत्तु णिसिद्धु जइ तुहुं[9] तो कंकेल्लितरु ॥
अच्छरकरसोह हरइ काइं कयदलपसरु ॥१३॥

१४

तुहुं माणुसु[1] भुवणि पसिद्धु जइ वि माणवियपयइ तुह णत्थि तइ वि ।
जइ कासु वि पइं णउ दंडु कहिउ तो किं छत्तत्तइ फुरइ अहिउ ।
जइ रूसहि तुहुं सरमग्गणाहं तो किं ण देव कुसुमच्चणाहं ।
जइ वारिउ पइं परि घाउ एंतु[2] तो किं हुम्मइ[3] दुंदुहि रसंतु ।
जइ पइं छड्डिय मंडलहु तत्ति तो किं पुणु भामंडलपवित्ति ।
कहिं ऍक्कदेसरुहु[4] तुह महेस कहिं[5] बहुजणभासइ मिलिय भास ।
ण वियाणवि तेरउ दिव्वचारु सोहम्माहिवइ सणक्कुमारु[6] ।
इय वंदिवि वेण्णि वि संणिविट्ठ देवेण सिट्ठि णीसेस दिट्ठ ।

घत्ता—एयासी तासु जाया जाणियधम्मविहि ॥
गणहर गणणाह गुरुयण गुरुमाणिक्कणिहि ॥१४॥

पड़ते हैं ? यदि रौद्र लोग तुम्हारे द्वारा दूषित कर दिये गये हैं, तो फिर तुम्हारे आसनमें सिंह क्यों हैं। यदि तुम्हें तीन (सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र) प्रिय हैं, तो तुम अत्यन्त निरलंकार क्यों हो ?

घत्ता—यदि तुमने चोरीका निषेध किया है तो तुम्हारा अशोक वृक्ष अपने पत्ते फैलाकर अप्सराओंकी शोभाका अपहरण क्यों करता है ॥१३॥

१४

यद्यपि तुम विश्वमें प्रसिद्ध मनुष्य हो, फिर तुम्हारी प्रकृति मानवीय प्रकृति नहीं है। यदि तुमने विश्वमें किसीके लिए दण्ड नहीं कहा, तुम्हारे छत्रत्रयमें वह अधिक क्यों चमकता है ? यदि तुम कामदेवके बाणोंसे अप्रसन्न होते हो, तो हे देव, पुष्पोंकी पूजासे तुम अप्रसन्न क्यों नहीं होते हो ? यदि तुमने दूसरेपर आघात करना मना कर दिया है तो बजते हुए नगाड़ोंपर आघात क्यों किया जाता है ? यदि तुमने मण्डलों (देशों) में तृप्तिका परित्याग कर दिया है तो फिर तुममें भामण्डलोंकी प्रवृत्ति क्यों है ? एक देशमें उत्पन्न होनेवाले महेश, तुम कहाँ, और बहुजनोंकी भाषासे मिली हुई तुम्हारी भाषा कहाँ ? हम तुम्हारे दिव्य आचरणको नहीं जानते।" सौधर्म और सानत्कुमार स्वर्गोंके इन्द्र, इस प्रकार वन्दना कर दोनों बैठ गये। देव (शीतलनाथ) ने समस्त सृष्टिका कथन किया।

घत्ता—उनके धर्मविधिको जाननेवाले और गुरुरूपी माणिक्य निधिवाले महान् इक्यासी गणोंके स्वामी गणधर हुए ॥१४॥

---

८. A जइ; P जं। ९. A P तो तुह।

१४. १. A माणसु। २. A P देंतु। ३. A हम्मइ किं। ४. A एक्कदेस तुहु तुहु महेस; P एक्कदेस सुहुं तुहुं महेस। ५. A किं बहुजणभासइ; P किं बहुजणभासहि। ६. A P सणंकुमारु।

१५

महरिसिहिं महाचरणायराहं चउदहसय पुव्वंगोहराहं।[1]
एक्कूणसट्ठिसहसइं सयाइं दुइ सिक्खहुं सिक्खोवहि रयाइं।[2]
भयसहसइं दोसय सावहीहिं पुणु सत्तसहासइं केवलीहिं।
बारहसहसइं[3] वेउव्वियाहं इच्छियइं सरूवइं होंति जाहं।
पंचेव[4] ताइं णयसयजुयाइं मणपज्जयवंतहं संथुयाइं।
सयसत्तपमाणुज्जोइयाहं तहु पंचसहासइं वाइयाहं।
इय एक्कु लक्खु जायउ जईहिं लक्खाइं तिण्णि वरसंजईहिं।
सावयहं लक्ख दो सुहमईहिं चत्तारि लक्ख जहिं सावईहिं।
तेहिं[5] देवहं बुज्झिय केण संख संखेज्ज तिरिय हयसंककंख।
भाभासुरु भव्वंभोयभाणु सहुं एत्तिएहिं महिं विहरमाणु।
सो पुव्वसहासइं पंचवीस अतिवरिसइं उम्मोहेवि[6] सीस।
संमेयसेलि हल्लंततालि सहुं भिक्खुसहासें[7] हरिणवालि।
सतवप्पहावपरिवियलियासु थिउ देहविसग्गें एक्कु मासु।

घत्ता—आसोइ पवण्णि पुव्वासाढसियट्ठमिहि[8] ॥
अवरण्हइ सिद्धु थिउ मेइणियहि[9] अट्ठमिहि ॥१५॥

१५

महान् आचरणको धारण करनेवाले और पूर्वांगधारी महर्षि चौदह सौ थे। शिक्षा-विधिमें रत शिक्षक उनसठ हजार दो सौ, अवधिज्ञानी सात हजार दो सौ, केवलज्ञानी सात हजार, इच्छित रूप धारण करनेवाले विक्रिया ऋद्धि-धारक बारह हजार, मनःपर्ययज्ञानके धारक सात हजार पाँच सौ, वादी मुनि पाँच हजार सात सौ थे। इस प्रकार एक लाख मुनि थे। श्रेष्ठ संयमवाली आर्यिकाएँ तीन लाख थीं। दो लाख श्रावक और चार लाख श्राविकाएँ थीं। वहाँ देवोंकी संख्या कौन जान सका। शंका और आकांक्षासे रहित तिर्यंच संख्यात थे। प्रभासे भास्वर और भव्यरूपी कमलोंके लिए सूर्यके समान जिन, इन लोगोंके साथ धरतीपर विहार करते हुए, तीन वर्ष कम, एक हजार पचीस वर्ष पूर्व तक मिथ्यादृष्टि शिष्योंको सम्बोधित कर, आन्दोलित ताल वृक्षोंवाले, और मृगोंका पालन करनेवाले वे सम्मेदशिखर पर्वतपर पहुँचे। एक हजार मुनिके साथ, अपने तपके प्रभावसे आशाओंको गलानेवाले वह, एक माहके लिए प्रतिमायोगमें स्थित हो गये।

घत्ता—आश्विन शुक्ला अष्टमीके दिन पूर्वाषाढ़ नक्षत्रमें अपराह्णके समय वे आठवीं भूमि (सिद्धशिला) में जाकर स्थित हो गये ॥१५॥

१५. १. AP पुव्वंगायराहं। २. A सिक्खावइ थियाइं; P सिक्खावहि रियाइं। ३. A बारहसयाइं। ४. A पंचेव ताइं णवसंजुयाइं; P सत्तेव ताइं वयसंजुयाइं। ५. A reads *a* as *b* and *b* as *a*। ६. A उम्मोहिय वि सीस। ७. A भिक्खसहासें। ८. A सियछट्ठिमिहि। ९. A मेइणियइ।

१६

वज्जट्ठितुलाघणघडियगेहु सिहिदेवहिं दड्ढउ देववेहु ।
अवरेक्कहिं फुल्लइं घल्लियाइं अण्णहिं कव्वइं उव्वेल्लियाइं ।
अवरेक्कहिं किउ जयणंद[1]घोसु अण्णहिं णच्चिउं मणणयणतोसु ।
अवरेक्कहिं थुउ संसारहारि अण्णहिं हय[2] झल्लरि पडह भेरि ।
अवरेक्कहिं पणमिउ[3] मोक्खगामि अण्णहिं वंदिय जिण[4]सिद्धभूमि ।
अण्णहिं अण्णण्णइं साहियाइं वाहणइं मेहवहि वाहियाइं ।
गय णियणिलयहु सुर विहवफार जिणगुणकहरंजियहियवसार ।
गयणयलि चरंति[5] चवंति एंव जगि कम्मबंधु को महइ[6] एंव ।
घत्ता—णिक्किरिउ करिवि मणवयणंगइं परिहरिवि ॥
थिउ सीयलसामि मोक्खमहापुरि पइसरिवि ॥१६॥

१७

पसियउ परमेसरु परम[1]समणु अम्हहं[2] वि तहिं जि संभवउ गमणु ।
पुणु अक्खइ गणहरु सेणियासु सम्मत्तरयणरुइसेणियासु ।
गयलेसि परिट्ठिइ णाणसेसि णिव्वाणु पराइउ सीयलेसि ।
तित्थंति तासु विच्छिण्णधम्मु पसरिउ जणवइ रयमइलु कम्मु ।
विणु वत्तारयसोयारएहिं भव्वेहिं भवण्ण[3]वतारएहिं ।

१६

वज्रर्षभनाराच संहननसे गठित शरीरवाले देवके देहको अग्निकुमार देवोंने जला दिया। कुछ देवोंने फूलोंकी वर्षा की, कुछ और देवोंने काव्योंका उच्चारण किया। कुछ और देवोंने 'जय' और 'बढ़ो'का घोष किया। कुछ और देवोंने मन और नेत्रोंको आनन्द देनेवाला नृत्य किया। कुछ और देवोंने संसारका नाश करनेवाले उनकी स्तुति की। कुछ और देवोंने झल्लरी, पटह और नगाड़ोंको बजाया। कुछ और देवोंने मोक्षगामी उन्हें प्रणाम किया, कुछ और देवोंने जिनसिद्ध भूमिकी वन्दना की। दूसरोंने दूसरोंसे कुछ-कुछ कहा और आकाशपथमें वाहनोंको चलाया। वैभवके विस्तारसे युक्त तथा जिनके गुण-कथनसे अपने हृदयको रंजित करनेवाले देव अपने-अपने विमानोंमें चले गये। वे आकाशतलमें चलते हैं और कहते हैं कि विश्वमें कौन इस प्रकार कर्मोंका नाश करता है।

घत्ता—मन, वचन और शरीरको छोड़कर और निष्क्रिय होकर शीतल स्वामी मोक्षरूपी महानगरीमें प्रवेश करके स्थित हो गये ॥१६॥

१७

परमेश्वर परमश्रमण प्रसन्न हों कि जिससे हमारा भी वहाँ गमन सम्भव हो। पुनः गौतम गणधर सम्यक्त्वरूपी रत्नकी कान्तिपरम्परावाले राजा श्रेणिकसे कहते हैं, "लेश्यासे रहित, ज्ञानशेष शीतलनाथके निर्वाण प्राप्त कर लेने पर उनके तीर्थके अन्तमें वक्ताओं, श्रोताओं और संसार रूपी समुद्रसे तारनेवाले भव्योंके बिना, धर्मसे विच्छिन्न और पापसे मलिन कर्म फैल गया। जो

१६. १. AP जयणंदिघोसु। २. A झल्लरि हय पडह। ३. AP कय बहुविहविहूइ। ४. AP जिणदेहभूइ। ५. AP चडंति। ६. A मुयइ।

१७. १. A परमसरणु। २. A अम्हइं। ३. AP भवंतर°।

पुरगामणयरसोहाणिवेसि मलयसुरहिइ तहिं मलयदेसि।
पडिवक्खलक्खसंजणियतासु भद्दिलपुरि सिरिभद्दावयासु।
कालें जंतें कुलगयणचंदु घणरहु णामें जायउ णरिंदु।
णीहारसरिसजसविमलकंति तहु सच्चकित्ति णामेण मंति।
अत्थाणमज्झि उवविट्ठु राय एक्कहिं दिणि दाणालाव जाय।

घत्ता—आहासइ रुद्दु भूरिसम्मु जिणधम्मचुउ ॥
सालायणमुंडु णामें अण्णु वि जासु सुउ ॥१७॥

१८

गोदाणभूमिदाणंतराइं कच्चोलइं थालइं मणहराइं।
सोवण्णइं रयणइं अंबराइं फलछेत्तइं धवलहरइं पुराइं।
हय[1] गय रहवर पीणत्थणीउ कण्णा कलवीणालाविणीउ[2]।
वरदब्भपवित्तंकियकराहं जो देइ णरेसं[3] दिएसराहं।
सो कणयविमाणहिं विण्हुलोउ संपावइ[4] माणइ दिव्वु भोउ।
तं णिसुणवि पभणइ सच्चकित्ति कहिं कामुउ कहिं परलोयवित्ति।
कहिं णिंबहु कहिं अंबयफलाइं कहिं खरयरसिल कहिं सयदलाइं।
कहिं खीरु महुरु कहिं राइयाउ बंभणमईउ कुविवेइयाउ।
मग्गइ[5] मंचउ वरभूमि हेमु मग्गइ कुमारि भुंजइ सकामु।
मुइ डिंभइ उयरु हणंतु रडइ अण्णाणिउ भवसंसारि पडइ।

पुरों, गाँवों और नगरोंकी शोभाका निवेश है तथा मलयज सुरभिसे युक्त है, ऐसे मलय देशके भद्रिलपुर नगरमें लाखों प्रतिपक्षोंको संत्रास उत्पन्न करनेवाली लक्ष्मी और कल्याणका घर, अपने कुलरूपी गगनका चन्द्रमा घनरथ नामका राजा हुआ। उसका, नीहारके समान यश और विमलकान्ति वाला सत्यकीर्ति नामक नया मन्त्री हुआ। एक दिन जब राजा अपने दरबारमें बैठा हुआ था, उसकी दानके बारेमें बातचीत हुई।

घत्ता—जिन धर्मसे च्युत रौद्रभाव धारण करनेवाला भूरिशर्मा, और उसका शालायन मुण्ड नामका पुत्र, कहता है ॥१७॥

१८

गोदान भूमिदानादि, पानपात्र, सुन्दर थालियाँ, स्वर्ण, रत्न और वस्त्र, फल, क्षेत्र, धवल गृह और पुर, अश्व गज रथवर पीनस्तनी वीणाकी तरह सुन्दर आलाप करनेवाली कन्याएँ, जो अपने श्रेष्ठ दर्भमुद्रिकासे अंकित हाथोंसे, हे राजन्! ब्राह्मणेश्वरोंको देता है, वह स्वर्णविमानोंसे विष्णुलोक जाता है और दिव्य भोगका आनन्द लेता है। यह सुनकर सत्यकीर्ति कहता है—'कहाँ कामुक, और कहाँ परलोक वृत्ति? कहाँ नीम और कहाँ आम्रके फल? कहाँ कठिन शिला, और कहाँ कमलदल? कहाँ सुन्दर खीर, और कहाँ राजिका? ब्राह्मणकी बुद्धि खोटे विवेकसे भरी हुई है। वह मंच, वरभूमि और सोना माँगता है, वह कुमारी माँगता है, और सकाम भोग करता है। पुत्रके मरने पर पेट पीटता हुआ रोता है; और इस प्रकार अज्ञानी संसारमें भ्रमण करता है।

४. AP तासु।
१८. १. P गय हय। २. A °लावणीउ। ३. AP णरेसु। ४. AP संपावइ। ५. AP मग्गइ घरु मंचउ भूमि हेमु।

घत्ता—भक्खइ मृगमासु सुज्झइ पिपँलफंसणिण ॥
णिउ णरयहु लोउ णिग्घिणबंभणसासणिण ॥१८॥

१९

अण्णाणिणि पसु पुण्णेण रहिय बंधणताडणदुक्खेण गहिय।
जा गाइ चरंति अमेज्झु खाइ सा किं संफासें सुद्धि देइ।
पाणिउ तणुसंगें होइ मुत्तु सोत्तिय तं वुच्चइ किह पवित्तु।
कयप्राणिवग्गणिप्राणियाइ किं एयँइ धुत्तकहाणियाए।
जइ देइ देउ तो होउ चाइ कुच्छियदाणें सग्गहु ण जाइ।
दिज्जइ सुपत्तु जाणिवि सणाणु सुय भेसहु अभयाहारदाणु।
भाविज्जइ जीवदयालु भाउ पुज्जिज्जइ सामिउ वीयराउ।
णियमिज्जइ कुवहि चरंतु चित्तु वज्जिज्जइ परधणु परकलत्तु।
घत्ता—जसु दिण्णइ दाणि होइ महंतु अणंतु फलु ॥
तं उत्तमु पत्तु पणँवंतहं परियलइ मलु ॥१९॥

२०

जे वज्जियपुत्तकलत्तणेह दुद्धरमलपडलविलित्तदेह।
अपरिग्गह जे गिरिगहणणिलय भयलोहमोहमयमाणविलय।
जे णिवडिय भव्वुद्धरणलील उवसग्गपरीसहसहणसील।

घत्ता—वह पशुका मांस खाता है और पीपल वृक्षको छूनेसे अपनेको शुद्ध करता है। निर्दय ब्राह्मण-शासनके द्वारा लोग नरकमें ले जाये जाते हैं? ॥१८॥

१९

वह मात्र अज्ञानी और पुण्यसे रहित है। बन्धन ताड़न और दुःखसे गृहीत है। जो गाय जब चरती है तो अभक्ष्य खाती है, वह स्पर्शसे शुद्धि कैसे दे सकती है, शरीरके संगसे पानी मूत बन जाता है, फिर ब्राह्मण उसे (मूतको) पवित्र कैसे कहता है? जिसमें प्राणीवर्गको निष्प्राण किया जाता है ऐसी इस धूर्तकथासे क्या? यदि देव देता है, तो त्यागसे क्या? खोटे दानसे वह स्वर्ग नहीं जा सकता? ज्ञानपूर्वक सुपात्रको जानकर शास्त्र औषधि अभय और आहारदान देना चाहिए। जीवोंके प्रति दयाभावकी भावना करनी चाहिए। वीतराग स्वामीकी पूजा करनी चाहिए। कुपथमें जाते हुए मनको रोकना चाहिए। परधन और पर-स्त्रीका त्याग करना चाहिए।

घत्ता—जिसको दान देनेसे महान् और अनन्त फल होता है, ऐसे उत्तम पात्रको प्रणाम करनेवालोंका मल दूर हो जाता है ॥१९॥

२०

जो पुत्र और कलत्रके स्नेहसे रहित हैं, जो दुर्धर मल पटलसे अलिप्त देह हैं, परिग्रहसे रहित जो गहन गिरिरूपी घरवाले हैं, भय लोभ मोह मद और मानको नष्ट करनेवाले हैं, जो संसारमें गिरे हुए भव्योंका उद्धारलीला वाले हैं, उपसर्ग और परीसहको सहन करनेवाले हैं, जो

६. AP मिगमासु। ७. AP पिप्पल°।

१९. १. A अण्णाणि। २. A होइ। ३. AP कयपाणिवग्गणिप्पाणियाइ। ४. A एणइ। ५. A सुणाणु। ६. A परहणु। ७. पणवंतहु।

जे अरिबंधवहुं मि समसहाव णिग्गंथ णिरंजण मुक्कगावें।
दिज्जइ जोग्गउ आहारु ताहं मज्झण्णि पइट्ठहं मुणिवराहं।
सत्थेण णाणु अण्णेण भोउं फलु दाणसूरु नृव लहइ लोउ।
अभयोसहेहिं परियलइ रोउ ण कया वि णिहालइ दुक्खजोउं।
ता सालायणमुंडेण उत्त दावहि तेरउं सिद्धंतसुत्तु।
विणु आगमेण किं तुहुं पमाणु माणवु पायडमाणवसमाणु।
पडिउत्तरु दिण्णउं सावएण इह सीयलपरमेसें गएण।
अम्हारउं सासणु णत्थि बप्प जं रुच्चइ तं तुहुं चवहि विप्प।
णरणाहु पयंपइ तुह सुईउ दावहि दियवरदावियगईउ।

घत्ता—ता कुणयरएण विप्पें जिणमउ णिरसियउं॥
सइं विरइवि कव्वु आणिवि रायहु दरिसियउं॥२०॥

२१

रइयाइं ललियाइं कव्वाइं भणिऊण देहीणं संदेहबुद्धीउ जणिऊण।
तव्वासराओ तहिं दुट्ठहिययाइं णिद्धम्ममग्गम्मि कम्मेण णिहियाइं।
गुरुदेवपडिकूलणुप्पण्णगावाइं वड्ढंतसुविचित्तमिच्छत्तभावाइं।
कयपियरमिसगसियपसुपेसिगासाइं पयलंतमहुसोमवाणाहिलासाइं।
गोदाणभूदाणदढबद्धतिट्ठाइं उड्डियकरग्गाइं किविणाइं दिट्ठाइं।

शत्रु और मित्रमें समान स्वभाववाले हैं, निर्ग्रन्थ निरंजन और गर्वसे मुक्त हैं, मध्याह्नमें आये हुए ऐसे मुनियोंको योग्य आहार देना चाहिए। शास्त्रसे ज्ञान होता है, और अन्नसे भोग होता है। हे राजन्, दानशूर व्यक्ति संसारमे फल पाता है। अभय और औषधियोंसे रोग नष्ट होता है। और कभी भी वह दुःखका योग नही देखता। इसपर शालायन मुण्ड बोला—तुम अपना सिद्धान्त सूत्र बताओ, आगमके बिना तुम्हारा क्या प्रमाण? मनुष्य तो प्राकृत मानवके समान है। तब उस श्रावकने प्रत्युत्तर दिया, परमेश्वर शीतलनाथके मोक्ष चले जाने पर हे सुभट, हमारा शासन नही है, हे विप्र, इसलिए तुम्हें जो कहना हो वह कहो। तब राजा घनरथ कहता है—जिसमें द्विजवरों की श्रेष्ठ गति बतायी गयी है, तुम अपने ऐसे शास्त्र बताओ।

घत्ता—तब कुनयमें रत उसने जिनमतका निरसन किया। स्वयं काव्यकी रचना कर और लाकर उसने राजाको दिखा दिया॥२०॥

२१

रचे हुए सुन्दर काव्य कहकर, शरीरधारियोंमें सन्देह उत्पन्न कर उस दिनसे वहाँ दुष्ट हृदय कर्मके द्वारा धर्महीनमार्गमें लगा दिये गये। गुरुदेवको प्रतिकूल करनेमें जिन्हें अंहकार उत्पन्न हो गया है, जिनके सुविचित्र मिथ्यात्वभाव बढ़ रहे हैं, पितरोंके बहाने किये गये यज्ञमें जिन्होंने पशुओंकी मांसपेशियोंको खाया है। जिनमें मधु और सोमपान करनेकी इच्छा तीव्रतम

२०. १. AP गलियगाव। २. P पवणु; P adds after thes : वलतुलिउं णाइं तेलोक्कभवणु। ३. AP णिव। ४. P adds: पच्चेल्लिउ पावइ सरसु भोउ। ५. AP पजंपइ।

२१. १. A देहेण। २. A देवगुरुकूलणुप्पणगव्वाइं; P देवगुरुपडिकूलणुप्पण्णगावाइं। ३. A °अयमासगासाइं। ४. A पयडंत°। ५. P °सोमपाणा°। ६. A उट्ठिय°। ७. AP धिट्ठाइं।

गुणवंतणिंदिरइं णियकुलमयंधाइं दुग्गंधरसभरियणवदेहरंधाइं।
मयहड्डुच[8]ट्टिरइं पाणियसउच्चाइं हिंसाइ घडियाइं पब्भट्ठसच्चाइं।
धरियक्खसुत्ताइं मृग[9]चम्मभूसाइं पालासदंडाइं कासायवासाइं।
धणधरणिघरपणइणीमोहमूढाइं छक्कम्मगंभीरजरकूवछूढाइं।
[10]दुंग्धोट्टदुप्पोसपोसणपयट्टाइं सुयसत्थवित्थारविलसियमरट्टाइं।
आस[11]वमयावेसपसरियविडंबाइं जीवंति दीणाइं बंभणकुटुंबाइं।

घत्ता—गयसीयलदेवि भरहि जाय परपत्तविहि ॥
संपीणइ विप्पु पुप्फदंत पणवंत सिहि ॥२१॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सीयलणाहणिव्वाणगमणं णाम अट्ठ[12]यालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४८॥

॥ सीयल[13]णाहचरियं समत्तं ॥

है। गोदान और भूदानमें जिनको तृष्णाएँ बँधी हुई हैं। जो करका अगला भाग आये हुए कृपण की तरह दिखाई देते हैं, गुणवानोंकी निन्दा करनेवाले तथा अपने कुलके लिए जो मदान्ध हैं। जिनकी नवदेह दुर्गन्ध रससे भरित है। मृगकी हड्डियोंको चाटनेवाले, पानीसे पवित्र होनेवाले, हिंसासे रचित, सत्यसे भ्रष्ट, अक्षसूत्र धारण करनेवाले, मृगचर्मसे भूषित, पलाश दण्ड धारण करनेवाले, और गेरुए वस्त्र पहिननेवाले, धन भूमि घर और प्रणयिनीके मोहसे मूढ़ छह कर्म रूपी गम्भीर पुराने कूपमें पड़े हुए, मधु और मांसके पोषणमें लगे हुए—श्रुत शास्त्रोंके विस्तारमें विलसित अहंकारवाले ब्रह्मचारी गृहस्थ वानप्रस्थ और यतिके रूपमें जो लोकको प्रवंचित करनेवाले हैं, ऐसे दीन ब्राह्मण-कुल जीवित रहते हैं।

घत्ता—शीतलनाथके निर्वाण प्राप्त कर लेने पर भरतक्षेत्रमें दूसरे पात्रोंकी विधि फैल गयी (पुष्पदंत कवि कहता है) कि आगको प्रणाम करता हुआ विप्र प्रसन्न होता है ॥२१॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका शीतलनाथ निर्वाण गमन नाम का अड़तालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४८॥

८. A मयहुंडचंडिरइं; P मयहड्डुचड्डिरइं। ९. A मयचम्म°; P मिगचम्म°। १०. A दुग्धुट्ठदुघोस°। ११. AP आसवमयावेस°। १२. A अट्ठतालीसमो। १३. AP omit the line।

संधि ४९

दहमउ गुरु मइं तुह कहिउ देउ मोक्खमाणससरहंसु ॥
अवरु वि सुणि[1] सेणिय भणमि एयारहमउ जिणु सेयंसु ॥ध्रुवकं॥

१

जासु ण मुक्का मारें मग्गण　　जो जाणइ जीवहं गुण मग्गण ।
जेण ण खंडणु किउ चारित्तहु　　तवपब्भारें णिव्वारित्तहु ।
जो ण वडिउ संसारसमुद्दइ　　मुद्दिउ जेण तिलोउ समुद्दइ ।
अकयइ णिच्चइ पडिमारूवइ　　जासु ण रमइ दिट्ठि तृय[2]रूवइ ।
जो णाणें पेक्खइ णीसेसु वि　　पयजुयलइ णिवडइ जसु सेसुं[3] वि ।
जो सुकियमहि[4]यम्महु विसहरु　　जो पंचिंदियविसहरविसहरु ।
जेण राउ मेल्लविय भुयंगय　　जासु ण पत्तावलि वि भुयंगय ।
भालि ण दिज्जइ जसु तिलउल्लउ　　जो अप्पणु तिहुयणि तिलउल्लउ ।

सन्धि ४९

(श्री गौतम गणधर कहते हैं)—"मैंने तुम्हें दसवें गुरु (तीर्थंकर) शीतलनाथके विषयमें बताया कि जो मोक्षरूपी मानसरोवरके हंस हैं। हे श्रेणिक, और भी सुनो—मैं ग्यारहवें श्रेयांस जिनका कथन करता हूँ।"

१

जिसपर कामदेवने अपने तीर नहीं छोड़े, जो जीवके गुणस्थानों और मार्गणाओंको जानता है। जिसने चारित्रका खण्डन नहीं किया, तपके प्रभावसे जो शत्रुभावसे रहित है, जो संसाररूपी समुद्रमें नहीं गिरते, जिसने अपनी मुद्रासे त्रिलोकको मुद्रित किया है। जिसकी दृष्टि, अकृत्रिम नित्य प्रतिमारूप और स्त्रीरूपमें रमण नहीं करती, जो ज्ञानके द्वारा सब कुछ देख लेते हैं, जिनके चरण युगलमें शेष संसार पड़ता है, जो पुण्यरूपी वृक्षके लिए मेघ हैं और पांच इन्द्रियरूपी विषधरों के विषका अपहरण करनेवाले हैं, जिन्होंने रागरूपी विट को छोड़ दिया है, जिसपर टेढ़ी पत्रावली

A has, at the beginning of this Saṃdhi, the following stanza :—

सया सन्तो वेसो भूसणं सुद्धसीलं
सुसंतुट्ठं चित्तं सव्वजीवेसु मेत्ती ।
मुहे दिव्वा वाणी चारुचारित्तभारो
अहो खण्डस्सेसो केण पुण्णेण जाओ ॥ १ ॥

This stanza is found in P at the beginning of Samdhi L. K does not give it anywhere ।

१. १. AP सुणु । २. APT तियरूवइ । ३. P adds after this : दूरविमुक्कउ बंधविसेसु वि, समसणु बहुघणेसु णीसेसु वि. । ४. A महिजम्महु ।

जो परिहइ ण कयाइ वि कंकणु णउ फंसइ सचित्तउं[५] कं कणु ।
णिच्चेलक्कु जेण पडिवण्णउं जइ वि चीरु चंगउं पडिवण्णउं ।
तो वि ण[६] परिहइ जो[७] णिण्णेहलु जो ढोयइ णरि णिरु णिण्णे हलु ।
तहु देवहु संचियसेयंसहु पयजुयलउ वंदिवि सेयंसहु ।

घत्ता—पुणु अक्खमि तहु तणिय कह कित्ति वियंभउ महुं जगगेहि ॥
पुक्खरवरदीवंतरइ सुरदिसि मेरुहि पुव्वविदेहि ॥१॥

२

सालतमालतालतरुसंकडि सीयतरंगिणिपवरुत्तरतडि ।
कच्छउ देसु देससिरिसंकुलु[१] वियसियकमलकोसरयपरिमलु ।
कलववडियकलेविं[२] कयकलयलु दुमफुल्लासियफुल्लंधुयचलु ।
तहिं खेमउरु काइं वण्णिज्जइ जहिं पिययमु पणएं कलहिज्जइ ।
सरु वायरणि णवर[३] संधिज्जइ तणु विरहेण ण वाहिइ झिज्जइ ।
णहवणु ण वणु जेत्थु भडभंडणि केसगहणु बिंबाहरचुंबणि ।
अत्थसमप्पणि जहिं पयविग्गहु जइयणि[४] णउ सावज्जपरिग्गहु ।
जहिं णिण्णासिय[५] परमंडलवइ पासबद्ध णं घरमंडलवइ ।

भी नहीं है, जिसके भालपर तिलक नहीं दिया जाता, जो स्वयं त्रिभुवनमें तिलक स्वरूप हैं, जो कभी भी कंकण नहीं पहनते, जिनका अपना चित्त जल और बीजका स्पर्श नहीं करता, जिन्होंने अचेलकत्व (अपरिग्रहत्व) स्वीकार कर लिया है, यद्यपि वस्त्र पटी (रेशमी वस्त्र) के समान रंगवाला है, तब भी वह नहीं पहनते। जो स्नेह रहित हैं, फिर भी निम्न ऊँच मनुष्यको (स्वर्गादि) फल देते हैं, कल्याणका संचय करनेवाले देव श्रेयांसके चरणोंकी वन्दना कर।

घत्ता—फिर मैं उनकी कथा कहता हूँ कि जिससे विश्वरूपी घरमें मेरी कीर्ति फैले। पुष्करवर द्वीपकी पूर्व दिशामें सुमेरुपर्वतके पूर्व विदेह में ॥१॥

२

सीता नदीके साल तमाल और ताड़ वृक्षोंसे परिपूर्ण विशालतटपर, देश-लक्ष्मीसे व्याप्त कच्छ देश है, जिसमें विकसित कमल-कोशोंका रजमल है। धान्य विशेषके वृक्षोंपर बैठे हुए गौरेया-पक्षियोंका कलकल स्वर हो रहा है, जो वृक्षोंके फूलोंपर बैठे हुए भ्रमरोंसे चंचल हैं। उसमें क्षेमपुर नगर है। उसका क्या वर्णन किया जाय, जहाँ प्रियतमसे प्रणयमें ही कलह किया जाता है (अन्यत्र कलह नहीं है)। जहाँ व्याकरणमें ही सर (स्वर और सर) का संधान किया जाता है, अन्यत्र सरोंका संधान नहीं किया जाता; जहाँ विरहसे ही शरीर कृश होता है, रोगसे नहीं; जहाँ नखोंके व्रण ही हैं, योद्धाओंकी भिड़न्तमें जहाँ व्रण नहीं होते। बिम्बाधरोंके चूमने ही में जहाँ केशग्रहण होता है, अन्यत्र केशग्रहण नहीं होता है। जहाँ अर्थों और पदवाक्योंके समर्पण (सम्पादन) में पद विग्रह (पदोंका विग्रह, प्रजाका विग्रह) होता है, अन्यत्र आर्थिक लेन-देनमें प्रजा-का झगड़ा नहीं होता, जहाँ जैनोंमें सावद्य परिग्रह नहीं होता, जहाँ शत्रुमण्डलके राजा इस प्रकार

५. AP सचित्तउं। ६. AP तो णवि। ७. A जइ णिण्णेहलु।

२. १. A देससरिसंकुलु। २. A °कलेवि°; P °कलंबि°। ३. P ण पर। ४. A जइयणि तउ सावज्ज-परिग्गहु; P णउ परअत्थहरणि कयविग्गहु। ५. P णित्तासिय।

जहिं चोरारिमारिदालिद्दइं   पासंडाइं वि णत्थि रउद्दइं ।
तहिं राणउ णलिणालयमाणणु   णलिणप्पहु णामें णलिणाणणु ।
घत्ता—भयभीयइं महिणिवडियइं जीय[6] देव सविणउ जंपंति ॥
जासु पयावें ताविययइं परणरणाहसयइं कंपंति ॥२॥

३

कलयलंतचलकलकोइलगणि   तावण्णहिं[1] दिणि सहसंबयवणि ।
पेच्छिवि जिणु अणंतु वणवालें   विण्णत्तउ सिरि[2]गयभुयडालें ।
तहु तहिं तवसिहिहुयवम्मीसरु   गुणदेवहं भवदेवहं ईसरु ।
परमप्पउ पसण्णु[3] परमेसरु   आयउ देउ[4] धम्मचक्केसरु ।
तं णिसुणेवि तेण तित्थंकरु   जाइवि वंदिउ दुरियखयंकरु ।
बुज्झिवि धम्मु अहिंसालक्खणु   चिंतिवि बंधमोक्खविहिलक्खणु ।
देवि सुपुत्तु महिहिं परिरक्खणु   सइं रिसि हूयउ राउ वियक्खणु ।
चरणमूलि जइवरहु अणंतहु   चरइ मग्गि दुग्गमि अरहंतहु ।
घत्ता—णीलकिण्हलेसउ [5]मुयइ काउलेस दूरें वज्जंतु ॥
सुक्कलेस मुणिवरु धरइ भीमें तवतावें खिज्जंतु ॥३॥

संत्रस्त और पाशबद्ध हैं, मानो घरके कुत्ते हों। जहाँ चोर शत्रु मारी और दारिद्रय और भयंकर पाखण्डी नहीं हैं। उसमें लक्ष्मीको भोग करनेवाला और कमलके समान मुखवाला नलिनप्रभु नामका राजा था।

घत्ता—जिसके प्रतापसे सन्तप्त होकर, सैकड़ों शत्रुराजा काँप उठते और भयभीत होकर धरतीपर गिरकर 'हे देव आपकी जय हो, विनयके साथ यह कहते हैं ॥२॥

३

इतनेमें एक दिन, जिसमें चंचल कोकिल-समूह कलकल कर रहा है, ऐसे सहस्राम्ब नामक वनमें अनन्त जिनको देखकर, वनपालने अपनी भुजारूपी डालें सिरसे लगाते हुए, उससे निवेदन किया, "हे देव (उद्यानमें) तपकी आगमें कामदेवको नष्ट करनेवाले गुणदेवों और विश्वदेवोंके ईश्वर परमात्मा प्रसन्न परमेश्वर और धर्मचक्रेश्वर देव आये हुए हैं।" यह सुनकर, उसने जाकर पापोंका नाश करनेवाले तीर्थंकरकी वन्दना की। तथा अहिंसा लक्षणवाले धर्मको समझकर एवं बन्ध और मोक्षकी विधि तथा लक्षणका विचार कर, अपने पुत्रको भूमिके रक्षण का भार सौंपकर, वह विचक्षण राजा स्वयं ऋषि हो गया। वह, मुनिवर अनन्तनाथके चरणमूलमें दुर्गम चर्यामार्गमें विचरण करने लगा।

घत्ता—वह कृष्ण और नील लेश्या छोड़ देता है, कायक्लेशका दूरसे परित्याग करता है। वह मुनिवर शुक्ल लेश्या धारण करता है और भीम तपतापमें वह अपनेको क्षीण करता है ॥३॥

---

६. A जीव ।

३. १. A तावण्णयदिणि । २. A सिरि गय° । ३. AP पसण्णु । ४. AP देव । ५. AP मुयउ ।

४

मंदरधीरु वीरु दिहिपरियरु इत्थिअत्थ[1]णिवथेणकहंतरु ।
ण भणइ ण सुणइ णिप्पिहं[2] णीरउ एयारहवरंगसिरिधारउ ।
कोहु लोहु माणु[3] वि मुसुमूरइ मायाभावु होंतु संचूरइ ।
चक्खुसोत्तरसफासणघाणइं जिणइ हणइ दुक्कियसंताणइं ।
विहुणिवि घिवइ णिद्दं[4] सहुं पणएं अप्पउं भूसइ रिसि रिसिविणएं ।
ण सरइ पुव्वकालें[5]रइकीलणु ण करइ दंतपंतिपक्खालणु ।
णहखंडणु सरूवपरि[6]पुंछणु करयलवट्टि सरीरणियच्छणु ।
हसणु भसणु भूभंगु ससंसणु पाणिणट्टु[7] परगुणविद्धंसणु ।
साहिलासु सवियारउ दंसणु णियडणिसण्ण[8]हरिणसंफंसणु ।
णक्खछोडि तणुमोडि ण इच्छइ परमसाहु लिहियउ[9] इव अच्छइ

घत्ता—बंधिवि तित्थयरत्तु तहिं दंसणसुद्धिइ तोडिवि भंति ॥
अच्चुइ पुप्फुत्तरणिलइ जायउ सुरवरु ससहरकंति ॥४॥

५

आउ दुवीससमुद्दप[1]माणइं कालें[2] गिलियइं ढुक्कपमाणइं ।
तहु छम्मासु परिट्ठिउ जइयहुं अक्खइ जक्खहु सुरवइ तइयहुं ।
जंबुदीवि भरहि सीहउरइ धणकणजणगोहणगुणपउरइ ।

४

धैर्य ही जिनका परिग्रह है ऐसी मंदराचलके समान धीर वीर निस्पृह एवं निष्पाप वह, जो भोजन नृप और चौर्य कथाको न सुनते हैं और न कहते हैं, ग्यारह श्रेष्ठ श्रुतांगोंकी शोभाको धारण करनेवाले वह, क्रोध लोभ और मानको भी नष्ट कर देते हैं, चक्षु श्रोत्र जिह्वा स्पर्श और घ्राण इन्द्रियोंको जीत लेते हैं, और पापकी शृंखलाको नष्ट कर देते हैं। प्रणयके साथ, वह निद्राको भी नष्ट कर देते हैं, और वह मुनि ऋषिकी विनयसे स्वयंको विभूषित करते हैं, वह पूर्वकालकी रतिक्रीड़ाकी याद नहीं करते, और न दन्तपंक्तिका प्रक्षालन करते हैं, नखोंका खण्डन, अपने स्वरूपका मार्जन, करतल रूपी वर्तिकासे शरीरको देखना, हँसना बोलना, भ्रूभंग करना श्वास लेना, हाथ हिलाना, परगुणोंका नाश करना, अभिलाषापूर्वक और विकारके साथ देखना, निकट बैठे हरिणोंका स्पर्श करना, नख छोटे करना, शरीर मोड़ना, वह नहीं चाहते। परम साधु चित्रलिखितकी तरह, स्थित रहते हैं।

घत्ता—वहाँ, दर्शन विशुद्धिसे भ्रान्तिको नष्ट कर और तीर्थंकर प्रकृतिका बंधकर, अच्युत स्वर्गके पुष्पोत्तर विमानमें वह चन्द्रमाकी कान्तिवाले देव हो गये ॥४॥

५

उसकी आयु बाईस सागर पर्यन्त थी। समयके साथ नष्ट होने पर उसका भी अन्त आ पहुँचा। जब उसके छह माह शेष रह गये, तब इन्द्र कुबेरसे कहता है, 'जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें

४. १. A इत्थिअत्तिणिव° and gloss अत्ति भोज्यं; P इत्थिअत्थणिव। २. A P णिप्पिहु। ३. A P मोहु। ४. P णिद्दे। ५. A पुव्वकालि। ६. P परिपेच्छणु। ७. A पाणिणिट्टु। ८. A °णिसण्णहं हरिणहं फंसणु; P °णिसण्णहं णवि संफंसणु। ९. P लिहिउ इव।

५. १. AP °समाणइं। २. A कालिं।

आइदेवकुलसंतइ[3]जायउ विट्ठु णाम राणउ विक्खायउ ।
णंदादेवि तासु घरसामिणि कामसुहंकरि णं सुरकामिणि ।
तणुरुहु तेओहामियदिणयरु एयहं दोहं वि होसइ जिणवरु ।
ताहं तुरिउं तुहुं करि भण्डारउं रयणफुरंतु णयरु चउदारउं ।
धणएं पुरु[4] पविणिम्मिउं तेहउं मणुयहिं वण्णहुं जाइ ण जेहउं ।
घत्ता—ता णज्जइ दिणु णिच्च जहिं जा सरे[5]वरि कमलइं वियसंति ॥
वरमणिकिरणहिं तोंतडिय उग्गय रवियर णउ दीसंति ॥५॥

६

तहिं सयणालइ [1]सिरिअइसइयइ पच्छिमरयणिहि णिद्दं[2]धइयइ ।
पुण्णचंदसोहियमुहयंदइ सिविण[3]पंति अवलोइय णंदइ ।
अविर[4]यगलियदाणधारालउ भमियसिलिम्मुहोलिसोंडालउ ।
वालहिसण्हाककुखुरमणहरु सउरहेउ रुइरंजियससहरु ।
कुडिलणहरु भइरवरुंजे[5]णरवु गिरिगुहणीहरंतु कंठीरवु ।
कण्णतालहयमहुलिहविंदे[6]हिं सिरि सरि सिंचिज्जंति करिंदहिं ।
मालाजुयलु भिंग[7]पियकेसरु मा णिसिमंड[8]णु भासुरु णेसरु ।
कलसजुय[9]लु णवकमलु सकोमलु मीणमिहु[10]णुं जलकीलाचंचलु ।

धन जन कण और गोधन और गुणोंसे प्रचुर सिंहपुरमें, आदिदेवकी कुल परम्परामें उत्पन्न विष्णु नामका विख्यात राजा है। उसकी गृहस्वामिनी नन्दादेवी है। काममें शुभंकर वह सुरकामिनी-की तरह है। अपने तेजसे दिनकरको तिरस्कृत करनेवाले जिनवर इन दोनोंके पुत्र होंगे। इसलिए तुम शीघ्र रत्नोंसे चमकता हुआ चारद्वारों वाला नगर बनाओ। कुबेरने इस प्रकारके नगरकी रचना की कि जिसका मनुष्योंके द्वारा वर्णन नहीं किया जा सका।

घत्ता—जहाँ सरोवरमें नित्य ही कमल खिलते हैं इसलिए दिन जान नहीं पड़ता, श्रेष्ठ मणिकिरणोंसे मिश्रित ऊगी हुई भी सूर्यकिरणें दिखायी नहीं देतीं ॥५॥

६

वहाँ श्री से अतिशय भरपूर रात्रिके अन्तिम प्रहरमें शयनतलपर नींदमें सोयी हुई नंदादेवी स्वप्नमाला देखती है। अविरत झरती हुई मदधारासे युक्त और भ्रमण करती हुई भ्रमरपंक्तिवाला महागज, पूँछ गलकम्बल ककुद् और खुरोंसे सुन्दर और कान्तिसे चन्द्रमाको रंजित करनेवाला वृषभ, कुटिल नख और भयंकर गर्जन शब्दवाला पहाड़की गुफासे निकलता हुआ सिंह, अपने कानोंके तालोंसे मधुकर समूहको आहत करते हुए गजेन्द्रों द्वारा सिर पर अभि-षिक्त श्री; भ्रमर और पीली केशरसे युक्त मालायुगल, लक्ष्मी ? और रात्रिका मण्डन (चन्द्रमा), भास्वर सूर्य, कोमल नवकमलोंसे सहित कलशयुगल, जलक्रीड़ासे चंचल मीनयुगल, सरोवर, समुद्र,

३. AP °संतए जायउ। ४. A पुरु विणिम्मिउ। ५. A सरवरकमलइं।
६. १. A णिरु अइसइयइ। २. AP णिद्दंधइ। ३. A सिविणयतइ; T तइ पंक्तिः। ४. AP अविरल°।
५. A भइरवभंजणरउ। ६. A वंदहिं। ७. A भिंगु पिय°। ८. A °मंडलु। ९. AP कलसजमलु।
१०. A मीणजुयलु।

सरु सररासि चारुसीहासणु[11] देवालउ फणिभवणु फणीसणु ।
माणिक्कोहु मोहमालालउं[12] सिहि णहयलि जलंतु चलजालउ ।

घत्ता—एंव णिहालिवि चंदमुहि चंदकंति सुहदंसणपंति ॥
जाइवि भासइ भूवइहि सुंदरि सुविहाणइ विहसंति ॥६॥

७

महिवइ मेहघोसु णिच्चलु कहइ महासइहि सिविणयफलु ।
जसु आणइ हरि अच्छइ गच्छइ जो सयरायरु लोउ णियच्छइ ।
जो परु अप्पउं परहु पयासइ जासु दोसु तिलमेत्तु ण दीसइ ।
सासयसोक्खसरोरुहछप्पउ सो अरहंतु संतु परमप्पउ ।
तेरइ गब्भइ अब्भउ होसइ ता रोमंचिय णच्चिय सा सइ ।
वुट्ठु कुवेरु[1] देवु णवणिहिहरु जा छम्मास तांवं[2] चामीयरु ।
कंतिकित्तिसिरिहिरिदिहिबुद्धिउ देविउ देविहि कियउं[3]तणुसुद्धिउ ।
आयउ जायउ जणें[4]उच्छाहउ सग्गउ संचुउ अच्चुयणाहउ ।
घित्तसुरासुरपंकयविट्ठिहि जेट्ठहु मासहु किण्हहि[5] छट्ठिहि ।
संवणि[6] सुरिक्खइ पच्छिमरत्तिहि थिउ उयरंतरि पत्थिवपत्तिहि ।
जक्खणिहित्तइ दुक्खणिवारइ पुणु णवमास[7] सित्तु वसुहारइ ।

सुन्दर सिंहासन, देवलोक, नागराजका नागलोक, मयूखमालासे युक्त माणिक्य-समूह, चंचल ज्वालाओं वाली आकाशमें जलती हुई आग।

घत्ता—चन्द्रमुखी और चन्द्रमाके समान कान्तिवाली और शुभ दन्तपंक्तिवाली वह यह देखकर, दूसरे दिन सबेरे जाकर हँसती हुई उन्हें राजाको बताती है ॥६॥

७

मेघके समान ध्वनिवाले निश्चल राजा उस महासतीको स्वप्नोंका फल बताते हैं कि जिसकी आज्ञासे इन्द्र बैठता और चलता है, जो सचराचर लोक देख लेते हैं, श्रेष्ठ जो स्वपरका प्रकाशन करते हैं, जिसके तिलके बराबर भी दोष दिखाई नहीं देता, जो शाश्वत मोक्षरूपी सरोवरके भ्रमर हैं वह अरहंत सन्त परमेश्वर तुम्हारे गर्भसे बालक होंगे। तब वह सती रोमांचित होकर नाच उठी। जब छह माह रह गये, तो नवनिधियोंको धारण करनेवाले कुबेरने स्वर्णवृष्टि की। देवीकी शरीर-शुद्धि करनेवाली कान्ति, कीर्ति, श्री, ह्री, धृति और बुद्धि आदि देवियाँ आयीं। लोगोंमें उत्साह फैल गया। अच्युत स्वर्गके स्वामी वह स्वर्गसे च्युत हुए। ज्येष्ठमाहके कृष्णपक्षमें जिसने सुरासुरोंमें कमलवृष्टि की है ऐसी छठीके दिन, श्रवण नक्षत्रमें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें राजाकी पत्नीके उदरमें वे स्थित हो गये। यक्षके द्वारा की गयी दुःखका निवारण करनेवाली धनकी धाराने फिर नौ माह तक सिंचन किया।

११. A सिंहासणु। १२. A मोहु मालालउ।
७. १. A कुबेरदेउ। २. A जाम। ३. AP कयº। ४ AP जणि उच्छाहउ। ५. A कण्हयछट्ठिहि। ६. A सवणसुरिक्खइ। ७. AP णवमासु।

घत्ता—छावट्ठिलक्खछव्वीसहिं वि वरिससहासहिं रिद्धउ[८] ॥
सायरसउ छड्डिवि कोडि गय थक्कउ पुणु पल्लद्धउ[९] ॥७॥

८

जइयहुं वट्टइ णिव्वुइ सीयलि णट्ठउ अरुहधम्मु धरणीयलि ।
तइयहुं तिहिं णाणहिं संजुत्तउ पुव्वजम्मि भावियरयणत्तउ ।
फग्गुणि[१] एयारहमे वासरि णिच्चमेव खिज्जंतइ ससहरि ।
विण्हुजोइ[२] उप्पण्णउ जोइउ मायइ तारहिं णयणहिं जोइउ ।
आवेप्पिणु भत्तिइ तरुणीलहु मेहलविरइयं[३]तारामालहु ।
सिहरकुहरथियखगरामालहु अमरवरेसें णिउ सुरसेलहु ।
णिहियउ पावपडलं[४]णिण्णासणि पंडुसिलायलि[५] पंचासणि[६] ।
उत्त मंत विहि सयल करेप्पिणु खीरंभोणिहिखीरु लएप्पिणु ।

घत्ता—सायकुंभमयकुंभकर एंति गयणि णच्चंति णवंति ॥
खीरवारिधारासयहिं देवदेउ भावेण ण्हवंति ॥८॥

९

सुरपेल्लिउ णं डोल्लइ[१] मंदरु कलसहं सहसइं लेइ पुरुंदरु ।
अलिझंकारइं सरलइं सदलइं कलसि कलसि संणिहियइं कमलइं ।
कमलि कमलि आसीणइं हंसइं हंसइं कयकलसरणिग्घोसइं ।

घत्ता—जब सो सागर और छियासठ लाख छब्बीस हजार वर्ष कम एक सागर प्रमाण समय बीत गया, और जब आधापल्य समय रह गया ॥७॥

८

कि जब शीतलनाथ निर्वाणको प्राप्त हुए थे और अर्हतधर्म धरतीतल पर नष्ट हो गया था। तब तीन ज्ञानसे युक्त पूर्व जन्ममें रत्नत्रयकी भावना करनेवाले योगी श्रेयांस फागुन माहके कृष्ण पक्षकी एकादशीके दिन कि जब चन्द्रमा प्रतिदिन क्षीण होता जा रहा था, विष्णु योगमें उत्पन्न हुए। उन्हें माँ ने अपनी उज्ज्वल आंखोंसे देखा। भक्तिसे आकर इन्द्र उन्हें वृक्षोंसे नीले, जिसकी मेखला तारावलियोंसे शोभित है, जिसके शिखर-कुहरोंमें विद्याधर स्त्रियाँ स्थित हैं, ऐसे सुमेरु-पर्वतकी पापपटलको नष्ट करनेवाली पाण्डुकशिलाके सिंहासनपर उन्हें रख दिया। उक्त समस्त मन्त्रविधि पूरी कर, और क्षीरसमुद्रका जल लेकर।

घत्ता—स्वर्णमय घड़े हाथमें लिये हुए देव आते है, आकाशमें नाचते और प्रणाम करते हैं, क्षीर जलकी सैकड़ों धाराओंसे भावपूर्वक देवदेवका अभिषेक करते हैं ॥८॥

९

देवोंसे प्रेरित मन्दराचल मानो डगमगा उठता है; इन्द्र हजारों कलशोंको लेता है, प्रत्येक कलशपर भ्रमरोंसे झंकृत सरल और सदल कमल रखे हुए हैं, कमल-कमलपर हंस बैठे हुए हैं, हंस

---

७. ८. A सिट्ठउ; P सिद्धउ । ९. A पुण्णट्ठउ ।

८. १. A फग्गुणएयारहमइ । २. AP विण्हुजोइ; T विण्हुजोए ज्येष्ठानक्षत्रे । ३. AP °वलइय । ४. A पावपडलु । ५. A पंडसिलायलि । ६. A मंगलु सासणि ।

९. १. P डोलइ ।

जे कलसर ते किर[2] वम्महसर वम्महारि वि[3]इविवियणरामर।
वम्महसरवरेहिं जणु दारिउ जणवएण हियवइ जिणु धारिउ।
जिणु सिसु मयणहु अज्जु वि संकइ तेण जि रइ थणजुयलु ण ढंकइ।
करइ कामु धणुगुणटंकारउ पसरइ अच्छरउलहं वियारउ।
बहुएं सेयंसेण णिउत्तउ सयमहेण सेयंसु पउत्तउ।
आणिवि णयरु समप्पिउ मायहि तणयालोयणवियसियछायहि।
पणवेप्पिणु दुक्कियघणपवणहु गयउ पुलोम[4]पिसुणु णियभवणहु।
कालें जंतें वत्थुप[5]माणउ वड्ढिउ पुरि तइलोक्कहु राणउ।

घत्ता—हेमच्छविहि भडारहु जं दिट्ठउ [6]तं णेय रहंति॥
तासु [7]असीइसरासणइं गणहर तणुपरिमाणु [8]कहंति॥९॥

१०

एकवीसलक्खइं बालत्तें घल्लियाइं वरिसहं खेलंतें[1]।
पुणु पुज्जिउ पोलोमीकंतें किउ रज्जाहिसेउ गुणवंतें।
रज्जु करंतहु कामरसद्दहं दोचालीसलक्ख गलियद्दहं।
एहउ अवसरु जायउ जइयहुं णाहें कील[2]ावणि तहिं तइयहुं।
दिट्ठउ तंबिरपल्लवु चूयउ मयणहुयासहु बीयउ हूयउ।
सो णं जालहिं जलइ णिरारिउ विरहीयणु तें ताविउ मारिउ।

भी कलस्वरमें निर्घोष कर रहे हैं, उनके जो सुन्दर स्वर थे वे मानो कामदेवके तीर थे, जो मर्मका भेदन करनेवाले और मनुष्य और देवोंको विदारित करनेवाले थे। जब कामदेवके तीरोंने लोगों-को विदीर्ण कर दिया तो उन्होंने जिनको अपने हृदयमें धारण कर लिया। जिनदेव बालक हैं, तब भी कामदेव आज ही शंकित है, इसी कारण रति अपने स्तनयुगलको नहीं ढकती। कामदेव अपने धनुषकी डोरीकी टंकार करता है, उससे अप्सराकुलमें विकार फैल जाता है। अनेक कल्याणोंसे नियुक्त प्रभुको इन्द्रने श्रेयांस कहा। नगरमें लाकर उसने, उन्हें पुत्रको देखनेसे जिनकी कान्ति विकसित हो गयी है, ऐसी माँ को सौंप दिया। पापरूपी बादलोंके लिए पवन उनको प्रणाम कर इन्द्र अपने विमानमें चला गया। समय बीतनेपर, उपमानसे रहित त्रिलोकके राजा वह नगरमें बड़े हो गये।

घत्ता—आदरणीय उनकी स्वर्णछविको जिसने देखा वह रह नहीं सका। गणधर उनके शरीरका प्रमाण अस्सी धनुष प्रमाण बताते हैं॥९॥

१०

खेल-खेलमें उनकी बाल्यावस्थाकी इक्कीस लाख वर्ष आयु बीत गयी। फिर देवेन्द्रने उनकी वन्दना की और गुणवान् उसने उनका राज्याभिषेक किया। राज्य करते हुए, कामरससे आर्द्र उनके बयालीस लाख वर्ष बीत गये। जब उनका यह अवसर आया तो स्वामीने क्रीड़ावनमें लाल-लाल पल्लवोंका आम्रवृक्ष इस प्रकार देखा, मानो वह कामरूपी अग्निका बीज हो। वह मानो ज्वालाओंसे जल रहा था, इसी कारण उसने विरहीजनको सन्तप्त और आहत

२. A किल ते; P ते किल। ३. A °णिइविय°। ४. P पुलोमविसुणु। ५. AP वत्थुवमाणउ; T वत्थुअम्मोणउ। ६. P तं तें अरहंतें। ७. P असीसरासणइं। ८. P कहंतें।
१०. १. AP पणवंतें। २. AP णाहें कीलंतें वणि तइयहु।

पुणु कोइलु कलसद्दें गज्जइ णं वसंतपहु पडहउ वज्जइ।
रुणुरुणंतु अप्पाणु ण चेयइ महुयरु महु पिएँवि णं गायइ।
ता परमेसरु मणि मीमंसइ अम्हारउं वणु अण्णु जि दीसइ।
कालें कंटइयउं अंकुरियउं पल्लवियउं कुसुमोलिहिं भरियउं।
फलिउं फलावलीहिं णं पणवइ एही सयलहु लोयहु परिणइ।
परिणमंतु जगु णिविसु ण थक्कइ परिणामहु जडु जीउ ण चुक्कइ।

घत्ता—जगु परिणामें दूसियउ णिप्परिणाम सिद्ध परमेट्ठी॥
हो हो अथिरेणेण महुं णिच्चल तेत्थु णिरुंभिवि दिट्ठी॥१०॥

११

ता संपत्त तेत्थु सुरवरगुरु तेहिं तुरिउ पडिबोहिउ जगगुरु।
सो आहंडलु तं सुरमंडलु तं अच्छरउलु मणिमयकुंडलु।
आयउं पुणु वि ण्हवणु किउं देवहु णिट्ठियचरियावरणविलेवहु।
विमलें सिवियाजाणें णिग्गउ णाहु मणोहरु णंदणवणु गउ।
फग्गुणि कसणि एयारसिदियहइ दियहाहिवि अवरासासंगइ।
सवणरिक्खि उवसमियकसायउ भूवइ मुक्कभूइभूभायउ।
उववासद्दुवेण रिसि जायउ सिद्धत्थउ पुरु भिक्खहि आयउ।
णंदणरिंदें एंतु पडिच्छिउ सुद्धपिंडु तहु तेण पयच्छिउ।

किया था। फिर कोयल कलकल शब्दमें गरज उठती है मानो वसन्त राजा अपना नगाड़ा बजा रहे हैं। भ्रमर गुनगुन करता हुआ, स्वयं नहीं चेतता, मानो वह मधु पीकर गा रहा है, तब परमेश्वर अपने मनमें विचार करते हैं कि हमारा वन तो आज दूसरा दिखाई दे रहा है। यह कालसे कंटकित और अंकुरित पल्लवित और पुष्पपंक्तियोंसे भरा हुआ है और फलकी कतारोंसे लदा हुआ मानो झुकता है, यही समस्त लोककी परिणति है। परिणमन करता हुआ यह विश्व एक क्षणके लिए नहीं रुकता और परिणामसे यह जड़ जीव एक पलके लिए नहीं चूकता।

घत्ता—यह विश्व परिणामसे दूषित है केवल सिद्ध परमेष्ठी परिणामसे रहित हैं। यह अस्थिरता रहे रहे, मैं अपनी निश्चल दृष्टिको वहीं अवरुद्ध करूँगा॥१०॥

११

तब इतने लोकान्तिक देव वहाँ आ गये। उन्होंने तुरन्त वहाँ विश्वगुरुको सम्बोधित किया। वही इन्द्र, वह सुरसमूह, वह मणिमय कुण्डलवाला अप्सरा कुल, वहाँ आया। चारित्रावरण कर्मके अवलेपको नष्ट करनेवाले देवका फिर अभिषेक किया गया। पवित्र शिविकायानमें बैठकर देव निकले और स्वामी सुन्दर नन्दन वनमें पहुँचे। फागुन माहके कृष्णपक्षकी एकादशीके दिन, सूर्यके पश्चिम दिशामें प्रवेश करनेपर श्रवण नक्षत्रमें, जो ऐश्वर्य और धरतीके भावसे मुक्त हैं, ऐसे वह उपशान्तकषाय राजा दो उपवासोंके साथ मुनि हो गये। वह सिद्धार्थ नगरमें आहारके लिये गये।

३. AP पिएइ। ४. P कंटइयउं कुरियउं। ५. A परिणवंतु। ६. AP परमेट्ठिहि। ७. A होही।
८. A णिच्चल तेसु णिरुंभिवि दिट्ठिहि; P णिच्चलत्तेसु णिरुंभिवि दिट्ठिहि।
११. १. A °वरणु। २. AP विमलि। ३. A भूयई।

दुइ वरिसइं विहरेप्पिणु महियलि पुव्विल्लइ वणि तुंबुरुतरुतलि ।
माहहु मासहु णिच्चंदइ दिणि छेइल्लइ सवणइ मयलंछणि ।
अवरण्हइ तिरत्तसंजुत्तहु अचलियपत्तलपविउलणेत्तहु ।

घत्ता—संभूयउं केवलु तहु विमलु णाणु तेण[4] तेलोक्कु वि दिट्ठु ॥
पत्तउ सामरु अमरवइ जिणु थुणंतु महु भावइ[5] धिट्ठु ॥११॥

१२

तुहुं जि देउ तुह णवइ पुरंदरु तुहुं थिरु तुह पीढुल्लउ मंदरु[1] ।
तुहुं तवुंग्गु[2] तुह बीहइ दिणयरु कंतिवंतु तुहुं तुह ससि किंकरु ।
तुहुं गहीरु वरुणेणाणंदिउ तुहुं अगिहणिहि धणएं वंदिउ ।
तुहुं रयतरुसिहि सिहिणा सेविउ तुहुं जि मंति[3] मंतीसहिं भाविउ ।
तुह पायग्गहिं वाउ विलग्गउ तो वि ण[4] तुहुं पहु वाएं भग्गउ ।
तुहुं जमपासवसेण ण बद्धउ जमु तुह सेवाविहिपडिबद्धउ ।
तुहुं जि कालु कालहु कालुत्तरु तुहुं विवाइ वाइहिं दिण्णुत्तरु ।
सव्वु वि जाणसि पेच्छसि जेण जि तुहुं जि सव्वु सव्वाहिउ तेण जि ।

घत्ता—अट्ठपाडिहेरयसहिउ अट्ठमहाधयपंतिसमेउ ॥
समवसरणि थिउ परमजिणु कहइ समत्थ[5]पयत्थहं भेउ ॥१२॥

नन्द राजाने उन्हें आते हुए देखा, उसने उन्हें विशुद्ध आहार दिया, दो वर्ष तक धरतीपर विहार कर पूर्वोक्त वनमें तुम्बरु वृक्षके नीचे माघ कृष्ण अमावास्याके दिन, अपराह्णमें श्रवण नक्षत्रमें तीन रातके उपवाससे युक्त एवं अविचलित पलक विशाल नेत्रवाले ।

घत्ता—उन्हें विमल केवलज्ञान उत्पन्न हो गया । उससे उन्होंने तीनों लोकोंको देख लिया। इन्द्र देवों सहित आया । जिनकी स्तुति करता हुआ वह ढीठ मुझे (कवि को) अच्छा लगता है ॥११॥

१२

देव तुम्हीं हो, तुम्हें इन्द्र नमस्कार करता है, तुम स्थिर हो, तुम्हारा पीठ मन्दराचल है। तुम तपसे उग्र हो, तुमसे दिनकर डरता है, तुम कान्तिवान् हो, चन्द्रमा तुम्हारा किंकर है । वरुणके द्वारा आनन्दित तुम वरुण हो, तुम पापरूपी वृक्षोंके लिए अग्नि और अग्निके द्वारा सेवित हो, तुम्हीं बृहस्पति हो, और वृहस्पतियोंके द्वारा भावित हो, वायु तुम्हारे पैरोंसे लगी हुई है, हे देव तब भी तुम वाए (वायु और वाद) से भग्न नहीं होते; तुम यमरूपी पाशसे आबद्ध नहीं हो, यम तुम्हारी सेवाविधिके लिए प्रतिबद्ध है, तुम्हीं कालके लिए काल हो और कालसे श्रेष्ठ हो, वादियोंके लिए उत्तर देनेवाले तुम विवादी हो, जिस कारणसे तुम सबको जानते और देखते हो, इसी कारण तुम सब, और सबसे अधिक हो ।

घत्ता—आठ प्रातिहार्योंसे युक्त आठ महाध्वजपंक्तियोंसे सहित, समवसरणमें स्थित परम जिन समस्त पदार्थोंके भेदोंका कथन करते हैं ॥१२॥

---

४. A omits तेण । ५. A धिट्ठ ।

१२. १. P मंदिरु । २. A तवग्गु; P तवंगु । ३. AP मंतु । ४. AP पहु तुहुं । ५. A समत्थु ।

१३

कुंथुपमुह पयणाविथसुरवर तासु सट्ठिसत्तारह गणहर ।
रिसिहिं विणासियघोराणंगहं तेरहसयइं धरियपुव्वंगहं ।
अडदालइं[1] जि सहासइं भिक्खुहुं दुसेइए[2] संजुत्तइं सिक्खुहुं ।
छहसहास अवहीपरियाणहं[3] तेत्तिय भणु मणपज्जवणाणहं ।
ते च्चिय पंचसयाहिय संतहं केवलचक्खुणिहालणवंतहं[4] ।
एयारहसहास वेइकिरियहं[5] पंच वि वाइहिं बहुणयभरियहं ।
पयडियदुम्महवम्महमारिहिं[6] संजमचारिणीहिं[7] वरणारिहिं ।
एक्कु लक्खु वीसेव सहासइं दो लक्खइं सावयहं पयासइं ।
चउलक्खइं देसव्वअधारिहिं माणवमाणिणीहिं मणहारिहिं ।
अमर असंख तिरिक्ख णिरिक्खिय सहुं संखाइ जिणिंदें अक्खिय ।
एक्कवीस तहिं वरिसहुं लक्खइं बिहिं वरिसहिं विरहियइं ससोक्खइं ।
सुरवइरइयइ जणसुइसूइइ महि विहरिवि अरहंतविहूइइ ।

घत्ता—गिरिसंमेयहु मेहलहि लंबियकरयलु एक्कु जि मासु ।
जिह सो तिह तणु परिहरिवि अवरु वि संठिउ मुणिहिं सहासु ॥१३॥

१४

जीवेप्पिणु कयतिहुयणहरिसहं जिणु चउरासीलक्खइं वरिसहं ।
पहु सावणपुण्णिवहि जणिट्ठहि चंदि परिट्ठिइ गंपि धणिट्ठहि ।

१३

जो सुरवरोंके द्वारा प्रणम्य हैं ऐसे कुंथु प्रमुख, उनके सत्तर गणधर थे, घोर कामदेवका नाश करनेवाले पूर्वांगोंको धारण करनेवाले तेरह सौ मुनि थे, अड़तालीस हजार दो सौ शिक्षक मुनि थे, अवधिज्ञानी छह हजार थे और इतने ही अर्थात् छह हजार मनःपर्ययज्ञानी थे, केवलज्ञानरूपी आँखसे देखनेवाले केवलज्ञानी छह हजार पांच सौ थे। विक्रिया-ऋद्धिको धारण करनेवाले ग्यारह हजार मुनि थे। पांच हजार बहुनयधारक वादी मुनि थे। प्रगट दुर्मद कामदेवका नाश करनेवाली संयमधारण करनेवाली आर्यिकाएँ एक लाख बीस हजार थीं। दो लाख श्रावक थे। देशव्रत धारण करनेवाली मनुष्योंके द्वारा मान्य सुन्दर श्राविकाएँ चार लाख थीं। देव असंख्य थे और तिर्यंच संख्यात थे, ऐसा जिनेन्द्रने कथन किया है। दो वर्ष कम एक लाख इक्कीस वर्ष तक सुखपूर्वक, इन्द्रके द्वारा रचित जनके शुभ की सूचक अरहन्त की विभूतिके साथ धरतीपर विचरण कर।

घत्ता—सम्मेदशिखरके कटिबन्धपर हाथ लम्बे कर एक माहके लिए जिस प्रकार वह, उसी प्रकार दूसरे एक हजार मुनि अपने शरीरका परित्याग कर प्रतिमायोगमें स्थित हो गये ॥१३॥

१४

त्रिभुवनको हर्ष उत्पन्न करनेवाले चौरासी लाख वर्ष तक जीवित रहकर, श्रेयांस जिन, श्रावण शुक्ला की लोगोंको आनन्द देनेवाली पूर्णिमाके दिन चन्द्रके धनिष्ठा नक्षत्रमें स्थित होनेपर,

१३. १. A अडदालसहासइं भिक्खुयाहं। २. A दुइसइसंजुत्तइं। ३. AP °परिमाणहं। ४. A केवलिचक्खु। ५. A वेकिरियहं; P विकिरियहं। ६. A °धम्महं वम्महं°। ७. AP संजमधारिणीहिं। ८. A समक्खइं।

णिव्वुउ[1] कम्मपडलपरिमुक्कउ अट्ठमु धरणिवीढु खणि ढुक्कउ ।
देहपुज्ज किय[2] दससयणेत्तें करपंजलिघल्लियसयवत्तें ।
कलु विरसंतिहिं भंभाभेरिहिं णच्चंतिहिं गोरिहिं गंधारिहि ।
उव्वसि[3]रंभतिलोत्तिमणारिहिं सुरकामिणिहिं विइण्णवियारहिं ।
तुंबुरुणारयझुणिझंकारहिं तहिं[4] पणवंतहिं जलणकुमारहिं ।
णाणा[5]विहपुप्फाइं व घित्तइं सीयलचंदणजलेण व सित्तइं ।
दिण्णइं दीवधूव अपमाणइं णीलीकयअमरंगणजाणहिं ।
दीवु[7] धूमु जो गयणि व लग्गउ णाइं हुयासकलंकु विणिग्गउ ।
जिण[8]तणुसेवइ पंकु पणासइ सच्चउं भासइ माय सरासइ ।
णविवि णिसिद्धि[9] भत्तिअणुराएं जंतें जंपिउ सुरसंघाएं ।

घत्ता—भरहि पणट्ठउ उद्धरिउ विणिवारेप्पिणु कुसमयकम्मु ॥
सेयंसें बहुसेययरु कुंदपुप्फदंतें जिणधम्मु ॥१४॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सेयंसणिव्वाणगमणं णाम एक्कूणपण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥४९॥

॥ [10] सेयंसजिणचरियं समत्तं ॥

कर्मपटलसे परिमुक्त वह निवृत्त हो गये। एक क्षणमें आठवीं भूमि पर जा पहुँचे। अपने हाथोंसे जिसने शतपत्र फेंके हैं, ऐसे इन्द्रने उनकी देह पूजा की। सरस बजते हुए, भंभा भेरी आदि वाद्यों के साथ, नाचती हुई गोरी गांधारी उर्वशी रंभा तिलोत्तमा आदि स्त्रियोंको विकार-उत्पन्न करनेवाली कामिनियों, तुम्बर और नारद की ध्वनियोंकी झंकारोंके साथ, वहाँ प्रणाम करते हुए अग्निकुमार देवोंके द्वारा पुष्पांजलियाँ डाली गयीं और शीतल चन्दनसे सिक्त, आकाशके प्रांगणमें स्थित यानोंको नीला बनानेवाली दीप-धूप दी गयी। दीपका धुँआ आकाशमें इस प्रकार लग गया, जैसा आगका कलंक निकल गया हो। माता सरस्वती ठीक ही कहती हैं कि जिनवरके शरीरकी सेवा करनेसे पंक नष्ट हो जाता है, भक्तिके अनुरागसे मनुष्यकी सिद्धिको प्रणाम कर, जाते हुए सुर-समूहने उक्त बात कही।

घत्ता—खोटे सिद्धान्त और आचरणका निवारण कर, भरतक्षेत्रमें नष्टप्राय बहुश्रेयस्कर जिनधर्मका कुन्द पुष्पके समान दाँतोंवाले श्रेयांस जिनने उद्धार किया ॥१४॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का श्रेयांस निर्वाण-गमन नामक उनचासवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४९॥

---

१४. १. A णिव्वुइ° । २. P किय । ३. A उब्भसरंभ° । ४. AP सिहि संधुक्किय । ५. AP omit this line and the following । ६. AP add after this : घित्तइं चंदणवंदणकट्ठइं; जलियइं णाहहु अंगइं दिट्ठइं । ७. AP णीलु धूमु गयणंगणि लग्गउ । ८. A P जिणु° तणु। ९. A णिसिहि । १०. AP omit this line ।

संधि ५०

तहिं सेयंसहु तित्थि [1]दढभुयबलदप्पिट्ठहं ॥
णिसुणहि सेणियराय रणु हयकंठतिविट्ठहं ॥ ध्रुवकं ॥

१

इह जंबूदीवि वरभरहखेत्ति [2]चवलोलिचंदणामोयवंति ।
मयमत्तमहिसजुज्झ[3]वियमद्दि गज्जंतगामगोवालसद्दि ।
गोउलपयधाराधायपहिइ [4]मंथाणयमंथियथद्धदहिइ ।
पिच्चंतधण्णसंछण्णसीमि णिरु [5]णियडणियडसंकिण्णगामि ।

सन्धि ५०

"हे श्रेणिकराज, तुम श्री श्रेयांसके तीर्थंकालमें अपने दृढ़ बाहुबलसे गर्वीले अश्वग्रीव और त्रिपृष्ठका युद्ध सुनो।"

१

जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमें मगध देश है जो चंचल भ्रमरोंके समान चन्दनवृक्षोंके आमोदसे युक्त है, जो मदमत्त भैंसोंके युद्धसे विमर्दित है, जो गरजते हुए ग्रामगोपालोंके शब्दोंसे युक्त है, जहाँ गोकुलोंकी दुग्धधारासे पथिकजन सन्तुष्ट हैं, जिसमें मथानीसे गाढ़ा दही मथा जा रहा है; जिसकी सीमाएँ पके हुए धान्योंसे आच्छादित हैं, जहाँ गाँव पास-पास बसे हुए हैं, जिसमें जो रखानेवाली

Mss. A and P have the following stanza at the beginning of this Saṃdhi :—

भास्वानेककलावतोऽस्य च भवेद्यन्नाम तन्मङ्गलं
सर्वस्यापि गुरुर्बुधः कविरयं चक्रे अयं च क्रमः ।
राहुः केतुरयं द्विषामिति दधत्साम्यं ग्रहाणां प्रभुः
संप्रत्योदयमातनोति भरतः सर्वस्य तेजोधिकः ॥ १ ॥

K does not give it anywhere In addition, P has also सया सन्तो वेसो भूसणं सुद्धसीलं etc. which in A is found at the beginning of IL for which see page 130. In addition, P has जगं रम्मं हम्मं दीवओ चन्दबिम्बं for which see page 165 of Vol. I. In addition, P has the following stanza :—

दीनानाथधनं सदाबहुजनं प्रोत्फुल्लवल्लीवनं
मान्याखेटपुरं पुरंदरपुरीलीलाहरं सुन्दरम् ।
धारानाथनरेन्द्रकोपशिखिना दग्धं विदग्धप्रियं
क्वेदानीं वसतिं करिष्यति पुनः श्रीपुष्पदन्तः कविः ॥ १ ॥

A gives this stanza at the beginning of LII. K does not give it anywhere ।

१. १. AP दिढभुय° । २. AP चललवलि° । ३. AP °जुज्झणविमद्दि । ४. AP मंथाणामंथिइ थड्ढदहिइ । ५. A णियलणियल° ।

जवबालिणिरवमोहियकुरंगि णवगंधसालिणिवडियविहंगि ।
सरिसरवरजलकल्लोलमालि सयदलणिलीणभसलउलणीलि[६] ।
वसुमइमहिलासोहाणिवेसि कयदुग्गहणिग्गहि मगहदेसि ।
रायगिहणयरि पहु विस्सभूइ तहु लहुयउ भाइ विसाहभूइ ।
पढमहु जइणी मृगणयण[७] भज्जं[८] बीयहु लक्खण णामें मणोज्जें[९] ।
पइरमियइ जइणिइ विस्सणंदि जणियउ लक्खणइ विसाहणंदि ।
सुय जाया बेण्णि वि णवजुवाण अच्छंति जाम सुहुं भुंजमाण ।
ता राएं ससियरधवलदेहु[१०] गयणयलि पलोइउ[११] सरयमेहु ।
घत्ता—णं खलमित्तसणेहु[१२] सो सहसत्ति विलीणउ ॥
डहु संसारु भणंतु चित्ति[१३] चवक्किउ राणउ ॥१॥

२

जंपइ पहु जिणगुण संभरंतु सत्तंगरज्जसिरि परिहरंतु ।
जिह[१] णट्ठउ पवणें[२] एहु मेहु णासेसइ तिह कालेण देहु ।
होसंति सिढिलॅ[३] संधिप्पएस होसंति हंसहिमवण्ण केस ।
होसंति णयण सुहिरूवभंत होसंति हत्थ णित्थामवंत ।
होसंति सुणिऽववसाय पाय मुहकुहरहु णिग्गेसइ[४] ण वाय ।

(कृषक बालिका) के शब्दसे हरिण मुग्ध हैं, जिसमें नवगन्धसे युक्त धान्योंपर पक्षी गिर रहे हैं, जो नदियों और सरोवरोंकी लहरोंसे युक्त है, जो कमलोंमें व्याप्त भ्रमरकुलसे श्याम है, जो वसुमतीरूपी महिलाकी शोभाका घर है, तथा जो दुष्टोंका निग्रह करनेवाला है, ऐसे मगध देशको राजगृह नगरीमें राजा विश्वभूति और उसका छोटा भाई विशाखभूति हैं। पहले की कमलनयनी जैनो पत्नी थी। दूसरे की लक्ष्मणा नामकी सुन्दर स्त्री थी। पतिके द्वारा रमण की गयी पहली जैनो पत्नीने विश्वनन्दीको जन्म दिया, जब कि दूसरी लक्ष्मणाने विशाखनन्दीको। दोनोंके पुत्र नवयुवक हो गये। वे सुखपूर्वक भोग करते हुए रह रहे थे कि राजाने आकाशतलमें चन्द्रमाके समान सफेद शरीर शरद् मेघ देखा।

घत्ता—वह शीघ्र ही इस प्रकार विलीन हो गया, मानो खलजनका स्नेह हो, इस संसारको आग लगे—यह कहता हुआ राजा अपने मनमें चौंक गया ॥१॥

२

जिन भगवान्‌के गुणोंका स्मरण करता हुआ और सप्तांग राज्यश्रीका परिहार करता हुआ वह कहता है कि "जिस प्रकार पवनसे यह मेघ नष्ट हो गया, उसी प्रकार समयके साथ यह शरीर नाशको प्राप्त होगा। जोड़ोंके प्रदेश ढीले हो जायेंगे और बाल हंस तथा हिमकी तरह सफेद हो जायेंगे। नेत्र सुहृदोंके रूपको देखनेमें भ्रान्ति करेंगे। हाथ शक्तिसे रहित हो जायेंगे। पैर व्यवसायसे रहित होंगे। मुखरूपी कुहरसे वाणी नहीं निकलेगी। हे भाई, तुम राज करो, मैंने (यह) तुम्हें

६. A भसलोलिणीलि। ७. AP मिगणयण। ८. P भज्जा। ९. P मणोज्जा। १०. A संवियधवलदेहु। ११. A पलोयउ। १२. P °सिणेहु। १३. A चित्त चमक्किउ।

२. १. AP जिम। २. P पमणें। ३. A सिथिलि। ४. A णिगेसइ।

तुहुं करहि रज्जु मइं दिण्णु भाय रक्खेज्जसु णियकुलकित्तिछाय।
ता थिउ संताणि विसाहभूइ णिग्गेवि[५] गउ काणणु विस्सभूइ।
महि विहवसारु जरतणु गणेवि जोईसरु सिरिहरु गुरु थुणेवि।
सहुं भव्वणरिंदहं तिहिं सएहिं थिउ[६] अप्पउ महिवि महव्वएहिं।
एत्तहि[७] विसाहभूई सुराउ सो विस्सणंदि जुवराउ जाउ।

घत्ता—णंदणवणि कीलंतु हणइ[८] मुणालें घरिणिउ॥
पसरियदीहकरग्गु मत्तउ णं[९] करि करिणिउ॥२॥

३

काहि[१] वि मयरंदें करइ तिलउ काहि वि वेल्लीहरि देइ णिलउ।
क वि सिंचिये[२] जलगंडूसएण क वि जोयइ[३] णवजोव्वणमएण।
काहि वि कामु व कुसुमोहु घिवइ क वि पणयकुविय अणुणंतु णवइ।
काहि वि करलीलाकमलु[४] हरइ क वि लेवि[५] सरोवरणीरि तरइ।
छाइयससिसूरमऊहमालि काहि वि लिहक्कइ णीलइ तमालि।
दीसइ काइ वि कररुह फुरंतु काइ वि करि धरियउ दर हसंतु।
पारोहइ क वि दोलायमाण अवलोइय वडजक्खिणिसमाण।
क वि बंधिवि मोत्तियदामएण हय कुवलएण कयकामएण।
साहाररसिल्लउं कणयवत्तु काहि वि तरुपल्लवु दिण्णु रत्तु।

दिया, तुम अपने कुलकी कीर्तिछाया रखना।" विशाखभूति उसको राज्य परम्परामें बैठ गया। विश्वभूति घरसे निकलकर वनमें चला गया। धरती और वैभव श्रेष्ठको जीर्ण तृणकी तरह समझ कर वह योगीश्वर श्रीधर गुरुकी स्तुति कर सैकड़ों भव्य राजाओंके साथ अपनेको महाव्रतोंसे विभूषित कर स्थित हो गया। इधर विशाखभूति सुन्दर राजा हो गया तथा विश्वनन्दी युवराज हो गया।"

घत्ता—नन्दनवनमें क्रीड़ा करते हुए कभी वह पत्नीको मृणालसे मारता है, मानो मदमत्त गज अपनी फैली हुई सूँड़से हथिनीको मार रहा हो॥२॥

३

कभी मकरन्दसे तिलक करता, कभी लतागृहमें उसे बैठाता, कभी जलके कुल्लेसे उसे सींचता, कभी नवयौवनके मदसे उसे देखता, कभी कामके समान कुसुमके फूलोंको उसपर डालता, कभी प्रणयसे कुपित उसे मनाता हुआ नमस्कार करता। कभी लीला कमलका हरण करता, और कभी उसे लेकर सरोवरके तीरको पार करता। कभी, जिसने सूर्य और चन्द्रमाकी किरणोंको आच्छादित कर लिया है ऐसे नीले तमाल वनमें छिप जाता है, कभी उसकी चमकती हुई अँगुलियाँ दिखाई देती हैं, कभी हाथसे पकड़कर कुछ मुसकराता है, कभी वह वटके प्रारोहों पर झूलती है, और वटवृक्षकी यक्षिणीके समान दिखाई देती है, कभी काम कर लेनेके बाद, मोतीकी मालासे बाँधकर कुवलयसे आहत करता है। कभी सहकारके रससे आर्द्र कमलपत्र और कभी लाल वृक्षपत्र देता है।

---

५. A णिग्गवि। ६. A ठिउ। ७. A रज्जेहि विसाहभूई सराउ; P एत्तहि विसाहभूई सुराउ।
८. P हणइ। ९. AP करि णं।
३. १. A काहि मि। २. AP सिंचइ। ३. AP जोइय। ४. A करि लीला°। ५. AP लेइ।

घत्ता—णं वणि णलिणि[6] दुरेहु अच्छइ णिच्चँ[7] पइट्ठउ ॥
इय सो तेत्थु रवंतु लक्खणजाएं दिट्ठउ ॥३॥

४

तओ तं णियच्छेवि राएंगएणं वणुस्साहिलासं गहीरं गएणं ।
घरं गंपि सो गोमिणीमाणणेणं[1] पिऊ पत्थिओ पुण्णचंदाणणेणं ।
सया चायसंतोसियाणेयवंदी जहिं कीलए णिच्चसो विस्सणंदी ।
वणं[2] देहि तं मज्झ रायाहिराया महामंतिसेणावईवंदपाया ।
ण देमि त्ति मा जंप णिब्भिण्णकण्णं अहं देव गच्छामि देसंतमण्णं ।
णरिंदेण उत्तं वणं[3] देमि णूणं तुमं जाहि मा पुत्त उव्विग्गठाणं ।
दुमंते रमंतो मयच्छीण मारो पुणो तेण कोक्काविओ सो कुमारो ।
खणेणेय पत्तो समित्तो णवंतो पिउव्वेण संबोहिओ णायवंतो ।
महं भाउणा णेहवासेण दिण्णं तुमं पत्थिवो तुज्झ रज्जं रवण्णं ।
कुलीणा तुमं चेय मण्णंति सामिं तुमं थाहि सीहासणे[4] भुंज भूमिं ।
अहं जामि पच्चंतवासाइं घेत्तुं बलुद्दामथामें रिऊ[5] पुत्त हंतुं ।
तओ जंपियं तेण तं मज्झ पुज्जो तुमं देव तायाउ आराहणिज्जो ।
थिराणं कराणं पयासेमि सत्तिं अहं जामि गेण्हामि कूरारिवित्तिं ।

घत्ता—मानो वनमें कमलिनी और भ्रमर नित्य रूपसे प्रवेश करके स्थित हों । इस प्रकार रमण करते हुए उन्हें लक्ष्मणाके पुत्र विशाखनन्दीने देखा ॥३॥

४

उस समय उस राजपुत्रको देखकर उसके मनमें वनकी गम्भीर अभिलाषा उत्पन्न हो गयी । घर जाकर लक्ष्मीके द्वारा मान्य और पूर्ण चन्द्रमाके समान मुखवाले कुमारने अपने पितासे प्रार्थना की, "जिसने अपने त्यागसे अनेक चारणोंको सन्तुष्ट किया है, ऐसा विश्वनन्दो जहाँ नित्य क्रीड़ा करता है, महामन्त्री और सेनापतिके द्वारा वन्दनीय चरण हे राजाधिराज, वह उपवन मुझे दीजिए, 'मैं नहीं देता हूँ', कानोंको भेदन करनेवाला ऐसा मत कहो (नहीं तो) हे देव मैं देशान्तर चला जाऊँगा ।" राजाने कहा, "मैं निश्चित रूपसे वन दूँगा । हे पुत्र, तुम खेद जनक स्थानको मत जाओ ।" फिर उसने, मृगनयनियोंके लिए कामदेवके समान, क्रीड़ा करते हुए कुमारको खोटे विचार से बुलाया । एक क्षणमें अपने मित्रके साथ उपस्थित प्रणाम करते हुए न्यायवान उस पुत्रसे चाचाने कहा, "भाईके द्वारा स्नेहके कारण दिया गया यह सुन्दर राज्य तुम्हारा है । तुम राजा हो । कुलीन लोग तुम्हींको राजा मानते हैं । तुम सिंहासनपर बैठो और धरतीका भोग करो । मैं सीमान्तके निवासियोंको पकड़नेके लिए और सेनाकी उद्दाम शक्तिसे, हे पुत्र, शत्रुका नाश करनेके लिए जाता हूँ ।" तब उस कुमारने उससे कहा, "तुम मेरे पूज्य हो । हे देव, तुम तातके द्वारा आराधनीय थे । मैं अपने स्थिर हाथोंकी शक्ति प्रकाशित करूँगा, मैं जाता हूँ और क्रूर राजाओंकी वृत्ति ग्रहण करता हूँ ।"

६. A णलिणदुरेहु । ७. P णिच्चु ।

४. १. A माणिणीमाणणेणं । २. A वणे देहि । ३. A वरं देवि णूणं । ४. AP सिंहासणे । ५. A रिउं पुत्त ।

घत्ता—एंव भणेवि कुमारु अप्पउं विणएं भूसिवि ॥
गउ पच्चंतनृवांहं उवरि जांव आरूसिवि ॥४॥

५

ता पहुणा पणयविमद्दणासु दिण्णउं णंदणवणु णंदणासु ।
पइसरहुं ण देंतु कयंतलीलु तें मारिउ सुहिउज्जाणवालु ।
संगाममहोवहिभीममयरु आयण्णिवि पडियाइयउ इयरु ।
दट्ठाहरदुधु रत्ततणेत्तु भासइ आरूसिवि जइणिपुत्तु ।
अईसंधिवि महुं वणु लइउं जेंव थिरु एंवहिं भायर थाहि तेंव ।
वीसासिवि किं हम्मइ पसुत्तु किं पित्तिएण ववसिउं अजुत्तु ।
लक्खणहि सूणु भयभावणडिउ तं पेच्छिवि दुट्ठु कविट्ठि चडिउ ।
महिवलयविसट्टणतडयडंतु भज्जंतहिं मूलहिं कडयडंतु ।
विवरंतसप्पचोंभलललंतु उड्डंतहिं पक्खिहिं चलवलंतु ।
उत्तुंगु अहंगु सुदुण्णिरिक्खु उम्मूलिउ रिउणा समउं रुक्खु ।
अच्छोडइ किर महिवीढि जांव णासंतु दिट्ठु पडिवक्खु तांव ।
भडु पवणगमणु मग्गाणुलग्गु धरणासइ चलपसरियकरग्गु ।

घत्ता—पुणरवि दुग्गु भणेवि आसंधिवि थिउ वइरिउ ॥
तेण मुट्ठिघाएण खंभु सिलामउ चूरिउ ॥५॥

घत्ता—कुमार इस प्रकार कहकर और अपनेको विनयसे भूषित कर, जबतक सीमान्त राजाओंपर क्रुद्ध होकर गया ॥४॥

५

तबतक राजाने प्रणयका नाश करनेवाले अपने पुत्रको नन्दनवन दे दिया। नन्दनवनमें प्रवेश नहीं देनेवाले तथा यमके समान लीलावाले सुधी उद्यानपालको उसने मार डाला। (इतनेमें) संग्रामरूपी समुद्रका भयंकर मगर दूसरा (विश्वनन्दी) यह सुनकर वापस आ गया। अपने आधे ओठ चबाता हुआ लाल-लाल आंखोंवाले जैनी पुत्र (विश्वनन्दी) क्रोधमें आकर कहता है कि जिस प्रकार कपट करके तुमने मेरा वन ले लिया है, हे भाई, वैसे ही तुम इस समय स्थिर हो जाओ। विश्वास देकर क्या सोते हुए आदमीको मारना चाहिए, चाचाने यह अनुचित काम कैसे किया? लक्ष्मणाके पुत्रको भयके भावसे कम्पित देखकर वह दुष्ट कपित्थ वृक्षपर चढ़ गया। धरतीवलयके ध्वस्त होनेसे तड़तड़ करता हुआ, टूटती हुई शाखाओंसे कड़कड़ करता हुआ, बिलोंके भीतरके सांपोंकी चोभल (?) (केंचुल) से विलसित, उड़ते हुए पक्षियोंसे चंचल, ऊँचा अखण्ड और अत्यन्त दुर्दर्शनीय वृक्षको उसने शत्रु सहित उखाड़ दिया। जबतक वह उसे धरतीपर पछाड़ता है तबतक उसे शत्रु भागता हुआ दिखाई दिया। वह वीर भी पवनगतिसे उसको पकड़नेकी आशासे हाथमें फैली हुई चंचल तलवार लिये हुए मार्गमें उसका पीछा किया।

घत्ता—फिर भी दुर्ग समझकर, शत्रु उसका (शिलाका) सहारा लेकर बैठ गया। उसने मुट्ठीके आघातसे उस शिलातलको चूर-चूर कर दिया ॥५॥

६. AP °णिवाहं ।

५. १. AP देंति । २. A ता मारिउ । ३. AP दट्ठाहरोट्ठु । ४. A अहिसंधिवि । ५. A तडयलंतु । ६. A °चोभल° । ७. A उत्तंग ।

६

पुणु दलिइ खंभि परिगलियमाणु वणु[1] मेल्लिवि हरिणु व धावमाणु ।
णीसासंवेय[2]वड्ढियकिलेसु णीसत्थहत्थ[3] णिम्मुक्ककेसु ।
अवलोइवि भाइ पलायमाणु करुणारसि थक्कउ[4] सुहडभाणु ।
पभणइ मा णासहि आउ आउ तहिं अवसरि पत्तउ तहिं जि राउ ।
जुवरायहु कहइ विसाहभूइ लइ लइ सुंदर तेरी विहूइ ।
इहु जाउ जाउ किं आयएण किं कुच्छियपुत्तें जायएण ।
सिलफोडणभुयमाहप्पदप्प अइसंधिओ सि महुं खमहि बप्प ।
जइणिंददिक्ख महुं सरणु अज्जु परिपालहि तुहुं अप्पणउ रज्जु ।

घत्ता—बंधववइरकरीहि[5] णिव्विण्णउ णिवरिद्धिहि[6] ॥
पुत्त पडिच्छहि पट्टु हउं[7] लग्गमि तवसिद्धिहि ॥६॥

७

खग्गें मेहें किं णिज्जलेण तरुणा सरेण किं णिप्फलेण ।
मेहें[1] कामें किं णिद्दवेण मुणिणा कुलेण किं णित्तवेण ।
कव्वें णडेण किं णीरसेण रज्जें भोज्जें किं परवसेण ।
दव्वें भव्वें किं णिव्वएण धम्में राएं किं णिद्दएण ।
तोणें कणिसें किं[2] णिक्कणेण चावें पुरिसें किं णिग्गुणेण ।

६

खम्भेके टूटनेपर, वन छोड़कर गलितमान हरिणके समान दौड़ते हुए, निःश्वासके वेगसे जिसका क्लेश बढ़ रहा है, ऐसे शस्त्ररहित हाथवाले और मुक्तकेश भागते हुए भाई को देखकर वह सुभटसूर्य करुणा रसमें डूब गया। वह कहता है—हे भाई, मत भागो, आओ-आओ। उसी अवसरपर वहाँ राजा आया। विशाखभूति युवराजसे कहता है—"हे सुन्दर, तुम अपना ऐश्वर्य ले लो, यह पुत्र पुत्र क्यों हुआ ? इस कुत्सित पुत्रके होनेसे क्या। शिला फोड़नेवाली भुजाओंके दर्पवाले हे सुभट, क्षमा करो, तुम्हारे साथ कपट किया। आज मुझे जैन दीक्षा शरण है। तुम अपने राज्यका पालन करो।"

घत्ता—इस प्रकार भाइयोंमें शत्रुता उत्पन्न करानेवाली राजाकी ऋद्धिसे वह विरक्त हो गया। हे पुत्र, मैं तपसिद्धिके मार्गमें लगूँगा ॥६॥

७

बिना पानीके मेघ और खड्गसे क्या ? निष्फल (फल और फलक) से रहित वृक्ष और फलसे क्या ? द्रवण (क्षरण) रहित मेघ और कामसे क्या ? तपसे रहित मुनि अथवा कुलसे क्या ? नीरस काव्य अथवा नटसे क्या ? परवश राज्य अथवा भोजनसे क्या ? निर्व्रय (व्यय और व्रतसे रहित) द्रव्य अथवा भव्यसे क्या ? णिक्कण (अन्न और बाणसे रहित) बल और तरकस-

६. १. A वणु । २. AP णीसासु । ३. AP °हत्थु । ४. A रसथक्कउ । ५. वइरकरीहे णिविण्णउ । ६. AP णिवरिद्धिहि । ७. K हहउं ।

७. १. A पेम्में; P पेमें । २. P omits किं ।

हउं णिग्गुणु अवरु वि मज्झु तणउ कवडेण जेहिं[3] तुह भग्गु पणउ।
वियसियपंकयसंणिहँ[4]मुहेण पडिजंपिउं जइणीतणुरुहेण।
हो जोव्वणेण हो उववणेण हो परियणेण हो हो धणेण।
हो पट्टणेण सुहवट्टणेण हो सीमंतिणिथँ[5]णघट्टणेण।
सँ[6]हुं सयणहिं जहिं संभवइ वइरु पित्तिय तहिं ण वसमि हउं वि सुइरु।
महु जणणें दिण्णी तुज्झु पुहइ जो रुच्चइ सो तुहुं करहि नृवँ[7]इ।
मइं पुणु जाएवउं कहिं वि तेत्थु णिवसंति दियंबर विंझि जेत्थु।

घत्ता—तं णिसुणिवि राएण जइ वि चित्ति अवहेरिउ॥
तो वि परायइ कज्जि पुत्तु रज्जि वइसारिउ॥७॥

८

वँ[1]इसणइ वइट्ठु विसाहणंदि सविसाहभूइ गउ विस्सणंदि।
संभूइ सूरि पणँ[2]विवि पवित्तु दोहिं वि पडिवण्णउं रिसिचरित्तु।
चिरु कालु चरेप्पिणु चारु चरणु किउ पित्तिएण संणाससमरणु।
उप्पण्णु महासुक्काहिहाणि मणिमयविमाणि धयधुव्वमाणि।
सहभूयभूरिभूसाविहाणि सोलहसमुद्दजीवियपमाणि।
परमंडलवइवाहिणिहि छइउ एत्तहि वि रायगिहणयरु लइउ।

से क्या? निर्गुण (गुण और डोरीसे रहित) चाप (धनुष) और पुरुषसे क्या? एक तो मैं निर्गुण हूँ, दूसरे कपटके कारण मेरा स्नेह तुमसे भंग हो गया है। तब कमलके समान, जिसका मुखकमल खिला हुआ है, ऐसे उस जैनीपुत्रने प्रत्युत्तर दिया, "यौवन रहे, उपवन रहे, परिजन रहे, धन रहे, नगर रहे, सुखवर्तन रहे, सीमन्तिनियोंके स्तनोंका संघर्ष रहे कि जिससे स्वजनोंके साथ वैर उत्पन्न होता है, हे चाचा, मैं वहाँ अधिक समय नहीं रहूँगा। मेरे पिताने तुम्हें धरती प्रदान की है, तुम्हें जो अच्छा लगे तुम उसे करो, मैं तो अब वहीं जाऊँगा कि जहाँ विन्ध्याचलमें दिगम्बर मुनि निवास करते हैं।

घत्ता—यह सुनकर राजाने यद्यपि अपने मनमें इसकी उपेक्षा की तो भी कार्य आ पड़नेपर उसने पुत्रको राज्यमें बैठा दिया॥७॥

८

विशाखनन्दी राज्यमें बैठा। विश्वनन्दी विशाखभूति सहित चला गया। सम्भूति मुनिको प्रणाम कर दोनोंने मुनिचरित ग्रहण कर लिया। बहुत समय तक सुन्दर चरित्रका पालन कर चाचाने संन्यासमरण किया। वह ध्वजोंसे कम्पित महाशुक्र नामक मणिमय विमानमें उत्पन्न हुआ। अनेक भूषा-विधान उसे साथ-साथ उत्पन्न हुए। उसकी आयुका प्रमाण सोलह सागर पर्यन्त था। शत्रुमण्डलके राजाकी सेनाके द्वारा आच्छादित राजगृह नगर भी यहाँ ले लिया गया।

३. A कवडेण जेण। ४. A °संमुहमुहेण। ५. P थणयडढ्णेण। ६. A महु सयणहिं जं संभवइ वइरु। ७. AP णिवइ।

८. १. A वइसणे; P वइसेणइ। २. A पणवेवि चित्तु।

लक्खणणंदणु[3] हयसिरिविलासु थिउ महुरहि जाइवि कयणिवासु ।
अणवरयबुद्धिसंधियमणेण जीवइ कासु वि मंतित्तणेण ।
घत्ता—एत्थु ण किज्जइ दप्पु लच्छि ण कासु वि सासय[4] ॥
जे गय गयखंधेहिं ते पुणु[5] पायहिं गय[6] ॥८॥

९

मुणि विस्सणंदि ता तहिं जि कालि मज्झण्हवेलि खरकिरणजालि ।
कयपक्खमासदीहोववासु कंकालसेसु गयरुहिरमासु ।
तं पुरवरु सो चरियहि पइट्ठु अहिणवपसूयगिट्ठिइ णिहट्ठु[1] ।
णिट्ठाणिट्ठिउ जइवरवरिट्ठु णिवडंतु तेण पिसुणेण दिट्ठु ।
वेसासउहयलि परिट्ठिएण बहुजम्मणमरणुक्कंठिएण ।
उवहसिउ साहु पत्थिवचरेण पइं रुक्ख[2] खंभ भग्गा करेण ।
चिरु एवहिं गाइविहट्टियंगु पडिओ सि विहंडियमाणसिंगु ।
णिग्गुण णिग्घिण दुज्जण सगाव खद्धो सि मज्झ पावेण पाव ।
घत्ता—तं णिसुणिवि सवणेण[3] बद्धउं रोसणियाणउं ।
आगामिणि भवि तुज्झु हसियहु करमि समाणउं ॥९॥

नष्ट हो चुका है श्रीविलास जिसका ऐसा लक्ष्मणाका पुत्र मथुरामें घर बनाकर रहने लगा। जिसमें अनवरत बुद्धिके सन्धानमें मन रहता है, ऐसा किसीका मन्त्रित्व करते हुए वह जीवित रहता है।

घत्ता—इस संसारमें घमण्ड नहीं करना चाहिए क्योंकि लक्ष्मी किसीके पास शाश्वत नहीं रहती। जो कभी हाथीके कन्धों पर चलते हैं, वे फिर पैरों चलते हैं ॥८॥

९

जिन्होंने एक पखवाड़ेका लम्बा उपवास किया है, जो कंकालशेष हैं, जिनका रुधिर और मांस जा चुका है ऐसे मुनि विश्वनन्दी, उसी समय सूर्यकी प्रखर किरणोंसे युक्त मध्याह्न वेलामें उस नगरमें चर्याके लिए प्रविष्ट हुए। उन्हें नयी प्रसूतवती गायने गिरा दिया। तपस्यासे क्षीण उन मुनिवरको वेश्याके सौधतलपर बैठे हुए उस दुष्टने गिरते हुए देखा। अनेक जन्म और मरणोंके लिए उत्सुक उसने साधुका उपहास किया कि भूतकालमें राजाके रूपमें तुमने हाथसे वृक्ष और खम्भोंको नष्ट किया था। इस समय गायके द्वारा विखण्डित शरीर और खण्डित गर्वशिखर तुम पड़े हुए हो। हे निर्गुण, निर्घिन, दुर्जन, सगर्व पाप, तुम मेरे पापसे नष्ट हुए हो।

घत्ता—यह सुनकर श्रमणने क्रोधसे यह निदान किया कि आगामी भवमें मैं तुम्हारी हँसीका समान फल बताऊँगा ॥९॥

---

३. A °णंदण। ४. P सासया। ५. A P ते पुणुरवि। ६. P गया।
९. १. AP णिहिट्ठु। २. रुंक खंभ। ३. AP समणेण।

१०

कयपच्चक्खाणपयासणेण तांवहिं वि मरिवि संणासणेण ।
जहिं तायभाउ जायउ अदीणु एहु वि दूसहतवचरणखीणु ।
तहिं दहमइ कप्पि मणोहिरामि दहछहजलणिहिबद्धाउधामि ।
उप्पण्णउ सल्लेहियंतरंगु कम्मेण ण किज्जइ कासु भंगु ।
ते बिण्णि वि सुरवर बद्धणेह ते बिण्णि वि लायण्णंबुमेह ।
ते बिण्णि वि णिच्चु जि सह वसंति ते बिण्णि वि तारतुसारकंति ।
ते बिण्णि वि णं तिव्वंसुजोय ते बिण्णि वि कयकीलाविणोय ।
ते बिण्णि वि दिवि अच्छंति जांव एत्तहि वि अवरु संभवइ तांव ।
णिव्वेएं लइउ विसाहणंदि जिणतवतावें तावेवि बोंदि ।
माणिक्कमऊहोहामियक्कि संभूयउ सो वि महंतसुक्कि ।

घत्ता—एयहं दोहं वि ताहं देवहं वियलियहरिसइं ॥
थक्कउ आउपमाणु जइयहुं कइवयवरिसइं ॥१०॥

११

तइयहुं वेयड्ढारूढियाहि विज्जाहरउत्तरसेढियाहि ।
अलयाणयरिहि पहु मोरगीउ थिरथोरबाहु सद्दूलगीउ ।
देव वि रणरंगि तसंति जासु णीलंजणपह महएवि तासु ।
जो चिरु विसाहणंदि त्ति भणिउ सो ताइ पुत्तु हरिगीउ जणिउ ।

१०

प्रत्याख्यानका प्रकाशन करनेवाले संन्याससे मृत्युको प्राप्त होकर, जहाँ उसका अदीन चाचा उत्पन्न हुआ था, असह्य तपश्चरणसे क्षीण वह भी शल्यको अपने मनमें धारण कर सोलह सागर आयु प्रमाणवाले सुन्दर सोलहवें स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। कर्मके द्वारा किसका नाश नहीं किया जाता। वे दोनों ही देव एक दूसरेके प्रति स्नेहसे प्रतिबद्ध थे। वे दोनों ही लावण्यरूपी जलके मेघ थे। वे दोनों ही प्रतिदिन साथ रहते थे। वे दोनों ही स्वच्छ तुषारकी तरह कान्तिवाले थे। वे दोनों ही सूर्य-चन्द्रमाके समान थे। वे दोनों ही क्रीड़ा विनोद करनेवाले थे। वे दोनों जबतक स्वर्गमें थे, यहाँ भी तबतक दूसरी घटना हो गयी। विशाखनन्दीको वैराग्य हो गया। वह भी जिनवरके तपतापसे तपकर माणिक्यकी किरणोंके समूहसे सूर्यको तिरस्कृत करनेवाले महाशुक्र स्वर्गमें देव हुआ।

घत्ता—इतनेमें इन दोनों देवोंका भी विगलित है हर्ष जिनमें ऐसे कई वर्षोंका आयु प्रमाण रह गया ॥१०॥

११

विजयार्ध नामसे प्रसिद्ध विद्याधरोंकी उत्तरश्रेणिकी अलकापुरी नगरीमें स्थिर और स्थूल बाहु तथा सिंहके समान गरदनवाला मयूरग्रीव नामका राजा हुआ। जिससे युद्धमें देव भी त्रस्त रहते हैं, ऐसे उसकी नीलांजन प्रभा नामकी महादेवी थी। जो पहले विशाखनन्दी कहा गया था,

१०. १. AP दहमि कप्पि सुमणो° । २. A सल्लहयंतरंगु । ३. AP एत्तह वि ।
११. १. P वेज्जाहर° ।

जाएण तेण णवजोव्वणेण करलालियसिरिरामाथणेण ।
पडिवक्खलक्खबलदुम्महेण[2] ।
अहिवलयणिलयकंपावणेण चंदक्कबिंबभीसावणेण ।
खयरिंदविंदकंदावणेण भूगोयरपुरसंतावणेण ।
सरणागयजणपविपंजरेण करिणा इव दाणोल्लियकरेण ।
काणीणदीणकुलदिहिकरेण सुहवत्तणजियमणसियसरेण ।
घत्ता—आसग्गीवें तेण रिउ हय हरिणा[3] इव करि ॥
असिधारइ तासिवि गहिय तिखंड वसुंधरि ॥११॥

१२

उग्गयपयावरवियरकरालु वसुमइ भुंजंतु पईहु कालु ।
विद्धंसियवरसुहडावलेवु परिवड्ढिउ[1] सो पडिवासुएवु ।
तित्थयरपवित्तियतित्थणिरहि ता पविउलजंबूदीवभरहि ।
बहुरमणिरमणसंपण्णविसइ परिपालियधम्मि सुरम्मि विसइ ।
पोयणपुरु सुरपुरसोहहारि तहिं वसइ णराहिउ दंडधारि ।
भुवणेक्कसीहु सव्वोवयारि णामेण पयावइ णिज्जियारि ।
तहु पढमदेवि जयवइ पसण्ण णं विवरविणिग्गय णायकण्ण ।
अण्णेक्क चारु विल्थिण्णरमण मृगणयण[2] मृगावइ मंदगमण ।
दोहिं वि दोविय महि तिमिरजूर णिसि सिविणइ दिट्ठा चंदसूर ।

वह उसका अश्वग्रीव नामसे पुत्र उत्पन्न हुआ जिसने अपने हाथसे लक्ष्मीरूपी रामाके स्तनोंका लालन किया है। जो प्रतिपक्ष लक्षसेनाका नाश करनेवाला है, जो पृथ्वीवलयरूपी घरको कँपानेवाला है, जो सूर्य-चन्द्रके बिम्बके समान भीषण है, जो विद्याधर राजाओंको रुलानेवाला है, जो मनुष्योंके नगरोंको सन्त्रास देनेवाला है, शरणागत मनुष्योंके लिए जो वज्रपंजरके समान है, जो हाथीके समान दानसे (मदजल और दान) आर्द्रकर (गोली सूँड़ अथवा हाथ) है, जो कन्यापुत्रों और दीनकुलोंके लिए भाग्यविधाता है, जिसने अपने शुभ आचरणसे कामदेवके तीरोंको जीत लिया है।

घत्ता—ऐसे उस अश्वग्रीवने उसी प्रकार शत्रुको नष्ट कर दिया है जिस प्रकार सिंह हाथीको नष्ट कर देता है। उसने अपनी तलवारकी धारसे सन्त्रस्त कर त्रिखण्ड धरती ले ली ॥११॥

१२

उद्गत प्रताप जो सूर्य किरणोंकी तरह भयंकर है ऐसा वह लम्बे काल तक धरतीका भोग करता हुआ तथा श्रेष्ठ सुभटोंके अहंकारको नष्ट करनेवाला वह प्रतिवासुदेव बन गया। तब तीर्थंकरोंके द्वारा प्रवर्तित तीर्थोंसे जो पवित्र है, ऐसे विशाल जम्बूद्वीपमें भरत क्षेत्र है। वहाँ जिसमें अनेक स्त्री-पुरुष विषयोंसे परिपूर्ण हैं, और जिसने धर्मका परिपालन किया है, ऐसे सुन्दर देशमें सुरपुरकी शोभाको धारण करनेवाला पोदनपुर नगर है। उसमें दण्डको धारण करनेवाला, भुवनका एकमात्र सिंह सबका उपकार करनेवाला और शत्रुविजेता प्रजापति नामका राजा था। उसकी प्रथम पत्नी प्रसन्न जयवती थी, जो मानो विवरसे निकली हुई नागकन्या थी। एक और दूसरी

२. AP add after this : पलयाणलजालादुस्सहेण । ३. A करिणा विय ।
१२. १. AP जा वड्ढिउ । २. AP मिगणयण मिगा° ।

णिवडवि अणुहुंजियसुहसयाउ ते दो वि देव देवासयाउ ।
पित्तियभत्तिज्जय बद्धपणय संजाया सुंदर ताहं तणय ।
जइवइहि जाउ हिमंसिय[3]सरीरु बलएद्दु[4] बालु णं छुद्दहीरु[5] ।
णारित्तणगुणघडियहि सईहि हुउ कण्हु जि कण्हु मृगावईहि[6] ।
जयवंतु एक्कु तहिं विजउ[7] गणिउ[8] बीयउ पुणु विट्ठु तिविट्ठु भणिउ[9] ।

घत्ता—बेण्णि वि सह खेलंति भुयबलदूसियँ[10]दिग्गय ॥
भरहदियंतपयासि पुप्फदंत[11] णं उग्गय ॥१२॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए
महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे बलएववासुदेवउप्पत्ती णाम
पण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५०॥

अत्यन्त सुन्दर मृगनयनी, मन्दगामिनी सुन्दर मृगावती थी। दोनों ही मानो धरतीपर अन्धकारको नष्ट करनेवाली दीपिकाएँ थीं। उन्होंने रात्रिमें स्वप्नमें सूर्यको देखा। जहाँ सैकड़ों सुखोंका भोग किया है ऐसे देवाश्रयसे वे दोनों प्रणयबद्ध देव (चाचा और भतीजे) उनके सुन्दर पुत्र हुए। जयवतीके हिमके समान सफेद शरीरवाला बालक बलभद्र हुआ जो मानो बालचन्द्र था। तथा नारीत्वके गुणसमूहसे घटित सती मृगावतीसे कृष्ण कृष्ण हुए (श्याम वासुदेव हुए)। जयसे युक्त एकको वहाँ विजय कहा गया और दूसरेको विष्णु त्रिपृष्ठ।

घत्ता—अपने बाहुबलसे दिग्गजोंको दूषित करनेवाले वे दोनों साथ-साथ खेलते थे, वे ऐसे लगते थे मानो दिगन्तको प्रकाशित करनेवाला नक्षत्रसमूह उत्पन्न हुआ हो ॥१२॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका बलदेव-वासुदेव उत्पत्ति नाम का पचासवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५०॥

---

३. A हिमसयº। ४. AP बलएउ। ५. A छुद्दहीरु; P छुड्डु हीरु। ६. AP मिगावईहि। ७. P विज्जउ। ८. A भणिउ। ९. A गणिउ। १०. Pº भूसिय। ११. AP पुप्फयंत।

संधि ५१

माणुसइं गिलंतु भुयबलविक्कमसारें ॥
पंचाणणु भीमु मारिउ रायकुमारें ॥ध्रुवकं॥

१

पायणिवायपणो[1]वियमहियल पविमलकमलालंकियउरयल ।
पंकयकुलिसकलसलक्खणधर रायहंससेविय[2] णं सुरसर ।
पोरिसपवररयणरयणायर सम वड्ढिय ते बिण्णि वि भायर ।
जायासीधणुतणु गुणमणिणिहि असिजालाक[3]रालखलकुलसिहि ।
धवल कसण सविणयपीणियजण णावइ सरयसमय सावणघण ।
कायकंतिधवलियकालियणह णं गंगाणइ ज[4]उंणा जलवह ।
तेहिं बिहिहिं[5] सो सहइ महीस[6]रु बिहिं पक्खहिं णं पुण्णिमवासरु ।
जांवच्छइ हरिवीढि णिसण्णउ देसमहंतउ ता अवइण्णउ ।
सो पभणइ चंगउ पालियपय भो णिवमउडकोडिलालियपय ।

सन्धि ५१

बाहुबलके पराक्रममें श्रेष्ठ राजकुमार (छोटे भाई) ने मनुष्योंको खानेवाले (आदमखोर) भयंकर सिंहको मार दिया ।

१

पैरोंके निपातसे जिन्होंने धरतीको हिला दिया है, जिनका उरतल पवित्र कमलोंसे अलंकृत है, जो कमल वज्र और कलशके लक्षणोंको धारण करनेवाले हैं, जो मानो मानसरोवरकी तरह, राजहंसों (श्रेष्ठ राजाओं, श्रेष्ठ हंसोंसे सेवित हैं) जो पौरुष रूपी श्रेष्ठ रत्नोंके समुद्र हैं, ऐसे वे दोनों बड़े भाई साथ-साथ बढ़ने लगे (बड़े होने लगे)। अस्सी धनुष प्रमाण शरीरवाले वे दोनों गुणसमूहके निधि थे। अपनी तलवाररूपी ज्वालासे वे, शत्रुकुलके लिए अग्निके समान थे। अपनी विनयसे लोगोंको प्रसन्न करनेवाले गोरे और श्याम, वे दोनों जैसे क्रमशः शरद् और श्रावण समयके मेघ थे। अपने शरीर की कान्तिसे आकाशको धवल और श्याम बनानेवाले वे मानो गंगा नदी और यमुना नदीके जलपथ थे। उन दोनोंसे वह राजा ऐसा शोभित था मानो दो पक्षों (शुक्ल, कृष्णपक्ष) से युक्त पूर्णिमाका दिन हो। जब वह सिंहासनपर बैठा हुआ था कि एक मन्त्री उसके पास आया। वह बोला—"हे प्रजापालक, सब कुछ ठीक है, राजाओंके करोड़ों मुकुटोंसे लालितचरण हे देव,

---

A has, at the beginning of this Saṃdhi the stanza जगं रम्मं हम्मं etc, for which see foot-note on page 139. P and K do not give this stanza here.

१. १. AP °पणामिय° । २. AP णं सेविय सरवर । ३. A असिधाराकराल° । ४. A जवणा । ५. AP बिहिं मि । ६. A महीहरु ।

सेहीरउ रुंजंतुँ पढुक्कइ माणुसु चित्तालिहिउ ण चुक्कइ ।
कंदमाणु खगभयवेविरमणु देवदेव खद्धउ सयलु वि जणु ।
तं णिसुणिवि पडिलवइ पयावइ भो भो मंति चारु तेरी मइ ।

घत्ता—जो ण करइ राउ पयहि रक्ख सो केहउ ॥
खणि णासिवि जाए संझाराएं जेहउ ॥१॥

२

जो गोवालु गाइं णउ पालइ सो जीवंतु दुद्धु ण णिहालइ ।
इट्ठु महेली जो णउ रक्खइ सुरयसोक्खु सो कहिं किर चक्खइ ।
जो मालारु वेल्लि णउ पोसइ सो सुफुल्लु फलु केंव लहेसइ ।
जो कइ ण करइ मणहारिणि कह सो चिंतंतु करइ अप्पइ वह ।
जो जइ संजमजत्त ण याणइ सो णग्गउ णग्गत्तणु माणइ ।
जो पहु पयहि पीड णउ फेडइ सो अप्पणु अप्पाणउं पीडइ ।
जांवि रसंतु सीहु सइं मारवि देसहु पडिय मारि णीसारवि ।
एंव भणेवि लेवि असि दारुणु जावुट्ठिउ णरिंदु कोवारुणु ।
ता पंजलियरु विजउ पजंपइ पइं कुद्धेण ताय जगु कंपइ ।
दे आएसु देव हउं गच्छमि अज्जु मइंदहु पलउ णियच्छमि ।

एक गरजता हुआ सिंह आता है, जो चित्रलिखित मनुष्यों तकको नहीं छोड़ता। विनाशके भयसे कांपते हुए मनवाले और रोते हुए सब लोगों को, हे देवदेव, उसने खा डाला है।" यह सुनकर राजा प्रजापति कहता है—"हे मन्त्री, तुम्हारी बुद्धि सुन्दर है।"

घत्ता—"क्योंकि जो प्रजाकी रक्षा नहीं करता, वह राजा शीघ्र उसी प्रकार नष्ट हो जाता है कि जिस प्रकार संध्या राग नष्ट हो जाता है ॥१॥

२

जो गोपाल गायका पालन नहीं करता, वह जीते जी उसका दूध नहीं देख सकता, अपनी प्रिय पत्नीकी जो रक्षा नहीं करता, वह सुरति क्रीड़ाका सुख कहाँ पा सकता है? जो मालाकार (माली) लताका पोषण नहीं करता वह सुन्दर फूल और फल किस प्रकार पा सकता है, जो कवि सुन्दर कथा नहीं करता वह विचार करता हुआ भी अपनी हत्या करता है। जो मुनि संयमकी मात्रा नहीं जानता, वह नंगा है, और नग्नत्वको ही सब कुछ मानता है। जो राजा प्रजाकी वेदना नष्ट नहीं करता वह अपनेसे अपनी हत्या करता है, इसलिए मैं स्वयं जाता हूँ और गरजते हुए सिंहको स्वयं मारता हूँ। देशमें आयी हुई मारीको बाहर निकालता हूँ। यह कहकर और भयंकर तलवार लेकर क्रोधसे लाल-लाल राजा जब तक उठा, तबतक अंजली जोड़कर विजय बोला, "हे राजन्, आपके क्रुद्ध होनेसे जग कांप जायेगा? आदेश दीजिए देव, मैं जाता हूँ?

७. भुंजंतु। ८. P पढुक्कउ। ९. P चुक्कउ।

२. १. P गोवि। २. AP किर कहिं। ३. P मालायारु। ४. P सफुल्लु। ५. A अप्पव्वह; P अप्पावह। ६. A संजमु जुत्ति; P संजमजत्ति। ७. A फेडइ। ८. A सो वि रसंतु। ९. A पयंपइ। १०. AP जमु।

पेसिउ जणणें चल्लिउ हलहरु तें सहुं चलिउ भाइ दामोयरु ।
णरकवालकंकालणिरंतरु पत्ता केसरिगिरिकुहरंतरु ।

घत्ता—भडरोलहु सीहु कुंदच्छवि उद्धाइउ ॥
भाइहिं आवंतु णं कयंतजसु[11] जोइउ[12] ॥२॥

३

तिक्खणक्खणिक्खवियमयगलो पयविलग्गमुत्ताहलुज्जलो ।
रत्तसित्तकेसरसडालओ सिसुमियंकदाढाकरालओ ।
महिसमणुयपलकवलभोयणो सिहिफुलिंगपिंगलविलोयणो ।
कुडिलचुलियलंगूलचिंधओ णासगहियपडिसुहडगंधओ ।
कंठरावणिद्दलियदिक्करी एरिसो सरोसेण केसरी ।
बहुबलक्कमियवीरविक्कमं[1] जांव देइ किर सीरिणो कमं ।
तांव तेण लहुएण भाइणा लोयजीवदाणेक्कदाइणा ।
विसतमालकालिंदिकंतिणा[2] करजुवं[3] पि वामेण पाणिणा ।
मयवइस्स[4] धरियं बला बलं बलिविरोहिणो[5] कस्स मंगलं ।
उच्छलंतदंतावलीसियं दाहिणेण हत्थेण णिद्दयं ।
ताडिओ मुहे पाडिओ हरी संसिओ महीसेहिं सो हरी ।
माहवेण कयणिवविदोहओ[6] दड्ढदेहिदेहंघिवो हुओ[7] ।

आज मैं सिंहका प्रलय देखूँगा।" पिताके द्वारा प्रेषित बलभद्र चला, उसके साथ भाई दामोदर चला। मनुष्योंके कपाल और हड्डियोंसे परिपूर्ण, सिंह की पर्वत गुफामें वे लोग पहुँचे।

घत्ता—स्वर्णके समान कान्तिवाला सिंह योद्धाओंके हल्लेसे दौड़ा। दोनों भाइयोंने उसे आते हुए यम-भय की तरह देखा ॥२॥

३

जिसने अपने तीखे नखोंसे मदगजोंको आहत किया है, जो झरते हुए मोतियोंसे उज्ज्वल है, जो लाल और श्वेत अयालसे युक्त है, बालचन्द्रके समान दाढ़ोंसे जो भयंकर है, महिष और मनुष्योंके मांसका जिसका भोजन है, आगके स्फुलिंगके समान जिसके नेत्र पीले हैं, जो टेढ़ी और चंचल पूँछकी पताकावाला है, जो प्रतिसुभट (शत्रु) की गन्ध अपनी नाकसे ग्रहण करनेवाला है, अपने कण्ठके शब्दसे जिसने दिग्गजका शब्द नष्ट कर दिया है, इस प्रकारका वह सिंह क्रोधपूर्वक बहुबलसे वीरोंके पराक्रमको आक्रान्त करनेवाला जबतक श्रीबलभद्रके ऊपर पैर दे तबतक लोक जीवनदानमें एक मात्र दानी तथा विष तमाल और यमुनाके समान कान्तिवाले उस छोटे भाईने उस सिंहके दोनों पैर और अयाल बलपूर्वक पकड़ लिये। बलवानसे विरोध करनेवाले किसका भला हुआ है ? उछलती हुई दन्तावलीकी सफेदीको उसने दायें हाथसे दलित कर दिया। मुखमें आहत किया। सिंह पीड़ित हो उठा। राजाओंने वासुदेवकी प्रशंसा की। इस प्रकार माधव, ने, जिसने राजासे विद्रोह किया है ऐसे दग्ध देहीके देह स्वरूप उस वृक्षको आहत कर दिया।

११. A कयंतजमु; P कयंतु जसु। १२. P जोविउ।

३. १. AP बहुबलक्कमिय°। २. AP add after this : बाहुदंडबलतुलिय (A तुडिय) दंतिणा, करयहंसुपविरइयसुवलयं, वामएण चल (A वल) चरणजुयलयं, सुहडसंगरव्वूढमाणिणा। ३. AP कर-जुयं। ४. A मइवइस्स। ५. AP बलविरोहिणो। ६. AP विदोहओ। ७. A हुओ।

घत्ता—जो पयसंताउ पलयसिहि व्व पलित्तउ ॥
सो णिहउ मयारि लोहियसलिलें सित्तउ ॥३॥

४

करतलप्पचूरियदुग्घोट्टइ[1] णियबलु कसिवि सीहकसवट्टइ ।
सुरसीमंतिणिकामुक्कोयणु लहिवि विजयलच्छिहि[2] अवलोयणु ।
आया ते तं पुणरवि पोयणु णं ससहर दिणयर गयणंगणु ।
पयहिं पडंतवऊहिय[3] ताएं दोण्णि मेह णं संझाराएं ।
पुणु आउच्छिउ दाणववइरिउं[4] किह केसरिकिसोरु पइं मारिउ ।
तं णिसुणेवि तेण अवगण्णिउं णाविउं सीसु ण अप्पउ वण्णिउ ।
गरुयउ सगुणपसंसइ[5] लज्जइ ऊणउ गुणथुइमइरइ मज्जइ ।
एंव ताहं बुहसंपयसारा जंति दियह सुमणोरहगारा ।
तावेक्कहिं दिणि परमणहारउ कंचणवेत्तपाणि पडिहारउ ।
कहइ णरिंदहु विणु आयासें आयउ एक्कु पुरिसु आयासें ।
कंठयकडयमउडकुंडलधरु ण वियाणमि किं सुरु किं णहयरु ।
वारवार महुं वयणु णिरिक्खइ तुह कमकमलालोयणु[6] कंखइ ।

घत्ता—जइ अवसरु अत्थि तो[7] सो पइसारिज्जइ ॥
जं भासइ किं पि तं णरेस णिसुणिज्जइ ॥४॥

घत्ता—प्रजाका सन्तापकारी जो प्रलयकी अग्निकी तरह प्रज्वलित था वह मारा गया सिंह रक्तरूपी जलसे सिक्त हो उठा ॥३॥

४

हथेलीके प्रहारसे हाथीके चूर कर लेनेपर, सिंहरूपी कसौटीपर अपना बल कसकर, देव-बालाओंको कामोत्कण्ठा उत्पन्न करनेवाला विजयलक्ष्मीका उत्पन्न कटाक्ष प्राप्त कर वे दोनों पोदनपुर नगर आ गये, मानो आकाशमें सूर्य और चन्द्रमा आ गये हों। पैरोंपर गिरते हुए उन दोनोंका पिताने आलिंगन किया, मानो सन्ध्यारागने मेघका आलिंगन किया हो। फिर उसने दानवराजके शत्रुसे पूछा कि तुमने सिंहके बच्चेको किस प्रकार मारा। यह सुनकर उसने उसकी उपेक्षा की, उसने सिर झुका दिया परन्तु अपना वर्णन नहीं किया। महान् या भारी आदमी अपनी गुण-प्रशंसासे लज्जित होता है, छोटा आदमी गुणस्तुतिकी मदिरासे मतवाला हो जाता है। इस प्रकार प्रचुर सम्पत्तिसे श्रेष्ठ तथा सुन्दर मनोरथोंसे परिपूर्ण उनके दिन बीतने लगे। इतनेमें एक दिन दूसरेके मनका हरण करनेवाला हाथमें स्वर्णदण्ड लिये हुए प्रतिहारी राजासे कहता है कि बिना किसी आयासके एक आदमी आकाशमार्गसे आया है। कण्ठा-कटक मुकुट और कुण्डल धारण किये हुए है, मैं नहीं जानता कि कोई नभचर है या देव। बार-बार मेरा मुख देखता है, और तुम्हारे चरणकमलको देखनेकी इच्छा करता है।

घत्ता—यदि अवसर हो तो उसे प्रवेश दिया जाये, और वह जो कुछ भी कहता है, हे नरेश, उसे सुना जाये ॥४॥

---

८. AP णिहय ।

४. १. A °दुघोट्टइ । २. A सजयलच्छिहि । ३. A पडंत विजोहिय; P पडंत विगूहिय; T अवगूहिय आलिङ्गितौ । ४. AP °वेरिउ । ५. A °पसंसण लज्जइ । ६. करकमला° । ७. P तो ।

५

महिणाहेण वुत्तु पइसारहि पुरिसु [1]ससामिकज्जरहसारहि ।
ता कणइल्लें आणिवि दाविउ खयरु णवंतु अउव्वु विहाविउ ।
तहु पणवंतहु णियडउ आसणु दरिसिउं मणिगणकिरणुब्भासणु ।
इट्ठु भणिवि जाणिउं मुहराएं [2]पियवयणहिं संभासिउ राएं ।
कहिं होंतउ सुंदरणिक्केयउ को तुहुं क[3]हसु कासु किं आयउ ।
अक्खइ वि[4]यरु पालियखोणिहि रुप्पयगिरिवरदाहिणसेणिहि ।
णमिकुलणहयलवलयहु णेसरु रिद्धिइ णं सयमेव सुरेसरु ।
रहणेउरपुरवरपरमेसरु देव जल[5]णजडि णाम खगेसरु ।
वाउवेय पिययम लीलागइ अक्ककित्ति तणुरुहु णं रइवइ ।
धूय सयंपह किं वण्णिज्जइ मुहससिजोण्हइ चंदु वि खिज्जइ ।

घत्ता—थण[6]हारें भग्गु जाहि मज्झु किसु सोहइ ॥
णहपंतिपहाइ तारापंति ण रेहइ ॥५॥

६

करकमे[1]यलइं कुमारिहि रत्तइं ता[2]इं कुमारसहासइं रत्तइं ।
णाहिहि जइ गंभीरिम दीसइ तें मुणिहिं वि गंभीर[3]त्तु णासइ ।
भा[4]लवट्टु पट्टु व रइरायहु चिहुरकुडिलकोडिल्लु व आयहु ।

५

महीनाथने कहा कि अपने स्वामीके कार्यरूपी रथका निर्वाह करनेवाले उस पुरुषको भीतर प्रवेश दो। तब प्रतिहारीने उसे बुलाकर दिखाया। प्रणाम करता हुआ वह विद्याधर सुन्दर दिखाई देता था। प्रणाम करते हुए उसे मणिकिरण-समूहसे आलोकित आसन पास ही दिखाया गया। इष्ट समझकर उसने मुखके भावसे जान लिया। राजाने प्रिय शब्दोंमें उससे बातचीत की कि तुम्हारा सुन्दर घर कहाँ है, तुम कौन हो, किसके हो। यहाँ क्यों आये? विद्याधर कहता है कि धरतीका पालन करनेवाले विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें हे देव, ज्वलनजटी नामका राजा है, जो नमिकुलके आकाशमण्डलका सूर्य है, ऋद्धिमें जो मानो स्वयं इन्द्र है और रथनूपुर नगरका परमेश्वर है। लीलापूर्वक चलनेवाली उसकी वायुवेगा नामकी प्रियतमा है। और पुत्र अर्ककीर्ति है जो मानो कामदेव है। उसकी कन्या स्वयंप्रभाका क्या वर्णन किया जाये? वह अपने मुखरूपी चन्द्रमाकी ज्योत्स्नासे जो चन्द्रमाको भी खिन्न कर देती है।

घत्ता—स्तनभारसे भग्न जिसका दुबला पतला मध्यभाग नखपंक्तिप्रभासे इस प्रकार शोभित है, मानो तारापंक्ति शोभित हो ॥५॥

६

कुमारीके कररूपी कमल रक्त (लाल) हैं। उनसे हजारों कुमार अनुरक्त हैं। उसकी नाभिमें जो गम्भीरता दिखाई देती है, उससे मुनियोंकी भी गम्भीरता नष्ट हो जाती है। उसका

५. १. AP सुसामि° । २. AP पियवयणहिं । ३. P कासु कहसु कहिं । ४. A वइयरु । ५. A जडणजडि । ६. AP थणभारें ।

६. १. AP °कमलयइं । २. AP तहि । ३. AP गंभीरिम । ४. A भालबद्धु पट्टु व; P भालवट्टु वट्टु व ।

सुरणरविसहरहियर्यावियारा णयण विसिह णं तासु जि केरा।
जाहि रूवसिरि ण[५] परपराइय सा फुल्लंति वेल्लि जिह जोइय।
ताएं धीय बीय णं चंदें बोल्लिउं सज्जणणयणाणंदें।
दुम्मयमलकलंकपक्खालणि मंतिहिं अग्गइ मंतिणिहेलणि।
भो संभिण्ण णिसुय[६]जोइससुय भणु भणु कासु घरिणि होसइ सुय।
भणु भणु भव्व मज्झु भवियव्वइं पइं दिट्ठाइं अणेयइ दिव्वइं।
देहदित्तिणित्तेइं[७]यचंदइं केवलणाणधरइं[८] रिसिवंदइं।
ता संभिण्णें भणिउं णिसामहि मइं चिरु पुच्छियं[९] संजय सावहि।
दाहिणभरहि सुरम्मइ मंडलि घरसिहरालिंगियरविमंडलि।

घत्ता—पोयणपुरि राउ जसु जसु देवहिं गिज्जइ॥
पालियसम्मत्तु जो जिणणय पडिवज्जइ॥६॥

७

चिरु पुरुएवहु दिग्गयगामिहि जो बाहुबलि पुत्तु जगसामिहि।
भरहु जेण भुयदंडहिं भामिउ जो जायउ पंचमगइगामिउ[१]।
पुरिसपरंपराहि तहु जायउ णाम पयावइ जो विक्खायउ।
जयवइ[२] तासु देवि गरुयारी अवर मृगावइ[३] प्राणपियारी।
अचल पबलभुयतोलियगुरुगिरि ताहं बिहिं वि जाया हलहर हरि।

भालपट्ट कामदेवका पट्ट है। उसके बालोंका कुटिल कौटिल्य भी इसीका है। सुर-नर और विषधरोंके हृदयका विदारण करनेवाले उसके नेत्र भी कामदेवके ही तीर हैं। जिसकी रूपलक्ष्मी दूसरोंके द्वारा पराजित नहीं है, वह खिली हुई लताके समान देखी जाती है, पितासे पुत्री ऐसी लगती है जैसे चन्द्रमासे द्वितीया। सज्जनोंके नेत्रोंको आनन्द देनेवाले राजाने दुर्मद-मल-कलंकका प्रक्षालन करनेवाले मन्त्रणाघरमें मन्त्रियोंसे कहा, "हे ज्योतिषशास्त्रका अध्ययन करनेवाले संभिन्न (मन्त्री), बताओ-बताओ यह कन्या किसकी गृहिणी होगी। हे भव्य, तुम मेरा भवितव्य बताओ, तुमने अनेक दिव्य शरीरकी कान्तिसे चन्द्रमाको कान्तिहीन कर देनेवाले केवलज्ञानधारी ऋषि-समूह देखे हैं।" तब संभिन्न मन्त्रीने कहा "सुनाता हूँ, मैंने बहुत पहले संजय नामक अवधिज्ञानी मुनिसे पूछा था। (और उन्होंने कहा था), दक्षिण भरतक्षेत्रके सुन्दर देशमें जिसमें कि गृहशिखरोंसे सूर्यमण्डल आलिंगित है,

घत्ता—पोदनपुर नगरमें राजा है, जिसका यश देवोंके द्वारा गाया जाता है। सम्यक्त्वका पालन करनेवाला जो जिननयको स्वीकार करता है॥६॥

७

प्राचीन समयमें पुरुदेवके दिग्गजगामी विश्वस्वामी (ऋषभदेव) का जो बाहुबलिदेव पुत्र था, जिसके द्वारा भरतदेव अपने भुजदण्डोंके द्वारा घुमा दिया गया था, और जो मोक्षगामी हुए थे, उसीकी पुरुष परम्परामें उत्पन्न प्रजापतिके नामसे विख्यात राजा है। जयवती उसकी बड़ी पत्नी है और दूसरी प्राणप्यारी मृगावती है। उन दोनोंसे, अपने प्रबल बाहुओंसे मन्दराचल-

५. A णवर पराइय। ६. A णिसुणि जोइससुय; P णिसुणि जोइयसुय। ७. A णित्तेयइं। ८. A °धरियरिसि°। ९. AP पुच्छिउ।

७. १ AP °सामिउ। २. A जइवय। ३. AP मिगावइ पाण°।

विजय तिविट्ठ णाम णिट्ठुरंकर[4] समरभारें[5]किणकसणियकंधर।
एहु तुरंगगलु[6] रिउ[7] तहु केरउ आसि विसाहणंदि विवरेरउ।
एत्थुप्पण्णउ पुण्णविवाएं मारेवउ मृगवइ[8]यहि जाएं।
भुयहिं कोडिसिल संचालेवी वसुह तिखंड तेण पालेवी।
परियणसयणहं तुट्ठि जणेवी अण्णु तुहारी सुय परिणेवी।
उहय[9]सेढिविज्जाहरराएं पइं होएव्वउं तासु पसाएं।
एंव देव हियवइ संचारिउ संभिण्णें संबंधु वियारिउ।

घत्ता—ता महुं णाहेण बंधुसिणेहु[10] गवेसिउ॥
हउं णामें इंदु तुम्हहं दूयउ पेसिउ॥७॥

८

अवरु वि पहु तेरउं पहुठाणउं अम्हारउं पाइक्कणिवाणउं।
रिसहहु कच्छमहाकच्छाहिव जिह भरहहु णविविणमि[1] खगाहिव।
तिह सिहिजडि रविकित्ति तुहारा जिव सुहि जिव पुणु पेसणगारा।
तं णिसुणिवि णरवइ रोमंचिउ आणंदें परिवारु पणच्चिउ।
सीरिं पुण्णें[2] सव्व पोमाइय हरिणा णियभुयदंड पलोइय।
पुणु सो दूयउ पहुणा पुज्जिय तेण वि तक्खणेण गउं[3] सज्जिउ।

को तौलनेवाले और अचल बलभद्र और नारायण उत्पन्न हुए हैं। विजय और त्रिपृष्ठ नामके वे कठोरकर और समरभार उठानेके कारण श्याम कन्धेवाले हैं। यह अश्वग्रीव तुम्हारा शत्रु है; जो विपरीत करनेवाला विशाखनन्दी था। अपने पुण्यके विपाकसे वह यहाँ उत्पन्न हुआ है, जो मृगावतीके पुत्र (त्रिपृष्ठ) के द्वारा मारा जायेगा। वह अपने बाहुओंसे कोटिशिलाका संचालन करेगा, और उसके द्वारा त्रिखण्ड धरतीका पालन किया जायेगा। वह परिजन और स्वजनोंको सन्तोष देगा और तुम्हारी पुत्रीसे विवाह करेगा। उसके प्रसादसे तुम दोनों श्रेणियोंके विद्याधर राजा होगे।" इस प्रकार देवके हृदयमें यह संचारित किया, और फिर संभिन्नने सम्बन्धका विचार किया।

घत्ता—तब मेरे स्वामीने बन्धुके स्नेहकी खोज की और मैं इन्दु नामका दूत तुम्हारे पास भेजा गया॥७॥

८

और भी हे प्रभु, तुम्हारा प्रभुस्थान है और हमारा पाइक्क (पदाति सेवक) के रूपमें निर्माण (रचना) है। जिस प्रकार ऋषभनाथके कच्छ और महाकच्छ राजा थे, जिस प्रकार भरतके नमि और विनमि विद्याधर राजा थे, उसी प्रकार ज्वलनजडी और अर्ककीर्ति तुम्हारे हैं। जिस प्रकार वे सज्जन हैं उसी प्रकार आज्ञा करनेवाले हैं। यह सुनकर राजा रोमांचित हो गया। आनन्दसे परिवार नाच उठा। बलभद्रने सबकी प्रशंसा की। नारायण (त्रिपृष्ठ) ने अपने भुजदण्डको देखा। राजाने उस दूतका आदर सत्कार किया। और उसने भी तत्काल अपने जाने

---

४. A णिट्ठुर°। ५. A °भारकसणंकियकंधर। ६. A तुरंगकंठु। ७. A omits रिउ। ८. AP मिगवइयहि। ९. AP उभय°। १०. AP °सणेहु।
८. १. AP णमि°। २. A पुण्णसत्ति; P पुण्ण सत्त। ३. A गउ; P गमु।

भूगोयरहुं गयणु कहिं गोयरु इय चिंतिवि णरणाहिं सायरु ।
संताणागयपणयपयासउ तासु जि हत्थि दिण्णु संदेसउ ।
घत्ता—खँग सुर सिज्झंति कामधेणु घरि दुब्भइ ॥
जं दूरु दुसज्झु तं जगि पुण्णें लब्भइ ॥८॥

९

इंददूयवयणइं आयण्णिवि बंधुसणेहु सहियवइ मण्णिवि ।
सहुं तणएं तणयाइ पसण्णइ अहिणवमुग्गैमणोहरवण्णइ ।
उद्धचलंतचमरवित्थारें विहवगहीरें सहुं परिवारें ।
ओसारियरवियरसंताणहिं आवेप्पिणु विमाणजंपाणहिं ।
महुरसवसरुणुँरुंटियमहुयरि कीरकुररसिहिपियमाहविसरि ।
मंदमंदमायंदावलिघणि पोयणपुरबाहिरणंदणवणि ।
जायवेयजडि एक्कहिं वासरि थिउ विज्जापहावविरइयघरि ।
जिणपयपंकयपणवियसीसहु इंदें जाइवि कहिउं महीसहु ।
आयउ इट्ठु सुट्ठु उक्कंठिउ तं णिसुँणिवि सहुं सुयहिं ण संठिउ ।
पहु मंडलियणिसेविउ चल्लिउ इयरेण वि खगदप्पु पमेल्लिउ ।
अवरोप्परहुं बे वि गय संमुह णाइ तरंगिणिणाह सुहारुह ।
मिलिय बे वि दीहरपसरियकर बेण्णि वि सज्जण णं दिसकुंजर ।

की तैयारी की। मनुष्योंके लिए आकाश किस प्रकार गम्य हो सकता है, यह विचार कर राजा प्रजापतिने सादर परम्परासे आगत प्रणयको प्रकाशित करनेवाला सन्देश उसके हाथमें दिया।

घत्ता—विद्याधर और देव सिद्ध हो जाते हैं कामधेनु घरमें दुही जाती है, जो दूर और असाध्य है, वह विश्वमें पुण्यसे पाया जा सकता है ॥८॥

९

इन्दु दूतके वचन सुनकर और अपने हृदयमें बन्धुके स्नेहको मानकर, अपने पुत्र और प्रसन्न अभिनव मृगके समान वर्णवाली कन्याके साथ जिसके ऊपर चलते हुए चमरोंका विस्तार है, ऐसे वैभवसे गम्भीर परिवारके साथ, जिन्होंने सूर्यकी किरणपरम्पराको हटा दिया है ऐसे, विमान और जंपानोंके द्वारा आकर, ज्वलनजटी विद्याधर, एक दिन, जिसमें मधुरसके वशसे मधुकर गुनगुन कर रहे हैं, जिसमें कीर कुरर मयूर और कोकिलोंका स्वर है, जो मन्द-मन्द आम्रवृक्षावलीसे सघन है, और जिसमें विद्याके प्रभावसे घर बना लिये गये हैं, ऐसे पोदनपुरके बाहर नन्दनवनमें ठहर गया। जिसने जिनपद-कमलोंमें अपना सिर नत किया है, ऐसे राजा प्रजापतिसे जाकर इन्दु दूतने कहा कि (तुम्हारा) इष्ट अत्यन्त उत्कण्ठित होकर आया है। यह सुनकर, वह अपने पुत्रोंके साथ संस्थित नहीं रहा। अपनी मण्डलीसे सेवित राजा चला। दूसरेने भी अपना विद्याधर होनेका अहंकार छोड़ दिया। वे दोनों, एक दूसरेके सामने गये, मानो समुद्र और चन्द्रमा हों। अपने दोनों लम्बे हाथ फैलाकर वे मिले। वे दोनों ही सज्जन थे मानो दिग्गज हों।

४. P खग्ग सुर।
९ १. A °मग्गमणोहर°। २. A रुणुरुंटियमहुवरि; P रणुरुंटिय°। ३. A णिसुणि सहुं।

घत्ता—णियजणणविइण्णु परियाणिवि भूभंगउं ॥
रायहु रविकित्ति णविउ पणाविवि अंगउं ॥९॥

१०

हरिबलेहिं ससुरउ जयकारिउ तेण सिणेह[1]साहि वड्ढारिउ ।
भुयभूसणकरमंजरिपिंगिउं[2] सालउ गाढं[3]गाढु आलिंगिउ ।
हरिसंसुयजलेहिं संसित्तउ सयल णिसण्ण सुमंतु पउत्तउ ।
दिणयरु तवइ खवइ जिणु कम्मइं वम्महु सल्लइ बाणहिं वम्मइं ।
सायरु गिलइ सयलसरिसोत्तइं ससहरु पीणइ जणवयणेत्तइं ।
भंजणसत्ति महंत समीरहु वलु अइअतुलु तिविट्ठकुमारहु ।
एत्थु ण किं पि बप्प कोऊहलु णहं[4]चवेडचप्पियकुंजरकुलु ।
एंव सीहु को करहिं णिपीलइ कोडिसिलायलु जइ संचालइ ।
तो[5] जाणहुं होसइ पुण्णाहिउ हरि हरिबंदियणा[6]णिहिं साहिउ ।
आसग्गीवजीवउड्डावणु ध्रुवुं[7] माणेसइ तरुणिहि जोव्वणु ।

घत्ता—महियर खयरिंद एहु मंतु विरएप्पिणु ॥
जंहिं तं सिल[8]रण्णु तहिं गय कण्हु लएप्पिणु ॥१०॥

घत्ता—अपने पिताके द्वारा किये भ्रूभंगको जानकर अर्ककीर्तिने राजाको प्रणाम कर अपना सिर झुका लिया ॥९॥

१०

नारायणकी सेनाने ससुरका जय-जयकार किया। उससे उनका स्नेहरूपी वृक्ष बढ़ गया। बाहुओंके आभूषणोंकी किरण-मंजरीसे पीले सालेका प्रगाढ़ आलिंगन कर लिया। हर्षके आसुओंके जलसे सींचे गये सब लोग बैठ गये। (यह) सुमन्त्र कहा गया कि दिनकर तपता है, जिन कर्मका नाश करते हैं, कामदेव, बाणोंसे मर्मको छेदता है। समुद्र, समस्त नदियोंके स्रोतोंको अपनेमें समो लेता है। चन्द्रमा जनपदके नेत्रोंको प्रसन्न करता है। पवनमें बहुत बड़ी भंजन शक्ति है, त्रिपृष्ठ कुमारमें अतुल बल है, हे सुभट, इसमें जरा भी कुतूहलकी बात नहीं। अपने नखोंकी चपेटसे गजकुलको चोपनेवाले सिंहको कौन अपने हाथोंसे निष्पीडित कर सकता है? यदि यह कोटिशिलातलको संचालित कर सकते हैं, तो हम लोग जानेंगे कि इन्द्रके द्वारा वन्दित ज्ञानियोंके द्वारा कथित नारायण पुण्याधिक होंगे। अश्वग्रीवके जीवको उड़ानेवाले यह निश्चयसे तरुणीके यौवन मानेंगे?

घत्ता—मनुष्य और विद्याधर यह मन्त्र रचकर, जहाँ वह शिलारत्न था वहाँ नारायणको लेकर गये ॥१०॥

---

१०. १. AP सणेह° । २. A °पिंगउ । ३. AP गाढु गाढु । ४. तहो चवेड° । ५. AP ता । ६. AP °णाणहिं । ७. AP धुवु । ८. P सिलरम्म ।

११

णिद्ध अद्धजोयणवित्थिण्णी[1] णाणावणतरुवरसंछण्णी।
जिणपयसेवा इव फलभाइणि[2] बहुमुणिलक्खमोक्खसुहदाइणि।
पुण्ण पवित्त पावखयगारी दीसइ सिल णं सिद्धिभडारी।
कहिं वि दंतिदंतग्गहिं खंडिय सीहणहरचुयमोत्तियमंडिय।
कहिं वि पलिप्पइ जालावलणें[3] किडिदाढाणिहसणरुहजलणें।
कहिं वि जक्खिपयघुसिणें लिप्पइ[4] चंदकंतजलधारइ धुप्पइ।
कहिं वि णीलगलणियरहिं[5] णीलिय वणयवधूमंधारें[6] मइलिय।
कहिं वि फुरइ घणतिमिरविमुक्कहिं सप्पफडाकडप्पमाणिक्कहिं।
कहिं वि भमियमृगणाहिमओहें[7] सुरहिय सेविय[8] भमरसमूहें।
कहिं वि वियंभिय सुइसुहगारव[9] किंणरगेयवेणुवीणारवं[10]।
सा परियंचेप्पिणु अंचेप्पिणु सिद्धसेस राएहिं लएप्पिणु।

घत्ता—पुणु भणिउ अणंतु पेक्खहुं सिल उण्णावहि[11] ॥
हयकंठकयंतु होसि ण होसि व[12] दावहि ॥११॥

१२

ता सिल उच्चायंतहु कण्हहु दुज्जणदेहवियारणतण्हहु।
पवरकरिकरायारहिं बाहहिं पाहाणुट्ठियभूसणरेहहिं।

११

स्निग्ध आधे योजन विस्तीर्ण, तरह-तरहके वनवृक्षोंसे आच्छन्न, जिनपदकी सेवाके समान फलकी भाजन, अनेक लाखों मुनियोंको मोक्ष-सुख देनेवाली। पुण्यसे पवित्र और पापका क्षय करनेवाली। वह शिला ऐसी दिखाई देती है मानो सिद्धिरूपी भट्टारिका हो। कहींपर वह हाथियोंके दाँतोंके अग्रभागसे खण्डित थी, कहींपर सिंहोंके नखोंसे च्युत मोतियोंसे अलंकृत थी। कहींपर ज्वालाके जलनेसे प्रज्वलित थी, कहींपर सुअरकी दाढ़ोंके संघर्षणसे उत्पन्न ज्वालासे, कहींपर यक्षिणीके पैरोंकी केशरसे रंजित है, और चन्द्रकान्त मणिकी जलधारासे धुली हुई है, कहींपर मयूरोंके समूहसे नीली, और दावाग्निके धुएँसे काली। कहींपर सघन अन्धकारसे मुक्त, सर्पके फनसमूहके माणिक्योंसे चमकती है। कहींपर घूमते हुए कस्तूरीमृगके मदसमूहसे सुरभित है और भ्रमर समूहसे सेवित है, कहींपर पवित्रता, सुख और गौरव फैल रहा है और किन्नरोंके द्वारा गाये वेणु और वीणाके शब्द हैं। उसकी परिक्रमा और पूजा कर और राजाओंके द्वारा अक्षत लेकर—

घत्ता—नारायणसे फिर कहा गया हम देखें, तुम शिला उठाओ और बताओ कि वह अश्वग्रीवके लिए यम होगी या नहीं होगी? ॥११॥

१२

जिसे दुर्जन देहके विदारणकी तृष्णा है, ऐसे तथा शिलाको उठाते हुए कृष्णकी, प्रवर गजकी सूँड़के समान तथा पत्थरपर लिखी गयी भूषण-रेखाओंवाली बाहुओंसे हरिण उरतलपर गिर पड़े।

११. १ AP अट्ठजोयण°। २. A फलुभाविणि; P फलभाविणि। ३. AP °जलणें। ४. A लिपइ। ५. A णीलमणिणियरहिं। ६. P वणदव°। ७. AP मृगणाहि°। ८. AP सुरहियसेविय। ९. A °गारउ। १०. °वीणारउ। ११. A उच्चावहि; P ओचावहि। १२. A दावइ।

उरयलि णिवडियाइं सारंगइं   दसदिसि वहिवि गयाइं विहंगइं।
पंतिणिबद्धइं कसिणइं[1] अरुणइं   णं रिउकामिणिकंठाहरणइं।
दिट्ठइं णायउलाइं चलंतइं   णं अरिअंतइं लंबललंतइं।
गेरुयवाणिउं[2] वियलिउं रत्तउं   रुहिरु[3] णाइ वइरिहि णिग्गंतउं।
हंसपंति णहमंडलि धावइ   पडिभडट्ठिमाला इव भावइ[4]।
भमरामेलउ णीलउ लोलइ   रोसहुयासधूमु णं घोलइ।
दलियइं मलियइं वेल्लीभवणइं   णावइ खलयणपट्टणभवणइं।
णट्ठइं कीलासुरणिउरंबइं   णिग्गयाइं णं सत्तुकुडुंबइं।

घत्ता—उद्दंडकरेहिं[5] सिल कण्हें[6] उच्चाइय॥
पडिसत्तुधरित्ति हरिवि णाइं दक्खालिय॥१२॥

१३

उच्चाइय सिल सोहइ तहु करि   अट्ठमभूमि व भुवणत्तयसिरि।
जं चालिय सिल सिरिरमणीसें   तं सो संथुउ जलणजडीसें।
संथुउ अवरु पयावइ राएं   संथुउ बहुमहिवइसंघाएं।
संथुउ लंगलहररविकित्तिहिं   संथुउ सुरणरविसहरपत्तिहिं[1]।
एंवहिं तुहुं जि देव महिराणउ   तुज्झु पुरिसु जगि णत्थि समाणउ।

विहंग डरकर दसों दिशाओंमें भाग गये। पंक्तिबद्ध काले और लाल वे ऐसे मालूम होते थे मानो शत्रुकामिनियोंके कण्ठाभरण हों। चलते हुए नागकुल ऐसे दिखाई दिये, मानो शत्रुओंकी चंचल आँतें हों। गिरता हुआ लाल-लाल गेरूका जल ऐसा मालूम होता है मानो शत्रुका निकलता हुआ खून हो। हंसोंकी कतार आकाशमण्डलमें उड़ती है मानो शत्रु योद्धाओंकी अस्थिमाला हो, नीला भ्रमरसमूह इस प्रकार मँड़राता है, मानो क्रोधरूपी आगका धुआँ व्याप्त हो रहा हो। लताभवन चूर्ण-चूर्ण होकर मैले हो गये, मानो दुष्टजनोंके नगर और भवन हों। क्रीड़ासुरोंके समूह इस प्रकार नष्ट हो गये मानो शत्रुओंके कुटुम्ब निकल पड़े हों।

घत्ता—कृष्णने अपने ऊँचे हाथोंसे शिलाको उठा लिया जैसे उसने प्रतिशत्रुकी धरतीका हरण कर दिखाया हो॥१२॥

१३

उठायी गयी शिला उसके हाथमें ऐसी दिखाई देती है जैसे भुवनत्रयके सिरपर मोक्षभूमि हो। जब लक्ष्मीरूपी रमणीके पति नारायणने शिलाको चलायमान कर दिया तो ज्वलनजटीने उनकी स्तुति की, बलभद्र और सूर्यके समान कीर्तिवाली सुर-नर और विषधरोंकी पंक्तिने स्तुति की—"हे देव, इस समय तुम्हीं पृथ्वीके राजा हो, जगमें तुम्हारे समान दूसरा पुरुष नहीं है, तुम पुरुषोत्तम हो, तुम धरतीको धारण करनेवाले हो, गिरते हुए भाइयोंके लिए तुम आधारस्तम्भ हो,

---

१२. १. AP किसिणइं। २. AP °वाणिउ। ३. AP रुहिरु। ४. णावइ। ५. AP उद्दंड°। ६. AP कण्हेणुच्चालिय।

१३. १. AP °विसहरपंतिहिं।

तुहुं पुरुसोत्तमु तुहुं धरणीहरु णिवडंतहं बंधहुं लग्गणतरु ।
तुहुं इक्खोउवंसवरधयवडु तुह पडिमल्लु णत्थि तिहुवणि भडु ।
साहु साहु तुह सोहइ विक्कमु अण्णहु एहउ कासु परक्कमु ।
एम भणंतहं घोसगहीरइं कउ कलयलु दिण्णइं जयतूरइं ।
परिमलबहलइं वण्णविचित्तइं अमरहिं पंजलिकुसुमइं घित्तइं ।
चंडहिं भुयदंडहिं पडिपेल्लिय पुणु सिल माहवेण तहिं घल्लिय ।
मालालंकिइ मउडि पसत्थइ कालभवित्ति णाइ रिउमत्थइ ।

घत्ता—खगमहिवइणाह वणु मेल्लिवि पडिआइय ॥
हरिबलसंजुत्त पोयणणयरु पराइय ॥१३॥

१४

अहिवंदिय दहिअक्खयसेसहं पुरि पइसंतहं ताहं णरेसहं ।
मंदिरि मंदिरि मंगलकलयलु णच्चइ कामिणि घुम्मइ मद्दलु ।
मंदिरि मंदिरि छडरंगावलि बज्झइ तोरणु चित्तधयावलि ।
मंदिरि मंदिरि कलस सउप्पल णिहिय वयणविलुलियपल्लवदल ।
ता तहिं जंपइ पुरणारीयणु सुहयालोयणपयडियघणथणु ।
का वि भणइ इहु राउ पयावइ एहु खगाहिउ रहणेउरवइ ।
का वि भणइ इहुं सो संकरिसणु हलहरु हलि अकरंतु वि करिसणु ।
का वि भणइ इहु सो णारायणु जेण सयंपहाहि हित्तउं मणु ।

तुम इक्ष्वाकुकुलके श्रेष्ठ ध्वजपट हो, तुम्हारे समान प्रतिभट त्रिभुवनमें नहीं है । साधु-साधु, तुम्हें पराक्रम शोभा देता है । और दूसरे किसका ऐसा पराक्रम हो सकता है ?" इस प्रकार कहते हुए उनका कलकल शब्द होने लगा, गम्भीर घोषतूर्य बजा दिये गये । परिमलोंसे प्रचुर रंगबिरंगी कुसुमांजलियाँ देवों द्वारा छोड़ी गयीं । प्रचण्ड बाहुदण्डों द्वारा प्रेरित उस शिलाको माधव (त्रिपृष्ठने) वहीं इस प्रकार रख दिया, मानो मालासे अंकित मुकुट और प्रशस्त शत्रु मस्तकपर मानो काल—भवितव्यता हो ।

घत्ता—विद्याधरों और मनुष्योंके राजा वन छोड़कर वापस आ गये और त्रिपृष्ठकी सेनासे संयुक्त वे पोदनपुर पहुँचे ॥१३॥

१४

दही, अक्षत और निर्माल्यसे नगरमें प्रवेश करते हुए उन नरेशोंकी अभिवन्दना की गयी । घर-घरमें मंगल कलकल होने लगता है । कामिनी नृत्य करती है । मृदंग बज उठता है । घर-घरमें षड्रंगावली होने लगती है, तोरण और रंगबिरंगी ध्वजमाला बांधी जाने लगती है । घर-घरमें, जिनके मुखपर पल्लवदल मर्दित हैं, ऐसे कमल सहित कलश रख दिये गये है । तब वहाँ, सुन्दरके अवलोकनमें जिसके सघन स्तन प्रकट हुए हैं, ऐसा पुरनारीजन कहता है । कोई कहती है कि यह राजा प्रजापति है । यह विद्याधर राजा रथनूपुरका स्वामी है, कोई कहती है, हे सखी, यह वह हलधर (बलभद्र) है जो कर्षण नहीं करते हुए भी हलधर (किसान) हैं । कोई कहती है कि यह वह

२. A इक्खाकवंस॰; P इक्खाववंस॰ । ३. A परिक्कमु । ४. ॰कियमउडपसत्थइ ।
१४. १. A पुरपयसंतहं; P पुरि पयसंतहं । २. A मंद्दलु । ३. AP पहु । ४. AP अकरंतउ करिसणु ।
५. P सयंपयाहि ।

जेण सिलायलु णहि संचालिउ जेण जसेण गोत्तु उज्जालिउ।
दीसइ रूवें वम्महु जेहउ पइ पुण्णहिं जइ लब्भइ एहउ।
घत्ता—तं पुरु पइसिवि विरइयपणयपसायहिं॥
वड्ढारिउ णेहु खगवइमहिवइरायहिं॥१४॥

१५

बिहिं वि विवाहु तेहिं पारद्धउ कउ मंडउ रयणंसुसिणिद्धउ[1]।
खंभि खंभि पज्जलियपईवहिं लंबियमोत्तियदामकलावहिं।
पवणुद्धूयचिंधपब्भारहिं मरगयमालातोरणदारहिं।
वज्जंतहिं पडुपडहहिं संखहिं णाणावाइत्तेहिं असंखहिं।
कामिणिकरयलघल्लियसेसहिं दियवरदेवदिण्णआसीसहिं।
वियसियसयदलसरलदलच्छें णियसुहिवच्छलेण सिरिवच्छें।
परिणिय[2] सुंदरेण सा सुंदरि गउ चरु जहिं णिवसइ जगकेसरि।
राउ मऊरगीवणिवतणुरुहु खयरमउडचुंबियपयसररुहु।
अद्धचक्कि चक्कंकियकरयलु दढभुयजुयअंदोलियपरबलु।
भणिउ तेण महिकामिणिमाणेणु[3] भुयणवणंतवासिपंचाणेणु[4]।
देव तुरंगगीव बुहणिरसिउं[5] णिसुणि णिसुणि सिहिजडिणा बिलसिउं।

नारायण है कि जिसने स्वयंप्रभाके मनका हरण कर लिया है। जिसने शिलातलको आकाशमें घुमा दिया, जिसने अपने यशसे गोत्रको उज्ज्वल किया, जो रूपमें कामदेवके समान है, यदि पुण्योंसे इस प्रकारका पति पा लिया जाये।

घत्ता—उस नगरमें प्रवेश कर जिन्होंने प्रणय-प्रसार किया है ऐसे विद्याधर-राजा और मनुष्य-राजामें बहुत बड़ा स्नेह हो गया॥१४॥

१५

उन दोनोंने विवाह प्रारम्भ किया। उन्होंने रत्नकिरणोंसे स्निग्ध मण्डपकी रचना की। खम्भे-खम्भेपर प्रज्वलित प्रदीपों, लटकती हुई मुक्तामालाओंके समूहों, हवासे उड़ती हुई ध्वजके प्रभारों, मरकत मालाओंके तोरणद्वारों, बजते हुए पडुपटहों-शंखों और असंख्य नाना वाद्यों, कामिनियोंके करतलों द्वारा डाले गये निर्माल्यों, द्विजवर देवोंके द्वारा दिये गये आशीर्वादोंके साथ, जिनकी आँखें विकसित कमलके समान सरल हैं ऐसे, तथा अपने सुधीजनोंके प्रति वत्सल सुन्दर नारायणने उस सुन्दरीसे विवाह कर लिया और दूत वहाँ गया जहाँ विश्वकेशरी, मयूरग्रीव राजाका पुत्र, जिसके चरणकमल विद्याधरोंके मुकुटोंसे चुम्बित हैं, ऐसा चक्रसे अंकित करतलवाला और दृढ़ बाहुबलसे शत्रुसेनाको आन्दोलित करनेवाला अर्ध चक्रवर्ती राजा (अश्वग्रीव) रहता था। भूमिरूपी स्त्रीके द्वारा मान्य और संसाररूपी वनके भीतर निवास करनेवाले उससे उसने कहा, "हे देव अश्वग्रीव, ज्वलनजटीकी पण्डितोंके द्वारा निरस्त चेष्टा सुनिए। आप जैसे विद्याधर राजाको

१५. १. A रयणंसुसमिद्धउ; P रयणसुसमिद्धउ। २. AP परणिय। ३. A °माणण। ४. A पंचाणण। ५. P तुहुं णिरसिउ।

पइं णहयरणरणाहु पमाइवि पोयण[6]पुरवइपुत्तहु जाइवि।
सामण्णहु वियलियगुणणियरहु कण्णारयणु दिण्णु भूमियरहु।

घत्ता—अह सो सामण्णु भणहुं ण[7] जाइ खगाहिव॥
जें मारिउ सीहु चालिय सिल वसिकय णिव॥१५॥

१६

तं णिसुणिवि णरणाहु विरुद्धउ णं केसरि गयगंधविलुद्धउ।
धगधगधगधगंतु चंचलसिहु घयधाराहिं सित्तु णं हुयवहु।
रत्तणेत्त[1]रुइरावियदसदिसु पुप्फयंतु णं फणि आसीविसु।
णं जंउ[2] तिहुयणगिलणकयायरु पर[3]सिरिहरु असिवरपसरियकरु।
चवइ सरोसु भिउडि[4]भंडभीसणु करतलप्पताडियरयणा[5]सणु।
अज्जु जलणजडि मारिवि संगरि घिवमि कयंत[6]वयणविवरंतरि।
सहुं जाँवा[7]एं देवि दिसाबलि भुक्खइ भग्गउ धवु[8] पावउ कलि।
तहिं अवसरि पालियणिव[9]सासणु रायसहासहिं मग्गिउ पेसणु।
ते णउ पेसइँ[10] सइं संचल्लिउ पहु हरिमस्समंति[11] बोल्लिउ।
जो मयवइजीविउं उद्दालइ कोडिसिलायलु जो संचालइ।
सो सामण्णु ण होइ निरुत्तउं तुम्हहुं अप्पणु जाहुं ण जुत्तउं।

छोड़कर तथा जाकर पोदनपुर नगरके राजाके अत्यन्त सामान्य, गुणसमूहसे रहित, पुत्रको मनुष्य होते हुए भी कन्यारत्न दे दिया।"

घत्ता—अथवा उस सामान्यका हे राजन्, वर्णन नहीं किया जा सकता कि जिसने सिंहको मार डाला, शिलाको चला दिया और राजाको अपने वशमें कर लिया॥१५॥

१६

यह सुनकर नरनाथ (अश्वग्रीव) विरुद्ध हो उठा मानो हाथी की गन्धका लोभी सिंह हो, धक-धक-धक जलती हुई चंचल शिखावाली, घृत धाराओंसे सींची गयी मानो आग हो, लाल-लाल नेत्रोंकी कान्तिसे दसों दिशाओंको रंजित करनेवाला आशीविष, पुष्पके समान दाँत-वाला मानो नाग हो, जो मानो त्रिभुवनको निगलनेमें आदर रखनेवाला, दूसरेकी श्रीका अपहरण करनेवाला, असिवरसे हाथ फैलाये हुए यम हो। वह क्रोधमें आकर भौंहोंसे भटोंके लिए भयंकर हाथके प्रहारसे सिंहासनको प्रताड़ित करनेवाला वह कहता है कि मैं आज युद्धमें ज्वलन जटीको मारकर, यमके मुखविवरके भीतर डाल दूँगा और दामादके साथ उसको दिशाबलि दूँगा। भूखसे नष्ट यम तृप्ति प्राप्त कर लेगा। उस अवसरपर नृपशासनका पालन करनेवाले उससे हजारों राजाओंने आज्ञा माँगी। परन्तु उसने नहीं भेजा, वह स्वयं चला। हरिश्मश्रु मन्त्रीने उससे कहा कि जो सिंहके जीवका नाश करता है, जो कोटिशिलाको चलाता है, वह निश्चय ही सामान्य व्यक्ति नहीं है। इसलिए तुम्हें स्वयं जाना उचित नहीं है।

६. AP पोयणपुरिवइ। ७. P omits ण।

१६. १. AP रत्तणेत्तु। २. AP जमु। ३. A °सिरहर°। ४. AP भिउडिभय°। ५. P मयणासणु। ६. AP कयंतदंतविवरंतरि। ७. AP जामाएं। ८. A धव; P धउ। ९. AP णिवसासणु। १०. AP पेसिय। ११. P हरिमंसुसुमंतिहिं बोल्लिउ; P गरिमस्ससुमंतिहिं बोल्लिउ।

घत्ता—हयकंठें वुत्तु विउस ण किं पि विवाएं ॥
किं सूरहु को वि वड्डिमु दीसइ तेएं ॥१६॥

१७

मज्झु वि पासिउं[1] को[2] जगि सूरउ को महिवइ वरवीरवियारउ।
रयणमाल बद्धी मंडलगलि हउं अवगण्णिउ जाइवि महियलि।
जेण कण्ण दिण्णी भूगमणहं सो पइसरउ सरणु सिहिपवणहं।
सो पइसरउ सरणु देविंदहु सो पइसरउ सरणु धरणिंदहु।
सो हउं कड्ढिवि[3] अज्जु जि फाडमि वइवसपुरवरपंथें धाडमि।
सवणायण्णियपावरसद्दें सिल चालिज्जइ किं ण बलद्दें।
सीहु सीहु सोंडें सोसिज्जइ एयहिं साहसेहिं लज्जिज्जइ।
तरुणीमग्गणचाडुयवंतें किं वेहाविउ सो वरइत्तें।
मणिकुंडलमंडियगंडयलइं दोहं वि तोडमि रणि सिरकमलइं।
एंव चवेवि धीरु हुंकारिवि णिग्गउ मंतिमंतु अवहेरिवि।
संदाणियविमाणं[4]परिवाडिहिं परिवारिउ विज्जाहरकोडिहिं।
ओरुंजंतिहिं आहवभेरिहिं जुयखइ[5] णाइ रसंतिहिं मारिहिं।
णं सायरु मज्जायविमुक्कउ महिहरमेहल रुंभिवि थक्कउ।

घत्ता—अश्वग्रीव बोला, हे विद्वान्, विवादमें कुछ भी नहीं है, क्या तेजमें कोई भी सूर्यसे बड़ा दिखाई देता है ॥१६॥

१७

मेरी तुलनामें संसारमें कौन बड़ा है? कौन राजा वरवीरोंका विदारण करनेवाला है? कुत्तेके गलेमें रत्नोंकी माला बाँध दी गई, और मेरी उपेक्षा की गयी। धरतीतलपर जाकर जिसने भूमिपर चलनेवालोंके लिए कन्या दी है, वह आज पवन और आगमें प्रवेश करे, वह देवेन्द्रकी शरणमें जाये, वह धरणेन्द्रकी शरणमें प्रवेश करे, उसे मैं खींचकर आज ही फाड़ डालूँगा और यमपुरके मार्गपर भेज दूँगा। जिसने अपने कानोंमें प्रावृट्-शब्द सुना है ऐसे बैलके द्वारा शिलाका संचालन क्यों न किया जाये? सीहु और सीधु (सिंह और मद्य) का शोषण शौंड (मद्यप और गज) के द्वारा किया जाता है, इन साहसोंके द्वारा लज्जा आती है, युवती माँगनेके लिए चापलूसी करनेवाले वरदत्तने इस प्रकारकी गर्जना क्यों की? जिसके गण्डतल मणिकुण्डलोंसे मण्डित हैं, ऐसे दोनों सिर-कमलोंको तोड़ूँगा। यह कहकर और हुंकारकर वह धीर मन्त्रीके मन्त्रको अवहेलना करके गया। प्रदर्शन किया गया है विमानोंकी परम्पराका जिसमें ऐसी विद्याधरोंकी श्रेणियोंके द्वारा वह घेर लिया गया। बजते हुए युद्धके नगाड़ोंके साथ, युगक्षयमें जैसे बजती हुई मारियोंके साथ मानो समुद्र मर्यादाहीन हो उठा हो। और मानो महीधरकी मेखलाको रुद्ध कर बैठ गया हो।

१७. १. AP पासि। २. P को वि जगि। ३. A कड्ढमि। ४. AP °विवाण°। ५. A जुगखइ।

घत्ता—इह दाहिणभरहि वणि जलंततणुसारइ ॥
आवासिउं सेण्णु पुप्फदंतकरवारइ ॥१७॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए
महाकव्वे तिविट्ठुँसिंघमारणकोडिसिलुच्चायणं णाम एक्कवण्णासमो
परिच्छेओ समत्तो ॥५१॥

घत्ता—इस प्रकार दक्षिण भरतक्षेत्रके वनमें जिसमें कि तृणसमूह जल गया है, तथा सूर्य-चन्द्रमाकी किरणोंको रोकनेवाले वनमें उसने सैन्यको ठहरा दिया ॥१७॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा
विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का त्रिपृष्ठके द्वारा
सिंहमारण और कोटिशिला उत्तालन नामक इक्यावनवाँ परिच्छेद
समाप्त हुआ ॥५१॥

---

६. A जलतणकणसारइ; P जलवणकणसारइ। ७. AP कोडिसिलासंचालणं तिविट्ठुविवाहकल्लाणं णाम।

संधि ५२

दलियारिंदकरि रूसिवि हरि खगकुलभवणपईवहु ॥
चिरभववइरवसु आलद्धमिसु भिडिउ गंपि हयगीवहु ॥ध्रुवकं॥

१

दुवई—खुहियखगिंदविंद[1]किंकररवगज्जियगंधसिंधु[2]रो ॥
जाव तिखंडखोणिपरमेसरु चल्लिउ तुरयकंधरो ॥

तावेत्तहि पोयणणामणयरि — भूगोयरवइघर[3]वसियखयरि ।
पणवियसिरेण मउलियकरेण — सिहिजडिहि सिट्ठु जाइवि चरेण ।
भो[4] खगवइ णिरु अण्णा[5]यवट्टि — तुज्झुप्परि आये[6]उ चक्कवट्टि ।
आरुट्ठउ कण्णाकारणेण — जं एव समासिउ चारणेण ।
तं सुं[7]णिवि पयावइ तेण भणिउ — अम्हहिं सु[8]हुं सुत्तउ सीहु व्[9]णिउ ।
सो उट्ठिउ एवहिं बलमहंतु — धणुलंगूलउ सरणहरवंतु ।
असिजीहापल्लवललललंतु — मंतिज्जइ एवहिं सो ज्जि मंतु ।
उवसमइ जेण सो कूरचित्तु — ता [10]सस्सुएण सहसत्ति उत्तु ।

सन्धि ५२

शत्रुगजोंका नाश करनेवाले नारायण और बलभद्र पूर्वभवके वैरके वशीभूत होकर और बहाना पाकर क्रोधपूर्वक विद्याधरकुल वलयके प्रदीप अश्वग्रीवसे जाकर भिड़ गये।

घत्ता—क्षुब्ध विद्याधरेन्द्र-समूहके अनुचरोंके शब्दसे जिसका गन्धहाथी गर्जित है, ऐसा त्रिखण्ड धरतीका स्वामी अश्वग्रीव जबतक चला—

१

तबतक, यहाँ जिसमें मानवराजाके घर विद्याधर बसे हुए हैं, ऐसे पोदनपुर नगरमें सिरसे प्रणाम करते हुए और हाथ जोड़कर दूतने ज्वलनजटीसे जाकर कहा—"हे विद्याधरराज, अत्यन्त अन्यायी चक्रवर्ती राजा तुम्हारे ऊपर आया है। कन्याके कारण वह तुमसे क्षुब्ध है।" जब दूतने इस प्रकार संक्षेपमें कथन किया तो उसने (ज्वलनजटीने) प्रजावतीसे कहा कि "हमने सुखसे सोते हुए सिंहको घायल कर दिया है, बलसे महान् इस समय धनुष जिसकी पूँछ है और जो तीररूपी नखोंसे युक्त है, ऐसा वह अपनी तलवाररूपी जिह्वाको लपलपाता हुआ उठ खड़ा हुआ है, इस समय वही मन्त्र करना चाहिए जिससे क्रूरचित्त वह शान्त हो जाये। आग वहीं

A gives, at the beginning of this Saṃdhi, the stanza दीनानाथधनं etc. for which see page 139. P gives it at L. K does not give it anywhere.

१. १. AP °बंद° । २. AP °संधुरो । ३. AP °घरि वसिय° । ४. A सो खगवइ । ५. अण्णायवत्ति । ६. A आवइ । ७. A तं णिसुणि । ८. A सुहि । ९. A धुणिउ; P वणिउ । १०. A सुम्मएण ।

तइ जलइ जलणु जइ णत्थि वारि जइ णत्थि संति तो पडइ मारि।
भो आणइ मरणु पहाणवइरु [11]भो वत्थु ण णिज्जइ कालु सुइरु।
पहु लहु दीसइ जुंजेवि सामु ता विहसिवि भासइ पढम[12]रामु।
घत्ता—सज्जणु उवसमइ खलु किं खमइ बोल्लंतहुं[13] सुइमिट्ठउं।
घिउ हुयवह[14]मिलिउं जललवजलिउं बप्प किं ण पइं दिट्ठउं ॥१॥

२

दुवई—मित्त तिविट्ठि रुट्ठि गिरिधीर वि एंति ण वइरिणो रणं ॥
किं विसहंति दंति हरिणाहिवखरकररुहवियारणं ॥
जइयहुं अहिवलयविलंबमाण[1] वणि उच्चाइय सिल इलसमाण[2]।
मइं जाणिउं तइयहुं कहिं[3] वि कालि देवहुं पेक्खंतहं भडवमालि।
तोडेसइ हयकंधरहु सीसु रत्तच्छिवत्तु[4] भूभंगभीसु।
को हालाहलु जीहाइ कलइ को करयलेण हरिकुलिसु[5] दलइ।
को गयणि जंतु अहिमयरु खलइ को णियबलेण धरणियलु तुलइ।
को कालु कयंतहु माणु मलइ को जलणि णिहित्तु वि णाहिं जलइ।
को फणिवइफ[6]णमणिणियरु हरइ को पडिय विज्जु सीसेण धरइ।
को भंडइ सहुं महुं भायरेण तो[7] जंपिउ मंति[8] सायरेण।

जलती है जहाँ पानी नहीं होता, जहाँ शान्ति नहीं होती तो वहाँ आपत्ति आती है, प्रधानका वैर, मृत्युको लाता है, अरे यहाँ बहुत समय नहीं बिताना चाहिए। हे प्रभु, मिलनेसे शीघ्र साम दिखाई देगा।" (यह सुनकर) तब प्रथम राम (बलभद्र विजय) ने हँसकर कहा—

घत्ता—सज्जन शान्त होता है, कानोंको मीठा लगनेवाला बोलनेपर भी क्या दुष्ट क्षमा करता है ? हे सुभट, आगसे मिला हुआ (जलता हुआ) और जलकणोंसे मिला हुआ घी क्या तुमने नहीं देखा ? ॥१॥

२

हे मित्र, त्रिपृष्ठके क्रुद्ध होनेपर भी पहाड़की तरह धीर वैरी रणमें नहीं आते। सिंहके द्वारा तीखे नखोंसे विदारणका क्या गज उपहास करते हैं ? जब सर्पमण्डलसे अवलम्बित पृथ्वी जैसी शिलाको उसने उठाया था, तभी मैंने जान लिया था कि देवोंके देखते हुए, योद्धाओंके कोलाहलके बीच किसी भी समय वह अश्वग्रीवके लाल-लाल आँखोंवाले तथा भ्रूभंगसे भयंकर सिरको तोड़ेगा ? विषको जीभसे कौन छूता है ? करतलसे इन्द्रके वज्रको कौन चूर-चूर कर सकता है; आकाशमें जाते हुए सूर्यको कौन स्खलित कर सकता है ? कौन अपनी शक्तिसे पृथ्वीको तौल सकता है ? कौन काल और यमके मानको मैला कर सकता है ? कौन आगमें रखे जानेपर भी, नहीं जलता ? नागराजके फनके मणिसमूहका अपहरण कौन कर सकता है ? गिरती हुई बिजलीको कौन धारण कर सकता है ? मेरे भाईके साथ कौन युद्ध कर सकता है ? तब सागर मन्त्री बोला—"हे बलभद्र और चन्द्रमाके समान कान्तिवाले, आपने जैसा जो जाना है, उसमें जरा भी

११. AP धुउ। १२. A पढमु रामु। १३. A बोल्लंतहो। १४. A हुववहमिलिउ; P हुयवहि मिलिउ।
२. १. A °विलंबमाणे। २. A °समाणे। ३. AP तहिं। ४. AP रत्तच्छिवंतु। ५. A °कुलिसु। ६. A फणिवइफणिमणु। ७. AP तो। ८. A मंतें सायरेण।

भो सीराउह तुहिणयरकंति — जं पइं जाणिउं तिह तं ण भंति ।
लइ तो वि देव किज्जइ परिक्ख — उवइसहु कुमारहु मंतसिक्ख ।
बीयक्खराइं मणि संभरंतु — आसीणु सत्तंरत्तें[9] तुरंतु ।
जइ साहइ विज्जादेवयाउ — तो करइ परहं मरणावयाउ ।
विज्जासाहणविहिभेयभिण्णु — ता ससुरएण उवएसु दिण्णु ।
थिउ झाणारूढउ हलि उविंदु — सत्तमदिणि कंपाविउ फणिंदु ।
घत्ता—विज्जाजोइणिउ वरदाइणिउ हरिरामेंहुं[10] पणवंतिउ ॥
रिउजमदूइयउ[11] खणि आइयउ देहु णियमु पभणंतिउ ॥२॥

३

दुवई—गारुडविज्ज पुज्जे[1] संसाहिय हरिणा भुवणखोहिणी ॥
अवर[2] महंतसत्तुसंचूरणि पंवर[3] वि णाम रोहिणी ॥
खग्गथंभणी[4] — बलणिसुंभणी[5] ।
गयणचारिणी — तिमिरकारिणी ।
सीहवाहिणी — वइरिमोहणी ।
वेयगामिणी — दिव्वकामिणी ।
विवरवासिणी — णायवासिणी ।
जलणवरिसिणी — सलिलसोसणी[6] ।
धरणिदारणी[7] — कुडिलमारणी ।
बंधमोयणी — विविहरूविणी ।
मुक्कोंतला[8] — लोहसंखला ।
छइयदसदिसी — कालरक्खसी ।

भ्रान्ति नहीं। तब भी हे देव, लो, परीक्षा कर लीजिए; कुमारके लिए मन्त्रशिक्षाका उपदेश दीजिए; वह तुरन्त सात रात तक बैठकर बीजाक्षरोंका ध्यान करता हुआ यदि विद्यादेवियाँ सिद्ध कर लेता है, तो वह दूसरोंके लिए मरणरूपी आपत्ति कर सकता है।" तब ससुरने विद्या-साधनकी विधिके रहस्यसे परिपूर्ण उपदेश उसे दिया। बलभद्र और नारायण ध्यानमें लीन होकर बैठ गये। सातवें दिन नागराज कम्पायमान हो उठा।

घत्ता—वर देनेवाली विद्यारूपी योगिनियाँ बलभद्र और नारायण (विजय और त्रिपृष्ठ) को प्रणाम करती हुई शत्रुके लिए यमदूतीकी तरह, 'आदेश दो' कहती हुई आयीं ॥२॥

३

नारायणने संसारको क्षुब्ध करनेवाली पूज्य गारुड़विद्या सिद्ध कर ली। एक और दूसरी महान् शत्रुको चूर करनेवाली रोहिणी नामकी महान् विद्या सिद्ध कर ली। खड्गस्तम्भिनी, वननिशुंभिनी, आकाशगामिनी, अन्धकारकारिणी, सिंहवाहिनी, वैरीमोहिनी, वेगगामिनी, दिव्यकामिनी, विवरवासिनी, नागवासिनी, ज्वलनवर्षिणी, सलिलशोषिणी, भूमिविदारिणी, कुटिलमारिणी, बन्धमोचनी, विविधरूपिणी, मुक्तकुन्तला, लोहश्रृंखला, दसदिशा-आच्छादिनी,

९. AP सत्तरत्तिउ। १० A हरिरायहो। ११. P दूइओ।

३. १. A पुंज। २. A सयल महंत सत्त°; P सयलमहंतु सत्तु°। ३. AP अवर वि। ४. AP °थंभिणी। ५. AP °णिसुंभिणी। ६. AP °सोसिणी। ७. P °दारिणी। ८. AP विविहकुंतला।

वयणपेसला विजयमंगला।
रिक्खमालिणी तिक्खसूलिणी।
चंदमउलिणी सिद्धवालिणी।
पिंगलोयणा धुणियफणिफणा।
थेरि थुरुहुरी घोर[9]घोसिरी।
भीरुभेसिरी पलयदंसिरी।
इय सणामहं दिण्णकामहं।

घत्ता—पंच समागयइं विज्जहं[10] सयइं दक्खवंति सवसित्तणु॥
तोसियवासवहं बलकेसवहं घरि करंति दासित्तणु॥३॥

४

दुवई—विज्जागमणमुणिइ[1] हरिपोरिसि पसरियसिरिविलासए॥
णिहय पयाणभेरि जगभइरव वियलिइ सयण[2]संसए॥
विज्जाहरमहिहरणाह बे वि जल[3]णजडि पयावइ धुरि करेवि।
चलियइं सेण्णइं रिउरणमणाइं बलएववासुएवहं तणाइं।
णहु कंपइ कंपंतहिं धयहिं महि हल्लइ गच्छंतहिं गएहिं।
रह चिक्कवंत चल चिक्करंति पडिवक्खमरणु णं वज्जरंति।
जाएं हरिखुरधूलीरएण धूसरिउ सूरु दूरंगएण।
भडरोलें सुत्तुट्ठिउ कयंतु छत्तहिं संछण्णउं दहदियंतु।
जोइय जणेण परवीरजूर सोमुग्गदेह णं चंद सूर।

कालराक्षसी, वचनपेशला, विजयमंगला, ऋक्षमालिनी, तीक्ष्णशूलिनी, चन्द्राच्छादिनी, सिद्धपालिनी, पिंगलोचना, फणीफणध्वननी, स्थविरा, स्थूलधरा, घोरघोषिणी, भीरुभीषिणी, प्रलयदर्शिनी इन नामोंवाली और कामनाओंको प्रदान करनेवालीं—

घत्ता—एक सौ पांच विद्याएँ अपनी अधीनता उसके लिए दिखाती हैं। और इन्द्रोंको सन्तुष्ट करनेवाले बलभद्र और नारायणके घर दासता करती हैं॥३॥

४

विद्याओंके आगमनसे नारायणका पौरुष ज्ञात होनेपर तथा लक्ष्मीका विलास फैलनेपर और स्वजनोंका संशय दूर होनेपर विश्वभयंकर प्रयाण-भेरी बजा दी गयी। दोनों विद्याधरराजा और महीधरराजा ज्वलनजटी और प्रजापतिको आगे कर शत्रुसे युद्ध करनेका मन रखनेवाली बलदेव और वासुदेवकी सेनाएँ चलीं। काँपती हुई ध्वजाओंसे आकाश काँप उठता है, गजोंके चलनेपर धरती कांप उठती है। रथके चिक्कार करनेपर धरती चीत्कार कर उठती है, मानो शत्रुपक्षकी मृत्युको घोषित कर रहे हों। दूर तक गयी हुई, घोड़ोंके खुरोंकी धूलिरजसे सूर्य धूसरित हो गया। योद्धाओंके शब्दसे सोया हुआ यम उठ बैठा। दसों दिशाएँ छत्रोंसे आच्छन्न हो गयीं। शत्रुवीरोंको सतानेवाले उन्हें लोगोंने इस प्रकार देखा, मानो सौम्य और उग्रदेहवाले चन्द्र-सूर्य हों;

---

९. AP °घोसिणी। १०. A विज्जइं सयइं।
४. १. P °गमणु मुणिइ। २. A सइणसंसए। ३. A जडणजडि। ४. P धर।

णं अट्टहास बहलंधयार णं उवसमरस सिंगार[5]भार।
गच्छंतवारणारूढदेह हलहर हरि णं सियअसियमेह।
झल्लरिमुइंगकाहलरवेण दियहेहिं गंपि स[6]वरुच्छवेण।
कुसुमियपियालकक्कोलएलि तहिं थक्क संदणावत्तसेलि।
घत्ता—पवणचलंतियहिं धयपंतियहिं णहु णं उप्परि घुलियउं॥
णच्चियणर[7]वणडिहिं पिहुपडकुडिहिं खोणीयलु चित्तलियउं॥४॥

५

दुवई—चिंचिणिचार[1]चूयचवचंपयचंदणबद्धकुंजरे॥
थिइ प[2]डिवलि तुरंगहिलिहिलिरवे सयडावत्तगिरिवरे॥
जोएवि सिविरु णवघणसरेहिं विण्णविउ णवेप्पिणु चरणेरहिं।
अरिपुरवरघरसंदिण्णडाहु विज्जाहरभूयरभूमिणाहु।
आढत्तउ जिणु वम्महसरेहिं आढत्तउ आहंडलु णरेहिं।
आढत्तउ खज्जोएहिं भाणु आढत्तउ तरुणियरें किसाणु।
आढत्तउ केसरि जंबुएहिं आढत्तउ ज[3]उं जीवियचुएहिं।
आढत्तउ गयवरु गद्दहेहिं आढत्तउ मंतुग्ग[4]मु गहेहिं।
आढत्तउ रइवइ क[5]इयवेहिं आढत्तउ मोक्खु वि ज[6]डतवेहिं।
भो देवदेव संधियसरेहिं आढत्तउ तुहुं णियकिंकरेहिं।

मानो अट्टहास और सघन-अन्धकार हों, मानो शान्तरस और शृंगारभार हो, चलते हुए गजोंपर आरूढ शरीर बलभद्र और नारायण ऐसे मालूम होते हैं, मानो सफेद और काले मेघ हों। झल्लरी मृदंग और काहलोंके शब्दोंसे और युद्धके उत्साहके साथ कुछ दिनों तक चलकर वे, जिसमें प्रियाल अशोक और एला वृक्ष खिले हुए हैं, ऐसे स्यंदनावर्त पर्वतपर वे ठहर गये।

घत्ता—हवासे चलती हुई ध्वजपंक्तियोंसे मानो ऊपर आकाश घूम उठा और नीचे नाचती हुई राजनर्तकियों और विशाल पटकुटियोंसे धरतीतल रंग-बिरंगा हो उठा॥४॥

५

जिसमें, चिंचिणी चार आम्र धौ चम्पक और चन्दन वृक्षोंसे हाथी बँधे हुए हैं और घोड़ोंके हिनहिनानेका शब्द हो रहा है, ऐसे शकटावर्त पहाड़पर शत्रुसेना ठहर गयी। नवघनके समान स्वरवाले चर मनुष्योंने शिविर देखकर, प्रणामकर राजासे निवेदन किया—"जिसने शत्रु नगरोंके घरोंको आग लगा दी है और जो विद्याधर मनुष्योंकी भूमियोंके स्वामी हैं, ऐसे हे देवदेव, कामदेवके बाणोंने जिनवरको आक्रान्त किया है, मनुष्योंने इन्द्रको आक्रान्त किया है, जुगनुओंने सूर्यको आक्रान्त किया है, तरुसमूहने आगको आक्रान्त किया है, सियारोंने सिंहको आक्रान्त किया है, जीवनसे च्युत लोगोंने यमको आक्रान्त किया है, गधोंने गजवरको आक्रान्त किया है, ग्रहोंने मन्त्रके उद्गमको आक्रान्त किया है, कपटोंने कामदेवको आक्रान्त कर लिया है, जड़तपस्वियोंने मोक्षको आक्रान्त किया है, जिन्होंने अपने तीरोंका सन्धान कर लिया है ऐसे अपने ही अनुचरोंने तुम्हें

५. A सिंगारहार। ६. P समरु°। ७. AP णिवणडि°।

५. १. A °चारुचूयधव°; P °चारचूयधय। २. A पडिबलतुरंग°। ३. AP जमु। ४. A पत्तंगमु। ५. AP कइवएहिं। ६. P जडमवेहिं।

रहणेउरवइ णरवइ सबंधु सहुं णंदणेण चंदाहिचिंधु[७]।
अण्णेक्कु पयावइ पोयणेसु आरुट्ठु[८] सुट्ठु खयकालवेसु।
अण्णेक्कु मुसलि तहिं कसणवासु अण्णु वि जो दिट्ठउ पीयवासु।
किं अक्खमि पहुसामत्थु तासु देव वि संकाइ णवंति जासु।
घत्ता—णिसुणिवि तुह चलणु खलयणमलणु देवयाउ साहेप्पिणु॥
वलइयधणुवलय णं खयजलय थिय महिहरि आवेप्पिणु॥५॥

६

दुवई—चवइ खगिंदचंदु[१] करवालविहंडियतुरयकरिसिरे॥
रत्ततरंतमत्तरयणीयरि णिहणवि[२] रिउं रणाइरे॥
ता कहइ मंति णामें विहाउ जगडिंभहु एवहिं तुहुं जि ताउ।
जइ आणालंघणु कयउ तेहिं सुय दिण्ण पडिच्छिय पत्थिवेहिं।
एहउ आयारु णराहिवाहं पेसिज्जउ दूयउ को वि ताहं।
सो दूयउ जो भासापवीणु सो दूयउ जो पंडिउ अदीणु।
सो दूयउ जो अहिमाणि[३] दाणि सो दूयउ जो मियमहुरवाणि[४]।
सो दूयउ जो गंभीरु धीरु सो दूयउ जो णयवंतु सूरु[५]।
सो दूयउ जो परचित्तलक्खु सो दूयउ जो पोसियसपक्खु।
सो दूयउ जो बुज्झियविसेसु सो दूयउ जो सुविसिट्ठवेसु[६]।

आक्रान्त किया है। रथनूपुरका स्वामी अपना बन्धु राजा (ज्वलनजटी), तथा पुत्रके साथ, चन्द्रमाके समान उज्ज्वल सर्पध्वजवाला एक दूसरा पोदनपुरका स्वामी प्रजापति क्षयकालके रूपमें तुमपर अत्यन्त क्रुद्ध है। एक ओर विजय बलभद्र नीलवस्त्रोंवाला है और दूसरा जो पीले वस्त्रों-वाला दिखाई देता है, मैं उसकी प्रभुसामर्थ्यका क्या वर्णन करूँ? देव भी शंकासे उसे नमन करते हैं।

घत्ता—तुम्हारे दुष्टजनोंका मर्दन करनेवाले प्रस्थानको सुनकर, विद्यादेवियोंको सिद्ध कर, जिन्होंने धनुषकी प्रत्यंचाओंको तान लिया है, ऐसे वे, मानो क्षयकालके मेघोंके समान पर्वतपर आकर ठहर गये हैं॥५॥

६

तब विद्याधर राजा कहता है, 'जिसमें घोड़ों और हाथियोंके सिर तलवारसे खण्डित होते हैं, तथा रक्तमें निशाचर तैरते हैं, ऐसे युद्धप्रांगणमें, मैं शत्रुको मारूँगा।" इसपर विधाता नामका मन्त्री कहता है, "इस समय विश्वरूपी बालकके तुम पिता हो, यदि उन राजाओंने आज्ञाका उल्लंघन किया है और दी हुई कन्याको स्वीकार कर लिया है, तो महाधिपोंका यही आचार है कि उनके पास कोई दूत भेजा जाये। दूत वह है जो भाषामें प्रवीण हो, वह दूत है जो विद्वान् और अदीन हो, वह दूत है जो स्वाभिमानी और दानी है, वह दूत है जो मधुर वाणी बोलनेवाला है, वह दूत है जो गम्भीर और धीर है, वह दूत है जो नीतिवान् और शूर है। वह दूत है जो दूसरे-के मनका ज्ञाता है, वह दूत है जो अपने पक्षका समर्थन करनेवाला है, वह दूत है जो विशेषको

७. A चंदाहचिंधु; T चंदाहविंबु चन्द्रनागबिंबाः। ८. A आरूढु।
६. १. A खगिंदचंडु। २. A णिहणिवि। ३. A मियमहुरवाणि। ४. A अभिमाणि दाणि। ५. A सारु।
६. A सुविसुद्धवेसु।

सो दूयउ जो कयसंधिणामु सो दूयउ जो वज्जरियसामु।
सो दूयउ जो णिद्दिट्ठमंतु सो दूयउ जो कुलजाइवंतु।
सो दूयउ जो उवइट्ठदंडु[7] सो दूयउ जो संगामचंडु[8]।
सो दूयउ जो रिउहिययसूलु सो दूयउ पेसिउ रयणचूलु।
णिवसंतगरुयखंधाररोलु तं गच्छिवि गिरिगहणंतरालु
पणवेवि तेण[9] पालियविसिट्ठु अत्थाणि णिविट्ठु तिविट्ठु दिट्ठु।
घत्ता—दूएं वज्जरिउं पहु विप्फुरिउ दिव्वपुरिस[10]गुणजाणउ॥
गुणिगहणुज्जि[11] तुहुं अणुहुंजि सुहुं पेक्खु णवेप्पिणु राणउ॥६॥

७

दुवई—जा मग्गिय[1] णिवेण खगसुंदरि सा तुह होइ सामिणी॥
देवि खमंसणिज्ज सा कामहि किं कामंध कामिणी॥
मा रसउ काउ चप्पिवि कवालु भक्खंतु म गिद्ध भडंतजालु।
मा सरसयणीयलि सुयउ ताउ मा पोयणपुरवरु खयहु जाउ।
मा उट्ठउ रहचूरणणिहाउ भज्जंतु म चामरछत्तकेउ।
दीसउ मा सयणहं मरणहेउ[2] रसवस[3]समुद्दकंकालसेउ।
मा रुहिरु कालवेयालु पियउ मा सूरकित्ति जमकरण णियउ।
मा करउ मृगावइ[4] पुत्तदुक्खु मा छिज्जउ[5] हलहर[6]कप्परुक्खु।

जाननेवाला है, वह दूत है जो विशिष्ट वेशवाला है, वह दूत है जो सन्धान करना जानता है, वह दूत है जो 'साम'का कथन करनेवाला है, वह दूत है जिसने दण्डका उपदेश दिया हो, वह दूत है जो कुलीन और जातिवाला हो, वह दूत है जो युद्धमें प्रचण्ड हो, वह दूत है जो शत्रुके लिए हृदयका काँटा हो। ऐसा वह रत्नचूड़ नामका दूत भेजा गया। जिसमें निवास करते हुए स्कन्धावारका भयंकर शब्द है, ऐसे उस गिरिके गहन अन्तरालमें जाकर, उसने प्रजाका पालन करनेवाले दरबारमें आसनपर बैठे हुए त्रिपृष्ठको देखा।

घत्ता—दूतने कहा—"हे प्रभु, विकसित दिव्य पुरुषके गुणगणके ज्ञाता गुणी व्यक्तिको ग्रहण करनेमें ओजस्वी तुम सुखका भोग करो और प्रणाम कर राजासे मिल लो॥६॥

७

और जो राजा (अश्वग्रीव) ने विद्याधर सुन्दरी माँगी है, वह तुम्हारी स्वामिनी होती है। जो देवी तुम्हारे द्वारा नमन करने योग्य है, उस स्त्रीको हे कामान्ध तू क्यों चाहता है? तुम्हारे सिरपर बैठकर न बोले, योद्धाओंके आँतोंके जालको गीध न खायें, तुम्हारे पिता तीरोंके शयनीयतलपर न सोयें, पोदनपुर नगर क्षयको प्राप्त न हो, रथोंके चूर्ण होनेका शब्द न हो, चमर-छत्र और ध्वज नष्ट न हों, स्वजनोंके मरणका कारण रस और मज्जाके समुद्रमें कंकाल सेतु दिखाई न दे, कालरूपी बेताल रुधिर न पियें, शूरकी कीर्तिको यमके अनुचर न देखें। मृगावती पुत्रके दुःख-

---

७. P उवइट्ठुइंदु। ८. P संगामि चंडु। ९. A ते वि। १०. A °पुरिसु। ११. AP गुणिगहणिज्जु।
७. १. A मग्गिय खगेण णिवसुंदरि। २. AP मरणभेउ। ३. A संगरसमुद्द। ४. AP मिगावइ।
५. A छिज्जइ। ६. AP हलहरु।

पहुदोहबहलधूमोहमलिणि जलणजडि पडउ मा पलयजलणि ।
रायहु ढोयहि सा तुहुं कुमारि मा हक्कारहि णियगोत्तमारि

घत्ता—जाणियणयणिवहु कयवइरिवहु मंतबलु वि जो बुज्झइ ॥
जेण तिखंडधर जिय ससुरणर तेण समउं को जुज्झइ ॥७॥

८

दुवई—म करि कुमार किं पि रोसुब्भडवयणे बलिसमप्पणं ॥
करगयकणयवलयपविलोयणि हो किं णियहि दप्पणं ॥
तं सुणिवि भणिउं विट्ठरसवेण भो चारु चारु भासिउं णिवेण ।
अण्णाणु हीणु मज्जायचत्तु मग्गंतु ण लज्जइ परकलत्तु ।
भरहहु लग्गिवि रिद्धीसमिद्धु रायत्तणु कुलि अम्हहं पसिद्धु ।
सो घई पुणु जायउ विहिवसेण विणडिउ परणारीरइरसेण ।
संताणागय महुं तणिय धरणि किं णक्खत्तें जइ तवइ तरणि ।
दप्पिट्ठु दुट्ठु णवणायभट्ठु मरु मारिवि घिवमि तुरंगकंठु ।
तं णिसुणिवि दूएं वुत्तु एंव पाउसि कालंबिणि रसइ जेंव ।
किं वरिसइ भुवणु भरंति तेंव बोल्लंतु ण संकहि वप्प केंव ।

को न करे, बलभद्रका कल्पवृक्ष नष्ट न हो, स्वामी द्रोहके प्रचुर अन्धकारके समूहसे मलिन प्रलयाग्निमें ज्वलनजटी न पड़े, इसलिए वह कुमारी तुम राजाके लिए दे दो, अपने गोत्रके लिए तुम आपत्तिका आह्वान मत करो।"

घत्ता—जिसने नयसमूहको जान लिया है, जिसने शत्रुका वध किया है और जो मन्त्र-बलको भी जानता है, जिसने तीन खण्ड धरती जीत ली है, देवों और मनुष्यों सहित, उससे युद्ध कौन कर सकता है ॥७॥

८

"हे कुमार, क्रोधसे उद्भट मुखवाले उसके लिए बलि समर्पण मत करो, हाथमें स्थित कनकवलयको देख लेनेपर तुम दर्पण क्या ले जाते हो?" यह सुनकर बलभद्रने कहा—"अरे, राजाने बहुत सुन्दर कहा। अज्ञानी नीच और मर्यादाहीन उसे, परस्त्रीको मांगते हुए, लज्जा नहीं आती। भरतसे लेकर ऋद्धिसे समृद्ध राज्यत्व हमारे कुलमें ही प्रसिद्ध रहा है। विधिके विधानसे, परनारीके रतिरसके कारण प्रवंचित वह (अश्वग्रीव) फिर उत्पन्न हुआ है। कुलपरम्परासे धरती हमारी है। जबतक सूर्य तपता है, नक्षत्रोंसे क्या? दर्पिष्ठ दुष्ट और नृप न्यायसे भ्रष्ट अश्वग्रीवको मैं मारकर फेंक दूँगा।" यह सुनकर दूतने इस प्रकार कहा, "पावस ऋतुमें जिस प्रकार कादम्बिनी (मेघमाला) गरजती है, क्या वह उसी प्रकार बरसकर विश्वको भर देती है। हे सुभट, तुम्हें बोलते हुए संकोच क्यों नहीं हो रहा है?

७. AP तुहुं सा। ८. A घरा।

८. १. A रोसुक्कडवयणावलिसमप्पणं; P रोसु भडवयणि। २. P कणगवलय°। ३. A विट्ठुरसवेण। ४. A रयणत्तयकुलि। ५. AP पइं, but K घइं and gloss पादपूरणार्थे। ६. AP जायउ पुणु। ७. AP णिवणाय°।

घत्ता—अग्गइ घणथणिहिं[8] सीमंतिणिहिं[9] रणु बोल्लंतहुं चंगउं ॥
अच्छउ असि अवरु पहुकरपहरु तुह ण सहइ[10] ललियंगउं ॥८॥

९

दुवई—भासइ विस्ससेणु[1] भो जाहि म जंपहि चप्फलं जणे ॥
तुह पइणो महं पि दीसेसइ बाहुबलं रणंगणे ॥

तं णिसुणिवि दूयउ गउ तुरंतु कोवग्गिजालमालाफुरंतु ।
हयगीवहु कहइ अहीणमाणु परमेसर रिउ पोरिसणिहाणु ।
अहिणवविसट्टकंदोट्टणेत्तु ण समप्पइ तं परिणिउं कलत्तु ।
संधाणु ण इच्छइ गरुडकेउ दीसइ भीसणु णं धूमकेउ ।
जिह सक्कइ तिह विज्जाबलेहिं भिडु मुसलहिं सूलहिं सव्वलेहिं ।
ता पभणइ पहु पीडियकिवाणु एवहिं हउं सोहमि जुज्झमाणु ।
किंकर णिहणंतहं णत्थि छाय मा को वि भणेसइ हय वराय ।
अविहेयविहंडणि कवणु दोसु उग्घोसहु लहुं रणरहसघोसु ।
दुद्दमदणु[2]दप्पविमद्दणेण एत्तहि वि मृगा[3]वइणंदणेण ।
अवलोयहुं अवलोयणिय विज्ज पेसिय खग[4]पुंगव वंदणिज्ज ।
भडथडगयघडरह[5]संपउण्णु आइय जोइवि पडिवक्खसेण्णु ।

घत्ता—सघन स्तनोंवाली स्त्रियोंके सम्मुख युद्ध बोलते हुए अच्छा लगता है, तलवार रहे, स्वामीके कर का प्रहार तुम्हारा सुन्दर शरीर नहीं सहन कर सकता" ॥८॥

९

तब त्रिपृष्ठने कहा, "अरे तू जा, लोगोंकी चपलता की बात मत कर। तुम्हारे राजा और मेरा बाहुबल युद्धके आँगनमें दिखाई देगा।" यह सुनकर दूत क्रोधकी ज्वालमालासे तमतमाता हुआ तुरन्त गया। वह अश्वग्रीवसे कहता है कि शत्रु अधिक मानी और पौरुषका निधान है। अभिनव विकसित कमलके समान नेत्रोंवाला वह, उस अपनी विवाहिता पत्नीको समर्पित नहीं करता। वह गरुडध्वजी सन्धि नहीं चाहता। वह भीषण दिखाई देता है, मानो धूमकेतु हो। जिस तरह सम्भव हो, उस प्रकार विद्याबलों, मूसलों, शूलों और सब्बलोंसे लड़िए। तब अपनी तलवारको पीड़ित करता हुआ राजा कहता है कि इस समय मैं युद्ध करता हुआ शोभित होता हूँ। अनुचरोंको मारनेमें कोई यश नहीं है, कोई यह नहीं कहे कि दीनहीनोंको मार दिया गया। अविनीतोंको मारनेमें कोई दोष नहीं। शीघ्र ही युद्धका हर्षवर्धक घोष करो। दुर्दम दानवोंके दर्पको कुचलनेवाले मृगावतीके पुत्रने भी यहाँपर, विद्याधर श्रेष्ठोंके द्वारा वन्दनीय अवलोकिनी विद्याको देखनेके लिए प्रेषित किया। भडघटा, गजघटा और रथोंसे सम्पूर्ण प्रतिपक्ष सैन्यको देखनेके लिए वह आयी।

८. A °घणिहे। ९. A सीमंतिणिहे। १०. AP सहेइ।
९. १. AP वीससेणु हो। २. P °दणुद्दप्प°। ३. AP मिगावइ°। ४. P खगपुंगम। ५. AP °रहहयपउण्णु।

घत्ता—कण्हहु देवयहिँ पुण्णागयहिँ गुणपणामसंपण्णउं ॥
सत्ति अमोहमुहि तूसवियसुहि धणु सारंगु विइण्णउं ॥९॥

१०

दुवई—आणिवि सुरवरेहिँ चिरु रक्खिउ मंगलझुणिणिणाइओ ॥
जलयरु पंचयण्णु कोत्थुहमणि असि हरिणो णिवेइओ ॥
अण्णु वि गय हय गय दिण्ण तासु　　कोमुइ णामें दामोयरासु ।
बलएवहु लंगलु मुसलु चारु　　गय चंदिमें णामें हत्थियारु ।
दसदिसवहधाइयकिरणजाल　　दिण्णी उरि घोलइ रयणमाल ।
कंचणकवयंकिउ धवलदेहु　　णं संझाराएं सरयमेहु ।
गुणणविउ सरासणु धरिउ केंव　　मुट्ठिहि माइउं सुकलत्तु जेंव ।
सेयइं चिंधइं उप्परि चलंति　　णं कित्तिवेल्लिपल्लव ललंति ।
छत्तइं णं जयजससस‍िपयाइं　　णं गोमिणिपोमिणिपंकयाइं ।
धरियइं पाइक्कहिँ पंडुराइं　　विणिवारियदिवसाहिवकराइं ।
दीहरदाढावियडाणणेहिँ　　रहवरु कड्ढिउ पंचाणणेहिँ ।
पक्खरिय सत्ति हिलिहिलिहिलंत　　कयसारिसेज्ज गय गुलुगुलंत ।
हणु हणु भणंत मच्छरविमीस　　संणद्ध सुहड पणवियहलीस ।
रणतूरसहासइं ताडियाइं　　कुलगिरिवरसिहरइं पाडियाइं ।

घत्ता—पुण्यसे आयी हुई देवियोंने प्रत्यंचाके नमनसे युक्त बलवान् धनुष और सज्जनोंको सन्तुष्ट करनेवाली अमोघमुखी शक्ति कृष्ण (नारायण त्रिपृष्ठ) को प्रदान की ॥९॥

१०

देवोंने चिरकालसे सुरक्षित तथा मंगल ध्वनिसे निनादित पांचजन्य शंख, कौस्तुभ मणि और तलवार नारायणके लिए निवेदित की। और भी गदा, हाथी, घोड़े और कौमुदी नामका शस्त्र उन दामोदरके लिए दिया। जिसकी किरणोंका जाल दसों दिशाओंमें फैल रहा है ऐसी दी हुई रत्नमाला उनके उरपर पड़ी हुई है। सोनेके कवचसे अंकित धवल शरीर वह ऐसे मालूम होते हैं, मानो सन्ध्यारागसे शरद् मेघ शोभित हो। प्रत्यंचासे झुका हुआ धनुष उन्होंने इस प्रकार रखा, मानो जैसे मुट्ठीसे सुकलत्रको माप लिया हो। श्वेत चिह्न उनके ऊपर चलते हैं, मानो कीर्ति-रूपी लताके पत्ते शोभित हों। जययशरूपी चन्द्रके स्थानभूत छत्र ऐसे मालूम होते हैं मानो पृथ्वी-रूपी लक्ष्मीके कमल हों; सूर्यकी किरणोंका निवारण करनेवाले उन सफेद छत्रोंको अनुचरोंने उठा लिया। लम्बी दाढ़ोंसे विकट मुखवाले सिंहोंने रथवरोंको खींच लिया। कवच पहने हुए सन्नाश्व हिनहिना उठे, पर्याणसे सज्जित गज चिंघाड़ने लगे। मत्सरसे भरे हुए और 'मारो-मारो' कहते हुए तथा जिन्होंने बलभद्रको प्रणाम किया है, ऐसे योद्धा तैयार होने लगे। युद्धके हजारों नगाड़े बजाये जाने लगे तथा कुलगिरियोंके शिखर टूटकर गिरने लगे।

६. AP °संपुण्णउ। ७. AP सत्तियमोहमुहि।
१०. १. A हयरह दिण्ण। २. AP चंदियणामें। ३. A दहदिहहवधाहिय°; P दहदिसिवहधाइय। ४. P गुणणमिउ। ५. A P कय सज्ज सारि। ६. P वाडियाइं।

घत्ता—गेज्जावलिमुहलि रंजियभसलि अरिकरिंदपसरियकरि ॥
अविरयगलियमइ हरि मत्तगइ चडिउ सीहु णं महिहरि ॥१०॥

११

दुवई—थक्को धयवडम्मि पक्खुग्गयपवणुड्डुवियपडिणिवो ॥
चलचंचेलचुंचुंबियचंदक्कघरो खगाहिवो ॥

संणद्धु पयावइ दीहबाहु — असितडिहरु णं खयसलिलवाहु ।
उच्चारिवि जिणवरणाममंतु — संणाहु लइउ मणि जिगिजिगंतु ।
हुयवहजडि हुयवहफुरणतिव्वु — तहु तणुरुहु भुयबलगहियगव्वु ।
पहरणइं लेंतु रणदारुणाइं — दिव्वइं वायव्वें वारुणाइं ।
संचोइउ कुंजरु गज्जमाणु — णउ गेण्हइ दिण्णउं देहताणु ।
णिच्चिच्चुंचें रोमंचएण — कंपाविय रिउ कंपियधएण ।
भडु को वि ण खग्गहु देइ हत्थु — परपहरणहरणि सया समत्थु ।
भडु को वि ण लावइ घुसिणु अंगि — रावेसइ तणु रिउरुहिरु अंगि ।

घत्ता—हरिसें को वि णरु थिरथोरकरु धणुहरु जं जं णावइ ॥
पीडिउं कडयडइ मोडिवि पडइ तं तं थावेंहुं णावइ ॥११॥

घत्ता—जो गलेके आभूषणसे मुखर है, जिसपर भ्रमर गूँज रहे हैं, शत्रु गजवरपर जिसकी सूँड़ प्रसरित है, जिससे अविरत मदजल गिर रहा है; ऐसे मत्त गजपर नारायण त्रिपृष्ठ चढ़ गया मानो सिंह पहाड़पर चढ़ गया हो ॥१०॥

११

जिसके पंखोंसे उत्पन्न पवनसे शत्रुनृप उड़ चुके हैं, जिसने अपने चंचल मुखसे सूर्य और चन्द्रमाके विमानोंको छू लिया है, ऐसा गरुड़ ध्वजपटपर स्थित हो गया। दीर्घ बाँहोंवाला प्रजापति तैयार होने लगा मानो तलवाररूपी बिजली धारण करनेवाला प्रलय मेघ हो। जिनवरके नामरूपी मन्त्रका मनमें उच्चारण कर जिगजिगाता हुआ (चमकता हुआ) कवच ले लिया। अग्निके स्फुरणके समान तीव्र ज्वलनजटी, अपने बाहुबलमें गर्व रखनेवाले उसके पुत्र अर्ककीर्तिने युद्धमें दारुण दिव्य वायव्य और वरुण, अस्त्र ले लिये। उसने गरजते हुए हाथीको प्रेरित किया। उसने दिया गया देहत्राण (कवच) नहीं पहना। नित्य ऊँचे रहनेवाले रोमांच और काँपते हुए ध्वजसे उसने शत्रुको कँपा दिया। कोई योद्धा तलवारपर हाथ नहीं देता, क्यों वह शत्रुके हथियार छीननेमें सदा समर्थ रहता है। कोई सुभट अपने शरीरपर केशर नहीं लगाता, वह युद्धमें शत्रुके खूनसे अपने शरीरको रंजित करेगा।

घत्ता—कोई मनुष्य हर्षसे धनुषको धारण करनेवाले अपने स्थिर और स्थूल हाथको जिस-जिसपर धनुष झुकाता है वह पीड़ित होकर कड़कड़ कर उठता है, टूटकर गिर पड़ता है, वह शक्ति सहन नहीं कर पाता ॥११॥

७. A रंजियभसलि । ८. AP अविरल° ।
११. १. AP °चंचेलचंचुचुंबिय° । २. A °चंदक्कधरो । ३. A उच्चाइवि । ४. AP वायव्वइं । ५. A णिच्चेच्चुंचें रोमं°; P णिच्चिचच्चें सररोमं° T णिच्चिचच्च निरन्तरम् । ६. AP °हरणु सया । ७. AP लावेसइ । ८. P धणहरु । ९. A कडयलइ । १०. P थामहु ।

१२

दुवई—विहसिवि सुहडु भणइ लइ गच्छमि दारियकरिवरिंदहो ॥
काइं सरासणेण किं खग्गें महुं रणवणि मइंदहो ॥
भडु को वि भणइ जइ जाइ जीउ तो जाउ थाउ लुदु पहुपयाउ।
भडु को वि भणइ रिउं एंतु चंडु मइं अज्जु करेवउ खंडखंडु ।
भडु को वि भणइ पविलंबियंति मइं हिंदोलेवंउं दंतिदंति ।
भडु को वि भणइ हलि देइ ण्हाणु सुइदेहें दिज्जइ प्राणदाणु ।
भडु को वि भणइ किं करहि हासु णिग्गवि सिरेण रिणु पत्थिवासु ।
भडु को वि भणइ जइ मुंडु पडइ तो महुं रुंडु जि रिउं हणवि णडइ ।
भडु पियहि सरसु वज्जरइ कामि हउं रणदिक्खिउ सरु मोक्खगामि ।
भडु को वि भणइ असिधेणुयाहि जसदुद्धु लेमि णरसंथुयाहिं ।
भडु को वि भणइ हलि छिण्णु जइ वि महुं पाउ पडइ रिउसउंहुं तइ वि ।
भडु को वि सरासणदोसु हरइ सरपत्तइं उज्जुय करिवि धरइ ।
भडु को वि बद्धतोणीरजुयलु णं गरुडसमुद्धयपक्खपडलु ।
भडु को वि भणइ कलहंसवाणि महुं तुहुं जि सक्खि सोहग्गखाणि ।
घत्ता—परबल अब्भिडिवि रिउसिरु खुडिवि जइ ण देमि रायहु सिरि ॥
तो दुक्कियहरणु जिणतवचरणु चरविं घोरु पइसिवि गिरि ॥१२॥

१२

कोई सुभट हँसकर कहता है कि लो, मैं जाता हूँ। जिसने करिवरेन्द्रोंको विदारित किया है, ऐसे मुझ मृगेन्द्रको युद्धरूपी वनमें धनुष और तलवारसे क्या ? कोई योद्धा कहता है कि यदि जीव जाता है तो जाये, यदि प्रभुका प्रताप स्थिर रहता है। कोई सुभट कहता है, मैं आज आते हुए प्रचण्ड शत्रुको खण्ड-खण्ड कर दूँगा। कोई सुभट कहता है कि जिसमें आँतें लटक रही हैं, ऐसे हाथीके दांतपर मैं झूलूँगा। कोई सुभट कहता है—हे सखी, जल्दी स्नान दो। मैं पवित्र शरीरसे प्राणदान दूँगा ? कोई सुभट कहता है कि तुम हँसी क्यों करती हो, मैं अपने सिरसे राजाके ऋणका शोधन करूँगा। कोई सुभट कहता है कि यदि मेरा सिर गिर जाता है, तो मेरा धड़ ही शत्रुको मारकर नाचेगा। कोई कामी सुभट अपनी प्रियासे यह सरस बात कहता है कि मैं युद्धमें दीक्षित मोक्षगामी सर (स्मर और तीर) हूँ। कोई सुभट कहता है कि मैं लोगों के द्वारा संस्तुत असि रूपी धेनुका (छुरी) से यशरूपी दूध लूँगा। कोई सुभट कहता है कि हे सखी, यदि मैं छिन्न भी हो जाता हूँ तब भी मेरा पैर शत्रुके सम्मुख पड़ेगा। कोई सुभट अपने धनुषका दोष दूर करता है, और तीरोंके पत्रोंको सीधा करके धारण करता है। बांध लिया है तूणीरयुगल जिसने, ऐसा कोई सुभट ऐसा जान पड़ता है, मानो गरुड़को दोनों पक्षपटल निकल आये हों। कोई योद्धा कहता है कि हे कलहंसके समान बोलनेवाली और सौभाग्यकी खान, तुम मेरी गवाह हो।

घत्ता—शत्रुसेनासे भिड़कर, शत्रुशिर काटकर यदि मैं राजाकी लक्ष्मी नहीं देता, तो मैं घोर वनमें प्रवेश कर पापको हरण करनेवाले जिनवरका तपश्चरण करूँगा ॥१२॥

१२. १. P करेव्वउ । २. P हिंदोलिव्वउ । ३. A P सुइदेहइं । ४. A P पाणदाणु । ५. A P तुंडु । ६. A सरिसु । ७. A P रिउसमुहुं । ८. A P गरुडु ।

१३

दुवई—लुहि लोयणाइं मुद्धि मा रोवहि हलि भत्तारवच्छले ॥
बंधवि तुह हयारिकरिमोत्तियकंठिय कंठकंदले ॥

पंडिविट्ठुविट्ठुणिव्वाहणाहं संणज्झंतहं बिहिं साहणाहं ।
वहु कासु वि देइ ण दहियतिलउ अहिलसइ वइरिरुहिरेण तिलउ ।
वहु कासु वि घिवइ ण अक्खयाउ खलैवइ करिमोत्तियअक्खयाउ ।
वहु कासु वि करइ ण धूवधूमु मग्गइ पडिसुहडमसाणधूमु ।
वहु कासु वि णप्पइ कुसुममाल इच्छइ लैलंति पिसुणंतमाल ।
वहु कासु वि ण थवइ हत्थि हत्थु तुह लग्गउ गयैघडणारिहत्थु ।
वहु कौ वि ण झुणइ सुमंगलाइं आवेक्खइ अरिसिरमंगलाइं ।
वहु कासु वि णउ दावइ पईवु भो कंत तुहुं जि कुलहरपईवु ।
वहु कासु वि पारंभइ ण णट्टु संचिंतइ सत्तुकबंधणट्टु ।
वहु का वि ण जोयइ किं सिरीइ पिययमु जोएवउ जयसिरीइ ।

घत्ता—वहु पभणइ भणमि हउं पइं गणमि तो तुहुं महुं थण पेल्लहि ॥
भग्गइ णियबलि जइ भडतुमुलि खग्गु लेवि रिउ पेल्लहि ॥१३॥

१४

दुवई—वालालुंचि करिवि जुज्झेज्जसु विसरिसवीरगोंदले ॥
अरिकरिदंतमुसलि पउ देप्पिणु देज्जसु कुंभमंडले ॥

१३

हे मुग्धे, आँखें पोंछ लो, रोओ मत। हे पतिप्रिया सखी, मैं मारे गये शत्रुगजके मोतियोंकी कण्ठमाला तुम्हारे गलेमें बाँधूंगा ? इस प्रकार वासुदेव और प्रतिवासुदेवका निर्वाह करनेवाली तैयार होती हुई सेनाओंमें-से वधू किसीको दहीका तिलक नहीं देती, वह शत्रुके रक्तसे तिलककी इच्छा करती है। वधू किसीके ऊपर अक्षत नहीं डालती, वह गजमुक्तारूपी अक्षतोंकी अभिलाषा करती है, वधू किसीके लिए धूपका धुआँ नहीं करती, वह शत्रु सुभटोंके मरघटका धुआँ माँगती है। वधू किसीके लिए सुमनमाला अर्पित नहीं करती, वह दुष्टोंकी आँतोंकी झूलती हुई माला चाहती है। कोई वधू मंगलोंका उच्चारण नहीं करती, वह शत्रुओंके सिररूपी मंगलोंकी अपेक्षा करती है। वधू किसीको दीपक नहीं दिखाती (वह कहती है) हे स्वामी, तुम्हीं कुलघरके प्रदीप हो। किसी-की वधू नृत्य प्रारम्भ नहीं करती, वह शत्रुके धड़के नृत्यकी चिन्ता करती है। कोई वधू देखती तक नहीं है कि श्रीसे क्या ? प्रियतम विजयलक्ष्मीके द्वारा देखा जायेगा ?

घत्ता—वधू कहती है कि अपनी सेना नष्ट होनेपर यदि तुम सैनिकोंकी भीड़में तलवार लेकर शत्रुको पीड़ित करते हो, तो मैं कहती हूँ कि मैं तुम्हें मानती हूँ और तुम मेरे स्तनोंको पीड़ित कर सकते हो ॥१३॥

१४

असामान्य वीरोंके उस युद्धमें तुम खूब भिड़कर युद्ध करना। शत्रुगजके दाँतरूपी मूसलपर

१३. १. P पडिविट्ठ। २. AP कंखइ but K खलवइ and gloss अभिलषति। ३. A ललंत। ४. A गयघडि। ५. AP कासु वि ण कुणइ मंगलाइं।

कुंजरघडघल्लियमुहवडाइं　　वंसग्गविलंबियधयवडाइं।
कुंकुमचंदणचच्चियभुयाइं　　परिहियमणिकंचणकंचुयाइं।
करलुहियगहियबहुपहरणाइं　　णियसामिकज्जि[1] णिच्छयमणाइं।
काणीणदीणढोइयधणाइं　　भडकलयलबहिरियतिहुवणाइं।
विलुलंतचित्तणेत्तंचलाइं　　अहिणंदियकलसजलुप्पलाइं।
चलचरणचारचालियधराइं　　डोल्लावियगिरिविवरंतराइं।
ढलहलिय[2]घुलियवरविसहराइं　　भयंतसिर[3]रसियघणवणयराइं।
झलझलियवलिय[4]सायरजलाइं　　जलजलियकालकोवाणलाइं।
पयहयरयछइयणहंतराइं　　अणलक्खियहिमयरदिणयराइं।
करिवाहणाइं सपंसाहणाइं[5]　　हरिहरिगीवाहिवसाहणाइं।
ओयइं[6] अण्णण्णहु संमुहाइं　　असिदाढालइं[7] णं जंवमुहाइं[8]।

घत्ता—संचोइयगयइं वाहियहयइं रणरसहरिसविसट्टइं॥
दूरुज्झियभयइं उब्भियधयइं बे वि बलइं अब्भिट्टइं॥१४॥

१५

दुवई—बेण्णि वि दुद्धराइं दुणिरिक्खइं कयणियपहुपणामइं॥
कण्णाहरणकरणरणलग्गइं[1] जयसिरिगहणकामइं॥

पैर देकर कुम्भमण्डलपर पैर रखना। जिसमें हस्तिघटापर मुखपट डाल दिये गये हैं मानो बाँसोंके अग्रभागपर ध्वजपट अवलम्बित हैं, भुजाएँ केशर और चन्दनसे अंचित हैं, जिन्होंने मणियों और सोनेके कंचुक पहन रखे हैं, जिन्होंने साफ किये हुए बहुत-से हथियार हाथमें ले रखे हैं, अपने स्वामीके कार्यमें जो निश्चितमन हैं, जिनमें कानीनों और दीनोंको धन दिया गया है, जिन्होंने योद्धाओंकी कलकल ध्वनिसे त्रिभुवनको बहरा कर दिया है, जिनमें चित्त और नेत्रांचल उपमर्दित हैं, और कलश जल तथा कमल अभिनन्दित हैं, चंचल चरणोंके संचरणसे धरती चलायमान कर दी गयी है, पहाड़ोंके विवरान्तोंको हिला दिया गया है, जिनमें बड़े-बड़े साँप गिरकर चक्राकार घूम रहे हैं, भयसे त्रस्त घनवनचर चिल्ला रहे हैं, समुद्रका जल झलझलाकर मुड़ रहा है, कालरूपी कोपाग्नि प्रज्वलित हो उठी है, पैरोंसे आहत धूलसे आकाशका भाग आच्छादित है और जिसमें सूर्य और चन्द्रमा दिखाई नहीं दे रहे हैं, जिनमें प्रसाधनोंसे सहित हाथियोंके वाहन हैं, ऐसे नारायण और अश्वग्रीव राजाके सैन्य एक दूसरेके आमने-सामने आ गये जो मानो तलवाररूपी दाढ़ोंसे यममुखोंके समान थे।

घत्ता—गज चला दिये गये, अश्व हाँक दिये गये, उत्साह और हर्षसे विशिष्ट, भयको दूरसे ही मुक्त ध्वज ऊपर उठाये हुए दोनों सैन्य आपसमें भिड़ गये॥१४॥

१५

दोनों ही दुर्धर दुर्दर्शनीय और अपने स्वामीको प्रणाम करनेवाले थे, कन्याके अपहरण

१४. १. A °कज्जणिच्छय°। २. AP हलहलिय°। ३. AP भयरसियतसिय°। ४. AP °वलिय°। ५. P सुपसाहणाइं। ६. P आयहिं। ७. AP °दाढा इव। ८. AP जममुहाइं।
१५. १. AP °रणि लग्गइं।

णरचरणचारचारियगयाइं हरिखरखुर[2]वडणुग्गयरयाइं ।
अब्भिडिय सुहड गय कायराइं रवपूरियदिसगयणंतराइं ।
वावल्लभल्ल[3]झससल्लियाइं सोणियजलधारारेल्लियाइं ।
लुलियंतकोंत[4]भिण्णोयराइं करवालखलणखणखणसराइं ।
चल[5]मुक्कचक्कदारियचराइं लउडी[6]हयचूरियरहधुराइं ।
णिवडंतछत्तधयचामराइं नृवकडय[7]मउडमणिपिंजराइं ।
कयखगविमाणसंघट्टणाइं किंकिणिमालादलवट्टणाइं ।
विज्जाहरविज्जा[8]वारणाइं सरपूरियमारियवारणाइं ।
जंपाणकवाडविहट्टणाइं मंडलियमाणणिल्लोट्टणाइं ।

घत्ता—दिण्णालिंगणइं कयतणुवणइं दंतपंतिदट्ठोट्ठइं ॥
लुंचियकों[9]तलइं बिण्णि वि बलइं जिह मिहुणइं तिह दिट्ठइं ॥१५॥

१६

दुवई—तो हरिगीवरायसेणावइ धूम[2]सिहो पधाइओ ॥
सिरिहरिमस्सुवीर[3]सहिउ हरिसे[4]ण जगे ण माइओ ॥

तेण घाइयं महिणिवाइयं ।
विलुलियंतयं पडियदंतयं ।
पहरजज्जरं लग्गभयजरं ।

करनेके युद्धमें लगे हुए, और विजयश्रीको पानेकी कामनावाले थे। जिसमें मनुष्योंके चरणोंके संचारसे गज चलाये जा रहे हैं, जिसमें घोड़ोंके तीव्र खुरोंके पतनसे धूल उड़ रही है। सुभट आपसमें भिड़ गये, और कायर भाग गये। शब्दोंसे दिशाएँ और गगनांतर भर गये। जो वावल्ल, भाले और झसोंसे पीड़ित हैं, रक्तरूपी जलधाराओंसे सराबोर हैं, जिनमें आँतें कटी हुई हैं, और भालोंसे पेट फाड़ दिये गये हैं, लाठियोंके प्रहारोंसे रथधुराएँ चकनाचूर कर दी गयी हैं, जिनमें छत्र-ध्वज और चमरोंका पतन हो रहा है, जो राजाओंके कटक और मुकुटमणियोंसे पीले हैं, जो विद्याधर विमानोंसे टकरानेवाले हैं, जिनमें किंकिणियाँ और मालाएँ चकनाचूर हो रही हैं। विद्याधरोंके द्वारा विद्याओंका निवारण किया जा रहा है, तीरोंसे पूरित महागज मारे जा रहे हैं, जंपाणोंके किवाड़ नष्ट कर दिये गये हैं, और माण्डलीक राजाओंका मान नष्ट हो रहा है।

घत्ता—जिन्होंने एक दूसरेको आलिंगन दिया है, एक दूसरेके शरीरोंपर घाव किये हैं, जो दाँतोंकी पंक्तियोंसे अपने ओंठ चबा रहे हैं, बाल नोंच रहे हैं, ऐसे दोनों सैन्य उसी प्रकार लड़ रहे हैं जिस प्रकार मिथुन ॥१५॥

१६

तब राजा अश्वग्रीवका सेनापति धूमशिख दौड़ा। श्रीहरिश्मश्रु नामक वीरसे सहित वह हर्षके कारण संसारमें नहीं समा सका। उसने आघात किया। धरतीपर गिरा दिया, आँखें छिन्न-

२. P °खुरखणणु । ३. A °भल्लसरसल्लियाइं; P °भल्लरसल्लियाइं । ४. A °कंतभिण्णो° । ५. A वरमुक्क° । ६. P लउडियहयचूरीरह° । ७. AP णिव° । ८. A विज्जाकारणइं । ९. AP °कुंत° ।

१६. १. A ता हयगीव;° P तो हयगीव° । २. A धूमसिहोवधाइओ । ३. A P °मस्सुवीररससहिउ ।
४. A हरिसें जगे ण माइओ ।

दारिओयरं छिण्णगलछिरं ।
रत्ततंविरं [5]चम्मलंबिरं ।
विहिविणिंदिरं कलुणकंदिरं ।
घित्तचामरं तुट्टपक्खरं ।
फुट्टमद्दलं मुक्ककोंतलं ।
विहुरवेंभलं [6]णिग्गयं बलं ।
बद्धमच्छरं तोसियच्छरं ।
कडुयजंपिरं [7]धीरंकंपिरं ।
रुंडणच्चिरं [8]कुंतखंचिरं ।
भडवियारणं कुंभिदारणं ।
भिडियवारणं सिरणिलूरणं ।
सुहडकलयलं गहियहुलहुलं ।
चम्मभिंदिरं गत्तछिंदिरं ।
कवयसंजुयं णियवि संजुयं ।
सुरपसंसिरं [9]धुणियंगयसिरं ।
भग्गर[10]हंवरं पडियहयवरं ।
खग्ग[11]खणखणं दारुणं [12]रणं ।
पक्खिसंकुलं रक्खसाउलं ।
दंतिदंतयं[13] [14]छिण्णछत्तयं ।

घत्ता—माहवबलवइणा कयरणरइणा णियसेण्णु साहारिउं ।
कुलु विहिविणडियउं दिसिविहडियउं पुत्तेण व उद्धारिउं ॥१६॥

भिन्न हो गयीं। दांत गिर पड़े (टूट गये)। लोग प्रहारसे जर्जर हो उठे, भयज्वरसे पीड़ित पेट फाड़ दिया गया; गले और सिर काट दिये गये। रक्तसे लाल हो उठे, चर्म लटक गये, विधिकी निन्दा करने लगे, करुण बिलाप होने लगा, चमर फेंक दिये गये, कवच टूटने लगे, मृदङ्ग फूल गये, केश बिखर गये, कष्टसे विह्वल सैन्य निकल पड़ा। ईर्ष्या करनेवाला, अप्सराओंको सन्तुष्ट करनेवाला, कटु बोलनेवाला, धैर्यको कँपानेवाला, धड़ोंको नचानेवाला, भालोंको खींचनेवाला, योद्धाओंका विदारक, हाथियोंको विदीर्ण करनेवाला, गजोंसे लड़नेवाला, सिरोंको काटनेवाला, सुभटोंके कलकलसे युक्त, शूलोंको हाथोंमें लेनेवाला, चर्मका भेदन करनेवाला, शरीरको छेदनेवाला, कवचसे सहित, देवोंसे प्रशंसित, छिन्न गज सिरवाला, भग्नरथवरोंवाला, घिरे हुए अश्ववरों सहित, तलवारोंसे खनखनाता हुआ, पक्षियोंसे संकुल, राक्षसोंसे आकुल, गजदंतोंसे युक्त छिन्नछत्र दारुण रण देखकर।

घत्ता—युद्धसे रति करनेवाले माधवके सेनापतिने अपने सैन्यको ढाढस बँधाया, जैसे भाग्यसे प्रवंचित और दिशाओंमें विभक्त कुटुम्बका पुत्रने उद्धार किया हो ॥१६॥

---

५. P वम्मलंबिरं। ६. P भिग्गयं। A K write in margin the portion beginning with बद्धमच्छरं down to छिण्णछत्तयं। ७. P धीरु कंपिरं। ८. P कुंतयंचिरं। ९. A धुणिवि गयसिरं। १०. AP °रहभरं। ११. A भग्गखणखणं; P खग्गसणसणं। १२. P घणं। १३. P दैंतिदंतयं। १४. A छिण्णछिण्णयं; P adds विहुरविमलं, भग्गयं च (ब ?) लं।

१७

दुवई—भीमपरक्कमेण भीमेण वि णासियभीमवइरिणा[1] ।।
पच्चारिय भिडंत भड बेण्णि वि सुरवहुहिययहारिणा[2] ।।
हरिमस्स[3] काइं पइं मंतु दिट्ठु   किं मग्गिउ परतियरयणु[4] इट्ठु ।
हक्कारिउ किं णियप्राणणासु[5]   एवहिं पइसेसहु सरणु कासु ।
कुद्धइ तिविट्ठि भुवणेक्कसीहि   तडितरल[6]दीहकरवालजीहि ।
ता धूमसिहें भासिउ सरोसु   घरदासि हरंतहुं[7] कवणु दोसु ।
पहिलउं[8] पहुणा भुत्ती मणेण   पच्छइ तुम्हहुं दिण्णी अणेण ।
सिहिजडिणा सामिविरोहणेण   किं एएं जडसंबोहणेण ।
दरिसावमि तुह जमरायथत्ति   लइ पहरु पहरु जइ अत्थि सत्ति ।
ता बे वि लग्ग ते सेण्णणाह   बेण्णि वि सुरकरिकरसरिसबाह ।
बेण्णि वि चालियदिक्चक्कवाल   बेण्णि वि जयकारियसामिसाल ।
बेण्णि वि उग्गामियचावदंड   बेण्णि वि आमेल्लियकुलिसकंड ।
बाणेहिं बाण णहयलि खलंति   तण्णिहसणरुह[9] हुयवह जलंति ।
पुणु भीमें मुक्कउ अद्धयंदु   धूमसिहहु णं अट्ठमउ चंदु ।
रिउदेहमेहि सो पइसरंतु   दिट्ठउ सुहिणयणहुं तमु करंतु ।
घत्ता—मारिवि धूमसिहु खयकालणिहु खणि हरिमस्सु णिहित्तउं[10] ।।
णवर करंतु कलि भड देंतु बलि असणिघोसु संपत्तउ ।।१७।।

१७

भीम पराक्रमवाले, तथा भयंकर शत्रुओंको नष्ट करनेवाले, तथा सुरवधुओंके हृदयका अपहरण करनेवाले भीमने लड़ते हुए दोनों सुभटोंको पुकारा, "हे हरिश्मश्रु, तुमने यह कौन-सा मन्त्र देखा ? तुमने इष्ट परस्त्रीरत्न क्यों माँगा ? अपने प्राणोंके नाथको तुमने क्यों पुकारा ? इस समय तुम, भुवनके एकमात्र सिंह, बिजलीके समान लम्बी करवालरूपी जीभवाले त्रिपृष्ठके क्रुद्ध होनेपर किसकी शरणमें जाओगे ?" तब धूमशिखने गुस्सेमें आकर कहा, कि गृहदासीके अपहरणमें क्या दोष ? पहले राजाने इसका मनचाहा उपभोग किया। फिर उसने यह तुम्हें प्रदान की। स्वामी विरोधी ज्वलनजटीके द्वारा इस मूर्खतापूर्ण सम्बोधनसे क्या ? मैं तुम्हें यमराजकी स्थिरता दिखाऊँगा, यदि तुममें शक्ति हो तो शीघ्र प्रहार करो," तब दोनों सेनापति आपसमें लड़ गये। वे दोनों ही हाथीकी सूँड़के समान बाहुवाले थे, वे दोनों ही दिक्चक्ररूपी मण्डलको चलानेवाले थे, दोनों अपने स्वामी श्रेष्ठकी जय बोल रहे थे; दोनोंने ही अपने चापदण्ड उठा लिये थे, दोनों ही वज्रतीर छोड़ रहे थे। आकाशमें तीरोंसे तीर स्खलित हो रहे थे, उनके संघर्षणसे उत्पन्न आग जल रही थी, फिर भीमने अपना अर्धेंदु तीर फेंका, जो मानो धूमशिखके लिए आठवाँ चन्द्र हो, शत्रुके शरीरकी मेधामें प्रवेश करता हुआ वह, सुधीजनोंके नेत्रोंमें अन्धकार उत्पन्न कर रहा था।

घत्ता—धूमशिखको मारकर, एक क्षणमें क्षयकालके समान हरिश्मश्रुको आहत कर दिया। तब केवल अशनिवेग युद्ध करता हुआ और सुभटोंकी दिशा बलि देता हुआ वहाँ पहुँचा ।।१७।।

---

१७. १. A °वइरिणो । २. A °हारिणो । ३. A P हरिमस्सु । ४. A P परतिय° । ५. A P पाणणासु । ६. A °तरड° । ७. A हणंतहं । ८. A P पहिली पहुणा । ९. A तं णिहसिवि णर हुववहु । १०. AP णिहित्तउ ।

१८

दुवई—सो जियसत्तु णाम धरणीसें जममुहकुहरि ढोइओ ॥
सरविसहरणिरुद्धु[1] वरपरिमलु[2] चंदणतरु व जोइओ ॥

तओ कंपणेसो समुप्पण्णरोसो ।
महेणं महंतो णहंतं पिहंतो ।
कराइड्ढचावो[3] महाभीमभावो ।
सदप्पं चवंतो सरोहं[4] सवंतो ।
धए णिल्लुणंतो गइंदे हणंतो ।
हए कप्परंतो णरे चप्परंतो ।
जवेणं चरंतो रणे[5] वावरंतो ।
परं णिक्किवेणं जएणं णिवेणं ।
खुरुप्पेण भिण्णो कयंतस्स दिण्णो ।
जयस्सावलुद्धो जमो[6] णं विरुद्धो ।
रउद्दारिमद्दो पहू खेयरिंदो ।
पियारत्तचित्तो सयं झ त्ति पत्तो ।
मरुद्धूयचिंधो सतोणीरखंधो[7] ।
दिसालग्गकित्ती तहिं अक्ककित्ती ।
थिओ अंतराले भडाणं वमाले ।

घत्ता—तेण ससामियहु गयगामियहु रूसिवि दिण्णउ उत्तरु ॥
देव पराइयहि कारणि तियहि[8] किं आढत्तउ संगरु ॥१८॥

१८

भूमिके स्वामीने जितशत्रु उसे यमके मुखरूपी कुहरमें डाल दिया। सररूपी विषधरोंसे निरुद्ध, श्रेष्ठ परिमलवाला वह चन्दन वृक्षके समान दिखाई दिया। उस समय उत्पन्न हुआ है क्रोध जिसे ऐसा इन्द्रसे भी महान् अकम्पन नामका राजा आकाशको आच्छादित करता हुआ, हाथमें धनुष खींचता हुआ महाभयंकर भाववाला, सदर्प बोलता हुआ, तीरसमूह गिराता हुआ, ध्वजोंको काटता हुआ, हाथियोंको मारता हुआ, अश्वोंको काटता हुआ, मनुष्योंको पराजित करता हुआ, वेगसे चलता हुआ, युद्धमें व्यापार करता हुआ (आया)। परन्तु उसे जय नामक कठोर राजाने खुरपेसे काट डाला और यमको दे दिया। मानो यशका लोभी यम ही विरुद्ध हो उठा हो। भयंकर शत्रुओंका मर्दन करनेवाला राजा, प्रियामें अनुरक्त चित्त विद्याधरेन्द्र राजा (अश्वग्रीव) स्वयं शीघ्र पहुँचा। तब जिसका ध्वजचिह्न हवामें उड़ रहा है, जिसके कन्धे तूणीर सहित हैं, जिसकी कीर्ति दिशाओंसे जा लगी है, ऐसा अर्ककीर्ति वहाँ योद्धाओंके कोलाहलपूर्ण अन्तरालमें स्थित हो गया।

घत्ता—उसने गजगामी अपने स्वामीको उत्तर दिया कि हे देव, परायी स्त्रीके कारण आपने युद्ध क्यों प्रारम्भ किया? ॥१८॥

---

१८. १. A P °णिरुद्ध। २. A °परिमल। ३. AP कराइद्ध°। ४. AP सरोसं वहंतो। ५. A omits *this foot.* ६. P जमो णाविरुद्धो। ७. P सतोणीरकंधो। ८. AP तियहे।

१९

दुवई—लज्जिज्जइ रणेण णित्तेएं दुज्जसमलिणकारिणा ॥
ओसरु जाहि राय किं एएं पुरिसगुणोहहारिणा ॥

ता भणिउ समरभरधुरभुएण[1] णीलंजणपहदेवीसुएण ।
रे अक्ककित्ति गुरुसिक्खवंतु लज्जहि ण केंव विप्पिउ चवंतु ।
तुह ताएं अवरु वि पइं सदप्प जं आणालंघणु कयउं बप्प ।
तहु लग्गउ हउं णियपरिहवासु सस तेरी पुणु मणु हरइ कासु ।
ता रविकित्ति दीवियदियंते[2] सुपिसक्क मुक्क धगधगधगंत[3] ।
खगणाहहु खंडिउ चावदंडु गुणवंतु तो वि किउ खंडखंडु[4] ।
अण्णेक्कु सरासणु झ त्ति लेवि राएण तासु बाणें[5] हणेवि ।
चूडामणि पाडिउ विप्फुरंतु णं णहयलि[6] णिवडिउ रवि तवंतु ।
मारुयचलंतचलमयरकेउ तावंतरि थक्कउ कामदेउ[8] ।
बंधंतु[9] ठाण संधंतु बाणु तेणक्ककित्ति मारिज्जमाणु[10] ।
रक्खियउ पयावइराणएण धणुवेयविवेयवियाणएण ।
केसरिणा णं तासिउ[11] कुरंगु किउ[12] पाराउट्ठउ तें अणंगु ।
ससिसेहरेण पहु पोयणेसु मेहें पच्छाइउ णं दिणेसु ।
अंतरि पइसिवि तिणयणु तिसूलि सिहिजडिणा णिज्जिउ चंदमउलि ।

१९

अपयश और मलिनताके कारणभूत, तेज रहित युद्धसे तुम्हें लज्जित होना चाहिए । हे राजन्, तुम हट जाओ । पुरुषके गुणसमूहका अपहरण करनेवाले इस युद्धसे क्या ? तब यह सुनकर, युद्धका भार उठानेमें समर्थभुज नीलांजना और प्रभादेवीके पुत्रने कहा, "हे महान् शिक्षावाले अर्ककीर्ति, प्रिय बोलनेवाले तुम्हें लज्जा क्यों नहीं आती ? हे सुभट, तुम्हारे पिता और तुमने जो घमण्डपूर्वक आज्ञाका उल्लंघन किया है, उससे अपने पराभवसे आहत हुआ हूँ । तुम्हारी बहन फिर किसका मन अपहरण करती है । तब अर्ककीर्तिने दिशाओंको दीपित करनेवाले धकधक करते हुए तीर छोड़े ।" उसने विद्याधर राजाके धनुषको खण्डित कर दिया । गुणवान् (डोरी सहित) भी उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये । तब राजाने शीघ्र एक और धनुष ले लिया, और तीरसे आहत कर चमकता हुआ चूड़ामणि इस प्रकार गिरा दिया, मानो आकाशतलमें तपता हुआ सूर्य हो । जिसका हवासे चलता हुआ चंचल मकरध्वज है, ऐसा कामदेव इतनेमें बीचमें आकर स्थित हो गया । लक्ष्य बाँधता हुआ, सरसन्धान करता हुआ, उसके द्वारा मारा जाता हुआ अर्ककीर्ति धनुर्वेदके विवेकको जाननेवाले प्रजापति राजाके द्वारा ऐसे बचा लिया गया, मानो सिंहके द्वारा त्रस्त हरिण बचा लिया गया हो । उसने कामदेवको पराङ्मुख कर दिया । चन्द्रशेखरने पोदनपुर राजाको उसी प्रकार घेर लिया जिस प्रकार मेघने सूर्यको आच्छादित कर लिया हो । ज्वलनजटीने भीतर प्रवेश कर त्रिनयन त्रिशूलधारी चन्द्रशेखरको जीत लिया ।

१९. १. AP °धुरभुएण । २. A °दियंति । ३. A °धगंति । ४. AP खंडु खंडु । ५. AP बाणेहिं हणेवि । ६. A णहयलणिवडिउ । ७. A reads *a* as *b* and *b* as *a* । ८. AP कामएउ । ९. A बंधंतु तोणु । १०. P पारिज्जमाणु । ११. AP णासिउ । १२. A थिउ पारद्धिउ गरुउ अणंगु ।

घत्ता—किंकरु[13] हयगलहु पालियछलहु कोवें कहिं वि ण माइउ ॥
णामें णीलरहु णं कूरगहु अवरु खयरु उद्धाइउ ॥१९॥

२०

दुवई—पभणइ चावपाणि रे सिहिजडि जं पइं दु[1]क्कयं करं ॥
तं हयगीवदेवपयपंकयदोहफलं समागयं ॥
हो किं बोल्लमि — [2]मारमि घल्लमि ।
एंव चवेप्पिणु — भुय विहुणेप्पिणु ।
आउहु दावइ — धावइ पावइ ।
किंकरि किंकरि — कुंजरि कुंजरि ।
खरखुरखयधरि — हरिवरि हरिवरि ।
णयणाणंदणि — संदणि संदणि ।
चप्पिवि लग्गइ — रंगइ णिग्गइ ।
थामें वग्गइ — भंडणु मग्गइ ।
पइसइ दूसइ — रुंजइ[3] रूसइ ।
हिंसइ तासइ — दीसइ णासइ ।
दुक्कइ हक्कइ — कोक्कइ थक्कइ ।
रिउं पच्चारइ — चूरइ जूरइ ।
खलइ णिवारइ — दारइ मारइ ।
करिकरचंडिहिं — लाला[4]पिंडिहिं ।
दंतादंतिहिं — कोंताकोंतिहिं ।
ण[5]रकिलिविंडिहिं[6] ।

घत्ता—तब छलका कपट करनेवाले अश्वग्रीवका (एक ओर) अनुचर क्रोधसे कहीं नहीं जा सका । नामसे नीलरथ वह मानो क्रूरग्रह हो, एक ओर विद्याधर दौड़ा ॥१९॥

२०

हाथमें धनुष लिये हुए वह कहता है—"हे ज्वलनजटी, तूने जो पाप किया है, अश्वग्रीव देवके चरणकमलोंके द्रोहका वह फल तेरे पास आ गया है । अरे मैं बोलता क्या हूँ, मैं मारता हूँ, फेंकता हूँ," यह कहकर अपने बाहु ठोंककर वह आयुध दिखाता है, दौड़ता है, उछलता है। अनुचर अनुचरपर, गज गजपर, तीव्र खुरोंसे क्षय धारण करनेवाले अश्ववर अश्ववरपर। नेत्रोंके लिए आनन्ददायक स्यन्दन स्यन्दनपर। चाँप कर लगता है, चलता है, निकलता है, स्थैर्यसे क्रुद्ध होता है, युद्ध माँगता है, प्रवेश करता है, दूषित करता है, गरजता है, रूठता है, हिंसा करता है, त्रस्त करता है, दिखाई देता है, छिप जाता है, कठिन काम करता है, हकारता है, पुकारता है, ठहरता है, शत्रुको ललकारता है, चूर-चूर करता है, पीड़ित करता है, स्खलित करता है निवारण करता है, विदीर्ण करता है, मारता है, हाथीकी सूँड़के समान प्रचण्ड, गजमुखोंके अग्रिमकाष्ठों, दाँतों,

---

१३. A किंकर ।

२०. १. AP दुक्कियं । २. AP मारिवि । ३. A भंजइ । ४. A णायभुवदंडहिं । ५. A किलिवंदिहिं ।
६. AP add after this : दंडादंडिहिं ।

केसाकेसिहिं पासपासिहिं ।
उवलाउवलिहिं मुसलामुसलिहिं ।
इय सो जुज्झिउ भीमुह[7]उज्झिउ ।
दुंदुहिसद्दें ता बलहद्दें ।
अरि हक्कारिउ दइवें पेरिउ ।
सो वि पराइउ चावविराइउ ।
णं णवजलहरु विद्धउ हलहरु ।
तेण उरत्थलि उट्ठियकलयलि ।
कंपियणियबलि हरिसियपरबलि ।
बाहुसहाएं जयवइजाएं ।
सीरें ताडिउ उद्ध जि फाडिउ ।
णीलरहाहिवि हइ[8] कइ जयरवि ।

घत्ता—णाणाणहयरहिं संधियसरहिं सहयहिं सगयहिं सरहहिं ॥
वेढिउ जि०वहरु दूसहपसरु बलु चित्तंगयपमुहहिं ॥२०॥

२१

दुवई—मायासाहणाहं[1] मयवंतहं माणियपहुपसायहं ॥
एक्कें हलहरेण रणि जित्तइं सत्तसयाइं रायहं ॥

सुयरिवि[2] पहुदिण्णी तुप्पधार[3] केण वि विसहिय रिउखग्गधार ।
सिरु छिण्णउं णिग्गय रत्तधार गय एंव बप्प धाराइ धार ।
केण वि सुयरिवि[4] पहुअग्गविंडु[5] इच्छिउ पडंतु णियमासपिंडु ।
केण वि सुयरिवि[6] पहुचीरु रम्मु मण्णिउ लंबंतु सदेहचम्मु ।

भालों, मनुष्यकी भुजाओं-भुजाओं (मह किलिविडिहिं), बालों-बालों, नागपाशों-नागपाशों, उपल-उपलों, मूसल-मूसलोंसे, भयरहितमुख वह नीलरथ इस प्रकार लड़ा। दुन्दुभि-शब्दसे बलभद्रने शत्रुको ललकारा। दैवसे प्रेरित और धनुषसे शोभित वह भी आ गया। उसने हलधरको उरस्थलमें विद्ध कर दिया, जैसे नवजलधर हो। कल-कल होने लगा। अपनी सेना काँप उठी। शत्रुसेना हर्षित हो उठी। तब जिसकी बाहु सहायक हैं, ऐसे जयावतीके पुत्रने हलसे ताड़ित कर उसे आधा फाड़ दिया। इस प्रकार नीलरथाधिपके आहत होनेपर और जय शब्द करनेपर—

घत्ता—अपने सरोंका सन्धान किये हुए अश्वों, गजों और रथोंके साथ चित्रांगद प्रमुख नाना विद्याधरोंने असह्य प्रसारवाले सैन्य और बलभद्रको घेर लिया ॥२०॥

२१

अकेले बलभद्रने मायावी सेनावाले, अहंकारी प्रभुका प्रसाद माननेवाले सात सौ राजाओंको युद्धमें जीत लिया। प्रभुके द्वारा दी गयी घीकी धाराको याद कर किसीने शत्रुकी खड्गधारा-को सहन कर लिया। सिर छिन्न हो गया। रक्तकी धारा बह निकली। कितने ही बेचारे भट धारा-धारामें ही चले गये। किसीने प्रभुके प्रथम आहारपिण्डको समझकर गिरते हुए अपने ही

७. A भीउहउज्झिउ। ८. A सयलहिं। ९. A चलचित्तंगय।
२१. १. P °साहणेहिं। २. A सुमरिवि; P सुअरिवि। ३. A रुप्पधार। ४. A सुअरिउ; P सुअरिवि।
५. AP °अग्गपिंडु। ६. A सुमरिवि; P सुअरिवि।

केण वि सुयरिवि पहुदिण्णु गाँउं　　छड्डिउं णियजीवियभूयगाँउं ।
केण वि सुयरिवि पहुचामराइं　　सलहियइं पक्खिपक्खंतराइं ।
पहुसुकियभरहु वंकेवि वयणु　　केण वि पडिवण्णउं बाणसयणु ।
केण वि सुयरिवि पहुछत्तछाहि　　आसंघिय घणसरपुंखछाहि ।
केण वि [10]सुमरिवि पत्थिवपसाउ　　चक्खिउ अरिवीरपहारसाउ ।
केण वि सुयरिवि पहुपालियाइं　　मयगलकुंभयलइं [11]फालियाइं ।
दुव्वारवइरिमग्गणविहत्तु　　भल्लारउं धीरउं रायरत्तु ।
कासु वि रणमंदिर[12]सामिणीइ　　हियवउं लइयउं सिवकामिणीइ[13] ।

घत्ता—कासु वि सिरकमलु ओट्ठउ[14]डदलु गिद्धु सचंचुइ चालइ ॥
घत्ता—दोनों सैन्य दर्पसे भरे हुए युद्धमें लड़ते हुए, हल-मूसल-झष और करवालोंसे प्रहार करते और गिरते हुए दिखाई दे रहे थे ॥२०॥

२१

जिसमें बड़े-बड़े घुड़सवारोंसे रथोंके समूह घिरे हुए हैं, रथों ऐसा जमघट है, जिसमें विविध योद्धा गिर रहे हैं, जिसमें योद्धाओंके पैरोंसे माण्डलीक राजाओंके मुकुट नष्ट हो रहे हैं, जो मुकुटों-से उछलती हुई मणि किरणसे विनष्ट है, जिसमें नष्ट कपालोंके समूहके घर हैं, और उनपर लक्ष्मी और बुद्धिसे युक्त देववर बैठे हुए हैं, जिसमें ऐश्वर्य और बुद्धिसे महान् वीर युद्ध कर रहे हैं और

२०. १. AP णरवररउद्द। २. AP मज्जायमुक्क णं चल समुद्द। ३. A °सेण्ण। ४. A धूलीरव°। ५. A °वण्ण। ६. A °दिसवह°। ७. AP कह व। ८. A वण° but corrects it to णर in second hand. ९. P समुहं गयाइं। १०. A हलसूलिहिं। ११. AP वरकरवालहिं।

२१. १. A जोहोहदलिय°।

णीरेरुहसममुहपंकएण   पंकयणाहें दप्पंकएण ।
कयहलणित्तेइयकयखलेण   खलु दुच्छिउं दुद्दमभुयबलेण ।
बलएवहु पइसरु सरणु अज्जु   अज्ज वि णउ णासइ मित्तकज्जु ।
कज्जु वि मइं अक्खिउ तुज्झु सारु   सारुइ मुइ अवरु वि हत्थियारु ।
आरुहसु म जमसासणु अजाण   जाणेण जाहि मुक्काहिमाण ।
माणहि मा महुं रणि बाणविट्ठि   विट्ठि वँ भीसण तुह हणइ तुट्ठि ।

घत्ता—पडिकण्हें भणिउं सतण्हें फलवज्जिउ किं गज्जहि ।
धनुदंडें डिंभय कंडें रे कुमार मइं तज्जहि ॥२१॥

२२

दे देहि कप्पु किं जंपिएण   दुण्णयवंतें सुइविप्पिएण ।
तुहुं किंकरु हउं तुहुं परमणाहु   किं बद्धउ विहलु पहुत्तगाहु ।
इय भणिवि विसमभडघाइणीइ   जुज्झिउ विज्जइ बहुरूविणीइ ।
सीयासुएण भग्गइ अणीइ   बहुरूविणि जिय पडिरूविणीइ ।
ता रिउणा घल्लिउ फुरियधारु   रहचरणु चवलु सहसारफारु ।
गिरिधरणिबलयचालणबलेण   तं हरिणा धरियउ करयलेण ।
सो रेहइ तेण सुणिम्मलेण   णवमेहु व रविणा णित्तलेण ।
णियरूवपरज्जियणित्तणेण   अलियंजणसामें पत्तलेण ।

वीरोंके शरीरोंसे रक्तकी जलधारा बह रही है, ऐसे उस युद्धमें कमलके समान मुखवाले, दर्पसे अंकित, जिसने हलसे खलको निस्तेज कर दिया है, ऐसे दुर्दम बाहुबलवाले दुष्टको पंकजनाभने खूब भर्त्सना की और कहा—'अरे तुम बलदेवकी शरणमें चले जाओ, मित्रके कामको तुम आज भी नष्ट मत करो। मैंने तुमसे सारकी बात कह दी है। तुम उसे करो। दूसरा हथियार छोड़ दो, हे अजान, तू यमके शासनपर अधिरोहण क्यों करते हो। अभिमानसे मुक्त होकर तुम यानसे जाओ, युद्धमें मेरी बाणवृष्टिको मत मानो, वह वर्षाकी तरह भीषण तुम्हारे आनन्दको नष्ट कर देगी ?"

घत्ता—सतृष्ण प्रतिकृष्णने कहा, "बिना फलके तुम क्यों गरजते हो, हे बालक कुमार, तुम धनुषदण्ड और बाणसे मुझे धमकाते हो ॥२१॥

२२

तुम कर दो, दुर्विनीत और कानोंके लिए अप्रिय कहनेसे क्या ? तुम मेरे अनुचर हो, मैं तुम्हारा परम स्वामी हूँ। तुमने विफल प्रभुत्व यश क्यों बाँधा ?" यह कहकर विषम योद्धाओंको मारनेवाली बहुरूपिणी विद्यासे वह लड़ा। सीतापुत्र नारायणके द्वारा सैन्यके नष्ट होनेपर प्रति बहुरूपिणी विद्याके द्वारा बहुरूपिणी विद्या जीत ली गयी। तब शत्रुने चमकती हुई धारवाला चपल हजारों आराओंवाला चक्र छोड़ा। पहाड़ और पृथ्वीमण्डलको चलानेके बलवाले हरि (सुप्रभ) ने करतलसे उसे धारण कर लिया; उस निर्मल चक्रसे वह ऐसा शोभित होता है जैसे निर्दोष सूर्यसे नवमेघ शोभित हो। अपने रूपसे मनुष्यत्वको पराजित करनेवाले भ्रमर और

---

२. AP दोच्छिउ । ३. A वि । ४. AP सयण्हें । ५. AP डिंभियकंडें

२२. १. A बहुरूपिणि । २. तरणु । ३. AP सहसारु फारु । ४. AP णित्तवेण । ५. A omits 8a ।

पुणु भणिउ वइरि रे सुप्पहासु   करि केर म जाहि कयंतवासु ।
पालियतिखंडमंडियधरेण[6]   [7]पडिजंपिउं पडिहामोयरेण ।
तुहुं सुप्पहु बिण्णि वि मज्झु दास   को गव्वु रहंगें रे हयास ।
सरसलिलि रहंगसयाइं अत्थि   किं तेहिं धरिज्जइ मत्तहत्थि ।
मरु मरु [8]मारंतहु णत्थि खेउ   संभरहि को वि णियइट्ठदेउ ।

घत्ता—असमिच्छिवि पुणु णिब्भंच्छिवि[9] चक्कें रिउसिरु तोडिउ ॥
हरिहंसें लद्धपसंसें णं [10]रणतरुहलु साडिउ ॥२२॥

२३

[1]महिरक्खसि खद्धणिमासखंड   पुरिसुत्तमेण भुत्ती तिखंड ।
पत्थिव पसु गिलइ ण कहिं मि धाइ   ओहच्छइ केण वि सहु ण जाइ ।
कालेण कण्हु गउ अवहिठाणु   हलिणा चिंतिउ रिसिणाहणाणु ।
णिल्लुंचियकुंतलु करिविसीसु   जायउ सोमप्पहुगुरुहि सीसु ।
परिसेसिवि भवसंसरणवित्ति   थिउ भूसिवि मोक्खमहाधरित्ति ।
जहिं भुक्खु णत्थि आहारवग्गु   जहिं णिद्द ण मंदिरु सयणवग्गु[2] ।
जहिं कामिणि कामु ण रोसु तोसु   जहिं दीसइ एक्कु वि णाहिं दोसु ।
जहि वाहि ण विज्जु ण मलु ण ण्हाणु   जहिं अप्पें[3] अप्पउं जाणमाणु ।

अंजनसे श्याम दुबले-पतले बलभद्रने शत्रुसे कहा, "हे सुप्रभास, सेवा करना स्वीकार कर लो, यमवासके लिए मत जा ।" तब तीन खण्डोंसे अलंकृत धरतीका पालन करनेवाले प्रतिनारायण मधुसूदनने कहा—"तुम और सुप्रभ दोनों मेरे दास हो । हे हताश, चक्रका क्या गर्व करता है ? पानीमें सैकड़ों रथांग (चक्रवाक) होते हैं, क्या उनसे मतवाला हाथी पकड़ा जा सकता है ? मर-मर, अब तुझे मारनेमें देर नहीं है, अपने किसी इष्टदेवको याद कर ले ।"

घत्ता—इस प्रकार नहीं चाहते हुए भी उसने शत्रुको ललकारकर चक्रसे उसका सिर तोड़ दिया मानो प्रशंसा प्राप्त करनेवाले हरिरूपी हंसने रणरूपी वृक्षके फलको तोड़ दिया हो ॥२२॥

२३

जिसने मनुष्यमांसका खण्ड खाया है, ऐसी धरतीरूपी राक्षसीका पुरुषोत्तमने भोग किया । वह राजा और पशुको निगल जाती है, कहीं भी नही जाती । यहीं रहती है, किसीके साथ नहीं जाती । समयके साथ नारायण सुप्रभ सातवें नरक गया । बलभद्रने ऋषभनाथके ज्ञानका चिन्तन किया । अपने सिरको बालोंसे रहित कर सोमप्रभ मुनिका शिष्य हो गया । संसारमें भ्रमण करनेकी वृत्तिको नष्ट कर मोक्षरूपी महाभूमिको भूषित कर स्थित हो गया । जहां भूख नही है, न आहारवर्ग है, जहां न निद्रा है, न घर है और न स्वजन समूह है । जहां न कामिनी है, न काम है, न रोष है और न तोष है । जहां एक भी दोष दिखाई नहीं देता । जहां न व्याधि है, न विद्या

६. AP °मंडलवरेण । ७. A तो जंपिउं पडि°; P ता जंपिउं पडि° । ८. A महु मारंतहु । ९. AP णिब्भंछिवि । १०. P णं णवसररुह पाडिउ ।

२३. १. AP have before this: बहुपाउ करिवि बहुभोयसत्तु, तमतमि पत्तउ पडिलच्छिकंतु । २. AP सयणमग्गु । ३. AP अप्पइ अप्पउं जायमाणु ।

इच्छइ[४] पेच्छइ णीसेसु ताम तिहुयणु अणंतु आयासु जाम ।
संतेण समियफुल्लाउहेण[५] चउथेण[६] तेण सीराउहेण ।

घत्ता—ववगयरइ भरहेरावइ जं णरेहिं आराहिउं ॥
तं सिद्धउं[७] सिवसुहुं लद्धउं पुप्फदंतजिणसाहिउं ॥२३॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे अणंतणाहसुप्पहपुरिसुत्तम[८]महसूयणकहंतरं णाम अट्ठवण्णासमो[९] परिच्छेओ समत्तो ॥५८॥

है, न मल है और न स्नान, जहाँ आत्माके द्वारा आत्माको जाना जाता है। वह समस्त विश्वको वहाँ तक इच्छा करता है और देखता है, जहाँ तक अनन्त त्रिभुवन और आकाश है। शान्त कामदेवका शमन करनेवाले उन चौथे बलभद्रने—

घत्ता—रतिसे रहित भरतश्रेष्ठकी जो मनुष्योंके द्वारा आराधना की जाती है, पुष्पदन्त जिनके द्वारा वह कथित सिद्ध शिवसुख उन्होंने प्राप्त किया ॥२३॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा रचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका अनन्तनाथ सुप्रभ पुरुषोत्तम और मधुसूदन कथान्तर नामका अट्ठावनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५८॥

---

४. AP अच्छइ । ५. A पुल्लाउहेण । ६. AP चोत्थेण । ७. AP तं लद्धउं सिवसुहुं सिद्धउं । ८. AP °पुरिसोत्तम° । ९. AP अट्ठावण्णा° ।

संधि ५९

जिणु[1] धम्मु भडारउ तिहुवणसारउ मइं जडेण किं गज्जइ।
चवलुक्कलियायरु भरियउ सायरु किं कुडुवेण मविज्जइ ।।ध्रुवकं।।

१

लच्छीरामालिंगियवच्छं उण्णयसिरिवच्छं।
दिव्वज्झुणि छत्तत्तयवंतं कंतं[2] मयवंतं।
भामंडलरुइणिज्जियचंदं भव्वकुमुयचंदं।
अमरमुक्ककुसुमंजलिवासं देवं दिव्वासं।
बुद्धं बहुसंबोहियसुरवं जयदुंदुहिसुरवं।
वरकंठीरवपीढारूढं मीमंसारूढं।
पंचिंदियभडसंगरसूरं भुवणणलिणसूरं।

सन्धि ५९

त्रिभुवनमें श्रेष्ठ आदरणीय जिनधर्मका मुझ जड़के द्वारा क्या वर्णन किया जाये? चंचल लहरोंका समूह सागर क्या कुतुपसे मापा जा सकता है?

१

जिनका वक्षःस्थल लक्ष्मीरूपी रमणीके द्वारा आलिंगित है, जो अशोक वृक्षके समान उन्नत हैं, जो दिव्यध्वनि और तीन छत्रोंसे युक्त हैं, जो ज्ञानवान् और सुन्दर हैं, जिन्होंने भामण्डल की कान्तिसे चन्द्रमाको जीत लिया है, जो भव्यरूपी कुमुदोंके लिए चन्द्रमाके समान हैं, जिनपर देवेन्द्रोंने कुसुमांजलियोंकी वर्षा की है, जो देव दिगम्बर बुद्ध हैं, जिनका शब्द (दिव्यध्वनि) अनेक जनोंको सम्बोधित करनेवाला है, जो जय दुन्दुभिके शब्दसे युक्त हैं, जो सिंहासनपर आरूढ़ हैं, जो मीमांसामें प्रसिद्ध हैं, जो पंचेन्द्रिय योद्धाओंसे संग्राम करनेमें शूर हैं, जो विश्वरूपी कमलके

All Mss., A, K and P, have, at the beginning of this saṃdhi, the following stanza:—

अत्र प्राकृतलक्षणानि सकला नीतिः स्थितिश्छन्दसा-
मर्थालंकृतयो रसाश्च विविधास्तत्त्वार्थनिर्णीतयः।
किं चान्यद्यदिहास्ति जैनचरिते नान्यत्र तद्विद्यते
द्वावेतौ भरतेशपुष्पदशनौ सिद्धं ययोरीदृशम् ।। १ ।।

K reads ते चार्थनिर्णीतयः for तत्त्वार्थ°; देवेतौ for द्वावेतौ, and भारताख्य° for भरतेश°; P reads देवेतो भरते तु पुण्य° । K has a gloss on देवेतौ as देवत्वं इतौ प्राप्तौ देवेतौ ।

१. १. A जिणधम्मु । २. P किं तं ।

मंदरहिधीरं सवरहियं रायरोसरहियं ।
दूरुज्झियमायाविरहंसं मुणिमणसरहंसं ।
एयाणेयवियप्पविवायं मोहमेहवायं ।
पायपोमपाडियगिव्वाणं उग्गयगिव्वाणं ।
दिसिणासियदुण्णयसारंगं हयवसुसारंगं ।
तवहुयवहहुयवम्महधम्मं णमिऊणं[3] धम्मं ।
भणिमो तस्स चरित्तं चित्तं[4] रंजियपरचित्तं ।

घत्ता—जिह अक्खइ गोत्तमु उत्तमु णित्तमु सत्तमु सेणियरायहु ।।
तिह हउं दुक्कियहरु कहेमि[5] कहंतरु भरहहु भव्वसहायहु[6] ।।१।।

२

धादइसंडइ पुव्वदिसायलि पुव्वविदेहइ अंकुरपल्लवसोहियपायवि माहवगेहइ ।
सीयातीरिणिदाहिणतीरइ वच्छयदेसइ पुरिहि सुसीमहि दसरहु राणउ जयसिरिसेसइ
सुपसाहियसिरु[1] बुहयणवच्छलु णिवसइ[2] केहउ चाएं भोएं विहवें रूवें वम्महु जेहउ ।
रयणिसमागमि गिलियउ छणससि अब्भपिसाएं खीरामेलउ णावइ णाएं दिट्ठउ राएं ।
चिंतिउ णियमणि सच्छसहावें वियलियदप्पें अमयकलायरु जेम णिसायरु गसिउ विडप्पें ।
तेम गसेव्वउ[3] जीउ पुसेव्वउ[4] कूरकयंतें णिव्वयवंतें कारिमजंतें काइं जियंतें ।

लिए सूर्य, मन्दराचलके समान धीर, शवरहित (स्व-परसे रहित, शवरके हितस्वरूप) हैं, जो राग-रोषसे रहित हैं, जिन्होंने माया और विरहके अंशोंको दूर कर दिया है, जो मुनियोंके मन-सरोवरके लिए हंस हैं, जो एक-अनेक विकल्पोंसे विवाद करनेवाले हैं, जो मोहरूपी मेघके लिए पवनके समान हैं, जिन्होंने देवोंको अपने चरणकमलोंपर झुकाया है, जो उन्नतग्रीव हैं, जिन्होने दिशाओंसे दुर्नयरूपी हरिणोंको भगा दिया है, जिन्होंने द्रव्यके अनुरागको नष्ट कर दिया है, जिन्होंने तपकी ज्वालामें कामदेवको आहत कर दिया है, ऐसे धर्मनाथको प्रणाम कर, उनके परचित्तोंको रंजित करनेवाले विचित्र चरित्रको कहता हूँ ।

घत्ता—जिस प्रकार उत्तम तमरहित और प्रशस्त गौतम गणधर राजा श्रेणिकसे कहते हैं, उसी प्रकार मैं पापको हरनेवाला कथान्तर भव्योंके सहायक भरतसे कहता हूँ ।।१।।

२

धातकीखण्डके पूर्व मेरुतलमें पूर्वविदेहमें, जो वृक्षों, अंकुरों और पल्लवोंसे शोभित है, जिसमें धनपतियोंके घर हैं, ऐसे सीता नदीके दक्षिण तटपर स्थित वत्सदेशकी सुसीमा नगरीमें राजा दशरथ था । जिसका सिर विजयश्रीकी पुष्पमालासे प्रसाधित है, ऐसा पण्डितजनोंके प्रति वत्सलभाव रखनेवाला वह राजा इस प्रकार निवास करता था, मानो त्याग भोग वैभव और रूपमें कामदेव हो । निशाका आगमन होनेपर बादलरूपी पिशाच (राहु) के द्वारा निगला गया पूर्णचन्द्रमा राजाने इस प्रकार देखा, मानो नागके द्वारा क्षीरसमुद्र निगल लिया गया हो । स्वच्छस्वभाव और विगलित गर्व उस राजाने अपने मनमें विचार किया कि "जिस प्रकार राहुने

३. AP णविऊणं । ४. P omits चित्तं । ५. A कहवि । ६. P °सयायहु ।
२. १. A °सिरि । २. P णिवइ स । ३. A गसेवउ । ४. A पुसेवउ ।

एव चवेप्पिणु रज्जि थवेप्पिणु अइरहु णंदणु　　संगु मुएप्पिणु गउ तउ लेप्पिणु णिम्माणुसु वणु ।
पढिउ सुयंगइं सो एयारह णिट्ठइ झिज्जिवि　　तिहुवणखोहणु तित्थयरत्तणु पुण्णु समज्जिवि ।
पावविणासें मुउ संणासें गउ संव्वत्थहु　　जगि णउ काइं मि दीसइ दुग्गमु धम्मसमत्थहु ।
जं तसणाडिहिं लहुयउ गरुयउ काइं वि अच्छइ　　तं णियणाणें एक्कु[6] करंगउ जाणइ पेच्छइ ।
सो तिहिं तीसहिं पक्खहिं गलियहिं सासु पउंजइ　　तेत्तियवरिससहासहिं संखइ झीणइ भुंजइ ।
सुक्कलेसु ससिसुक्कवण्णु सुई णिप्पडियारउ　　किं वण्णिज्जइ इंदु चंदु अहमिंदु भडारउ ।
तेणं[9] तितीससमुद्दमाणु परमाउसु भुत्तउं　　परियाणिवि उव्वरिउं सेसु छम्मासु णिरुत्तउं ।
पेसणु पढमें सयमहिण जक्खिदहु सिट्ठउं　　कुरु कुरु जिणपुज्जाविहाणु परमागमि दिट्ठउं ।

घत्ता—सुणि[10] जंबूदीवइ ससिरविदीवइ भरहखेत्ति जणपउरइ[11] ॥
महराउ[12] णरेसरु सुरकरिकरकरु अत्थि जक्ख रयणउरइ ॥२॥

३

पुरंधि तस्स सुप्पहा　　सई अणंगमापहा ।
जणेदिही[1] जिणेसरं　　रईणिसादिणेसरं ।

अमृतके समान किरणोंवाले चन्द्रमाको ग्रसित कर लिया, दुष्ट यमके द्वारा उसी प्रकार जीव पकड़ लिया जायेगा और नष्ट कर दिया जायेगा, अतः व्रतरहित शरीरसे जीनेसे क्या ?" यह कहकर और राज्यमें पुत्र अतिरथको स्थापित कर, परिग्रह छोड़कर तथा तप ग्रहण कर वहाँ गया, जहाँ निर्जन वन था। उसने ग्यारह श्रुतांगोंका अध्ययन किया और निष्ठापूर्वक ध्यान कर त्रिभुवनको क्षुब्ध करनेवाला तीर्थंकरत्वका पुण्य अर्जित कर, पापको नाश कर तथा संन्याससे मरकर सर्वार्थसिद्धिमें गया। धर्मसे समर्थ जीवके लिए संसारमें कुछ भी दुर्गम दिखाई नहीं देता। त्रसनाड़ीमें जो भी लघु और भारी हैं, उसे वह अपने एक ज्ञानसे हस्तगतके समान जानता और देखता है। वह वहाँ (सर्वार्थसिद्धिमें) तीस पक्ष गलनेमें सांस लेता है, उतने ही हजार वर्ष अर्थात् तैंतीस हजार वर्षोंकी संख्या क्षीण होनेपर आहार ग्रहण करता है, शुक्ललेश्यासे युक्त चन्द्रमा और शुक्रके रंगवाला पवित्र निष्पीड़ाकारक इन्द्रचन्द्र उस आदरणीयका क्या वर्णन किया जाये ? उसने वहाँ तैंतीस सागर प्रमण आयुका भोग किया। यह जानकर कि निश्चयसे छह माह आयु शेष बची है, प्रथम सौधर्म इन्द्रने कुबेरको आदेश दिया—"परमागममें देखे गये जिनपूजा विधानको करिए।

घत्ता—हे यक्ष सुनो, सूर्यचन्द्रमाके द्वीप जम्बूद्वीपके जनप्रचुर भरतक्षेत्रके रत्नपुरमें ऐरावतकी सूँड़के समान हाथोंवाला राजा भानु है ॥२॥

३

उसकी रानी सुप्रभा सती कामश्रीके समान है। वह, रतिरूपी निशाके लिए सूर्यके समान

---

५. AP read this line as पढिउ सुयंगइं सो अविहंगइं एयारह पुणु; P adds after this: सरिवि सुहंगइं दहधम्मंगइं सोसिवि णियतणु; AP adds after this : छत्तीस वि गुणसहिए तवणिट्ठइ (A तवणिट्ठविएं झिज्जिवि। ६. P एक्क। ७. A सो तेतीसहि। ८. A सुह°। ९. A तिणि तेत्तीस°। १०. A पुण जंबू°; P मुणि जंबू°। ११. P जणे पउरइ; K जणपवरइ but corrects it to जणपउरइ। १२. A मेहराउ; P महाराउ।

३. १. AP जणेइही।

पुरं णिबद्धतोरणं घरं सम[2]त्तवारणं ।
करेहि तं तहा तुमं कुलक्कमागयं इमं ।
णमंसिउं सुराहिवं तओ गओ धणी भुवं ।
णवप्पसंडिपीयलं अणेयखाइयाजलं ।
अणेयवण्णसालयं अणेयणट्टसालयं ।
अणेयकेउच्छाइयं अणेयतूरणाइयं ।
अणेयदारदावणं अणेयवल्लरीवणं ।
अणेयसुंदरावणं अणेयतित्थपावणं ।
कयं पुरं महासरं त[3]हिं चि रायमंदिरं ।

घत्ता—तहिं पच्छिमरयणिहि सुत्तइ सयणिहि दीसइ देविइ कुंजरु ॥
पसुवइ पंचाणणु विप्फुरियाणणु मयमारणणहपंजरु ॥३॥

४

अवरे[1] वि सिरिदामइं दिट्ठिहि सोम्मइं ढोइयइं
णहि पंडुरतंबइं ससिरविबिंबइं जोइयइं ।
दुइ मीण रईणड दुइ मंगलघड सरयसरु
जलणिहि जलभीसणु सेहीरासणु सक्कघरु ।
उरगिंदणिहेलणु णाणामणिगणु सत्तसिहु
मुद्धइ अवलोइउ मणि संमाइउ भणिउ पहु ।
मइं दिट्ठा सिविणय सोलह सिविणय[2] देंतु सुहुं

जिनेश्वरको जन्म देगी । अतः तोरणोंसे निबद्ध नगर और वारणों सहित घर तुम वहां इस प्रकार बनाओ कि जिस प्रकार कुलक्रमागत हो ।" तब देवेन्द्रको नमस्कार कर उस समय कुबेर मनुष्य-लोकके लिए गया । उसने महासरोवरसे युक्त नगर और राजभवन बनाया, जो नवसुवर्णसे पीला था, जिसमें अनेक खाइयोंका जल था, जिसमें अनेक रंगके परकोटे थे, अनेक नृत्यशालाएँ थीं, जो अनेक पताकाओंसे आच्छादित था, अनेक तूर्योंसे निनादित था, अनेक द्वारों और दावण (पशुओंको बांधनेकी रस्सी) से युक्त था, जिसमें अनेक सुन्दर बाजार थे जो अनेक तीर्थोंसे पवित्र था ।

घत्ता—वहाँ शय्यापर सोती हुई देवी रात्रिके अन्तिम प्रहरमें देखती है—हाथी, बैल, विस्फारित मुखवाला तथा हरिणोंके मारनेसे पीले नखोंवाला सिंह ॥३॥

४

और भी दृष्टिके लिए सौम्य श्रीमालाएँ देखीं, आकाशमें सफेद और लाल चन्द्रमा तथा सूर्यके बिम्ब देखे । रतिमें नृत्य करते हुए दो मीन, दो मंगलकलश, शरद्का सरोवर, जलसे भयं-कर समुद्र, सिंहासन, इन्द्रघर (देव विमान), नागभवन, नाना रत्नराशि, अग्नि । उस मुग्धाने स्वप्नोंको देखा, मनमें उनका सम्मान किया और अपने स्वामीसे कहा कि मैंने सोलह स्वप्न

२. P सम्मत्त° । ३. A तहिं च राय° ।
४. १. AP अवरु । २. AP सुविणय ।

फलु ताहं भडारा णरवरसारा कहहि तुहुं ।
पइ कंतहि अक्खइ गुज्झु ण रक्खइ भुयणगुरु
तुह होसइ तणुरुहु णव[3]सरुहमुहु गुणपउरु ।
तं णिसुणिवि राणी णं सह[4]साणी घणरविण
णच्चइ सिंगारें रसवित्थारें णवणविण ।
हेमुज्जलभित्तिहिं उग्गयदित्तिहिं जियतवणि
वोलाविय[5] अयणइं पडियइं रयणइं णिवभवणि ।
वइसाहइ मासइ तेर[6]सिदिवसइ ससिधवलि
थिउ गब्भि जिणेसरु अहममरेसरु गलियमलि ।
रेवइणक्खत्तइ ण[7]विउ पवित्तइ सुरवरहिं
आयहिं दिहिकंतिहिं सिरिहिरिकित्तिहिं अच्छरहिं ।
चउसायरमेत्तइ सिद्धि अणंतइ मयमहणु
अंतिमपल्लद्धइ धम्मविसुद्धइ गइ णिहणु ।
माहम्मि रवण्णइ धण्ण[8]पउण्णइ जणियसुहि
ओसा[9]कणसंकुलि णवतणकोमलि तुहिणवहि ।
सियपक्खहु अवसरि तेरसिवासरि दिण्णदिहि
उप्पण्णउ जगगुरु सिरिसेवियउरु णाणणिहि ।
[10]गुरुजोइ सुरिंदहिं ण्हविउ फणिंदहिं सुरगिरिहि
आणिवि पियवाइहि अप्पिउ मायहि सुंदरिहि ।

देखे हैं, हे नरवर-श्रेष्ठ आप उनके फल बतायें। पति अपनी कान्तासे कहता है, वह कुछ भी छिपाकर नहीं रखेगा, तुम्हारा गुणोंसे प्रवर, नवकमलमुख पुत्र विश्वगुरु होगा। यह सुनकर रानी नवशृंगार और रसविस्तारसे इस प्रकार नृत्य करती है, मानो मेघध्वनिसे मयूरी नाच उठी हो। स्वर्णके समान उज्ज्वल भित्तियोंके समान निकलती हुई किरणोंके द्वारा एक अयन (छह माह) बीतनेपर स्वर्णके जीतनेवाले राजाके भवनमें रत्नोंकी वर्षा हुई। वैशाख माहके शुक्ल पक्षकी तेरसके दिन वह अहमेन्द्र जिनेश्वर मलसे रहित गर्भमें रेवती नक्षत्रमें आकर स्थित हो गया है। धृति-कान्ति-श्री-ह्री-कीर्ति आदि अप्सराओंने उन्हें नमन किया। अनन्त भगवान्‌के सिद्ध होनेपर चार सागर प्रमाण समय बीतने और अन्तिम पल्यके आधे समयके धर्म विशुद्धिसे रहित होनेपर, धान्यसे प्रपूर्ण, सुख उत्पन्न करनेवाले ओसकणोंसे व्याप्त, नवतृणोंसे कोमल तथा हिमपथसे युक्त माघ शुक्ला त्रयोदशीके दिन पुष्य नक्षत्रमें भाग्यविधाता विश्वगुरु तथा लक्ष्मीके द्वारा जिनका वक्ष सेवित है ऐसे ज्ञाननिधि उत्पन्न हुए, देवेन्द्रों और नागेन्द्रोंने सुमेर

३. A णवससहरमुहु। ४. A सहसीणी; P सुहसाणी। ५. P वोल्लाविय। ६. A अट्ठमिदिवसइ। ७. AP णवि। ८. A धम्मपउण्णइ। ९. P उंसा°। १०. A गुरुजोय।

गउ सक्कु सुहम्महु पणविवि धम्महु पंणइसिरु[11]
वड्ढइ परमेसरु रूवें जियसरु महुरगिरु।
घत्ता—पणयालसुचावइं[12] उज्जुयभावइं गरुएं तणु तुंगत्तें ॥
तेलोक्कहु सारें अरुहकुमारें जणु रंजिउ धणु दंतें ॥४॥

५

ताव कुंअरत्तणे[1] देवकयकित्तणे।
लक्खजुयसंजुयं अद्धलक्खं गयं।
वच्छरविसेसहं[2] अच्छरसुरेसहं[3]।
विरइय अणिंदओ[4] जसविडविकंदओ।
इंदकयण्हाणओ जायओ राणओ।
वयसमोलक्खहं[5] गयहं कयसोक्खहं।
चंदिमाकंतिया उक्क णिवडंतिया।
तेण अवलोइया विहियणिव्वेइया।
सइं जि उम्मोहिओ पुणु वि संबोहिओ।
वरकुसुमहत्थहिं[6] दिव्वरिसिसत्थहिं।
हरिहिं अहिसिंचिओ वंदिओ अंचिओ।
सिहरलिहियंबरं णाययत्तं वरं।
सिवियमारोहिउं वम्महं जोहिउं।
मंदिरा णिग्गओ सालवणमुवगओ।
माहि तेरहमए दियहि संमियंकए[7]।

पर्वतपर अभिषेक किया, और लाकर प्रिय शब्दोंसे सुन्दरी माताको सौंप दिया। प्रणत शिर इन्द्र धर्मनाथको प्रणाम कर सौधर्म स्वर्ग चला गया। अपने रूपसे कामदेवको जीतनेवाले मधुरवाणी परमेश्वर रूपमें बढ़ने लगे।

घत्ता—उनका शरीर ऊँचाई और गुरुत्वमें सरल पैंतालीस धनुष था। त्रैलोक्यमें श्रेष्ठ अर्हत् कुमारने धन देकर लोगोंका रंजन किया ॥४॥

५

जिसका देवोंने कीर्तन किया है ऐसे कौमार्यकालके दो लाख पचास हजार विशेष वर्ष उनके बीत गये। अप्सराओं और इन्द्रोंने जिनके आनन्दकी रचना की है, जो यशरूपी वृक्षके अंकुर हैं, इन्द्रके द्वारा जिनका अभिषेक किया गया है, ऐसे वह राजा हो गये। सुख उत्पन्न करनेवाले उनके पाँच लाख वर्ष बीत गये। उन्होंने चन्द्रमाके समान कान्तिवाली, वैराग्य उत्पन्न करनेवाली एक गिरती हुई उल्का देखी। वह स्वयं ही विरक्त हो गये, फिर भी उन्हें श्रेष्ठ कुसुम जिनके हाथमें हैं, ऐसे दिव्य मुनिसमूहोंके द्वारा सम्बोधित किया गया। वह देवेन्द्रोंके द्वारा अभिसिंचित और अर्चित हुए। अपने शिखरसे आकाशको छूनेवाली श्रेष्ठ नागदत्ता

११. AP पणयसिरु। १२. A सचावइं।

५. १. AP कुमरत्तणे। २. P °विसेसेहिं। ३. P °सुरेसेहिं। ४. AP विरयाणंदओ। ५. A वयसमलक्खहं; P वयसमहुलक्खहं। ६. A णवकुसुम°। ७. A समयंकए।

पूसि सायण्हए रहिउ रइतण्हए ।
छट्ठउववासओ करिवि [8]णिहिवासओ ।
णिवसहससंजुओ मुणिवरिंदो हुओ ।
खंतिकंतापिओ तुरियणाणंकिओ ।
[9]पुरि घरविचित्तए [10]पाडलीउत्तए ।
भमिउ पिंडत्थिओ विणयणविओ थिओ ।
धण्णसेणालए ढोइयं कालए ।
भोयणं [11]फासुयं सव्वदोसच्चुयं ।
जायपंचब्भुयं दाणममरत्थुयं ।
सहइ तवतावणं करइ गुणभावणं ।

घत्ता—उवसंतइ मच्छरि गइ संवच्छरि खाइयभावहु आइउ ॥
फुल्लंतपियालउं तुंगतमालउं तं सालवणु पराइउ ॥५॥

६

तहिं सत्तच्छयतरुहि तलि खगउलमुहुलि[1] ।
छट्ठववासालंकियहु अविसंकियहु[2] ।
पूसरिक्खि छणससिदिवसि हइ कम्मरसि ।
अवरण्हइ हूयउ सयलु केवलु विमलु ।
आयउ तुरियउं[3] सत्तियसयणु दससयणयणु ।

शिविकामें बैठकर, कामको जीतकर घरसे निकल गये और शालवनमें पहुँचे। माघ शुक्ला त्रयोदशीके दिन सायंकाल पुष्यनक्षत्रमें रतिकी तृष्णासे रहित कर्मकी सामर्थ्यका नाश कर, छठा उपवास कर एक हजार राजाओंके साथ दीक्षित हो गये। क्षान्तिरूपी कान्तिके प्रिय चार ज्ञानोंसे अंकित वह घरोंसे विचित्र पाटलिपुत्र नगरमें आहारके लिए घूमे। शिष्टतासे नम्र वह राजा धन्यषेणके प्रासादमें पहुँचे। उस अवसरपर उन्हें प्रासुक तथा सब प्रकारके दोषोंसे च्युत भोजन दिया गया। पाँच प्रकारके आश्चर्य हुए। वह दान देवोंके द्वारा संस्तुत था। वह तपसे सन्तप्त उनकी श्रद्धा करता, गुणोंकी भावना करता है।

घत्ता—ईर्ष्याभाव समाप्त होने और एक साल बीतनेपर वह क्षायिक भावपर स्थित हो गये। जिसमें प्रियाल वृक्ष खिले हुए हैं और जिसमें ऊँचे-ऊँचे तमालवृक्ष हैं, ऐसे शालवनमें वह पहुँचे ॥५॥

६

वहाँ पक्षि-समूहसे मुखरित सप्तपर्ण वृक्षके नीचे, छठे उपवाससे शोभित, विशंकाओंसे रहित, पूष शुक्ल पूर्णिमाके दिन, कर्मकी सामर्थ्य नष्ट होनेपर अपराह्णमें विमल समस्त केवलज्ञान

८. A पिहियासवो। ९ A पुरघरं°। १०. AP पाडलीपुत्तए। ११. AP पासुयं।

६. १. AP °मुहलि। २. AP add after this: देवें सयरायरु मुणिउं, जगु जाणियउं (A omits जगु जाणियउं); खणि जाइय (A जाइयउ) देवागमणु, छण्णइ (A सुण्णय°) गयणु; णाणाविहहिं पडाइयहिं, अवराइयहिं; संथुउ देउ सुरासुरहिं, मउलियकरहिं; K gives these lines but scores them off, ३. A तुरिउ।

थुणइ थुणंतु गहीरझुणि जय परममुणि ।
धम्मु ण णहयलि गिरिगुहिलि णउ धरणियलि ।
धम्मु ण ण्हाणि ण पसुगॅसणि ण सुरावसणि ।
तुहुं जि धम्मु जिणधम्ममउ कयजीवदउ ।
णरयपडंतहं दिण्णु करु तुहुं दुरियहरु ।
हॅरु तुहुं संकरु परमपरु तुहुं तित्थयरु ।
बुद्ध सिद्ध तुहुं मॅहु सरणु हयजरमरणु ।
जिहँ मणु धावइ णारियणि उत्तुंगथणि ।
जिह मणु धावइ भॅवणि धणि णियबंधुयणि ।
तिह जइ धावइ तुह पयहं गयभवभयहं ।
तो संसारि ण संसरइ ण हवइ मरइ ।
जाइ जीउ तिहुवणसिरहु तहु सिवपुरहु ।
एंव थुणेवि पुरंदरिण वीणासरिण ।
समवसरणु णिम्मिउ विउलु तहिं जीवउलु ।
धम्मचक्कपहुंणा जिणिण संबोहियउं ।
इंदियविसयकसायवसु सुणिरोहियउं ।

घत्ता—तहु वज्जियछम्महु देवहु धम्महु तवभरधरदढयरभुय ॥
चालीस मणोहर जाया गणहर बिहिं[९] गणणाहहिं संजुय ॥६॥

उत्पन्न हो गया । इन्द्र तुरन्त देवजनोंके साथ आया । स्तुति करते हुए गम्भीर ध्वनि वह कहता है—"हे परममुनि, तुम्हारी जय हो । धर्म न तो आकाशतलमें है और न गिरिगुहामें । धर्म न स्नानमें है और न पशुओंके खानेमें, और न मदिरा पीनेमें । जीवदया करनेवाले जिनधर्ममय आप धर्म हैं, नरकमें गिरते हुएके लिए तुमने अपना हाथ दिया है, तुम पापका हरण करनेवाले हो, तुम शिव-शंकर और परमश्रेष्ठ हो । तुम तीर्थंकर हो; तुम बुद्ध-सिद्ध मेरी शरण हो, जरा और मृत्युका नाश करनेवाले हो । जिस प्रकार मन ऊँचे स्तनोंवाली स्त्रियोंमें जाता है, जिस प्रकार मन दौड़ता है, भवन-धन और अपने बन्धुजनमें उसी प्रकार यदि वह भवभयसे रहित तुम्हारे चरणोंमें दौड़े तो वह संसारमें परिभ्रमण न करे, न पैदा हो और न मृत्युको प्राप्त हो, और जीव त्रिभुवनके सिरपर स्थित शिवपुरमें जाता है।" वीणाके स्वरमें इस प्रकार जिनकी स्तुति कर इन्द्रने विशाल समवसरणकी रचना की। उसमें धर्मचक्रके स्वामी जिनभगवान्ने जीवकुलको सम्बोधित किया । इन्द्रियों और कषायोंकी अधीनताका उन्होंने विरोध किया ।

घत्ता—वहाँ उनके छह मदोंसे रहित, धर्मनाथ देवके तपका भार उठानेमें दृढ़तर भुजा-वाले, विभिन्न गणनाथोंसे युक्त चालीस सुन्दर गणधर हुए ॥६॥

---

४. A पसुवहणे । ५. P has तुहुं before हरु । ६. A महु सुयणु । ७. P omits this line.
८. A धावइ भवणि वणि; P धावइ णियभवणि धणि । ९. P तिहिं ।

७

णवसयइं पुव्वपारयरिसिहिं संदरिसियमोक्खमग्गदिसिहिं ।
चालीससहास सत्तसयइं सिक्खुयहं[1] णमंसियगुरुपयइं ।
रिदुसयइं तिण्णि सहसइं परहं अवहिह्नहं संजमभरधरहं ।
चउसहस पंचसय केवलिहिं[2] मणपज्जयाहं तइं मणबलिहिं ।
भयसहसइं विक्किरियाइयहं दोसहसइं वसुसयवाइयहं ।
सहसाइं सट्ठि चउसयजुयइं अज्जियहं मोहवासहु चुयइं ।
दोलक्खइं भणियइं सावयाहं दुगुणाइं तृयहं[3] पालियवयाहं ।
गिव्वाण मिलिय संखारहिय संखेज्ज तिरिक्ख दिक्खसहिय ।
पणवंति जासु[4] को तेण सहुं उवमिज्जइ हूई चिंत महुं ।
गिंभागमि अट्ठणवुत्तरहिं[5] सहु जइसएहिं कयसंवरहिं ।
चोत्थिइ पच्छिमपहरइ णिसिहि संमेयसिहरि अरिहहु रिसिहि ।
संपण्णी धम्महु परमगइ महुं देउ भडारउ सुद्धमइ ।

घत्ता—वंदारयवंदहु देहुं[6] जिणिंदहु पुज्जिवि हयभवपासहु ॥
पहजियरविमंडलु गउ आहंडलु गय अवर वि णियवासहु ॥७॥

८

धम्मवारिविहरणबोहित्थे अरिंस[1] परमधम्मजिणतित्थे ।

७

पूर्वांगोंमें पारंगत और मोक्षमार्गकी दिशा बतानेवाले मुनि नौ सौ थे। जिन्होंने अपने गुरुपदोंको नमस्कार किया है, ऐसे शिक्षक चालीस हजार सात सौ थे। संयमके भारको धारण करनेवाले शेष अवधिज्ञानी तीन हजार छह सौ। केवलज्ञानी चार हजार पाँच सौ। मनःपर्यय ज्ञानधारी मुनि भी चार हजार पाँच सौ। विक्रिया-ऋद्धिधारी सात हजार थे। वादी मुनि दो हजार आठ सौ। मोहवाससे रहित आर्यिकाएँ साठ हजार चार सौ। श्रावक दो लाख और व्रतोंका पालन करनेवाली श्राविकाएँ चार लाख। देवता वहाँ संख्यारहित सम्मिलित हुए। दीक्षा सहित संख्यात तिर्यंच प्रणाम करते हैं। मुझे यह चिन्ता है कि उनकी उपमा किससे दी जाये? ग्रीष्मकाल आनेपर संवर धारण करनेवाले आठ सौ नौ मुनियोंके साथ (ज्येष्ठ शुक्ला) चतुर्थीके दिन रात्रिके अन्तिम प्रहरमें अरहन्त मुनिको सम्मेद शिखरपर धर्मकी परमगति (मोक्ष) प्राप्त हुई। आदरणीय वह मुझे शुभमति प्रदान करें।

घत्ता—जिन्होंने जन्मपाशको नष्ट कर दिया है ऐसे देवोंके द्वारा वन्दनीय जिनेन्द्रकी पूजा कर प्रभासे रविमण्डलको जीतनेवाला इन्द्र तथा दूसरे भी देव अपने-अपने निवासके लिए चले गये ॥७॥

८

धर्मरूपी जलमें विहार करनेके लिए जहाजके समान परम धर्मनाथके इस तीर्थमें हे

७. १. P भिक्खुयहं। २. A जिह केवलहिं। ३. AP तियहं। ४. AP जासु सो केण सहुं। ५. A अट्ठणववुत्तरेहिं। ६. A देवजिणिंदहु।

८. १. A अरुस।

सेणिय हलहरचक्कहराणं णिसुणहि चरियं णरपवराणं।
णवसासंचियवसुमइदेहे जंबूदीवे अवरविदेहे।
णिवसइ णरवइ परदुव्विसहो वीयसोयणयरे णरवेंसहो।
सो संसारजायणिव्वेयउ[3] दमवरपासे सुद्धिसंमेयउ[4]।
काउं तवचरणं जिणदिट्ठं विसहियकेसालुंचणणिट्ठं।
पत्तो णिरसणविहिणा सग्गं तं सहसारं भोयसमग्गं।
अट्ठारहजलणिहिपरिमाणे तस्सेयारहमे वोलीणे।
जइया तइया इह रायगिहे[5] णयरे घरसिरणच्चियबरिहे।
णाम सुमित्तो अप्पडिमल्लो दुज्जणहियउप्पाइयसल्लो।
जुज्झे सो भुयबलमयमत्तो रायसीहराएण णिहित्तो।
ताम तेण परिमउलियणेत्तें परिभवदुक्खपरंपरछित्तें।

घत्ता—णियरज्जु मुएप्पिणु तणयहु देप्पिणु जुण्णउं तणु व गणेप्पिणु ॥
चिण्णउं व्रउं दूसहु कयवम्महवहु कण्हसूरि पणवेप्पिणु ॥८॥

९

णवर पमाएं माणकसाएं।
भीमें रुद्धउ हियवइ कुद्धउ।
खरतवझीणउ सासु अयाणउ।
पत्थइ तवहलु होज्जउ भुयबलु।
आगामिणि भवि भडरवि रउरवि।

श्रेणिक, हलधर और चक्रवर्ती नरश्रेष्ठोंका चरित्र सुनो। जिसकी भूमिरूपी देह नवधान्योंसे अंचित है, ऐसे जम्बूद्वीपके अपर विदेहके वीतशोक नगरमें शत्रुको सहन नहीं कर सकनेवाला राजा नरवृषभ निवास करता था। संसारसे वैराग्य उत्पन्न होनेपर शुद्धि सहित वह दमवर मुनिके पास, जिसमें केशलोंचकी निष्ठाको सहन किया जाता है, ऐसा जिनके द्वारा उपदिष्ट तपको कर उसने अनशन विधिके मार्गसे भोगसे परिपूर्ण सहस्रार स्वर्ग प्राप्त किया। उसकी अठारह सागर प्रमाण आयुमें-से जब ग्यारह सागर आयु निकल गयी तो जिसके गृहशिखरोंपर मयूर नृत्य करते हैं, ऐसे राजगृह नगरमें अप्रतिमल्ल और दुर्जनोंके हृदयमें शल्य उत्पन्न करनेवाला सुमित्र नामका राजा हुआ। भुजबलसे प्रमत्त वह युद्धमें राजसिंह राजके द्वारा पराजित कर दिया गया। तब पराभवकी दुःख-परम्परासे अभिभूत अपनी आँखें बन्द किये हुए वह—

घत्ता—अपना राज्य छोड़कर और पुत्रके लिए देकर जीर्ण तृणकी तरह समझकर जिन्होंने कामदेवका नाश कर दिया है, ऐसे कृष्णसूरि मुनिको प्रणाम कर उसने असह्य व्रत स्वीकार कर लिया ॥८॥

९

परन्तु नहीं, वह भीषण मान कषायसे रुद्ध अपने हृदयमें क्रुद्ध हो उठा। अत्यन्त तपसे क्षीण वह अज्ञानी साधु यह तपफल माँगता है कि आगामी भवमें मेरा ऐसा बाहुबल हो, जिससे

---

२. P णरवासहो। ३. P संसारह जाय°। ४. °सम्मेयउ। ५. A रायहरे। ६. A वउ; P तउ।
९. १. AP अजाणउ। २. AP अइयणि।

जेण वियारमि सो रिउ मारमि ।
इय णिज्झाइवि देहु पमाइवि ।
सल्लकिलेसें मुउ संणासें ।
थिउ[3] सुरविंदइ हुउ माहिंदइ ।
जाउ मणोरमि अणुवमतणुरमि ।
आउअणिंदइ सत्तसमुद्दइ ।
जहिं जिणगीयइं[4] अच्छरगीयइं[5] ।
जहिं सवणिज्जइं सुइरमणिज्जइं ।
जें चिरु जित्तउ राउ सुमित्तउ ।
सो पत्थिवहरि णं मत्तउ करि ।
हिंडिवि भववणि विहुरावलिघणि ।
फलियधरायलि इह कुरुजंगलि ।
पंडुरगोउरि हूयउ गयउरि ।
राउ कुसीलउ सो महुकीलउ ।

घत्ता—करयलकरवालें भिउडिकरालें पुहइ तिखंडें[6] पसाहिय ॥
मंडलिय मउद्धर[7] जेम धुरंधर तेम तेण घरि वाहिय ॥९॥

१०

रज्जु[1] केसिणसुहसारउं अणुहुत्तिहिं[2] णियउं
कइवइ वरिसइं जइयहुं तहु जीविउं थियउं ।
तइयहुं खगउरणाहहु[3] सीहसेणणिवहु
इक्खाउहि सुपसिद्धहु इह भरहुब्भवहु ।

मैं भटकोलाहलसे भयंकर युद्धमें विदीर्ण कर शत्रुको नष्ट कर सकूँ यह ध्यान कर और अपना शरीर छोड़कर, शल्यके क्लेश और संन्याससे मरकर वह देवसमूहवाले माहेन्द्र स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। वह सुन्दर अनुपम तारुण्यमें जन्मा। उसकी अनिन्द्य आयु सात सागर प्रमाण थी। जहाँ जिनवरसे सम्बन्धित गीत और अप्सराओंके सुचिर मनोज्ञ गीत सुनाई देते हैं। और जिसने पहले राजा सुमित्रको जीता था, वह श्रेष्ठ राजा राजसिंह मानो मत्तगज हो। कष्टोंसे भरपूर संसाररूपी वनमें भ्रमणकर, जिसमें स्फटिकका धरातल है, ऐसे कुरुजांगलमें सफेद गोपुरोंवाले गजपुर (हस्तिनापुर) में खोटी चेष्टावाला मधुक्रीड़ नामका राजा हुआ।

घत्ता—जिसकी भृकुटियाँ भयंकर हैं ऐसे उसने हाथमें तलवार लेकर तीन खण्ड धरती सिद्ध कर ली। मदसे उद्धत माण्डलीक राजाओंको वह बैलोंकी तरह अपने घर हाँक लाया ॥९॥

१०

समस्त सुखोंसे श्रेष्ठ राज्यका अनुभोग किया और जब उसका जीवन कुछ वर्षोंका रह गया तभी खगपुरके स्वामी इक्ष्वाकुकुलके सुप्रसिद्ध भरतराजाके अंकुर सिंहसेन राजाकी

३. A थिय । ४. P जिणगेहइं । ५. A अच्छरिगीयइं । ६. A तिखंडइं साहिय । ७. AP मउडधर ।
१०. १. A कसण° । २. AP अणुहुंजिवि । ३. A गोउरणाहहु; K गोउर° but corrects it to खगउर° ।

विजयादेविहि गब्भइ उप्पण्णउ धवलु
सो णर[4]वसहवरामरु भुयजुय[5]बलपबलु ।
सुहिहिं सुदंसणु कोक्किउ कुलसरहंसवरु
तहिं अवसरि माहिंदहु णिवडिउ[6] सइं इयरु ।
अहरबिंबरुइणिज्जियणवरविबिंबियहि
सो सुमित्तु सुउ जायउ उय[7]रइ अंबियहि ।
पुरिससीहु हक्कारिउ लहुयउ बंधवहिं
पहु पमाणु संपत्तउ थणयथ[8]ण्णधुयहिं ।
ते[9] बेण्णि वि ससियरहिमकज्जलगरलणिह
बेण्णि वि ते सुरगिरिवरसंणिहमाणसिह ।
बेण्णि वि ते बल केसव वासवविहियभय
ते बिण्णि वि णि[10]वसिरमणिकिरणारुणियपय ।
ते बिण्णि मि संसेविय विज्जाजोइणिहिं
समलंकिय हरिवाहिणिगारुलवाहिणिहिं ।
ते तेहा[11] आयण्णिवि परसिरिअसहणउ
महुकीलउ आरुट्ठउ रणि जुज्झणमणउ ।
पेसियदूएं [12]जाइवि बोल्लिय रायसुय
किं तुम्हइं ण कयाइ वि एही वत्त सुय ।

घत्ता—खोणीयलपालहु जो महुकीलहु कप्पु देइ सो जीवइ ॥
हलहर सुहभायण [13]सुणि णारायण अवरु जमाणणु पावइ ॥१०॥

विजयादेवीके गर्भसे वह धवल बाहुबलसे प्रबल देव उत्पन्न हुआ । सुधीजनोंने कुलरूपी सरोवरके हंस उसे सुदर्शन कहकर पुकारा । उसी अवसरपर माहेन्द्र स्वर्गसे अवतरित दूसरा देव, स्वयं जिसने अधरबिम्बोंकी कान्तिसे नव रविबिम्बोंको जीत लिया है, ऐसी अम्बिका नामकी दूसरी रानीके उदरसे वह सुमित्र पुत्र हुआ । छोटे भाइयोंने पुरुषसिंह कहकर पुकारा । वह प्रभु शीघ्र बालकों और तरुणोंमें प्रामाणिकताको प्राप्त हो गये । वे दोनों ही चन्द्रमा, हिम, काजल और गरलके समान रंगवाले थे । वे दोनों ही सुमेरुपर्वतके समान मानसे श्रेष्ठ थे । इन्द्रको भय उत्पन्न करनेवाले वे दोनों बलभद्र और नारायण थे । जिनके पैर राजाओंके शिरोमणिकी किरणोंसे अरुण हैं, ऐसे थे । वे दोनों ही विद्याओं और योगिनियोंके द्वारा सेवित थे । वे दोनों हरिवाहिनी और गरुड़वाहिनियोंसे अलंकृत थे । उनको इस प्रकारका सुनकर दूसरेकी लक्ष्मीके प्रति असहिष्णु युद्धकी इच्छा करनेवाला मधुक्रीड़ युद्धमें क्रुद्ध हो उठा । उसके द्वारा भेजे गये दूतने राजपुत्रोंसे जाकर कहा—

घत्ता—हे शुभभाजन हलधर और नारायण सुनिए, जो राजा मधुक्रीडको कर देगा वही जीवित रहेगा । दूसरा यमाननको प्राप्त करेगा ॥१०॥

४. A णरवसहु । ५. A °पबलबलु । ६. A णिवडिउ सो इयवरु । ७. P अवरइ । ८. A थण्णयथण-चुवहिं; P थणयथण्णधुवहिं । ९. AP बेण्णि मि ते । १०. AP णिव° । ११. AP तहा । १२. AP बोल्लिय जाइवि । १३. AP णिसुणि णरायण ।

११

भग्गणरिंदो [1]तो गोविंदो।
माणमहंतो भणइ हसंतो।
भुवि जो मंदो [2]मइं सच्छंदो।
[3]मग्गइ कप्पं तमहं भप्पं।
करमि अदप्पं किं माहप्पं।
अत्थि पराणं खग्गकराणं।
दोण्णयमुक्कं मोत्तूणेक्कं।
लंगलपाणिं को पहु दाणिं।
मइं जीवंतें वइरिकयंतें।
वयणं चंडं सुइवहकंडं।
तं सोऊणं चारु अदीणं।
विगओ दूओ हरिसियभूओ।
कुंजरगइणो तेण सवइणो।
कहिया वत्ता [4]कुरु रणजत्ता।
ण करइ संधी लच्छिपुरंधी-।
लोलो रामो कण्हो भीमो।

घत्ता—तक्खणि संणद्धउ उब्भियधुयधउ रोसें कहिं वि ण माइउ॥
हयतूरगहीरें सहुं परिवारें [5]महुकीडउ उद्धाइउ॥११॥

१२

रमणीदमणइं रिउआगमणइं।
जूरियसयणइं णिसुणिवि वयणइं।

११

तब जिसने राजाओंको नष्ट किया है ऐसा वह मानसे महान् गोविन्द हँसता हुआ कहता है—इस धरतीपर जो मूर्ख और स्वच्छन्द मुझसे कर माँगता है मैं उसको भस्म करता हूँ और दर्पहीन बनाता हूँ। जिनके हाथमें तलवार है, ऐसे शत्रुओंका क्या माहात्म्य। दुर्नयसे रहित एकमात्र बलभद्रको छोड़कर इस समय कौन स्वामी है? शत्रुओंके लिए कृतान्त मेरे जीते हुए। कानोंके लिए तीरके समान उन सुन्दर अदीन प्रचण्ड वचनोंको सुनकर जिसकी भुजा हर्षित है, ऐसा वह दूत चला गया। हाथीके समान चलनेवाले अपने स्वामीसे उसने यह बात कही कि युद्धके लिए प्रस्थान कीजिए। हे देव, वह सन्धि नहीं करता, लक्ष्मी और इन्द्राणी स्त्रियोंके लिए चंचल कृष्ण बहुत भयंकर है।

घत्ता—मधुक्रीड़ तत्काल सन्नद्ध हो गया, आन्दोलित ध्वज वह कहीं भी नहीं समा सका। बजते हुए नगाड़ों और परिवारके साथ मधुक्रीड़ दौड़ा॥११॥

१२

स्त्रियोंका दमन करनेवाले शत्रुआगमन और स्वजनोंको सतानेवाले वचनोंको सुनकर,

---

११. १. A तो। २. ममइ सछंदो। ३. A मंगइ। ४. A करुणाजुत्ता। ५. AP महुकीलउ।

जोइयभुयबल णिग्गय हरि बल ।
झल्लरि वज्जइ दुंदुहि गज्जइ ।
संचल्लिय चमु हुउ मइविब्भमु ।
उक्खयखग्गइं सेण्णइं लग्गइं ।
भडकडवद्दणि मोडियसंदणि ।
फाडियधयवडि तोडियगयगुडि ।
पहरणसंकडि विहडावियघडि ।
सुरवरदारुणि णवकोवारुणि ।
देहवियारणि खेयरमारणि ।
चुयजंपाणइ खलियविवाणइ ।
कुरयंधारइ धणुटंकारइ ।
धाइयबाणइ लुयतणुताणइ ।
रुहिरज्झलझलि णरवरगोंदलि ।
मारियवारणि तहिं पइसिवि रणि ।

घत्ता—पडिसत्तुं वुत्तउं एउं अजुत्तउं जं मइं सहुं रणि जुज्झहि ॥
तहुं भिच्चु कुलीणउ हउं तुह राणउ एत्तिउं कज्जु ण बुज्झहि ॥१२॥

१३

दे देहि कप्पु मा कालसप्पु ।
पइं गिलउ अज्जु अणुहुंजि रज्जु ।
ता भणिउं तेण दामोयरेण ।

अपना बाहुबल देखते हुए नारायणकी सेना निकली। झल्लरी बज उठी, दुन्दुभि गरजी। सेनाने कूच किया। मतिभ्रम होने लगा। तलवार उठाये हुए सेनाएँ भिड़ गयीं। जिसमें योद्धाओंका कचूमर हो रहा है, रथ मोड़े जा रहे हैं, ध्वजपट फाड़े जा रहे हैं, हाथियोंके कवच तोड़े जा रहे हैं, हथियारोंका जमघट हो रहा है, गजघटा विघटित हो रही है, जो सुरवरोंसे भयंकर है, नवकोपसे अरुण है, जो शरीरका विदारण करनेवाला और विद्याधरोंको मारनेवाला है, जिसमे जवान च्युत हो रहे हैं, विमान स्खलित हो रहे हैं, पृथ्वीकी धूलसे अन्धकार हो रहा है, जिसमें धनुषकी टंकार हो रही है, बाण दौड़ रहे हैं, शरीरके कवच काटे जा रहे हैं, रुधिर चमक रहा है, नरवरोंकी हर्षध्वनि हो रही है, जिसमें गज मारे जा रहे हैं, ऐसे उस रणमें प्रवेश कर—

घत्ता—प्रतिशत्रुने कहा, "यह अनुचित है कि जो तुम मेरे साथ युद्धमें लड़ते हो। तुम भृत्य हो, मैं कुलीन। मैं तुम्हारा राजा हूँ, तुम इतना काम भी नहीं समझते ॥१२॥

१३

तुम कर दे दो, कहीं तुम्हें आज कालसर्प न निगल ले। तुम राज्यका भोग करो।" तब

१२. १. A जोइवि। २. AP °मद्दणि। ३. P पाडिय°। ४. P °हयगुडि। ५. AP अलिझंकारइ। ६. A °तणताणइ। ७. A पडिसत्तें।

१३. १. P गिलइ।

को एत्थु सामि कहु तणिय भूमि।
कुलभूसणम्मि सिरिसासणम्मि।
भणु लिहिय कासु बलु जासु तासु।
इय वज्जरंत अमरिसेंफुरंत।
आउहइं लेवि अब्भिट्ट बे वि।
ते वरणरिंद पडिहरिउविंद।
कयरोलियाउ दाढालियाउ।
पिंगच्छियाउ बीहच्छयाँउ।
फणिकंकणाउ लंबियथणाउ।
उक्केसियाँउ रिउपेसियाउ।
बहुरूविणीउ सुरकामिणीउ।
कण्हें हयाउ णासिवि गयाउ।
परणिक्किवेण करिउरणिवेण।
चालिवि गुरुक्कु उम्मुँक्कु चक्कु।
आरालिफुरिउं कण्हेण धरिउं।
दाहिणकरेण णं गहवरेण।
कसणेण तंबु णवभाणुबिंबु।
पुणु भणिउ पिसुणु महुकील णिसुणु।

घत्ता—रे रे रिउकुंजर दढदीहरकर सीरिहि सरणु पढुक्कहि ॥
एवहिं असिजीहहु महुं णॅरसीहहु कमि पँडियउ कहिं चुक्कहि ॥१३॥

उस दामोदरने कहा— "यहाँ कौन स्वामी है, और किसकी भूमि है? बताओ कुलभूषण किसके श्री-शासनमें धरती लिखी हुई है? जिसके पास बल है, धरती उसकी। (जिसकी लाठी उसकी भैंस)," यह कहते हुए तथा अमर्षसे विस्फुरित होते हुए नारायण और प्रतिनारायण वे दोनों श्रेष्ठ नर हथियार लेकर लड़ने लगे। जिसने भयंकर शब्द किया है, जो दाढ़ोंसे युक्त है, जो पीली और भयंकर आँखोंवाली, नागों, वलय पहने हुए लम्बे स्तनोंवाली तथा उठे हुए बालोंवाली। शत्रुके द्वारा प्रेषित, ऐसी वह बहुरूपिणी देवविद्या कामिनी, नारायणके द्वारा आहत होकर भाग गयी। तब शत्रुके लिए निर्दय, गजपुरनरेश मधुक्रीड़ने चलाकर भारी चक्र छोड़ा। आराओंसे स्फुरित उस चक्रको कृष्णने अपने दायें हाथसे इस प्रकार पकड़ लिया मानो काले ग्रहवरने (राहुने) लाल-लाल नव-भानुबिम्ब पकड़ लिया हो। नारायणने कहा—"हे दुष्ट मधुक्रीड़, सुन।

घत्ता—हे दृढ़कर शत्रुगज, तुम बलभद्रकी शरणमें आ जाओ। इस समय तलवार जिसकी जीभ है, ऐसे मुझ जैसे नरसिंहके चरणोंमें पड़े हुए तुम कैसे बच सकते हो" ॥१३॥

२. A अमरिसु। ३. AP बीहच्छियाउ। ४. A उक्कोसियाउ। ५. AP परिमुक्कु। ६. P वरसीहहु। ७. A कमपडियउ।

१४

इय भणिवि सयडंगु अणेण पमेल्लियउं उरयलु वइरिहि विउलु वियरिवि घल्लियउं।
दो वि पंचचालीसधणुण्णयदेहधर[1] सुहुं[2] दहलक्खइं वरिसहं थिय भुंजंत धर।
ते हलहरहरिराणा[3] मंगलभासिणिइ वीर बे वि आलिंगिय विजयविलासिणिइ।
खयकालें मुसुमूरिउ पुरिससीहु गहिरि रउरवि रणरवि[4] णिवडिउ सत्तममहिविवरि।
भाइपेउ[5] सक्कारिवि सीहसेणतणउ धम्महु सरणु पइट्ठउ रामु सुदंसणउ।
छट्ठट्ठमउववासहिं दसमदुवालसहिं परवसलद्धाहारहिं विलवणणीरसहिं।
रुक्खमूलवहि सयणहिं रवियरतावणहिं कम्मकंदु णिल्लूरिवि मुणिगुणभावणहिं।
भुवणत्तयसिहरग्गहु मोक्खहु णिक्कलहु णिक्कसायणीरायहु[6] गउ सो णिक्कलहु।
मुणिगणिंदु[7] आहासइ गोत्तमु विप्पसुउ फणिकिंणरविज्जाहरगणगंधव्वथुउ[8][9]।

घत्ता—मागहणिव मण्णहि पुणु आयण्णहि चरिउं चक्कणेयारहं।
संगामसमत्थहं तइयचउत्थहं मघवसणाइकुमारहं[10] ॥१४॥

१५

पडिवइरिइ हइ णिवडिइ तमतमधरणियलि
गिद्धखद्धमणुअंतइ वित्तइ भडतुमुलि।

१४

यह कहकर नारायणने चक्र चला दिया, तथा शत्रुके विशाल उरतलको भेदकर डाल दिया। पैंतालीस धनुष ऊँचे शरीर धारण करनेवाले वे दोनों ही (नारायण और बलभद्र) सुख-पूर्वक दस लाख वर्षों तक धरतीका भोग करते रहे। वे दोनों ही बलभद्र और नारायण राजा मंगल-भाषिणी (सरस्वती) तथा विजयविलासिनी (विजयलक्ष्मी) के द्वारा आलिंगित थे। क्षयकालके द्वारा मसला गया पुरुषसिंह गम्भीर भयंकर तथा युद्धके कोलाहलसे परिपूर्ण सातवें नरकके बिलमें गया। सिंहसेनके पुत्र (बलभद्र) ने भाईके शवका संस्कार कर राम सुदर्शन (बलभद्र) धर्मनाथकी शरणमें चले गये। छह, आठ, दस और बारह उपवासों, नमक रहित दूसरोंके द्वारा दिये गये आहारों, वृक्षोंके मूल पथपर शयनों, सूर्यकिरणोंके तपनों और मुनिगणकी भावनाओंके द्वारा कर्मरूपी अंकुरको नष्ट कर वह भुवनत्रयके शिखरके अग्रभागमें स्थित, निष्पाप, कषाय और रागसे रहित और शरीर रहित मोक्षके लिए चले गये। मुनिगणनाथ विप्र, पुत्र, नाग, किन्नर, विद्याधरगण और गन्धर्वोंके द्वारा संस्तुत गौतम कहते हैं—

घत्ता—"हे मगधराजा, तुम संग्राममें समर्थ तीसरे और चौथे चक्रके स्वामी मघवा और सनत् कुमारके चरितको सुनो और फिर विश्वास करो" ॥१४॥

१५

प्रतिशत्रु (प्रतिनारायण मधुक्रीड़) के मारे जाने और तमतमप्रभा धरणीतलमें पतन होने-पर, जिसमें गिद्धोंके द्वारा मनुष्यकी आँतें खायी गयी हैं, ऐसी भटभिड़न्त समाप्त होनेपर, भयंकर

१४. १. A °देहवर। २. A सुहदहं। ३. A °हरिणामि। ४. A रणयविणिवडिउ। ५. A भाइदेहु। ६. A णिक्कसाउ णीराउ सुदंसणु णिच्चलहु। ७. A गणिमुणिंदु। ८. AP °विज्जाहरवर°। ९. P °गंधथुउ। १०. P मघवासणईकुमारहं।

दामोयरि गइ णरयहु भीमरहंगकरि
मारवियारणिवारइ णिव्वुइ सीर[1]धरि।
दीह[2]काल वोलीणइ णरणिय[3]राउहरि
ध[4]म्मणाहतित्थंतरि बुहयणसंतियरि।
सुणि जे जाया भारहि भासुरचक्कवइ
बेण्णि सयलइलपा[5]लय जिणकमणिहियमइ।
एत्थु खेत्ति महिमंडलि णयरि विचित्त[6]घरि
मोरकीरकुररावलि सीमारामसरि।
तित्थि वासुपुज्जेसहु दुद्धर वय धरिवि
णरवइ णामें[7] राणउ दुक्करु तउ करिवि।
हुउ मज्झिमगेवज्जहि अहममराहिवइ
जिणधम्में पाविज्जइ सासयसोक्खगइ।
कवणु गहणु देवत्तणु परियत्तणसहिउं
एउं बप्प मइं जाणिउं लोएहिं वि कहिउं।
सत्तवीससायरखइ जायउं मरणु सुरि
सउहावलिसिहरुब्भडि सिरिसाकेयपुरि।
इह सुमित्तणरणाहहु सुहिसंमाणियहि
हंसवंसकलसद्दहि भद्दाराणियहि।
मघउ णाम हूयउ सुउ सुयणाणंदयरु
असियरपसमियरिउतमु भ[8]मिउ णिवदिवसयरु।

चक्रको हाथमें रखनेवाले नारायणके नरक जानेपर, कामदेवके विकारका निवारण करनेवाले बलभद्रके निर्वाण प्राप्त कर लेनेपर, नरसमूहकी आयुका क्षय करनेवाले तथा बुधजनोंको शान्ति प्रदान करनेवाले धर्मनाथके तीर्थकालका लम्बा समय बीतनेपर भारतमें जो चक्रवर्ती हुए उन्हें सुनो। वे दोनों ही धरतीका पालन करनेवाले और जिनवरके चरणोंमें अपनी मति रखते थे। इसी भरत क्षेत्रके महीमण्डलमें विचित्र घरोंकी नगरी थी जो मोर, कीर और कुरर पक्षियोंके शब्दोंसे व्याप्त और सीमोद्यानों तथा नदियोंसे युक्त थी। वासुपूज्यके तीर्थकालमें नरपति नामका राजा कठोर व्रत धारण कर और दुष्कर तप कर मध्यम ग्रैवेयक विमानमें अहमेन्द्र देव हुआ। जिनधर्मसे शाश्वत सुख गति पायी जा सकती है, फिर परिवर्तनशील देवत्वको ग्रहण करनेसे क्या? इस बातको मैं बेचारा जानता हूँ और लोगोंने भी यही कहा है। सत्ताईस सागर समय बीतनेपर देवकी मृत्यु हुई। सौधावलियोंके शिखरोंसे उद्भट श्री साकेतपुरीमें राजा सुमित्रकी सज्जनोंके द्वारा सम्माननीय, हंसकुलके शब्दवाली भद्रा नामकी रानीसे सुजनोंको आनन्द देनेवाला मघवा नामका पुत्र हुआ। वह अपनी तलवाररूपी किरणसे शत्रुरूपी अन्धकारको शान्त करनेवाला घूमता हुआ नव दिनकर था।

१५. १. AP सीरहरि। २. A दीहकालु; P दीहकालि। ३. P °णिरयाउ°। ४. A धम्मदेवतित्थकरि; P धम्मदेवतित्थंतरि। ५. AP °इलवालय°। ६. A विचित्तयरि। ७. P णामें। ८. P भमिउ जि दिवसयरु।

घत्ता—जिउ मागहुं[9] वरतणु सुरखेयरगणु णट्टमालि[10]तुहिणामरु ॥
[11]वसिकिय मंदाइणि साहिवि मेइणि पुणरवि आयउ णिययघरु ॥१५॥

१६

दोचालीससद्धधणुतुंगं कणयच्छवि णं मंदिरसिंगं[1] ।
अंगं तस्स सुलक्खणवंतं कामिणिमणसंखोहणवंतं ।
पंचलक्खवरिसइ बद्धाउ णिच्चं सिद्धसमीहियधाउ ।
दिव्वकामभोएं भोत्तूणं चक्कवट्टिरिद्धिं[2] मोत्तूणं ।
प्रियमित्तहु[3] पुत्तहु दाऊणं सव्वं जिणतच्चं णाऊणं ।
मणहरउज्जाणं गंतूणं अभयघोसदेवं थोत्तूणं ।
गहिउं दिक्खं सहिउं दुक्खं जिणिउं तण्हं णिद्दं भुक्खं ।
मघवंतो पयणयमघवंतो रयपरिचत्तो मोक्खं पत्तो ।

घत्ता—जहिं कामु ण कामिणि दिणु णउ जामिणि ताराणाहु ण णेसरु ॥
जहिं वसइ ण सज्जणु भसइ ण दुज्जणु तहिं थिउ मघवमहेसरु ॥१६॥

१७

कालें जंतें अवरु जिह णृवु[1] उप्पण्णउ कहमि तिह ।
चिंधचीरचुंबियखयलि इह विणीयपुरि छुहधवलि ।

घत्ता—उसने मागध वरतनुको जीत लिया। देव-विद्याधर-गण, नृत्यमाल और हेमन्त-कुमारको जीत लिया। मन्दाकिनीको अपने वशमें कर लिया। इस प्रकार धरतीको सिद्ध कर वह पुनः अपने घर आ गया ॥१५॥

१६

उसका शरीर साढ़े चालीस धनुष ऊँचा था स्वर्णकी छविवाला, मानो मन्दराचलका शिखर हो। उसका शरीर सुन्दर तथा अच्छे लक्षणोंसे युक्त था, यह कामिनीके मनको क्षुब्ध करनेवाला था। उसकी आयु पाँच लाख वर्ष की थी और नवनिधानरूप स्वर्णादि धातुएँ उसे नित्यरूपसे सिद्ध थीं। दिव्य कामभोग भोगकर, चक्रवर्तीकी ऋद्धिको छोड़कर, अपने पुत्र प्रियमित्रको देकर, समस्त जिनतत्त्वको जानकर, मनहर उद्यानमें जाकर, अभयघोष देवकी स्तुति कर उसने दीक्षा ले ली, दुःख सहा, तृष्णा, निद्रा और भूख जीत ली। जिसके चरणोंमे इन्द्र प्रणत है, ऐसा मघवा चक्रवर्ती कर्मरजसे परित्यक्त होकर मोक्ष गया।

घत्ता—जहाँ न काम है और न कामिनी। न दिन है और न यामिनी। न चन्द्रमा है और न सूर्य। जहाँ न दुर्जन रहता है, और न सज्जन बोलता है। मघवा महेश्वर वहाँ निवास करता है ॥१६॥

१७

समय बीतनेपर जिस प्रकार एक और राजा हुआ, मैं उसी प्रकार उसकी कथा कहता हूँ।

---

९. A मागहुवर°। १०. P °मालिरु तुहिणामरु। ११. AP वसिकय।

१६. १. A मंदरसिंगं; P मंदरे सिंगं। २. A रिद्धी मोत्तूणं। ३. AP पियमित्तहु।

१७. १. A णिव; P णिउ।

सूरवंसणहदिणयरउ　　धीरउ पयपालणणिरउ।
पहु अणंतवीरिउ वसइ　　तहु महएवी घरिणि सइ।
हरि करि विसवइ कुमुयपिउ　　जोइवि सिविणय णलिणहिउ।
अच्चुयकप्पहु ओयरिउ　　सुरसिसु उयरि ताइ धरिउ।
किंणरवीणारवझुणिउ　　पुणु णवमासहिं संजणिउ।
विरइयणामकरणविहिहिं　　सणकुमारु कोक्किउ सुहिहिं।
तेण समुद्दणियंसणिय　　चउदहरयणविहूसणिय।
घणणंदणवणकोंतलियँ　　गंगाजलचेलंचलियँ।
बहुणरिंदकोड्डावणिय　　गरुयगिरिंदसिहरथणियँ।
छक्खंड वि महि जित्त किह　　णिहिघडधारिणि दासि जिह।
पुव्वभणियधणुतुंगयरु　　तिण्णि लक्ख वरिसाउधरु।

घत्ता—बत्तीससहासहिं मउडविहूसहिं णरणाहहिं पणविज्जइ ॥
जो सयलमहीसरु णरपरमेसरु तासु काइं वण्णिज्जइ ॥१७॥

१८

रंभापारंभियतंडवइ　　तावेक्कहिं दिणि मणिमंडवइ।
अत्थाणि परिट्ठिउ सक्कु जहिं　　आलाव जाय सुरवरहिं तहिं।
भो अत्थि णत्थि किं सुहयरहु　　णरलोइ रूउ कासु वि णरहु।
तं णिसुणिवि भणइ सुराहिवइ　　जो संपइ वट्टइ चक्कवइ।

जिसके ध्वजपटोंसे आकाश चुम्बित है ऐसे चूनेसे सफेद विनीतपुरमें सूर्यवंशरूपी आकाशका दिनकर, धीर, प्रजापालनमें लीन राजा अनन्तवीर्य निवास करता था। उसकी गृहिणी महादेवी सती थी। स्वप्नमें सिंह, गज, बैल, चन्द्रमा और सूर्य देखकर उसने अच्युत स्वर्गसे अवतरित देव-शिशुको अपने उदरमें धारण किया। और फिर नौ माहमें किन्नरोंके वीणारवसे ध्वनित पुत्रको उसने जन्म दिया। नामकरण-विधि करनेवाले सुधियोंने उसे सनत्कुमार कहकर पुकारा। उसने, समुद्र जिसका वसन है, चौदह रत्न जिसके विभूषण हे, सघन नन्दनवन जिसके कुन्तल हैं, गंगाजल जिसका वस्त्रांचल है, जो अनेक राजाओंको कुतूहल उत्पन्न करनेवाली है, भारी गिरीन्द्र शिखर, जिसके स्तन हैं, ऐसी छह खण्ड धरती उसने इस तरह जीत ली मानो निधिघट धारण करनेवाली गृहदासी हो। उसका शरीर पूर्वोक्त धनुषों (साढ़े चालीस धनुष) के बराबर ऊँचा था। वह तीन लाख वर्ष आयुको धारण करनेवाला था।

घत्ता—वह मुकुट धारण करनेवाले बत्तीस हजार राजाओंके द्वारा प्रणाम किया जाता था। जो समस्त महीश्वर और मनुष्य परमेश्वर था, उसका क्या वर्णन किया जाये? ॥१७॥

१८

एक दिन मणिमण्डपमें जब रम्भा अप्सरा ताण्डव नृत्य कर रही थी और इन्द्र दरबारमें बैठा हुआ था, तब देववरोंमें आपसमें बातचीत हुई कि "अरे क्या किसी भी शुभकर मनुष्यका नरलोकमे सुन्दर रूप है या नही है?" यह सुनकर इन्द्र कहता है कि "इस समय जो चक्रवर्ती हैं,

२. A महदेवी। ३. P णलिणिहिउ। ४. A अवयरिउ। ५. P सुरु सिसु। ६. AP °कोंतलिया। ७. AP °चलिया। ८. A °कोडावणिया; P कोड्डावणिया। ९. AP थणिया।

सुरणरकामिणियणणलिणरवि सो सणकुमारु किं दिट्ठु णवि ।
माणुसु णवेंत्थि रूउज्जलउं जेणेहउं भासिउं मोक्कलउं ।
ता झ त्ति समागय तियस तहिं अच्छइ वसुहेसरु भवणि जहिं ।
अवलोइवि णरवइ सुरवरहिं अहिणंदिउ विहुणियसिरकरहिं ।
रूवें तेल्लोकरूवविजइ एहउ सुरिंदु दुक्करु हवइ ।
जिणणाहु वि जहिं संसइ चडइ तहिं अवरु रूउ किर कहिं घडइ ।

घत्ता—पयडेवि सरूवइं सोम्मसहावइं विहसिवि देवहिं भासिउं ।।
जइ मरणु ण होंतउ तो पज्जत्तउ एउ जि रूउ सुहासिउं ।।१८।।

१९

ता जरमरणसद्दु आयण्णिवि मण्णिवि तणु व महियलं ।
देवकुमारणामे सुइ अप्पिवि सतुरंगं समयगलं ।।१।।
णिच्चतिगुत्तिगुत्तसिवगुत्तमहामुणिपायपंकयं ।
तेणासंघिऊण पक्खालिय बहुभवपावपंकयं ।।२।।
गहियं वीरपुरिसचरियं चित्तं तडिदंडचंचलं ।
रुद्धं चंडकुसुमसरकंडाडंबरडमरविंभलं ।।३।।
ससिडिंडीरपिंडपंडुरयरहिमपडलछइयदेहयं ।
वसियं बाहिरम्मि परिसेसियघरपंगुरणणेहयं ।।४।।

सुर-नर-कामिनियोंके नेत्ररूपी कमलोंके लिए सूर्यके समान उस सनत्कुमारको देखा या नहीं।" तब रूपसे सुन्दर मनुष्य है या नहीं, स्वच्छन्द रूपसे जिन देवोंने यह कहा था, वे शीघ्र वहाँ आये जहाँ अपने भवनमें वह पृथ्वीश्वर था। सुरवरोंने उसे देखा, और अपने सिर और हाथ हिलाते हुए उसका अभिनन्दन किया। रूपसे त्रिलोकके रूपकी विजयमें यह देवेन्द्रके लिए दुष्कर होगा, इसके रूपको देखकर जिनेन्द्रके रूपमें सन्देह होने लगता है तब वहाँ दूसरा रूप कहाँ गढ़ा जा सकता है?

घत्ता—तब अपने सौम्य-स्वभाव रूपको प्रकट करते हुए देवोंने हँसकर कहा कि यदि मरण न हो, तो यह सराहनीय रूप पर्याप्त है ।।१८।।

१९

तब जरा और मरण शब्द सुनकर और महीतलको तृणके समान समझकर, देवकुमार नामके पुत्रको अश्व और मैगल सहित धरती देकर, नित्य तीन गुप्तियोंसे गुप्त शिवगुप्त महामुनिके चरणकमलोंकी शरणमें जाकर उसने अनेक जन्मके पापोंका प्रक्षालन किया तथा वीर पुरुषके चरितको स्वीकार कर लिया, बिजलीकी तरह चंचल तथा प्रचण्ड कामके बाणोंके आडम्बरके भयसे विह्वल चित्तको रोक लिया। चन्द्र फेन समूहवत् अति धवलवर्ण हिम पटलकी कान्तिके

१८. १. P णेवि । २. A णयत्थि । ३. A वडइ । ४. AP सोम° । ५. A ण हुंतउ ता; P ण हु तउ तो ।
१९. १. AP °मरणघोसु । २. AP अप्पवि । ३. A °कंडंडंबर° । ४. A °पंडुरपरहिम° ।

चलतडयडियपडियसोयामणिताडेण[5]विहडियायलं ।
सहियं पावसम्मि वणतरुतलि विसरिसजलझलज्झलं ।।५।।
महिहरवियड[6]कडयविउलविउलयलसिलायलणिहियकाइणं ।
सूरस्स[7]हिम्मुहेण सूरेण वरेण विमुक्कराइणं ।।६।।
सोढुं गिंभयालरविकिरणकलावखर[8]वियंभियं ।
दुद्दमकोहमोहदढलोहमयं णियलं णिसुंभियं ।।७।।
सहसा दिट्ठसयलसयरायरकेवलविमललोयणो ।
देउ सणक्कुमारु जइ सुहमइ जायउ[9] सो णिरंजणो ।।८।।

घत्ता—मइलिउ [10]मोक्खत्तें कइधिट्ठत्तें काइं कइत्तणु पोसइ ।।
भरहाइणरिंदहं चरिउं अणिदहं पुप्फयंतु जइ घोसइ ।।१९।।

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए
महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे धम्मपरमेट्ठिसुदंसणपुरिससीह-
महुकीलयमघवसणक्कुमारकहंतरं णाम एकुणसट्ठिमो
परिच्छेओ समत्तो ।।५९।।

समान देहवाले वह घर और वस्त्रका मोह छोड़कर बाहर निवास करने लगे । पावस ऋतुमें वह वनवृक्षके नीचे, चंचल तड़-तड़ कर गिरती हुई बिजलीसे जिसका अयाल विघटित है, ऐसी असामान्य जलधाराको सहन करते है। जिसने महीधरोंके विकट कटकोंके समान विपुलसे विपुलतर शिलातलपर अपना शरीर रखा है, ऐसे रागसे मुक्त उस श्रेष्ठ वीरने सूर्यके सम्मुख होकर, ग्रीष्मकालकी रविकिरण-समूहके प्रखर विस्तारको सहकर, दुर्दम क्रोध-मोह और दृढ़ लोभमय शृंखलाको नष्ट कर दिया। जिससे सकल सचराचर देख लिया जाता है ऐसे केवलज्ञान-रूपी नेत्रवाला शुभमति वह सनत्कुमार निरंजन देव हो गया।

घत्ता—मूर्खता और कवि की धृष्टतासे मलिन कवित्वका पोषण क्यों किया जाता है कि जब पुष्पदन्त कवि अनिन्द्य भरत आदिका चरित घोषित करता है ।।१९।।

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त, महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा रचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें धर्मनाथ परमेष्ठी सुदर्शन पुरुषसिंह मधुक्रीड़, मघवा और सनत्कुमार कथान्तर नामका उनसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ।।५९।।

---

५. P °ताडणविणण-विहडिया° । ६. AP °वियल° । ७. A सूरशिहिमुहेण: P सूरसाहिमुहेण ।
८. A °खरं वियंभियं । ९. AP जाओ । १०. AP मुक्खत्ते ।

संधि ६०

·दुक्कियपसरणिवारओ जो दीणेसु किवारओ ॥
मोहमहारिउमारओ जो सासयसिवमारओ ॥ध्रुवकं॥

१

पंचमचक्कहरो णरईसो जेण णिओ समणं ण रईसो।
सोलहमो परमेट्ठि पसण्णो सुत्तणिसेहियपेसिपसण्णो।
तत्तसमुज्जलकंचणवण्णो णायणिउत्तचउव्विहवण्णो।
केवलणाणमहामयमेहो भव्वसमूहणिरूवियमेहो।
भूसणभारविवज्जियकण्णो पंगणणच्चियखेयरकण्णो।
जो छणयंदकरावलिकंतो संतसहावो उज्झियकंतो।
भत्तजणत्तिहरो भयवंतो जो गिरिधीरो णो भयवंतो।
फुल्लियकोमलपंकयवत्तो धत्थकुतित्थ सुतित्थपवत्तो।
संतियरो भुवणुत्तमसत्तो वुड्ढदयो परिरक्खियसत्तो।
घत्ता—सो भवसायरतारओ पणविवि संतिभडारओ ॥
णियसुकइत्तु पयासमि तासु जि चरिउं समासमि ॥१॥

सन्धि ६०

जो पापके प्रसारका निवारण करनेवाले और दीनोंमें कृपारत हैं। जो मोहरूपी महाशत्रुका नाश करनेवाले और शाश्वत शिवलक्ष्मीमें रत हैं।

१

जो पाँचवें चक्रवर्ती हैं, मनुष्योंके ईश जिन्होंने कामको अपने मनके पास नहीं फटकने दिया, जो प्रसन्न सोलहवें तीर्थंकर हैं। जिन्होंने अपने सूत्रों (सिद्धान्तों) से मदिरा और मांसका निषेध किया है, जो तत्त्वसे समुज्ज्वल और स्वर्ण वर्णवाले हैं, जिन्होंने चारों वर्णोंको न्यायमें नियुक्त किया है, जो केवलज्ञानरूपी महामेघजलवाले हैं, जिनके द्वारा भव्यजनोंकी मेधा (बुद्धि) का निरूपण किया गया है, जिनके कान भूषणोंके भारसे विवर्जित हैं, जिनके प्रांगणमें विद्याधर-कन्याएँ नृत्य करती हैं, जो पूर्ण चन्द्रकी किरणावलीके समान सुन्दर हैं, जो भक्तजनोंकी पीड़ा दूर करनेवाले है, जो ज्ञानवान् हैं, जो पर्वतकी तरह धीर हैं, जो भययुक्त नहीं है; जिनका मुख खिले हुए कोमल कमलके समान है, जो कुतीर्थोंको ध्वस्त करनेवाले और सुतीर्थोंका प्रवर्तन करनेवाले हैं, जो शान्ति करनेवाले और भुवनमें सर्वश्रेष्ठ हैं, जो दयामें वृद्ध और प्राणियोंकी रक्षा करनेवाले हैं।

घत्ता—ऐसे भवसमुद्रसे तारनेवाले शान्ति भट्टारकको प्रणाम कर, अपने सुकवित्वका प्रकाशन करता हूँ और उनके चरितका संक्षेपमें कथन करता हूँ ॥१॥

---

१. १. A छणइंद°।

२

जंबूदीवि भरहि विजयाचलु अहिणवचंदणचंपयपरिमलु।
जहिं सुरणारिहिं गेयपवीणहिं सरु[1] सुम्मइ वज्जंतहि वीणहि।
जहिं रिसिवसइ अछित्तु अहंसें जसु मेहल सेविज्जइ हंसें।
जहिं जं भूसिज्जइ सरकंकें णिम्मलु तं वण्णिज्जइ कं कें।
जहिं केवलि णिव्वाणपयं गउ जहिं मणियरहिं[3] ण दिट्ठु पयंगउ।
फलिहसिलायलि जहिं मायंगहिं मुहुं दिज्जइ जोइयणियंगहिं।
दाहिणसेढिहि तहि रहणेउरु पुरु णारियणरणियपयणेउरु।
तेत्थु जलणजडि णिवसइ खगवइ विणओणयसिरु णारइ खगवइ।
णियजसेण कंतहु चंदाहहु तिलयणयरणाहहु चंदाहहु।
तासु सुहद्ददेवि पियराणी णं आसीस पुव्वपियराणी।

घत्ता—ताहं बिहिं मि सुय हूई णं रइणाहहु दूई॥
वाउवेय सा एयहु दिण्णी दिणयरतेयहु॥२॥

३

सिहिजडिणामहु[1] जयसिरिधामहु रूवुद्दामहु[2] णिज्जियकामहु।
अक्ककित्ति सुउ जायउ केहउ खत्तधम्मु णरवेसें जेहउ।
अवर वि चंदसरीरइ णं पह उप्पण्णी सुय णाम सयंपह।

२

जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें अभिनव चन्दन और चम्पक परिमलसे युक्त विजयार्ध नामका पर्वत है जहां गीतमें प्रवीण सुरनारियों और बजती हुई वीणाका स्वर सुना जाता है। जहां ऋषियोंकी बस्ती है और जो पापांशसे अछूता है, जिसकी मेखला हंसके द्वारा सेवित है। जहाँ जो जल जलबकसे भूषित हैं निर्मल उस जलका मैं क्या वर्णन करूँ? जहां केवलियोंने निर्वाण प्राप्त किया। जहाँ मणिकिरणोंके कारण सूर्य दिखाई नहीं देता। जिन्होंने अपने शरीरका प्रतिबिम्ब देखा है ऐसे हाथी जहां स्फटिक शिलाओंपर अपना मुंह देखते हैं। उस पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें रथनूपुर नगर है, जिसमें नारीजनोंके नूपुरोंकी रुनझुन सुनाई देती है। उसमें ज्वलनजटी नामका विद्याधर निवास करता था। अपने यशसे कान्त चन्द्रके समान आभावाले तिलकनगरके राजा चन्द्राभकी सुभद्रादेवी नामकी प्रिय रानी थी, जो मानो पूर्वजोंका आशीर्वाद थी।

घत्ता—उन दोनोंके एक पुत्री हुई जो मानो कामदेवकी दूती थी। वह वायुवेगा (कन्या) दिनकरके समान तेजवाले इसे (ज्वलनजटी) को दी गयी॥२॥

३

विजयश्रीके घर कामको जीतनेवाले और रूपमें उत्कट ज्वलनजटीका अर्ककीर्ति नामका ऐसा पुत्र हुआ, जो मनुष्यके रूपमें जैसे क्षात्रधर्म हो। और भी उसे चन्द्रमाके शरीरसे प्रभाके

२. १. A सुरु। २. A सरु कंकें। ३. A मणिणियरहिं। ४. AP महु। ५. A णारीयण°। ६. A विणउण्णय°।

३. १. A सिहजडि°। २. A रूवोदामहु।

देसि[3] सुरम्मइ पंकयणेत्तहु   पोयणणयरि पयावइपुत्तहु ।
विजयाणुयहु महाहवपबलहु   कोडिसिलासंचालणधवलहु ।
मुसुमूरियकंठीरवकंठहु   दिण्णी पढमहु हरिहि तिविट्ठहु ।
जणिउ ताइ सिसु सिरिविजयंकउ   विजयभद्दु कंतीइ ससंकउ ।
उत्तरसेढिहि वसियंतेउरि   पुरि सुरिंदकंतारि सुगोउरि ।
घत्ता—परिहावलयसुदुग्गमि   रयणदीवणासियतमि ।।
पंचवण्णधयसोहणि   देवदेविमणमोहणि ।।३।।

४

खयरु मेहवाहणु पीणत्थणि   णाम मेहमालिणि तहु पणइणि ।
जुइमाला णामें सुय वल्लह   ढोइय रविकित्तिहि परदुल्लह ।
परिणिय पुत्तु[1] तेण तहिं जायउ   अमियतेउ णामें विक्खायउ ।
धीय सुतार तारवरलोयण   सुंदरि मुणिहिं वि कामुक्कोयण ।
ताएं पोढत्तणि कयपणयहु   दिण्णी सिरिविजयहु ससतणयहु ।
अमियतेउ भल्लारउ भाविउ   जुइवह सुय कण्हें परिणाविउ ।
भुत्तउं तेण णिबद्धं[2] णियाणउं   पत्तउ कालें अवहियठाणउ[3] ।
सिरि सिरिविजयहु देवि हियत्तें   कामभोयपरिभारविरत्तें ।
विजएं तउ[4] लइयउं आयण्णिवि   वित्तु कलत्तु वि तिणसमु[5] मण्णिवि ।

पाँच आश्चर्योंको देखकर उसने अपनेको मोहसे विखण्डित नहीं होने दिया। अपने पुत्रोंके साथ व्रत ग्रहण कर लिये। इन्द्रियरूपी शत्रुओंको उन्होंने जीत लिया। उसने अर्हत् प्रकृतिका बन्ध किया। सम्यग्दर्शनमें निरत वह सद्भावसे मर गया और अन्तिम स्वर्गमें इन्द्र हुआ। उसके वे दोनों पुत्र भी जिनके ऊपर अप्सराओं द्वारा चमर ढोले जाते हैं, ऐसे देव हुए। वे दोनों भाई स्वर्गमें मरकर चन्द्रतिलक और विचन्द्रतिलक नामसे, जिसके स्तन केशरकी जटिलतासे मण्डित हैं, ऐसी गरुड़वेगा धन्यासे उत्पन्न हुए। मुनि द्वारा प्रकट किये गये जन्मान्तरको सुनकर कुमारोंने पूछा—मुनिवर बताइए अभयघोष कहाँ उत्पन्न हुए? जहाँ पिता हैं, हम वहीं जायेंगे? मुनिवर कहते हैं—पुण्डरीकिणी नगरीकी रानी मेघमालिनीका पुत्र—

घत्ता—देवराज शरीर छोड़कर त्रिलोकराज हो गया है। जो इन्द्रके द्वारा प्रणम्य है, उन जिनका वर्णन किस प्रकार किया जाये? ॥५॥

६

वह देव इस समय बन्धुजनोंके साथ कूट कुक्कुटोंका युद्ध देखते हुए, जिसमें परिभ्रमण नमन और उड़ान की विधि है, ऐसी घोर संसार विधिका विचार करते हुए वहीं पुण्डरीकिणी नगरमें स्थित हैं। दिगम्बर मुनिने यह कहा कि वे दोनों विद्याधर भाई यह सुनकर अपने पुराने पिताके घर गये। सैकड़ों लोगोंके सामने उनका पुत्रत्व सहित पिताका कर्मानुबन्धका

५. १. AP अरहंतु। २. AP बे वि तासु। ३. P जाउडुय°। ४. A गच्छामु; P गच्छमि। ५. AP तइलोक्का°।
६. १. A °रयणु।

गुणवंतहु गुत्तिगुत्तमणहु   व्रेंउ लइउ णविवि गोवद्धणहु ।
गय णिव्वाणहु खरतवतवण   ते चंदविचंदतिलय सवण ।
भउ णिसुणिवि पक्खिहिं कंदियउं   अप्पाणउं गरहिउं णिंदियउं ।
किमिपिंडु ण भक्खिउ मरिवि गय   जिणवयणें दुंक्खियवेल्लिहय ।
वेंतरसुर जाया भूयकुलि   तहिं एक्कु देववणि गिरिगुहिलि ।
अण्णेक्कु भूयरमणंतवणि   भूयाहिव बेण्णि वि पत्त खणि ।
तहिं जहिं अच्छेंइ सुउ घणरहहु   संदरिसियविमलणाणपहहु ।

घत्ता—भणिउं तेहिं जडपक्खिहिं अम्हेंहिं किमिउलभक्खिहिं ॥
तुज्झु पसाएं आयउं   दिव्वेंभवंतरु जायउं ॥६॥

७

मेहरहदेव पइं दिण्णु सुहुं   आवहि विमाणि आरुहहि तुहुं ।
मणुंउत्तरमहिहरपरियेंरिउं   सेंरसरिकुलसिहरिअलंकरिउं ।
पणयाललक्खजोयणविउलु   अवलोयहि मणुयखेत्तु सयलु ।
उवयारहु पडिउवयारु किह   तुह किज्जइ जसु जगि रिद्धिसिह ।
दुल्लंघु सदेवहं दाणवहं   अहिवंदणिज्जु वरमाणवहं ।
तां इच्छिवि कीलाभवणु मणि   आरूढउ सुंदरु सुरभवणि ।

निवर्तन प्रकट कर गुणवान् गुप्तियोंसे गुप्त मन गोवर्धन मुनिको प्रणाम कर उन्होंने व्रत ग्रहण कर लिये । प्रखर तप करनेवाले वे दोनों चन्द्रतिलक और विचन्द्रतिलक श्रमण निर्वाणको प्राप्त हुए। अपने जन्मान्तरोंको सुनकर पक्षियोंने आक्रन्दन किया और स्वयं की गर्हा एवं निन्दा की । उन्होंने कृमियोंके समूहको नहीं खाया । वे मर गये । पापरूपी लतासे आहत वे दोनों जिनवरके शब्दोंसे भूतकुलमें व्यन्तरदेव हुए । उनमेंसे एक देववनकी गिरिगुहामें और दूसरा भूतरमणवनके भीतर। वे दोनों भूत राजा एक क्षणमें वहाँ पहुँचे जहाँ विमल केवलज्ञानकी प्रभाको प्रगट करनेवाले घनरथका पुत्र था ।

घत्ता—कृमिकुलका भक्षण करनेवाले उन जड़ पक्षियोंने कहा कि आपके प्रसादसे हमलोगोंका दिव्य जन्मान्तर हुआ है और हम यहाँ आये हैं ॥६॥

७

हे मेघरथ देव, तुमने सुख दिया है। आओ, तुम विमानपर चढ़ो, मानुषोत्तर पर्वतसे घिरा हुआ सर सरित् कुल पर्वतोंसे अलंकृत पैंतालीस लाख योजन विशाल इस समस्त मनुष्य लोकको देख लो। तुम्हारे द्वारा जगमें जिसकी ऋद्धिका प्रकर्ष किया जाता है उस उपकारका प्रतिकार क्या हो सकता है ? देवताओं सहित दानवोंको जो दुर्लंघ्य है और जो उत्तम मनुष्योंके द्वारा वन्दनीय है। ऐसे वह अपने मनमें क्रीड़ा भ्रमणकी इच्छा कर देवविमानमें बैठ गया। अपने मित्रों,

---

२. AP वउ । ३. A दुक्खिय बेण्णि हय; P दुक्खियवेल्लिहय । ४. AP सुउ अच्छइ । ५. A अम्हहं ।
६. AP दिव्वु ।

७. १. AP विवाणि । २. P मणुसुत्तर° । ३. P °परियरउं । ४. AP सरिसर° । ५. P तो ।

[६]णियसहयरकिंकरगुरुसहिउ कुक्कुडदेविहिं भत्तिइ महिउ।
णहि सुरहरि जंति [७]विविहपुरइं दावंति देव [८]देसंतरइं।

घत्ता—एहु भरहु अवलोयहि इहु हिमवंतु विवेयहि॥
एह दिव्व गंगाणइ एह सिंधु मंथरगइ॥७॥

८

[१]इहु दीसइ णिम्मलु पोमसरु सिरिदेविसहिउ [२]रुंजियभमरु।
[३]हइमवउ एहु पूरियदरिउ वररोहि[४]यरोहियाससरिउ।
[५]तुहिणइरि एहु गरुयउ अवरु अण्णेक्कु महासयवत्तसरु।
हिरिदेवि एत्थु णिच्चु जि वसइ हरिवरिसु एउ सग्गु वि हसइ।
इहु एत्थु वहइ णामेण हरि अण्णेक्कु पेक्खु हरिकंतसरि।
[६]इहु मंदरु ए गयदंतगिरि इहु [७]सुरकुरु उत्तरकुरु [८]ससरि।
इहु णिसहु णाम महिहरु पवरु इहु जोवहि णिव तिंगिंछिसरु।
दिहिदेवि एत्थु विरइयभव[९]णं अच्छइ [१०]सुररायणि[११]हित्तमण।
एयाइं विदेहइं दोण्णि पिय सरि सीया सीओया वि थिय।
इहु णीलिहि [१२]केसरि णाम दहु [१३]इहु दीसइ कित्तीदेवि[१४]सहुं।

अनुचर और गुरुजनों सहित उसकी कुक्कुट देवोंने भक्तिपूर्वक पूजा की। आकाशमें देवविमानमें जाते हुए, देव विविध नगर और देशान्तर दिखाते हैं।

घत्ता—इस भरतक्षेत्रको देखो। इसे हिमवन्त (हैमवत क्षेत्र) जानो। यह दिव्य गंगा नदी है, और यह मन्दगामिनी सिन्धु नदी है॥७॥

८

यह निर्मल पद्म सरोवर है, जो श्रीदेवीसे सहित और भ्रमरोंसे गुंजित है। घाटियोंसे भरा हुआ यह हैमवत पर्वत है, ये श्रेष्ठ रोहित और रोहितास्या नदियां हैं। यह दूसरा महान् हिमगिरि है, और दूसरा महापद्मसरोवर है, इसमें ह्री देवी नित्य रूपसे निवास करती है। यह हरिवर्ष है, जो स्वर्गका उपहास करता है? यहां हरि नामकी नदी बहती है और दूसरी हरिकान्ता नदी देखो। यह मन्दराचल है। यह गजदन्त गिरि है। यह नदियों सहित उत्तरकुरु और दक्षिणकुरु हैं। यह निषध नामका विशाल पर्वत है। हे राजन्! यह तिगिच्छ सरोवर है। यहां धृतिने अपना भवन बना रखा है। सौधर्म स्वर्गके इन्द्रमें अपना मन करनेवाली वह स्थित है। हे प्रिय, ये दोनों विदेह हैं और ये सीता और सीतोदा नदियां स्थित हैं। ये नील और केशर नामके सरोवर हैं,

६. AP णिउ सहयर॰। ७. A विविप्फुरइं। ८. K देसंतइं।

८. १. Mss. reads एहु and इहु promiscuously here। २. A रुंजिय॰। ३. A हइमवइ। ४. P रोहिणि रोहियासउ सरिउ। ५. A तुहिणयरि। ६. P reads this line after 8 *b*. ७. A सुरुकुरु। ८. A ससिरि। ९. AP ॰भवणु। १०. A सुयराय॰। ११. AP णिहित्तमणु। १२. A केसरु। १३. A ओ दीसइ; P पहु दीसइ। १४. A सुहु।

इहुं[15] रम्मु एउ णइणारिवर णरकंत एह पवहइ अवर ।
इहु रुम्मि[16]धराहरु पुंडरिउ सरु एत्थु देव पाणियभरिउं ।
घत्ता—बुद्धिदेवि इहुं[17] अच्छइ जगि माणउ जो पेच्छइ ॥
जिणवरसेवासिद्धउं तेण णयणफलु लद्धउं ॥८॥

९

णिव खेत्तु हिरण्णवंतु णियहि सोवण्णकूलसरिजलु पियहि ।
रुप्पयकूल वि इह एम गय जहिं कुद्धहिं सीहहिं हत्थि हय ।
सो एहु सिहरिगिरि सिहरपिउ सरु एत्थु महापुंडरिउ हिउ ।
लच्छीदेविहि रुच्चइ रमइ ओहच्छइ इह वासरु गमइ ।
रत्तारत्तोयसरिहिं सहिउं अइरावउ एउं खेत्तु कहिउं ।
फुल्लियतरुमालापरिमलइं व[1]रिसंति मेह धारो[2]जलइं ।
पिच्चंति कलमकयें[3]लीहलइं णँच्चंत[4]मोरपिच्छुँ[5]ज्जलइं ।
कच्छाइयाइं विसयंतरइं खेमाइयाइं णयरइं वरइं ।
दरिसंति[6] अमर जोयंति णर विम्हँ[7]इयहियय कंपवियकर ।
घत्ता—कंदरदँ[8]रिकीलियसुर जोइवि णाणागिरिवर ॥
अकयइं मणियरतंबइं वंदिवि जिणपडिबिंबइं ॥९॥

यह कीर्तिदेवीके साथ दिखाई देते है, यह रम्यक पर्वत है। यह श्रेष्ठ नारी नदी है और यह दूसरी नरकान्ता नदी बहती है। यह रुक्मी महोधर है, यह पुण्डरीक नामका हे देव, जलसे भरा हुआ सरोवर है।

घत्ता—यहां बुद्धिदेवी है, जो विश्वके मानको देख लेती है। उसने जिनवरकी सेवासे सिद्ध नेत्रोंके फलको प्राप्त कर लिया है ॥८॥

९

हे नृप, यह हैरण्यवत क्षेत्र देखो। और स्वर्णकूला नदोका जल पियो। यह रूप्यकूला नदो इस प्रकार बहतो है, जहां क्रुद्ध सिंहोंके द्वारा हाथो मारे जाते हैं? यह वह, शिखर प्रिय शिखरो पर्वत है। यह महापुण्डरीक सरोवर है, जो लक्ष्मीदेवीके द्वारा चाहा जाता और रमण किया जाता है। यहां रहकर वह अपने दिन व्यतीत करती है? रक्ता रक्तोदा नदियोंके साथ यह ऐरावत क्षेत्र कहा जाता है। जहां मेघ खिली हुई वृक्षमालासे सुगन्धित धाराजलोंकी वर्षा करते हैं। जहां धान्य और कदली फल पकते हैं। अपने पक्षोंसे सुन्दर मयूर नाचते रहते हैं। जिसमें कच्छादि देशान्तर और क्षेमादि नगर हैं। देवता लोग दिखाते हैं और मनुष्य विस्मित हृदय तथा अपना हाथ हिलाते हुए देखते हैं।

घत्ता—जिसके पहाड़ोंकी घाटियोंमें देव क्रीड़ा करते हैं ऐसे नाना गिरिवरोंको देखकर तथा अकृत्रिम मणिकिरणोंसे लाल जिन प्रतिमाओंकी वन्दना कर ॥९॥

१५. AP पहु, probably प is confounded with ए। १६. A रम्मि। १७. AP एह।
९. १. A वरिसंत। २. A जलधाराइं। ३. A °केली°। ४. AP णच्चंति। ५. P °पिंछुज्जलइं। ६. P दरिसंति य अमर°। ७. P विम्हइय°। ८. A दरकेलिय°।

१०

णरखेत्तु गिरीसरिमालियउं मणुसुत्तरु[1] जाम णिहालियउं ।
तहु उप्परि मणुयहं णत्थि गइ पल्लट्ट सविम्हय[2]भिण्णमइ ।
पडिआया घणरहनृवणयरु[3] जयजयसद्दें पइसेरिवि[4] घरु ।
पुज्जिवि कुमारु गय तियस तहिं णंदणवणि[5] णियणयराइं जहिं ।
संसारु असारु विवेइयउ इंदियकंखइ पडिचोइयउ ।
घणरहिण पुत्तु हक्कारियउ मेहरहु रज्जि वइसारियउ ।
लोयंतिएहिं उह्लोवियउं वेरग्गु तेणं[6] णिरु भावियउं ।
जाणें माणिक्कविराइएण णरखयरसुरिंदुच्चाइएण ।
गउ वंणि[7] किउ देवें तवचरणु उप्पायउ केवलु मलहरणु ।
घत्ता—भूगोयरखगरायहिं चउविहदेवणिकायहिं ॥
णमिउ[8] जिणिंदु हयत्तिइ तणएं जाइवि भत्तिइ ॥१०॥

११

अण्णहिं दिणि वणि तरुकोमलइ पियमित्तइ समउं सिलायलइ ।
आसीणउ राणउ मेहरहु जांवच्छइ ता ढक्कंतु[1] णहु ।
विज्जाहर[2]विज्जाचोइयउं उप्परि विमाणु[3] संप्राइयउं ।
तं ताहं ण वच्चइ पंउ[4] वि किह वायरणवियारणु जडहुं जिह ।

१०

पहाड़ों और नदियोंकी मालासे घिरा हुआ जब उन्होंने मानुषोत्तर पर्वत देख लिया तो उसके ऊपर मनुष्योंकी गति नहीं है। विस्मयसे परिपूर्ण मति वह लौट आया। वे पुण्डरीकिणी नगर आ गये। और जय-जय शब्दके साथ घरमें प्रवेश कराकर तथा कुमारकी पूजाकर देवता लोग वहां गये। नन्दनवनमें उनके अपने नगर थे। इन्द्रियोंकी आकांक्षासे प्रेरित उसने जान लिया कि संसार असार है। घनरथने अपने पुत्रको पुकारा और मेघरथको राज्यपर बैठाया। लौकान्तिक देवोंने प्रेरणा दी। उन्हें वैराग्य बहुत अच्छा लगा। माणिक्योंसे शोभित मनुष्य विद्याधर और देवेन्द्रोंके द्वारा उठायी गयी पालकीसे वह वनमें गये और देवने वहां तपश्चरण किया। उन्हें मलका नाश करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

घत्ता—मनुष्यों और विद्याधरों तथा चार प्रकारके देवनिकायों और पुत्रने पीड़ाको दूर करनेवाली भक्तिसे जाकर जिनकी वन्दना की ॥१०॥

११

दूसरे दिन वृक्षोंसे कोमल वनमें जाकर चट्टानपर प्रियमित्राके साथ जब राजा मेघरथ बैठे हुए थे कि इतनेमें आकाशको ढकता हुआ, विद्याधरकी विद्यासे प्रेरित एक विमान वहां आया। वह उन लोगोंके ऊपरसे एक पग भी उसी प्रकार नहीं चल सका जिस प्रकार मूर्ख लोगोंमें

---

१०. १. A मणुउत्तरु। २. AP सविभय°। ३. AP णिवणयरु। ४. A पइसेवि; P पइसरवि। ५. A °वणणिय°। ६. AP तेहिं। ७. A वणु। ८. AP णविउ।

११. १. P ढंकंतु। २. A विज्जाहरु। ३. AP विवाणु संपाइयउं। ४. P वच्चइ उवरि किह।

आरुट्ठउ[5] वड्ढियअमरिसउ खेयरु अवलोयइ दसदिसउ।
महियलि कीलंतु रत्तु[6] सुयणु दिट्ठउं उवविट्ठउं णरमिहुणु।
उत्थल्लिवि घल्लमि[7] एउ खलु अणुहवउ विमाण[8]णिरोहफलु।
इय चिंतिवि कुद्धु अकारणइ विज्जेइ[9] पायालवियारणइ।
तलि पइसिवि चालिय[10] तेण सिल डोल्लिउ वहुवरु थरहरिय इल।

घत्ता—अरिवरु[11] तणु व वियप्पिवि सिल चरणयलें चप्पिवि॥
मेहरहें पडिपेल्लिय[12] तासु जि मत्थइ घल्लिय॥११॥

१२

संचलहुं ण सक्कइ सो खयरु आकंदइ रवपूरियविवरु।
तहु घरिणि भणइ उद्धरहि लहुं दे देहि बप्प पइभिक्ख महुं।
मा मारहि रमणु मेहुं[1] तणउ तुहुं देवँ[2] वइरिविद्दावणउ।
तं[3] णिसुणिवि करपल्लवि धरिवि कड्ढिउ कारुण्णें दय करिवि।
पहु भणइ म मेल्लहि करुणसरु लइ अम्मि तुहारउ एहु वरु।
विहलुद्धारणि पसरियहरिस पिसुणहं मि खमंति महापुरिस।
थिउ वीलावसु ओणल्लमुहु[4] णहयलु[5] अवलोइवि जायदुहु[6]।

व्याकरणका विचार। जिसे ईर्ष्या बढ़ रही है ऐसा विद्याधर क्रुद्ध हो उठा। वह चारों दिशाओंमें देखता है। उसने धरतीतलपर क्रीड़ा करते हुए स्वजनोंसे रहित बैठे हुए मनुष्यके जोड़ेको देखा। मैं इस दुष्टको उछालकर फेंकता हूँ, मेरे विमानके निरोधका फल यह अनुभव करे यह सोचकर वह अकारण क्रुद्ध हो उठा, पाताल विदारण विद्यासे तलमें प्रवेश कर उसने शिलातल चलायमान कर दिया। वधूवर डोल उठे और धरती हिल उठी।

घत्ता—शत्रुको तिनकेके बराबर समझते हुए शिलातलको पैरसे चाँपकर मेघरथने उसे उल्टा प्रेरित किया और उसीके मस्तकपर फेंक दिया॥११॥

१२

वह विद्याधर चल नहीं सका। शब्दसे विवरोंको भरता हुआ वह रोता है। तब उसकी गृहिणी (विद्याधरी) कहती है—"शीघ्र उद्धार कीजिए। हे सुभट, मुझे पतिकी भीख दीजिये। प्रियकी हत्या मत कीजिए। हे देव, आप शत्रुओंका विदारण करनेवाले हैं।" यह सुनकर उसने दया कर कारुण्यसे अपनी हथेलीपर धारण कर उसे निकाला। प्रभु मेघरथ कहते हैं—"हे माँ, तुम करुण विलाप मत करो ये लो तुम्हारा वर।" विकल जनोंका उद्धार करनेमें जिनमें हर्षका प्रसार होता है, ऐसे महापुरुष दुष्टोंको क्षमा नहीं करते। लज्जाके वशीभूत वह विद्याधर अपना मुख

५. A आरूढउ। ६. A रत्तसुयणु। ७. A घल्लिवि एहु; P घल्लिमि एउ। ८. AP विवाण।
९. P विज्जाइ। १०. A तेणुच्चइय सिल। ११. A अरिवर। १२. A पडिमेल्लिय।
१२. १. A महं तणउ। २. AP देउ। ३. P तें। ४. AP ओणुल्लमुहु। ५. AP णहयरु। ६. A जायमुहु।

पियमित्तइ णाहु पपुच्छियउ कहु तणउ एहु कहिं अच्छियउ ।
तं णिसुणिवि ओहिणाणणयणु अक्खइ णरवइ पहुल्लवयणु ।
घत्ता—धादइसंडएरावइ तहिं संखउरि सुहावइ ॥
रामगुत्तु णृवु होंतउ संखिणिरमणीरत्तउ ॥१२॥

१३

गंजियसद्दूलणिरंतरइ संखइरिगुहाकुहरंतरइ ।
मुणि सव्वगुत्तु आसंघियउ दोहिं मि संसारु विलंघियउ ।
जिणगुणउववासें खविवि तणु जिणचरणकमलि थिरु करिवि मणु ।
दिहिसेणहु दाणु पयच्छियउं पंचविहु वि चोज्जु णियच्छियउं ।
विरएप्पिणु परमेट्ठिहि ण्हवणु पणविवि समाहिगुत्तु समणु ।
संणासें मुउ बंभेंदु हुउ कालेण णवर तेत्थाउ चुउ ।
सीहरहु एहु खयराहिवइ देवहुं दुज्जउ तिहुवणविजइ ।
इहु पुण्णवंतु जयलच्छिधउ मइं जित्तउ तो किं मज्झु मउ ।
घत्ता—अंगइं गेहिं वि छंडिवि चिरु संसारि विहंडिवि ॥
दुल्लहभोयाकंखिणि जिणतवेण सा संखिणि ॥१३॥

नीचा करके रह गया। आकाशतल देखकर उसे बहुत दुख हुआ। प्रियमित्राने अपने स्वामीसे पूछा, "यह किसका है और कहां रहता है?" यह सुनकर अवधिज्ञानरूपी आंखवाला प्रफुल्लमुख राजा कहता है।

घत्ता—धातकीखण्डके ऐरावत क्षेत्रमें शंखपुर नगर शोभित है। उसमें अपनी शंखिनी भार्यामें अनुरक्त रामगुप्त नामका राजा था ॥१२॥

१३

जिसमें निरन्तर सिंहोंकी गर्जना हो रही है, ऐसी शंखगिरि गुफाके भीतर मुनि सर्वगुप्त आकर ठहरे। उन दोनों (राजा रामगुप्त और शंखिनी) ने संसारका त्याग कर दिया। जिनगुणों (पंचकल्याणकोंके अनुसार) उपवाससे अपने शरीरको क्षीण कर तथा जिनवरके चरण-कमलोंमें अपना मन स्थिर कर धृतिसेनको आहार-दान दिया और पांच प्रकार आश्चर्योंको देखा। पांच परमेष्ठियोंका अभिषेक कर तथा समाधिगुप्त मुनिको प्रणाम कर संन्याससे मरकर ब्रह्मेन्द्र देव हुआ। समय आनेपर वहांसे च्युत होकर विद्याधरपति सिंहरथ हुआ है जो अपनी त्रिलोक-विजयमें देवोंके लिए भी दुर्लभ है। यह पुण्यवान् तथा विजय लक्ष्मीका पति मेरे द्वारा जीत लिया गया है। तो भी मुझे मद क्यों है।

घत्ता—शरीर और गृहका त्याग कर चिरकाल तक संसारमें परिभ्रमण कर तथा दुर्लभ भोगोंकी आकांक्षा रखनेवाली वह शंखिनी भी जिन तपसे ॥१३॥

---

७. AP महिवइ। ८. A पफुल्लवयणु; P पप्फुल्लवयणु। ९. AP णिउ।
१३. १. A खवियतणु। २. AP संणिहिउ मणु। ३. A गिहहइं। ४. A संसारु।

१४

गय सग्गहु पुणु वेयड्ढधरि[1] दाहिणसेढिहि वसुमालपुरि।
विज्जाहरु इंदकेउ वसइ पिय मयणवेय तहु अत्थि सइ।
सुप्पह उप्पण्णी ताहं[2] सुय ओहच्छइ बालमुणालभुय।
एयइ पियथमु ओलग्गियउ भत्तारभिक्ख हउं मग्गियउ।
णिसुणिवि[3] भवि[4] संसरिउं विउलि सुउ थविवि सुवण्णतिलउ सउलि।
घणरहजिणकमकमलउं[5] महिउं[6] सीहरहें मुणिचरित्तु गहिउं[7]।
पियमित्तवेयगणणी[8]कहिउ संजमु जमु अवलंबिवि सहिउ।
थिय मयणवेयविरईइ किह कइमइ दुक्करकहरीण जिह।
दक्खालइ लोयहुं णायवहु तहिं रज्जु करइ सो मेहरहु।
घत्ता—णंदीसरि संपत्तइ जिणु झायंतु सचित्तइ[9]॥
दंसणु णाणु समिच्छइ उववासिउ जा[10] वच्छइ॥१४॥

१५

भवभावपवेवियसव्वतणु चल[1]मरणुत्तासिउ सरणमणु।
तावेक्कु कवोउ पराइयउ तहु पच्छइ गिद्धु[2] पराइयउ।
किर झ त्ति झडप्पिवि[3] लेइ खलु णियवइरिहि लुंचिवि खाइ पलु।

१४

स्वर्ग गयी। फिर विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीके वसुमालपुरमें इन्द्रकेतु विद्याधर निवास करता है, उसकी पत्नी मदनवेगा सती है। वह उन दोनोंकी सुप्रभा कन्या उत्पन्न हुई। बालमृणालके समान बाहुवाली वह, यह स्थित है। इसने अपने पतिकी सेवा की है, और मुझसे पतिकी भीख मांगी है। विपुल संसारमें परिभ्रमणको सुनकर अपने पुत्र स्वर्णतिलकको गद्दीपर स्थापित कर घनरथ जिनवरके चरणकमलोंकी पूजा कर सिंहरथने मुनि दीक्षा स्वीकार ली। प्रियमित्रा आर्यिकाके द्वारा कहे गये संयम और यम तथा स्वहितका अवलम्बन कर विरतिसे मदनवेगा उसी प्रकार स्थित हो गयी जिस प्रकार कविकी मति दुष्कर कथासे शान्त हो जाती है। वहां मेघरथ लोगोंको न्यायपथ दिखाता है और इस प्रकार राज्य करता है।

घत्ता—नन्दीश्वरपर्वत प्राप्त होनेपर जिनका अपने मनमें ध्यान करते हुए जबतक वह उपवास करता है और दर्शनज्ञानकी इच्छा करता है॥१४॥

१५

कि इतनेमें जिसका जन्मके भावसे सारा शरीर प्रकम्पित है, जो चंचल मरणसे पीड़ित है, और जिसका मन शरणके लिए है, ऐसा एक कबूतर वहां आया। उसके पीछे एक गीध आया।

१४. १. A वेयद्दडवरि। २. A तासु। ३. P has तं before णिसुणिवि। ४. A भव संसरियउ; P भवि संसरियउं। ५. AP कमजुयलउं। ६. P महियउं। ७. P गहियउं। ८. A °गणिणी°। ९. A सइ-त्तइ। १०. A जा अच्छइ; P जामच्छइ।

१५. १. AP चलु। २. AP सेणु। ३. A झडेप्पिणु।

ता पक्खि णरिंदें वारियउ पइं एहु भवंतरि मारियउ।
किं मारहि वारहि अप्पणउं मा पावहि भँवि[4] दुहुं घणघणउं।
ता पुच्छइ दढरहु देव किह महुं कहहि कहाणउं वित्तु जिह।
पहु अक्खइ मंदरउत्तरइ खेत्तंतरि सोक्खणिरंतरइ।
पुरि पउमिणिखेडइ मंदगइ धँण[5] सागरसेणहु अमियमइ।
धणमित्तु तासु वल्लहु तणुउ पुणु जायउ णंदिसेणु अणुउ।
मुइ वणिवरि भायर जायरइ अवरोप्परु पंहणिवि[6] धणहु कइ।
ते लुद्ध मुद्ध मुय बे वि जण जाया खग मारणदिण्णँखण[7]।

घत्ता—इहु मारइ इहु णासइ भीयउ रक्ख गवेसइ॥
णहि एंतें हउं दिट्ठउ मज्झु जि सरणु पइट्ठउ॥१५॥

१६

अण्णोण्णु जि भक्खिवि जणु जियइ ण णिहालइ णिवडंती णियइ।
इहु दीणु इहु णिरु भुक्खियउ इय[1] चिंतिवि राउ द्रवें[2]क्कियउ।
किं किज्जइ खगु दिज्जइ[3] जइ वि णउ लब्भइ धम्मलाहु तइ वि।
तहिं अवसरि कुंडलमउडधरु अंबरयलि थिउ भासइ अमरु।
जइ देसि ण तो गिद्धहु[4] पलउ पलि दिण्णइ पारावयहु खउ।

वह दुष्ट उसे झड़पकर जबतक ले और अपने शत्रुका मांस लोंचकर खाये, तबतक राजाने उसे मना किया कि तुमने इसे जन्मान्तरमें मारा था, अब क्यों मारते हो अपनेको रोको, संसारमें सघन दुःखोंको मत प्राप्त करो। तब वह सिंहरथ देव पूछता है कि जिस प्रकार मेरा कथानक है, उस प्रकार बताइए। राजा कहता है कि मन्दराचलके उत्तरमें सुखसे निरन्तर परिपूर्ण क्षेत्रान्तर (ऐरावत) की पद्मिनीखेट नगरीमें सागरसेन वैश्य था। उसकी पत्नी अमितगति थी। धनमित्र उसका प्रिय पुत्र था, फिर छोटा पुत्र नन्दिषेण हुआ। सेठकी मृत्यु होनेपर जिनमें लड़ाई चल पड़ी है, ऐसे दोनों भाई धनके लिए एक दूसरेपर प्रहार करते हैं। वे दोनों लोभी और मूर्ख मृत्युको प्राप्त होते हैं। मारनेमें अपना समय देनेवाले वे पक्षी हुए।

घत्ता—यह मारता है, यह भागता है, डरा हुआ रक्षाकी खोज कर रहा है। आकाशमें जाते हुए इसने मुझे देखा और मेरी ही शरणमें आ गया॥१५॥

१६

जन एक दूसरेका भक्षण कर जीवित रहता है, अपने ऊपर आती हुई नियतिको नहीं जानता। यह दीन है, यह अत्यन्त भूखा है—यह सोचकर राजा अत्यन्त भयभीत हो उठा। क्या किया जाय ? यद्यपि यह खग दे दिया जाये तो भी इसमें धर्म लाभ नहीं पाया जा सकता। उस अवसरपर कुण्डल और मुकुट धारण किये हुए आकाशमें स्थित एक देवने कहा—"यदि नहीं

४. P भवि भवि दुहुं घणउं। ५. P वणिसागर°। ६. A पहरिवि। ७. P °दिण्णमण।
१६. १. A एउ। २. A दुवक्कियउ; P दुवक्खियउ; T दुवक्खियउ पक्षद्वयः। ३. A हिज्जइ। ४. AP सेणहु।

चाइत्तणु तेरउ किं करइ तो[5] विहसिवि महिवइ वज्जरइ ।
मइं चाउ करेवउ तेम तिह जिउ ण मरइ ण हवइ हिंस जिह ।
वर अच्छउ णिग्गुणु छुहियतणु णउ ओया[6]विज्जइ प्राणिगणु[7] ।
किं वग्घु भणिज्जइ पत्तु गुणि आहारु असुद्ध ण लेंति मुणि ।
घत्ता—जेहिं णियागमि वुत्तउं आमिसु दिण्णउं भुत्तउं ।।
ते लहंति दुणिरिक्खइं भवि भवि विविहइं दुक्खइं ।।१६।।

१७

तं णिसुणिवि देवें संसियउ मेहरहु सिरेण णमंसियउ ।
गउ अमरु णिवासुएण भणिउ कोऊहलु महुं हियवइ जणिउ ।
को एहु किमत्थु समागमणु तो कहइ णराहिउ रिउदमणु ।
पइं दमियारिहि रणि पाइयउ हेमरहु णाम णिउ घाइयउ ।
भवि भमिवि सुइरु कइलासयडि वणि पण्णकंततीरिणिणियडि ।
वरसिरिदत्ताकंतावसहु सुउ जायउ सोम्महु[3] तावसहु ।
चंदाहु णाम प्रिउ[4] पाणपिउ पंचग्गिताउ तउ तेण किउ ।
जोइसकुलि उप्पण्णउ अमरु गउ जहिं हरि अच्छइ कुलिसकरु ।
ईसाणणामकप्पाहिवइ तहिं तियसहं णिसुणिवि वयणगइ ।

दोगे तो गीधका नाश है और मांस देनेपर कबूतरका नाश है ? तुम्हारा त्याग इसमें क्या करेगा ?" तब राजा हँसकर उत्तर देता है, "मेरा त्याग वह करेगा कि जिससे जीव नही मरेगा और हिंसा नहीं होगी ? निर्गुण और भूखा रहना अच्छा लेकिन प्राणियोंको घात नहीं करना चाहिए ? क्या बाघको गुणीपात्र कहा जाता है, मुनि लोग अशुद्ध आहार ग्रहण नही करते ।

घत्ता—जिन लोगोंके द्वारा अपने आगममें कहा गया और दिया गया आमिष भोजन खाया जाता है, वे भव-भवमें दुर्दर्शनीय दुःखोंको पाते हैं ।।१६।।

१७

यह सुनकर देवोंने उसकी प्रशंसा की और मेघरथको सिरसे प्रणाम किया। वह देव चला गया। राजाके अनुज (दृढ़रथ) ने कहा कि इसने मेरे हृदयमें कुतूहल उत्पन्न कर दिया है। यह कौन है और किसलिए यहाँ आया ? तब शत्रुओंका दमन करनेवाला, राजा मेघरथ कहता है—तुमने (अनन्तवीर्यके रूपमें) दमितारिके पैदल सैनिक हेमरथ राजाको मारा था। वह बहुत समय तक संसारमें भ्रमण कर कैलासके तटपर पर्णकान्ता नदीके निकट वनमे श्रेष्ठ श्रीदत्ता कान्ताके वशीभूत तापस सोमशर्माका चन्द्र नामका प्राणप्रिय पुत्र हुआ। उसने पंचाग्नि तप किया, वह ज्योतिषकुलमें देव उत्पन्न हुआ है। वह वहाँ गया जहाँ हाथमें वज्र लिये इन्द्र था, जो—ईशान स्वर्गका राजा था। वहाँ देवताओंकी वचनगति और मेरे त्याग तथा भोगकी स्तुतिको

५. A तो । ६. A उज्जाविज्जइ । ७. A पाणिगणु; P पाणिगुणु ।
१७. १. A तो । २. AP पण्णकंति° । ३. A सोमहु । ४. AP पिउ । ५. A कुलिसधरु ।

महुं केरी चायसुभोयथुइ[6] इहु आयउ कुद्धु[7] अजायरुइ।
आएं महु सीलु णिरिक्खियउ चित्तेण असेसु परिक्खियउ।
घत्ता—एउ वयणु णिसुणेप्पिणु[8] पक्खें रोसु मुएप्पिणु ॥
वंदिवि जिणवरसासणु कयउं बिहिं मि संणासणु ॥१७॥

१८

बेण्णि वि सुरूवअइरूववर सुररमणवणंतरि जाय सुर।
णरणाहु तेहिं संमाणियउ पइं देवें[1] धम्मु जगि जाणियउ।
पइं रउरवि णिवडमाण धरिय अम्हइं मि कुजोणिहि णीसरिय।
गय सुरवरराएं दमवरहु कय भोज्जजुत्ति संजमधरहु।
दुंदुहिरउ मणिकंचणवरिसु सुरजयसरु पाउसु कयहरिसु।
मरु सुरहियंगु मंथरु वहइ जणु जणहु दाणु विलसिउ कहइ।
पुणु णंदीसरि पोसहु करिवि थिउ पडिमाजोएं जिणु सरिवि।
ईसाणसुरिंदें वण्णियउ अण्णहिं देवहिं आयण्णियउं।
वण्णिउ कहु केरउं चरिउ पइं को तुज्झु वि गरुयउ देवें[2] सइं।
घत्ता—तें[3] णियगुज्झु ण रक्खिउ सुरवरराएं अक्खिउ ॥
मइं संथुउ परमेसरु सिरिमेहरहु महीसरु ॥१८॥

सुनकर यह अच्छा नहीं लगनेसे क्रुद्ध होकर यहाँ आया है। इसने मेरे शीलका निरीक्षण किया और चित्तसे सबकी परीक्षा की।

घत्ता—यह वचन सुनकर क्रोध छोड़कर तथा जिनवर शासनकी वन्दना कर दोनों (पक्षियोंने) संन्यास ले लिया ॥१७॥

१८

वे दोनों सुररमणवन (देवारण्य) के भीतर सुरूप और अतिरूप नामके देव हुए। उन्होंने राजा (मेघरथ) का सम्मान किया (और कहा)—हे देव, तुमने ही संसारमें धर्मको जाना है। तुमने रौरव नरकमें जाते हुए हमें पकड़ लिया और हम लोगोंको कुयोनिसे निकाल लिया। सुरवरराजके जानेपर उसने दमवर संयमधारीको भोजनयुक्ति (आहारदान) की। दुन्दुभि शब्द, मणिकांचनकी वर्षा, देवोंका जयस्वर, हर्ष उत्पन्न करनेवाली वर्षा, सुरभित हवा मन्थर-मन्थर बहती है। जन जनोंसे दानका प्रभाव कहते हैं। फिर नन्दीश्वरमें प्रोषधोपवास कर जिनको स्मरण करते हुए वह प्रतिमायोगमें स्थित हो गया। ईशानीकने वर्णन किया और दूसरे देवोंने उसे सुना (और पूछा) कि तुमने स्वयं किसके चरितका वर्णन किया। हे देव, तुमसे महान् कौन है ?

घत्ता—उस सुरेन्द्रने अपना रहस्य छिपाकर नहीं रखा। सुरवरराजने कहा—मैंने परमेश्वर श्री मेघरथ परमेश्वरकी स्तुति की है ॥१८॥

---

६. A वायसुभोय° । ७. A कुद्धु व जायरुइ । ८. P णिसुणेविणु ।
१८. १. AP धम्मु देव । २. AP देउ । ३. AP तं ।

१९

तं णिसुणिवि देवि सुरूविणिय अणेक्क ढुक्क अइरूविणिय।
जहिं अच्छइ राउ समाहिरउ तहिं ताहिं तासु दाविउ समउ।
दोहिं मि गाढउ आलिंगियउ दोहिं मि मुहचुंबणु मग्गियउ।
दोहिं मि सुमहुरु संभासियउ दोहिं मि आहरणहिं भूसियउ।
णीवीणिबंधु आमेल्लियउ दोहिं मि थणकलसहिं पेल्लियउ।
दोहिं मि सवियारु पलोइयउ दोहिं मि उरुउप्परि ढोइयउ।
अचलत्तें अहिणवमंदरहु जं हियउ ण हित्तउ सुंदरहु।
तं बेण्णि मि वंदेप्पिणु गयउ वंदारयघरिणिउ अविरयउ।
अण्णहिं दिणि सुर चवंति जुवइ णरलोइ अत्थि किं रूववइ।
ता भासइ ईसाणाहिवइ पियमित्तहि केरी रूवगइ।

घत्ता—ता देवय मणि कंपइ [2]पुरहूयउ किं जंपइ॥
रूवें मण्णइ माणवि आगय रइ रइसेण वि ॥१९॥

२०

अ[1]हंसणीहिं सुरकामिणिहिं जोइवि अइरावयगामिणिहिं।
अब्भंगिउ अंगु मणोहरउं उग्घाडउं तुंगपयोहरउं।
बेण्णि वि पुणु दारि परिट्ठियउ देवि[2]उं दंसणउक्कंठियउ।
अक्खिउ कण्णइ कट्ठियहरइ अच्छंति तृय[3]उं दारंतरइ।

१९

यह सुनकर एक सुरूपिणी और दूसरी अतिरूपिणी देवियाँ वहाँ पहुँचीं कि जहाँ राजा समाधिमें लीन था। वहाँ उन्होंने उसका अवसर प्रदर्शित किया। दोनोंने एक दूसरेका प्रगाढ़ रूपसे आलिंगन किया। दोनोंने एक दूसरेका मुख-चुम्बन माँगा। दोनोंने सुमधुर सम्भाषण किया। दोनोंने एक दूसरेको आभरणोंसे आभूषित किया। नीवीबन्ध खोल दिया। दोनोंने एक दूसरेको स्तनकलशोंसे प्रेरित किया। दोनोंने विकारपूर्वक देखा। दोनोंने उरके ऊपर उर रखा। अचलत्वमें नये मन्दराचलके समान उस सुन्दरके हृदयका अपहरण नहीं किया जा सका तो व्रतहीन वे दोनों देवांगनाएँ वन्दना करके चली गयीं। दूसरे दिन देव कहते हैं कि क्या मनुष्यलोकमें रूपवती युवती है? इसपर ईशानेन्द्रने प्रियमित्राकी रूपगतिका वर्णन किया।

घत्ता—तब देवी मनमें काँप उठती है, इन्द्र क्या कहता है मनुष्यणीके रूपको मानता है। रति और रतिसेन देवियाँ आयीं ॥१९॥

२०

ऐरावत गजके समान चलनेवाली उन देवबालाओंने अदृष्ट होकर उसके तेलसे मर्दित सुन्दर शरीर और खुले हुए ऊँचे स्तन देखकर फिर वे देवीको देखनेकी उत्कण्ठासे द्वारपर गयीं। यष्टि धारण करनेवाली कन्याने कहा—द्वारके पास स्त्रियाँ हैं, क्या विद्याधरियाँ हैं, या अप्सराएँ?

१९. १. A समहुरु। २. AP पुरहूअउ।
२०. १. A सहंसणीहिं। २. P देविहिं। ३. AP तियउ।

किं खेयरीउ किं अच्छरउ तुह दंसणमणउ अमच्छरउ।
तं ण्हाइवि जणमणसाहणउं लहुं लइयउं ताइ पसाहणउं।
सुरणारिउ पुणु पइसारियउ माणवजणदूरोसारियउ।
अवलोइवि झीणु रूवविहवु देवयहिं पवुत्तु ण किं पि धुवु।
तेरउं सरूउ रूवहु ढलिउ पुव्विल्लहि रेहहि परिगलिउ।
घत्ता—ता रईसुहि णिव्विण्णी सा पियमित्त विसण्णी॥
उम्मण दुम्मण थक्की माणमरट्टें मुक्की॥२०॥

२१

तं पेक्खिवि गउ मणहरवणहु राणउ पणविवि घणरहजिणहु।
चउपव्वपयारि अणासयहं आउच्छइ वित्ति उवासयहं।
सावयअज्झयणु ण तं रहइ सत्तमउ अंगु रिसिवइ कहइ।
विविहउ घरधम्मपवित्तियउ किरियाउ असेसउ उत्तियउ।
दढरहिण ण रज्जु समिच्छियउ णीसारु दुरंगु दुगुंछियउ।
सुउ मेहसेणु पच्छइ थविवि मेहरहिं जिणवरु विण्णविवि।
सहुं भाइइ सहसा लइउ तउ बारहविहु सोसिउ विसमभउ।
धीरहिं णिंदियइंदियसिवहिं भयसमसहसहिं सह पत्थिवहिं।
घत्ता—सिरिपुरि घरि सिरिसेणहु भुंजिवि दिण्णसुदाणहु॥
अंतयपुरि णिवणंदहु थाइवि अमराणंदहु॥२१॥

ईर्ष्यासे रहित वे तुम्हें देखनेका मन रखती हैं? तब उसने स्नान कर तथा जनमनको आकर्षित करनेवाला प्रसाधन कर लिया। फिर मनुष्यजनको दूरसे हटानेवाली देवस्त्रियोंको भीतर प्रवेश दिया गया। उसके रूपवैभववाले शरीरको देखकर देवियोंने कहा कि (संसारमें) स्थिर कुछ भी नहीं है। तुम्हारा स्वरूप रूपसे ढल गया है, पूर्वकी शोभासे गल गया है।

घत्ता—रतिसुखसे विरक्त विषण्ण, उन्मन और दुर्मन वह प्रियमित्रा मानके अहंकारसे मुक्त होकर श्रान्त हो गयी॥२०॥

२१

उसे इस प्रकार देखकर राजा मनहर वन गया और घनरथ जिनको प्रणाम कर उसने कर्मास्रवसे रहित उपासकों (श्रावकों) की वृत्ति पूछी। ऋषीश्वर सातवें अंग उपासकाध्ययनका कथन करते हैं, वह उसे छोड़ते नहीं। गृहस्थ धर्मकी विविध-प्रवृत्तियों, अशेष क्रियाओं और उक्तियोंका उन्होंने कथन किया। दृढ़रथने राज्यकी इच्छा नहीं की। असार और दुरंगी चालवाले उसकी निन्दा की। बादमें अपने पुत्रको राज्यमें स्थापित कर मेघरथ जिनसे निवेदन कर अपने भाईके साथ इन्द्रिय सुखकी निन्दा करनेवाले सात सौ राजाओंके साथ उसने बारह प्रकारका तप ले लिया, और संसारके भयको नष्ट कर दिया।

घत्ता—श्रीपुरमें सुदानको देनेवाले श्रीषेण राजाके घर आहार कर और देवोंको आनन्द देनेवाले नन्दन राजाके प्रासादमें ठहरकर॥२१॥

४. A समच्छरउ। ५. A °सुहणिव्विण्णी।

२१. १. A हरइ। २. A विण्णिविवि; P वेण्णविवि। ३. A विसमतउ। ४. A णिवदाणहु।

२२

तहिं [1]भत्तपाणगिद्धिइ रहिउ　　इच्छिवि णिच्छियमत्तासहिउ।
पइसिवि व[2]णगिरिवरकंदरइ　　फणिविच्छि[3]यघरि त[4]रुकोट्टरइ।
णिण्णासइ स[5]त्त वि सो भयइं　　मयचिंधइं तहु अट्ठ वि गयइं।
दिढु बंभचेरु णवविहु धरिउ　　दहविहु जिणधम्मु परिप्फुरिउ।
दहभेउ विकालु वि लक्खियउ　　एयारह अंगइं सिक्खियउ।
बारह अ[6]णुपेक्खउ चिंतवइ　　तेरह[7] चारित्तइं थिरु थवइ।
चउदहगुणठाणइं अब्भसइ　　पण्णारहविह पमाय पुसइ।
परिभाविवि सोलहकारणइं　　तित्थयरत्तणहकारणइं।
घत्ता—सहुं बंधवेण अणिंदहु　　गउ णहतिलयगिरिंदहु ॥
दूसहणिट्ठाणिट्ठिउ　　तहिं अणसणिण परिट्ठिउ ॥२२॥

२३

हियउल्लउं मुणिमग्गेण णिउ　　पा[1]उग्गमरणु मासंतु किउ।
जइपुंगम घणरहरायसुय　　म[2]य बेण्णि वि ते अहमिंद हुय।
सव्वत्थसिद्धिसु[3]रहरि धवल　　करमेत्तदेह वरमुहकमल।
तेत्तीसस[4]मुद्दजीवियपवर　　तेत्तिय जि पक्ख णीसासधर।
तइ वरिससहासइं लेंति खणु　　आहारु वि चिंतिउ सु[5]हमु अणु।

२२

वहाँ भोजन और पानकी इच्छासे रहित, निश्चित मात्रासे युक्त (भोजन) चाहकर सर्पों और बिच्छुओंके घर तथा वृक्ष कोटरवाली वनगिरिकी गुफाओंमें प्रवेश कर, वह भी सात भयोंका नाश करते हैं, मानके आठ चिह्न भी उनसे चले गये। उन्होंने नौ प्रकारके दृढ़ ब्रह्मचर्यका पालन किया। दस प्रकारका धर्म उनमें स्फुरित हो उठा। दस प्रकारके मुनि-आचारको भी उन्होंने जान लिया। उन्होंने ग्यारह अंगोंको सीख लिया। वह बारह अनुप्रेक्षाओंका चिन्तन किया। तेरह प्रकारके चारित्रोंकी स्थापना करता है। चौदह गुणस्थानोंका अभ्यास करता है। पन्द्रह प्रकारके प्रमादोंका नाश करता है। तीर्थंकरत्वका बन्ध करनेवाली सोलहकारण भावनाओंका विचार कर—

घत्ता—अपने भाईके साथ, वह अनिन्द्य नभस्तिलक पर्वतके लिए गये। असह्य निष्ठामें निष्ठ वह वहाँ अनशनमें स्थित हो गये ॥२२॥

२३

अपने हृदयको मुनिमार्गमें लगाकर एक माहके प्रायोपगमन उपवास किया। दोनों यतिश्रेष्ठ घनरथ और उसका पुत्र मृत्युको प्राप्त हुए और दोनों सर्वार्थसिद्धिके विमानमें अहमेन्द्र उत्पन्न हुए। दोनों गोरे, एक हाथ शरीरवाले, श्रेष्ठ मुखकमल और तैंतीस सागर प्रमाण आयुसे युक्त उत्तम जीवनवाले थे। वे उतने ही पक्षोंमें श्वास लेते थे। तैंतीस हजार वर्षोंमें एक क्षणमें

२२. १. AP भत्तु पाणु। २. A वणे गिरि°। ३. A विच्छियतरुगिरि°। ४. AP °कोडरइ। ५. AP सो सत्त वि भयइं। ६. AP अणुवेक्खउ। ७. P तेरह वि चरित्तइं थिरु धरइ।
२३. १. A पाउवगमणु। २. AP मुय। ३. A °हरधवल। ४. AP °जलहि°। ५. A सुहमु।

जगणाडिपलोयणणाणधर तेत्तियवीरियविकिरियकर ।
ते णिप्पडियार पसण्णमइ कत्थइ णउ ताहं वियाररइ ।
रिज्झंति धम्मसंभासणइं कत्थइँ मुयंति सीहासणइं ।
केवलि उप्पण्णइ जिणवरहं भुवि जाइजराजम्मणहरहं ।
सहुं भायरेण अहमिंद सुरु जाणंतु तच्चु पणमंतु गुरु ।

घत्ता—गोत्तमेण जं अक्खिउ जं भरहेसें लक्खिउ ॥
जं सुहु सोत्तहिं माणइ पुप्फयंतु तं जाणइ ॥२३॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए
महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे मेहरहतित्थयरगोत्तणिबंधणं
णाम दुसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६२॥

चिन्तित सूक्ष्म-सूक्ष्म अणुका आहार करते। विश्वनाड़ीको देखनेवाले ज्ञानके धारक थे। उतनी ही विक्रियाऋद्धिको कर सकते थे। प्रतिकारकी भावनासे रहित और प्रसन्नमति थे। उनमें विकाररति कहीं भी नहीं थी। वे धर्मसम्भाषणोंसे प्रसन्न होते थे। जन्म, जरा और मरणका हरण करनेवाले जिनवरोंको केवलज्ञान उत्पन्न होनेपर वे कभी-कभी अपना सिंहासन छोड़ते थे। वह अहमेन्द्रसुर अपने भाईके साथ तत्त्वको जानता और गुरुको प्रणाम करता।

घत्ता—गौतमने जो कुछ कहा, वह भरतेश श्रेणिकने जान लिया। अपने कानोंसे जो उस सुखको मानता है, हे पुष्पदन्त वही उसे जानता है ॥२३॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा
विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका मेघरथ तीर्थंकर
गोत्र निबन्धन नामका बासठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६२॥

---

६. AP विहाररइ। ७. A कत्थइ ण मुयंति। ८. A पणवंतगुरु।

संधि ६३

छम्मासइं आउससेसइं थियइं जाम अहमिंदहु ॥
ता रम्मइ तहिं सोहम्मइ जाय चिंत तियसिंदहु ॥ ध्रुवकं ॥

१

जिणवरण्हवणण्हवियगिरिमंदरु धणयहु अक्खइ देउ पुरंदरु ।
कुंजरकरताडियसीयलजलि सिसिरकिरणविलसियणीलुप्पलि ।
णवखरदंडसंडमंडियसरि दसदिसु गुमुगुमंतमयमहुयरि ।
सीमारामगामरमणीयइ दीणाणाहदिण्णतवणीयइ ।
गंधसालिकणसुरहियपरिमलि कीरकुररकलहंसीकलयलि ।
दिव्वुज्जाणविडविणिवडियफलि जंबूदीवि भरहि कुरुजंगलि ।
हत्थिणयरु तहिं मंडलि छज्जइ तूरहं सद्दें णं गलगज्जइ ।
सग्गें सरिसउ अप्पउ मण्णइ घरसिहरहिं हरइ व तिजगुण्णइ ।

सन्धि ६३

जब अहमेन्द्रकी छह माह आयु शेष रह गयी, तो सौधर्म स्वर्गमें इन्द्रको चिन्ता उत्पन्न हो गयी।

१

जिनवरके स्नानमें मन्दराचल पर्वतको स्नान करानेवाला इन्द्र कुबेरसे कहता है—इस जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें कुरुजांगल देश है, जिसमें हाथियोंसे प्रताड़ित शीतल जल है। जिसमें नील-कमल शिशिर किरणोंसे विकसित है, नदियाँ नवपद्मोंसे मण्डित हैं, दसों दिशाओंमें मधुकर गुंजन करते हैं, सीमोद्यानों और ग्रामोंसे जो रमणीय है, जहाँ दीन और अनाथोंको सोना दिया जाता है, जहाँ सुगन्धित धान्यके कणोंसे सुरभित परिमल है, जिसमें कीर, कुरल और कलहंसोंका सुन्दर कलकल शब्द हो रहा है। ऐसे उस मण्डलमें हस्तिनापुर नगर शोभित है जो मानो तूर्योंकी ध्वनियोंसे गरज रहा है। वह अपने आपको स्वर्गके समान मानता है। अपने घरोंके शिखरोंसे

All Mss. have, at the beginning of this saṃdhi, the following stanza:-

बन्ध: सौजन्यवार्धे: कविखलधिषणाध्वान्तविध्वंसभानु:
प्रौढालंकारसारामलतनुविभवा भारती यस्य नित्यम् ।
वक्त्राम्भोजानुरागक्रमनिहितपदा राजहंसीव भाति
प्रोद्यद्गम्भीरभावा स जयति भरते धार्मिके पुष्पदन्त: ॥ १ ॥

AP read बन्धु: in the first line. for बन्ध:, but K has a gloss सेतु: on it. P reads °भाव: for °भावा in the third line.

१. १. AP °वियसिय° । २. A सीमागामराम° । ३. AP °कणपसरियपरिमलि ।

अजियसेणु तहिं पहु पियवाइणि तहु पियदंसण णामें पणइणि ।
बंभकप्पचुउ वइरिविमद्दणु वीससेणु उप्पण्णउ णंदणु ।
सुणि गंधारदेसि गंधारइ पुरि पंडुरघरि पुहईसारइ ।
तहिं णरणाहु णाम अजियंजउ अजियदेविवल्लहु परदुज्जउ ।

घत्ता—तें राएं सुहिअणुराएं णिरु भल्लारउं भाविउं ॥
अइरा सुय णवकिसलयभुय वीससेणु परिणाविउ ॥ १ ॥

२

एयहं होसइ धुवु तित्थंकरु सोलहमउ कंदप्पखयंकरु ।
धणय धणय लइ तेरउ अवसरु करि पुरु मणियरहयदिवसेसरु ।
तं णिसुणिवि तें कमलदलक्खें कंचणपट्टणु णिम्मिउ जक्खें ।
हरियउं मरगयतोरण[1]मालहिं जलइ व पउमरायकरजालहिं ।
कोमलगत्तइ मउलियणेत्तइ सउहयलइ [2]पल्लंकपसुत्तइ ।
णिद्दाएंतिइ पुण्णपवित्तिइ पच्छिमरत्तिइ गुणगणजुत्तिइ ।
[3]एरादेविइ दिट्ठउ कुंजरु पसुवइ केसरि खरणहपंजरु ।
सिरिदामाइं दोण्णि विलुलंतइं ससिरविबिंबइं णहि [4]उयंतइं ।
कुंभजुयलु झसजुयलउं कीलिरु सरवरु जलहि जलावलिचालिरु ।
सीहासणु विमाणु [5]अमराणउं भवणु फणिंदहु तणउं पहाणउं ।

त्रिजगकी उन्नतिका अपहरण कर रहा है। अजितसेन नामक वहाँका राजा था उसकी प्रिय बोलनेवाली प्रियदर्शना नामकी प्रणयिनी थी। शत्रुओंका मर्दन करनेवाला ब्रह्मस्वर्गसे च्युत होकर उनका विश्वसेन नामका पुत्र हुआ। सुनो—गान्धार देशमें पृथ्वीमें श्रेष्ठ धवल घरोंवाली गन्धारी नगरीमें अजितंजय नामका राजा था, जो अजिता देवीका प्रिय और शत्रुओंके लिए अजेय था।

घत्ता—सुधियोंके प्रति अनुराग रखनेवाले उस राजाने अच्छा विचार किया कि जो उसके नवकिशलयके समान भुजाओंवाली अपनी अचिरा नामकी कन्याका विवाह विश्वसेनसे कर दिया ॥१॥

२

इन दोनोंसे निश्चयपूर्वक कामदेवका नाश करनेवाले सोलहवें तीर्थंकरका जन्म होगा। कुबेर-कुबेर ! लो, यह तेरा अवसर है। तुम मणिकिरणोंसे दिनेश्वरको पराजित करनेवाले पुरकी रचना करो। यह सुनकर कमल दलके समान आँखोंवाले उस यक्षने स्वर्णनगरकी रचना की। मरकत मणियोंकी तोरणमालाओंसे वह हरा-हरा था। पद्मराग मणियोंके किरणजालसे जलता हुआ था। सौधतलमें पलंगपर सोते हुए कोमल शरीरवाली, मुकुलित नेत्र, पुण्यसे पवित्र तथा गुणगणोंसे युक्त एरा देवी थी। रात्रिके अन्तिम प्रहरमें उसने हाथी देखा। वृषभ, तीव्र नखसमूहसे युक्त सिंह, लक्ष्मी, दो मालाएँ झूलती हुईं, आकाशमें उगते हुए सूर्यचन्द्रके बिम्ब, घटयुगल, खेलते हुए दो मत्स्य, सरोवर, जलकी लहरोंसे चंचल समुद्र, सिंहासन, देवोंका विमान, नागेन्द्रका प्रमुख

२. १. A तोरणदारहिं। २. P पल्लंकि पसुत्तइ। ३. AP अइरादेविइ। ४. A उवयंतइं। ५. P अमरालउ।

रयणरासि सत्तच्चि[६] वि जोइउ मुहु धोइवि दप्पणु अवलोइउ।
गय सुंदरि सुविहाणइ तेत्तइ थिउ अत्थाणि णराहिउ जेत्तहि।

घत्ता—सिविणंतरु णिहिलु णिरंतरु कंतइ कंतहु ईरिउं॥
अवहीसें तेण महीसें तं फलु ताहि वियारिउं॥ २॥

३

तुज्झु उयरि तेलोक्कपियारउ होसइ सिरिअरहंतु भडारउ।
रायंगणि लोएहिं वि दिट्ठउं जा छम्मास ताम वसु वुट्ठउं।
हिरि सिरि बुद्धि कंति कित्ती सइ आगय घरु जिणगुणरंजियमइ।
भद्दवयहु भयसंखावासरि भरणिरिक्खि णिसिपरपहरंतरि।
जणणिहि मुहि पइट्ठु गयवेसें किउ गब्भावयारु परमेसें।
मेहरहेण तेण अहमिंदें पुण्णपवणकंपावियइंदें।
आय देव सयल वि पंजलियर पुज्जिय सयल असेस वि सपियर।
णवमासइं णिहित्तु चामीयरु धणएं किउ पहुपंगणु पिंजरु।
पल्लचउत्थि[१] भाइ तइयंसें ऊणि[२] तिसायरि गलियजमंसें।
धम्ममहामुणिदेवजिणंतरि चित्ता[३]जुत्तमासपक्खंतरि।
कालइ दिणि चउदहमइ जायइ जामइ जोइ सुहंकरि आयइ।
पच्छिमसंझहि जणियउ मायइ जिणु रेहइ णाणत्तयछायइ।

भवन, रत्नराशि और अग्निज्वाला भी देखी। मुँह धोकर उसने दर्पण देखा। सवेरे वह सुन्दरी वहाँ गयी जहाँ राजा सिंहासनपर विराजमान था।

घत्ता—समस्त लगातार स्वप्नान्तर कान्ताने अपने पतिसे कहा। अवधीश्वर (अवधिज्ञानके धारी) महीश्वरने उसे उसका फल विवेचित कर दिया॥२॥

३

तुम्हारे उदरसे त्रिलोकके प्यारे आदरणीय श्री अरहन्त उत्पन्न होंगे। लोगोंने भी देखा कि राजाके आँगनमें छह माह तक रत्नोंकी वर्षा हुई। ह्री-श्री-बुद्धि-कीर्ति आदि सतियाँ जिन-गुणोंसे रंजितमति होकर आयीं। भाद्र वदी सप्तमीके दिन भरणी नक्षत्रमें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें वह माताके उदरमें गजरूपमें प्रविष्ट हुए और इस प्रकार परमेश्वर उस अहमेन्द्र मेघरथने गर्भावतार किया। सभी देव अंजली बाँधे हुए आये और पिता सहित उन्होंने सभी स्वजनोंकी पूजा की। कुबेरने नव माह तक स्वर्णकी वर्षा की और उसने राजाके आँगनको पीला कर दिया। धर्मनाथ महामुनि तीर्थंकरके बाद चौथे पल्यके तीन भाग कम तीन सागर समय बीतनेपर, एक भाग (पाव) पल्य धर्मका उच्छेद होनेपर, ज्येष्ठ शुक्ला चतुर्थीके दिन शुभंकर शुभयोगमें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें माताने जिनको जन्म दिया। वे तीन ज्ञानोंकी छायासे शोभित थे।

६. A सत्तच्चिय।

३. १. A चउत्थभाय°। २. A ऊणतिसायर°। ३. A जिट्ठा° but gloss चैत्रः; T चित्तजुत्तमास° चैत्रः।

घत्ता—एरावइ चडिवि सुरावइ सहसा पत्तु पुरंदरु ॥
सहुं देवहिं णाणारूवहिं अरुहु लेवि गउ मंदरु ॥ ३ ॥

४

इंदचंदखयरिंदफणिंदहिं ण्हाणिउ तहिं वंदारयवंदहिं ।
पुज्जिउ कुंदकुडयकणियारहिं बउलतिलयचंपयमंदारहिं ।
जणसंतीयरु संति भणेप्पिणु तं गुरु सुरगिरिसिहरु मुएप्पिणु ।
आणिवि भवणहु अप्पिउ जणणिहि जिणवरसुरतरुसंभवधरणिहि ।
हरि घरि पायडणडु व पणच्चिउ तेण ण को को किर रोमंचिउ ।
गउ सग्गहु पणविवि सक्कंदणु कालें जाउ णाहु णवजोव्वणु ।
कणयवण्णु णं बालपयंगउ दह दह तह दह दह धणुतुंगउ ।
लक्खवरिसपरमाउ महामहु दढरहु णाम अवरु हसयमहु ।
वीससेणराएण रवण्णउ जसवइदेविहि सो उप्पण्णहु ।
णामें चक्काउहु पियतणुरुहु छणससहरसंजोयणमुहु ।
घत्ता—ते भायर चंददिवायरणिह परिणाविय ताएं ॥
णिवकण्णउ बहुलायण्णउ जयजयपडहणिणाएं ॥ ४ ॥

५

पंचवीसवरवरिससहासइं वोलीणइं कुमरत्ति पयासइं ।
जेट्ठहु अप्पिय धरणि णरिंदें अप्पणु बद्धउ पट्टु सुरिंदें ।

घत्ता—ऐरावतपर चढ़कर देवोंका स्वामी पुरन्दर शीघ्र वहाँ पहुँचा तथा नानारूपोंवाले देवोंके साथ अर्हन्त देवको लेकर मन्दराचल गया ॥३॥

४

इन्द्र, चन्द्र, विद्याधरेन्द्र और नागेन्द्र आदि देवसमूहने वहाँ उनका अभिषेक किया तथा कुन्द, कुटज, कनेर, बकुल, तिलक, चम्पक और मन्दार पुष्पोंसे पूजा की। लोगोंको शान्ति देनेवाले होनेसे उन्हें शान्ति कहकर, मन्दराचल-शिखरको छोड़कर, गुरुको लाकर, जिनवररूपी कल्पवृक्षको उत्पन्न करनेकी भूमि माँको सौंपकर इन्द्र प्राकृतनटकी तरह नाचा। उससे कौन-कौन नहीं रोमांचित हुआ। इन्द्र प्रणाम कर स्वर्ग चला गया। समयके साथ जिन नवयौवनको प्राप्त हुए। स्वर्णरंगके वह मानो बालसूर्य थे। वह चालीस धनुष प्रमाण ऊँचे थे। एक लाख वर्षकी उनकी परमायु थी। दृढ़रथ नामका दूसरा अहमेन्द्र था, वह भी विश्वसेन राजाकी दूसरी पत्नी यशस्वतीसे उत्पन्न हुआ। चक्रायुध नामसे वह प्रियपुत्र था। उसका मुख पूर्ण चन्द्रमाके समान था।

घत्ता—चन्द्रमा और दिवाकरके समान दोनों भाइयोंका पिताने नगाड़ोंकी ध्वनिके साथ अत्यन्त रूपवती राजकन्याओंसे विवाह कर दिया ॥४॥

५

कौमार्यकालमें जब उनके पचीस हजार वर्ष बीत गये तो राजाने बड़े भाईको धरती अर्पित

---

४. १. इ °खयरिंदसुरिंदहिं । २. AP पायडु णडु व । ३. AP दह तह दह । ४. AP लक्खु वरिसु परमाउ ।
५. A अवरु अहसयमहु । ६. A नृव ।

रज्जु करंतहु देंतहु णियधणु गलिय समासहास तेत्तिय पुणु।
जइयहुं तइयहुं पुण्णविसेसें आयइं दिट्ठइं तेण णरेसें।
चक्कु छत्तु असि पहरणसालहि संभूयउं दंडु वि सुविसालहि।
कागणि मणि उप्पण्णइं सिरिहरि थवइ पुरोहु चमूवइ गयउरि।
कण्णा गय तुरंग खगभूहरि णवणिहि जलणिहिणइसंगमघरि।
छक्खंड वि महिवीढु पसाहिवि विंतर सुर विज्जाहर साहिवि।
पणवीसहसहस महि पालिवि दप्पणयलि णियवयणु णिहालिवि।
घत्ता—णिव्वेइउ णाहु पसाइउ लोयंतिएहिं पबोहिउ ॥
अवमत्तउ इंदें सित्तउ रयणाहरणहिं सोहिउ ॥ ५ ॥

६

थिउ सव्वत्थसिद्धि सिवियासणि जाइवि तहि लहु सहसंबयवणि।
सिलहि णिसण्णें उत्तरवयणें कयपलियंकें दीहरणयणें।
जेट्ठहु मासहु सतिमिरपक्खइ दिवसि चउद्दसि भरणीरिक्खइ।
अवरण्हइ णिक्खवणु करंतें छट्ठुववासिएण गुणवंतें।
उप्पाइउ मणपज्जउ देवें किं ण होइ भणु संजमभावें।
जो धम्मिल्लभारु आलुंचिउ सो सुरणाहें कुसुमें अंचिउ।
घल्लिउ णवर खीरमयरालइ चक्काउहुपमुहहिं तक्कालइ।
संजमु णिवसहसें पडिवण्णउ बीयइ वासरि समसंपण्णउ।

कर दी और देवेन्द्रने स्वयं पट्ट बांधा। राज्य करते हुए और अपना धन देते हुए फिर जब उनके उतने ही अर्थात् पचीस हजार वर्ष बीत गये, तो पुण्य विशेषसे उस राजाने इन चीजोंको देखा (प्राप्त हुईं) सुविशाल आयुधशालामें चक्र-छत्र और तलवार तथा दण्डरत्न उत्पन्न हुए। श्रीगृहमें कागणि मणि उत्पन्न हुई। हस्तिनागपुरमें स्थपति, पुरोहित और चमूपति। कन्या, गज, तुरंग विजयार्ध पर्वतपर उत्पन्न हुए। जलनिधि और नदीके संगमस्थलपर नवनिधियाँ प्राप्त हुईं। छह खण्ड धरतीको सिद्ध कर व्यन्तर, विद्याधरों और देवोंको साधकर पचीस हजार वर्षों तक धरतीका पालन कर (एक दिन) दर्पणतलमें अपना मुख देखकर—

घत्ता—प्रसन्नताको प्राप्त देव विरक्त हो उठे। लौकान्तिक देवोंने उन्हें सम्बोधित किया। रत्नाभरणोंसे शोभित और अप्रमत्त उनका इन्द्रने अभिषेक किया ॥५॥

६

वह सर्वार्थसिद्धि नामक शिविकापर आरूढ़ हुए। शीघ्र सहस्राम्र वनमें जाकर शिलापर बैठे हुए उत्तर दिशामें मुख किये हुए पद्मासनमें स्थित दीर्घनेत्रवाले वह, ज्येष्ठ माहके कृष्णपक्षकी चतुर्दशीके दिन भरणी नक्षत्रमें अपराह्णके समय छठे उपवासके साथ दीक्षा ग्रहण करते हुए गुणवान् देवको मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न हो गया। बताओ संयम भावसे क्या नहीं उत्पन्न होता? उन्होंने जिस केशभारको उखाड़ा था उसे इन्द्रने फूलोंसे अर्चित किया और क्षीरसमुद्रमें फेंक दिया। चक्रायुध प्रमुख एक हजार राजाओंने तत्काल संयम ग्रहण कर लिया। दूसरे दिन

५. १. A असि पहरणु सालहि; P असि चम्मु वि सालहि। २. P गेहवइ दंडु वि। ३. AP °संगमहरि। ४. A छक्खंडु। ५. AP पयासिउ।

गउ मंदरपुरु जिणु[1] तवताविउ पियमित्तें राएं पाराविउ।
महि विहरंतु[2] मुणियसत्थत्थउ सोलह वरिसइं थिउ छम्मत्थउ।
संतु दंतु भयवंतु सरिसिगणु पुणु आयउ तं सहसंबयवणु।

घत्ता—णववत्तहु[3] णंदावत्तहु तरुहि मूलि आसीणउ॥
खंचियदुहु सुरदिसिसंमुहु[4] रिउमित्ते वि समाणउ॥६॥

७

पूसहु मासहु सोक्खणिवासहु।
दहमेदिणंतरि[1] सियपक्खंतरि।
छट्ठववासें वियलियपासें।
दरसंझाउइ जोइ[2] वियालइ।
कम्मु[3]णिवाइउ खणि उप्पाइउ।
केवलदंसणु दोसविहंसणु।
ध्रुवँ[4] सिवमाणणु केवलजाणणु।
कयँ[5]मयविलएं कुरुकुलतिलएं।
कासवगोत्तें सुयसुइसोत्तें।
पत्तउं कित्तणु सिरिअरुहत्तणु।
दहविह वसुविह अवर वि वयविह।
सुर सोलहविह भूसणयरसिह।
गुणगणवंत्तं[6] पंकयँणेत्तं[7]।

समताभावसे परिपूर्ण और तपसे सन्तप्त जिनवर मन्दरपुर नगर गये। प्रियमित्र राजाने उन्हें आहार कराया। ज्ञात कर लिया है शास्त्रार्थको जिन्होंने ऐसे वह धरतीपर विहार करते हुए सोलह वर्ष तक छद्मस्थभावमें स्थित रहे। शान्त, दांत, ज्ञानवान् वह ऋषिगणके साथ फिरसे उसी सहस्राम्रवनमें आये।

घत्ता—नये पत्तोंवाले नन्दावर्त वृक्षके नीचे बैठे हुए, दुःखोंका नाश करनेवाले पूर्वदिशामें मुख किये हुए, शत्रु तथा मित्रमें समान वह—॥६॥

७

पौष शुक्ल दशमीके दिन, बन्धनोंको काटनेवाले छठे उपवासके द्वारा, थोड़ी-थोड़ी सन्ध्या होनेपर उन्होंने कर्मोंका नाश कर दिया और एक क्षणमें दोषोंको नष्ट करनेवाला केवलज्ञान और शिवको माननेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। जिन्होंने मदका विलय किया है, ऐसे कुरुकुलके तिलक, कश्यप गोत्रीय, पवित्र शास्त्रोंके प्रवाहवाले उन्होंने श्री अरहन्त होनेका कीर्तन प्राप्त कर लिया। दस प्रकारके, आठ प्रकारके और भी पाँच प्रकारके, सोलह प्रकारके देव, (भूषण-

---

६. १. जिणतवताविउ २. A विरहंतु। ३. AP णवपत्तहु। ४. A सुरदिसिमुहु।

७. १. A °दियंतरि। २. AP आयवियालइ। ३. A कम्मणिवाइउ। ४. A धुउ; P धुव। ५. AP कयमलविलएं। ६. AP °गणवंतें; AP add after this: ससहरवत्तें। ७. AP °णेत्तें।

अइरापुत्तं[8]　　खमदमजुत्तं[9]।
खाइयभावं[10]　　संतिं देवं[11]।
ते[12] वंदंते　　[13]सुहं झायंते।
पंजलिहत्था　　पणवियमत्था।
भत्तिरसाला　　विलुलियमाला।

घत्ता—मउ वज्जइ गइँ[14] पडिवज्जइ पंचिंदियइं वि दंडइ॥
पइं होंतें मग्गु दिसंतें जणु संसारि ण हिंडइ॥ ७॥

८

तओ कोसिएणं　　जसेणं सिएणं।
कयं मुक्कडंभं[1]　　महामाणखंभं।
महाधम्मलंभं　　महापंकयंभं।
महाखाइयालं　　महापुप्फमालं।
महाधूलिसालं　　महाणट्टसालं।
महासाहिवंतं　　महाकेउकंतं।
महावेइयम्मं　　महाथू[2]हहम्मं।
महादेवछण्णं　　महासाहुपुण्णं।
महारिद्धिरूढं　　महापीहॅ[3]पीढं।
महासोयरत्तं[4]　　महासेयछत्तं।
महाचामरिल्लं　　महादुंदुहिल्लं।

की किरणोंकी शिखावाले), गुणसमूहके पात्र, कमलनयन, ऐरापुत्र क्षमा और संयमसे युक्त; क्षायिकभाववाले शान्तिदेवकी वे वन्दना करते हैं, उनका शुभ ध्यान करते हैं, हाथकी अंजलि बाँधे हुए, मस्तक झुकाये हुए, भक्तिसे मीठे और मालाएँ हिलाते हुए।

घत्ता—जन मदका त्याग करता है, मोक्षगतिको स्वीकार करता है, पाँचों इन्द्रियोंको दण्डित करता है, आपके रहनेपर और उपदेश देनेपर वह (जन) संसारमें परिभ्रमण नहीं करता ॥७॥

८

तब यशसे श्वेत इन्द्रने दम्भसे मुक्त महामानस्तम्भ बनवाया जिसमें महाधर्मकी प्राप्ति है, महाकमलोंका जल है, जो महान् खाइयोंसे सहित है, जिसमें महानृत्यशाला है, जो महावृक्षोंसे युक्त है, जो महाध्वजोंसे सुन्दर है, जो महावेदिकाओंकी रचनासे युक्त है, जिसमें स्थूल प्रासाद हैं, जो महादेवोंसे व्याप्त हैं, जो महामुनियोंसे सम्पूर्ण है, महाऋद्धियोंसे प्रसिद्ध है, महासिंहासनोंसे युक्त है, महान् अशोक वृक्षोंसे आरक्त है, महाश्वेतछत्रोंवाला है, महाचामरोंसे युक्त है,

८. AP °पुत्तें। ९. A omits खमदमजुत्तं; P adds : दोसविवत्तं। १०. AP °भावें। ११. AP देवें। १२. A तं वंदंति; P तें वंदंतें। १३. A मुहं जोयंतें; P सुहं जोयंतें। १४. A मइ।

८. १. AP मुक्कदंभं। २. A °थूलहम्मं। ३. AP सीहवीढं। ४. AP महासोयवंतं।

महापुप्फवासं महादिव्वभासं ।
महादित्तिवंतं[5] महंतं पवित्तं ।
घत्ता—पडिहारहिँ णायकुमारहिँ सेविज्जंतु दयावरु ॥
गंभीरहिँ हयजयतूरहिँ समवसरणु[6] गउ जिणवरु ॥ ८ ॥

९

अक्खइ धम्मु कम्मु ओसारइ सत्त वि तच्चइं जणहु वियारइ ।
अट्ठह[1] धरणिहिँ माणु पयासइ सग्गविमाणहं[2] पंतिउ भासइ ।
पायालंतरि भवणसहासइं चलणिच्चलइं मि जोइसवासइं ।
जीवकम्मपोग्गलपरिणामइं[3] कहइ भडारउ णाणाणामइं ।
चक्काउहपहुइ तहु गणहर जाया छत्तीस वि[4] जणमणहर ।
अट्ठसयइं पुव्वंगवियाणहं रिसिहिँ कट्ठतणकणयसमाणहं ।
एक्कतालसहसइं वसुसमसय सिक्खसुदिक्खसिक्खपारंगय[5] ।
सहसइं तिण्णि अवहिणाणालहं चउ केवलिहिँ[6] पि हियतमजालहं ।
विक्किरियावंतहं[7] छह भणियइं मणपज्जवधराहं चउ गणियइं ।
वाइहिँ दोसहसाइं णिरुत्तइं सयचउक्क अग्गलउ पउत्तइं ।

महादुन्दुभियोंसे परिपूर्ण है, महापुष्पोंकी वाससे युक्त है, महादिव्यभाषासे पूर्ण है, महादीप्तिसे युक्त है और महान् पवित्र है।

घत्ता—*प्रतिहार नागकुमार देवों द्वारा सेवित दयावर जिनवर शान्तिनाथ गम्भीर* आहत विजय तूर्योंके साथ समवसरणके लिए गये ॥८॥

९

वह धर्मका कथन करते हैं, कर्मका निवारण करते हैं, जनके लिए सातों तत्त्वोंका विचार करते हैं, आठवीं भूमि (मोक्षभूमि) का मान प्रकाशित करते हैं, स्वर्गके विमानोंकी पंक्तिका कथन करते हैं, पातालके भीतर हजारों भवनवासियों, चल और निश्चल ज्योतिषवासियों, जीवकर्म और पुद्गलके परिणामोंका नाना नामोंसे आदरणीय वह वर्णन करते हैं। चक्रायुध आदिको लेकर उनके जनमनोंके लिए सुन्दर छत्तीस गणधर थे। पूर्वांगोंको जाननेवाले तथा काष्ठ तिनका और सोनेको समान समझनेवाले आठ सौ ऋषि थे। शिक्षा और दीक्षाकी सीखमें पारंगत एकतालीस हजार आठ सौ थे। अवधिज्ञानको धारण करनेवाले तीन हजार थे, तमजालको नष्ट करनेवाले केवली चार हजार। विक्रियाऋद्धिके धारक छह हजार थे और मनःपर्ययज्ञानके धारी चार हजार। और दो हजार श्रेष्ठ वादी मुनि थे।

---

५. A महा दित्तदित्तं; P महादित्तिदित्तं । ६. A समवसरणगउ ।

९. १. A अट्ठमिधरणिहि; । २. AP °विवाणहं । ३. A °परिमाणइं । ४. P जि । ५. A सिक्खयदिक्ख-सिक्ख° । ६. A केवलिहि पहयतम°; P केवलिहिं मि हयतम° । ७. A °वत्तहं ।

घत्ता—हिरिसेणहि वयविहिखीणहि पायपोमथुइरायइं ॥
णरमहियइं तिसयहि सहियइं सट्ठिसहासइं जायइं ॥ ९ ॥

१०

झाणमोणणियमियणियमइयउ एत्तियाउ भणियउ संजइयउ ।
लक्खइं दुइ सावयहं सलग्घहं सुरकित्तीपमुहहं णिव्विग्घहं ।
अरुहदासिपमुहाहं सुईत्तइं सावईहिं चउलक्खइं वुत्तइं ।
देव असंख संख मृगकुलरुह एक्कदुखुर गयवय जाया बुह ।
पंचवीससहसइं वोलीणइं वरिसहं सोलहवरिसविहीणइं ।
हिंडिवि महियलि धम्मु कहेप्पिणु मासमेत्तु जीविउ जाणेप्पिणु ।
गिरिसंमेयारुहणु करेप्पिणु चरमसुक्कु दियहेहिं धरेप्पिणु ।
जेट्ठचउद्दसिवासरि कालइ भरणिरिक्खि धरणीमुहि विमलइ ।
गउ जगसिहरहु संति भडारउ देउ समाहि बोहि भवहारउ ।
सहुं चक्काउहेण तवरिद्धइं णवसहसइं रिसिणाहहं सिद्धइं ।

घत्ता—सुविलेवणु घल्लिवि कुसुमइं मेल्लिवि पणविउ तहिं अग्गिदहिं ॥
मणि ईहिय सिद्धणिसीहिय णविय भरेण सुरिंदहिं ॥१०॥

घत्ता—व्रतोंकी विधिसे क्षीण हरिषेणा आदि आर्यिकाएँ साठ हजार तीन सौ थीं। जिसके चरण राजाओंके द्वारा स्तुत थे और जो देवों सहित मनुष्यों द्वारा पूज्य थीं ॥९॥

१०

ध्यान और मौनसे जिन्होंने अपनी मति संयत कर ली है ऐसे संयमी और श्लाघनीय, सुरकीर्ति-प्रमुख विघ्न रहित दो लाख श्रावक थे। अर्हद्दासी आदिको लेकर चार लाख पवित्र श्राविकाएँ कही गयी हैं। देव असंख्यात थे और तिर्यंचयोनिके पशु संख्यात थे। एक दो खुरवाले ज्ञानव्रतसे युक्त पण्डित। सोलह वर्ष रहित पचीस हजार वर्ष बीत गये। धरती तलपर भ्रमण कर और धर्मका कथन कर तथा अपना जीवन एक माह शेष जानकर, सम्मेदशिखर पर्वतपर आरोहण कर कुछ दिनों तक चरम शुक्लध्यान धारण कर, ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशीके दिन, भरणी नक्षत्रमें पवित्र धरतीके अग्रभागमें विश्वके शिखरपर आदरणीय शान्तिनाथ चले गये। भवका हरण करनेवाले देव मुझे समाधि प्रदान करें। तपसे समृद्ध नौ हजार मुनिनाथ भी चक्रायुधके साथ सिद्ध हो गये।

घत्ता—सुन्दर लेप कर, फूल डालकर वहाँ अग्नीन्द्र देवोंने प्रणाम किया (शवका)। देवेन्द्रोंने भी मनमें अभीप्सित सिद्ध नृसिंह उनको प्रणाम किया ॥१०॥

८. AP °विहिलीणहि। ९. P तिसई सहियइं।
१०. १. P सलग्घइं। २. P णिविग्घइं। ३. A सुवत्तइं। ४. AP मिग°। ५. A बहुलइ। ६. AP गुणरिद्धइं। ७. A णवसयाइं। ८. AP कालायरु घल्लिवि सुरतरु दिण (ण्ण ?) अग्गि अग्गिदहिं।

११

णंवु सिरिसेणु पुणु वि जो कुरुणरु देउ खयरु सुरु हलि पवरामरु ।
वज्जाउहु सुरवइ घणसंदणु सव्वत्थाहिउ अइरहि णंदणु ।
दरिसउ मज्झु सयलु सयलायरु होउ पडंतहु लहु लग्गणतरु ।
देवि अणिंदिय कुरुणरु माणउ सुरु सिरिविजउ महीयलराणउ ।
अमयासउ अणंतवीरिउ हरि णारउ जोइयवइतरणीसरि ।
मेहणाउ पडिहरि सहसाउहु कप्पणाहु दढरहु पहसियमुहु ।
पुणु सव्वत्थसिद्धि परमेसरु चक्काउहु सुहुं देउ रिसीसरु ।
संति भंति विहुणेवि महारी करउ कसायसंति गरुयारी ।
घत्ता—भरहेसरु जियसरु मुणिपवरु जहिं गउ जिण तुहुं तेत्तहि ॥
मइं पावहि सिद्धालयमहि पुप्फयंतरुइ जेत्तहि ॥११॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे संतिणाहणिव्वाणगमणं णाम तिसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६३॥

११

कुरुमानव जो राजा श्रीषेण थे, वह देव (भोगभूमिमें) विद्याधर, देव फिर प्रवर अमर, वज्रायुध, इन्द्र, मेघरथ, फिर सर्वार्थसिद्धिमें अहमेन्द्र और फिर ऐराके पुत्र (शान्तिनाथ) हुए। वह मुझे समस्त सकलाचार दिखायें और गिरते हुए मुझे आधारस्तम्भ हों, और जो अनिन्दिता देवी कुरुकी नर हुई थी, फिर श्रीविजयदेव, फिर महीतलका राजा, अमृताशय अनन्तवीर्य, नारायण, वैतरणी नदीको देखनेवाला नारकी, मेघनाद प्रतिनारायण, फिर सहस्रायुध, कल्पदेव, प्रहसितमुख दृढ़रथ, फिर सर्वार्थसिद्धिका देव और तब परमेश्वर चक्रायुध ऋषीश्वर देव सुख दें। हमारी विद्यमान भ्रान्तिको नष्ट कर वे मेरी भारी कषायशान्ति करें।

घत्ता—हे जिन, कामको जीतनेवाला मुनिप्रवर भरतेश्वर जहाँ गया, और जहाँ आप गये हैं, और जहाँ चन्द्र और सूर्यके समान दीप्ति है, वह सिद्धालयभूमि मुझे प्राप्त करा दो ॥११॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें शान्तिनाथ निर्वाण गमन नामका त्रेसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६३॥

---

११. १. AP णिउ । २. A विज्जाउहु । ३. P कुरुतणुमाणउ । ४. AP सिरिविज्जउ महियलि । ५. AP पुप्फदं° ।

संधि ६४

जिणगिरिपवरहु णीसरिय बारहंगपाणियसरि ॥
पुव्वमहण्णवगामिणिय पणवेप्पिणु वाईसरि ॥ ध्रुवकं ॥

१

जो भुवणि भणिउ छट्टउ णिराउ जो हियवएण णिच्चु जि णिराउ।
जो इंदियकूराहिहिं विराउ जो सत्तारहमउ जिणु विराउ।
जो ण मरइ ण हवइ कालएण जो[1] को जाणिज्जइ कालएण।
घणमणतिमिरें अलिकालएण ण स[3]मंकिउ जो कंकालएण।
जो णग्गु णिरंजणु लुंकवालु जो ण करइ करि कत्तियंकवालु।

सन्धि ६४

जो जिनवररूपी श्रेष्ठ पर्वतसे निकली है, जो बारह अंगोंके जलकी नदी है, जो (चौदह) पूर्वरूपी समुद्रकी ओर जानेवाली है, ऐसी वाग्देवीको मैं प्रणाम करता हूँ।

१

जो संसारमें छठे चक्रवर्ती हैं, जो हृदयसे नित्य वीतराग हैं, जो इन्द्रियरूपी क्रूर साँपोंके लिए विराड् (वीराज = गरुड़) हैं, और जो सत्तरहवें वीतराग जिन हैं। जो कालके साथ न मरते हैं और न जन्म लेते हैं, जो कालको परमज्ञानसे जान लेते हैं, जो सघन मनरूपी अन्धकार, भ्रमरके समान कृष्णत्व और मृग कलेवर (चर्म) से अंकित नहीं हैं, जो नग्न निरंजन और लोकपाल

All Mss. have, at the beginning of this saṃdhi, this following stanza:—

आखण्डोड्डुमरारवोद्मरुकं (?) चण्डीशमाश्रित्य यः
कुर्वन्काममकाण्डताण्डवविधिं डिण्डीरपिण्डच्छविम्।
हंसाडम्बरमुण्डमण्डललसद्भागीरथीनायकं
वाञ्छामित्यमहं कुतूहलवती खण्डस्य कीर्तिः कृते: ॥ १ ॥

P reads °डमरारुचण्डमरुकं; P reads चण्डीसमासत्य; K reads चण्डीसमासृत्य। P reads कुर्वत्काम°; A reads कुर्वत्क्रीड°; P reads °छवे:। A reads डिण्डमण्डल°। P reads कृते। K has marginal gloss on the stanza: अखण्ड एव आखण्ड:, उड्डुमरो भयानक:, आरवशब्द: तेन युक्तं उड्डुमरुकं वाद्यं यस्य हरस्य तम्। अकाण्ड° अप्रस्तावेन। रुद्रमाश्रित्य या कीर्तिर्वर्तते इत्यध्याहार्यम्। रुद्रादप्यहं अतिशयेन निर्मला इति भावार्थ:। कृते: काव्यस्य। The stanza, all the same, is not clear.

१. १. A जो जाणिज्जइ इह कालएण। २. A अइकालएण। ३. A चमंकिउ। ४. A लुवकवालु। ५. AP कत्तियकरालु।

जें वुत्तु अहिंसावित्तिसुत्तु [6]जो गणिवि ण[7] याणइ अक्खसुत्तु ।
जो दंसियसासयपरममोक्खु णउ करइ पिणाएं कंडमोक्खु ।
जो तिउरडहणु जियकामदेउ पहु परमप्पउ देवाहिदेउ ।
जें रक्खिउ सण्हु वि जीउ कुंथु सो वंदिवि रिसिपरमेट्ठि कुंथु ।
पुणु कहमि कहंतरु दिव्वु तासु दालिद्दुक्खदोहग्गणासु ।

घत्ता—एत्थु जि जंबूदीववरि[8] पुव्वविदेहि महाणइ ॥
णामें सीय सलक्खणिय तं को वण्णहुं जाणइ ॥ १ ॥

२

तहि दाहिणतीरइ वच्छदेसि डिंडीरपिंडपंडुरणिवासि ।
सोहिल्लसुसीमाणयरि रम्मि अणवरयमहारिसिकहियधम्मि ।
सीहरहु सीहविक्कमु महंतु णरवइ णियारिकुलबलकयंतु ।
अणुहुंजिवि भोउं[1] सुदीहकालु जोयंतें कहिं मि णहंतरालु ।
णिवडंत[2] णिहालिय तेण उक्क संसारिणि रइ णीसेस मुक्क ।
जइवसहहु पासि हयत्तिएहिं पावइयउ सहुं बहुखत्तिएहिं ।
एयारहंगधरु सीलवंतु वणि णिवसइ रुक्खु व अणलवंतु ।
तिणि[3] कणि सचित्ति णउ चरणु देइ वयविहिअजोग्गु दिण्णु[4] वि ण लेइ ।

हैं, जो हाथमें छुरी और खप्पर नहीं लेते। जिन्होंने अहिंसा-वृत्तिके सूत्रोंका कथन किया है, जो अक्षसूत्रोंको गिनना नहीं जानते, जिन्होंने शाश्वत परम मोक्षको देखा है, जो अपने धनुषसे तीरोंको नहीं छोड़ते, जो त्रिपुरका दाह करनेवाले और कामदेवको जीतनेवाले हैं, जो प्रभु परमात्मा और देवाधिदेव हैं, जिन्होंने सूक्ष्मजीवकी भी रक्षा की है, ऐसे उन ऋषि परमेष्ठी कुन्थु जिनकी वन्दना कर, मैं फिर दारिद्र्य दुःख और दुर्भाग्यको नष्ट करनेवाले उनके दिव्य कथान्तरको कहता हूँ।

घत्ता—इस श्रेष्ठ जम्बूद्वीपके पूर्वविदेहमें लक्षणोंवाली महानदी सीता है। उसका वर्णन करना कौन जानता है ? ॥१॥

२

उसके दक्षिण किनारेपर वत्स देश है, जहाँके निवासगृह फेनसमूहके समान धवल हैं, जो शोभित सोमाओं और नगरोंसे सुन्दर हैं। जहाँ महामुनियों द्वारा अनवरत रूपसे धर्मका कथन किया जाता है। उसमें अपने शत्रुकुलके बलके लिए यमके समान सिंहके समान विक्रमवाला राजा सिंहरथ था। लम्बे समय तक भोगोंको भोग चुकनेके बाद किसी समय आकाशके अन्तरालको देखते हुए उसने एक टूटते हुए तारेको देखा, उसकी संसारमें रति नष्ट हो गयी। जिन्होंने पीड़ाओंको आहत किया है, ऐसे अनेक क्षत्रियोंके साथ यतिवृषभ मुनिके पास वह प्रव्रजित हो गया। ग्यारह अंगोंको धारण करनेवाले शीलवान् वह वनमें वृक्षकी तरह मौन रूपसे निवास करते हैं। संचित कण और तृणपर वह पैर नहीं रखते। दी हुई जो चीज व्रतविधिके अयोग्य है, वे उसे

६. A omits this foot. ७. P ण जाणइ । ८. P जंबूदीवि वरि ।

२. १. A भोय । २. AP णिवडंति । ३. A तणे । ४. A दिण्णउ ण लेइ ।

बंधिवि तित्थंकरणामकम्मु मउ उवरिमिल्लु ससिबिंबसोम्मु ।
पत्तउ पंचाणुत्तरविमाणु भुंजिवि तेत्तीसजलणिहिपमाणु ।
छम्मास परिट्ठिउ आउ जाम वइसवणहु कहइ सुरिंदु ताम ।
घत्ता—दीवि पहिल्लइ पविउलइ भरहि देसु कुरुजंगलु ॥
गयउरि महिवइ तहिं वसइ सूरसेणु जगमंगलु ॥ २ ॥

३

कुरुकुलरुहु सिरिजयसिरिणिकेउ कासवगोत्तें भूसिउ सुतेउ ।
सिरिकंत कंत कमणीयरूय सुरखयरणियंबिणितिलयभूय ।
णरणाहहु सा वल्लहिय केव सुवियड्ढहु वरकइवाणि जेव ।
एउहुं दोहं मि होही ण भंति जिणु कुंथु णाम केवलि कहंति ।
करि पुरवरु घरु णंदणवणालु पुज्जिज्जइ भत्तिइ सामिसालु ।
तं णिसुणिवि धणएं तं विचित्तु किउ णयरु कणयमाणिक्कदित्तु ।
पवणुद्धयपहकप्पूरपंसु सरसरिनीरंतररमियहंसु ।
पासायचूलियालिहियमेहु गयणग्गयसुरहियधूमरेहु ।
घत्ता—सुहुं सुत्ती रयणिहि सयणि बालहंसगयगामिणि ॥
पच्छिमजामइ सोलह वि पेच्छइ सिविणय सामिणि ॥ ३ ॥

ग्रहण नहीं करते। तीर्थंकर नामक प्रकृतिका बन्ध कर वे मर गये तथा वे ऊपर चन्द्रबिम्बके समान सौम्य पाँचवें अनुत्तर विमानमें पहुँचे । वहाँ तैंतीस सागर प्रमाण आयु भोगते हुए जब छह माह आयु शेष रह गयी, तो इन्द्र कुबेरसे कहता है ।

घत्ता—पहले द्वीप जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें कुरुजांगल देश है । वहाँ हस्तिनापुरमें जगमंगल राजा सूरसेन राजा है ॥२॥

३

कुरुकुलका अंकुर तथा विजयश्रीका घर तेजस्वी वह कश्यपगोत्रसे विभूषित था । उसकी कान्ता श्रीकान्ता अत्यन्त कमनीय रूपवाली और सुर विद्याधर-स्त्रियोंमें तिलकस्वरूप थी। राजाके लिए वह वैसी ही प्रिया थी जैसे सुविदग्धोंके लिए वरकविकी वाणी प्रिय होती है । इन दोनोंके जिन कुन्थुके नामसे उत्पन्न होंगे, इसमें भ्रान्ति नहीं है, ऐसा केवली कहते हैं । तुम नगर, घर और नन्दनवनकी रचना करो और भक्तिसे स्वामी श्रेष्ठकी पूजा करो । यह सुनकर कुबेरने स्वर्ण और माणिक्योंसे प्रदीप्त विचित्र नगरकी रचना की । जिसमें हवासे पथमें कपूरकी धूल उड़ती है, जिसके सर-नदीके नीरके भीतर हंस रमण करते हैं, जिसके प्रासादोंके शिखर मेघोंको छूते हैं, जहाँ सुरभित धूम्र रेखाएँ आकाश तक उठी हुई हैं ।

घत्ता—शय्यातलपर सुखसे सोयी हुई बालहंसगामिनी स्वामिनी श्रीकान्ता रात्रिके अन्तिम प्रहरमें सोलह स्वप्न देखती है ॥३॥

---

५. AP जयमंगलु ।

३. १. A °कुलरुहजयसिरिसिरि° । २. A सुकेउ । ३. AP णरणाहहु तहु वल्लहिय । ४. AP घर । ५. A पवणुद्धयपंकयरयविमीसु; P पवणुद्धयपहकप्पूरफंसु । ६. AP सरिसर° । ७. A गयणग्गय° । ८. P धम्मरेहु । ९. A सुहसुत्ती । १०. P °गइगामिणि ।

४

वारणं मयालीणछप्पयं गोवइं खुरु[1]ब्भिण्णवप्पयं ।
केसरिं गलालंबिकेसरं गोमि[2]णी सुमालाजुयं वरं ।
उग्गयं हिमंसु[3] दिणेसरं रत्तमीणजुम्मं रईसरं ।
सायकुंभकुंभाण संघ[4]डं पंकयायरं लच्छिपायडं ।
खीरवारिरासिं महारवं विट्ठरं सकंठीरवं णवं ।
मंदिरं सुराणं विहावियं णायगेहमहिरायसेवियं ।
मेलयं[5] मणीणं विचित्तयं झत्ति धूमकेउं पलित्तयं ।
राइछेयए संविउद्धिया सा णिवस्स वज्जरइ मुद्धिया ।
रत्तियाविरामे णियच्छियं दंसणावलिं कयसुहच्छियं ।
कहइ तीइ तिस्सा फलं पई होहिही[6] तुहं सुउ महामई ।
इंदचंदणाइंदवंदिओ दिव्वणाणि णिज्जियमणिंदिओ ।
चक्कवट्टि भोत्तूण भूयलं पाविही पयं परमणिक्कलं ।

घत्ता—तं णिसुणिवि संतुट्ठ[7] सइ आइय मंदिरु मीणइ ॥
बुद्धि लच्छि सिरि कंति हिरि दिहि कित्ति वि लीलागइ ॥ ४ ॥

५

कय धणएं दरिसियसुयणतुट्ठि छम्मासु जाम ता रयण[1]वुट्ठि ।
सावणमासंतरि कसणपक्खि दहमइ दिणि माणवजणियसोक्खि ।

४

जिसके मदमें भ्रमर लीन हैं ऐसा गज, अपने खुरोंसे वप्रक्रीड़ा करता हुआ बैल, गले तक लटकती हुई अयालवाला सिंह, लक्ष्मी, सुन्दर मालाका उत्तम युग्म, उगता हुआ चन्द्र और सूर्य, खेलता हुआ रक्त मीनयुगल, स्वर्णकुम्भोंका युग्म, शोभाको प्रकट करता हुआ सरोवर, महाशब्दवाला क्षीरसमुद्र, नव सिंहासन, देवोंका विमान, नागराजोंसे सेवित नागभवन, मणियोंका विचित्र संगम और शीघ्र ही प्रदीप्त अग्निको उसने देखा। रात्रिका अन्त होनेपर जागी हुई वह मुग्धा राजासे कहती है कि रात्रिके अन्तमें मैंने शुभ और इच्छितको करनेवाली स्वप्नावली देखी है। पति उससे उसका फल कहता है कि तुम्हारा महामतिमान् पुत्र होगा। इन्द्र-चन्द्र और नागेन्द्रसे वन्दित दिव्यज्ञानी मन और इन्द्रियोंके विजेता, चक्रवर्ती जो भूतलका भोगकर परम निष्कल पद (मोक्षपद) प्राप्त करेगा।

घत्ता—यह सुनकर वह सती सन्तुष्ट हुई। मेनका उसके घर आयी। बुद्धि-लक्ष्मी-श्री-कान्ति-ह्री-धृति और लीलागति कीर्ति भी ॥४॥

५

कुबेरने सुजनको सन्तुष्ट करनेवाली रत्नवृष्टि छह माह तक की। श्रावण माहके कृष्णपक्षमें

४. १. A खुरविभिण्ण° । २. AP गोमिणि । ३. A हिमेसुं । ४. P संघणं । ५. A मेलयं विचित्तं मणीणयं
६. AP तुहं सुओ पहोही महामई । ७. A संतुट्टमइ ।

५. १. A रयणविट्ठि ।

कत्ति[2]यणक्खत्ति णिसाविरामि थिउ गब्भि भडारउ पउरधामि।
सीहरहु राउ अहमिंदु देउ वण्णिज्जइ किं णिव्वाणहेउ।
वणवासहिं घल्लियकब्बुरेहिं थुउ इंदपडिंदाइहिं सुरेहिं।
गइ संतिणाहि मलदोसहीणि पल्लोवमद्धि सायरि वि खीणि।
व[3]इसाहमासि पडिवयहि दियहि अग्गेयजोइ णरणाहपियहि।
जा[4]यउ जिणु कयतइलोक्कखोहु सुरवइ संपत्तु ससुरवरोहु।
णिउ सुरगिरिसिरु सुरणाहणाहु णाणत्तयसलिलवरंभवाहु।

घत्ता—सिंचिवि खीरघडेहिं जिणु अंचिउ णवसयवत्तहिं ॥
इंदें रुंदाणंदयरु जोइउ दससयणेत्तहिं ॥ ५ ॥

६

वंदिवि पुणु णामु क[1]हिवि कुंथु लंघेप्पिणु दीहरु पवणपंथु।
पुरु आविवि जणणिहि दिण्णु बालु गउ सग्गहु हरि सु[2]रचक्कवालु।
पोढत्तभावि थिउ कणयवण्णु कंतीइ पुण्णचंदु व पसण्णु।
पहु पंचतीसधणुतुंगकाउ सिरिलंछणु जयदुंदुहिणिणाउ।
तेवीससहसवरिसहं सयाइं सत्तेव सपण्णासइं गयाइं।
चरणंभोरुहण[3]मियामरासु णियबालकलीलाइ तासु।
पुणु तेत्तिउ मंडलियत्तणेण तेत्तिउ जि चक्कपरियत्तणेण।

दसमीके दिन मानवोंको सुख देनेवाले कार्तिक नक्षत्रमें निशाके अन्तमें आदरणीय वह सिंहरथ राजा अहमेन्द्र देव प्रवरधाम और गर्भमें आकर स्थित हो गया। उसके निर्वाणके कारणका क्या वर्णन किया जाये? जिन्होंने स्वर्णकी वर्षा की है ऐसे वनवासियों, इन्द्र-प्रतीन्द्रों आदि देवोंके द्वारा उनकी स्तुति की गयी। मलदोषसे रहित शान्तिनाथ तीर्थंकरके बाद लक्ष्मी उत्पन्न करनेवाला आधा पल्य समय बीतनेपर वैशाख शुक्ल प्रतिपदाके दिन राजाओंको प्रिय आग्नेय योगमें त्रिलोकको क्षोभ उत्पन्न करनेवाले जिनका जन्म हुआ। सुरवर-समूहके साथ इन्द्र भी उपस्थित हुआ। देवेन्द्रोंके नाथ और ज्ञानरूपी सलिलके श्रेष्ठ मेघ उनको सुमेरु पर्वतपर ले जाया गया।

घत्ता—वहीं क्षीरके घड़ोंसे अभिषेक कर फिर उनको नवकमलोंसे अंचित किया। इन्द्रने विशाल आनन्द उत्पन्न करनेवाले उन्हें हजार नेत्रोंसे देखा ॥५॥

६

फिर वन्दना कर, उनका नाम कुन्थु कहकर, लम्बे पवन-पथको पार कर, नगरमें आकर और बालक माँको देकर देवसमूहका पालक इन्द्र चला गया। स्वर्ण रंगवाले वह प्रौढ़ताको प्राप्त हुए। कान्तिमें वह पूर्णचन्द्रके समान प्रसन्न थे। स्वामी पैंतीस धनुष प्रमाण ऊँचे थे। वह श्रीलांछन और जय-जय दुन्दुभि निनादसे युक्त थे। जिनके चरण-कमलोंमें देव नमित हैं, ऐसे उनके नृपबाल क्रीड़ामें तेईस हजार सात सौ पचास वर्ष बीत गये। फिर इतने ही वर्ष अर्थात् तेईस हजार सात सौ पचास वर्ष राज्य करते हुए और इतने ही वर्ष (२३७५०) चक्रवर्तित्वमें,

२. AP किसिय°। ३. A वइसाहमासि पडिवयह दियहि; P वइसाहमासि सेयपडिवयहि दियहिं।
४. AP जायउ जिणिंदु तेलोक्कखोहु।
६. १. AP करिवि। २. A सुरु चक्कवालु। ३. AP °णविय°।

जइयहुं परिछिण्णउ कालु दीहु   तइयहुं परमेसरु पुरिससीहु ।
गउ कहिं मि वणंतरु रमणकामु   दिट्ठउ रिसि तेण तवेण खामु ।
मत्तंडचंडकिरणइं सहंतु   दुम्मुक्कजम्मविलसिउ[4] महंतु ।
घत्ता—सो तज्जणियइ दंसियउ मंतिहि तेण णरिंदें ।।
जोयहि दुद्धरु[5] तवचरणु चिण्णउं एण रिसिंदें ।। ६ ।।

७

छड्डिवि कुडंबु[1] कुविडंबु सव्वु   छड्डिवि कुलबलु छलमाणगव्वु ।
वणि पइसिवि णिहसिवि इंदियाइं   अवगण्णिवि दुज्जणणिंदियाइं ।
चंगउ ववसिउ जइपुंगमेण   लइ हउं मि जामि एण जि कमेण ।
तं णिसुणिवि मंतें वुत्तु एम   एयइ णिट्ठइ तउ करिवि देव ।
जाएसइ कहिं णिम्मुक्कगंथु   तं णिसुणिवि भासइ देउ कुंथु ।
जाएसइ तहिं जहिं भूयगामु   णउ पहवइ लोहु ण कोहु कामु ।
जाएसइ तहिं जहिं हेमकंति   गउ परमप्पउ परमेट्ठि संति ।
हो हउं मि पवज्जमि तेत्थु तेम   ण णियत्तमि कालें कहिं मि जेम ।
घरु आवेप्पिणु संसरासईहि[2]   ता पडिबोहिउ सुरवरजईहिं ।
अहिसेउ विरइउ पुरंदरेण   कुलि णिहिउ सतणुरुहु जिणवरेण ।
घत्ता—सिवियहि तेणारुहणु किउ विजयहि विजयपयासहि ।।
णाणामणिसिहरुज्जलहि लग्गखगाहिवतियसहि ।। ७ ।।

इस प्रकार जब उनका लम्बा समय निकल गया, तब वह पुरुष श्रेष्ठ परमेश्वर रमण करनेकी इच्छासे कहीं भी वनान्तरमें चले गये। वहाँ उन्होंने तपसे क्षीण एक मुनिको देखा—सूर्यकी प्रचण्ड-किरणोंको सहन करते हुए महान् तथा जन्मकी चेष्टाओंसे मुक्त।

घत्ता—उस राजाने अपनी तर्जनीसे मन्त्रियोंके लिए उन्हें बताया कि देखो इन ऋषीन्द्रने कठोर तपका आचरण किया है ॥६॥

७

कुत्सित विडम्बनावाले सब कुटुम्बको छोड़कर; कुलबल, कपट, मान और गर्वको छोड़कर, वनमें प्रवेश कर, इन्द्रियोंका उपहास कर, दुर्जनोंकी निन्दाकी उपेक्षा कर इन यतिश्रेष्ठने बहुत अच्छा किया। लो मैं भी इसी परम्परासे जाता हूँ। यह सुनकर मन्त्रीने इस प्रकार कहा—"हे देव, इस निष्ठासे तपकर परिग्रहसे रहित, यह कहाँ जायेंगे?" यह सुनकर कन्थु देव कहते हैं—कि वह वहाँ जायेंगे जहाँ प्राणिसमूहको लोभ, क्रोध और काम प्रभावित नहीं करते। वहाँ जायेंगे जहाँ स्वर्णकान्ति शान्तिजिन परमेष्ठी हों, मैं भी उसी प्रकार वहाँ जाऊँगा, जहाँसे समयके साथ वापस नहीं आऊँगा। तब घर आकर लौकान्तिक देवोंने अपनी वाणीमें उन्हें सम्बोधित किया। इन्द्रने अभिषेक किया। जिनवरने अपने पुत्रको कुलपरम्परामें स्थापित किया।

घत्ता—उन्होंने विजयको प्रकाशित करनेवाली, नाना मणिशिखरोंसे उज्ज्वल तथा जिसमें विद्याधर राजा और देव लगे हुए हैं, ऐसी शिविकामें आरोहण किया ॥७॥

---

४. AP दुक्कम्मजम्म° । ५. A दुद्धरु ।

७. १. A कुटुंबु । २. A सुसरासईहि; KT recard: सुसुहासईहिं इति पाठे अतीव शोभनमाभाति ।

८

वणि विउलि सहेउयरुक्खणीलि   णियजम्ममासपक्खंतरालि ।
दिणि तम्मि चेय विच्छुलियपंकि   कित्तियणक्खत्तासिइ ससंकि ।
व्रउ लइउ लइवि छट्ठोववासु   तें सहुं पव्वइयउं णिवसहासु ।
संसारि सणेहु ण किं पि बद्धु   मणपज्जउ णाणु जिणेण लद्धु ।
बीयइ दिणि दिणयरकयपयासि   परिभमइ णाहु णरवासवासि ।
गयउरि दाविउ आहारु चारु   थिउ धम्ममित्तघरि हयवियारु ।
अमरहिं घल्लिय मंदारयाइं   विहियइं पंच वि अच्छेरयाइं ।
सोलहवरिसइं तउ तिव्वु चरिवि   भवभामिरु दुक्कियभाउ हरिवि ।
दिक्खावणि पत्ति चइत्ति मासि   चंदिणि तइयइ दिणि सुहणिवासि ।
कयछट्ठें तिलयतलासिएण   खणि खीणकसाएं जससिएण ।
अप्पेणप्पाणउं मुणिउं तेण   उग्गमिएं णाणें केवलेण ।
परिजाणिउं तिजगु अणंतु गयणु   जायउ सजोइजिणु अचलणयणु ।
घत्ता—दिव्वंबरदिव्वाहरणइं सुर णमंति चउपासहिं ॥
पुणु वि पुरंदरु अवयरिउ णाणाजाणसहासहिं ॥ ८ ॥

९

थिओ समवसरणि   सया विउससरणि ।
जिणो विहियकरुणो   हयावरणमरणो ।

८

सहेतुक वृक्षोंसे हरे विशाल वनमें अपने जन्मके अन्तराल और दिनमें (अर्थात् वैशाख शुक्ला प्रतिपदाके दिन) चन्द्रमाके कृत्तिका नक्षत्रमें स्थित होनेपर छठा उपवास करते हुए उन्होंने व्रत ग्रहण कर लिया। उनके साथ एक हजार लोग और प्रव्रजित हुए। उन्होंने संसारके प्रति कुछ भी स्नेह नहीं रखा, जिननाथने मनःपर्ययज्ञान प्राप्त कर लिया। दूसरे दिन, दिनकर द्वारा जिसमें प्रकाश किया गया है, ऐसे हस्तिनापुरमें स्वामी घर-घर परिभ्रमण करते हैं। हतविकार वह धर्ममित्रके घर ठहर गये। वहाँ उन्हें सुन्दर आहार दिया गया। देवोंने मन्दारपुष्प बरसाये और पांच आश्चर्य प्रकट किये। सोलह वर्ष तक तीव्र तपका आचरण कर संसारमें परिभ्रमण करानेवाले पापभावको नष्ट कर वह शुभ निवास दीक्षा वनमें पहुँचे। चैत्रमाहके शुक्ल पक्षकी तृतीयाके दिन तिलक वृक्षके नीचे स्थित यशसे श्वेत छठा उपवास करनेवाले क्षीणकषाय उन्होंने आत्मासे आत्माका ध्यान किया। उत्पन्न हुए केवलज्ञानसे उन्होंने त्रिलोक और अनन्त आकाश जान लिया। अचल नेत्र जिन ज्योति सहित हो गये।

घत्ता—दिव्य वस्त्र और दिव्य आभरण धारण करनेवाले देव चारों ओरसे उन्हें प्रणाम करते हैं। फिर भी अपने नाना यानोंसे पुरन्दर वहाँ आया ॥८॥

९

सदैव विद्वानोंके लिए शरणस्वरूप समवसरणमें वह स्थित हो गये। करुणा करनेवाले,

---

८. १. AP °रुक्खमूलि । २. A विच्छलिय° । ३. AP वउ । ४. A णूवसहासु । ५. P परु जाणिउ ।

समुद्धरइ समयं णया हरइ कुमयं ।
मुसावयणमुइयं पसूहणणरुइयं ।
जणं करइ विमयं पहे थवइ दुमयं ।
मलं महइ कसणं घणं दमइ वसणं ।
फणीसुरनृभवणं[1] फुडं कहइ भुवणं ।
चलं खलइ कविलं हरं हसणमुहलं ।
तणूणिहियमहिलं महीधरणसबलं ।
बला विणिहयपुरं[2] हरिं भणइ ण वरं ।
मुणिं कणयचरणं ण तं तिमिरहरणं ।
खणाभावविगयं ण पत्तियह सुगयं ।
अयं अमरतरुणी- रयं णमइ ण गुणी ।
परं रिसहचरियं [3]महोपसमभरियं ।
जिणा किमवि गहियं मणे अहव महियं ।
[4]णं सो पडइ गहिरि णरो णरयविवरि ।

घत्ता—पंचतीस गणहर जिणहु जाया हयरयसंगहं[5] ॥
भयसयाइं दिव्वहं रिसिहिं मणमाणियपुव्वंगहं[6] ॥ ९ ॥

१०

चालीस तिण्णि सहसाइं होंति सहुं अद्धसएं सउ तहिं ण भंति ।
एत्तिय सिक्खुय सिक्खाविणीय गुरुभत्तिवंत संसारभीय ।

मरणके आवरणको नष्ट करनेवाले वह जिन जिनशासनका उद्धार करते हैं, नयोंसे कुमतका हरण करते हैं। असत्य भाषणसे मुदित होनेवाले, पशुहत्यामें रुचि रखनेवाले उनको वह मद रहित करते हैं, दुर्मदको पथमें लाते हैं, पाप और मलका नाश करते हैं, सघन दुःखोंका दमन करते हैं, नागेश्वर और नृपभवनवाले विश्वका स्पष्ट कथन करते हैं। चंचल कपिल मतको और हँसीसे मुखर हरको स्खलित करते हैं। शरीरपर महिलाको धारण करनेवाले धरतीको धारण करनेमें समर्थ, बलपूर्वक द्वारिकाका निर्माण करनेवाले हरिको जो वर नहीं कहते, जो अक्षपाद मुनि हैं, वह अन्धकारका नाश करनेवाले नहीं हैं, जो क्षणिकवादको माननेवाले हैं ऐसे उन सुगतका विश्वास मत करो। ब्रह्मा देवस्त्रीमें रत है, उसे गुणी नमस्कार नहीं करते। केवल महान् उपशमसे भरित ऋषभचरितको जिसने स्वीकार किया है, अथवा मनमें उसकी पूजा की है, वह नर गम्भीर नरकविवरमें नहीं पड़ता।

घत्ता—जिनवरके पैंतीस गणधर थे। पापसंग्रहको नष्ट करनेवाले और अपने मनमें पूर्वांगोंको माननेवाले दिव्य ऋषि सात सौ थे ॥९॥

१०

तैंतालीस हजार एक सौ पचास, इतने महान् भक्तिसे पूर्ण, संसारसे भीत और शिक्षामें

९. १. AP °सुरणिभवणं । २. A विणिहयपरं । ३. A महापसम° । ४. P omits ण । ५. AP हयरइ-संगहं । ६. AP मणि माणिय° ।

दोसहसइं पंचसयाइं ओहि णाणिहिं केवलिहिं[1] ति दोण्णि ठेहि।
पंचेव सहस सउ एक्कु ताहं महरिसिहिं विउव्वणरिद्धि जाहं।
दोसहसइं पण्णासाहियाइं गुणवंतहं वाइहिं साहियाइं।
सहसाइं तिण्णि तिण्णि जि सयाइं मणपज्जववंतहं गयमयाइं।
सहसाइं सट्ठि आहुट्ठसयइं अज्जियहं तेत्थु थुयकुंथुपयइं।
सावयहं[2] लक्ख दो तिण्णि लक्ख सावइहिं ण याणमि देव संख।
संखेज्ज तिरियगणु णहकरालु जेत्तिउ होइवि थिउ चक्कवालु।
तेत्तिउ सोलहवरिसूणु कालु महि विहरिवि हयणरमोहजालु।
गउ संमेयहु सम्मयगुणालु तं[3] सुक्कझाणु पूरिउ विसालु।
पडिमाइ परिट्ठिउ मासमेत्तु रिसिसहसें सहुं णिम्मुक्कगत्तु।

घत्ता—वइसाहहु सियपडिवइ जामिणिमुहि णिहयक्खहु॥
गउ जिणु सहसक्खें कित्तियउ कित्तियरिक्खे मोक्खहु ॥१०॥

११

कय तियसहिं तासु सरीरपुज्ज सुरकिंकरकरहयविविहवज्ज।
भंभाभेरीदुंदुहिणिणाय घणथणियामरमुहमुक्कणाय।
पयपणइपयासियदुरियदलणे[1] जेय[2] जयहि जिणेसर कम्ममलण।
उव्वसिरंभाणच्चणरसिल्लु[3] सयमहकरपंजलिघित्तफुल्लु[4]।

विनीत शिक्षक थे। दो हजार पांच सौ अवधिज्ञानी थे। तीन हजार दो सौ केवलज्ञानी, विक्रिया ऋद्धिके धारक महामुनि पांच हजार एक सौ, गुणवान् वादी मुनि दो हजार पचास थे, तीन हजार तीन सौ मद रहित मनःपर्ययज्ञानी थे। साठ हजार तीन सौ पचास कुन्थु भगवान्के चरणकी स्तुति करनेवाली आर्यिकाएँ थीं। दो लाख श्रावक और तीन लाख श्राविकाएँ थीं। देवोंकी संख्या मैं नहीं जानता। नखोंसे भयंकर जितना संख्यात तिर्यंच समूह था, वह गोलाकार स्थित हो गया। जिन्होंने मनुष्योंके मोहजालको नष्ट किया है, ऐसे सम्यक्त्व गुणोंके घर वह उतने ही सोलह वर्ष तक धरतीपर विहार करते हुए सम्मेदशिखर पहुँचे। वहाँ उन्होंने विशाल शुक्लध्यान पूरा किया। एक माह तक प्रतिमा योगमें स्थित रहे और एक हजार मुनियोंके साथ शरीरसे मुक्त हो गये।

घत्ता—वैशाख शुक्ला प्रतिपदाके दिन रात्रिके पूर्वभागमें कृत्तिका नक्षत्रमें इन्द्रके द्वारा कीर्तित जिन मोक्षके लिए गये ॥१०॥

११

जिसमें देवों और अनुचरोंके हाथोंसे विविध वाद्य बजाये गये हैं, देवोंने उनकी ऐसी शरीर पूजा की। भम्भा, भेरी और दुन्दुभियोंका निनाद और जोर-जोरसे बोलनेवाले देवोंका नाद होने लगा। चरणोंमें प्रणत लोगोंके पापोंका दलन प्रकाशित करनेवाले और कर्मोंका नाश करनेवाले हे देव, आपकी जय हो। जो उर्वशी और रम्भाके नृत्यसे रसमय है, जिसमें इन्द्रके हाथों फूल फेंके जा

१०. १. A केवलिहि वि दोण्णि। २. A सावयहं संख दो। ३. A omits this foot.
११. १. AP °दलणु। २. AP वरजलणकुमारणिहित्तजलणु। ३. A °रसिल्ल। ४. A °फुल्ल।

तुंबरुणारयसंगीयगेय   विरइय जिणपडिबिंबाहिसेय।
मालाविज्जाहरपिहियगयण   मुणिघोसियणाणाथोत्तवयण।
णवकमलकलसदप्पणसमेय   धवलायवत्तधयसंखसेय।
दूवंकुरदहिचंदणपसत्थ   वंसग्गविलंबियदिव्ववत्थ।
सण्णाणि सुदंसणि विउलबुद्धि   णिव्वाणपुज्ज महुं देउ सुद्धि।
घत्ता—सुहुं कुंथु भडारउ देउ महुं वंदिउ भरहणरिंदहिं॥
सियपुप्फयंतउज्जलमुहहिं णमिउ फणिंदसुरिंदहिं॥११॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे कुंथुचक्कहरतित्थयरणिव्वाणगमणं णाम चउसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६४॥

रहे हैं, तुम्बुरु और नारदके द्वारा गीत गाये जा रहे हैं, जिन प्रतिबिम्बोंका ऐसा अभिषेक किया गया। जिसमें विद्याधरोंकी कतारोंने आकाशको ढक लिया है, जिसमें मुनियोंके द्वारा नाना स्तोत्रवचन घोषित किये जा रहे हैं, जो नवकमल-कलश और दर्पणसे युक्त हैं, जो धवल आतपत्र ध्वज और शंखोंसे श्वेत है। दूर्वांकुर, दही और चन्दनसे प्रशस्त है, जिसमें बांसोंपर दिव्यवस्त्र अवलम्बित हैं, ऐसी निर्वाण पूजा, मुझे ज्ञान और दर्शनसे युक्त विपुल बुद्धि और शुद्धि प्रदान करे।

घत्ता—भरतादि नरेन्द्रोंसे वन्दित, श्वेत नक्षत्रोंके समान उज्ज्वल मुखोंवाले नागेन्द्रों-सुरेन्द्रों द्वारा नमित आदरणीय कुन्थुदेव मुझे सुख प्रदान करें॥११॥

त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका कुन्थु चक्रवर्ती और तीर्थंकर निर्वाण गमन नामका चौसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ॥६४॥

५. AP खेयरविसहरचंदहिं। ६. AP कुंथुचक्कवट्टितित्थयरपुराणं।

संधि ६९

सुयदेवयहि पसत्थहि पसमियदुम्मइहि ॥
वंदिवि सिरेण सउव्वइं अंगइं भयवइहि ॥ ध्रुवकं ॥

१

जो भयवंतो मुक्कसवासो जं णीसासो सुरहियवासो ।
जेण कयं उत्तमसंणासं जो ण समिच्छइ चउसण्णासं ।
जिणदिट्ठं पंचिंदियणासं जं पणवंतो पावइ णा सं ।
भीममुहा वग्घाइणवासा जस्स गया दूरेण सवासा ।
रक्खइ भुवणं जस्स खमा णं णाणं जस्साणंतखमाणं ।
जेणुवइट्ठं धम्मणिहाणं संमियं चित्तं भिल्लणिहाणं ।
जो जीवाणं जाओ ताणं गुरुयणभत्ती जाणं ताणं ।
अत्ताईणं वत्थुपयाणं जो वत्तारो सव्वपयाणं ।

सन्धि ६९

दुर्मतिको प्रशमित करनेवाली प्रशस्त भगवती श्रुतदेवताके चौदह पूर्वों सहित ग्यारह अंगोंकी मैं वन्दना करता हूँ ।

१

जो ज्ञानवान् अपने गृहवाससे मुक्त हैं, जिनसे मनुष्योंको शिक्षा होती है, जो सुरभित गन्धवाले हैं, जिन्होंने उत्तम संन्यास लिया है, जो आहारनिद्रादि संज्ञाओंको नहीं चाहते, बल्कि जिनेन्द्र द्वारा उपदिष्ट पाँच इन्द्रियोंका नाश चाहते हैं। जिनको प्रणाम करनेवाला पुरुष सुख प्राप्त करता है। व्याघ्रादि चर्मको धारण करनेवाले पाशयुक्त वेताल आदि देव जिनसे दूर चले गये हैं, जिनकी क्षमा विश्व और मनुष्यकी रक्षा करती है, जिनका ज्ञान अनन्तआकाशके प्रमाणवाला है। जिन्होंने धर्मका उपदेश किया है और भीलके समान लोगोंके चित्तको शान्त किया है, जिन जीवों-में गुरुजनोंके प्रति भक्ति है, वे उनके त्राता हैं। जो आप्त आदिके वस्तुप्रमाण और समस्त पदोंके

All Mss. have, at the beginning of this saṃdhi, the following stanza:-

आजन्मं (?) कवितारसैकधिषणासौभाग्यभाजो गिरां
दृश्यते कवयो विलाससकलग्रन्थानुगा बोधतः ।
किं तु प्रौढनिरूढगूढमतिना श्रीपुष्पदन्तेन भोः
साम्यं बिभ्रति (?) नैव जातु कविता शीघ्रं ततः प्राकृते ॥ १ ॥

AP read विशाल in the second line; A reads प्रौढनिगूढ° in the third line; and AP read कविना, A reads शीघ्रं तत प्राकृतैः, P reads शीघ्रं त्वतः प्राकृतैः in the fourth line.

१. १. A सम्मियचित्तं । २. A अंताईणं; P अत्थाईणं ।

दिण्णं जेणं[3] अभयपयाणं सासयसिवणयरस्स पयाणं।
भवहंतारं धीरं[4] हं तं णमिउं देवं अरमरिहंतं।
तस्स भणामि चरित्तं चित्तं जणियसुरासुरविसहरचित्तं।

घत्ता—जंबूदीवइ सुरगिरिपुव्वदिसासियइ॥
पुव्वविदेहइ पविउलि केवलिभासियइ॥ १॥

२

सीयहि उत्तरकूलि रवण्णइ कच्छाणामदेसि विथिण्णइ।
खेमणयरि धणवइ पुहईसरु रूवें रमणीसरु वम्मीसरु।
णंदणाहतित्थयरसमीवइ बुज्झिवि धम्मु णाणसब्भावइ।
अप्पउं तेण णिओइउं राएं समणु हवेप्पिणु मणवयकाएं।
चत्तकुपंथें जाणियसत्थें किउ पाओवगमणु परमत्थें।
जाउ जयंताणुत्तरि सुरवरु कायमाणु तहु एक्कु जि किर करु।
आउ तासु तेत्तीसमहोयहि लोयणाडि सो पेक्खइ सावहि।
तप्पमाणविक्किरियातेयं वीरिएण संजुत्तु अमेयं।
भुंजंतहु सुहुं अहमिंदाणउं आउहि थिउ छम्मासपमाणउं।

घत्ता—सोहम्माहिउ भव्वहु जिणपयरयमइहि॥
तहिं कालिहिं आहासइ सुरवइ धणवइहि॥ २॥

वक्ता हैं, जिन्होंने अभयको प्रदान और शाश्वत शिवनगरको प्रयाण किया है, ऐसे संसारका नाश करनेवाले धीर अरहनाथ अर्हन्तको नमस्कार कर उनके सुर, असुर और विषधरोंके चित्तको आश्चर्य उत्पन्न करनेवाले विचित्र चरित्रको कहता हूँ।

घत्ता—जम्बूद्वीपके सुमेरुपर्वतकी पूर्व दिशा केवलीके द्वारा भाषित विशाल पूर्वविदेहमें ॥१॥

२

सीता नदीके उत्तरीतटपर फैले हुए सुन्दर कच्छ नामके देशके क्षेमनगरमें धनपति नामका राजा था। रूपमें जो स्त्रियोंका स्वामी और कामदेव था, वह अर्हन्नन्दन तीर्थंकरके समीप धर्म समझकर उस राजाने ज्ञानके स्वभावमें अपनेको नियोजित कर लिया। मन वचन कायसे श्रमण होकर, खोटे मार्गको छोड़कर और शास्त्रको जानकर उसने परमार्थ भावसे प्रायोपगमन किया। वह जयन्त विमान देव पैदा हुआ। वहाँ उसके शरीरका प्रमाण एक हाथ था। उसकी आयु तैंतीस सागर प्रमाण थी। अवधिज्ञानी वह लोकनाड़ीको देख सकता था। सन्तप्रमान विक्रिया ऋद्धिके तेज और वीर्यसे संयुक्त सुखको विना किसी मर्यादाके भोगते हुए उस अहमेन्द्रकी आयु छह माह शेष रह गई।

घत्ता—तो उस अवसरपर सौधर्म इन्द्रने जिनपदमें जिसकी मति अनुरक्त है, ऐसे भव्य कुबेरसे कहा ॥२॥

---

३. A तेणं। ४. AP वीरं।

२. १. A बुज्झवि णाणु धम्मु। २. AP णिओविउ। ३. AP सवणु। ४. AP पायोगमरणु। ५. AP अहमिंदाणं। ६. A °पवाणं; P °पमाणं। ७. AP तहिं जि कालि आहासइ।

३

एत्थु भरहि कुरुजंगलि जणवइ कुंजरपुरवरि मारुयधुयधइ।
राउ सुदंसणु तहु गुणजलसरि मित्तसेण णामेण घरेसरि।
एयहं दोहं वि होसइ जगगुरु तुहुं करि ताहं तुरिउ[1] कंचणपुरु।
ता तं जाइवि जक्खें रइयउ पट्टणु रयणकिरणअइसइयउ।
णिसि सुहुं[2] सुत्तइ पियकमणीयइ सिविणयपंति दिट्ठ रमणीयइ।
करि करोडु पंचाणणु गोमिणि मालाजुयलु चंदु णहयलमणि।
सफरुल्लय दो कलस सुहायर विमलसलिलकमलायर सायर।
सीहासणु विमाणु णायालउ मणिणिउरुंबु मऊह[3]करालउ।
जायवेउ दीहरजालावलि इय जोइवि ताए सिविणावलि।

घत्ता—देविइ सुत्तविउद्धिइ[4] अक्खिउ णरवइहि ॥
तेण वि फलु विहसेप्पिणु भासिउ तहि सइहि ॥ ३ ॥

४

जो जाणइ तिहुयणि[1] परु अप्पउ सो तुह सुउ होसइ परमप्पउ।
तं णिसुणिं[2] वि हरिसिय सीमंतिणि आइय घरु सिरि दिहि हिरि कामिणि।
कंति कित्ति सइ बुद्धि भडारी गब्भसुद्धि कय सुहइं जणेरी।
जा छम्मास ताम घरि चंदिरु घत्तिउं[3] जक्खें लोयाणंदिरु।
फग्गुणि चंदविसुद्धहि तइयहि णिसिपच्छिमसंझहि रेवइयहि।

३

यहाँ भरतक्षेत्रके कुरुजांगल जनपदमें जिसमें हवासे ध्वज हिलते हैं, ऐसा हस्तिनापुर नगर है, उसमें राजा सुदर्शन है। उसकी गुणरूपी जलकी नदी मित्रसेना नामकी गृहेश्वरी थी। इन दोनोंके विश्वगुरु जन्म लेंगे, तुम शीघ्र उनके लिए स्वर्णनगरकी रचना करो। तब कुबेरने जाकर रत्नकिरणोंसे अतिशमित नगरकी रचना की। प्रिय रमणी कामिनीने रात्रिमें सुखसे सोते हुए स्वप्नमाला देखी। हाथी, बैल, सिंह, लक्ष्मी, मालायुगल, चन्द्रमा, सूर्य, दो मत्स्य, दो शुभाकार कलश, विमल जल और कमलोंका सरोवर, समुद्र, सिंहासन, विमान, नागलोक, किरणोंसे भास्वर मणिसमूह और दीर्घ ज्वालावलीसे युक्त आग। इस प्रकार स्वप्न देखकर उस—

घत्ता—देवीने सोतेसे जागकर, राजासे कहा। उसने भी हँसते हुए उस सतीसे उसका फल बताया ॥३॥

४

जो त्रिभुवनमें स्वपरको जानता है, वह परमात्मा तुम्हारे पुत्र होंगे। यह सुनकर वह सीमन्तिनी हर्षित हो उठी। घरपर श्री, धृति, ह्री, कान्ति, कीर्ति, सती और बुद्धि आदि आदरणीय देवियाँ आयीं और उन्होंने सुखको उत्पन्न करनेवाली गर्भशुद्धि की। जब छह माह बाकी बचे तो कुबेरने लोगोंको आनन्द देनेवाले सोनेकी घरपर वर्षा की। फाल्गुन कृष्णा तृतीयाके दिन, रात्रिके

---

३. १. AP तुरिउ ताहं। २. A सुहसुत्तइ। ३. AP मयूह°। ४. A °विबुद्धइ।
४. १. AP तिहुवणु। २. P सुणिवि। ३. A खित्तउ; P घित्तउ।

थिउ गब्भंतरालि जो धणवइ सो अहमिंदु चवेप्पिणु सुहमइ।
थुउ अमरिंदचंदधरणिंदहिं तहु दिवैसहु लग्गिवि जक्खिंदहिं।
वुट्ठउं विसरिसेहिं वसुहारहिं अट्ठारहपक्खंतरमेरहिं।
परिवैट्टंतइ दिणसंताणइ वरिसकोडिसहसेण विहीणइ।
थक्कइ कुंथुणाहणिव्वाणइ पल्लचउत्थभायपरिमाणइ।
वैरमग्गसिरमासि सिसिरहु भरि पूसजोइ चउद्दहमइ वासरि।

घत्ता—सग्गमग्गसंखोहणु बुहयणदुरियहरु ॥
णाणत्तयसंजुत्तउ णासियजम्मजरु ॥ ४ ॥

५

सत्तमचक्कवट्टि हयपरमउ संभूयउ जिणु अट्ठारहमउ।
मंदेरसिहरि तूरणिग्घोसहिं ण्हविउ पुरंदरेहिं बत्तीसहिं।
णामु करेप्पिणु परमेसहु अरु अम्महि करि अप्पिउ आविवि घरु।
गउ पोलोमीवइ णियमंदिरु वड्ढइ पुण्णवंतु जिणु सुंदरु।
हेमच्छवितणु दहदहधणुतणु गरुयारउ गुणगणरंजियजणु।
एक्कवीसवरिसहं सहसइं सिसु लीलइ थिउ डिंभयकीलावसु।
एक्कवीसैसहसइं मंडलवइ एक्कवीससहसइं पुणु महिवइ।
चउदह रयणइं णव वि णिहाणइं भुंजिवि पीणिवि दविणें दीणइं।

अन्तिम प्रहरमें रेवती नक्षत्रमें, जो धनपति, अहमेन्द्र था, शुभमति वह, वहाँसे च्युत होकर, गर्भमें आकर स्थित हो गया। अमरेन्द्र चन्द्र और धरणेन्द्रने स्तुति की। उस दिनसे लेकर यक्षेन्द्रने अठारह पक्षों तक असामान्य स्वर्णधाराकी वर्षा की। कुन्थुनाथके निर्वाणके बाद समयकी परम्परा बीतनेपर एक हजार करोड़ वर्ष कम पल्यका चौथाई भाग जब शेष रह गया, तो शिशिरके भारसे भरे मार्गशीर्षके शुक्ल पक्षकी चतुर्दशीको पुष्य नक्षत्रमें—

घत्ता—स्वर्गमार्गको क्षुब्ध करनेवाले, बुधजनोंके पापको हरण करनेवाले तीन ज्ञानोंसे युक्त, जन्म और बुढ़ापेका जिन्होंने नाश कर दिया है ॥४॥

५

ऐसे शत्रुका मद दूर करनेवाले सातवें चक्रवर्ती और अठारहवें जिन उत्पन्न हुए। मन्दराचलके शिखरपर, बत्तीस इन्द्रोंने तूर्योंके निर्घोषके साथ उनका अभिषेक किया। परमेश्वरका 'अर' नाम रखकर और घर आकर माताके हाथमें सौंप दिया। इन्द्र अपने घर चला गया। पुण्यवान् सुन्दर जिन बढ़ने लगे। स्वर्णके समान शरीर कान्तिवाले उनका शरीर बीस धनुष प्रमाण ऊँचा था। और वह अपने गुणगणसे जनोंका रंजन करनेवाले थे। बाल क्रीड़ाके वशीभूत वह शिशु इक्कीस हजार वर्ष तक क्रीड़ामें रहा। फिर इक्कीस हजार वर्षों तक वह मण्डलपति रहे फिर इक्कीस हजार वर्ष तक चक्रवर्ती राजा रहे। चौदह रत्न और नौ निधियोंका भोगकर धनसे

४. A दिवसहु; P दिवहहु। ५. AP परिवड्ढंतइ। ६. AP विणि। ७. P सियमग्गसिर°। ८. A सिसिहरभरि; P सिसिरहे भरि।

५. १. K मंदिरसिहरि। २. P एक्कवीससहससहसइं।

सारयब्भु पविलीणु णियच्छिवि   लच्छिविहोउ असेसु दुगुंछिवि ।
जीविउ देहु असारु वियप्पिवि   अरविंदहु महिरज्जु समप्पिवि

घत्ता—खीरवारिपरिपुण्णहिं तारहारसियहिं ॥
ण्हाइवि मंगलकलसहिं सुरपल्हत्थियहिं ॥ ५ ॥

६

णिसुणिवि सारस्सय[1]संबोहणु   वइजयंतसिबियहि आरोहणु ।
करिवि सहेउयवणु तं जेत्तहि   गउ तुरिएण महापहु तेत्तहि ।
मियसिरजुत्तमासि दहमइ दिणि   चंदिणि रेवइरिक्खि सुसोहणि ।
अवरण्हइ छट्ठेणुववासें   णिक्खंतउ सहुं रायसहासें ।
लुंचिवि कुंतल णिम्मोहाउलं   लिंगु असंगु लेवि णिच्चेलउं ।
मणपज्जयधरु सुद्धिणिरिक्खहि   बीयइ दियहि पइट्ठउ भिक्खहि ।
चक्कणयरि अवराइयणरवें   पाराविउ अमरासुरसुरवें ।
तहु घरि पंच वि चोज्जइं घडियइं   कुसुमइं रयणइं गयणहु पडियइं ।
तवतावें णियतणु तावंतउ[2]   सोलहवरिसइं महि विहरंतउ[3] ।

घत्ता—दिक्खावणु आवेप्पिणु कत्तियमासि पुणु ॥
सियबारहमइ वासरि सुरवरणवियगुणु ॥ ६ ॥

दोनोंको प्रसन्न कर शरद्के मेघको लीन होते देखकर, अशेष लक्ष्मी-विभोगकी निन्दा कर जीवन और देहको असार समझकर, अरविन्द (पुत्र) को महाराज्य देकर।

घत्ता—क्षीर समुद्रके जलोंसे परिपूर्ण, तार और हारके समान स्वच्छ मंगलकलशोंसे, देवपंक्तियों द्वारा स्नान कराकर ॥५॥

६

लौकान्तिक देवोंका सम्बोधन सुनकर, वैजयन्त शिविकापर आरोहणकर, जहाँ वह सहेतुकवन था, वहाँ महाप्रभु तुरन्त गये। मार्गशीर्षके शुक्ल पक्षकी दसमीके दिन, सुशोभन रेवती नक्षत्रमें अपराह्नमें वह छठा उपवास कर एक हजार राजाओंके साथ दीक्षित हो गये। केश लोंच कर निर्मोहसे युक्त असंग चिह्न और दिगम्बरत्व लेकर, वह जिसमें शुद्धिका निरीक्षण है, ऐसी भिक्षाके लिए दूसरे दिन प्रविष्ट हुए। चक्रनगरमें अमरों और असुरोंके समान सुन्दर स्वरवाले राजा अपराजितने उन्हें आहार दिया। उसके घरमें पाँच आश्चर्य प्रगट हुए। पुष्पों और रत्नोंकी आकाशसे वर्षा हुई। तपके तापसे अपने शरीरको तपाते हुए तथा सोलह वर्ष तक धरतीपर विहार करते हुए।

घत्ता—दीक्षावन (सहेतुकवन) में आकर, सुरवरोंसे जिनके गुण प्रणम्य हैं, ऐसे वह कार्तिक शुक्ला द्वादशीके दिन ॥६॥

६. १. A सारयस्स । २. AP तावंतहु । ३. AP विहरंतहु ।

७

अवरण्हइ अंबयतलि थक्कउ छट्ठववासिउ मोहें मुक्कउ ।
जायउ केवलि केवलदंसणि आयउ भेसइ[1] अंगारउ[2] सणि ।
धरणु वरुणु ससि तरणि धणेसरु पवणु जलणु भावेण सुरेसरु ।
थुणइ अणेयहिं थोत्तपउत्तिहिं समवसरणु किउ विविहविहत्तहिं ।
तेत्थु णिसण्णएण तं सिट्ठउ जं अवरेहिं मि देवहिं दिट्ठउ ।
चउ णिरूवि[3] अज्जीव पयासिय रूविखंधदेसाइ वि भासिय ।
मग्गणगुणठाणाइं समासिय जीव सकाय अकाय वि दरिसिय ।
सत्तपंचणवछव्विहभेयइं एयइं अवरइं कहियइं णेयइं ।
तहु संजाया तहिं मउलियकर गणहर तीस रिद्धिबुद्धीसर ।
गणमि दहुत्तर वम्महदमणहं[4] तिण्णि तिण्णि सय सिक्खुय सवणहं ।

घत्ता—पंचतीस[5]सहसइं भणु अट्ठसयइं कियइं ॥
तीसणिउत्तइं जाणसु मुणिहिं वयंकियइं ॥ ७ ॥

८

एत्तियं[1] ओहिणाणि तहु हयकलि दुसहस वसुसय साहिय केवलि ।
जिणवरचरणुण्णामियसीसइं दोसहसइं पणवण्णविमीसइं ।
मणपज्जयधराहं वरचरियहं चउसहसइं तिसयइं विक्किरियहं ।

७

अपराह्णमें आम्रवृक्षके नीचे स्थित हो गये और छठे उपवासके द्वारा मोहसे मुक्त हो गये । केवलदर्शनी वह केवली हो गये । बृहस्पति, मंगल, शनि, धरण (नागकुमारोंका इन्द्र), वरुण, शशि, सूर्य, धनेश्वर (कुबेर), पवन, अग्नि और इन्द्र भावपूर्वक वहाँ आये । वह अनेक स्तोत्र प्रवृत्तियोंसे स्तुति करता है और अनेक विभाजनोंके साथ समवसरणकी रचना करता है । वहाँ विराजमान उन्होंने वह कथन किया जो दूसरे देवोंने भी देख लिया । चार द्रव्यों (धर्म, अधर्म, आकाश और काल) का निरूपण कर उन्होंने अजीव तत्त्वका प्रकाशन किया । उन्होंने द्रव्यके स्कन्ध और देशका भी कथन किया । संक्षेपमें मार्गणा और गुणस्थानोंकी चर्चा की । सकाम-अकाम जीवोंको भी दरसाया । सात, पाँच, नौ और छह भेदवाले इन और दूसरी ज्ञेय वस्तुओंका कथन किया । वहाँ उनके हाथ जोड़े हुए तीस गणधर हुए । कामदेवका दमन करनेवाले ग्यारह अंगों और चौदह पूर्वोंके धारी छह सौ दस मुनि थे ।

घत्ता—व्रतोंसे अंकित शिक्षक मुनि पैंतीस हजार आठ सौ पैंतीस थे, यह जानो ॥७॥

८

पापको नष्ट करनेवाले अवधिज्ञानी अट्ठाईस सौ थे । केवलज्ञानी भी इतने ही अर्थात् अट्ठाईस सौ । जिनवरके चरणोंमें सिर झुकानेवाले मनःपर्ययज्ञानी दो हजार पचपन थे । श्रेष्ठ

---

७. १. A भेसउ । २. AP अंगारय । ३. AP णीरूवि । ४. AP समणहं । ५. पंचवीस ।
८. १. AP एत्तिय तीयणाणि; T तइयणाणि ।

सोलहसयइं परागमहारिहिं   सट्ठिसहासइं संजमधारिहिं ।
सावयाहं पुणु लक्खु भणिज्जइ   सुण्णचउक्क छडग्गइ दिज्जइ ।
लक्खइं तिण्णि गेहधम्मत्थहं   महिलहं मंगलदव्वविहत्थहं ।
संखावज्जिएहिं गिव्वाणहिं   खगमिगेहिं पुव्वुत्तयमाणहिं ।
एक्कवीससहसइं ध्रुवुं माणइं   वरिसहं सोलहवरिसविहीणइं ।
भूयलि भमिवि भव्व पहि लाइवि   मासमेत्तु णियजीविउ जोइवि ।
सहुं रिसिसहसें थिउ संमेयइ   मुइवि दिव्वतणु पडिमाजोयइ ।
फग्गुणपुरिममासि कसणंतिमि   दियहि चंदि कयरेवइसंगमि ।
पुव्वणिसागमि णिक्कलु जायउ   गउ तहिं जिणु जहिं गयउ ण आयउ ।

घत्ता—चउविहदेवणिकायहिं जयजयकारियउ ॥
अरु अग्गिंदकुमारहिं तहिं साहुंकारियउ ॥ ८ ॥

९

अरु अरविंदगब्भकयचारउ   अरु अरुहंतु अणंगवियारउ ।
अरु अरमाणिहीहिं णउ रुच्चइ   अरु अरहिल्लु तच्चु जगि सुच्चइ ।
अरु अरसिल्लु अगंधु अरूअउ   अरु अरामु अविरामउ हूयउ ।
अरु अरईरईहिं णउ छिप्पइ   अरु अरोसु किह पावें लिप्पइ ।

चर्या धारण करनेवाले विक्रियाऋद्धिके धारक चार हजार तीन सौ थे। परमागमको धारण करनेवाले श्रेष्ठ वादी मुनि सोलह सौ थे। संयम धारण करनेवाली आर्यिकाएँ साठ हजार थीं। श्रावक एक लाख साठ हजार थे। गृहस्थ धर्ममें स्थित तथा हाथमें मंगल द्रव्य लिये हुए तीन लाख श्राविकाएँ थीं। देवता संख्या-विहीन थे, खग और मृग पूर्वोक्त मानवाले (संख्यात) थे। सोलह वर्ष कम इक्कीस हजार वर्ष पर्यन्त भूतलपर परिभ्रमण कर, भव्योंको पथपर लाकर, अपना जीवन एक माहका देखकर वह एक हजार मुनियोंके साथ सम्मेद शिखरपर स्थित हो गये एवं शरीरको (मोहको) छोड़कर प्रतिमायोगमें स्थित हो गये। फागुन माहके कृष्ण पक्षकी द्वितीयाके दिन रेवती नक्षत्रमें निशाके पूर्वभागमें वह निष्पाप हो गये, जिन वहाँ चले गये कि जहाँ गया हुआ वापस नहीं आता।

घत्ता—चार प्रकारके निकायोंके देवोंने जय-जयकार किया। तब अग्नीन्द्रकुमार देवोंने अरह तीर्थंकरका दाह संस्कार किया ॥८॥

९

अरु—अरविन्दके गर्भमें उत्पन्न शोभा है, अरु—कामको विदारण करनेवाले जिन हैं, अरु—दरिद्रोंके लिए नहीं रुचते, अरु—अर्हत्का तत्त्व संसारमें स्पष्ट सूचित होता है। अरु—रसरहित, अगन्ध और अरूप है। अरु—रति-अरतिके द्वारा स्पृश्य नहीं हैं। अरु—क्रोधसे रहित

२. AP °मिगेहिं। ३. AP पुव्वुत्तपमाणहिं। ४. A जुयमाणइ। ५. A °वरिसइं हीणइं। ६. T चोइवि। ७. AP कलेवरु। ८. A कसणतमि। ९. AP सक्कारियउ।

९. १. AP जणि। २. A किम।

अरु अरवें[३] गुणेण संजुत्तउ   अरु अरुणें पवणें[४] पहु वुत्तउ ।
अरु अरुयाणिवासु[५] अजरामरु   अरु अरुद्ध विहुरेण सुहायरु ।
अरु अरुहक्खरेहिं जगि भाणिउ   अरु अरु बप्पें[६] जेण णउ जाणिउ ।
सो संसारि भमंतु ण थक्कइ   अरथुइ करहुं ण सक्कु वि सक्कइ ।
अरु अरिहरु आवरणु महारउ   णिहणउ दंसणणाणणिवारउ ।
घत्ता—अरतित्थंकरि णिव्वुइ रंजियविउससह ॥
हूई णिसुणि सुभउमहु[७] चक्किहि तणिय कह ॥ ९ ॥

१०

एत्थु भरहि लंबियधयमालइ   रयणसिहरघरि णयरि विसालइ ।
पहु भूवालु[१] णाम भूमंडणु   तहु जायउं परेहिं सहुं भंडणु ।
बहुयहिं आहवि एक्कु णिरुज्झइ   बहुयहिं सुत्तहिं हत्थि वि बज्झइ ।
खज्जइ बहुयहिं भरियभरोलिहिं   विसहरु विसदारुणु वि पिपीलिहिं ।
बहुयहिं मिलिवि माणु तहु खंडिउ   तेण वि पुरु कलत्तु घरु छंडिउं[२] ।
लोहमोहमयभयजमदूयहु   रिसिव्वउ[३] लइउ णियडि संभूयहु ।
भोयाकंखइ करिवि णियाणउं   मुउ लद्धउं महसुक्कविमाणउं[४] ।
सोलहसायराउ सो जइयहुं   अच्छइ सुरवर सहुं दिवि तइयहुं ।

हैं, वे पापके द्वारा कैसे लिप्त होते हैं? अरु—अशब्द-गुणसे युक्त हैं, अरु—सूर्य और पवनके द्वारा प्रभु कहे जाते हैं। अरु—आरोग्यके निवास हैं, अजर-अमर हैं। अरु—कष्टोंसे अरुद्ध है और शुभाकर हैं, अरु—अर्हत् अक्षरोंसे जगमें कहे जाते हैं। हे सुभट, जिसने 'अरु अरु' को नहीं जाना, वह संसारमें भ्रमण करता हुआ कभी विश्रान्ति नहीं पाता। अरहन्तकी स्तुति करनेमें इन्द्र भी समर्थ नहीं है। मेरे दर्शनज्ञानका निवारण करनेवाले आवरणको नष्ट करनेके लिए अरु—अरिका नाश करनेवाले हैं।

घत्ता—अर तीर्थंकरके मोक्ष प्राप्त कर लेनेपर विद्वद्सभाको रंजित करनेवाली सुभौम चक्रवर्तीकी कथा हुई, उसे सुनो ॥९॥

१०

इस जम्बूद्वीपमें, जिसमें ध्वजाएँ अवलम्बित हैं और रत्नोंके शिखरवाले घर हैं, ऐसे विशाल नगरमें, पृथ्वीका अलंकार भूपाल नामका राजा है। उसकी शत्रुओंके साथ भिड़न्त हुई। युद्धमें बहुतोंके द्वारा एकको रोक लिया गया। बहुत-से धागोंके द्वारा तो हाथी भी बाँध लिया जाता है। जिन्होंने वल्मीकको भर दिया है ऐसी बहुत सी चींटियों द्वारा विषसे भयंकर विषधर खा लिया जाता है। बहुतोंने मिलकर उसके मानको खण्डित कर दिया। उसने भी पुर, कलत्र और घरको छोड़ दिया। लोभ, मोह, मद और भयके लिए यमदूत सम्भूत मुनिके पास उसने मुनिव्रत ले लिया। भोगकी आकांक्षाका निदान कर मर गया। उसने महाशुक्र विमानको प्राप्त किया। जब-

३. A अरएं। ४. AP वरुणें। ५. A अरुवाणिवासु। ६. AP जेण बप्प। ७. P सुभोमहु।
१०. १. AP भूपालु। २. P छड्डिउ। ३. AP रिसिवउ। ४. AP विवाणउ।

कालें कालु जाम पल्लट्टइ एत्थु कहंतरु अवरु पवट्टइ ।
पवरिक्खाउ[5]वंसु सियमंदिरि सहसबाहु णरवइ कोसलपुरि ।
दुद्धरवइरिवीरसंघारउ कण्णाकुज्जहि राणउ पारउ ।

घत्ता—णाम विचित्तमइ सइ तेण मुणालभुय ॥
सहसबाहु[6]णरणाहहु दिण्णी णियय सुय ॥१०॥

११

सुंदरु[1] लक्खणलक्खियकायउ तहि कयवीरु णाम सुउ जायउ ।
वीणालावहि मज्झे खामहि पारय[2]बहिणिहि सिरिमइणामहि ।
सयबिंदु णरिंदकुलहंसें णियजससससहरधवलियवंसें ।
सिसु जमयग्गि णाम उप्पण्णउ जणणिमरणसोएं णिव्विण्णउ ।
बाल[3]त्तम्मि तेण सेविउ वणु जगि जायउ [4]तवतिव्वु तवोहणु ।
अवरु तहिं जि दढगाहिणरेसरु तासु मित्तु हरिसम्मु सुदियवरु ।
बेण्णि मि समउं सोक्खु भुंजेप्पिणु जइ जाया इच्छिउ [5]व्वउ लेप्पिणु ।
णिउ जिणवर[6]रिसि सोत्तिउ तावसु हूयउ मोहमंदु[7] मिच्छावसु ।
मित्तें मित्तु वुत्तु णउ जुज्जइ तावसमग्गें जम्मु ण छिज्जइ ।
विप्पें तासु वयणु अवहेरिउ उत्तरु किं पि वि णेय समीरिउ ।

तक सोलह सागर समय है तबतक वह समर्थ सुरवर स्वर्गमें रहा। जबतक समयके द्वारा समय पलटता है और यहाँ दूसरा कथान्तर प्रारम्भ होता है। सफेद घरोंसे युक्त अयोध्यानगरमें प्रवर इक्ष्वाकुवंशीय राजा सहस्रबाहु था। दुर्धर शत्रुवीरोंको संहार करनेवाला कान्यकुब्जका राजा पारत था।

घत्ता—उसने अपनी मृणालके समान भुजाओंवाली सती कन्या विचित्रमती राजा सहस्रबाहुको दे दी ॥१०॥

११

उसका लक्षणोंसे लक्षित शरीर सुन्दर कृतवीर्य नामका पुत्र हुआ। वीणाके समान बोलनेवाली मध्यमें क्षीण श्रीमती नामकी पारतकी बहनसे, नरेन्द्रकुलके हंस अपने यशरूपी चन्द्रमासे वंशको धवलित करनेवाले शतबिन्दुको जमदग्नि नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। माताकी मृत्युके शोकसे वह विरक्त हो गया। बचपनमें उसने वनमें तपस्या की और जगमें वह तपसे तीव्र तपस्वीके रूपमें प्रसिद्ध हो गया। वहाँपर एक दृढ़ग्राही राजा था। श्रेष्ठ द्विजवर हरिशर्मा उसका मित्र था। साथ-साथ सुखका उपभोग कर दोनों अपना इच्छित व्रत लेकर यति हो गये। राजा (दृढ़ग्राही) जैनमुनि हुआ और मोहसे मूर्ख और मिथ्यात्वके वशीभूत होकर तापस हो गया। मित्रने मित्रसे कहा कि यह ठीक नहीं है, तुम्हें तपस्वी मार्गमें अपना जन्म नष्ट नहीं करना चाहिए। ब्राह्मणने

५. AP °वंसि तहु मंदिरि। ६. AP सहसबाहु°।
११. १. A सुंदरु°। २. AP °बहिणिहि। ३. A बालत्तणि जि। ४. AP तउ तिव्वु। ५. AP वउ।
६. A वरसिरि सोमित्तिउ; P °वररिसि सोमित्तिउ। ७. P मेहमंदु।

जिणवरहरपयाइं सुमरेप्पिणु बेण्णि मि मुय संणासु करेप्पिणु ।
खत्तिउ मरिवि जाउ सोहम्मइ बंभणु पुणु जोइससुरहम्मइ ।

घत्ता—चिंतिउ पत्थिवदेवें सुहि वसुमलमइहि ॥
तउ अण्णाणु चरेप्पिणु हुउ जोइसगइहि ॥११॥

१२

मइं सयणेण वि णउ उत्तारिउ जायउ बंधु[1] दीहसंसारिउ ।
इय णिज्झाइवि ढुक्कउ तेत्तहिं अच्छइ सुरवरु[2] जोइस जेत्तहिं ।
णेहपरव्वसेहिं भुयमंडिउ दोहं मि एक्कमेक्कु अवरुंडिउ ।
अवलोइवि जोइसु मउलियकरु आहासइ विहसिवि कप्पामरु ।
पइं जिणवयणु बप्प अवगण्णिउ अण्णाणु जि गुरुयारउं[3] मण्णिउ ।
णच्चइ देउ गेयसरु गायइ महिलउ माणइ वज्जउ वायइ ।
डहइ पुरइं रिउवग्गु वियारइ एहउ किं संसारहु तारइ ।
णिक्कलु किं सिद्धंतु समासइ विणु वयणेण सद्दु कहिं होसइ ।
सद्दें[4] विणु कहिं सत्थपरिग्गहु पइं कुमग्गि किं किउ णियणिग्गहु ।
तं णिसुणिवि इयरेण पवुत्तउं मइं ण सिवागमि इट्ठु तउ तत्तउं ।

घत्ता—गउरीमुहकमलालिहि वरगोवइगइहि ॥
भासिउ किं पि ण बुज्झिउ देवहु पसुवइहि ॥१२॥

उसके वचनोंकी उपेक्षा की। उसने कुछ भी उत्तर देनेकी चेष्टा नहीं की। जिनवर और शिवके चरणोंका स्मरण कर दोनों संन्यासपूर्वक मर गये। क्षत्रिय (राजा) मरकर सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न हुआ और ब्राह्मण ज्योतिषदेवके विमानमें।

घत्ता—राजा देवने विचार किया कि मित्र अज्ञानतपका आचरण कर आठों मलोंसे युक्त मतिवाले ज्योतिषी घरमें उत्पन्न हुआ है ॥११॥

१२

स्वजन मैंने उसका उद्धार नहीं किया और मेरा बन्धु दीर्घ संसारी हो गया। यह सोचकर वह वहाँ पहुँचा, जहाँपर वह ज्योतिष सुरवर था। स्नेहके परवश होकर दोनोंने बाहु फैलाकर एक दूसरेका आलिंगन किया। हाथ जोड़े हुए ज्योतिष देवको देखकर कल्पवासी देव हँसकर कहता है—"हे सुभट, तुमने जिनवचनोंकी उपेक्षा की, अज्ञानको हो तुमने बहुत बड़ा माना। देव (शिव) नृत्य करता है, गीत स्वर गाता है, महिला (पार्वती) को मानता है। वाद्य (डमरू) बजाता है, नगरों (त्रिपुर) को जलाता है, शत्रुवर्गका नाश करता है। यह क्या संसारसे तार सकता है। सदाशिव क्या सिद्धान्तका कथन कर सकता है, बिना वचनके क्या शब्द हो सकता है? शब्दके बिना शास्त्रकी रचना कैसे हो सकती है? तुमने कुमार्गमें अपना तप क्यों किया।" यह सुनकर दूसरेने कहा—"मैंने शिवागममें इष्ट तपका आचरण नहीं किया।

घत्ता—पार्वतीके मुखरूपी कमलके भ्रमर, बैलपर (नन्दीपर) चलनेवाले पशुपति देवका कहा हुआ मैंने कुछ भी नहीं समझा" ॥१२॥

---

१२. १. A दोह बंधु। २. A जोइससुरवरु। ३. AP गरुयारउ। ४. AP सद्दं।

१३

ता पभणइ सुरु सम्माइट्ठिउ   जो तुम्हारइ णिट्ठइ णिट्ठिउ।
सो दावहि तावसु जो गयमलु   आउ आउ वञ्चहुं[1] धरणीयलु।
सुहिणा उत्तउ मयणणिवारउ   पेच्छहि[2] रिसि जमयग्गिभडारउ।
ते बेण्णि वि जण[3] गुणगणसिक्खहि   सज्जण लग्गा धम्मपरिक्खहि।
गय कलविंकमिहुणु होएप्पिणु   थिउ मुणिमीसियवासु रएप्पिणु।
कणु चुणंति कीलंति भमंति वि   तावसमासुरवासि[4] रसंति[5] वि।
अण्णहि दिणि जंपइ चिडउल्लउ   कंति कंति हउं भमणपियल्लउ[6]।
गच्छमि लग्गउ एत्थु जि अच्छहि   कल्लइ आयहु महु मुहुं[7] पेच्छहि।
ता चिडउल्लियाइ पडिबोल्लिउ   हियवउ णाह महारउ सल्लिउ[8]।
पइं विणु एक्कु वि दिवहु ण जीवमि   अज्जु वियालइ जमपुरि पावमि।
करहि[9] सवह जइ परइ ण आवहि   तो मइं णिच्छउं[10] मुइय विहावहि।

घत्ता—भणइ पक्खि हलि पक्खिणि परइ ण एमि जइ ॥
हउं एयहु जमयग्गिहि दुक्किउ लेमि[11] तइ ॥१३॥

१४

तं णिसुणिवि सयबिंदुहि णंदणु   पभणइ रोसजलणजालियतणु।
अरि अरि पिसुण पक्खि[1] किं बुक्कउं[2]   महुं गुणवंतहु किं किर दुक्किउं।

१३

तब वह सम्यग्दृष्टि देव कहता है कि जो तुम्हारी निष्ठा (साधना) में लीन है, और जो गतमल है, ऐसे तापसको बताओ। आओ-आओ, धरणीतलको चलें। सुधिदेवने कहा—कामका निवारण करनेवाले आदरणीय जमदग्नि मुनिको देखिए। वे दोनों ही देव, जिसमें गुणगणकी शिक्षा है, ऐसी धर्म परीक्षामें लग गये। वे दोनों चटक पक्षीका जोड़ा बनकर मुनिकी दाढ़ीमें घोंसला बनाकर रहने लगे। वे दोनों कण चुगते क्रीड़ा करते और भ्रमण करते। तापसके दाढ़ी-रूपी घरमें रहनेवाले वे दोनों शब्द भी करते। एक दूसरे दिन चिड़ा कहता है—'हे प्रिये, प्रिये, मैं भ्रमण-प्रिय हूँ। मैं जाता हूँ। तुम यहाँ लगकर रहो। कल आये हुए मेरा मुँह तुम देखोगी।' तब चिड़ियाने उत्तर दिया कि हे स्वामी, मेरा हृदय पीड़ित है, तुम्हारे बिना मैं एक दिन जीवित नहीं रह सकती, मैं आज ही शाम यमपुर चली जाऊँगी। तुम शपथ लो। यदि तुम कल तक नहीं आओगे तो तुम मुझे निश्चित रूपसे मरा हुआ देखोगे ?

घत्ता—चिड़ा कहता है—"हे चिड़िया रानी, (पक्षिणी) यदि मैं कल तक लौटकर नहीं आया तो मैं इस जमदग्निके पापको ग्रहण करूँ" ॥१३॥

१४

यह सुनकर क्रोधकी ज्वालासे जिसका शरीर जल रहा है, ऐसा शतबिन्दुका पुत्र बोला,

१३. १. AP वच्चहुं। २. P पच्छहि। ३. A जिण। ४. A तावसभासुर। ५. A रमंति। ६. A भवणं; P भणमि। ७. महुं। ८. A डोल्लिउ। ९. A करहु। १०. A णिच्चउ। ११. A लेवि।

१४. १. A पक्खि पिसुण। २. AP बुक्किउं।

जइ दुक्किउ तो पइं संघारमि हत्थें णिहसिवि पेट्टु[3] समारमि ।
एव चवेप्पिणु कयसंकीलणु करहि णिहिट्ठिउ सउणिणिहेलणु ।
५ पेहुणिल्ल थिय अंबरि जाइवि पभणिउ तवसि तेर्णं[4] पोमाइवि ।
तवहु ण जुत्तउं जीवविणासणु खमहि ताय खम मुणिहिं विहूसणु ।
ता भासइ छारेणुद्धूलिउ हउं तुम्हहिं किं झाणहु चालिउ ।
किं मइं कियउं[5] पाउ तवचरणें गणवइतिणयणपूयाकरणें ।
ता घरपक्खि[6] कहइ लइ चंगउं पइं तवतावें ताविउं अंगउं ।
१० पर[7] किं वेयवयण ण वियाणिउं णवउ कलत्तु ण कत्थु वि माणिउं ।
सुयमुहकमलु ण कहिं वि णिहालिउं दुरिएं अप्पाणउं किं मइलिउ ।
णत्थि अपुत्तहु गइ विप्पागमि ता संजाय चिंत जइपुंगमि ।

घत्ता—अण्णाणिउ तवभट्ठउ मायावयणहउ ॥
सो तहु पारयणामहु मामहु पासि गउ ॥१४॥

१५

तणुरुहकारणि मग्गइ कण्णउ कज्जलकंचणमरगयवण्णउ ।
वेयालु व वियरालु जडालउ अवलोएप्पिणु णट्ठउ बालउ ।
थेरु जराजज्जरिउ ण लज्जइ घरघरिणीवाएं[1] किह भज्जइ ।
कीलंती अण्णेक्क पियारी कुयरि रेणुधूसर[2] लहुयारी ।

"अरे-अरे दुष्ट पक्षी, तूने क्या कहा, मुझ गुणवान्‌में क्या पाप है ? यदि दुष्कृत है तो तुम्हें मारता हूँ। हाथसे रगड़कर चूर्ण-चूर्ण करता हूँ।" यह कहकर, जिसने परिहास किया है, ऐसे पक्षियोंके घोंसलेको वह हाथसे रगड़ता है। दोनों पक्षी जाकर आकाशमें स्थित हो गये—प्रशंसा करते हुए। तापससे कहा कि तपस्वीके लिए जीवका नाश करना ठीक नहीं। हे तात, क्षमा कीजिए, क्षमा मुनियोंका आभूषण है। तब भस्म-विभूषित वह मुनि कहते हैं कि तुम लोगोंने हमें ध्यानसे क्यों विचलित किया। गणपति और शिवकी पूजा और तपश्चरण करके मैंने क्या पाप किया ? इसपर गृहपक्षी कहता है—"अच्छा लो, तुमने तपतापसे अपने शरीरको सन्तप्त किया। पर क्यों तुमने वेद वचन नहीं जाना। तुमने नवकलत्रको भी नहीं माना। तुमने पुत्रके मुखकमलको कभी भी नहीं देखा। तुमने अपनेको पापसे मलिन क्यों किया ? ब्राह्मणोंके आगमके अनुसार पुत्रहीन व्यक्तिकी कोई गति नहीं है।" (यह सुनकर) यतिवरको चिन्ता पैदा हो गयी।

घत्ता—अज्ञानी तपसे भ्रष्ट और मायावचनोंसे आहत वह अपने पारत नामके मामाके पास गया ॥१४॥

१५

पुत्रकी इच्छासे वह कन्या माँगता है। काजल, स्वर्ण और मरकतके रंगका वह वेतालके समान विकराल और जटासे युक्त था। उसे देखकर, कन्याएँ भाग गयीं। बुढ़ापेसे जर्जर वह बूढ़ा जरा भी नहीं लजाया। घर और गृहिणीकी बातसे वह कैसे भग्न होता ? खेलती हुई एक और

३. AP पिट्टु। ४. AP तहिं। ५. AP कयउ। ६. A सुरपक्खि; T घरपक्खि। ७. AP पइं।
१५. १. AP घरि घरिणी°। २. P °धूसरि।

रेणुय भणिवि तेण हक्कारिवि कयलीहलु दंसेवि पैयारिवि[3]।
वइसारिय[4] अंचोलिहि लुद्धें भणिउं अणंगसरोहणिरुद्धें।
णिसुणि ससुर एयइ हउं इच्छिउ मुद्धइ एंतु मणेण पडिच्छिउ।
एह देवि[5] लहुई[6] किं वुच्चइ जाहि महारउ बोल्लिउ रुच्चइ।
घत्ता—णासउ तणुगरुयत्तणु[7] पत्थिवपुत्तियहं ॥
वड्ढियजोव्वणगव्वहं मज्झु विरत्तियहं ॥१५॥

१६

कण्णउ खुज्जियाउ[1] तहु सावें जायउ तिव्वतवोहपहावें।
कण्णाकुज्जणयरु तं[2] घोसिउ देवहिं जडचरित्तु[3] उवहासिउ।
एयहं पासिउ एह रवण्णी देहि मज्झु ता ताएं दिण्णी।
गउ वणवासहु महिहरकंदरि तहिं णिवसंतहं ताहं सणिज्झरि।
जाया तणुरुह दोण्णि महाभुय[4] दोण्णि वि चंद सूर णं णहचुय।
दोहिं मि णिहियइं[5] जयजसधामइं इंदसेयरामंतइं णामइं।
रेणुयभायरु साहु अरिंजउ रिद्धिवंतु तवतत्तु सुसंजउ।
आउ णिहालिवि ससइ णमंतिइ मग्गिउ किं पि हसंतहसंतिइ।

धूल-धूसरित छोटी प्रिय कन्याको रेणुका कहकर पुकारा और केलेका फल दिखाकर उसे वंचित कर उस लोभीने उसे गोदमें बैठा लिया। कामदेवके तीरोंसे घायल वह बोला, 'हे ससुर, सुनिए। उसके द्वारा मैं चाहा गया हूँ। आते हुए मुझे मुग्धाने मनसे स्वीकार किया है। यह देवी है, इसे छोटा क्यों कहा जाता है? कि जिसे हमारा बोलना अच्छा लगता है।

घत्ता—मुझसे विरक्त तथा जिनका यौवनगर्व बढ़ा हुआ है ऐसी पार्थिव कन्याओंके शरीरोंका गौरव नष्ट हो जाये' ॥१५॥

१६

उसके शाप और तीव्र तपके प्रभावसे कन्याएँ कुबड़ी हो गयीं। उसे कन्याकुब्ज (कान्यकुब्ज) नगर घोषित कर दिया गया। देवोंने उसके (जमदग्नि) मूर्खचरितका उपहास किया। इनकी तुलनामें यह सुन्दरी है, यह मुझे दे दो। तब पिताने उसे दे दिया। वनवासके लिए वह झरनोंसे युक्त पर्वतकी कन्दरामें चला गया। वहाँ निवास करते हुए उनके दो महाबाहु पुत्र हुए। दोनों मानो आकाशसे च्युत सूर्यचन्द्र थे। जय और यशके घर दोनोंके नाम इन्द्रराम और श्वेतराम रखे गये। रेणुकाके भाई मुनि अरिंजय ऋद्धिसे युक्त, तपसे सन्तप्त और सुसंयमी थे। वह उसे

---

३. A वियारिवि; PT पवियारिवि। ४. A अञ्चो लिहि। ५. AP देहि। ६. लहुघी; P लहुवी। ७. P वडगरुय°।

१६. १. AP कण्णाखुज्जु। २. A तहु घोसिउ। ३. A कुडचरित्तु। ४. A महब्भुय। ५. A दिण्णइं।

जइयहुं महु विवाहु किउ ताएं तइयहुं धणु ण दिण्णु पइं भाएं।
अज्जु देहि बंधव जे[6] भावइ जेण दुक्खु दालिद्दु[7] वि णावइ।
घत्ता—भणइ मुणीसरु सुंदरि छिंदहि[8] कुमयमइ ॥
दंसणणाणचरित्तइं रयणइं तिण्णि लइ ॥१६॥

१७

ता सम्मत्तु वियारें सहियउ सावयवउ मुद्धइ[1] संगहियउ।
तुट्ठु भडारउ सुट्ठु वियक्खणु करुणें करिवि सबहिणिणिरिक्खणु।
परसुमंतु परिरक्खणु[2] देंतें[3] दिण्णी कामधेणु भयवंतें।
हूई रेणुय ताइ कयत्थी पभणइ भिक्खुहि पंजलिहत्थी।
तुम्हारिसहं सजीउ वि देंतहं दीणुद्धरणु सहाउ महंतहं।
ससहि महंतु हरिसु पयणेप्पिणु गउ रिसि धम्मविद्धि पभणेप्पिणु।
कामधेणु हियइच्छिउ दुब्भइ तं तावसकुडुंबु तहिं रिज्झइ।
अण्णहिं वासरि सुरगिरिधीरें सहसबाहु संजुउ कयवीरें।
गहणणिहेलणु छुडु जि पइट्ठउ राउ तवोहणेण तें[4] दिट्ठउ।
घत्ता—अब्भागयपडिवत्तिइ भोयणु दिण्णु तहु ॥
हियउं[5] भिण्णउं दोहं मि कुअरहु[6] पत्थिवहु ॥१७॥

देखनेके लिए आये। प्रणाम करते हुए बहन ने हँसी-हँसीमें कुछ तो भी माँगा—"जब पिताने मेरा विवाह किया था तो तुम भाईने मुझे कुछ भी धन नहीं दिया था। हे भाई, यदि अच्छा लगे तो मुझे आज दो। जिससे दुख और दारिद्र्य न फटके।"

घत्ता—मुनीश्वर कहते हैं—"हे सुन्दरि, अपनी कुमतबुद्धिको दूर करो और सम्यक् दर्शन, ज्ञान और चरित्र ये तीन रत्न स्वीकार करो" ॥१६॥

१७

तब उस मुग्धाने ज्ञानके साथ सम्यक्त्व श्रावक व्रत स्वीकार कर लिये। अत्यन्त विचक्षण अपनी बहनसे भेंट करनेवाले आदरणीय मुनि परम सन्तुष्ट हुए और करुणा कर उसे परिरक्षण मन्त्र सहित फरसा देते हुए उन्होंने ज्ञानवान् एक कामधेनु दी। रेणुका उससे कृतार्थ हो गयी। हाथ जोड़कर उसने महामुनिसे कहा—"अपना जीवन भी देनेवाले आप जैसे महापुरुषोंका स्वभाव ही दीनोंका उद्धार करना है।" इस प्रकार अपनी बहनके लिए महान् हर्ष उत्पन्न कर और धर्मवृद्धि हो—यह कहकर वह मुनि चले गये। वह कामधेनु इच्छानुसार दुही जाती और वह तपस्वी परिवार वहाँ सम्पन्न हो गया। दूसरे दिन सुमेरुपर्वतके समान धीर कृतवीरके साथ सहस्रबाहु आया। वह शीघ्र तापस-गृहमें प्रविष्ट हुआ। तपोधन (जमदग्नि) ने राजाको देखा।

घत्ता—अभ्यागतकी (आतिथ्यकी) परम्पराके अनुसार उसके लिए भोजन दिया गया। राजा और कुमार (कृतवीर) का हृदय आश्चर्यसे चकित हो गया ॥१७॥

---

६. A जं भावइ। ७. A दालिद्दु ण आवइ; P दालिद्दु वि ण आवइ। ८. A छड्डहि।
१७. १. A सुद्धें। २. P पररक्खणु। ३. P तें। ४. P तहिं। ५. AP हियवउं। ६. A कुमरहु।

१८

णियजणणीसस णविवि णियच्छिय माउच्छिय कयवीरें पुच्छिय।
अम्मि अम्मि भोयणु भल्लारउं जहिं चक्खिज्जइ तहिं रससारउं।
एहउं णिवहं मि णउं संपज्जइ तुम्हहं तावसाहं किह जुज्जइ।
अक्खिउ रेणुयाइ विहसेप्पिणु गउ बंधवु सुरधेणुय देप्पिणु।
ताइ वुत्तु अम्हहं चिंतिउ फलु णं तो पुणु वणि भुंजहुं दुमहलु।
जं अंबाइ एम आहासिउं तणएं तं णियपिउहि पयासिउ।
रयणइं होंति महीयलवालहं णउ तवसिहिपसरियजडजालहं।
तासु वि तहिं जि चित्तु आसत्तउं कयवीरें कर मउलिवि वुत्तउं।
चउरासमगुरु रयणिहिं अंचहि दिव्वगाइ दिय देहि म वंचहि।
घत्ता—गाइ ण देमि म पत्थहि अरितरुणियरसिहि॥
विणु गाइइ अम्हारइ ण सरइ होमविहि॥१८॥

१९

ता तं सुणिवि तेण महिणाहें गोहणलुद्धें णं वणवाहें।
झ त्ति अमरवरसुरहि महड्ढिय कंचणदामइ धरिवि णियड्ढिय।
भुयहिं धरइ जमयग्गि ण संकइ रेणुय कलयलु करहुं ण थक्कइ।

१८

अपनी माँकी बहनको प्रणाम कर कृतवीरने उसे देखा। मौसीसे उसने पूछा, "हे माँ, हे माँ, भोजन बहुत अच्छा है, जहाँसे भी चखो, वहींसे रसमय है। ऐसा भोजन तो राजाओंके लिए भी सम्भव नहीं है। तुम तपस्वियोंके लिए यह कैसे प्राप्त होता है?" तब रेणुका हँसकर बोली, "मेरा भाई सुरधेनु देकर गया है, हे पुत्र, उसके द्वारा हमारे लिए चिन्तित फल मिलते हैं, नहीं तो वनमें हम वृक्षोंके फल खाते हैं।" जब मौसीने इस प्रकार कहा तो पुत्रने यह अपने पिताके लिए बताया कि रत्न धरतीका पालन करनेवालोंके होते हैं न कि तपस्याकी आगसे जटाजाल बढ़ानेवालोंके। उसका (सहस्रबाहुका) चित्त भी उसमें आसक्त हो गया। कृतवीरने उससे हाथ जोड़कर कहा, "चारों आश्रमोंके गुरु (राजा) की तुम रत्नोंसे अर्चा करो। हे द्विज, तुम दिव्य गाय दो, धोखा मत दो।"

घत्ता—(द्विजने कहा)—शत्रुरूपी वृक्षोंके समूहके लिए आगके समान हे (कृतवीर), मैं राजाके लिए गाय नहीं दूँगा। गायके बिना हमारी यज्ञविधि पूरी नहीं होगी॥१८॥

१९

तब गोधनके लोभी उस राजाने मानो भीलके समान महा-ऋद्धि सम्पन्न वह सुरधेनु स्वर्णकी शृंखलासे पकड़कर खींच ली। जमदग्नि बाहुओंसे उसे पकड़ता है, शंका नहीं करता,

---

१८. १. AP णिवहं। २. P ण वि। ३. AP दुमफलु। ४. णियपियहि। ५. A तवसियपसरिय°।
१९. १. P ता तें सुणिवि। २. AP महिड्ढिय।

तवसिहि करु करेण आच्छोडिउ णिच्चलु मेइणियलि [3]सो पाडिउ।
णीसारिय णंदिणि मढवासहु[4] णं [5]णियजीयवित्ति [6]तणुदेसहु।
उद्धाबद्धणिविडजडमंडलु [7]सवणोलंबियतंबयकुंडलु।
[8]सोत्तरीयउववीययउरयलु [9]धूलिधवलु अवलोइयभुयबलु।
बद्धतोणु परिवड्ढियअमरिसु धाइउ सर मुयंतु रणि तावसु।
दोण्णि तिण्णि चउ पिच्छंचिय [10]वरं पंच सत्त णव दह चंचलयर।
बारह तेरह पुणु पण्णारह सोलह बाण मुक्क सत्तारह।
[11]णहयलु सरसंछण्णु ण दीसइ सहसबाहु णियरहियहु भासइ।

घत्ता—[12]वाहि वाहि रहु तुरिएं संघारमि कुमइ॥
एहा महियलि जइ जइ तो केहा णिवइ॥१९॥

२०

बाणहिं बाण हणेप्पिणु विद्धउ णं [1]चंदणतरु णायहिं रुद्धउ।
जइ विचित्तमइदइएं घाइउ सयबिंदुहि तणुरुहु विणिवाइउ।
णाहमरणि दुक्खेण विसट्टइ गाइ ण जाइ हयवि पलट्टइ।
महिपलोट्टु णियसामि णिहालइ पुच्छि विज्जइ जीहइ लालइ।

रेणुका कलकल करते हुए नहीं थकती। तपस्वीके हाथको उसने अपने हाथसे झकझोर दिया और उसे अचेतन धरतीपर गिरा दिया। आश्रमसे नन्दिनी निकाल ली गयी मानो शरीरप्रदेशसे अपनी जीववृत्ति निकाल ली गयी हो। जिसका निविड जटामण्डल ऊपर बँधा हुआ है, जिसके लाल-लाल कुण्डल कानों तक लटक रहे हैं, जो वक्षपर उत्तरीय और यज्ञोपवीत पहने हुए है, जो धूलसे धूसरित है और बार-बार अपनी भुजाएँ देख रहा है, जिसने तूणीर (तरकस) बांध रखा है, जिसका अमर्ष बढ़ रहा है ऐसा वह तपस्वी (जमदग्नि) तीर छोड़ता हुआ युद्धमें दौड़ा। उसने पुंखसे शोभित दो, तीन, चार, पाँच, सात, नौ और दस, बारह, तेरह फिर पन्द्रह, सोलह और सत्तरह चंचल तीर छोड़े। तीरोंसे आच्छन्न आकाश दिखाई नहीं देता। तब सहस्रबाहु अपने सारथिसे कहता है—

घत्ता—अश्वसे शीघ्र-शीघ्र रथ बढ़ाओ, मैं उस कुमतिको मारूँगा। यदि धरतीपर इस प्रकारके यति हैं, तो राजा किस प्रकारके होंगे॥१९॥

२०

11. 8*a* णिउ जिणवरदिक्खि सोत्तिउ तावसु, the king became a Jain monk, while the Brahmin became a तापस ascetic, i. e., an ascetic following the teaching of the Vedice religion, particularly the teaching of devotion to god शिव.

12. 6–7 णच्चइ देउ etc. These lines give the characteristic behaviour of god शिव, who performs a ताण्डवनृत्य, sings, has a woman or women (पार्वती and गङ्गा), beats the डमरु, burns त्रिपुर, and kills demons. The Jain monk says that such a godhead will not save one from संसार.

13. 6*b* तावसमासुरवासि रसंति, the pair of sparrows, having formed their nest in the beard of the ascetic, used to warble.

16. 1–2 These lines give the origin of the name कण्णाकुज्जणयरु, the city of कान्यकुब्ज, because the girls in which, having refused to marry the sage, became dwarfish owing to his curse.

24. 1*b* खत्तिय सयलु वि छारु परत्तिवि, having burnt to ashes all the क्षत्रियs. परत्तिवि comes from परत्त a deśī root which is preserved in modern Marathi as परतणें.

LXVI

1. 9*a* विहवत्तणदुक्खोहरियछाय, whose beauty or spirit was soiled by sufferings of widowhood (विहवत्तण, विधवात्व). 10*b* पर ताउ ण पिच्छमि, but I do not see or know my father (सहस्रबाहु).

18. 5*a* हरिसुउ, i. e., श्रीविजय the son of त्रिपृष्ठवासुदेव.

29. 10*b* समयसमियकलि, समतया स्वमतेन वा शामितः कलिः येन, who, by his equanimity or preaching, settled the quarrels of people.

LXI

1. 9*a*-28*b* These lines give the list of विद्याs acquired by अमिततेजस.

12. 6*a* दिल्लिदिल्लिए, हे बाले. दिल्लिदिल्लिअ is a deśī word meaning a boy & दिल्लिदिल्लिआ a girl. See देशीनाममाला V. 40.

15. 13 आउंचियारिपसरु, who stopped the progress of his enemies.

21. 11 घणवाहणहु, i. e., मेघरथस्य.

LXII

2. 2*a* गरुडेण वि जिप्पइ एहु ण वि, this cock cannot be defeated even by an eagle.

5. 10*b* जाउडयजडिलमंडियथणिहि, whose breasts were decked by a thick paste of saffron.

7. 9*a* to 10. 2*b* We have here a description of the whole earth with its continents as seen from the sky.

17. 12*b* पक्खें (पक्षिणा), by the bird. Are we to have the word as पक्खि which would be the form of the Instrumental sing ?

LXIII

2. 7*a* एरादेविइ, elsewhere the name of the mother of शान्ति is given as अइरा as for instance in 1. 16 and 11. 2*b*.

5. 5-6 These lines give the list of 14 gems which, as a चक्रवर्तिन्, शान्तिनाथ possessed.

11. 1-7 These lines give the previous births of शान्तिनाथ and चक्रायुध. शान्ति had in all twelve, viz., श्रीषेण, कुरुनरदेव, विद्याधर, देव, बलदेव, देव, वज्रायुध, चक्रवर्तिन्, देव, मेघरथ, सर्वार्थसिद्धिदेव, शान्ति; चक्रायुध also had the following : अनिन्दिता, कुरुनर, विमलप्रभदेव, श्रीविजय, देव, अनन्तवीर्य, वासुदेव, नारक, मेघनाद, प्रतीन्द्र, सहस्रायुध, अहमिन्द्र, दृढरथ (मेघरथभ्राता), सर्वार्थसिद्धिदेव, चक्रायुध.

LXIV

1. 7*b* जो ण करइ करि कत्तिय कवालु, (कुंथु or a तीर्थंकर) who does not hold in his hand human skull (कपाल) and (tiger's) skin (कृत्ति) as god शिव does. The तीर्थंकर is thus far superior to god शिव.

2. 8*b* वयविहिअजोग्गु दिण्णु वि ण लेइ, while begging alms he does not accept things which, for his vows (व्रतविधि) he cannot accept.

8. 1*b* णियजम्ममासपक्खंतरालि, on the same day, month and fortnight on which he was born, i. e. on the first day of the bright half of वैशाख. 2*b* कित्तियणक्खत्तासिइ ससंकि, when the moon was in conjunction with the नक्षत्र mentioned (कीर्तित) or कृत्तिका.

LXV

3. 4*b* पट्टणु रयणकिरणअइसइयउ, the town that excelled in brightness or was extremely bright owing to the rays of gems.

4. 9*b*–10*b* वरिसकोडि सहसेण विहीणइ....पल्लचउत्थभायपरिमाणइ, when after the निर्वाण of कुन्थु onefourth of the पल्योपम minus one thousand crores of years passed.

5. 5*b* दहदहधणुतणु, with his body twenty शरासनs in height. गुणभद्र however mentions thirty शरासनs as the height of अर. Compare: त्रिशच्चापतनूत्सेधः चारुचामीकरच्छविः—65. 26. Which seems to be more probable.

9. 1–8 Note the play on the term अर or अरु here.

11. 8*a* णिउ जिणवररिसि सोत्तिउ तावसु, the king became a Jain monk, while the Brahmin became a तापस ascetic, i. e., an ascetic following the teaching of the Vedice religion, particularly the teaching of devotion to god शिव.

12. 6–7 णच्चइ देउ etc. These lines give the characteristic behaviour of god शिव, who performs a ताण्डवनृत्य, sings, has a woman or women (पार्वती and गङ्गा), beats the डमरु, burns त्रिपुर, and kills demons. The Jain monk says that such a godhead will not save one from संसार.

13. 6*b* तावसमासुरवासि रसंति, the pair of sparrows, having formed their nest in the beard of the ascetic, used to warble.

16. 1–2 These lines give the origin of the name कण्णाकुज्जणयरु, the city of कान्यकुब्ज, because the girls in which, having refused to marry the sage, became dwarfish owing to his curse.

24. 1*b* खत्तिय सयलु वि छारु परत्तिवि, having burnt to ashes all the क्षत्रियs. परत्तिवि comes from परत्त a deśī root which is preserved in modern Marathi as परतणें.

LXVI

1. 9*a* विहवत्तणदुक्खोहरियछाय, whose beauty or spirit was soiled by sufferings of widowhood (विहवत्तण, विधवात्व). 10*b* पर ताउ ण पिच्छमि, but I do not see or know my father (सहस्रबाहु).

5. 5*b* कोसलं पुरं, i. e., साकेत which is the capital of the कोसल country.

6. 3*a* परमेसरु, i. e. सुभौम, who was destined to be a चक्रवर्तिन् later. 10*b* एउ जि, this very earthen plate filled with the teeth of his father (सहस्रबाहु), which turned into a discus (चक्र).

10. 10*a* सब्भंतरि (श्वभ्रान्तरे), in a ditch, i. e., in a hell.

LXVII

4. 6*a* हिरण्णगब्भो, i. e., a जिन. The term हिरण्यगर्भ is used to designate god ब्रह्मा in Hindu Mythology, but in Jain Mythology it is used to denote a तीर्थंकर.

9. 1*a* दिणि छक्के विच्छिण्णए, six days after his दीक्षा. i. e., on पौष कृष्ण द्वितीया, मल्लि attained केवलज्ञान. गुणभद्र also gives this date exactly in the same form. Compare: दिने षट्के गते तस्य छाद्मस्थे प्राक्तने वने–66.51.

13. 11*a* पिसुणमहंतो, i. e., the minister named पिशुन, who gave a wrong report about राम and विराम to their father वीर, was born as बलि the अर्धचक्रवर्तिन् and a प्रतिवासुदेव.

14 4*b* वाणारासि, i. e., वाराणसी; the lengthening of the third syllable is due to metre.

□

अँगरेजी टिप्पणियोंका हिन्दी अनुवाद

सन्धियोंकी टिप्पणियोंके सन्दर्भ रोमन अंकोंमें हैं, जब कि कड़वकों और पंक्तियोंके अरबी अंकोंमें। वर्ण्यविषयका संक्षिप्त सार प्रारम्भिक परिचयमें दिया गया है, जिससे पाठक मूलपाठको समझ सकें। ये टिप्पणियाँ उन संस्कृत टिप्पणियोंकी पूरक हैं, जो पृष्ठके नीचे पाद टिप्पणके रूपमें दिये गये हैं। टी-प्रभाचन्द्रके टिप्पणके लिए है।

XXXVIII

1. 12*b* भवइजसोहो—सूर्यसे उत्पन्न किरणोंकी शोभा धारण करनेवाले, 26 प्रकाशयामि-प्रकाशित करता हूँ या व्यक्त करता हूँ। पयासयामि=इसे समझना आसान है—परन्तु 'के' प्रति कभी-कभी ऐसे रूपोंको वरीयता देती है। तुलना कीजिए—बादकी पंक्तिसे (समासवि) साथ ही इच्छवि और अच्छवि। पाँचवेंकी 10-11 पंक्ति या तीसरी पंक्तिमें पडिच्छवि और ओहच्छवि, तीसरे कडवककी आठवीं पंक्ति।

2. 1*b* कहवयदियहइं—कुछ दिनोंके लिए। 2*a* णिव्विण्णउ निर्विण्ण—उदास। णिविणोउ अर्थात् निर्विनोद। 'क' प्रतिका यह पाठ पढ़नेमें समान रूपसे ठीक है और उसका अर्थ हो सकता है काव्य-रचनाके विनोदसे रहित। परंतु मैंने णिव्विण्णउ पाठको उव्वेउ जि विस्थरइ णिरारिउ पाठके दृष्टिकोणसे ठीक समझा है, जो 4 के 9*a* में है, और टिप्पणके विचारसे भी। 9-10 खलसंकुलि कालि—इत्यादि, भरत जिसने सरस्वती (विद्याकी देवी) का उद्धार किया, जो रिक्त अत्यन्त, या खतरनाक रास्तेपर जा रही थी। (शून्य सुशून्य पथमें) अथवा बुरे समयमें, (खाली आसमानमें) जो दुर्जनोंसे व्याप्त है (खल संकुलि)। और खोटे चरित्रवाले लोगोंसे भरा है (कुसीलमइ)। उसे विनय करके। Modesty विनय।

3. अइयणदेवियव्वतणुजाएं—भरतके द्वारा जो अइयण (एयण) और देवि अव्वाका पुत्र था। 2*b* दुत्थियमित्तें—भरतके द्वारा, जो उन लोगोंका मित्र था, जो संकटमें थे। 3*a* मइं उवयारभावु णिव्वहणें—भरतके द्वारा, जिसने मुझपर उपकारोंकी वर्षा की। [कवि पुष्पदन्तपर], भरतने पुष्पदन्तको किस प्रकार उपकृत किया, यह, महापुराणके I. 3-10 कड़वकोंमें देखा जा सकता है, और जिल्द एक की भूमिकामें देखा जा सकता है। pp-XXVIII। 10 तुह सिद्धहि इत्यादि। तुम नवरसोंका दोहन क्यों नहीं करते, अपनी वाणीरूपी कामधेनुसे। अथवा काव्यात्मक शक्तिसे जो तुम्हें सिद्ध है, या जिसपर तुम्हारा अधिकार है।

4. 7*a* राउ राउ णं संझहि केरउ—राजा, सन्ध्याके अरुण रागकी तरह है, अर्थात् थोड़े समय ठहरनेवाला है, 8*b* एक्कु वि पउ वि रएवउ भारउ—एक पदकी रचना करना भी बहुत बड़ा कार्य है। 10 जगु एउ इत्यादि—संसार गुणोंके साथ वक्र है जिस प्रकार कि धनुष जब डोरीपर खींचा जाता है।

5. 2*b*-3*a* कविके अनुसार भरत सालवाहन (सातवाहन) से बढ़कर है, इस बातमें कि भरत कवियोंका लगातार मित्र रहा है (अणवरयरइयकइमेत्तिइ) 4 *a*,*b*—यहाँ कवि उस किस्सेका सन्दर्भ दे रहा है कि राजा श्रीहर्षने कालिदासको अपने कन्धोंपर उठा लिया था। ऐतिहासिक दृष्टिसे यह सन्दर्भ दूसरोंसे भी समानता रखता है, जिनका कि भोजप्रबन्धमें उल्लेख है। श्रीहर्षको जो बाणभट्टका आश्रयदाता है राजगद्दी-

पर बैठनेकी तारीख 620 ईसवी है, बाणकी (620) की तुलनामें, और वत्सभट्टिकी प्रशस्ति (473 ई. सं.) से । 8 *a-b*—पुष्पदन्त जो अपनेको काव्यपिसल्ल कहते हैं, कुछ लोगोंके द्वारा सम्मानित हुए, और कुछ लोगों द्वारा असम्मानित हुए, यह कहते हुए कि वह बुद्ध हैं । 11 देवीसुय—देवीका पुत्र, अथवा देवियव्वा of 3.1*a* ऊपर—अर्थात् भरत ।

6. 3*a–b* यहाँ कवि अपने आश्रयदाता भरतको विश्वास दिलाता है कि उसकी काव्य-प्रतिभाकी अभिव्यक्ति जिनवरके चरणकमलोंकी भक्तिके कारण है, आजीविकाके लिए धन कमानेकी इच्छासे नहीं । (णउ णियजीवियवित्तहि), 10 करहु कण्णि कहकोंडलु—अजितनाथके कथाके कर्णकुण्डलको तुम अपने कानोंमें धारण करो ।

7. दूसरे तीर्थंकर अजितनाथकी कथा इस कडवकसे शुरू होती है; मैं पहले ही उस ऊबाऊ शैली-का सन्दर्भ दे चुका हूँ जिसमें बड़े लोगोंकी जीवनियोंका जैन साहित्यमें वर्णन किया जाता है (म. पु. जिल्द I पृ. 599)। सबसे पहले हम तीर्थंकरों या महापुरुषोंके बारेमें सूचनाएँ पाते हैं जिनमें वे कुछ विशेष योग्यताएँ हैं, जिनके कारण अगले भवमें तीर्थंकरोंका जन्म होता है । अजितनाथके मामलेमें विमलवाहन एक राजा था जो वत्स देशका शासक था जो कि पूर्व विदेहमें सीता नदीके दक्षिण किनारेपर स्थित था । वहाँ एक दिन उसे सांसारिक जीवनसे विरक्ति हो जाती है, वह तप करता है, सोलह कारण भावनाओंका ध्यान करता है, (जैसे तीर्थंकर नाम गोत्र इत्यादि) । उपवासपूर्वक उसकी मृत्यु होती है, और वह विजय अनुत्तर विमानमें उत्पन्न होता है । वहाँ उसकी तेंतीस सागर प्रमाण आयु थी । जब उसके लम्बे जीवनके छह माह बाकी बचते हैं, तो सौधर्म इन्द्र जान लेता है कि यह अहमेन्द्र अयोध्यामें जन्म लेनेवाले हैं, भारतवर्षमें राजा जितशत्रु और रानी विजयाके पुत्रके रूपमें। वह कुबेरको अयोध्यापर स्वर्णकी वर्षा करनेका आदेश देता है। श्री, ह्री, धृति, मति, कान्ति और कीर्तिके ये छह देवियाँ विजयाकी देखभाल करनेके लिए आती हैं, रानी विजया सोलह सपने देखती है, नींद खुलनेपर वह राजासे उनका वर्णन करती है, जो उसे बताते हैं कि वह जिनको जन्म देगी । जब विमलवाहन अपने जीवनके समयको समाप्त करता है तो वह विजयाके गर्भमें हाथीके रूपमें जन्म लेते हैं । उस अवसरपर देव आते हैं और राजाको बधाई देते हैं । तीन ज्ञानोंके साथ जिनवर जन्म लेते हैं, अर्थात् उन्हें मति, श्रुति और अवधिज्ञान प्राप्त थे । माघ शुक्ला दशवीके दिन इन्द्रके नेतृत्वमें देवता वहाँ पहुँचते हैं और जिनवरकी तीन बार प्रदक्षिणा करते हैं, माता-पिताको प्रणाम करते हैं । माताको मायावी बालक देते हुए वे जिनबालकको मन्दराचलपर ले जाते हैं, जहाँ उनका अभिषेक करते हैं । उनका अजित नामकरण करते हैं, और उनकी स्तुति करते हैं । उसे अयोध्या वापस लाकर माताको सौंप देते हैं । जब अजितनाथ युवा हुए, तो उनकी एक हजार राजकुमारियोंसे विवाह हुआ । उनका युवराजके रूपमें अभिषेक हुआ । उन्होंने 19 लाख पूर्व धरतीका उपभोग किया । एक रात युवराज अजितने उल्कापात देखा और उससे यह सोचते हुए कि भाग्य उसी प्रकार क्षणभंगुर है, जिस प्रकार यह उल्का । एक बार फिर देवता आये और निश्चयके लिए भगवान्‌की प्रशंसा की । उन्होंने अपने पुत्र अजितसेनको गद्दीपर बैठाया । देवोंने उनका अभिषेक किया और माघ शुक्ल नवमीको दोपहर बाद उन्होंने केशलोंच कर दीक्षा ग्रहण की । मुनि अजितके बालोंको देवेन्द्रने इकट्ठा किया, स्वर्णपात्रमें, और उन्हें क्षीरसमुद्रमें फेंक दिया । उनके साथ एक हजार राजकुमारोंने दीक्षा ग्रहण की । थोड़े ही समयमें उन्हें चौथा मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न हो गया । उन्होंने ढाई दिनका उपवास ग्रहण किया और दूसरे दिन अयोध्यामें राजा ब्रह्माके घर उपवास तोड़ा । उसे पाँच आश्चर्य प्राप्त हुए । अजितने बारह वर्ष तक तप किया, और पौष शुक्ला ग्यारहवीं के दिन सप्तच्छद वृक्षके नीचे उन्होंने केवलज्ञान प्राप्त किया । इस अवसरपर इन्द्र और दूसरे देव आये । उन्होंने स्तुति की और समव-सरणकी रचना की । उसमें अजितनाथ सर्वभद्र सिंहासनपर बैठे । उनके साथ आठ प्रातिहार्य थे । उन्होंने धर्म प्रवचन किया । उनके अनुयायी बारह गणोंमें विभक्त थे—गणधर, पूर्वधारिन, शिक्षक, अवधिज्ञानी, केवली,

विक्रियाधारीऋद्धिमत, मनःपर्ययज्ञानी, अनुत्तरवादी, आर्यिका, श्रावक, श्राविका और देव, देवी तिर्यंच इत्यादि। इस संघके साथ भगवान् अजितनाथने 53 लाख पूर्व तक धरतीपर भ्रमण किया (बारह वर्ष कम), तब वह सम्मेदशिखरपर गये और 72 लाख पूर्वका जीवन पूरा कर उन्होंने नौ महीनों तक प्रतिमाओंका अभ्यास किया और चैत्र शुक्ला पंचमीको उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। इस अवसरपर देवोंने भगवान्की पूजा की। अग्निकुमारने उनके शरीरका दाह-संस्कार किया। देवेन्द्रने आदरपूर्वक भस्मको इकट्ठा किया और उसे समुद्रमें फेंक दिया।

मैंने यहाँ अजितके जीवनका समूचा जीवन विस्तार दे दिया है। यही चीजें प्रायः प्रत्येक तीर्थंकरके जीवनमें दुहरायी जायेंगी। केवल समय, नामों, तिथियों में कुछ परिवर्तनके साथ। इस जिल्दमें वर्णित सभी तीर्थंकरोंके जीवनके वर्णनमें इन बातोंको नहीं दुहराया जायेगा। इन विस्तारोंको हम चित्र रूपमें दे रहे हैं जिससे पाठक उन्हें समझ सकें।

7. 2*a* – सीयहि दाहिणकूलि—'के' प्रतिमें उत्तर पाठ है, परन्तु हमने उसे सुधार दिया है। और उत्तर कर दिया है। गुणभद्रके उत्तरपुराणके प्रमाणपर, जिसमें पाठ इस प्रकारका है—सीतासरिदपाग्भागे वत्साख्यो विषयो महान्। वहाँ अपाग्भागका अर्थ है दक्षिण। 8*b* हलियाँइ—किसानोंके द्वारा।

8. 8*a b* जसु सोहग्गें—प्रेमके देवता (कामदेव) राजा विमलवाहनके सौन्दर्यके कारण पृष्ठभूमिमें चला गया इसलिए उसने शरीरको छोड़ दिया और वह अनंग हो गया।

9. 2*b* पंचमहव्वयमायउ–पाँच महाव्रतोंको माता। अर्थात् पचीस भावनाएँ, एक-एक व्रत की पाँच भावनाएँ। 8*a* दंसवसुद्धिविणउ—सोलहकारणभावनाएँ जो दर्शन-विशुद्धिसे शुरू होती हैं। विस्तारके लिए तत्वार्थ सूत्र देखिए VI. 24। इन भावनाओंसे व्यक्तिको तीर्थंकर गोत्रका बन्ध होता है।

10. 9*a* सो अहममराहिउ—वह अहमिन्द्र जो पूर्वजन्ममें विमलवाहन था। 11*b* कणयमयणिलयण—(अयोध्या) जिसके स्वर्णप्रासाद हैं।

11. 1*b* माणवमाणिणिवेसें—धरतीकी स्त्रियोंका वेश धारण किये हुए। 4*a* गब्भि ण थंतहु—जिनके गर्भमें स्थित होनेके पूर्व इन्द्रने स्वर्णकी वर्षा की। जिनेन्द्र अजितके विजयाके गर्भमें आनेके पूर्व।

12. सोलह स्वप्नोंके लिए म. पु. प्रथम जिल्द, पृ. 600–601 देखिए।

13. 4*a-b* कुंजरवेसें—अहमिन्द्र अपने जीवनकी अवधि समाप्त कर (विजय विमानमें) रानी विजयाके मुखमें, एक हाथीके रूपमें इस प्रकार प्रविष्ट हुए जिस प्रकार सूर्य बादलोंमें प्रवेश करता है। 9–10 ये पंक्तियाँ ऋषभके निर्वाण, अजितनाथके विजयाके गर्भमें अवतरणके बीचकी अवधिका वर्णन करती हैं जो पचास करोड़ सागर प्रमाण है।

14. 4–5 दसणकमलसरणच्चियसुरवरि—इन्द्र अपने ऐरावत हाथीपर आरूढ़ हुआ। जिसकी कमलसरोवरके समान सूँड़पर देवता नृत्य कर रहे थे। 8*b* सरसरसिर—भक्तिसे परिपूर्ण बातें करते हुए।

15. 6*b* मन्तु पणवसाहा संजोइवि—'ओं स्वाहा' मन्त्रका प्रयोग करते हुए।

18. 9*a*. वसुवइवसुमइकंताकंतें—अजितके द्वारा, जिनकी दो पत्नियाँ थीं। अर्थात् धरती और लक्ष्मी।

19. 1*b* ईसमणीस समासमलीणी—स्वामी अजितका मस्तिष्क पूर्णतः मानसिक शान्तिमें निमग्न था। (सम, उपशम, वैराग्य)। 4*b* आउ वरिसवरिसेण जि खिज्जइ–मनुष्यकी आयु वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जाती है।

20. 4*a-b* गइदुचरिसकम्मसंताणइ—अपनी जातिको जारी रखनेके लिए, जिसका अर्थ है कर्मोंकी परम्परा, जैसे—गति (देवमनुष्यादिगति) खोटे कार्य (दुश्चरित्र)। जातिको जारी रखनेके कर्ममें

जन्म और मृत्युकी शृंखला संलग्न रहती है। और भी दूसरे कर्म होते हैं जो बुरे कार्य हैं।

21. 6*a-b* कुसुमवरिसु–पाँच आश्चर्योंकी वर्षा कुसुमवर्षा है। स्वर्गके फूलोंका बरसना, सुरपटह-निनाद, स्वर्गके नगाड़ोंका शब्द, वसुहारा—स्वर्गसे स्वर्णकी वर्षा, चेलुक्खेव—झण्डे ऊँचे करना, अहोदाणं—दानकी शालीनतामें किये गये प्रशंसाके स्वर्गीय शब्द। तुलना कीजिए विवागसुयसे, पृष्ठ 78।

23. समवसरणका वर्णन।

24. आठ प्रातिहार्योंका वर्णन—अशोकवृक्ष, पुष्पवृष्टि, दिव्यध्वनि, चामर, सिंहासन, भामण्डल, देवदुन्दुभि और छत्र। 10-12 और बादका कड़वक अपने गणोंका वर्णन करता है इसके लिए चित्रफलक देखिए।

26. 1*a* सिहरिंहि—सुमेरु पर्वतपर। 5*b* = दण्डकवाडुरुजगजगपूरणु—उप प्रक्रियाका वर्णन करता है जिससे जिनेन्द्रकी आत्मा सिद्धशिलापर आरोहण करती है।

XXXIX

यह सन्धि सगरकी कहानी बताती है, जो जैनोंके दूसरे चक्रवर्ती हैं।

1. 2 मगहाहिव = श्रेणिक, मगध देशका राजा, जिसने गणधर गौतम इन्द्रभूतिसे त्रेसठ शलाका पुरुषोंके जीवनके बारेमें कहनेके लिए कहा था। 4*a* दाहिणयलि के लिए–'ए' और 'के' प्रतियोंमें सामान्यतः उत्तरयलि 'पाठ' है, परन्तु 'के' प्रति इसकी जगह शुद्ध पाठ दाहिणयलि मानती है। गुणभद्रके उत्तरपुराणमें

द्वीपेऽत्र प्राग्विदेहस्य सीताप्राग्भागभूषणे।
विषये वत्सकावत्यां पृथिवीनगराधिपः ॥ 48-58

12 घरचूलाहयणहयल—राजधानी पृथ्वीपुर जो अपने प्रासादोंके शिखरोंसे आकाशको छूती थी।

2. 9*b* सिसुमोहणीउ मुणिहिं वि दुवारु—बच्चोंके प्रति प्रेमको रोकना मुनियोंके लिए भी कठिन है। 10 जिणवरवयणु रसायणु—राजाके मन्त्रियोंने उस दुःखको सहनेके लिए जिनवरका वचनामृत दिया।

4. 3*a* इयरु वि—अर्थात् महारुत मन्त्री। 5*b* किउ दोहिं मि पडिबोहणणिबंधु—देव महाबल, (पूर्वजन्मका राजा जयसेन) और देव मणिकेतु (पूर्वजन्मका महारुत मन्त्री), दोनोंने यह समझौता किया कि जो पहले मनुष्य होगा, उसे दूसरा इस तथ्यका स्मरण करायेगा जो स्वर्गमें देर तक देव रहता है।

5. 9-10 सार्वभौम राजाके ये चौदह रत्न हैं।

6. 3*a* जितनी सम्पत्ति भरतकी थी, उतनी ही सगरकी भी हुई, चक्रवर्तीके रूपमें।

7. 1*a* मयमउलवियणयण—हाथी मदके कारण आँखें बन्द किये हुए था। 10*a* रयणकेउ अर्थात् मणिकेतु।

8. 9*b* तरुणिहिं कोक्किउजइ हसिवि ताउ—जवान औरतें उसपर हँसीं और उसे पापा कहकर पुकारा।

10. 2*a* देवसाहु—मणिकेतुने देव होनेके कारण साधुका रूप धारण कर लिया।

12. गंगाके अवतरणका वर्णन।

14. 2*a* विहिं ऊणी सट्ठी—साठ हजार पुत्रोंमें-से दोको छोड़कर, (भीम और भागीरथ), जो अपनेको मौतसे बचा सके। 9*b* गउ आवइ णउ सरिसरतरंगु–नदीके जलकी तरंगें, जब एक बार जाती हैं तब दुबारा नहीं आतीं।

16. 11*a* दढधम्महु पायंतिइ—दृढ़ धर्मके पैरोंके नीचे।

17. 6*b* गउ जेण महाजणु सो जि पन्थु—तुलना करिए महाजनो येन गतः स पन्थाः।

XL

1. सासयसंभवु—शाश्वत आशीर्वाद, (शाश्वत + शं + भव) संभवणासणु—वह जो जन्म (संसार) का अन्त कर देता है। पुसियबंभहरिहरणयं—वह जिसने ब्रह्मा, विष्णु और शिवके सिद्धान्तोंका खण्डन कर दिया है। 20*b* असिआउसं—इस अभिव्यक्तिपर टिप्पणके लिए म. पु. की जिल्द एक, पृष्ठ 653 पर देखिए। 23 अमिउं पियहि कण्णंजलिहिं—अमृतका पान करिए, अर्थात् अपने कानोंकी अंजलिसे मेरे काव्यका पान करिए। तुलना कीजिए—कर्णाञ्जलिपुटपेयं विरचितवान् भारताख्यममृतं यः। तमहमरागमकृष्णं कृष्णद्वैपायनं वन्दे।

4. 10*b* सत्था—स्वस्थ। अत्यन्त शान्त और प्रसन्न।

5. 14*a* जितसत्तुसुए— जितशत्रुके पुत्रने, अजित, दूसरे तीर्थंकर। 18*b* जंभारिणा—इन्द्र।

6. 4*a* सईइ सइं धारियउ—इन्द्राणीने स्वयं धारण किया।

8. 12 किं जाणिहुं सोसिउ उवहि—क्या तुम सोचते हो कि समुद्र सूख गया क्योंकि देवता सम्भवजिनके अभिषेकके लिए पानी ले जा रहे हैं।

9. 13 पइं मुइवि—तुम्हें छोड़कर।

11. 7*a* कत्तियसियपक्खि—कार्तिक कृष्ण पक्षमें। गुणभद्रके 49से तुलना कीजिए। 41 जन्मर्क्षे कार्तिके कृष्णचतुर्थ्यामपराह्णगः, 11 णाणें णेयपमाणें—उनका ज्ञान जो ज्ञेयके साथ विस्तृत है—अर्थात् केवलज्ञान।

13. 5*a* जक्खिंदमउडसिहरुद्धरिउ—यक्षेन्द्रके मुकुटके अग्रभागसे आता हुआ। यक्षेन्द्र यानी कुबेर।

14. 10*b* दहगुणिय तिण्णि सहस—तीस हजार, यद्यपि गुणभद्र बीस हजारका उल्लेख करते हैं।

15. 1*a* भवियतिमिरु—भव्य जीवोंके अन्धकारको। 14 सिंगारंगहु=शृंगारके अंगका। शृंगारभूमिका।

XLI

1. णिंदिंदियइं णिवारउ—जिन्होंने निन्द्य इन्द्रियोंका निवारण कर दिया है, अर्थात् तीर्थंकर, यहाँपर अभिनन्दन। 18 जीहासहसेण विणु—हजार जीभवालेके बिना। फणीश्वरकी एक हजार जीभ हैं इसलिए वह तीर्थंकरकी सभी विशेषताओंका वर्णन करनेमें समर्थ है, परन्तु कवि पुष्पदन्तकी एक ही जीभ है इसलिए वह तीर्थंकरोंके गुणोंके साथ न्याय नहीं कर सकता।

3. 1*b* सणियउं वियरइ—धीरे चलते हैं इसलिए प्राणियोंको चोट नहीं पहुँचती। 5*b* तिण्णि तिउत्तरसय—अभिव्यक्तिमें न्यूनपद है, परन्तु वह स्पष्टतः वंशपरम्पराके 363 सिद्धान्तको सन्दर्भित करता है। जैसा कि अपभ्रंशमें पाठोंकी सरलता सूचित करती है।

5. 7*b* सव्वु सवारिउ—उसने इसे पूरा सम्पादित किया।

6. 12 आसणवणहरणि—आसनके कम्पनके द्वारा इन्द्र जानता है; आसनके कम्पायमान होनेके कारण इन्द्र जानता है कि जिनका जन्म हुआ है।

8. इस कडवकमें उन दस लोकपालोंकी सूची है। जिनवरके जन्माभिषेकके समय जिनका आह्वान किया जाता है। ये देव या लोकपाल हैं—इन्द्र, अग्नि, यम, नैर्ऋत, वरुण, वायु, कुबेर, रुद्र, चन्द्र और फणीश्वर। यहाँ वाहनों, प्रहरणों, पत्नियों, और चिह्नोंके साथ उनका विशेष वर्णन किया गया है। जैसा कि २३वीं पंक्ति बताती है।

12–13 भयलज्जामाणमयवज्जियउं जिणवउं पेम्मसमाणउं—जिनवरके प्रति व्रतप्रेमके अथवा चरित्रके प्रेमके व्रतके समान उतना ही जितना यह भय, लज्जा, मान और मदका परित्याग करता है, उसी प्रकार जिस प्रकार प्रेममें पड़कर आदमी—भय आदिकी अनुभूतिकी उपेक्षा करता है।

17. जीवपक्खिबंदिग्गहपंजरु—(मृत शरीर) पक्षी (आत्मा) को पकड़नेका पिंजरा है।

XLII

1. 18 समासइ वइयरु—व्यतिकर। कहानी या कथानकको संक्षेपमें कहता हूँ।

2. 4*b* पोमरयरासिपिंजरियकुंजरघडे (देशमें)—हाथियोंके झुण्ड कमलपुष्पोंके परागसे रंजित हैं। 5*a* दुक्खणिग्गमण इत्यादि—पुष्कलावतीका क्षेत्र इतना आकर्षक था कि वह वनश्रीसे समानता रखता था जो प्रेमकी देवी है। रइरमण—रतिका स्वामी—कामदेव, कठिनाईसे अलग होगा। 10*b* रमइ वइसमणओ आवणे आवणे—धनका देवता—कुबेर प्रत्येक दुकानमें प्रसन्न होता है, क्योंकि उसमें धनकी प्रचुरता है। 15 उवसमवाणिएण—मनकी शान्तिके जलसे। 16 भोयतणेण—भोगरूपी तृण।

3. 17*b* हरिसुद्धदेहेण—अपने रोमांचित शरीरसे। आनन्दके कारण।

4. 15*a* हूए हरिभणणे—जब कि हरिके आदेशसे, इन्द्रकी आज्ञाओंको माना गया, जब कि नगर आदिको सजाया गया इन्द्रके आदेशसे। 17 अणवइण्णि अरुहे—अर्हत्के जन्मके होनेके पूर्व ही।

5. 21 झुल्लंतवडायहिं—झण्डोंसे झूलते हुए।

7. 6*b* णिव्विग्घकामावहो—जिनेन्द्रका, जो लगातार या बिना किसी बाधाके, प्रेम अथवा वासनाके देवताका अन्त कर देते हैं। 10*b* जडकसरदुग्गेण—जड़ और धूर्तोंके लिए जिसका आचरण दुस्साध्य है। कसरका शाब्दिक अर्थ है दुष्ट बैल। गिरिकक्करि पडइ—दुष्ट ऊँट अपने-आपको फेंक देता है या घूमता है, जंगलके रेतीले क्षेत्रमें। मीठी घासके लिए, वहाँ जिसे वे नहीं पा सकते।

9. 5*b* इणे पच्छिमत्थे—जब कि सूर्य पश्चिम दिशामें पहुँच गया, अस्त होनेको था।

12. 15*b* घडिमालाहयहं—पूर्वसमय उन घटिकाओंसे मापा जाता है, जो समाप्त हो जाता है। हयदियहवाडीहि से तुलना कीजिए 5. 14*a* में।

XLIII

1. 5*a* णियायममग्गणिओइयसीसु—जिसने शिष्योंको आगमके पवित्र मार्गपर निर्देशित किया है। 7*b* गलकंदलु—बल्बके समान गलेवाला।

2. 6*a* णीड—घोंसला या घर। 10*a* भाविणि—(भामिनी) औरत। 13 होउ पहुच्चइ—पूर्ण हो। सामान्यतः अर्थ है समर्थ होना। परन्तु शब्दकोश पूर्ण अर्थ करता है। 14. जं पुरउ इत्यादि—यदि

नगर या राजधानी छोड़ दी जाती है तो व्यक्ति शीघ्र तपस्या ग्रहण कर सकता है। यदि राजा अपना राज्य छोड़ता है, तो वह संसारसे मुक्ति पा सकता है।

4. *1a-b* गिहीगुणठाणवएहिं विमीस—अहमिन्द्र जीवनकी आयु बीस सागर प्रमाण थी, उसमें 99 (प्रतिमाओंकी संख्या) मिलानेसे कुल इकतीस सागर प्रमाण आयु था।

8. *10b* दुमाणवु—नीच व्यक्ति।

10. *4b* पंक्ति इस प्रकार पढ़ी जानी चाहिए—सबंधुसु वेरिसु णिच्चसमाणु—जो अपने परिवार-जनों और शत्रुओंसे समान भाव रखते थे।

XLIV

3. *8a* परमारिसरिसहण्णवजायउ—ऋषभके वंशमें उत्पन्न। प्रथम तीर्थंकर जो परमर्षि हैं।

6. *11* परिमाणु—यहाँ परमाणुका रूप है—अणु। संसारमें जितने परमाणु प्राप्त हैं उनसे सुपार्श्वका शरीर बनाया गया।

7. *5a* उडुपल्लट्टउ—नक्षत्रोंका पतन, या उल्काओंका पतन। जो संसारकी क्षणभंगुरताकी सूचक थीं।

9. *5b* जलहिमाणि किं आणिज्जइ घडु—क्या हम मिट्टीके घड़ेसे समुद्रका पानी माप सकते हैं।

XLV

1. *17b* वयणणवुप्पलमालइ—नये कमलोंकी मालाके द्वारा अर्थात् काव्यात्मक रूपसे रचित शब्दोंके द्वारा।

2. *16b* कलहोइमइयाउ—स्वर्ण (कलधौत) से निर्मित।

3. *12a-b* तूररवे दिस इम्मइ = नगाड़ोंके शब्दोंसे दिशाएँ निनादित थीं। कण्णि वि पडिउ ण सुम्मई—यदि ध्वनि कानोंमें भी पहुँचती थी तो सुनाई नहीं देती थी, या समझी जाती थी—विजयके सघन नादोंके कारण।

6. *9b* सरसेणा—कामदेवकी सेना।

13. 13-14 इन पंक्तियोंका अर्थ पद्मप्रभ है, जो वैजयन्त स्वर्गमें उत्पन्न हुए। और उनका शरीर गौरवर्ण था, तथा अत्यन्त चमकीली कान्ति थी। पद्मप्रभकी इस कान्तिको देखकर पुष्पदन्त (चन्द्र और सूर्य) की पत्नियोंने अनुभव किया कि उनकी कान्ति कुछ भी नहीं है—पद्मप्रभुके शरीरकी कान्तिकी तुलनामें।

XLVI

5. *9b* सासेहिं व चासपइण्णएहिं—धान्यके समान जो हलके द्वारा की गयी रेखा (चास) में बोये गये हैं। चास देशी शब्द है जिसका अर्थ है हलके फलकसे खींची गयी रेखा, हलविदारित भूमिरेखा। और तासके रूपमें अब भी मराठीमें सुरक्षित है।

6. 12 जिणतणुहिं कंतिइ पयडु ण होंतउ—जिस दूधका जिनवरके अभिषेकके लिए उपयोग किया जाता था, वह जिनवरके शरी·की कान्तिसे साफ दिखाई नहीं देता था, क्योंकि दूधकी कान्ति जिनवरके शरीरकी कान्तिसे मिलती-जुलती थी। मीलित अलंकारका उदाहरण।

11. 5*a* बलदेवहं अग्गइ देहि तिण्णि—तीनके आगे 9का अंक दीजिए, जो बलदेवोंकी संख्या है। पूरा अंक 93 होगा, जो चन्द्रप्रभुके गणधरोंकी संख्या है। 10-11 इन पंक्तियोंमें आठ प्रातिहार्योंका वर्णन है। जैसे पिंडोद्रुम—अर्थात् अशोक वृक्ष। इन प्रातिहार्योंकी स्थिति सूचीके मध्यमें चन्द्रप्रभुके अनुयायियोंमें अस्वाभाविक है।

XLVII

4. 9*a* वच्छु जहिं रोसहुं—वह उन स्थानोंको छोड़ देते हैं जहाँ क्रोधका वृक्ष है। 'पी' में 'वासु' भिन्न रूप स्पष्ट रूपसे वच्छका सरल रूप है।

6. 9*a-b* बच्चा अपनी माँ और उसकी प्रतिच्छायाको देखता हुआ भ्रान्तिमें पड़ जाता है और समझता है कि उसकी दो माताएँ हैं और इसलिए वह यह निर्णय करनेमें असमर्थ था कि उसकी वास्तविक माँ कौन थी।

XLVIII

1. '9 गुणभद्दगुणीहिं जो संथुउ—अर्थात् दसवें तीर्थंकर, जो गुणभद्रसे गौरवान्वित हैं। हम जानते हैं कि गुणभद्र जिनसेनके शिष्य हैं, जो संस्कृत आदिपुराणके रचयिता हैं। उनकी मृत्युके बाद उनके कार्यको गुणभद्रने जारी रखा, जो उत्तरपुराण कहलाता है। गुणभद्दगुणीहिं—इस अभिव्यक्तिका यह अर्थ भी किया जा सकता है, विशिष्ट गुणोंको धारण करनेवाले पवित्रजनोंके द्वारा।

4. 14 तं पट्टणु कंचणु घडिउं—वह नगर स्वर्णसे निर्मित था। यहाँ कंचनका प्रयोग कांचनके लिए हुआ है—अर्थात् कांचनमय। 'ए-पी' में कंचणघडिउ पाठ है, क्योंकि प्रतिलिपिकार कंचणका अर्थ नहीं समझ सका।

9. 1*a-b* तं सइं पंक्तिका अर्थ है, यद्यपि शीतलनाथके अभिषेकमें प्रयुक्त जल नीचेकी ओर बह रहा था, परन्तु वह पवित्र लोगोंको ऊपरकी दिशामें ले जा रहा था, अर्थात् स्वर्ग।

10. 5*b* उत्ताणाणणु गव्वेण जाइ—गर्वसे आदमी अपना सिर तानकर या ऊँचा उठाकर चलता है। घमण्डी आदमी अपना सिर अकड़ाकर और ऊँचा करके चलता है।

13. 1*b* संभरइ विरुद्धउ जिणचरित्तु—देवोंने उसके दिमागमें जिनवरके जीवनकी परस्परविरोधी बातें ला दीं। बादकी पंक्तिमें उक्त परस्परविरोधी बातोंका सन्दर्भ है। उदाहरणके लिए जिन गोपाल कहे जाते हैं (ग्वाला—पृथ्वीका पालन करनेवाले) लेकिन अपने ही शत्रुओंके लिए वे अत्यन्त भयंकर हैं।

18. 5*a-b* जो गायका दान करता है, वह विष्णुलोक जाता है, स्वर्णविमानमें। और स्वर्गीय आनन्द मनाता है। 11 सुज्झइ पिंपलफंसणिण—पीपलका वृक्ष छूनेसे शुद्ध होता है।

20. 14 सइं विरइवि कव्वु, मुण्डसालायण—मुण्डसालायणने स्वयं गौ आदिके दानके महत्त्वको बतानेके लिए छन्दोंकी रचना की और उन्हें वह राजाके सामने लाया। राजाने अनुभव किया कि वे उतने ही प्रामाणिक हैं जितने कि वेद।

IL

1. 15 कित्ति वियंभउ महुं जगगेहि—मेरी कीर्ति समूचे विश्वरूपी घरमें फैल जाये। कवि अपनी काव्यशक्तिके प्रति सचेतन है, जैसा कि वह कहता है कि वह उसे विश्वविख्यात यश दिलवायेगी।

3. 3b गुणदेवहं भवदेवहं ईसरु—अनन्त जिनवर गणधरों और जन्मसे देव होनेवाले इन्द्रादिकके ईश्वर हैं।

5. 9 ता णज्जइ इत्यादि—शहरमें स्वर्णवर्षा होनेके कारण लोगोंको रात और दिनके बीच भेद करना कठिन था। इसलिए लोग उस समयको दिनका समय मानते थे जब सरोवरमें कमल खिलते थे।

L

यह और इसके बादकी दो सन्धियाँ प्रथम वासुदेव त्रिपृष्ठ, प्रथम बलदेव (विजय) और प्रथम वासुदेव अश्वग्रीवकी कहानीका वर्णन करती हैं, जो जैन पौराणिक परम्पराके अनुसार हैं। पाठक त्रिपृष्ठ और विजयकी मित्रता और त्रिपृष्ठ तथा अश्वग्रीवकी शत्रुताकी पृष्ठभूमि समझ सकें, इसके लिए कवि तीनोंके दो पूर्वभवोंके जीवनका वर्णन करता है।

1. 5a गोउलपयधाराधायपहिइ—जहाँपर यात्री गायोंके दूधको जी-भर पी सकते हैं। 11a जइणी—जैनी, जो यहाँ व्यक्तिवाचक संज्ञा है। 15 खलमित्तसणेहु—दुष्ट आदमीके साथ मित्रता थोड़े समयके लिए रहती है।

2. 5a णिग्गेसइ ण वाय—शब्द बाहर नहीं निकलेंगे। यहाँ णिग्ग शब्द तथा 7b में मराठीके निघणेंके समतुल्य है.जिसकी व्युत्पत्ति निर्‌गमसे की जा सकती है।

3. 5b तरइ Swims—मूल 'तर' तैरना मराठीमें सुरक्षित है, इसी अर्थमें प्राकृतमें एक और मूल शब्द तर् है जिसका अर्थ समर्थ या योग्य होता है।

4. 1b वणुस्साहिलासं—होना चाहिए वणस्साहिलासं, उद्यान रखनेकी अभिलाषा। वणुस्स सभी पाण्डुलिपियोंमें मिलता है इसलिए इसे रहने दिया है अथवा क्या हम वण + उस्सुक + अभिलासं ले सकते है, जिसका अर्थ होगा वन रखनेकी तीव्र इच्छा। 12b तायाउ आराहणिज्जो—बादमें आदर करने योग्य। (पिताकी मृत्युके बाद), तुम भी मेरे पिताकी तरह समान आदर पाने योग्य हो।

5. 13 दुग्गु भणेवि—यह कहते हुए या सोचते हुए कि वृक्ष दुर्गके समान है (दुग्ग)। वइरिउ—शत्रु।

8. 6a छइउ (छादितः)—पराजित किया।

9. 10 तुज्झु हसियहु करमि समाणउं—मैं बराबर कर दूँगा। मैं उस हँसीका बदला दूँगा जो मेरा मजाक उड़ाती है और अपमान करती है।

10. 8b अवरु—विशाखनन्दी।

LI

1. 6a जायासीधणुतणु—वे दोनों (विजय और त्रिपृष्ठ) 80 धनुष बराबर ऊँचे हो गये। 9b बिहिं पक्खहिं णं पुण्णिमवासरु—पूर्णिमाके दिनके समान जिसके एक ओर आधा उजला पक्ष है और दूसरी ओर अँधेरा पक्ष है। जो विजय बलदेवके समान हैं, जो गोरे हैं, और त्रिपृष्ठ वासुदेव जो श्याम वर्णके हैं।

2. 11a-b हलहरु दामोयरु—यहाँ कृपया याद रखिए कि बलदेव और वासुदेवका उल्लेख उनके विभिन्न पर्यायवाची नामोंसे होगा। जैसे सीरि, हली, लंगलहर, सीराउह, बलदेवके नाम हैं। दामोदर, माधव, श्रीवत्स, अनन्त, सिरिरमणीस, लच्छीवइ (लक्ष्मीपति), दानवारि, दानववैरिन्, विट्ठरसव, विस्ससेण वासुदेवका; इसी प्रकार अश्वग्रीवका उल्लेख हयग्गीव, हयकण्ठ, तुरंगगलके रूपमें होगा।

5. 4*b* पुयवयणहिं—ऋ पुय में है जो प्रियके रूपमें आनी चाहिए, सम्भवतः यह हेमचन्द्रके नियम अभूतोऽपि क्वचित्, (399) का बढ़ाव है।

6. 13 जसु जसु—यस्य यशः—जिसका यश।

7. 8*b* मृगवइयहि जाएं—मृगावतीके पुत्रके द्वारा। यानी त्रिपृष्ठके द्वारा। 9*a* संचालेवी—कर्मवाच्यका सम्भाव्य कृदन्त रूप है, तुलना कीजिए—पालेवी जणेवी, परिणेवी इत्यादिसे। हेमचन्द्र 438 नियममें इसके लिए एवा रूप देते हैं जो तव्यका स्थानापन्न है। वे एवीका उल्लेख नहीं करते।

9. 13-14 णियजणणविइण्णु—पंक्तियोंका अर्थ है कि अर्ककीर्ति अपने पिताकी भौंहोंके संकेतोंको समझते हुए राजा प्रजापतिके पास गया और इस प्रकार उसे प्रणाम किया।

10. 1*a* हरिबलेहिं—त्रिपृष्ठ और बलके द्वारा; ससुरउ (श्वसुर), त्रिपृष्ठका होनेवाला ससुर।

11. 12-13 पुणु भणिउ—उन्होंने फिर अनन्त (त्रिपृष्ठ) से कहा—हम देखें और पत्थरके गोल खम्भे उठायें और मुझे बतायें कि क्या तुम अश्वग्रीवकी हत्या कर सकते हो।

15. 14 अह सो सामण्णु भणहुं ण जाइ—उसे सामान्य व्यक्ति नहीं कहा जा सकता।

LII

1. 2 चिरभववइरवसु—पूर्वजन्मके वैरके प्रभावसे कि जब वे विश्वनन्दी और विशाखनन्दी थे। 4 तिखंडखोणिपरमेसरु—तीन खण्ड धरतीके चक्रवर्ती। अश्वग्रीव अर्धचक्रवर्ती था।

5. 4*b* विज्जाहरभूयरभूमिणाहु—विद्याधरभूमि और मनुष्यभूमिके स्वामी। अर्धचक्रवर्ती अश्वग्रीव।

7. 3*a* मा रसउ काउ चप्पिवि कवालु—आदमीके सिरपर कौएका बैठना और कांव-कांव करना आनेवाली मौतका संकेत है।

8. 2 करगय—स्वर्णका हार देखनेके लिए तुम्हें दर्पण क्यों चाहिए कि जो तुम्हारे हाथमें है। वह प्रसिद्ध लोकोक्ति है, 5*a* भरहहु लग्गिवि—भरत चक्रवर्तीके समयसे लेकर, प्रथम चक्रवर्ती। 11 रणु बोल्लंतहुं चंगउं—युद्धकी बात करना आनन्ददायक है। तुलना कीजिए कि युद्धस्य कथा रम्या।

3. किंकर णिहणंतहं णत्थि छाय—अनुचरोंको मारनेमें कोई आकर्षण या आनन्द नहीं है। अश्वग्रीव त्रिपृष्ठसे लड़नेमें प्रसन्न था, उसने सोचा कि छोटे व्यक्ति या अनुचरसे लड़नेमें कोई मजा नहीं है। 15 सारंगु का 'टी' में बलवान् अर्थ किया गया है। परन्तु लगता है कि त्रिपृष्ठको वासुदेव होनेके कारण शृंगका बना धनुष रखना चाहिए, विष्णुको शार्ङ्गधर कहा जाता है—हिन्दू-पुराण विद्यामें। हिन्दू-पुराण विद्यामें विष्णुके दूसरे प्रतीक है पांचजन्य, कौस्तुभमणि, असि, कौमोदकी गदा, गरुडध्वज और लक्ष्मी। जैनपुराण विद्यामे ये प्रतीक वासुदेवके भी माने जाते हैं और इसलिए मैं सोचता हूं कि सारंगधनुका अर्थ शार्ङ्गधनु होगा।

10. 4*a-b* यह पंक्ति बलदेवके हथियारोंका वर्णन करती है, ये हैं लांगल, मुसल और गदा जो चन्द्रिमा कहा जाता है।

11. 2 खगाहिवो—गरुड़, जो वासुदेव या विष्णुके ध्वजका प्रतीक है। 8*a* णिच्चिच्चुंचे—मोटा और ऊँचा। 'टी' के अनुसार यह मुहावरा निस् + उच्च से बना। सम्भवतः कि नित्य + उच्च से बना हो, उच्च उंच होता है, अथवा उच्च + उच्च; इसका अर्थ है अन्त तक खड़े बाल, जो हमेशा खड़े रहते हैं।

12. 8*a-b* भडु इत्यादि—योद्धा कहता है यदि मेरा मस्तक भी गिर जाता है तो भी मेरा धड़ शत्रुका वध करेगा और नाचेगा।

15. 2 कण्णाहरणकरणरणलग्गइं—सेना उस युद्धमें व्यस्त थी, जो विवाहमें दी गयी कन्या स्वयंप्रभाके अपहरणके लिए हो रहा था। 12-13 ये दो पंक्तियाँ, दो सेनाओंकी तुलना प्रेम करते हुए जोड़ेसे करती हैं। मिहुणइं—मिथुनानि—प्रेमक्रीड़ामें लगे हुए।

16. 2 सिरिहरिमस्सु—जो कि ऊपर वर्णित है LI में। 16-9*b*, प्रजापति राजाके मन्त्रीके रूपमें। 25 माहववलवइणा अर्थात् हरिमस्सु।

17. 14*b* णं अट्ठमउ चंदु—चन्द्रमा आठवें स्थानपर हो तो ज्योतिषशास्त्रमें मृत्युकी सूचना देता है।

19. 3*b* णीलंजणपहदेवीसुएण—अश्वग्रीवके द्वारा। दूसरे दृष्टिकोणके लिए देखिए मृच्छकटिक VI. 9. "कस्सट्ठमो दिणअरो कस्स चउत्थो आ वट्टए चंदो" इसमें चतुर्थ स्थानका चन्द्रमा मृत्युका सूचक है।

20. 21*b* भीमुह-उज्झिउ—भयसे मुक्त।

21. 14*b* सिवकामिणीइ—प्रेमिकाके द्वारा अर्थात् स्त्रीशृगाल शिवा। 16 मोल्लवणु—मूल्य या वापसी।

24. 15*b* कुलालचक्कु—कुम्हारका चक्र। जब अश्वग्रीवका चक्र त्रिपृष्ठको आहत नहीं कर सका, और वह उसके हाथमें ठहर गया। अश्वग्रीव बोला—यह कुम्हारके चक्रके समान है जो युद्धमें व्यर्थ है। यद्यपि त्रिपृष्ठ और उसके पक्षने इसका बहुत कुछ मूल्य आँका। अश्वग्रीवने त्रिपृष्ठकी यह कहकर निन्दा की कि भिखारी तिलतुष खण्डको भूख मिटानेवाला कीमती खाद्य पदार्थ समझकर महत्त्व दे सकता है, परन्तु दूसरे लोग ऐसा नहीं सोचते।

25. 9 कामिणिकारणि कलहसमत्तो—कामिनीके लिए युद्धमें व्यस्त।

LIII

5. 5*b* कंजवंधवो सरम्मि दिण्णपोमिणीरई—सूर्य जो कि कमलका मित्र है और झीलमें कमलके पौधोंको आनन्द देता है।

6. 8*b* तित्थणाहसंखम्मि रिक्खए—चौबीसवें नक्षत्रपर अर्थात् शततारिका।

8. 5*a* अण्णहु पासि ण सत्थविही कत्थइ सुणइ—वह शास्त्रका अध्ययन नहीं करता, मेरे अध्यापकसे वह स्वयं अध्ययन करता है। तीर्थंकर स्वयं प्रकाशित हैं, और उन्हें किसी दूसरे गुरुकी आवश्यकता नहीं।

13. 1*a* ससयभिसहइ—शततारिकाके साथ।

LIV

1. 14-15 पंक्तियोंका अर्थ है—यदि मैं (कवि) गुणमंजरीके मुखकी तुलना चन्द्रमासे करता हूँ तो इसमें मेरी कवित्व शक्तिका प्रदर्शन नहीं होगा। मुझे कवि नहीं कहा जाना चाहिए। क्योंकि गुणमंजरीका मुख गन्दा या काला नहीं है, जैसा कि मृगचिह्न चन्द्रमण्डलपर है। उसकी आकृतिमें चन्द्रमाकी तरह घटत और वक्रता है।

3. 2 इहु कल्लोलणिवहु—कवि कहता है कि विन्ध्यशक्ति और सुषेणकी मित्रता इतनी घनिष्ठ और पक्की थी कि उनमें मेरा भेद करना असम्भव है। क्योंकि समुद्रसे उसकी लहरोंको दूर कौन कर सकता है? दार्शनिकों द्वारा समुद्र और उनकी लहरोंका एकात्म्य, एक स्वीकृत सत्य है।

8. 7b बलदेव और वासुदेवका जन्म माताओंके द्वारा स्वप्नमें देखे गये सूर्य और चन्द्रने पहलेसे घोषित कर दिया।

8. 9b बीयउ उववादेविह दढभुउ—द्विपृष्ठ वासुदेवकी माताका नाम उववादेवी है—जैसा कि यहाँ दिया गया है। यद्यपि गुणभद्रने उसका नाम उषा दिया है : तुलना कीजिए :—

तस्यैवासौ सुषेणाख्योऽप्युषायामात्मजोऽजनि।
द्विपृष्ठाख्यस्तनुस्तस्य चापसप्ततिसंमिता ।। 58।84

9. 10b गलियंसुयइं सुहद्दहि णयणइं—मैं अचलको मारूँगा और उसकी सुभद्राको बात-बातमें आँसू बहानेके लिए विवश करूँगा।

12. 10-12 रायत्तणु इत्यादि—रायमें श्लेष है, जिसका अर्थ है राजन् और राग।

17. 8a रासहु होइवि—तारक द्विपृष्ठकी तुलना गधेसे और अपने हाथीसे करता है। 10a गोवालबाल—ग्वालेका पुत्र, बालक। वासुदेवका एक विशेषण है, जो कि हिन्दू पुराण विद्याके अनुसार ग्वालोंमें रहे और वहीं बड़े हुए।

LV

3. 6b तहु गुण कि वण्णइ खंडकइ—खण्डकवि (पुष्पदन्त) उसके गुणोंका वर्णन किस प्रकार कर सकता है। खण्डका अर्थ है टूटा हुआ, अधूरा जो पुष्पदन्तका एक उपनाम है।

7. 8b णायभव, नाकभवा—देवता। 16 गिंभें जित्तु सियालउ—ग्रीष्मऋतुने शीतको पराजित कर दिया। यह एक निमित्त था कि जिससे विमलनाथ विश्वकी अपूर्णताका अहसास कर सकें।

LVI

1. 6a धणु सुरधणु जिह तिह थिरु ण ठाइ—इन्द्रधनुषकी तरह धन व्यक्तिके पास स्थायी रूपसे नहीं रहता। 7a भायर णियभायहु अवयरंति—भाई भाईके साथ बुरा बर्ताव करते हैं।

2. 8a-b चर इत्यादि—चर, गमण, छेज्ज और कड्ढण—पाँसेके खेलके विभिन्न प्रकार हैं जो विरोधीपर आक्रमण करने और उसके अधिकारको चार्जमें लेनेमें है। 9b एक्कें उड्डिउ णियरज्जु ताम—उनमें-से एकने (सुकेतु) अपनी राजधानी खो दी। ध्यान दीजिए कि उड्डिउका प्रयोग आधुनिक मराठीमें उडवर्णेके रूपमें सुरक्षित है।

6. 4a महुराउ भणहि महुचोट्ट काइं—तुम मधुको राजा कैसे कहते हो कि वह मधुसे भरा मुख-वाला है ? मधु राजाके सम्बन्धमें इतने ओछे शब्दोंमें तुम कैसे बोल सकते हो ? 7a णीलणियासणेण—धर्मबलदेवके द्वारा जो कि नीले वस्त्र धारण करता है। बलदेवको नीलाम्बर कहा जाता है। तुलना कीजिए : नीलाम्बरो रौहिणेयः कालांको मुसली हली—अमरकोश।

7. 10a उविंदुप्पणरोसु—उविंदु + उप्पणरोसु, उपेन्द्र अर्थात्। स्वयंभू—वासुदेव क्रुद्ध हो गये। 11a-b जइ लोहिउ—मैं अपने भाईके चरणोंकी शपथ खाता हूँ यदि मैंने वेतालको मधु रक्त नहीं पिलाया। पायमि पाययामिका रूप है। 'पा' धातुका प्रेरणार्थक रूप।

8. 1 वसुहासुउ—वसुधाका पुत्र—अर्थात् स्वयंभू। स्वयंभूकी माताका नाम। इस पर्यायवाची शब्दका उपयोग कविने पृथ्वीके अर्थमें किया है, जैसा कि हम 4 और 7b के रूपोंसे देखते हैं।

9. 4*b*, 6*b* सुंदरिहि तणुएण—मधुके द्वारा। 5*a*-*b*-6*a* विउससयणकयवयणविणुएण—मधुके द्वारा जो सैकड़ों विज्ञानोंके समान काव्य रचनामें प्रशंसित हैं। 36 महुमहमुक्कें चक्कें—चक्रके द्वारा, जो मधुके शत्रु द्वारा प्रक्षिप्त था। महुमह—मधुमथन विष्णुका एक नाम है, हिन्दूपुराण विद्यामें।

LVII

इस सन्धिमें तीन व्यक्तियोंकी कथा है। ये हैं—संजयन्त, मेरु और मन्दर; और उनके पूर्वभवोंको जीवनियोंकी भी कथा है। इनमें मेरु और मन्दरकी जीवनियाँ प्रमुख हैं जो विमलनाथके गणधर हैं। नीचे दी गयी सूचीमें इन दोनोंके पूर्वभव कालक्रमानुसार इस प्रकार हैं—

(a) संजयन्त—1. सिंहसेन, 2. अशनिघोष हस्ती, 3. श्रीधरदेव, 4. रश्मिवेग, 5. अर्कप्रभ, 6. वज्रायुध, 7. सर्वार्थसिद्धि अहमिन्द्र, 8. संजयन्त, इस जीवनमें उसने तपस्या ग्रहण की।

(b) मेरु—1. मधुरा, 2. रामदत्ता, 3. भास्करदेव, 4. श्रीधरा, 5. रत्नमाला, 6. वीतभय, 7. आदित्यप्रभ, 8. मेरु, जो विमलनाथके गणधर हैं।

(c) मन्दर—1. वारुणी, 2. पूर्णचन्द्र, 3. वैडूर्यदेव, 4. यशोधरा, 5. रुचकप्रभ, 6. रत्नायुध, 7. विभीषण, 8. द्वितीय नारकी, 9. श्रीधामा, 10. ब्रह्मस्वर्गस्थित देव, 11. जयन्तधरणेन्द्र, 12. मन्दर, जो विमलके गणधर हैं।

इस वर्णनात्मक वृत्तान्तमें दो और प्रमुख व्यक्तियोंका वर्णन है। वे हैं (1) सत्यघोष या श्रीभूति, सिंहसेनका मन्त्री, जो अगन्धनसर्प, चमरमृग, कुक्कुटसर्प, तृतीयनारक, अजगर, चतुर्थनारक, त्रसादिभव, सप्तनारक, सर्प, नारकी, भृगश्रृंग और विद्युद्दंष्ट्र। (2) भद्रमित्र व्यापारी जो सिंहचन्द्र, प्रीतिंकरदेव और चक्रायुध।

1. 5*b* चिज्जइ—चि से विकसित है तोड़ने और तब खानेके लिए। 'टो' में इसका अर्थ खाना दिया है, जो दूसरा अर्थ है।

6. 10 देवदिवायराहु—आदित्यप्रभ देवका जो परवर्ती दूसरे भवमें मेरु बना।

9. 11*a* बिण्णि वि एयइं—यज्ञोपवीत और मुद्रिका।

14. 1*a* णावइ वारुणि—सुराके समान।

15. 6*a* तूलिहि—सूतसे बना गद्दा।

18. 4*b* कम्मारउ—श्रमिक।

LVIII

9. 1*a* पुणु तहु कइ—पंक्तिका अर्थ है अनन्तके लिए (तहु कइ = तस्य कृते) राज्यश्री प्रेमकी कसकसे पीड़ित हो उठी और मूर्छित हो गयी। परन्तु उसे सचेतन किया गया, चँवरों से।

11. 8*b* मिहिरमहाहिय—कान्तिमें श्रेष्ठ। सूर्यसे श्रेष्ठ।

13. 12*a* अमवासाणिसियहि—अमावस्याकी रातमें। गुणभद्र और पुष्पदन्त माहका उल्लेख नहीं करते जो चैत्रमास है। हमें माहका नाम 11. 1*a* से लेना पड़ा है।

16. 9*b* महुसूयणु—मधुसूदन विष्णुका नाम है। हिन्दूपुराण विद्यामें यह विष्णुका नाम है। क्या मधुसूदनको उस मधुसूदनके समकक्ष माना जाये जो मधुसूदनसे समता रखता है।

21. दामयमक अथवा शृंखलायमकपर ध्यान दीजिए जो पूरे कडवकमें है।

22. 5*b* रहचरणु—चक्र। 13*a*. सरसलिलि रहंगसयाइं अत्थि—वहाँ झीलमें सैकड़ों चक्रवाक हैं परन्तु क्या वे पागल हाथीको पकड़ सकते हैं।

LIX

4. 7 सिविणय देंतु सुहुं—उस आदमीको सुख देता हुआ जो धनिक होते हुए भी नम्र और सदय हैं। ध्यान दीजिए कि शब्द सिविणयमें कारक चिह्न नहीं है।

6. 3*a* पूसरिक्खि छणससिदिवसि—इसमें भी माहके नामका उल्लेख नहीं है। गुणभद्रमें माघ माहका उल्लेख है, परन्तु माघकी पूर्णिमाको हम पुष्यनक्षत्र नहीं पा सकते इसलिए पौष माह होना चाहिए। क्या यह उत्तर और दक्षिणमें माह गिननेके अलग-अलग प्रकारोंके सन्देहके कारण ऐसा हुआ?

14. 1*a* सयडंग (शकटांग)—चक्र; चक्रवर्तीका शस्त्र।

19. 10 विसरिसजलझलज्झलं—वर्षाके गन्दे पानीका टपकना।

LX

2. 5*b* जहिं मणियरहिं ण दिट्ठु पयंगउ—जहाँ रत्नोंकी किरणोंके कारण सूर्य दिखाई नहीं पड़ता था, रत्न इतने अधिक और विशाल थे कि उन्होंने सूर्यको आच्छादित कर लिया।

3. 5*b* कोडिसिलासंचालणधवलहु—यह पंक्ति प्रथम वासुदेव त्रिपृष्ठके कार्यको सन्दर्भित करती है कि जिसने कोटिशिलाको उठाया।

4. 13*b* पाहुडगमणागमणपवाहें—भेंटकी वस्तुओंके आने-जानेके प्रकारमें—विजयभद्र और अमित-तेजस् के बीच। नैमित्तिक—ज्योतिषी।

5. 9*b* इउं पव्वइउ समउं हलीसहु—हलीस अर्थात् विजय बलदेव, जिन्होंने संसारका परित्याग कर दिया। मैं (ब्राह्मण ज्योतिषी भी) उसके साथ साधु हो गया।

6. 11*a* मामसमप्पिउ—मेरे ससुरके द्वारा दिया गया। यहाँ तक आधुनिक मराठीमें ससुरको मामा कहते है।

8. 2*a* अमोहजीहु—ज्योतिषीका नाम। 7*b* जेवुव्वरसि—जिससे तुम आपत्तिमें सुरक्षित रह सकोगे (जीवित रह सकोगे)।

11. 3*b* णिबद्धणाइं— 'ए' 'पी' में पाठ है णिबंधणाइं, जो सरल है। मुहावरेका अर्थ है तन्तुओंको बाँधनेवाले। 9*b* वारउ—पारी। वार शब्दका पारी अर्थ मराठीमे सुरक्षित है।

18. 5*a* हरिसुउ—श्रीविजय, त्रिपृष्ठ वासुदेवका पुत्र।

29. 10*b* समयसमियकलि—जिसने समता या अपनी मतिसे कलहको शान्त कर दिया है।

LXI

1. 9*a*-28*b* इन पंक्तियोंमें अमिततेज द्वारा अर्जित विद्याओंकी सूची है।

12. 6*a* दिल्लिदिल्लिए, हे बाले—कन्या, देशी नाममाला देखिए।

15. 13 आउंचियारिपसरु—जिसने शत्रुओंकी प्रगति रोक दी है।

21. 11 घणवाहणहु—मेघरथका।

LXII

2. 2*a* गरुडेण वि जिप्पइ एहु ण वि—यह रसोइया गरुड़के द्वारा भी नहीं जीता जा सकता।

5. 10*b* जाउहयजडिलमंडियथणिहिं—जिसके स्तन केशरसे सघन रँगे हुए हैं।

7. 9*a* to 10. 2*b*—यहाँ पूरी धरती और उसके खण्डोंका वर्णन है जो आकाशसे दिखाई देते हैं।

17. 12*b* पक्खें—पक्षीके द्वारा। इस शब्दको क्या पक्खिके रूपमें लिया जा सकता है, जो वाद्यात्मक संगीतका एक अंग है।

LXIII

2. 7*a* एरादेविह—दूसरी जगह शान्तिकी माताका नाम अइरा दिया गया है, उदाहरण के लिए 1.16 और 11*b* में।

5. 5-6—इन पंक्तियोंमें उन रत्नोंकी सूची है, जो चक्रवर्ती शान्तिनाथको प्राप्त थे।

11. 1–7—इन पंक्तियोंमें शान्तिनाथ और चक्रायुधके पूर्वभवोंका वर्णन है। शान्तिनाथके कुल 12 भव हैं—श्रीषेण, कुरुनरदेव, विद्याधर, देव, बलदेव, देव, वज्रायुध, चक्रवर्ती, देव, मेघरथ, सर्वार्थसिद्धिदेव, शान्ति। चक्रायुधके ये भव थे—अनिन्दिता, कुरुणर, विमलप्रभदेव, श्रीविजय, देव, अनन्तवीर्य, वासुदेव, नारक, मेघनाद, प्रतीन्द्र, सहस्रायुध, अहमिन्द्र, दृढ़रथ (मेघरथभ्राता), सर्वार्थसिद्धिदेव, चक्रायुध।

LXIV

1. 7*b* जो ण करइ करि कत्तिय कवालु—कुन्थु या तीर्थंकर, जो अपने हाथमें मानवीकपाल नहीं रखते, और बाघका चमड़ा जैसा कि शिव रखते हैं, इसलिए तीर्थंकर शिवसे बहुत ऊँचे हैं।

2 8*b* धयविहिअजोग्गु दिण्णु वि ण लेइ—हाथ पसारे हुए, वह ऐसी चीजें स्वीकार नहीं करते, जो अपनी व्रतनिष्ठाके कारण, वे ग्रहण नहीं कर सकते।

8. 1*b* णियजम्ममासपक्खंतरालि—उसी दिन माह और पक्षमें, कि जब उनका जन्म हुआ। अर्थात् वैशाख शुक्ल प्रतिपदाके दिन। 2*b* कित्तियणक्खत्तासिइ ससंकि—जबकि चन्द्रमा कृत्तिका नक्षत्रके संगममें था।

LXV

3. 4*b* पट्टणु रयणकिरणअइसइयउ—रत्नोंकी किरणोंके कारण नगर अत्यन्त चमकदार था।

4. 9*b*–10*b* वरिसकोडि सहसेण विहीणइ—जबकि कुन्थुके निर्वाणके एक हजार करोड़ वर्ष बीत गये।

5. 5*b* दहदहधणुतणु—शरीर बीस धनुष ऊँचा था, यद्यपि गुणभद्र तीस धनुष ऊँचा शरीर बताते हैं; जो अरहकी ऊँचाईसे तुलनीय है। तुलना कोजिए = त्रिंशच्चापतनूत्सेधः चारुचामीकरच्छविः—65. 26 जो अधिक सम्भवनीय है।

9. 1–8 ध्यान दीजिए—अर शब्दपर अलंकारिता है।

11. 8*a* णिउ जिणवररिसि सोत्तिउ तावसु—राजा जिन साधु बना जब कि ब्राह्मण तपस्वी। अर्थात् वैदिकधर्मका अनुयायी साधक बना। विशेष रूपसे वह शिवकी भक्तिके सिद्धान्तोंका अनुयायी बना।

12. 6–7 णच्चइ देउ—इन पंक्तियोंमें शिवके चरित्र की विशेषताओंका वर्णन है कि जो ताण्डव नृत्य करते हैं, और जो पार्वतीको रखते हैं। डमरु बजाते हैं, त्रिपुर को जलाते हैं, और राक्षसोंका संहार करते हैं। जिनवर कहते हैं कि ऐसी ईश्वरता संसारसे नहीं बचा सकती।

13. 6*b* तावसमासुरवासि रसंति—चिड़ा-चिड़ियाके जोड़ेने दाढ़ीमें घोंसला बना लिया साधुकी और वे उसमें गाते हैं।

16. 1–2 इन पंक्तियोंमें कान्यकुब्ज नगरका नाम है। क्योंकि उसमें साधुसे विवाह नहीं करनेपर कन्याओंको शापके कारण 'बौनी' बनना पड़ा।

24. 1*b* खत्तिय सयलु वि छारु परत्तिवि—सभी क्षत्रियोंको जलाकर खाक कर देनेवाले। परत्तिवि परत्तसे बना है जो देशी है, और जो आधुनिक मराठीमें सुरक्षित है।

LXVI

1. 9*a* विहवत्तणदुक्खोहरियछाय—वैधव्यके कारण उत्पन्न दुखसे उसके शरीरकी कान्ति चली गयी। 10*b* पर ताउ ण पिच्छमि—परन्तु मैं अपने पितासे (सहस्रबाहुसे) नहीं मिलती।

5. 5*b* कोसलं पुरं—कोसलपुर अर्थात् साकेत, जो कोसल राज्यकी राजधानी है।

6. 3*a* परमेसरु—अर्थात् सुभौम, जो बादमें चक्रवर्ती होनेवाले थे। 10*b* एउ जि—पिताके दाँतोंसे पकड़ा हुआ मिट्टीका प्लेट इस प्रकार चक्रमें बदल गया।

10. 10*a* सब्भंतरि—(श्वभ्रान्तरमें) नरकमें।

LXVII

4. 6*a* हिरण्णगब्भो—*a* जिन–हिरण्यगर्भ शब्द हिन्दुपुराण विद्यामें ब्रह्मासे भेद बतानेके लिए है परन्तु जैनपुराण विद्यामें यह तीर्थंकरका वाचक है।

9. 1*a* दिणि छक्के विच्छिण्णए—दीक्षाके छह दिन बाद। अर्थात् पौष कृष्ण द्वितीयाके दिन मल्लिने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया। गुणभद्र भी इस तिथिको इस रूपमें देते हैं।

13. 11*a* पिसुणमहंतो—पिशुन नामका मन्त्री, जिसने राम-विरामके बारेमें उनके पिता 'वीर' को गलत सूचना दी; वह बलि हुआ।

14. 4*b* वाणारासि—वाराणसी, छन्दके कारण तीसरे अक्षरको दीर्घ किया गया।